IDBI BANK
CIN: L65190MH2004GOI148838

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : आईडीबीआई टॉवर,
डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड,
मुंबई - 400 005.
टेलिफोन : (+91 22) 6655 3355
(+91 22) 6655 3405, 3410
वेबसाइट : www.idbi.bank.in

IDBI Bank Limited
Regd. Office : IDBI Tower,
WTC Complex, Cuffe Parade,
Mumbai - 400 005.
TEL.: (+91 22) 6655 3355
(+91 22) 6655 3405, 3410
Website : www.idbi.bank.in

June 25, 2026

The Manager (Listing) BSE Ltd., 25th Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai – 400 001	The Manager (Listing) National Stock Exchange of India Ltd., Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra(E), Mumbai – 400 051

Dear Madam/Sir,

Annual Report for FY 2025-26

In terms of Regulations 34 and 53 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached the Annual Report including the Business Responsibility & Sustainability Report (BRSR) of IDBI Bank for the FY 2025-26 along with the Notice of the 22nd AGM of the Bank.

Kindly acknowledge receipt and take the above on record.

Yours faithfully,
For IDBI Bank Ltd.

JYOTHI BIJU NAIR

Digitally signed by JYOTHI BIJU NAIR
Date: 2026.06.25 18:09:51 +05'30'

Company Secretary

Enclosure: As above

IDBI BANK

Bank Aisa Dost Jaisa

ग्राहक-केंद्रित. विश्वास-आधारित
Customer-Centric. Trust-Led



वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2025-2026

IDBI Bank reports 33% rise in profits on YTD basis

R Media
Chandigarh, March 28

IDBI Bank today announced its results for Q4 FY25. The Net Profit stood at Rs.2,051 crore for Q4 FY25, registering a strong growth of 26% YoY. The operating profit stood at Rs.3,195 crore. NIM was recorded at 4%, and Net Interest Income stood at Rs.3,290 crore. Cost of Deposit stood at 4.83% for Q4-2025 as compared to 4.48% for Q4-2024. CRAR stood at 25.05% with YoY growth of 279 bps. Return on Assets (ROA)was improved by 29 bps to 2.11% for Q4-2025 as compared to 1.82% for Q4-2024 and Return on Equity (ROE) stood at 20.40%, (YoY growth of 65 bps). Net NPA at 0.15%, from 0.34% as on March 31, 2024. Gross NPA at 2.98%, down from 4.53% as on March 31, 2024. PCR stood at 99.48% as against 99.09% on March 31, 2024.

IDBI Bank launches 'Aarogya Fixed Deposit' scheme

NEW DELHI, FEB 16: IDBI Bank today announced the launch of 'Aarogya Fixed Deposit' scheme, a unique fixed deposit product that combines assured returns with top-up health insurance coverage, reinforcing the Bank's commitment to customer well-being and financial security.

Under the Aarogya Fixed Deposit scheme, customers can invest a fixed amount of Rs. 7.50 lakh for a tenure of 370 days and receive health insurance coverage of up to Rs.15 lakh, along with fixed deposit interest. The health insurance cover is provided through Care Health Insurance, the Bank's identified insurance partner for the product. The product is exclusively designed for resident individual customers aged between 18 years and 58 years 11 months.

Speaking on the launch, Sumit Phakka, Deputy Managing Director at IDBI Bank, said, "The Aarogya Fixed Deposit scheme reflects IDBI Bank's continued focus on innovation that puts customers first. By combining assured returns with meaningful health insurance cover, we are offering a holistic solution that addresses both financial stability and health security." NET BUREAU

IDBI Bank launches Retail Loan Utsav across 310 branches

GUWAHATI, SEPT 24: To celebrate the upcoming festive season, IDBI Bank is launching a special 'Retail Loan Utsav' from September 22 to October 4, 2025. Extending the Bank's brand philosophy of 'Bank Aisa Dost Jaisa', the initiative highlights the Bank's customer-centric approach with exclusive offerings across a wide spectrum of retail loans including Housing Loan, Auto Loan, Education Loan, Loan Against Property and Personal Loan. The 'Retail Loan Utsav' is designed to resonate with the evolving aspirations of Indian households as they make important lifestyle and financial decisions during this auspicious festive period.

The Bank has identified 310 select branches to champion the 'Retail Loan Utsav' that will cover 156 districts across 29 states in India.

Sumit Phakka, DMD, IDBI Bank stated, "The Retail Loan Utsav is a key initiative to strengthen our engagement with customers during the festive season. By offering customized loan features, attractive terms, and seamless processing, we aim to provide a truly rewarding and delightful experience for our customers as they celebrate new beginnings."

IDBI Bank empanelled for WB pension disbursal:

Kolkata: IDBI Bank has been empanelled by the Government of West Bengal for disbursement of pension and family pension to state government employees. The empanelment was formalised through a government notification, authorising the bank to open pension accounts and facilitate payments through designated branches and linked state treasuries. In the first phase, 64 branches covering all 23 districts of West Bengal will handle pension disbursal. The initiative is expected to improve convenience, expand banking access for pensioners, and significantly strengthen IDBI Bank's government banking presence in the state.

IDBI BANK, JANPATH BRANCH, CELEBRATES SILVER JUBILEE

The IDBI Bank Janpath branch marked its Silver Jubilee with a special program held at its premises, celebrating 25 years of dedicated customer service. The event was presided over by

IDBI Bank Q4 profit rises 26% to ₹2,051 crore

New Delhi: IDBI Bank on Monday reported 26 per cent increase in net profit at Rs 2,051 crore for the March quarter of FY25. The LIC-controlled bank had posted a net profit of Rs 1,628 crore for the year-ago period.

PTI

New Delhi: Union home minister Amit Shah will launch two corporate social responsibility (CSR) initiatives — the Giftmilk Programme and the Shishu Sanjeevani Programme — here on Tuesday. The initiatives will

विषय-सूची

कॉरपोरेट विहंगावलोकन

मुख्य कार्य-निष्पादन संकेतक	ii
31 मार्च 2026 को निदेशक मंडल	iv
31 मार्च 2026 को मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं कार्यपालक निदेशक	v
अध्यक्ष महोदय की स्नेहपूर्ण स्मृति	vi
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश	viii
कुछ प्रमुख गतिविधियां	xviii
पुरस्कार एवं सम्मान	xxviii

सांविधिक रिपोर्टें

निदेशकों की रिपोर्ट	2
प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण	20
कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट	98
कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट	205

वित्तीय विवरण

एकल वित्तीय विवरण	368
समेकित वित्तीय विवरण	548
समेकित पिलर III प्रकटन	675

Contents

CORPORATE OVERVIEW

Key Performance Indicators	ii
Board of Directors as on March 31, 2026	iv
Chief Vigilance Officer and Executive Directors as on March 31, 2026	v
Fond Remembrance of the Chairman	vi
Message from the Managing Director & CEO	viii
Some Major Events	xviii
Awards and Accolades	xxviii

STATUTORY REPORTS

Directors' Report	11
Management Discussion and Analysis	59
Corporate Governance Report	152
Business Responsibility & Sustainability Report	286

FINANCIAL STATEMENTS

Standalone Financial Statements	368
Consolidated Financial Statements	548
Consolidated Pillar III Disclosures	675

मुख्य कार्य-निष्पादन संकेतक
Key Performance Indicators

31 मार्च 2026 की स्थिति
Position as on March 31, 2026

कर पश्चात् लाभ
Profit After Tax

2025-26	₹9,513
2024-25	₹7,515
2023-24	₹5,634

₹करोड़ crore

परिचालन लाभ
Operating Profit

2025-26	₹10,838
2024-25	₹11,079
2023-24	₹9,592

₹करोड़ crore

निवल ब्याज आय
Net Interest Income

2025-26	₹13,512
2024-25	₹14,626
2023-24	₹14,186

₹करोड़ crore

तुलन-पत्र का आकार
Balance Sheet Size

2025-26	₹4,66,560
2024-25	₹4,11,707
2023-24	₹3,63,190

₹करोड़ crore

कुल जमाराशियां
Total Deposits

2025-26	₹3,47,163
2024-25	₹3,10,212
2023-24	₹2,77,657

₹करोड़ crore

कुल अग्रिम (निवल)
Total Advances (Net)

2025-26	₹2,53,626
2024-25	₹2,18,399
2023-24	₹1,88,621

₹करोड़ crore

आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए)
Return on Assets (RoA)

2025-26	2.27
2024-25	1.98
2023-24	1.65

%

इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई)
Return on Equity (RoE)

2025-26	18.93
2024-25	20.15
2023-24	19.50

%

प्रावधान कवरेज अनुपात (तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गये सहित)
Provision Coverage Ratio (with Technical Write-Offs)

2025-26	99.39
2024-25	99.48
2023-24	99.09

%

निवल एनपीए
Net NPA

2025-26	0.15
2024-25	0.15
2023-24	0.34

%

जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर)
Capital-to-Risk weighted Assets Ratio (CRAR)

2025-26	26.65
2024-25	25.05
2023-24	22.26

%

निवल ब्याज मार्जिन
Net Interest Margin

2025-26	3.77
2024-25	4.56
2023-24	4.93

%

जमाराशि मिश्रण (%)
Deposit Mix (%)




23.76%
थोक
Bulk

31.65%
रिटेल मीयादी
Retail Term

26.23%
बचत
Savings

18.37%
चालू
Current

सकल अग्रिम मिश्रण (%)
Gross Advances Mix (%)



70%
रिटेल
Retail

30%
कॉरपोरेट
Corporate

31 मार्च 2026 को निदेशक मंडल
Board of Directors as on March 31, 2026



श्री राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
Shri Rakesh Sharma
Managing Director & CEO



श्री जयकुमार एस. पिल्लै
उप प्रबंध निदेशक
Shri Jayakumar S. Pillai
Deputy Managing Director



श्री सुमित फक्का
उप प्रबंध निदेशक
Shri Sumit Phakka
Deputy Managing Director



श्री मनोज सहाय
Shri Manoj Sahay



श्री सत पाल भानू
Shri Sat Pal Bhanoo



श्री समरेश परिदा
Shri Samaresh Parida



श्री एन. जंबुनाथन
Shri N. Jambunathan



श्री दीपक सिंघल
Shri Deepak Singhal



श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर
Shri Sanjay Gokuldas Kallapur



श्रीमती पी.वी. भारती
Smt. P. V. Bharathi



श्री अजय प्रकाश साहनी
Shri Ajay Prakash Sawhney

31 मार्च 2026 को मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं कार्यपालक निदेशक
Chief Vigilance Officer and Executive Directors as on March 31, 2026



श्रीमती आशा राजीव
मुख्य सतर्कता अधिकारी
Smt. Asha Rajiv
Chief Vigilance Officer



श्री नागराज गारला
Shri Nagaraj Garla



श्री शलील आवले
Shri Shalil Awale



श्री सुनित सरकार
Shri Sunit Sarkar



श्री ईश्वर पधान
Shri Iswar Padhan



श्री त्रिलोक शर्मा
Shri Trilok Sharma



डॉ. कुमार नील लोहित
Dr. Kumar Neel Lohit



श्री बद्री श्रीनिवास राव
Shri Badri Srinivasa Rao



श्री अनिरुद्ध बेहरा
Shri Anirudha Behera



श्री उगेन टाशी
Shri Ugen Tashi



श्री अजय रमेश लांडे
Shri Ajay Ramesh Lande



श्रीमती स्मिता हरीश कुबेर
Smt. Smita Harish Kuber



श्री संजय पनिकर
Shri Sanjay Panicker



श्री जोसफ कुमार ए
Shri Joseph Kumar A



श्री बिजु जॉर्ज के
Shri Biju George K



श्री एस शन्मुगसुंदरम
Shri S Shanmugasundaram



श्री दिनेश सिंह रावत
Shri Dinesh Singh Rawat



PADMA SHRI
T. N. MANOHARAN

Chairman

07.04.1956 - 30.07.2025

स्नेह एवं श्रद्धापूर्ण स्मृति में

आईडीबीआई बैंक स्वर्गीय श्री टी. एन. मनोहरन (7 अप्रैल 1956 - 30 जुलाई 2025), आईडीबीआई बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं स्वतंत्र निदेशक, को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिन्होंने भारत के वित्तीय एवं कॉरपोरेट जगत में असाधारण योगदान दिया और सत्यनिष्ठा, नेतृत्व तथा सार्वजनिक सेवा की एक अमिट विरासत छोड़ी है.

In Fond and Respectful Remembrance

IDBI Bank pays its most heartfelt tribute to Late Shri T. N. Manoharan (7 April 1956 – 30 July 2025), former Chairman and Independent Director of IDBI Bank, whose exceptional contributions to India's financial and corporate ecosystem leaving behind an enduring legacy of integrity, leadership, and public service.

तमिलनाडु के राजकोइल गाँव में जन्मे श्री मनोहरन ने अपने पूरे विशिष्ट व्यावसायिक जीवन में अनुशासन, विनम्रता तथा राष्ट्र सेवा के मूल्यों को आत्मसात किया. सनदी लेखाकार के रूप में उनकी अपार प्रतिष्ठा को देखते हुए, उन्हें 2010 में इस पेशे में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया.

वर्ष 2006-07 के दौरान भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के अध्यक्ष के रूप में तथा रिज़र्व बैंक, सेबी, आईआरडीए, सीवीसी, सीबीडीटी एवं सीआईआई सहित संस्थाओं के साथ अपने जुड़ाव के माध्यम से, उन्होंने भारत में अभिशासन एवं वित्तीय निगरानी को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

श्री मनोहरन ने सत्यम कंप्यूटर सर्विसेज लिमिटेड के संकट के दौरान अपने नेतृत्व के लिए राष्ट्रव्यापी सम्मान अर्जित किया, जहां सरकार द्वारा मनोनीत विशेष निदेशक के रूप में उन्होंने भारत के सबसे उल्लेखनीय कॉरपोरेट संकटों में से एक के दौरान संस्थागत विश्वसनीयता तथा हितधारकों के विश्वास को बहाल करने में सहायता की. उनके प्रयासों को स्वीकारते हुए उन्हें सीएनएन - आईबीएन इंडियन ऑफ दि ईयर 2009 पुरस्कार तथा भारत के माननीय वित्त मंत्री द्वारा 'बिजनेस लीडरशिप अवार्ड' से सम्मानित किया गया.

बाद में उन्होंने केनरा बैंक के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष तथा लक्ष्मी विलास बैंक के प्रशासक के रूप में अपनी सेवाएं दीं, जहाँ उल्लेखनीय शांति, स्पष्टता एवं पेशेवर दक्षता के साथ उन्होंने महत्वपूर्ण संस्थागत बदलावों का नेतृत्व किया. उन्होंने महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा तथा नाबफिड सहित प्रमुख संस्थाओं के बोर्डों में स्वतंत्र निदेशक के रूप में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया.

आईडीबीआई बैंक में, श्री मनोहरन को उनकी बुद्धिमत्ता, अभिशासन-केंद्रित दृष्टिकोण तथा संस्थागत उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए बहुत सम्मान दिया जाता था.

आईडीबीआई बैंक का निदेशक मंडल, प्रबंधन एवं कर्मचारीगण उनके परिवार एवं प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं. नैतिक नेतृत्व एवं राष्ट्र सेवा की उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहेगी.

ईश्वर उनकी आत्मा को चिरस्थायी शांति प्रदान करे.

Born in Rajakoil village, Tamil Nadu, Shri Manoharan embodied values of discipline, humility, and national service throughout his distinguished career. A Chartered Accountant of immense repute, he was conferred the Padma Shri in 2010 in recognition of his outstanding contribution to the profession.

As President of the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) during 2006–07, and through his association with institutions including RBI, SEBI, IRDA, CVC, CBDT, and CII, he played a pivotal role in strengthening governance and financial oversight in India.

Shri Manoharan earned nationwide respect for his leadership during the Satyam Computer Services Ltd. crisis, where, as a government-nominated Special Director, he helped restore institutional credibility and stakeholder confidence during one of India's most significant corporate crises. His efforts were recognised with the CNN-IBN Indian of the Year 2009 award and the Business Leadership Award from the Finance Minister of India.

He later served as Non-Executive Chairman of Canara Bank and Administrator of Lakshmi Vilas Bank, steering key institutional transitions with remarkable calm, clarity, and professionalism. He also contributed significantly as Independent Director on the boards of leading organisations including Mahindra & Mahindra, Tech Mahindra, and NaBFID.

At IDBI Bank, Shri Manoharan was deeply respected for his wisdom, governance-focused approach, and unwavering commitment to institutional excellence.

The Board of Directors, management, and employees of IDBI Bank extend their deepest condolences to his family and loved ones. His legacy of ethical leadership and service to the nation will continue to inspire generations.

May his soul rest in eternal peace.

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश
Message from the Managing Director & CEO



मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है, जो सतत विकास, परिचालन उत्कृष्टता, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन तथा सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

I am pleased to state that the Bank's performance during FY 2025-26 has been remarkable, reflecting its unwavering commitment towards sustainable growth, operational excellence, prudent risk management, and long-term value creation for all the stakeholders.

Rakesh Sharma
Managing Director & CEO

प्रिय शेयरधारको,

मुझे अत्यंत गर्व है कि मैं आपके समक्ष आईडीबीआई बैंक की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा हूं, जिसमें वर्ष के दौरान बैंक के परिचालन एवं वित्तीय प्रदर्शन को रेखांकित किया गया है. जहां इस वार्षिक रिपोर्ट के विभिन्न खंडों में बैंक की उपलब्धियों एवं किये गये पहल कार्यों का विस्तृत विवरण दिया गया है, वहीं मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है, जो सतत विकास, परिचालन उत्कृष्टता, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन तथा सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

इस संदेश के माध्यम से, मैं वर्ष के दौरान बैंक की प्रगति को आकार देने वाले कुछ प्रमुख घटनाक्रमों एवं उपलब्धियों का संक्षेप में उल्लेख करना चाहूँगा.

समष्टि आर्थिक विहंगावलोकन

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था एक परिवर्तित हो रहे समष्टि आर्थिक परिदृश्य के बीच आगे बढ़ती रही, जिस पर भू-राजनैतिक अनिश्चितताओं, बदलते व्यापारिक समीकरणों, मुद्रास्फीति में नरमी के रुझानों तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तित होते मौद्रिक नीति चक्रों का प्रभाव रहा. वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहा, जिसे मजबूत घरेलू मांग, बुनियादी संरचना में निरंतर निवेश, स्थिर वित्तीय प्रणालियों तथा नीति-संचालित आर्थिक सुधारों का समर्थन प्राप्त हुआ.

भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने सुदृढ़ तुलन पत्र, बेहतर आस्ति गुणवत्ता, पर्याप्त पूंजी भंडार तथा विभिन्न क्षेत्रों में ऋण मांग के विस्तार के माध्यम से लचीलापन प्रदर्शित करना जारी रखा. बदलते वित्तीय परिदृश्य ने सभी उद्योगों में ग्राहक-केंद्रित नवाचार, प्रौद्योगिकी-आधारित दक्षताओं तथा अनुशासित जोखिम प्रबंधन

Dear Shareholders,

With great pride, I present to you the Annual Report of IDBI Bank for FY 2025-26, highlighting the Bank's operational and financial performance during the year. While the details of the achievements and initiatives undertaken by the Bank have been elaborated in various sections of this Annual Report, I am pleased to state that the Bank's performance during FY 2025-26 has been remarkable, reflecting its unwavering commitment towards sustainable growth, operational excellence, prudent risk management, and long-term value creation for all the stakeholders.

Through this message, I would like to briefly touch upon some of the key developments and milestones that shaped the Bank's journey during the year.

Macroeconomic Overview

The global economy during FY 2025-26 continued to navigate an evolving macroeconomic environment shaped by geopolitical uncertainties, shifting trade dynamics, moderating inflationary trends, and changing monetary policy cycles across major economies. Despite global headwinds, India remained one of the fastest-growing major economies, supported by strong domestic demand, continued infrastructure investments, stable financial systems, and policy-driven economic reforms.

India's banking sector continued to exhibit resilience through strengthened balance sheets, improved asset quality, healthy capital buffers, and expanding credit demand across sectors. The evolving financial landscape also accelerated the need for customer-centric innovation,

प्रथाओं की आवश्यकता को भी गति प्रदान की है.

इस गतिशील परिवेश में परिचालन करते हुए, आईडीबीआई बैंक ने एक संतुलित एवं सुनियोजित विकास रणनीति का अनुसरण करना जारी रखा, जिसके परिणामस्वरूप परिचालन एवं वित्तीय प्रदर्शन का एक और मजबूत वर्ष रहा.

कारोबारी रणनीति

वर्ष के दौरान बैंक का रणनीतिक फोकस सतत एवं विविधीकृत विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्राहक जुड़ाव, परिचालन लचीलेपन, डिजिटल क्षमताओं तथा अभिशासन मानकों को सुदृढ़ करने पर केन्द्रित रहा.

बैंक ने खुदरा, कृषि, एमएसएमई तथा कॉरपोरेट खंडों में संतुलित वृद्धि को जारी रखते हुए पोर्टफोलियो की सूक्ष्मता एवं आय स्थिरता को बढ़ाने पर बल दिया. अपने खुदरा-केंद्रित दृष्टिकोण को बनाए रखते हुए, बैंक ने कम लागत वाली जमाओं में वृद्धि तथा विविधीकृत मीयादी जमा आधार के विस्तार के माध्यम से अपनी देयता फ्रेंचाइज़ी को मजबूत किया, साथ ही अपने संतुलित आस्ति पोर्टफोलियो का भी विस्तार जारी रखा.

अपनी डिजिटल रूपांतरण यात्रा के हिस्से के रूप में, बैंक ने एंड-टू-एंड डिजिटल प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने, मोबाइल एवं इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्मों को बेहतर बनाने तथा प्रौद्योगिकी-आधारित नवाचार और फिनटेक साझेदारियों का लाभ उठाकर ग्राहक

technology-led efficiencies, and disciplined risk management practices across the industry.

Operating within this dynamic environment, IDBI Bank continued to pursue a balanced and calibrated growth strategy, resulting in another year of strong operational and financial performance.

Business Strategy

During the year, the Bank's strategic focus remained centered on driving sustainable and diversified growth while strengthening customer engagement, operational resilience, digital capabilities, and governance standards.

The Bank continued to pursue balanced growth across retail, agriculture, MSME, and corporate segments with emphasis on enhancing portfolio granularity and earnings stability. Maintaining its retail-centric focus, the Bank continued to strengthen its liability franchise through growth in low-cost deposits and diversified term deposit base, while also expanding its well-balanced asset portfolio.

As part of its digital transformation journey, the Bank focused on strengthening end-to-end digital journeys, enhancing mobile and internet banking platforms, and leveraging technology-led innovation and fintech partnerships to



अनुभव एवं परिचालन दक्षता में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया.

बैंक मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं, विश्लेषण-आधारित प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, सक्रिय वसूली रणनीतियों, गहन ऋण निगरानी तथा अनुशासित अंडरराइटिंग प्रथाओं के माध्यम से सुदृढ़ अभिशासन मानकों को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध रहा.

ग्राहक-केंद्रितता बैंक के कारोबारी दर्शन का अभिन्न अंग बनी रही. बैंक ने व्यक्तिगत पेशकशों, सीआरएम-आधारित अंतर्दृष्टियों, लक्षित अधिग्रहण रणनीतियों तथा ओम्नी-चैनल सेवा वितरण में सुधार के माध्यम से ग्राहक के साथ जुड़ाव को और सुदृढ़ करना जारी रखा.

विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में किये गये अनेक रणनीतिक पहलकार्यों का विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट के निदेशकों की रिपोर्ट तथा प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंडों में दिया गया है. मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इन पहलकार्यों के कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने सराहनीय प्रदर्शन किया.

वित्तीय एवं परिचालन संबंधी मुख्य बिन्दु

वित्तीय वर्ष 2025-26 कारोबार वृद्धि, लाभप्रदता, पूंजी सुदृढ़ता तथा आस्ति गुणवत्ता में सुधार के मामले में बैंक के लिए एक और ऐतिहासिक वर्ष रहा.

बैंक का कुल कारोबार ₹6 लाख करोड़ के महत्वपूर्ण आंकड़े को पार कर गया. जमाओं में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 23% की सुदृढ़ वृद्धि दर्ज हुई और ये ₹3.47 लाख करोड़ हो गईं, जबकि अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16% की वृद्धि हुई और ये ₹2.53 लाख करोड़ हो गये.

31 मार्च 2026 को सकल अग्रिम पोर्टफोलियो में कॉरपोरेट एवं खुदरा की संरचना 30:70 के संतुलित अनुपात पर बनी

improve customer experience and operational efficiency.

The Bank also remained committed to maintaining strong governance standards through robust risk management practices, analytics-driven early warning systems, proactive recovery strategies, close credit monitoring, and disciplined underwriting practices.

Customer-centricity remained integral to the Bank's business philosophy. The Bank continued to deepen customer engagement through personalised offerings, CRM-driven insights, targeted acquisition strategies, and improved omnichannel service delivery.

Several strategic initiatives undertaken across various functional domains have been detailed in the Directors' Report and Management Discussion & Analysis sections of this Annual Report. I am pleased to state that these initiatives enabled the Bank to deliver commendable performance during FY 2025-26.

Financial and Operational Highlights

FY 2025-26 was another landmark year for the Bank in terms of business growth, profitability, capital strength, and asset quality improvement.

The Bank's total business crossed the milestone of ₹6 lakh crore. Deposits registered a robust growth of 23% year-on-year to ₹3.47 lakh crore, while advances grew by 16% year-on-year to ₹2.53 lakh crore.

The composition of corporate versus retail in the gross advances portfolio remained well balanced at 30:70 as on March 31, 2026, underscoring the

रही, जो बैंक के सूक्ष्म एवं खुदरा-केंद्रित ऋण पोर्टफोलियो के निर्माण पर निरंतर ध्यान को रेखांकित करती है. वर्ष के दौरान, बैंक ने 31 मार्च 2026 को निर्धारित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण के सभी लक्ष्यों, जिसमें उप-लक्ष्य भी शामिल हैं, को औसत आधार पर सफलतापूर्वक प्राप्त किया.

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹9,513 करोड़ का अब तक का उच्चतम कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 27% की वृद्धि को दर्शाता है. लाभप्रदता में यह निरंतर सुधार स्थिर कारोबारी वृद्धि, परिचालन दक्षताओं, सुदृढ़ देयता फ्रेंचाइज़ी तथा अनुशासित पोर्टफोलियो प्रबंधन के कारण संभव हुआ.

सबसे अहम बात यह है कि हमारा तुलन पत्र एक वित्तीय किले की तरह मजबूत है. सख्त ऋण अनुशासन के माध्यम से हमारी सकल अनर्जक आस्तियां (जीएनपीए) तेजी से घटकर 2.32% रह गईं, जबकि निवल एनपीए 0.15% के असाधारण रूप से निम्न स्तर पर आ गईं, जिसे 99.39% के उद्योग-अग्रणी प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) का समर्थन प्राप्त है. 26.65% के पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) के साथ, आईडीबीआई बैंक आज देश के सर्वाधिक सुदृढ़ पूंजीकृत एवं सुरक्षित बैंकिंग संस्थानों में से एक है, जो हमें एक असाधारण सुरक्षा कवच तथा भविष्य के विकास के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करता है.

Bank's continued focus on building a granular and retail-oriented loan portfolio. During the year, the Bank also successfully achieved all prescribed Priority Sector Lending (PSL) targets, including sub-targets, on an average basis as on March 31, 2026.

The Bank reported its highest-ever Profit After Tax (PAT) of ₹9,513 crore for FY 2025-26, registering a growth of 27% over the previous financial year. This sustained improvement in profitability was driven by stable business growth, operational efficiencies, strong liability franchise, and disciplined portfolio management.

Crucially, our balance sheet stands as a financial fortress. Through meticulous credit discipline, our Gross Non-Performing Assets (GNPA) fell sharply to 2.32%, while our Net NPA dropped to an exceptional record low of 0.15%, fortified by an industry-leading Provision Coverage Ratio (PCR) of 99.39%. Backed by a Capital Adequacy Ratio (CRAR) of 26.65%, IDBI Bank is today one of the most well-capitalised and secure banking institutions in the nation, providing us with an exceptional defensive buffer and a powerful springboard for future growth.



डिजिटल रूपांतरण एवं ग्राहक-केंद्रित पहलकार्य

आईडीबीआई बैंक में, ग्राहक-केंद्रितता केवल एक रणनीतिक स्तंभ मात्र नहीं है; यह वह निर्णायक दृष्टिकोण है जिसके माध्यम से हम विकास, नवाचार तथा दैनिक निर्णय लेते हैं. हमने अपनी कार्यशैली को मात्र लेन-देन संबंधी सेवा से आगे बढ़ाकर ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं, आकांक्षाओं एवं बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए अनुभवों का सक्रिय रूप से निर्माण किया है.

इसे हासिल करने के लिए, हमने अपने डिजिटल इकोसिस्टम को निरंतर सुदृढ़ किया है, ताकि दैनिक बैंकिंग को अधिक सरल, त्वरित एवं अधिक सहज बनाया जा सके. जैसे-जैसे ग्राहकों का जीवन-चक्र आगे बढ़ता है, हमारे उत्पादों को भी सहजता से उनके साथ तालमेल बिठाना होगा. इस वर्ष हमने अपने मुख्य उत्पादों को परिष्कृत और अनुकूलित करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है, जिससे व्यक्तिगत समाधान तैयार किये जा सके, ओम्नी-चैनल की पहुंच में सुधार हो सके तथा सभी खुदरा एवं उद्यम खंडों में ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित किया जा सके.

इस दृष्टिकोण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कई प्रमुख डिजिटल और परिचालन उपलब्धियों से सबसे अच्छी तरह स्पष्ट होती हैं:

आई-एमएसएमई एक्सप्रेस: एक नवोन्मेषी डिजिटल अंडरराइटिंग प्लेटफॉर्म, जो उधारकर्ताओं की प्रोफ़ाइल के आकलन हेतु वास्तविक समय के डेटा इकोसिस्टम का उपयोग करता है, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को त्वरित, सहज एवं सांपार्श्विक प्रतिभूति रहित ऋण वितरण सक्षम होता है.

सजग: एक पूर्वानुमानित, विश्लेषण-आधारित आस्ति निगरानी प्रणाली, जो एक प्रारंभिक चेतावनी तंत्र के रूप में कार्य करती है, जिससे हम वित्तीय दबाव बढ़ने से पूर्व समय पर सुधारात्मक समाधानों के साथ उधारकर्ताओं को सक्रिय रूप से सहायता प्रदान कर सकते हैं.

रिटेल ऋण उत्सव: एक अत्यंत प्रतिक्रियाशील ग्राहक-केंद्रित पहल, जिसे त्योहारी और मांग के चरम चक्रों के दौरान निर्बाध

Digital Transformation & Customer-Centric Initiatives

At IDBI Bank, customer-centricity is not merely a strategic pillar; it is the definitive lens through which we view growth, innovation, and day-to-day decision-making. We have evolved our philosophy from transactional service to the active curation of tailored experiences designed around our customers' unique needs, aspirations, and shifting expectations.

To achieve this, we have continuously strengthened our digital ecosystem to make everyday banking simpler, faster, and more intuitive. As customer life-cycles progress, our products must seamlessly transition with them. This year, we focused intensely on refining and customising our core offerings creating personalised solutions, improving omnichannel accessibility, and driving deeper engagement across all retail and enterprise segments.

Our commitment to this narrative is best illustrated by several key digital and operational milestones:

i-MSME Express : An innovative digital underwriting platform that leverages real-time data ecosystems to assess borrower profiles, enabling swift, hassle-free, and collateral-free credit delivery to micro, small, and medium enterprises.

SAJAG : A predictive, analytics-driven asset monitoring system that serves as an early-warning mechanism, enabling us to support borrowers proactively with timely corrective solutions before financial stress intensifies.

Retail Loan Utsav : A highly responsive customer-centric initiative designed to offer seamless, cost-effective credit during peak

और किफायती ऋण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो ग्राहकों की आकांक्षाओं और वित्तीय पूर्ति के बीच के अंतर को पाटती है.

जहां अत्याधुनिक तकनीक इन आधुनिक क्षमताओं को आकार देती है, वहीं हम बैंकिंग के उस शाश्वत सत्य में दृढ़ विश्वास रखते हैं कि ग्राहक का भरोसा ही हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है.

जैसे जैसे हम भविष्य की ओर देखते हैं, हमारा रणनीतिक ढांचा प्रौद्योगिकी को अपने आप में एक लक्ष्य के रूप में नहीं, बल्कि गहरे और अधिक सार्थक ग्राहक संबंधों के एक अपरिहार्य साधन के रूप में देखता है.

तदनुसार, हमने इंटलिजेंट जोखिम प्रबंधन, उन्नत धोखाधड़ी रोकथाम तथा सुदृढ़ डिजिटल बुनियादी संरचना में निवेश को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है. आधुनिकीकरण की इस यात्रा में एक प्रमुख उपलब्धि हमारे उद्यम धोखाधडी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएमएस) का उन्नयन है. यह प्रणाली अब व्याख्यात्मक एआई (XAI), उन्नत व्यवहारिक बायोमेट्रिक्स तथा पूर्वानुमानित विश्लेषण को एकीकृत करती है, जिससे ग्राहक लेनदेन को वास्तविक समय में सुरक्षित किया जा सके. आईडीबीआई बैंक में नवाचार सदैव एकल पारदर्शी उद्देश्य द्वारा निर्देशित होगा - हमारे ग्राहकों को अधिक मूल्य, अभेद्य सुरक्षा तथा पूर्ण विश्वास प्रदान करना.

परिचालन उत्कृष्टता, अभिशासन तथा मानव संसाधन क्षमता

परिचालनगत लचीलेपन तथा मजबूत वित्तीय स्थिति पर विशेष बल के साथ, बैंक ने अनुपालन-आधारित संस्कृति, अभिशासन ढांचे तथा जोखिम प्रबंधन संरचना को मजबूत करना जारी रखा.

बैंक ने पूरे संगठन में परिचालन दक्षता बढ़ाने, लागतों के अनुकूलन, उत्पादकता में सुधार तथा सुदृढ़ अनुपालन और नैतिक मानकों के समावेशन पर ध्यान केंद्रित रखा. वर्ष के दौरान कार्यबल की क्षमता बढ़ाने, डिजिटल कौशल उन्नयन,

festive and demand cycles, bridging the gap between customer aspiration and financial fulfilment.

While cutting-edge technology shapes these modern capabilities, we remain anchored in the timeless banking truth that customer trust is our most valuable asset.

As we look to the future, our strategic framework treats technology not as an end in itself, but as an indispensable enabler of deeper, more meaningful customer relationships.

Accordingly, we have significantly scaled up investments in intelligent risk management, advanced fraud prevention, and robust digital infrastructure. A key milestone in this modernisation journey is the upgrade of our Enterprise Fraud Risk Management Solution (EFRMS). This system now integrates Explainable AI (XAI), advanced behavioural biometrics, and predictive analytics to secure customer transactions in real-time. Innovation at IDBI Bank will always be guided by a single, transparent purpose of delivering greater value, ironclad security, and absolute confidence to our customers.

Operational Excellence, Governance & People Capability

With a strong emphasis on operational resilience and sound financial health, the Bank continued to strengthen its compliance-driven culture, governance framework, and risk management architecture.

The Bank remained focused on enhancing operational efficiency, optimising costs, improving productivity, and embedding strong compliance and ethical standards across the organisation. Continuous investments

नेतृत्व विकास तथा संगठनात्मक लचीलेपन में सतत निवेश प्रमुख प्राथमिकताएँ बनी रहीं.

बैंक के कर्मचारियों का समर्पण, दृढ़ता एवं ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, बैंक की सतत प्रगति एवं रूपांतरण यात्रा में केन्द्रीय भूमिका निभाते रहे हैं.

ईएसजी एवं सतत बैंकिंग

एक जिम्मेदार वित्तीय संस्थान के रूप में, आईडीबीआई बैंक ने अपनी कारोबारी प्राथमिकताओं को व्यापक पर्यावरणीय, सामाजिक एवं अभिशासन (ईएसजी) उद्देश्यों के साथ संरेखित करना जारी रखा. विभिन्न सीएसआर पहलकार्यों के माध्यम से, बैंक ने स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण विकास, सतत कृषि, शिक्षा एवं सामुदायिक कल्याण से संबंधित पहलकार्यों में योगदान दिया.

बैंक 'विकसित भारत' की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप समावेशी एवं सतत विकास को समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है.

आगे की राह

बैंक की आगे की राह इसके विश्वास-आधारित तथा ग्राहक-प्रेरित बैंकिंग मॉडल की ओर परिवर्तन से निर्देशित होगी. बैंक अनुकूलित उत्पादों, निर्बाध बैंकिंग अनुभवों तथा ग्राहक के साथ गहन संबंध स्थापित करके ग्राहकों की प्रसन्नता एवं संतुष्टि को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा.

in workforce capability, digital upskilling, leadership development, and organisational agility remained key priorities during the year.

The dedication, resilience, and customer-centric approach of the Bank's employees continue to remain central to the Bank's sustained progress and transformation journey.

ESG & Sustainable Banking

As a responsible financial institution, IDBI Bank continued to align its business priorities with broader environmental, social, and governance (ESG) objectives. Through various CSR initiatives, the Bank contributed towards healthcare, rural development, sustainable agriculture, education, and community welfare initiatives.

The Bank remains committed to supporting inclusive and sustainable growth aligned with the national vision of Viksit Bharat.

The Way Forward

The road ahead for the Bank will be guided by its transition towards a trust-led and customer-driven banking model. The Bank will continue to focus on strengthening customer delight and satisfaction through customised products, seamless banking experiences, and deeper relationship engagement.



बैंक की आगे की रणनीतिक दिशा विश्वास-आधारित एवं ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग फ्रेंचाइज़ी के निर्माण पर केन्द्रित बनी रहेगी. हमारा ध्यान अनुकूलित उत्पाद पेशकशों के माध्यम से कारोबार वृद्धि को बढ़ावा देने, संस्थागत देयता संबंधों को सुदृढ़ करने, कॉरपोरेट अग्रिम पोर्टफोलियो में उच्च श्रेणी BBB एवं A रेटेड ग्राहकों के हिस्से को बढ़ाने तथा विवेकपूर्ण जोखिम चयन के माध्यम से पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सुधार करने पर केंद्रित रहेगा.

The Bank's strategic direction going forward will continue to be anchored around building a trust-driven and customer-focused banking franchise. Focus will remain on driving business growth through customised product offerings, strengthening institutional liability relationships, improving the share of higher-rated BBB and A rated clients within the corporate advances portfolio, and enhancing portfolio quality through prudent risk selection.

आगे चलकर, बैंक शाखा-केंद्रित खुदरा कारोबार वृद्धि को प्राथमिकता देना जारी रखेगा, साथ ही परिचालन क्षमता, सक्रिय जोखिम प्रबंधन ढांचे, पूर्व चेतावनी प्रणालियों तथा एनपीए नियंत्रण रणनीतियों को सुदृढ़ बनाने पर बल देगा, ताकि सतत एवं सुदृढ़ विकास सुनिश्चित हो सके.

Going forward, the Bank will continue to prioritise branch-centric retail business growth while strengthening operational resilience, proactive risk management frameworks, early warning systems, and NPA containment strategies to ensure sustainable and resilient growth.

बैंक प्रतिफल में सुधार, पोर्टफोलियो का पुनर्संतुलन, शुल्क-आधारित एवं प्रति-विक्रय आय के अवसरों का विस्तार, लागतों का अनुकूलन तथा उत्पादकता वृद्धि संबंधी पहलकार्यों पर भी निरंतर ध्यान केंद्रित करेगा. एआई-संचालित क्षमताओं, ग्राहक-केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म तथा विश्लेषण-आधारित निर्णय लेने पर बढ़ते ध्यान के साथ प्रौद्योगिकी-आधारित रूपांतरण बैंक की दीर्घकालिक विकास रणनीति का केंद्र बिन्दु बना रहेगा.

The Bank will also continue to focus on yield improvement, portfolio rebalancing, expansion of fee-based and cross-sell income opportunities, optimisation of costs, and productivity enhancement initiatives. Technology-led transformation with increasing focus on AI-driven capabilities, customer-centric digital platforms, and analytics-led decision-making will continue to remain central to the Bank's long-term growth strategy.

बैंक अपनी दीर्घकालिक मूल्य सृजन की यात्रा में आगे बढ़ते हुए मानव संसाधन क्षमता संवर्धन, संगठनात्मक रूपांतरण, अभिशासन मानकों तथा ग्राहक-केन्द्रित नवाचार में निवेश करना जारी रखेगा.

The Bank will also continue to invest in people capability enhancement, organisational transformation, governance standards, and customer-centric innovation as it moves forward in its journey of long-term value creation.

आभार

बैंक की लगातार हो रही प्रगति और भविष्य की ओर देखते हुए, मैं भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और सभी विनियामक एवं सांविधिक प्राधिकरणों का उनके निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ.

मैं निदेशक मंडल, कर्मचारियों, ग्राहकों, शेयरधारकों और कारोबारी भागीदारों की बैंक की रूपांतरण यात्रा के पूरे सफर में विश्वास, प्रतिबद्धता और अटूट समर्थन के लिए तहे दिल से सराहना करता हूँ.

मज़बूत बुनियाद, स्पष्ट रणनीतिक दिशा तथा सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ, आईडीबीआई बैंक दीर्घकालिक सतत मूल्य सृजित करने और आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर बढ़ने के लिए अच्छी स्थिति में है.

शुभकामनाओं सहित,

राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Acknowledgement

Reflecting on the Bank's continued progress and looking towards the future, I extend my sincere gratitude to the Government of India, the Reserve Bank of India, Life Insurance Corporation of India (LIC), and all regulatory and statutory authorities for their continued guidance and support.

I also express my heartfelt appreciation to the Board of Directors, employees, customers, shareholders, and business partners for their trust, commitment, and unwavering support throughout the Bank's transformation journey.

With a strengthened foundation, clear strategic direction, and collective commitment, IDBI Bank remains well-positioned to create sustainable long-term value and move forward with confidence towards the future.

With best wishes,

Rakesh Sharma
Managing Director & CEO



कुछ प्रमुख गतिविधियां
Some Major Events

विगत वर्ष की झलकियां
Glimpses of the past year



श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री एम. नागराजु, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 का लाभांश का चेक सौंपते हुए.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, along with senior officials, handing over the dividend cheque for FY 2024–25 to Shri M. Nagaraju, Secretary, Department of Financial Services.

श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री जयकुमार एस. पिल्लै, उप प्रबंध निदेशक तथा श्री सुमित फक्का, उप प्रबंध निदेशक के साथ, श्री आर. दोरइस्वामी, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भारतीय जीवन बीमा निगम, साथ में उनके अन्य अधिकारीगण, को वित्तीय वर्ष 2024-25 का लाभांश का चेक सौंपते हुए.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, along with Shri Jayakumar S. Pillai, DMD and Shri Sumit Phakka, DMD handing over the dividend cheque for FY 2024-25 to Shri R Doraiswamy, MD & CEO, LIC of India and its other officials.





श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने, फिक्की और आईबीए द्वारा आयोजित वार्षिक बैंकिंग सम्मेलन 'फाइबैक 2025' में भाग लिया. इस कार्यक्रम में वैश्विक विचारकों ने उभरते बैंकिंग मुद्दों, सफल रणनीतियों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की, जिसमें एमएसएमई ऋण संबंधी एक पैनल सत्र भी शामिल था.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, attended FIBAC 2025, the annual banking conference organised by FICCI and IBA. The event featured global thought leaders discussing emerging banking issues, success strategies, and future roadmaps, including an MSME lending panel session.

श्री जयकुमार एस. पिल्लै, उप प्रबंध निदेशक तथा बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वैश्विक बैंकों के साथ बातचीत करने, कारोबारी सहयोग की संभावना तलाशने, उभरते वित्तीय रुझानों की जानकारी प्राप्त करने और बैंक की अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता को बढ़ाने के लिए मेस्से फ्रैंकफर्ट में आयोजित 'सिबोस 2025' में भाग लिया.

Shri Jayakumar S. Pillai, DMD and other senior officials of the Bank attended SIBOS 2025 at Messe Frankfurt to engage with global banks, explore business collaborations, gain insights on emerging financial trends, and enhance the Bank's international visibility.





अमरावती में वित्तीय हब की आधारशिला रखने के समारोह में श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, साथ ही केंद्र एवं राज्य के वरिष्ठ लीडर तथा बैंक एवं बीमा कंपनियों के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही.

The Foundation Stone Laying Ceremony of the Financial Hub at Amaravati was graced by Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, along with senior Union and State leaders and dignitaries from banks and insurance companies.



श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने 31 अक्तूबर 2025 को मोदी ग्राम में आयोजित वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर में भाग लिया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं की व्यापक पहुँच सुनिश्चित करना था.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO attended Financial Inclusion Saturation Camp at Modi Village on October 31, 2025, aimed at achieving comprehensive coverage of banking and financial services in rural areas.

श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के अवसर पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते हुए, साथ में हैं श्री जयकुमार एस. पिल्लै, उप प्रबंध निदेशक, श्री सुमित फक्का, उप प्रबंध निदेशक तथा श्रीमती आशा राजीव, बैंक की मुख्य सतर्कता अधिकारी.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, administering the Integrity Pledge on the occasion of 'Vigilance Awareness Week' along with Shri Jayakumar S. Pillai, DMD, Shri Sumit Phakka, DMD and Smt. Asha Rajiv, CVO of the Bank.





श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, paying homage to Dr. Babasaheb Ambedkar on the occasion of Ambedkar Jayanti.



आईडीबीआई बैंक का स्मृति पथ - उपलब्धियों की यात्रा का उद्घाटन 25 सितंबर 2025 को बैंक के निदेशक मंडल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया जिसमें बैंक की धरोहर का सम्मान करते हुए, भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली एक अभिलेखीय गैलरी के माध्यम से विरासत, नवाचार, उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया.

IDBI Bank's Smriti Path - A Journey of Milestones was inaugurated on September 25, 2025 by the Bank's Board of Directors and other senior officials celebrating legacy, innovation, milestones through an archival gallery that honours the Bank's heritage while inspiring future generations.



श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी; श्री जयकुमार एस. पिल्लै, उप प्रबंध निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, कॉरपोरेट सेंटर, मुंबई में भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये #प्लांट4मदर' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO along with Shri Jayakumar S. Pillai, DMD and other senior officials participated in the tree plantation drive at Corporate Centre, Mumbai, as part of the #Plant4Mother Campaign initiated by the Government of India.



आईडीबीआई बैंक ने विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी में योगदान तथा हिंदी के आधिकारिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किया, साथ में हैं श्रीमती आशा राजीव, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण. कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कविगण की गरिमामयी उपस्थिति रही.

IDBI Bank celebrated Hindi Pakhwada honoring Hindi contributions and promoting official use of Hindi across departments. Shri Rakesh Sharma, MD & CEO inaugurated the event along with Smt. Asha Rajiv, CVO and other senior officials of the Bank. The event was graced by renowned poets.

श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री जयकुमार एस. पिल्लै, उप प्रबंध निदेशक, श्री सुमित फक्का, उप प्रबंध निदेशक एवं श्रीमती आशा राजीव, मुख्य सतर्कता अधिकारी और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुंबई पुलिस जिमखाना मैदान में वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए आयोजित क्रिकेट मैच में भाग लिया.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, Shri Jayakumar S. Pillai, DMD, Shri Sumit Phakka, DMD and Smt. Asha Rajiv, CVO participated in the Senior Executives Cricket Match conducted at Mumbai Police Gymkhana Ground along with other senior executives of the Bank.





आईडीबीआई बैंक ने नवी मुंबई में आयोजित क्रेडाई बीएएनएम रायगढ़ प्रॉपर्टी एक्सपो 2026 में भाग लिया, जिसमें आवास ऋण एवं रेरा सीएमएस को प्रोत्साहित किया. स्टॉल का उद्घाटन श्री सुमित फक्का, उप प्रबंध निदेशक ने श्री नील लोहित, कार्यपालक निदेशक और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया.

IDBI Bank participated in the CREDAI BANM Raigad Property Expo 2026 in Navi Mumbai, promoting home loans and RERA CMS. The stall was inaugurated by Shri Sumit Phakka, DMD and Shri Neel Lohit, Executive Director and other senior officials of the Bank.



जयपुर में कारोबार रणनीति बैठक में निदेशक मंडल के सदस्य एवं बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण.

Members of the Board of Directors along with other senior officials of the Bank at the Business Strategy Meet, Jaipur.

आईसीबीएफ, हैदराबाद में बैंक के कर्मचारियों के लिए आयोजित प्रतिभा महोत्सव 'एक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा' में दीप प्रज्वलित करते हुए श्री जयकुमार एस. पिल्लै, उप प्रबंध निदेशक.

Shri Jayakumar S. Pillai, DMD lighting the lamp at the Pratibha Mahotsava, a talent competition organized for employees of the Bank held at ICBF, Hyderabad.





एसएएसएफ बोर्ड की अंतिम बैठक में श्री जयकुमार एस. पिल्लै, उप प्रबंध निदेशक और श्री सुमित फक्का, उप प्रबंध निदेशक, बोर्ड के अन्य सदस्यों एवं विशेष आमंत्रितों के साथ उपस्थित हुए.

The final SASF Board meeting was attended by Shri Jayakumar S. Pillai, DMD and Shri Sumit Phakka, DMD along with other Board members and special invitees.



वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आईडीबीआई बैंक ने एपीवाई के अंतर्गत 1.38 लाख अभिदाताओं के वार्षिक लक्ष्य की तुलना में 2 लाख से अधिक अभिदाताओं का नामांकन किया है. इस उपलब्धि के लिए श्री सुमित फक्का, उप प्रबंध निदेशक ने आईडीबीआई बैंक की ओर से पीएफ़आरडीए के अध्यक्ष श्री शिवसुब्रमणियन रमण से 'वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक पुरस्कार' प्राप्त किया.

IDBI Bank has enrolled more than 2 Lakh subscribers under APY for FY 2024-25, against Annual Target of 1.38 lakh subscribers. Shri Sumit Phakka, DMD received the 'Annual Award for FY 2024-25' on behalf of IDBI Bank, from Shri Sivasubramanian Ramann, Chairman PFRDA

आईडीबीआई बैंक देशभर में 20 से अधिक स्थानों पर आयोजित ईटी मेक इन इंडिया इनिशिएटिव के लिए बैंकिंग एवं ऋणदाता भागीदार के रूप में कार्य करते हुए एसएमई क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहा है. श्री सुमित फक्का, उप प्रबंध निदेशक ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित ईटी मेक इन इंडिया एसएमई रीजनल समिट में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की.

IDBI Bank has served as the Banking and Lending Partner for the ET Make in India initiative hosted across 20+ locations throughout the country, supporting SME growth across the country. Shri Sumit Phakka, DMD graced the ET Make in India SME Regional Summit held at Raipur, Chhattisgarh





श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गुवाहाटी में आईडीबीआई ज्ञानार्जन केंद्र का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य आधुनिक अवसंरचना के माध्यम से कर्मचारियों के विकास को सुदृढ़ करना तथा गुवाहाटी अंचल में बहुराज्यीय पहुँच को सशक्त बनाना है.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO inaugurated the IDBI Learning Centre (ILC), Guwahati, in the presence of other senior officials aimed at enhancing employee development with modern infrastructure and multi state outreach across the Guwahati zone.

प्रमुख सीएसआर गतिविधियां
Major CSR Events



आईडीबीआई बैंक ने ग्रामीण स्वास्थ्य शिविरों हेतु चिकित्सा विशेषज्ञों एवं मरीजों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, नागपुर को वातानुकूलित बसें उपलब्ध कराईं.

IDBI Bank provided air-conditioned buses to Government Medical College & Hospital, Nagpur to facilitate movement of medical experts and patients for rural health camps.

आईडीबीआई बैंक ने भुवनेश्वर नगर निगम को भुवनेश्वर के जयदेव विहार में मियावकी पद्धति का उपयोग करके 1,600 पेड़ लगाने हेतु सहायता प्रदान की, जिससे शहरी हरित आवरण, पारिस्थितिक संतुलन और पर्यावरणीय स्थिरता में सुधार हुआ.

IDBI Bank supported Bhubaneshwar Municipal Corporation for plantation of 1,600 trees using the Miyawaki method at Jayadev Vihar, Bhubaneshwar, enhancing urban green cover, ecological balance, and environmental sustainability.





आईडीबीआई बैंक ने उदीयमान खिलाड़ियों के बीच हॉकी को बढ़ावा देने तथा खेलों के माध्यम से कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली स्थित लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट समिति को 150 हॉकी स्टिक उपलब्ध कराई.

IDBI Bank provided 150 hockey sticks to Lal Bahadur Shastri Hockey Tournament Committee in Delhi for promotion of hockey amongst aspiring players and encouraging skill development through sports.

आईडीबीआई बैंक ने अखंड ज्योति नेत्र चिकित्सालय, पटना को उन्नत चिकित्सीय उपकरणों की खरीद एवं स्थापना हेतु सहायता प्रदान की, जिससे विशेषीकृत नेत्र शल्य चिकित्सा करने की क्षमता में वृद्धि हुई तथा नेत्र चिकित्सा सेवाओं में सुधार हुआ.

IDBI Bank supported Akhand Jyoti Eye Hospital, Patna for procurement and installation of advanced medical equipment, thereby enhancing capacity to conduct specialized eye surgeries and improving ophthalmic care services.





आईडीबीआई बैंक 'कोस्टल सालिनिटी प्रिवेंशन सेल (सीएसपीसी)' के माध्यम से गुजरात के तटीय समुदायों को भूजल पुनर्भरण में सुधार करने, लवणता संबंधी चुनौतियों को कम करने तथा अधिक टिकाऊ सिंचाई पद्धतियों को अपनाने में सहायता प्रदान कर रहा है.

IDBI Bank, through Coastal Salinity Prevention Cell (CSPC) is helping coastal communities in Gujarat improve groundwater recharge, reduce salinity challenges, and implement more sustainable irrigation practices.



आईडीबीआई बैंक ने 'ब्लाइंड पीपुल्स एसोसिएशन' के साथ मिलकर अहमदाबाद में दिव्यांग जन को ईवी ट्राइसाइकिल एवं बैसाखियों के वितरण में सहायता की.

IDBI Bank, in association with the Blind People's Association, facilitated the distribution of EV tricycles and crutches to differently abled individuals in Ahmedabad.

आईडीबीआई बैंक ने 'चिल्ड्रन्स मूवमेंट फॉर सिविक अवेयरनेस', बंगलुरु को 100 सरकारी विद्यालयों में डिजिटल बुनियादी संरचना स्थापित करने हेतु सहायता प्रदान की, जिससे प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षा तक पहुंच में वृद्धि हुई तथा शिक्षण परिणामों में सुधार हुआ.

IDBI Bank supported Children's Movement for Civic Awareness, Bangalore for establishing digital infrastructure across 100 government schools, enhancing access to technology-enabled education and improving learning outcomes.





आईडीबीआई बैंक ने टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई में एक नए माइनर ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य बुनियादी संरचना को सुदृढ़ करना, समय पर चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता में सुधार करना तथा वंचित मरीजों के लिए प्रतीक्षा अवधि को कम करना है.

IDBI Bank inaugurated a new Minor Operation Theatre at Tata Memorial Hospital, Mumbai, with the aim of strengthening healthcare infrastructure, improving access to timely medical interventions, and reducing waiting times for underserved patients.

पुरस्कार एवं सम्मान
Awards and Accolades



आईडीबीआई बैंक को इसके उपयोगकर्ता-अनुकूल मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म, सुदृढ़ सुरक्षा सुविधाओं एवं निर्बाध डिजिटल ग्राहक अनुभव के लिए सिनेक्स इंडिया द्वारा **वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ मोबाइल बैंकिंग सेवा पुरस्कार** दिया गया.

IDBI Bank was awarded Best **Mobile Banking Service of the Year 2025** by Synnex India in recognition of its user-friendly mobile banking platform, robust security features, and seamless digital customer experience.

आईडीबीआई बैंक को फिनोविटी 2025 में **ओसीईएन-जीईएम सहाय 2.0 पहल** को शुरू करने के लिए सम्मानित किया गया, इसके ज़रिये बैंक ने अभिनव खुला ऋण सक्षम ढांचे द्वारा एमएसएमई की डिजिटल क्रेडिट तक पहुँच को सक्षम करने में अपने नेतृत्व का प्रदर्शन किया.

At Finnoviti 2025, IDBI Bank was honoured for pioneering the **OCEN-GeM Sahay 2.0 initiative**, demonstrating its leadership in enabling digital credit access for MSMEs through innovative open credit enablement frameworks.

आईडीबीआई बैंक को इसके प्रभावशाली सीड एक सीएसआर पहल के लिए राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रतिष्ठित **भामाशाह** पुरस्कार से सम्मानित किया गया, यह पहल सामाजिक विकास एवं समावेशी वृद्धि के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

IDBI Bank received the prestigious **Bhamashah** Award from Shri Bhajan Lal Sharma, Hon'ble Chief Minister of Rajasthan, in recognition of its impactful SEED A CSR initiative, highlighting its commitment to social development and inclusive growth.

एमएसएमई के वित्तपोषण, अनुकूलित बैंकिंग समाधानों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को निरंतर सहायता प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए बैंक को एन्क्यूब द्वारा **एमएसएमई लीडरशिप पुरस्कार** से सम्मानित किया गया.

The Bank was honoured with the **MSME Leadership Award** from Enqube for its significant contributions to MSME financing, tailored banking solutions, and continued support to small and medium enterprises.

आईडीबीआई बैंक को 21वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन एवं प्रशस्ति पत्र 2024-2025 में वर्ष का **सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक** तथा **सर्वश्रेष्ठ फिनटेक एवं डीपीआई अपनाने**, दोनों श्रेणियों में उपविजेता पुरस्कार प्राप्त हुए.

IDBI Bank received the runner-up awards for both **Best Technology Bank of the Year** and **Best FinTech & DPI Adoption** at the 21st Annual Banking Technology Conference & Citations 2024–2025.



टीआरईडीएस (ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम) प्लेटफ़ॉर्म में उत्कृष्ट योगदान के लिए आईडीबीआई बैंक को **बेस्ट प्राइवेट सेक्टर बैंक पुरस्कार** से सम्मानित किया गया, जो एमएसएमई के लिए चलनिधि उपलब्धता में सुधार लाने में इसकी भूमिका को सुदृढ़ करता है.

IDBI Bank was recognized as the **Best Private Sector Bank** for its outstanding contribution to the TReDS (Trade Receivables Discounting System) platform, reinforcing its role in improving liquidity access for MSMEs.

बैंक को **सुरक्षा और धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए ईटी बीएफ़एसआई 2025 पुरस्कार** प्राप्त हुआ, जो बैंक के मज़बूत अभिशासन, उन्नत जोखिम प्रबंधन ढांचों और ग्राहकों व प्रणालियों की सुरक्षा के लिए सक्रिय उपायों को दर्शाता है.

The Bank received the **ET BFSI 2025 Award for Excellence in Security and Fraud Risk Management,** reflecting its strong governance, advanced risk management frameworks and proactive measures to safeguard customers and systems.

दि फाइनेंशियल ब्रांड 2026 के प्रकाशन में सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले शीर्ष 100 बैंकों की रैंकिंग में आईडीबीआई बैंक ने **5वां स्थान** प्राप्त किया.

The Bank secured **5th position** in the 2026 publication of **The Financial Brand's Top 100 Banks Using Social Media rankings.**

आईडीबीआई बैंक को **"टेक-ड्रिवन ऑपरेशनल एक्सीलेंस"** के लिए **स्वर्ण** तथा **"साइबर शील्ड इनोवेशन"** के लिए **रजत** पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो इसकी प्रौद्योगिकी-आधारित दक्षता, फिनटेक एकीकरण, सुदृढ़ साइबर सुरक्षा ढांचे तथा सुरक्षित, भविष्य के लिए तैयार बैंकिंग के प्रति प्रतिबद्धता को मान्यता देते हैं.

IDBI Bank was awarded **Gold** for **"Tech-Driven Operational Excellence"** and **Silver** for **"Cyber Shield Innovation"**, recognising its technology-led efficiency, fintech integration, robust cybersecurity frameworks, and commitment to secure, future-ready banking.

आईडीबीआई बैंक की राजभाषा गृह-पत्रिका, **विकास प्रभा,** जो तिमाही आधार पर प्रकाशित होती है, को प्रसिद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'आशीर्वाद' द्वारा **सर्वश्रेष्ठ गृह-पत्रिका** पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

IDBI Bank's in-house Rajbhasha magazine, **Vikas Prabha**, published quarterly, was awarded the **Best In-house Magazine** citation by the renowned literary and cultural organisation, Ashirvad.

निदेशकों की रिपोर्ट

Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के कारोबार और परिचालनों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

सतत भू-राजनैतिक तनावों और समय-समय पर वित्तीय बाज़ार में अस्थिरता के बावजूद वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान वैश्विक आर्थिक गतिविधि लचीली बनी रही. वर्ष 2022-23 में देखी गई समन्वित मौद्रिक सख्ती के चरण के बाद विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के केन्द्रीय बैंकों ने नीतिगत सामान्यीकरण में क्रमिक प्रगति को जारी रखा. हालांकि राहत देने की गति असमान रही जो विशिष्ट देश के विकास और मुद्रास्फीति की गतिशीलता को प्रदर्शित करती है.

इस पृष्ठभूमि में भारत सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा और जून 2026 में जारी अनंतिम अनुमानों (पीई) के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.7% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की. भारत का समग्र आर्थिक प्रदर्शन मजबूत समष्टि आर्थिक बुनियादी संरचनाओं तथा लचीली घरेलू मांग पर आधारित था. उच्च भू-राजनैतिक अनिश्चितताओं के बावजूद, घरेलू विकास का व्यापक आधार बना रहा, जिसे निरंतर सार्वजनिक बुनियादी संरचना पर व्यय, निवेश परिवेश में सुधार, स्थिर उपभोग मांग तथा सेवा क्षेत्र के मजबूत विस्तार का समर्थन प्राप्त हुआ. घरेलू आर्थिक गतिविधियों को निरंतर बैंक ऋण में वृद्धि, क्षमता का उच्चतर उपयोग, बैंकों तथा कॉरपोरेट के तुलन-पत्र की सुदृढ़ स्थिति तथा सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय पर निरंतर बल का लाभ मिला. कुल मिलाकर इन कारकों ने निवेश चक्र को सुदृढ़ किया, विकास की गति को मजबूत किया तथा वैश्विक विकास के प्रमुख प्रेरक के रूप में भारत की स्थिति को पुनःस्थापित किया.

घरेलू वित्तीय प्रणाली कई वैश्विक समकक्षों की तुलना में, मजबूत समष्टि आर्थिक बुनियादी संरचनाओं और मजबूत वित्तीय प्रणाली के सहारे स्थिर और लचीली बनी रही. बैंकिंग क्षेत्र ने बेहतर लाभप्रदता, आस्ति गुणवत्ता में सुधार तथा पर्याप्त पूंजी एवं चलनिधि बफर का प्रदर्शन किया, जिससे यह अर्थव्यवस्था में ऋण की बढ़ती जरूरत को प्रभावी ढंग से पूरा कर पाया, इस प्रकार समग्र आर्थिक विस्तार को समर्थन मिला.

मौद्रिक नीति के मोर्चे पर, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एक संतुलित तथा विकास-समर्थक दृष्टिकोण अपनाया. लंबे समय तक विराम के बाद, मुद्रास्फीति में निश्चित कमी आने तथा आर्थिक परिदृश्य के अनुकूल होने पर, रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2025 के आरंभ से नीतिगत ढील की प्रक्रिया प्रारंभ की. कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान, रिज़र्व बैंक ने संचयी रूप से नीतिगत रेपो दर में 125 आधार बिन्दुओं की कमी की, जिससे दिसंबर 2025 तक यह घटकर 5.25% हो गई. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रिज़र्व बैंक ने खुले बाज़ार परिचालनों तथा चलनिधि में वृद्धि के उपायों के समर्थन से वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करते हुए उदार नीतिगत रुख बनाए रखा. नीतिगत दरों में ढील से मौद्रिक संचरण में सुधार हुआ, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में उधार लेने की लागत को कम करने में सहायता मिली.

भविष्य में, अपेक्षाकृत कम ब्याज दरों का परिदृश्य साथ ही सतत सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, निजी निवेश भावना के सुदृढ़ होने तथा स्थिर वित्तीय परिस्थितियों से, ऋण वृद्धि और निवेश गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने की संभावना है. जहां वैश्विक अनिश्चितताएँ तथा भू-राजनैतिक जोखिमें चुनौतियाँ उत्पन्न करती रहीं, वहीं भारत की सुदृढ़ घरेलू मांग, नीतिगत विश्वसनीयता तथा संरचनात्मक सुधारों ने अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ विकास की गति को बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति प्रदान की.

वित्तीय विशेषताएं

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आपके बैंक ने मजबूत वित्तीय कार्यनिष्पादन दर्ज किया, जिसमें तुलन-पत्र में सतत वृद्धि और बेहतर विस्तार का योगदान रहा, कुल कारोबार के ₹ 6 लाख करोड़ से अधिक का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया. यह वृद्धि जमाराशियों एवं अग्रिमों, दोनों में सतत विस्तार से हुई. 31 मार्च 2026 को कुल जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष 12% की वृद्धि दर्ज हुई और ये ₹ 3,47,163 करोड़ हो गईं, जबकि कासा जमाराशियों में 7% की वृद्धि हुई और ये ₹ 1,54,816 करोड़ हो गईं. कासा अनुपात 44.59% पर सुदृढ़ बना रहा, जो एक स्थिर एवं किफायती निधीयन संरचना को दर्शाता है. ऋण क्षेत्र में, संतुलित ऋण वृद्धि के समर्थन से निवल अग्रिमों में 16% की अच्छी वृद्धि हुई और ये ₹ 2,53,626 करोड़ हो गये. बैंक ने विवेकपूर्ण पोर्टफोलियो मिश्रण बनाए रखा, जिसमें इसके अग्रिमों में खुदरा अग्रिमों का हिस्सा 70% तथा कॉरपोरेट अग्रिमों का हिस्सा 30% रहा, जिससे पोर्टफोलियो की सूक्ष्मता एवं जोखिम विविधीकरण सुदृढ़ हुआ.

प्रमुख वित्तीय विशेषताएं

(₹ करोड़ में)

	31 मार्च 2025 को	31 मार्च 2026 को
पूंजी	10,752	10,752
रिज़र्व और अधिशेष	49,499	56,885
जमाराशियां	3,10,212	3,47,163
उधार राशियां	19,882	28,055
अन्य देयताएं और प्रावधान	21,362	23,705
कुल देयताएं	**4,11,707**	**4,66,560**

(₹ करोड़ में)

	31 मार्च 2025 को	31 मार्च 2026 को
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	21,294	33,230
बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	23,122	23,607
निवेश	1,17,468	1,28,011
अग्रिम	2,18,399	2,53,626
अचल और अन्य आस्तियां	31,424	28,084
कुल आस्तियां	**4,11,707**	**4,66,560**
इस अवधि में	**2024-25**	**2025-26**
कुल आय	33,826	35,744
कुल व्यय (प्रावधानों को छोड़कर)	22,747	24,906
प्रावधान (कर को छोड़कर)	510	(1,088)
कर पूर्व लाभ/(हानि)	10,568	11,926
कर के लिए प्रावधान	3,053	2,413
कर पश्चात् लाभ/(हानि)	7,515	9,513

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक की कुल आय ₹ 35,744 करोड़ रही, जिसमें ₹ 28,997 करोड़ की ब्याज आय और ₹ 6,746 करोड़ की अन्य आय शामिल है. ब्याज व्यय ₹ 15,486 करोड़ रहा और परिचालन व्यय ₹ 9,420 करोड़ रहा, कुल व्यय (प्रावधानों और आकस्मिकताओं को छोड़कर) ₹ 24,906 करोड़ रहा.

वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक के निवल लाभ में वृद्धि हुई और यह ₹ 9,513 करोड़ हो गया, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 27% की अच्छी वृद्धि दर्ज हुई.

वर्ष के दौरान प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) ₹ 8.85 रहा. 31 मार्च 2026 को प्रति शेयर बही मूल्य (पुनर्मूल्यन रिज़र्व, विदेशी मुद्रा रूपांतरण रिज़र्व, अमूर्त आस्तियों तथा आस्थगित कर आस्ति को छोड़कर) ₹ 51.85 था.

31 मार्च 2026 को समेकित वित्तीय विवरण में शामिल सहायक, सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के कार्य-निष्पादन और वित्तीय स्थिति पर रिपोर्ट

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या हानि में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	राशि (₹ करोड़ में)	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में	राशि (₹ करोड़ में)
मूल: आईडीबीआई बैंक लि.	98.39%	67,638	103.29%	9,513
सहायक संस्थाएं:				
भारतीय:				
1. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि.	0.59%	405	0.47%	44
2. आईडीबीआई इंटेक लि.	0.20%	136	0.14%	13
3. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि.	0.33%	227	0.09%	8
4. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि.	0.00%	2	0.00%	(0.07)
5. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि.	0.57%	393	0.64%	59
विदेशी: :	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
सभी सहायक संस्थाओं में अल्पसंख्यक हित	0.26%	178	0.29%	27
सहयोगी संस्थाएं (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय:				
1. बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	0.0003%	0.03
2. पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	0.27%	25.14

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या हानि में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	राशि (₹ करोड़ में)	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में	राशि (₹ करोड़ में)
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
संयुक्त उद्यम (इक्विटी पद्धति के अनुसार अनुपातिक समेकन/निवेश के अनुसार)				
भारतीय:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	**100.34%**	**68,978**	**104.62%**	**9,635**
विलोपन	(0.34%)	(236)	(4.62%)	(425)
निवल कुल	**100.00%**	**68,742**	**100.00%**	**9,210**

नोट: उपरोक्त में से किसी भी सहायक कंपनी की कोई सहायक कंपनी नहीं है.

आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं, यदि कोई हों, जो वित्तीय वर्ष के अंत और बोर्ड की रिपोर्ट की तारीख के बीच में हुई हों

वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात 31 मार्च 2026 और निदेशकों की रिपोर्ट की तारीख अर्थात 16 मई 2026 के बीच बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएँ नहीं थीं.

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता से संबंधित विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के अनुसार सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में यह दर्शाया जाना आवश्यक है कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के पास समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) प्रणाली उपलब्ध है तथा ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता कैसी है. कंपनी अधिनियम की धारा 143(3)(i) में संदर्भित आईएफसी, वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसीओ-एफआर) से संबंधित हैं. बैंक का प्रबंधन बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड में आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने व बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है, जो दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी आईएफसीओ-एफआर के लेखापरीक्षा के बारे में मार्गदर्शी नोट में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए बनाए गए हैं. इन जिम्मेदारियों में समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की रूपरेखा, कार्यान्वयन व रखरखाव शामिल हैं जो बैंक की नीतियों के अनुपालन, इसकी आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम व पता लगाने, लेखांकन रिकॉर्ड की शुद्धता और पूर्णता तथा कंपनी अधिनियम, 2013, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 और रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत अपेक्षित विश्वसनीय वित्तीय सूचना को समय पर तैयार करने सहित अपने कारोबार का सुव्यवस्थित व प्रभावी परिचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से परिचालित थे. बैंक ने मौजूदा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के मूल्यांकन के लिए आईएफसीओ-एफआर ढांचा तैयार किया है और दस्तावेजीकरण, प्रमाणन, सभी कारोबारी वर्टिकलों/ विभागों के नियंत्रण की रिपोर्टिंग प्रक्रिया के अनुपालन के वैधीकरण और सभी महत्वपूर्ण संदर्भों में वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में बैंक में नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता का पता लगाने के लिए एक परामर्शदाता को नियुक्त किया है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक के आईएफसीओ-एफआर ढांचे के अनुसार सभी अंतर्निहित प्रक्रियाओं के परीक्षण और वैधीकरण के पश्चात् परामर्शदाता ने जून 2025, सितंबर 2025, दिसंबर 2025 और मार्च 2026 को समाप्त तिमाहियों का आंतरिक अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया है.

प्रमुख वित्तीय अनुपातों में महत्वपूर्ण परिवर्तनों (अर्थात् विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में 25% या अधिक बदलाव) का विवरण तथा उन पर विस्तृत स्पष्टीकरण

वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में बैंक के प्रमुख वित्तीय अनुपातों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है.

पूंजी पर्याप्तता

बासेल III ढांचे के तहत रिज़र्व बैंक के स्तंभ 1 दिशानिर्देशों के अनुपालन में, आपका बैंक मासिक आधार पर ऋण, बाज़ार और परिचालन जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. भारत में बैंकों को 2.50% का पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) भी बनाए रखना अनिवार्य है. आपका बैंक मासिक आधार पर जोखिम (भारित) आस्तियों की तुलना पूंजी अनुपात (सीआरएआर) में घट-बढ़ पर भी कड़ी नजर रखता है. 31 मार्च 2026 को बैंक का कुल पूंजी + सीसीबी अनुपात 26.65% रहा जो 11.50% की विनियामक न्यूनतम अपेक्षा से काफी अधिक है. आपके बैंक का सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी1) + सीसीबी अनुपात 8.00% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 25.56% रहा. 31 मार्च 2026 को आपके बैंक का टियर

1 + सीसीबी अनुपात 9.50% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 25.56% रहा. 31 मार्च 2026 को आपके बैंक का लीवरेज अनुपात 3.50% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा की तुलना में 10.51% रहा.

कारोबार रणनीति

वर्ष के दौरान आपके बैंक की समग्र कारोबार रणनीति कारोबार विविधीकरण, ग्राहक-केंद्रित पहलों, डिजिटल क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण, मजबूत जोखिम प्रबंधन, परिचालन क्षमता को सुदृढ़ करने, आदि के जरिये सतत विकास हासिल करने पर केंद्रित रही. आपके बैंक ने खुदरा, कृषि, एमएसएमई एवं कॉरपोरेट ग्राहक खंडों में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करते हुए एक संतुलित कारोबार मिश्रण का निर्माण जारी रखा, साथ ही पोर्टफोलियो के सूक्ष्मीकरण तथा आय की स्थिरता में क्रमिक सुधार किया. विभिन्न उभरते बाज़ारों में अपनी पहुंच का विस्तार करने तथा सेवा उपलब्धता बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने बेहतर भौगोलिक कवरेज और उन्नत डिजिटल वितरण माध्यमों के समर्थन से संतुलित नेटवर्क विस्तार को आगे बढ़ाया. परिवर्तित होते कारोबारी परिवेश एवं ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप, बैंक ने उन्नत विशेषताओं तथा संपूर्ण डिजिटल प्रक्रियाओं से युक्त जमा एवं ऋण योजनाओं को पेश करना जारी रखा, ताकि अपने ग्राहक आधार की विभिन्न आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सके. चालू खाता एवं बचत खाता (कासा)जमा सहित अपने सूक्ष्म, कम लागत वाले जमा आधार को सुदृढ़ करते हुए, आपके बैंक ने सकेंद्रण जोखिम को कम करने तथा तुलन-पत्र के सतत विकास को समर्थन प्रदान करने के लिए अपने खुदरा सावधि जमा पोर्टफोलियो का विस्तार जारी रखा.

व्यापक एवं सुव्यवस्थित आस्ति बही के जरिये विकास हासिल करने के अपने उद्देश्य के अनुरूप, आपके बैंक ने खुदरा, कृषि और एमएसएमई खंडों में अपनी उपस्थिति को बढ़ाना जारी रखा. साथ ही, आपके बैंक ने निधि-आधारित एवं गैर निधि-आधारित एक्सपोज़र के विवेकपूर्ण मिश्रण के माध्यम से अपने कॉरपोरेट ऋण पोर्टफोलियो का रणनीतिक रूप से विस्तार किया, जिसमें उच्च-विकास वाले क्षेत्रों में अच्छी रेटिंग वाली कॉरपोरेट संस्थाओं को ऋण देने पर ध्यान केंद्रित किया गया. बैंक ने ग्रीनफील्ड एवं ब्राउनफील्ड कॉरपोरेट परियोजनाओं के मूल्यांकन हेतु अपने समर्पित परियोजना मूल्यांकन प्रकोष्ठ का भी प्रभावी उपयोग किया, जिससे शुल्क-आधारित आय में वृद्धि हुई. ऋण बही के विस्तार के साथ-साथ, आपके बैंक ने अपने आस्ति गुणवत्ता एवं जोखिम प्रबंधन ढांचे को भी सुदृढ़ किया. इसके लिए विश्लेषण-आधारित प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की तैनाती, उन्नत ऋण अभिशासन, बेहतर मूल्यांकन प्रक्रियाएं तथा विधिक, डिजिटल एवं संवाद-आधारित चैनलों के माध्यम से सक्रिय वसूली रणनीतियों को अपनाया गया.

आपके बैंक ने अपने मौजूदा ग्राहकों के साथ संबंधों को और सुदृढ़ करने के साथ-साथ नए ग्राहकों के अधिग्रहण को बढ़ाने हेतु ठोस प्रयास जारी रखा. आपका बैंक अनुकूलित मूल्य प्रस्तावों, व्यक्तिगत सेवाएं तथा डेटा विश्लेषण एवं ग्राहक संबंध प्रबंधन प्रणाली (सीआरएम) से प्राप्त विश्लेषण के आधार पर एकीकृत सहभागिता के माध्यम से अपने संबंध प्रबंधन को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है. डिजिटलाइजेशन पर आपके बैंक के बढ़ते ध्यान ने इन पहलों को और सशक्त बनाया है. इसके अंतर्गत संपूर्ण डिजिटल प्रक्रिया, निर्बाध मोबाइल एवं इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म तथा फिनटेक साझेदारियों के विस्तारित पारिस्थितिकी तंत्र का विकास शामिल है. इन प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्राहक अनुभव में सुधार हुआ तथा शाखा स्तर पर परिचालन बोझ कम हुआ है.

आपका बैंक व्यापक शिक्षण एवं विकास कार्यक्रमों के जरिये भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कार्यबल तैयार करने के प्रति भी प्रतिबद्ध बना रहा, इनका उद्देश्य भूमिका-आधारित कौशल एवं नेतृत्व क्षमताओं को सुदृढ़ करना, संरचित कैरियर उन्नयन व्यवस्था एवं कार्यनिष्पादन-आधारित प्रोत्साहन लागू करना है. वित्तीय सुदृढ़ता, परिचालन अखंडता तथा विनियामकीय अनुरूपता को सशक्त बनाने हेतु सुदृढ़ जोखिम एवं अनुपालन संस्कृति स्थापित करने के लिए बैंक-व्यापी पहलकार्य किये गये ताकि हितधारक का विश्वास बनाये रखने और दीर्घकालिक मूल्य सृजन करने के लिए दैनिक कार्यों में सर्वोत्तम प्रथाओं को निरंतर अपनाना सुनिश्चित किया जा सके.

कॉरपोरेट अभिशासन एवं नैतिक आचरण के मामले में सर्वोच्च मानक बनाए रखने की बैंक की प्रतिबद्धता, इसकी ब्रांड की विरासत को संरक्षित करने तथा दीर्घकालिक हितधारक मूल्य के सृजन हेतु मूल आधार बनी हुई है. अपने परिचालनों के सभी पहलुओं में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को बनाए रखते हुए, बैंक ने हितधारकों का विश्वास सुदृढ़ किया है तथा एक विश्वसनीय एवं पसंदीदा वित्तीय संस्थान के रूप में अपनी ब्रांड पहचान को मजबूत किया है. बैंक की रणनीतिक प्राथमिकताओं में परिलक्षित ये मूल ब्रांड मूल्य, तेजी से परिवर्तित होते वित्तीय परिदृश्य में बैंक को दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ने और इसे एक अधिक प्रतिस्पर्धी, ग्राहक-केंद्रित एवं भविष्य के लिए तैयार बैंक बनने के दीर्घकालिक उद्देश्य की प्राप्ति हेतु सशक्त आधार प्रदान करते हैं.

मुख्य कारोबारी पहल-कार्य

आपके बैंक ने ग्राहक केन्द्रित रणनीति अपनाई है जिसके अंतर्गत उत्पाद पेशकशों, सेवा वितरण, डिजिटल पहलकार्यों तथा जोखिम प्रबंधन ढांचे को संरेखित करके समुचित सुरक्षा उपायों के साथ सुसंगत, विश्वसनीय एवं विशिष्ट ग्राहक अनुभव प्रदान किए जाते हैं. आपके बैंक ने 31 मार्च 2026 को 2,243 से अधिक भौतिक बैंकिंग आउटलेट (जिसमें 2,174 शाखाएं तथा 69 स्थायी कारोबार प्रतिनिधि आउटलेट, जिन्हें '*आईडीबीआई समीप*' के नाम से जाना जाता है) तथा 3,011 एटीएम के नेटवर्क द्वारा समर्थित एक हाइब्रिड डिलीवरी मॉडल के माध्यम से अपने ग्राहकों के साथ जुड़ाव बनाए रखा. आपके बैंक के भौतिक टचपॉइंटों को विस्तार योग्य डिजिटल चैनलों के जरिए सहज रूप से पूरक बनाया गया ताकि ग्राहकों की परिवर्तित होती प्राथमिकताओं के अनुरूप सुलभ, सुविधाजनक, सुसंगत एवं सुरक्षित सेवा वितरण सुनिश्चित किया जा सके. डिजिटल रूपांतरण आपके बैंक की एक प्रमुख प्राथमिकता बना रहा, जिसमें निर्बाध ग्राहक अनुभव द्वारा संचालित बेहतर ग्राहक जुड़ाव पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया. आपके बैंक ने उन्नत उत्पाद क्षमताओं एवं निर्बाध ओम्नी चैनल जुड़ाव के माध्यम से अपने डिजिटल पेशकशों का विस्तार किया, जिससे ग्राहकों की मोबाइल, वेब तथा अन्य डिजिटल टचपॉइंटों के जरिए विभिन्न सेवाओं तक सहजता से पहुंच हो सके.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने खुदरा बैंकिंग पोर्टफोलियो को और सुदृढ़ किया, जिससे अपने विविध ग्राहक आधार की बैंकिंग एवं वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके. बैंक ने विविध

उत्पाद शृंखला के माध्यम से अपने जमा आधार को मजबूत करने, ग्राहक अधिग्रहण तथा जुड़ाव में सुधार करने और डिजिटल एवं विश्लेषणात्मक क्षमताओं का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया. बैंक ने अपने अनिवासी भारतीय ग्राहकों को भी जमा, धन प्रेषण, निवेश तथा ऋण सुविधाओं हेतु एक व्यापक शृंखला के माध्यम से सेवाएं प्रदान कीं, साथ ही प्रक्रियाओं में निरंतर सुधार किया. आपके बैंक ने ग्राहक-केंद्रित खुदरा ऋण पोर्टफोलियो के निर्माण पर विशेष ध्यान बनाए रखा, जिसे ग्राहकों के जीवनचक्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न ऋण उत्पादों के संतुलित मिश्रण का समर्थन प्राप्त हुआ. इसके अतिरिक्त, डिजिटल ऋण प्रसंस्करण के बढ़ते उपयोग, अनुशासित ऋण मूल्यांकन मानकों तथा ऋण पोर्टफोलियो की सक्रिय निगरानी से टर्नअराउंड समय को कम किया गया और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाया गया. इसके साथ ही, आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए सावधानीपूर्वक ऋण मूल्यांकन सुनिश्चित किया गया.

आपके बैंक ने प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण (पीएसएल) तथा वित्तीय समावेशन पोर्टफोलियो को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित रखा, जिससे विनियामक अपेक्षा और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के राष्ट्रीय उद्देश्य के अनुरूप व्यापक आर्थिक विकास में सहयोग प्रदान किया गया. बैंक ने कृषि एवं एमएसएमई वित्तपोषण में अपनी उपस्थिति को विशेषीकृत शाखाओं, आईडीबीआई समीप आउटलेटों तथा विस्तारित कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) नेटवर्क के माध्यम से और सशक्त किया. बैंक ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत अधिकाधिक नामांकन पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय समावेशन के अपने कार्य को और आगे बढ़ाया. अपने कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी) के माध्यम से अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाने की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस प्रयास किए गए तथा साथ ही कारोबार प्रतिनिधियों की क्षमता निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया गया. बैंक ने समाज के वंचित वर्गों के जीवन में वास्तविक वित्तीय समावेशन और समग्र सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय साक्षरता पहलकार्यों एवं आजीविका विकास गतिविधियों पर भी ध्यान केन्द्रित रखा. इन पहलकार्यों के माध्यम से औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच बढ़ी, समावेशी विकास को प्रोत्साहित किया गया, इस प्रकार ग्रामीण तथा उपेक्षित वर्गों के लिए सतत एवं दीर्घकालिक वित्तीय सशक्तिकरण के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया.

कॉरपोरेट बैंकिंग के क्षेत्र में, आपके बैंक ने सुविचारित तथा कम पूंजी वाली विकास रणनीति अपनाई, जिसमें उच्च श्रेणी के ग्राहकों, उच्चतर शुल्क आय, सीमाओं के बेहतर उपयोग तथा व्यापक स्तर पर डिजिटलीकरण पर विशेष बल दिया गया. आपके बैंक ने निधि-आधारित तथा गैर निधि-आधारित योजनाओं की एक व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराई, जिसे विभिन्न कारोबारी एवं सहायक कार्यों के सहयोग से प्रस्तुत किया गया, ताकि कॉरपोरेट ग्राहकों को समग्र एवं अनुकूलित समाधान प्रदान किए जा सकें. अपने विकास एवं पहुंच को और सुदृढ़ करने के लिए आपके बैंक ने नए संबंध बनाने तथा लेन-देन बैंकिंग का विस्तार करने के लिए कॉरपोरेट संबंध एवं नवीन कारोबार अधिग्रहण समूह (सीआरबीएजी) की स्थापना की है. इसके अतिरिक्त, परियोजना वित्तपोषण के लिए ऋण मूल्यांकन प्रक्रिया को सशक्त बनाने हेतु आपके बैंक में एक समर्पित परियोजना मूल्यांकन प्रकोष्ठ (पीएसी) है.

बैंक ने आस्ति गुणवत्ता को उच्च प्राथमिकता देना जारी रखा, जिसे कॉरपोरेट तथा खुदरा पोर्टफोलियो में ऋण निगरानी, संग्रहण एवं वसूली के लिए एकीकृत एवं सक्रिय ढांचे द्वारा सुदृढ़ किया गया. ऋण समीक्षा तंत्र (एलआरएम), प्रारंभिक चेतावनी संकेत (ईडब्ल्युएस) तथा सजग प्रणाली जैसे विभिन्न साधनों के माध्यम से दबाव की शीघ्र पहचान को सक्षम बनाया गया. वहीं ऋण निगरानी समूह, खुदरा संग्रहण एवं खुदरा वसूली जैसे समर्पित विभाग ने चूक को नियंत्रित करने एवं गिरावट को रोकने के लिए समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित किया. आपके बैंक के वसूली प्रयासों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी), नीलामी, एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजनाओं, लोक अदालतों तथा दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के अंतर्गत विधिक प्रक्रियाओं के माध्यम से और मजबूत किया गया है. इन उपायों ने मिलकर नए एनपीए को न्यूनतम रखने, त्वरित उन्नयन एवं वसूली तथा प्रावधान कवरेज में सुधार करने में सहायता की, जिससे बैंक की समग्र आस्ति गुणवत्ता में सतत सुधार सुनिश्चित हुआ.

बैंक के व्यापार वित्त कार्य ने केंद्रीकृत प्रसंस्करण, डिजिटल प्लेटफॉर्म तथा वैश्विक प्रतिनिधि बैंकिंग नेटवर्क के माध्यम से घरेलू एवं सीमा पार संपूर्ण समाधान प्रदान किए, जो सुदृढ़ अभिशासन तथा धन शोधन निवारण (एएमएल)/अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)/ आतंकवाद के वित्तपोषण की रोकथाम (सीएफ़टी) संबंधी नियंत्रणों द्वारा समर्थित थे.

एक मान्यता प्राप्त एजेंसी बैंक के रूप में, आपके बैंक द्वारा शाखा नेटवर्क एवं डिजिटल चैनलों के माध्यम से निर्बाध प्राप्ति, भुगतान एवं पेंशन लेनदेनों की सुविधा प्रदान करके सरकारी एवं संस्थागत बैंकिंग गतिविधियों की विस्तृत शृंखला का संचालन करता है जिसे बेहतर सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम प्लेटफॉर्म एवं प्रक्रिया एकीकरण के द्वारा और सुदृढ़ किया गया.

इसके अतिरिक्त, बैंक ने कार्यक्षमता, अनुपालन एवं ग्राहक सुविधा में सुधार के लिए चल रहे प्लेटफॉर्म अपग्रेड और उत्पाद संवर्धन द्वारा समर्थित सुरक्षित, विस्तार योग्य एवं डिजिटल रूप से संचालित संग्रहण, भुगतान, एस्क्रो तथा चलनिधि समाधान प्रदान करके अपनी नकदी प्रबंधन सेवाओं को और मजबूत करना जारी रखा.

बैंक की ट्रेजरी विभिन्न पूंजी बाज़ारों में एकीकृत कार्य के रूप में कार्य करती है जो विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन में प्रभावी तुलनपत्र एवं चलनिधि प्रबंधन का समर्थन करती है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने प्राथमिक एवं द्वितीयक बाज़ारों में सक्रिय रूप से भागीदारी की, जिसमें सरकारी प्रतिभूतियों में प्राइमरी डीलर के रूप में सहभागिता शामिल रही तथा चलनिधि के कुशल प्रबंधन के लिए रिजर्व बैंक द्वारा तैनात मौद्रिक साधनों एवं बाज़ार लिखतों का उपयोग किया गया. ट्रेजरी ने संघटक सहायक सामान्य खाताबही (सीएसजीएल) तथा खुदरा सरकारी प्रतिभूति (जीसेक) सेवाएं भी प्रदान कीं. साथ ही, इसके विदेशी मुद्रा एवं डेरिवेटिव्स डेस्कों ने मूल्य निर्धारण, बाज़ार निर्माण तथा हेजिंग समाधान ऑफर किये, जिससे कार्यक्षमता, बाज़ार उपस्थिति तथा लाभप्रदता में वृद्धि हुई.

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ एवं एकीकृत जोखिम प्रबंधन ढांचा है जो सभी कार्यकलापों में जोखिमों की सक्रियता से पहचान, माप एवं निगरानी करता है. 31 मार्च 2026 को आपका बैंक मजबूत पूंजी एवं चलनिधि बफर, नियमित दबाव परीक्षण तथा पारदर्शी प्रकटीकरण के समर्थन से विनियामक एवं बासेल III अपेक्षाओं का पूर्णतः अनुपालक बना रहा. प्रौद्योगिकी, कारोबार निरंतरता, साइबर सुरक्षा एवं डेटा संरक्षण में निरंतर सुधार, साथ ही कारोबारी उद्देश्यों के साथ पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) तथा जलवायु जोखिम से संबंधित पहलुओं के बढ़ते एकत्रीकरण ने सामूहिक रूप से बैंक के लचीलेपन, अभिशासन मानकों तथा दीर्घकालिक स्थिरता को और सुदृढ़ किया.

विभिन्न कारोबारी खंडों में की गई पहलों को जारी प्रौद्योगिकी उन्नयन एवं डिजिटल आधुनिकीकरण का समर्थन प्राप्त हुआ, जिसके परिणामस्वरूप परिचालन दक्षता में सुधार, लचीलेपन में वृद्धि, विस्तार योग्य परिचालन तथा उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव मिला. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने बदलते विनियमनों के अनुरूप अपने डेटा गोपनीयता तथा अभिशासन ढांचे को और सुदृढ़ किया, जिससे डिजिटल परिपक्वता तथा भावी विकास के लिए तैयारी को बल मिला. कारोबार रणनीति एवं प्रौद्योगिकी रूपान्तरण के सुदृढ़ समन्वय ने ग्राहक अनुभव तथा परिचालनगत लचीलेपन को बेहतर बनाया, साथ ही बैंक को सतत रूप से विस्तार करने, उभरते जोखिमों से निपटने तथा भविष्य के लिए तैयार बैंकिंग तंत्र का निर्माण करने में सक्षम बनाया.

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा किए गए पहलकार्यों का विस्तृत ब्योरा वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

बैंक के कारोबार पर कोविड-19 महामारी का प्रभाव

वैश्विक महामारी कोविड-19 वाइरस ने गत कुछ वर्षों में विश्वभर की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है. कोविड-19 महामारी बैंक के परिचालनों को और कितना प्रभावित करेगी, यह वर्तमान और भावी घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा. बैंक का प्रबंधन इस संबंध में घटनाक्रमों पर गहनता से निगरानी रख रहा है.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल का आधार व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) के दिशानिर्देशों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 [सेबी (एलओडीआर) विनियम] और बैंक के संस्था अंतर्नियम के प्रावधानों द्वारा अभिशासित है. बोर्ड प्रत्यक्ष रूप से और साथ ही विभिन्न बोर्ड-स्तरीय समितियों के माध्यम से कार्य करता है, जिनका गठन बैंक के महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में संकेंद्रित अभिशासन प्रदान करने के लिए किया गया है. बैंक के संस्था अंतर्नियमों के अनुसार निदेशक मंडल में तीन से कम और पंद्रह से अधिक सदस्य नहीं होने चाहिए.

31 मार्च 2026 को बोर्ड में 11 निदेशक यथा श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ), श्री जयकुमार एस. पिल्लै, उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी) और श्री सुमित फक्का, उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी), पूर्ण कालिक निदेशकों के रूप में; गैर-कार्यपालक निदेशकों के रूप में श्री मनोज सहाय, सरकार के नामिती निदेशक और श्री सत पाल भानू, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के नामिती निदेशक; स्वतंत्र निदेशकों के रूप में श्री समरेश परिदा, श्री एन. जम्बुनाथन, श्री दीपक सिंघल, श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर, श्रीमती पी.वी. भारती और श्री अजय प्रकाश साहनी शामिल थे. 31 मार्च 2026 को बैंक के बोर्ड में 11 (ग्यारह) निदेशकों की संख्या बैंक के संस्था अंतर्नियमों के अनुच्छेद 114 (ए) के अंतर्गत निर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करती है.

शीर्ष समितियां

31 मार्च 2026 को आपके बैंक के कारोबार और परिचालनों के विभिन्न कार्य क्षेत्रों की देख-रेख करने के लिए बोर्ड की कुल तेरह समितियां गठित की गई हैं. बोर्ड की समितियों में बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, कार्यपालक समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति, मानव संसाधन संचालन समिति, धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी तथा अनुवर्तन करने के लिए बोर्ड की विशेष समिति, वसूली समीक्षा समिति, जोखिम प्रबंध समिति, सीएसआर एवं ईएसजी समिति, ग्राहक सेवा समिति, इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति-I, सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति और अभिशासन के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की समिति, शामिल हैं.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन की सर्वोत्तम पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक की प्रतिबद्धता इस विश्वास को दर्शाती है कि प्रभावी कॉरपोरेट अभिशासन, सांविधिक एवं विनियामकीय अनुपालन की अपेक्षा के होने के साथ-साथ, पारदर्शी एवं नैतिक आचरण में उत्कृष्टता को भी प्रोत्साहित करता है, जिससे सभी हितधारकों के लिए मूल्य में वृद्धि होती है. बैंक की कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में एक अलग खंड अर्थात् कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के अंतर्गत दिया गया है.

कारोबारी उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता रिपोर्ट

बैंक सेबी मानदंडों के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2022-23 से अपनी कारोबारी उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर) प्रकाशित कर रहा है. बैंक ने पर्यावरणीय प्रकटीकरण के अंतर्गत रिपोर्टिंग सीमाओं का विस्तार करते हुए तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 से बीआरएसआर कोर के लिए उचित आश्वासन लेकर अपने प्रकटीकरण को क्रमिक रूप से बढ़ाया है. बीआरएसआर प्रकटनों में पर्यावरणीय, सामाजिक तथा अभिशासन (ईएसजी) आयामों में बैंक के कार्यनिष्पादन को दर्शाया जाता है. बैंक अपने परिचालनों पर पर्यावरणीय प्रभाव का प्रलेखन ऊर्जा खपत, जल उपभोग, अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन आदि के संदर्भ में करता है, साथ ही इनके प्रतिकूल प्रभाव, यदि कोई हो, को न्यूनतम करने हेतु अपनाए गए उपायों का भी विवरण प्रस्तुत करता है. सामाजिक मापदंडों के संबंध में बैंक के प्रकटीकरण में, *अन्य बातों के साथ-साथ,* कार्यबल में लैंगिक विविधता तथा दिव्यांग कर्मचारी, कर्मचारी टर्नओवर दर, पद, लिंग एवं क्षेत्र के आधार पर पारिश्रमिक का विस्तृत विवरण, व्यावसायिक स्थिति एवं सुरक्षा मानक, प्रदान किया गया प्रशिक्षण आदि शामिल हैं. अभिशासन से संबंधित पहलुओं के संदर्भ में बैंक के प्रकटीकरण में, अन्य प्रकटनों के साथ-साथ, निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबंधन की

संरचना में विविधता, सांविधिक/विनियामकीय दंड/कार्रवाई, भ्रष्टाचार-रोधी एवं रिश्वत-रोधी तंत्र, व्हिसलब्लोअर तंत्र, हितों के टकराव की रोकथाम हेतु व्यवस्था, डाटा गोपनीयता एवं साइबर सुरक्षा आदि को शामिल किया गया है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक की बीआरएसआर को इसकी वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/business-responsibility-report.aspx) पर रखा गया है.

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अंतर्गत विवरण

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के अंतर्गत अपेक्षित कर्मचारियों के ब्यौरे का विवरण इस रिपोर्ट के अनुलग्नक के रूप में दिया गया है. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 136(1) के अनुसार, वार्षिक रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरण, उक्त अनुलग्नक को छोड़कर, सदस्यों को प्रेषित किए जा रहे हैं. उक्त अनुलग्नक निरीक्षण हेतु उपलब्ध है तथा कोई भी सदस्य या शेयरधारक, जो अनुलग्नक की प्रति प्राप्त करने का इच्छुक है, वह बैंक के कंपनी सचिव को idbiequity@idbi.co.in पर लिख सकता है.

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा का अर्जन तथा व्यय

(क) ऊर्जा संरक्षण

ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरणीय संधारणीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, आपके बैंक ने अपने विभिन्न परिचालनों में ऊर्जा खपत को कम करने के लिए विभिन्न पहलकार्य किये हैं. मुंबई में बैंक के प्रधान कार्यालय में इन ऊर्जा बचत उपायों में नया ट्रांसफॉर्मर लगाना, चुनिंदा मंजिलों पर एयर हैंडलिंग यूनिट (एएचयू) का प्रतिस्थापन तथा प्रकाश व्यवस्था को ऊर्जा-कुशल एलईडी फिक्चर में परिवर्तित करना शामिल है. इसके अतिरिक्त, बैंक ने पिछले पाँच वर्षों से 4.5 मेगा वोल्ट-एम्पियर (एमवीए)विद्युत स्थापना के उच्च-दाब (एचटी) उपभोक्ता के रूप में पावर फैक्टर को यूनिटी के नजदीक बनाए रखा है. इन पहलों के साथ-साथ, हरित भवन मापदंडों के अंतर्गत महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रदान की गई रियायती विद्युत दरों के लाभ के परिणामस्वरूप, बैंक की औसत मासिक विद्युत लागत में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कमी आई है. इसके अतिरिक्त, मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय में 40 किलोवाट पीक (केडब्ल्युपी) क्षमता के रूफटॉप सौर संयंत्र की स्थापना होने पर अतिरिक्त बचत होने की उम्मीद है. साथ ही, दक्षता में और सुधार की संभावनाओं की पहचान हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में देशभर में बैंक की शाखाओं एवं कार्यालयों में विद्युत लेखा परीक्षा भी की गई.

बैंक ने अपने विभिन्न स्थानों पर नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग का विस्तार करते हुए भोपाल के इदगाह हिल्स तथा अरेरा कॉलोनी स्थित आवासीय फ्लैटों में 10 केडब्ल्युपी के सौर संयंत्र तथा कोल्हापुर क्षेत्रीय कार्यालय भवन में 20 केडब्ल्युपी क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित किए हैं. अहमदाबाद (40 केडब्ल्युपी), हैदराबाद (65 केडब्ल्युपी) एवं चंडीगढ़ (60 केडब्ल्युपी) स्थित चयनित कार्यालयों में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रगति पर था. बैंक व्यवहार्यता मूल्यांकन के आधार पर अन्य स्थानों पर भी सौर संयंत्रों की स्थापना की संभावनाओं की निरंतर तलाश कर रहा है.

ऊर्जा दक्षता से संबंधित उपायों को विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों में क्रमिक रूप से समाहित किया गया है. इसके अंतर्गत ऊर्जा-बचत वाले प्रकाश उपकरणों की स्थापना तथा केबिनों में प्रकाश नियंत्रण हेतु सेंसर लगाए गए हैं, जिससे कैबिन में व्यक्ति के न रहने की स्थिति में लाइट स्वतः बंद हो सके. जहाँ भी संभव हो, शाखाओं एवं कार्यालयों की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की जाती है कि प्राकृतिक प्रकाश का अधिकतम उपयोग किया जा सके. कर्मचारियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है कि वे उपयोग न होने की स्थिति में फोटो कॉपियर, टेलीविजन, प्रिंटर, श्रेडिंग मशीन आदि विद्युत उपकरणों को बंद रखें.

इसके अतिरिक्त, शाखाओं एवं कार्यालयों को यह सलाह दी गई है कि वे वातानुकूलन यंत्रों का परिचालन 25°C - 26°C के इष्टतम तापमान पर करें. जहाँ संभव हो, चयनित नई शाखाओं तथा अंचल कार्यालयों में ऊर्जा-दक्ष इन्वर्टर प्रकार एवं परिवर्तनीय रेफ्रिजरेंट फ्लो (वीआरएफ) आधारित वातानुकूलन प्रणालियाँ अपनाई जा रही हैं. साथ ही, बड़ी शाखाओं एवं अंचल कार्यालयों में पावर फैक्टर को यूनिटी के निकट बनाए रखने हेतु स्वचालित पावर फैक्टर सुधार (एपीएफसी) पैनलों की स्थापना की गई है. मुंबई में बैंक के प्रधान कार्यालय में, पारंपरिक पैकेज वातानुकूलन इकाइयों को ऊर्जा-कुशल वैकल्पिक प्रणालियों के साथ प्रतिस्थापित किया गया है.

विद्युत संबंधी मरम्मत कार्य समय पर किए जाते हैं तथा वातानुकूलन प्रणालियों का निर्धारित निवारक अनुरक्षण नियमित रूप से सम्पन्न किया जाता है, जिससे ऊर्जा की हानि को न्यूनतम किया जा सके तथा उनकी कार्यक्षमता को इष्टतम स्तर पर बनाए रखा जा सके.

जहाँ संभव हो, आपके बैंक द्वारा फर्नीचर के नवीनीकरण एवं पुनः उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जाता है जिससे निस्तारण एवं प्रतिस्थापन से संबंधित कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सके. जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से प्राप्त उपचारित जल का उपयोग बागवानी तथा वातानुकूलन कंडेंसर अनुप्रयोगों में किया जाता है.

ये पहलकार्य ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरणीय संधारणीयता तथा जिम्मेदार संसाधन प्रबंधन के प्रति बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं.

ख) प्रौद्योगिकी समावेशन

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने डिजिटल सक्षमता, बेहतर ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता तथा नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए अपने प्रौद्योगिकी रूपांतरण रोडमैप को आगे बढ़ाया. वर्ष के दौरान अनेक प्रौद्योगिकीय पहलकार्य किये गये, जिनमें विभिन्न डिजिटल चैनलों तथा उद्यम-व्यापी प्लेटफॉर्मों पर नए अनुप्रयोगों के कार्यान्वयन के साथ-साथ मौजूदा प्रणालियों के उन्नयन भी शामिल थे. मुख्य उपलब्धियों में से कुछ में ओम्नीचैनल डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत, गो मोबाइल+ एप्लिकेशन में कार्यात्मक उन्नयन, सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन - ग्लोबल पेमेंट्स इनोवेशन (स्विफ्ट जीपीआई) आधारित विदेशी मुद्रा (एफएक्स) प्रेषण ट्रैकिंग की शुरुआत तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के लिए व्हाट्सएप आधारित नामांकन सुविधा का विस्तार शामिल है. वित्तीय समावेशन के प्रयासों को और सुदृढ़ किया गया, जिसके अंतर्गत कारोबार प्रतिनिधियों के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक अपने ग्राहक को जानें (ई केवाईसी) आधारित बचत खाता खोलने की सुविधा प्रदान की गई. साथ ही, फील्ड परिचालनों को एंड्रॉयड आधारित कियोस्क बैंकिंग प्रणाली (केबीएस) अनुप्रयोगों के माध्यम से डिजिटाइज किया गया, जो लीड प्रबंधन, पासबुक प्रिंटिंग तथा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के उन्नत नियंत्रणों का समर्थन करते हैं. बैंक ने केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) प्लेटफॉर्म को भी मूल्य आधारित टोकन में उन्नत करते हुए उसमें प्रोग्रामेबल सीबीडीसी (पी-सीबीडीसी) क्षमताओं को शामिल किया. साथ ही, नए कार्ड उत्पादों का शुभारंभ किया गया, जिनमें वीज़ा इनफिनाइट, मास्टरकार्ड प्लेटिनम तथा ब्रेल डेबिट कार्ड शामिल हैं. कुल मिलाकर, इन पहलकार्यों से डिजिटल सेवाओं के उपयोग में वृद्धि हुई, जो वर्ष के दौरान समग्र डिजिटल तथा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेनों में हुई वृद्धि के रूप में परिलक्षित होती है.

इन पहलकार्यों के साथ-साथ, बैंक ने लक्षित स्वचालन, बुनियादी संरचना के आधुनिकीकरण तथा साइबर सुरक्षा में सुधार के जरिये अपने उद्यम की प्रणालियों एवं प्रौद्योगिकी आधार को भी सुदृढ़ किया. मुख्य पहलकार्यों में पहचान एवं अभिगम प्रबंधन (आईडीएएम) का कार्यान्वयन, एकीकृत ऑडिट प्रबंधन प्रणाली (एएमएस) एवं एकीकृत खरीद प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) की तैनाती तथा सतत चेक समाशोधन को सक्षम बनाने हेतु कोर बैंकिंग प्रणाली (सीबीएस) के साथ एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) आधारित चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सीटीएस) का एकीकरण शामिल है. धोखाधड़ी निगरानी एवं विनियामकीय अनुपालन को भी सुदृढ़ किया गया, जिसके अंतर्गत सेंट्रलाइज्ड पेमेंट फ्रॉड इन्फॉर्मेशन रजिस्ट्री (सीपीएफआईआर) का एकीकरण, रिज़र्व बैंक के '*प्रोजेक्ट फाइनेंस डायरेक्शंस, 2025*, के अनुरूप समाधान, ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज एनालिटिकल एप्लीकेशंस (ओएफएसएए) प्लेटफॉर्म में उन्नयन तथा क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी-कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (सीआईसी-सीआरएम) का एकीकरण शामिल हैं. बैंक ने सीबीएस हार्डवेयर का उन्नयन किया, 98% से अधिक शाखाओं में डुअल कनेक्टिविटी के माध्यम से नेटवर्क क्षमता का विस्तार किया गया तथा सार्वजनिक क्लाउड के लिए लैंडिंग ज़ोन स्थापित किए गए, अंतिम उपयोगकर्ता कंप्यूटिंग बुनियादी संरचना को अद्यतन किया गया तथा उद्यमव्यापी विस्तारित खोज एवं प्रत्युत्तर - एंडपॉइंट खोज एवं प्रत्युत्तर (एक्सडीआर-ईडीआर) प्लेटफॉर्म के क्रियान्वयन के माध्यम से साइबर सुरक्षा को सशक्त किया गया. डेटा आधारित निर्णयन प्रक्रिया को सक्षम करने हेतु टेबलो आधारित डैशबोर्डों की शुरुआत की गई. समग्र रूप से, यह वर्ष बैंक की डिजिटल क्षमताओं, सुदृढ़ता एवं विस्तारनीयता को सशक्त करने में मापनीय प्रगति को दर्शाता है, जो एक सुरक्षित, समावेशी एवं भविष्य उन्मुख प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति इसकी रणनीतिक प्रतिबद्धता के अनुरूप है.

ग) विदेशी मुद्रा विनिमय अर्जन एवं व्यय

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा अर्जित कुल विदेशी मुद्रा ₹ 947 करोड़ (डेरिवेटिव और विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेनों में विदेशी मुद्रा नकदी प्रवाह को छोड़कर) और परिचालन व्यय आवश्यकताओं के लिए कुल विदेशी मुद्रा व्यय ₹ 701 करोड़ रहा.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतद्द्वारा घोषणा और पुष्टि करता है कि:

क. वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है, साथ ही अनुसरण न किये गये महत्वपूर्ण मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उनका निरंतर प्रयोग किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं एवं अनुमान लगाए हैं जो वित्तीय वर्ष के अंत में बैंक की स्थिति और इसी अवधि में बैंक के लाभ एवं हानि की सही एवं उचित तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए यथोचित तथा विवेकपूर्ण हैं;

ग. निदेशकों ने बैंक की आस्तियों की सुरक्षा के लिए तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है;

घ. निदेशकों ने कार्यशील संस्था आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए हैं.

ङ. निदेशकों ने बैंक द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं तथा ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं; और

च. निदेशकों ने लागू सभी कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की हैं तथा ये प्रणालियाँ पर्याप्त थीं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं.

बोर्ड के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन

बैंक यह मानता है कि बोर्ड का सुदृढ़ एवं संरचित वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन, अभिशासन मानकों को सुदृढ़ करने तथा बोर्ड की समग्र प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए आवश्यक है. इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप और कंपनी अधिनियम, 2013 एवं सेबी (एलओडीआर) विनियमों के अनुपालन में, बोर्ड ने एक औपचारिक वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन ढांचा स्थापित किया है. इस प्रक्रिया के लिए नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) नोडल प्राधिकरण के रूप में कार्य करती है तथा मूल्यांकन मानदंड, ढांचे और कार्यप्रणाली की समीक्षा एवं अनुमोदन के लिए उत्तरदायी है. समीक्षाधीन वर्ष के लिए, एनआरसी ने बोर्ड, बोर्ड की समितियों और एमडी एवं सीईओ तथा डीएमडी सहित व्यक्तिगत निदेशकों का व्यापक वार्षिक मूल्यांकन करने हेतु एक स्वतंत्र बाह्य भागीदार को नियुक्त किया. इस दृष्टिकोण ने मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता को और अधिक सुदृढ़ किया.

कार्यनिष्पादन मूल्यांकन संबंधी बैंक की नीति बैंक की वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/pdf/Directors-Appointment-and-Evaluation-Policy.pdf) पर उपलब्ध है. इसके अतिरिक्त, वर्ष के लिए बोर्ड की मूल्यांकन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत प्रकटन, जिसमें अपनाई गई कार्यप्रणाली, मूल्यांकन मानदंड तथा इस प्रक्रिया के व्यापक परिणाम शामिल हैं, कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट में किए गए हैं, जो इस वार्षिक रिपोर्ट का एक हिस्सा है.

आभार

बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), अन्य सभी सांविधिक/विनियामक प्राधिकरणों तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभारी है. बोर्ड विभिन्न राज्य सरकारों, अन्य बैंकों/वित्तीय संस्थाओं, बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय बैंकों/ संस्थाओं का भी उनके द्वारा की गई सहायता और सहयोग के लिए आभार मानता है. बोर्ड बैंक के प्रति अटूट समर्थन और निरंतर विश्वास के लिए अपने शेयरधारकों, ग्राहकों, व्यावसायिक भागीदारों तथा अन्य सभी हितधारकों के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता है. बोर्ड अपने कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना करता है तथा बैंक के विकास और सफलता में उनके योगदान का अत्यधिक सम्मान करता है. बोर्ड बैंक के वेंडरों एवं सेवा प्रदाताओं सहित आपूर्ति शृंखला के भागीदारों द्वारा प्रदान की गई सतत सहायता और सहयोग की भी सराहना करता है, जिन्होंने बैंक के परिचालनों का कुशल संचालन सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

[सुमित फक्का]
उप प्रबंध निदेशक

[जयकुमार एस. पिल्लै]
उप प्रबंध निदेशक

[राकेश शर्मा]
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई
दिनांक: 16 मई 2026

Directors' Report

Your Bank's Board of Directors are pleased to present the Report on the Bank's business and operations for the financial year ended March 31, 2026.

Global economic activity remained resilient during FY 2025-26 despite persistent geopolitical tensions and intermittent financial market volatility. After the phase of synchronised monetary tightening witnessed in 2022-23, central banks across economies continued gradual policy normalisation, though the pace of easing remained uneven, reflecting country-specific growth and inflation dynamics.

Against this backdrop, India remained the fastest-growing major economy, registering an annualised growth of 7.7% in FY 2025-26 as per the Provisional Estimates (PE) released in June 2026. India's overall economic performance was underpinned by strong macroeconomic fundamentals and resilient domestic demand. Notwithstanding elevated geopolitical uncertainties, domestic growth remained broad-based, supported by sustained public infrastructure spending, a revival in the investment climate, steady consumption demand and robust expansion of the services sector. Domestic economic activity benefited from sustained bank credit growth, higher capacity utilisation, healthy balance sheets of banks and corporates and continued thrust on capital expenditure by the Government. Together, these factors strengthened the investment cycle, reinforced growth momentum and reaffirmed India's position as a key driver of global growth.

The domestic financial system remained stable and resilient as compared with many global peers, supported by strong macroeconomic fundamentals and a sound financial system. The banking sector exhibited improved profitability, enhanced asset quality and adequate capital and liquidity buffers, enabling it to effectively meet the growing credit requirements of the economy, thereby supporting overall economic expansion.

On the monetary policy front, the Reserve Bank of India (RBI) adopted a calibrated and growth-supportive approach during FY 2025-26. Following a prolonged period of pause, the RBI initiated policy easing beginning in early 2025 as inflation moderated decisively and the outlook turned benign. Over the course of calendar year 2025, the RBI cumulatively reduced the policy repo rate by 125 basis points, bringing it down to 5.25% by December 2025. Further, during FY 2025-26, the RBI maintained an accommodative policy stance while ensuring financial stability, supported by open market operations and liquidity-enhancing measures. The easing of policy rates contributed to improved monetary transmission, helping lower borrowing costs across sectors.

Going forward, factors such as relatively lower interest rates scenario, combined with sustained public capital expenditure, strengthening private investment sentiment and stable financial conditions, are expected to provide a conducive environment for credit growth and investment activity. While global uncertainties and geopolitical risks continue to pose challenges, India's strong domestic demand, policy credibility and structural reforms position the economy well to sustain healthy growth momentum.

FINANCIAL HIGHLIGHTS

During FY 2025-26, your Bank recorded a strong financial performance, marked by sustained balance sheet growth and improved scale, achieving a significant milestone with total business surpassing ₹ 6 lakh crore. This growth was driven by steady expansion in both deposits and advances. Total deposits increased by 12% year-on-year to ₹ 3,47,163 crore as on March 31, 2026, while CASA deposits grew by 7% to ₹ 1,54,816 crore. The CASA ratio remained healthy at 44.59%, reflecting a stable and cost-effective funding profile. On the lending side, net advances grew by a robust 16% to ₹ 2,53,626 crore, supported by balanced credit growth. The Bank continued to maintain a prudent portfolio mix, with retail advances accounting for 70% and corporate advances accounted for 30% of its advances, thereby reinforcing portfolio granularity and risk diversification.

Key Financials

(₹ in crore)

	As on March 31, 2025	As on March 31, 2026
Capital	10,752	10,752
Reserves & Surplus	49,499	56,885
Deposits	3,10,212	3,47,163
Borrowings	19,882	28,055
Other Liabilities & Provisions	21,362	23,705
Total Liabilities	**4,11,707**	**4,66,560**
Cash & Balances with RBI	21,294	33,230
Balances with Banks & Money at Call & Short Notice	23,122	23,607
Investments	1,17,468	1,28,011
Advances	2,18,399	2,53,626
Fixed & Other Assets	31,424	28,084
Total Assets	**4,11,707**	**4,66,560**
For the period	**2024-25**	**2025-26**
Total Income	33,826	35,744
Total Expenses (other than provisions)	22,747	24,906
Provisions (other than tax)	510	(1,088)
Profit/ (Loss) Before Tax	10,568	11,926
Provision for Tax	3,053	2,413
Profit/ (Loss) After Tax	7,515	9,513

During the year under review, the Bank's Total Income amounted to ₹ 35,744 crore, comprising Interest Income of ₹ 28,997 crore and Other Income of ₹ 6,746 crore. Interest Expenses stood at ₹ 15,486 crore, while Operating Expenses were ₹ 9,420 crore, resulting in Total Expenditure (excluding provisions and contingencies) of ₹ 24,906 crore.

The Bank's Net Profit increased to ₹ 9,513 crore for FY 2025-26, registering a robust growth of 27% over FY 2024-25.

The Earnings per Share (EPS) for the year stood at ₹ 8.85. The Book Value per Share (excluding Revaluation Reserve, Foreign Currency Translation Reserve, intangible assets and Deferred Tax Asset) was ₹ 51.85 as on March 31, 2026.

REPORT ON THE PERFORMANCE AND FINANCIAL POSITION OF SUBSIDIARIES, ASSOCIATES AND JOINT VENTURES INCLUDED IN THE CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENT AS ON MARCH 31, 2026

Name of the Entity	Net Assets i.e. total assets minus total liabilities		Share on profit or loss	
	As % of consolidated net assets	Amount (₹ in crore)	As % of consolidated profit or loss	Amount (₹ in crore)
Parent : IDBI Bank Ltd.	98.39%	67,638	103.29%	9,513
Subsidiaries				
आपका बैंक विभिन्न नेटवर्क योजनाओं के अंतर्गत अपने विविध ग्राहक वर्गों की अलग-अलग आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए क्रेडिट कार्ड के अनेक विकल्प जैसे रुपे - विनिंग्स सेलेक्ट, वीज़ा - रॉयल सिग्नेचर, एस्पायर प्लेटिनम, इम्पीरियम प्लेटिनम और मास्टरकार्ड - यूफोरिया वर्ल्ड प्रदान करता है. अपने क्रेडिट कार्ड प्रस्तावों को सुदृढ़ करने के प्रयासों के हिस्से के रूप में, बैंक ने एलआईसी कार्ड्स सर्विसेज लिमिटेड (एलआईसीसीएसएल) के साथ साझेदारी कर सेे योजना में सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अर्थात एक्लैट और ल्यूमिने ऑफर करता है. बेहतर ग्राहक सेवा और उपयोग में सुगमता के लिए, प्रमुख क्रेडिट कार्ड सुविधाओं को क्रेडिट कार्ड इंटरनेट बैंकिंग और गो मोबाइल+ ऐप में सहजता से एकीकृत किया गया है जिससे ग्राहक तत्काल बिल भुगतान, कार्ड प्रतिस्थापन अनुरोध, भुगतान इतिहास देखना और अन्य आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं. इसके अतिरिक्त, क्रेडिट कार्ड बिल भुगतानों के प्रबंधन में ग्राहकों को लचीलापन प्रदान करने के लिए भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस)का एकीकरण सभी अन्य मोबाइल-आधारित प्लेटफॉर्म के साथ किया गया है. इसके अतिरिक्त, बैंक क्रेडिट कार्ड धारकों को कई ऑफर और छूटों की एक श्रृंखला पेश करता है, ताकि अधिक व्यय को प्रोत्साहित किया जा सके और लाभप्रदता में सुधार किया जा सके.

प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र बैंकिंग

बैंक ने रिज़र्व बैंक के अधिदेश के अनुरूप प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) उधार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखा. वर्ष के दौरान विनियामक अपेक्षाओं के अनुसार आपके बैंक के ऋण प्रयास मुख्य रूप से कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) खंडों की ओर निर्देशित थे. वित्तीय समावेशन को बढ़वा देने और कम सेवा प्राप्त क्षेत्रों में ऋण पहुंच बढ़ाने के लिए, बैंक ने कॉरपोरेट कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) नेटवर्क के माध्यम से अब तक असेवित और कम सेवित वर्गों को सेवाएँ प्रदान करना जारी रखा. इस संबंध में, बैंक ने आईडीबीआई समीप के रूप में ब्रांडेड समर्पित बीसी आउटलेट के माध्यम से अपनी पहुँच को और सुदृढ़ किया, जो बैंक द्वारा चिन्हित स्थानों पर रिज़र्व द्वारा अनुमत निर्दिष्ट बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं. 31 मार्च 2026 को बैंक ने पीएसएल के सभी निर्धारित लक्ष्यों, उप-लक्ष्य सहित, को औसत आधार पर प्राप्त कर लिया है.

भारत सरकार की पहलों के अनुरूप, बैंक केंद्र सरकार / राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम एसवीए निधि), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), कृषि बुनियादी संरचना निधि (एआईएफ), पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विश्वकर्मा), आदि के अंतर्गत ऋण प्रदान करता है. बैंक अनुसूचित जाति (अजा) अनुसूचित जनजाति (अजजा) सहित अल्पसंख्यक समुदायों एवं कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध रहा है.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने पीएसएल पोर्टफोलियो को और बढ़ाने के लिए, बैंक ने कई रणनीतिक पहलें कीं. एमएसएमई क्षेत्र से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, बैंक ने एमएसएमई व्यवसाय की उच्च संभावनाओं वाली 100 और शाखाओं की पहचान की, जिससे विशेषीकृत एमएसएमई शाखाओं की कुल संख्या 200 हो गई. कृषि-केंद्रित शाखाओं के नेटवर्क का भी उल्लेखनीय विस्तार किया गया, जिससे इनकी संख्या 80 से बढ़कर 243 हो गई, ताकि कृषि व्यवसाय के अवसर उत्पन्न हों और इनका समर्थन किया जा सके. एमएसएमई वित्तपोषण को सुदृढ़ करने की सरकार की पहलों के अनुरूप, बैंक ने वित्त मंत्रालय के वित्त विभाग के अनुरूप एमएसएमई हेतु म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी स्कीम (एमसीजीएस - एमएसएमई) शुरू की, जिसके अंतर्गत

उपकरण एवं मशीनरी की खरीद से संबंधित परियोजनाओं के लिए ₹ 100 करोड़ तक के पात्र सावधि ऋण के लिए गारंटी कवरेज प्रदान किया जाता है. शाखाओं को अतिरिक्त कारोबार आकर्षित करने तथा खाद्य एवं एग्रो-प्रोसेसिंग पारितंत्र का समर्थन करने में सक्षम बनाने के लिए, बैंक ने खाद्य एवं एग्रो-प्रोसेसिंग इकाइयों को प्रदान किए गये ऋणों पर विशेष मूल्य छूट शुरू की है. बैंक ने वेब-आधारित इंटरफेस के माध्यम से मौजूदा '*प्रॉपर्टी पावर*' ऋणों के प्रसंस्करण हेतु '*प्रॉपर्टी पावर एक्सप्रेस*' नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया. यह प्लेटफॉर्म जीएसटी पंजीकरण और लेन-देन डेटा का उपयोग करते हुए एमएसएमई को ऋण तक तीव्र और अधिक सुविधाजनक पहुँच प्रदान करता है, साथ ही ऋण प्रसंस्करण में मैनुअल हस्तक्षेप को उल्लेखनीय रूप से कम करता है.

बैंक ने अपने सप्लाई चेन फाइनेंस योजना का एंड-टू-एंड डिजिटलीकरण करते हुए कॉरपोरेट के डीलरों हेतु चैनल फाइनेंस तथा स्टैंडअलोन डीलर फाइनेंस को इलेक्ट्रॉनिक सप्लाई चेन फाइनेंस (ईएससीएफ) प्लेटफॉर्म में परिवर्तित किया है. इस उत्पाद के तहत लक्षित वृद्धि को बढ़ावा देने तथा क्रियान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए, कारोबार के प्रवाह को सुगम बनाने और परिचालन समन्वय की निगरानी हेतु एक समर्पित ईएससीएफ सेल स्थापित किया गया है.

बैंक का ईएससीएफ पोर्टफोलियो वर्ष के दौरान निरंतर और सुदृढ़ वृद्धि दर्शाता रहा, साथ ही वर्ष के दौरान शून्य अनर्जक आस्तियों के साथ मजबूत आस्ति गुणवत्ता बनाए रखी गई. बैंक ने संचयी डीलर स्वीकृतियों में ₹ 741.75 करोड़ का स्तर पार किया तथा वर्ष के दौरान 23,597 से अधिक लेन-देन प्रसंस्कृत किए, जिसके तहत ईएससीएफ प्लेटफॉर्म के अंतर्गत कुल थ्रूपुट ₹ 2,406.21 करोड़ की राशि प्राप्त हुई.

दक्षता और विस्तार क्षमता को और बढ़ाने के लिए, बैंक द्वारा टर्नअराउंड समय को कम करने तथा परिचालन प्रभावशीलता को सुदृढ़ करने हेतु डिजिटल समाधानों के माध्यम से उत्पाद एवं प्रक्रिया नवाचार को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है. इस यात्रा में एक प्रमुख उपलब्धि एमएसएमई ऋणों के डिजिटल प्रसंस्करण के लिए प्रौद्योगिकीय उन्नयन की शुरुआत रही है, जिससे मैनुअल हस्तक्षेप कम हुआ है और तेज़, अधिक निर्बाध डिजिटल अनुमोदन संभव हुआ. ईएससीएफ प्लेटफॉर्म निधियन परिचालनों के डिजिटलिकरण के लिए बैंक द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकीय उन्नति है जो न्यूनतम मैन्युअल हस्तक्षेप के साथ तेजी से ऋण वितरण को सक्षम बनाती है.

इसके अलावा, पहुँच का विस्तार करने और डिजिटलीकरण पहलों को तीव्र करने के लिए चयनित फिनटेक संस्थाओं के साथ सहयोगात्मक साझेदारियों की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं. बैंक ने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के 18 कॉरपोरेटों के साथ साझेदारी की है जिसके तहत कॉरपोरेट के डीलरों को चैनल फाइनेंस सहायता प्रदान की जाती है.

ये पहलें प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (पीएसएल) को बढ़ावा देने, एमएसएमई वित्तपोषण को सुदृढ़ करने तथा अधिक कुशल, दक्ष वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए नवाचार के साथ व्यापक स्तर पर काम करके समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास को समर्थन देने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं.

अन्य पक्ष उत्पाद तथा पूंजी बाज़ार उत्पाद

बैंक अन्य पक्ष वितरण (टीपीडी) खंड के अंतर्गत अपने ग्राहकों की उपयुक्तता, जोखिम प्रोफाइल, वित्तीय लक्ष्यों एवं निवेश उद्देश्यों के अनुरूप विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पादों व सेवाओं की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है. ग्राहक-केंद्रित दर्शन पर आधारित, बैंक ने लेन-देन आधारित बिक्री से मूल्य-आधारित सहभागिता की दिशा में अपने दृष्टिकोण को क्रमिक रूप से परिवर्तित किया है, साथ ही अनुपालनयुक्त कारोबारी प्रथाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया है. इस रणनीतिक बदलाव ने बैंक के लिए शुल्क आय का एक निरंतर और स्थायी स्रोत सृजित किया है.

वर्ष के दौरान, बैंक ने उन्नत ग्राहक समझ एवं व्यक्तिगत परामर्श सहायता के माध्यम से मूल्य-आधारित बिक्री को बढ़ावा देने हेतु कई पहलें शुरू कीं. इन प्रयासों को भारत की कुछ सबसे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ साझेदारियों द्वारा और सशक्त किया गया. जीवन बीमा खंड में, बैंक भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) तथा एजियस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एएफएलआई) के उत्पाद ऑफर करता है. सामान्य बीमा एवं एकल स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में, बैंक ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल), टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टीएजीआईसी) और निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (निवा बुपा) के साथ गठजोड़ किया है, जिससे ग्राहकों को बीमा समाधानों की व्यापक श्रृंखला प्राप्त होती है.

आपके बैंक ने निवेश खंड में भी अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए कई असेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के साथ म्यूचुअल फंड (एमएफ) वितरण करार किए हैं, जिससे ग्राहकों को विभिन्न आस्ति श्रेणियों में योजनाओं का व्यापक विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है. इसके अलावा, ग्राहकों को अन्य निवेश अवसरों जैसे राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और भारत सरकार (जीओआई) के बांड, फ्लोटिंग रेट सेविंग बांड, सॉवरेन गोल्ड बांड और कैपिटल गेन्स बांड सहित, तक पहुंच प्रदान की है. पूंजी बाज़ार खंड के अंतर्गत, आपका बैंक एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (एएसबीए) तथा सिंडिकेट एएसबीए (एसएएसबीए) जैसे उत्पाद प्रदान करता है, जो ग्राहकों को प्राथमिक बाज़ार निर्गमों में निर्बाध रूप से भागीदारी करने में सहयोग करते हैं. इसके अतिरिक्त, उन्नत डिजिटल माध्यमों के जरिए अपनी डीमैट सेवाओं की पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से बैंक 31 मार्च 2026 को अपने डीमैट खाता कारोबार को आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज (आईसीएमएस) को अंतरित करने की प्रक्रिया में था, जो अब पूरा हो गया है.

तेजी से विकसित हो रही कारोबार प्रथाओं के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए, आपके बैंक ने अन्य पक्ष की योजनाओं के वितरण को संपूर्ण डिजिटल बनाने के लिए विभिन्न पहलकार्य किये हैं. इन उपायों का उद्देश्य ग्राहक सुविधा में सुधार करना, प्रक्रिया दक्षता को सुदृढ़ करना तथा एक सुरक्षित, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-सक्षम निवेश अनुभव प्रदान करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करना है.

एलआईसी के साथ रणनीतिक सहयोग

जनवरी 2019 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा बैंक में बहुमत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के पश्चात, दोनों संस्थानों के बीच सार्थक कारोबारी तालमेल को विकसित एवं साकार करने के लिए एक सुदृढ़ आधार स्थापित किया गया. पिछले सात वर्षों में, इन कारोबारी तालमेल का लाभ उठाने हेतु कई सुपरिभाषित पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे दोनों संस्थाओं के लिए मूल्य सृजन में वृद्धि हुई है.

आपके बैंक ने एलआईसी के साथ सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए एक संरचित एवं रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें राजस्व, लागत तालमेल तथा वित्तीय तालमेल का लाभ उठाने हेतु स्पष्ट रूप से परिभाषित कार्यबिंदु निर्धारित किए गए हैं. इन पहलों को बैंक के श्रेष्ठ उत्पादों एवं सेवाओं, विशेषतः चालू खाता पोर्टफोलियो सहित इसकी कम लागत वाली जमा आधार के प्रभावी उपयोग द्वारा समर्थित किया गया है.

सुविधाजनक बैंकिंग पेशकशों के हिस्से के रूप में, बैंक ने एलआईसी के विभिन्न कार्यालयों की संग्रहण और भुगतान, दोनों जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यापक लेनदेन बैंकिंग समाधान प्रदान किये हैं. ये सेवाएं बैंक के विस्तृत शाखा नेटवर्क और डिजिटल चैनलों के माध्यम से निर्बाध रूप से उपलब्ध कराई जाती हैं जिससे कुशल बैंकिंग संचालन और बेहतर सेवा अनुभव सुनिश्चित होता है.

एलआईसी तालमेल ढांचे के अंतर्गत निरंतर सहयोग ने दोनों संगठनों के लिए संयुक्त मूल्य सृजन तथा परिचालन प्रदर्शन को सुदृढ़ करने में योगदान दिया है. इसके अतिरिक्त, इस रणनीतिक भागीदारी से उत्पन्न गहन सहभागिता एवं क्रॉस-सेलिंग अवसरों के माध्यम से बैंक अपने खुदरा व्यवसाय को और सशक्त करने तथा शुल्क-आधारित आय में वृद्धि करने में भी सक्षम रहा है.

वित्तीय समावेशन

बैंक का वित्तीय समावेशन (एफआई) विभाग ने देशभर में वंचित एवं बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को सस्ती, सुलभ और प्रौद्योगिकी-सक्षम वित्तीय सेवाएँ पहुँचाने के बैंक के मिशन को निरंतर जारी रखा. आपका बैंक कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) नेटवर्क का विस्तार कर , डिजिटल पहुंच को बढ़ाकर तथा प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) जैसी भारत सरकार की प्रमुख पहलों के अंतर्गत पहुँच को मजबूत करके अंतिम छोर तक सेवाएँ पहुंचाने पर केंद्रित रहा.

वित्तीय समावेशन के प्रति बैंक का दृष्टिकोण समग्र एवं संतुलित है, जिसमें भौतिक संपर्क बिंदुओं का विस्तार, डिजिटल बुनियादी संरचना का सुदृढ़ीकरण, सभी चैनलों में क्षमता निर्माण तथा सतत ग्राहक जागरूकता पहल शामिल हैं. ये प्रयास विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुरूप थे तथा बैंक के व्यापक रणनीतिक अधिदेश के साथ भी घनिष्ठ रूप से जुड़े थे, जिसका उद्देश्य अपने ग्राहक आधार का विस्तार करना, सेवाओं के उपयोग में वृद्धि करना और ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करना है.

वर्ष के दौरान फोकस का प्रमुख क्षेत्र खाता खोलने से आगे बढ़कर सार्थक सहभागिता को प्रोत्साहित करके वित्तीय समावेशन की गुणवत्ता में सुधार करना था. सक्रिय खाता उपयोग को बढ़ावा देने, डिजिटल बैंकिंग चैनलों को अपनाने तथा औपचारिक वित्तीय पारितंत्र में भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे समावेशन पहलों के दीर्घकालिक प्रभाव को सुदृढ़ किया जा सके.

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत प्रदर्शन

बैंक ने भारत सरकार के प्रमुख वित्तीय समावेशन कार्यक्रम, अर्थात् प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के जन सुरक्षा समूह के प्रति सक्रिय समर्थन देना जारी रखा और समाज के कमजोर वर्गों को वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकन सुदृढ़ बना रहा; 31 मार्च 2026 को 8.30 लाख ग्राहक पीएमजेजेबीवाई के तहत शामिल हुए, 20.73 लाख ग्राहक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में नामांकित हुए तथा 8.95 लाख ग्राहकों ने अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की सदस्यता ग्रहण की, जो असंगठित क्षेत्र में बीमा प्रसार तथा सेवानिवृत्ति बचत को सुदृढ़ करते हैं.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने इन पहलों के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं. कुल 1.83 लाख पीएमजेडीवाई बचत बैंक खाते खोले गए, जिससे प्रथम बार बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने वाले ग्राहकों तथा निम्न-आय वर्ग के परिवारों को बुनियादी बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई. सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकन सुदृढ़ बना रहा; 3.47 लाख ग्राहक पीएमजेजेबीवाई के तहत शामिल हुए, 7.04 लाख ग्राहक पीएमएसबीवाई में नामांकित हुए तथा 2.23 लाख ग्राहकों ने एपीवाई में नामांकन कराया, जिससे असंगठित क्षेत्र में बीमा प्रसार तथा सेवानिवृत्ति बचत को बढ़ावा मिला.

वर्ष के दौरान पीएमजेडीवाई एवं जन सुरक्षा लक्ष्यों की 100% प्राप्ति बैंक की पहुँच रणनीति की प्रभावशीलता, बीसी नेटवर्क के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा आवश्यक वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा समाधानों के माध्यम से ग्राहक सशक्तिकरण पर निरंतर ध्यान को दर्शाती है. यह प्रदर्शन ग्राहकों तथा सरकारी एजेंसियों द्वारा बैंक पर व्यक्त किए गए विश्वास एवं भरोसे को भी और अधिक रेखांकित करता है.

कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) नेटवर्क विस्तार के माध्यम से व्यवसाय सोर्सिंग को सुदृढ़ करना

वित्तीय समावेशन ढांचे के एक प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में बीसी नेटवर्क को स्वीकारते हुए, बैंक ने वर्ष के दौरान इस महत्वपूर्ण वितरण चैनल को सुदृढ़ और विस्तारित करने हेतु केंद्रित पहल की. विभिन्न क्षेत्रों की शाखाओं ने उपयुक्त बीसी भागीदारों की पहचान करने, उनके ऑन-बोर्डिंग एवं स्थापना में सहयोग प्रदान करने तथा सेवा गुणवत्ता और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रदर्शन की निकटता से निगरानी करने में सक्रिय भूमिका निभाई.

विस्तारित बीसी संरचना ने उच्च संभावनाओं वाले, किन्तु पूर्व में उपेक्षित क्षेत्रों तक पहुँच का विस्तार करते हुए बैंक की पहुंच क्षमताओं को उल्लेखनीय रूप से बढाया है. इस विस्तार से बुनियादी बैंकिंग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत ग्राहकों के तेजी से अधिग्रहण में मदद मिली, साथ ही माइक्रो-एटीएम,

आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) लेन-देन तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी सेवाओं की विश्वसनीय उपलब्धता सुनिश्चित हुई. सुदृढ़ बीसी नेटवर्क भविष्य में क्रॉस-सेलिंग के अवसरों तथा ऋण संबद्धता के लिए एक प्रभावी स्रोत चैनल के रूप में भी उभरकर आया है, जो बैंक के व्यापक विकास उद्देश्यों को समर्थन देता है.

बीसी परिचालन की क्षमता एवं गुणवत्ता, दोनों में सुधार पर दिए गए जोर का परिणाम अधिक संगत ग्राहक सेवा मानकों, उच्च लेन-देन विश्वसनीयता तथा ग्रामीण परिवारों के साथ गहन सहभागिता के रूप में सामने आया है. इन प्रयासों ने जमीनी स्तर पर एक विश्वसनीय वित्तीय भागीदार के रूप में बैंक की भूमिका को और सुदृढ़ किया है, साथ ही इसकी वित्तीय समावेशन पहलों की स्थिरता और प्रभावशीलता को भी मजबूती प्रदान की है.

वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा शुरू संतृप्ति अभियान

भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) ने ग्राम पंचायत स्तर पर अपनी वित्तीय समावेशन (एफआई) योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया. यह अभियान 1 जुलाई 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक चार माह की अवधि में संचालित किया गया, जिसके दौरान कुल 4,480 शिविर आयोजित किए गए. इस पहल का उद्देश्य प्रमुख वित्तीय सुरक्षा एवं समावेशन योजनाओं के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन तक पहुँच में सुधार करना था. इन प्रयासों के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप, अभियान अवधि के दौरान बैंक ने उल्लेखनीय नामांकन दर्ज किए, जिनमें पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत 80,422, पीएमएसबीवाई के अंतर्गत 2,77,394, एपीवाई के अंतर्गत 77,271 तथा पीएमजेडीवाई के अंतर्गत 49,362 नामांकन शामिल हैं.

समीप आउटलेट का शुभारंभ एवं विस्तार

वर्ष की एक प्रमुख विशेष उपलब्धि आईडीबीआई समीप नामक अत्याधुनिक स्वरूप में विस्तारित ई बैंकिंग आउटलेट का तीव्र विस्तार रहा, जिन्हें अंतिम छोर तक बैंकिंग पहुँच बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. आईडीबीआई समीप आउटलेट अगली पीढ़ी का कम पूंजी आधारित आउटरीच मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्हें पूर्ण-सेवा शाखाओं और पारंपरिक बीसी बिंदुओं के बीच सेवा अंतर को प्रभावी रूप से भरने के लिए डिज़ाइन किया गया है.

बीसी द्वारा संचालित आउटलेट के रूप में शाखा जैसे वातावरण वाले समीप आउटलेट ग्राहकों को खाता खोलने, नकद लेन-देन, निधि अंतरण, प्रेषण तथा बुनियादी सेवा आवश्यकताओं जैसी जरुरी बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच प्रदान करते हैं. यह मॉडल बैंक को ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी बाज़ारों में अपनी ब्रांड दृश्यता और ग्राहक विश्वास को बढ़ाने में सक्षम बनाता है, साथ ही पूर्ण-सेवा शाखाओं की तुलना में अधिक त्वरित स्थापना सुनिश्चित करते हुए तथा काफी कम परिचालन लागत पर अपनी पहुँच का विस्तार करता है.

वर्ष के दौरान समीप नेटवर्क का क्रमिक रूप से विस्तार हुआ तथा 31 मार्च 2026 को बैंक देशभर में 69 समीप आउटलेट संचालित कर रहा था. ये आउटलेट तेजी से विश्वसनीय, सामुदायिक स्तर के बैंकिंग संपर्क केन्द्रों के रूप में उभर रहे हैं तो दूरस्थ अपर्याप्त बैंकिंग सेवाओं वाले क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान कर रहे हैं, समीप मॉडल ने बैंक की अंतिम छोर में वितरण क्षमताओं को मजबूत किया है, व्यापक वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है और बैंक की पहुंच के सतत और स्केलेबल विस्तार को सक्षम बनाया है.

बीसी नेटवर्क के माध्यम से संवर्धित पहुँच तथा पीएसएल में योगदान

बैंक का बीसी नेटवर्क समावेशी वित्तीय विकास और अंतिम छोर तक सेवा वितरण के एक महत्वपूर्ण सक्षमकारी माध्यम के रूप में निरंतर कार्य करता है. वर्ष के दौरान, बीसी ने पीएमजेडीवाई नामांकन में सहायता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) लेन-देन को सुगम बनाने तथा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) और माइक्रो-एटीएम सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध कराकर प्रमुख वित्तीय समावेशन पहलों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इसके अतिरिक्त, बीसी चैनल ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए ग्राहकों को जोड़ने में भी योगदान दिया, जिससे अपर्याप्त रूप से सेवित वर्गों तक पहुँच और सुदृढ़ हुई.

लेन-देन सेवाओं के अलावा, बीसी नेटवर्क की उपस्थिति में भी वृद्धि हुई है, जिससे बैंक के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (पीएसएल) उद्देश्यों में योगदान मिल रहा है. जमीनी स्तर पर गहन सहभागिता के माध्यम से, बीसी नेटवर्क ने छोटे और सीमांत किसानों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित की है, सूक्ष्म उद्यमियों तथा ग्रामीण उद्यमों को सहायता प्रदान की और ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी बाज़ारों में विश्वसनीय ग्रामीण उधारकर्ताओं की बेहतर पहचान को बढ़ाया है. इसके परिणामस्वरूप ऋण प्रसार में सुधार हुआ है तथा प्राथमिकता वाले भौगोलिक क्षेत्रों में बैंक की उपस्थिति सुदृढ़ हुई है.

बीसी-आधारित आउटरीच और पीएसएल विस्तार के बीच सशक्त समन्वय, बैंक के वित्तीय समावेशन एवं सतत ऋण वृद्धि के एकीकृत दृष्टिकोण को रेखांकित करता है, जो संतुलित पोर्टफोलियो विस्तार को समर्थन देते हुए समावेशी विकास को बढ़ावा देने के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है.

बीसी की क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास

संरचित क्षमता निर्माण दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसे विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा पुनश्चर्या सत्रों का सहयोग मिला.

ग्राहक सहभागिता तथा अंतिम छोर तक सेवा प्रदान करने में बीसी की केंद्रीय भूमिका को पहचानते हुए, बैंक ने उनके कौशल, दक्षता एवं सेवा गुणवत्ता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया. संरचित क्षमता निर्माण दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसे विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा पुनश्चर्या सत्रों का सहयोग मिला.

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य परिचालन क्षमताओं एवं अनुपालन जागरूकता को सुदृढ़ करना, ग्राहक सेवा एवं शिकायत निवारण में सुधार करना तथा माइक्रो-एटीएम उपकरणों और आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के उपयोग में दक्षता विकसित करना था. पीएमजेडीवाई सहित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, डिजिटल ऑन-बोर्डिंग प्रक्रियाओं तथा वित्तीय धोखाधड़ी रोकथाम और साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरूकता पर भी विशेष बल दिया गया. मनी म्यूल जोखिमों तथा साइबर सुरक्षा पर विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों

ने एक सुदृढ़ आधार प्रदान किया, जिनमें बीसी को लेन-देन को सुरक्षित एवं ग्राहकों की रक्षा करने की जानकारी मिली. आपका बैंक बीसी को प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्मों के उपयोग में दिशा-निर्देशन प्रदान करने तथा उनके परिचालनात्मक आत्मविश्वास को विकसित करने हेतु ऑन-द-जॉब मार्गदर्शन भी प्रदान करता है. संरचित प्रशिक्षण तथा ऑन-द-जॉब मार्गदर्शन के समन्वित प्रभाव ने बीसी को प्रौद्योगिकी के उपयोग में आत्मविश्वास प्राप्त करने में सक्षम बनाया तथा उनके कौशल को सुदृढ़ किया, जिससे बीसी का एक सशक्त नेटवर्क तैयार हुआ है. अंतिम छोर में, ग्राहकों को अधिक सुगम, सुरक्षित और विश्वसनीय सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ, जो सुरक्षा तथा ग्राहक-प्रमुखता के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

वित्तीय साक्षरता एवं ग्राहक जागरूकता पहलकार्य

वित्तीय साक्षरता को लंबे समय से सार्थक वित्तीय समावेशन की आधारशिला के रूप में मान्यता प्राप्त है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने वित्तीय साक्षरता शिविरों, घर-घर जागरूकता अभियानों तथा स्थानीय सामुदायिक बैठकों का आयोजन कर समुदायों तक पहुँच बनाई. इस सहभागिता ने एक ऐसे मंच के रूप में कार्य किया, जहाँ ग्राहकों को बचत के लाभों एवं उत्तरदायी उधारी के बारे में अवगत कराया गया, डिजिटल बैंकिंग की सुविधा और सुरक्षित लेन-देन प्रक्रियाओं से परिचित कराया गया तथा सरकार समर्थित बीमा एवं पेंशन योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई. इन सत्रों में धोखाधड़ी की रोकथाम एवं डिजिटल शिष्टाचार पर भी विशेष बल दिया गया, साथ ही ग्राहकों को अपने बैंक खातों को सक्रिय एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया. इन प्रयासों ने ग्राहकों को जागरूक वित्तीय निर्णय लेने में सशक्त बनाया, जिससे वे पीएमजेडीवाई तथा संबंधित योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित कर सकें.

आईडीबीआई आरएसईटीआई - कौशल एवं आजीविका के माध्यम से ग्रामीण युवाओं का सशक्तिकरण

बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई आरएसईटीआई), सतारा ने ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास के केंद्र के रूप में निरंतर सार्थक प्रभाव डाला है. ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप, संस्थान ने प्रतिभागियों को स्वरोजगार या वेतनभोगी रोजगार के लिए व्यावहारिक कौशल से सुसज्जित करने हेतु आजीविका उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया.

अपनी स्थापना से अब तक आरएसईटीआई ने 11,132 अभ्यार्थियों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 8, 273 अभ्यर्थी, जो कुल अभ्यर्थियों का 73.67% हैं, स्थायी रोजगार में सफलतापूर्वक स्थापित हुए हैं. आरएसईटीआई के प्रशिक्षण, बुनियादी संरचना एवं निगरानी में निरंतर गुणवत्ता के लिए वर्ष 2025 में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) द्वारा 'एए' ग्रेडिंग प्रदान कर सम्मानित किया गया, जो इसके उत्कृष्ट एवं विशिष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है.

उद्यमिता एवं रोजगार क्षमता को बढ़ावा देकर, आरएसईटीआई ग्रामीण युवाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करना जारी रखे हुए है, साथ ही कौशल विकास एवं वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण समुदायों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल रहा है.

डिजिटल बैंकिंग

आपके बैंक की डिजिटल यात्रा का मार्गदर्शन एक स्पष्ट दृष्टिकोण द्वारा किया जाता है, जिसका उद्देश्य बेहतर डिजिटल अनुभव प्रदान करना, सतत विकास को गति देना तथा नवाचार प्रथम संस्कृति को बढ़ावा देना है. इसके मूल में एक सुरक्षित, निर्बाध एवं सुविधाजनक बैंकिंग प्लेटफॉर्म विकसित करने की प्रतिबद्धता निहित है, जहाँ ग्राहक सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है.

बैंक द्वारा की गई अग्रणी पहलों, जिन्हें उद्योग स्तर पर मान्यता दी गई है और सम्मानित किया गया है, के कारण वर्ष के दौरान समग्र डिजिटल लेनदेनों में 16.21% और यूपीआई लेनदेनों में 19.10% की वृद्धि हुई है. ग्राहकों ने बैंक के गो मोबाइल + एप्लिकेशन के माध्यम से इस परिवर्तन का प्रत्यक्ष अनुभव किया, जिसमें बिल भुगतान को नया रूप दिया गया है, सावधि जमा प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और कई नामांकन प्रबंधित करने की सुविधा है. निरंतर सुधारों ने उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने में मदद की, जिसके परिणामस्वरूप प्ले स्टोर पर इसके गो मोबाइल + एप्लिकेशन की उपयोगकर्ता रेटिंग 4.6 तक पहुंच गई, जो ग्राहक संतुष्टि को दर्शाती है.

आपके बैंक ने वीज़ा इनफिनिटी डेबिट कार्ड और मास्टरकार्ड प्लेटिनम जैसे नए प्रीमियम खंड वाले डेबिट कार्ड भी लॉन्च किए हैं, जो विशेष सुविधाओं की चाह रखने वाले विशिष्ट ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं. इसके अलावा, आपके बैंक ने ब्रेल डेबिट कार्ड भी लॉन्च किया है, जो स्पर्शनीय मार्करों के साथ एक समावेशी उत्पाद है, जो दृष्टिबाधित ग्राहकों को स्वतंत्रता और गरिमा प्रदान करता है.

डिजिटल मुद्रा के मोर्चे पर, आपके बैंक ने विकसित हो रहे पारिस्थितिकी तंत्र के साथ संरेखित करते हुए एक निश्चित मूल्यवर्ग प्रणाली से एक मूल्य-आधारित टोकन मॉडल में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) प्लेटफॉर्म को अपग्रेड किया. प्रोग्रामेबल सीबीडीसी (पी-सीबीडीसी) के कार्यान्वयन से उद्देश्य-बद्ध डिजिटल मुद्रा के लिए नई संभावनाएं खोलीं जिससे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी), सब्सिडी संवितरण आदि जैसे अनुप्रयोगों को सक्षम बनाया जा सकता है.

बैंक के फिनटेक फ्यूजन कार्यक्रम में सहयोग की भावना का प्रदर्शन हुआ, जहां बैंक फिनटेक नवप्रवर्तकों के विविध समूह को विचारों, क्षमताओं और अवसरों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाया. इन सहयोगात्मक जुड़ावों ने साझेदारी को मजबूत किया और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र में बैंक की भूमिका को उत्प्रेरक के रूप में सुदृढ़ किया.

अपने डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, बैंक ने स्वचालित सत्यापन प्रक्रियाओं द्वारा संचालित एक एंड-टू-एंड डिजिटल ऋण उत्पाद आई-एमएसएमई एक्सप्रेस पेश किया. इसके साथ ही, बेहतर पहुँच और प्रतिक्रियाशीलता के लिए वेबसाइट एकीकरण के साथ एक नया ग्राहक जुड़ाव समाधान पेश किया गया जो ग्राहकों के लिए सहज और व्यक्तिगत दोनों बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करता है.

आपके बैंक ने सुदृढ़ नेटवर्क, आईटी बुनियादी ढांचे के अद्यतन, उन्नत भुगतान प्रणाली, डेटा संचालित विश्लेषण, डैशबोर्ड, इंटेलिजेंट ऑटोमेशन और मजबूत सुरक्षा समाधानों में निरंतर निवेश किया है. इन निवेशों ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक डिजिटल इंटरैक्शन न केवल कुशल है, बल्कि विश्वसनीय भी है.

कॉरपोरेट बैंकिंग

कॉरपोरेट बैंकिंग कारोबार के भीतर, आपके बैंक का बृहत कॉरपोरेट समूह (एलसीजी) और मिड कॉरपोरेट समूह (एमसीजी) मिलकर इसके कॉरपोरेट ऋण और सेवा पोर्टफोलियो का आधार हैं, जो इंजीनियरिंग, मूल धातुओं और इस्पात, निर्माण, कागज और कागज उत्पाद, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और विद्युत उपकरण, बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, चीनी, रसायन, ऑटोमोबाइल, सेवा क्षेत्र, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी), आदि जैसे विविध क्षेत्रों में उद्यमों को सेवाएं प्रदान करते हैं. दोनों समूह निधि-आधारित और गैर निधि-आधारित ऋण सुविधाओं की व्यापक शृंखला प्रदान करते हैं, जिसमें परियोजना और गैर-परियोजना मीयादी ऋण, पैकिंग ऋण , निर्यातकों को पोत-लदान के बाद ऋण, प्राप्य खरीद, बिल भुनाई, इंट्रा-डे सीमाएं आदि शामिल हैं. खुदरा बैंकिंग, ट्रांजेक्शन बैंकिंग, ट्रेजरी के साथ-साथ अन्य विशेष कारोबारी वर्टिकलों के साथ मिलकर काम करते हुए, बैंक का कॉरपोरेट बैंकिंग समूह यह सुनिश्चित करता है कि इसके कॉरपोरेट ग्राहकों की विशिष्ट और जटिल जरूरतों को अनुरूप समाधानों के साथ पूरा किया जाए.

वर्ष के दौरान, बैंक के एलसीजी ने प्रो-फिन एप्लिकेशन शुरू करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसने परियोजना ऋणों के पूरे जीवनचक्र को डिजाइन और निर्माण से लेकर संचालन तक डिजिटाइज़ किया. इस संपूर्ण कार्यप्रवाह ने परियोजना वित्त को सुव्यवस्थित किया, साथ ही विनियामक डेटा और एमआईएस को आसानी से निकालने में सक्षम बनाया, जिससे अनुपालन और परिचालन स्फूर्ति मजबूत हुई.

इसके पूरक के रूप में, मिड कॉरपोरेट ग्रुप (एमसीजी) मझोले आकार के उद्यमों को निधि-आधारित और गैर निधि-आधारित ऋण सुविधाओं के व्यापक स्पेक्ट्रम के साथ सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. बैंक के डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण को दर्शाते हुए, बैंक ने कॉरपोरेट वर्टिकल्स के लिए डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम (आईडीएमएस4सी) शुरू किया. केंद्रीकृत सुरक्षित भंडार डिजिटल भंडारण और कार्यालयीन रिकॉर्ड पुनर्प्राप्ति को सुव्यवस्थित करता है, दोहराव को कम करता है, संस्करण नियंत्रण सुनिश्चित करता है और पारदर्शिता एवं परिचालन दक्षता को बढ़ाता है.

बैंक अपने कॉरपोरेट ऋण बही में सुविचारित विकास को आगे बढ़ाना जारी रखे हुए है, पूंजी-बचत पोर्टफोलियो और संतुलित कारोबार मिश्रण को बनाए रख रहा है. बेहतर रेटिंग वाले कॉरपोरेट खातों का अधिग्रहण, मौजूदा ग्राहकों को मंजूर ऋण सुविधाओं के उपयोग को बढ़ाना और निधि आधारित एवं गैर-निधि आधारित सीमाओं के इष्टतम उपयोग के माध्यम से ब्याज और शुल्क आय में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित रखा. इसके अलावा, बैंक ने अपने कॉरपोरेट ग्राहकों को समग्र समर्थन प्रदान करने के लिए अपनी देयताओं और सेवा उत्पादों का विस्तार करने पर भी ध्यान केंद्रित किया.

एलसीजी और एमसीजी मिलकर कॉरपोरेट बैंकिंग में नवाचार और निरंतर विकास के लिए बैंक की प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं. क्षेत्रीय विशेषज्ञता को डिजिटल परिवर्तन पहलों के साथ जोड़कर, बैंक अपने कॉरपोरेट पोर्टफोलियो को बढ़ाने और अपने कॉरपोरेट बैंकिंग अनुभव को नया रूप देने की दिशा में काम कर रहा है, जिससे यह अधिक पारदर्शी, कुशल और भविष्य के लिए तैयार हो सके.

कॉरपोरेट संबंध और नया कारोबार अधिग्रहण समूह (सीआरबीएजी) और परियोजना मूल्यांकन सेल (पीएसी)

आपके बैंक ने कॉरपोरेट संबंध और नया कारोबार अधिग्रहण समूह (सीआरबीएजी) की स्थापना की, जो एक विशेष टीम है जिसका उद्देश्य नए कारोबार अवसरों को बढ़ावा देना और कॉरपोरेट संबंधों को मजबूत करना है, जिससे कारोबार के प्रति 360° दृष्टिकोण में वृद्धि हो सके. एक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, सीआरबीएजी संभावित स्रोतों, अर्थात्, कॉरपोरेट, समकक्ष बैंकों, रेटिंग एजेंसियों, वित्तीय संस्थानों, निवेश बैंकिंग समुदाय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर उभरते बाज़ार के अवसरों का लाभ उठाता है, यह पहल बैंक की कॉरपोरेट उपस्थिति का विस्तार करने और दीर्घकालिक, मूल्य आधारित साझेदारी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

इस प्रयास के पूरक के रूप में, बैंक ने कॉरपोरेट वर्टिकल में विशिष्ट परियोजना मीयादी ऋण एक्सपोजर का मूल्यांकन और सत्यापन करने के लिए एक समर्पित परियोजना मूल्यांकन सेल (पीएसी) की स्थापना की है. प्रस्तावों की गहन जांच करके और व्यवहार्यता स्थापित करके, पीएसी यह सुनिश्चित करता है कि बैंक के ऋण संबंधी निर्णय विवेकपूर्ण और टिकाऊ दोनों हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण विकास और प्रबंधन पर इसका ध्यान मजबूत हो सके.

ऋण निगरानी समूह

आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के महत्व को ध्यान में रखते हुए, बैंक का ऋण निगरानी ग्रुप (सीएमजी) संरचित ऋण समीक्षा तंत्र (एलआरएम) का संचालन करता है, अपने कॉरपोरेट और खुदरा ऋण पोर्टफोलियो में दबाव के शुरुआती संकेतों को ट्रैक करता है और ऋण प्रबंध मापदंडों (सीएपी) की निगरानी करता है.

आपका बैंक ऋण मंजूरी की प्रभावकारिता के संबंध में समय पर फीडबैक देने तथा नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने की नियमित अनुवर्ती कार्रवाई, प्रारंभिक चेतावनी संकेतों को ट्रैक करने और सीएपी का समय पर अनुपालन के लिए संरचित ऋण समीक्षा तंत्र (एलआरएम) का उपयोग करता है. इन सभी पहलकार्यों से खातों में आरंभिक दबावों की पहचान एवं उनका प्रबंधन करने, सीएपी का अनुपालन और इसके द्वारा आपके बैंक के उधारकर्त्ताओं की ऋण गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिली है.

आपके बैंक ने अपने ऋण निगरानी कार्य को सुचारू बनाने के लिए दिसंबर 2019 से प्रारंभिक चेतावनी संकेत (ईडब्ल्यूएस) एप्लीकेशन का उपयोग शुरू कर दिया है. यह टूल आंतरिक और बाहरी स्रोतों से प्राप्त डेटा का उपयोग कर दबाव और शुरुआती कमजोरी का पता लगाता है और नियमित आधार पर अलर्ट जारी करता है. ईडब्ल्यूएस एप्लीकेशन में पूर्वनिर्धारित सीमा के आधार पर सभी कॉरपोरेट और खुदरा खातों को उच्च जोखिम, मध्यम जोखिम या कम जोखिम के रूप में वर्गीकृत किया गया है. यह आपके बैंक की उच्च जोखिम खातों और विशेष उल्लेख खाता बनने से (एसएमए)पहले के चरण में दबाव के शुरुआती संकेत दिखाने वाले खातों की पहचान करने की क्षमता का समर्थन करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि समय पर और पहले से ही सुधारात्मक कार्रवाई की जाए. लगातार विकसित हो रही विनियामक आवश्यकता और सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप, आपका बैंक नई विशेषताओं और मापदंडों को जोड़ने के लिए ईडब्ल्यूएस एप्लीकेशन की समय-समय पर समीक्षा करता है.

आस्ति निगरानी टूल '*सजग*' आपके बैंक के ऋण निगरानी कार्य का एक अभिन्न हिस्सा है क्योंकि यह ऋण संस्कृति को बेहतर बनाने और मजबूत करने के लिए विभिन्न ऋण प्रबंध मापदंडों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है. टूल ऋण पोर्टफोलियो में शुरुआती कमजोरियों की पहचान करने और स्लिपेज को रोकने में भी मदद करता है. आपका बैंक तेजी से बदलते समष्टि आर्थिक परिवेश और विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार टूल की कार्यक्षमताओं को अपग्रेड करता है.

खुदरा संग्रहण

एक अच्छा और लाभदायक आस्ति पोर्टफोलियो बनाए रखना बैंक के महत्वपूर्ण रणनीतिक उद्देश्यों में से एक है. मुख्य रूप से खुदरा केंद्रित ऋण बही के साथ, जिसमें कम ब्याज मार्जिन और तीव्र प्रतिस्पर्धा है, आस्ति गुणवत्ता में मामूली गिरावट भी लाभप्रदता को तेजी से कम कर सकती है. ऐसे वातावरण में, वित्तीय स्थिरता की रक्षा के लिए बजटीय सीमा के भीतर चूक का सख्त नियंत्रण अनिवार्य है.

किसी भी वित्तीय संस्थान की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए सुव्यवस्थित आस्ति पोर्टफोलियो मुख्य आधार है और आपका बैंक आस्ति गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. यह मानते हुए कि आस्ति प्रदर्शन में गिरावट का लाभप्रदता, परिचालन क्षमता और समग्र वित्तीय स्थिति पर व्यापक प्रभाव पड़ता है, बैंक ने अनर्जक आस्तयों (एनपीए), बट्टे खाते में डालने और प्रावधानों को न्यूनतम करने के लिए सक्रिय उपाय अपनाए हैं. इस प्रयास के केंद्र में एक मजबूत और कुशल संग्रह तंत्र है जो ऋण जोखिमों को कम करता है और समय पर वसूली सुनिश्चित करता है.

अपनी संग्रहण रणनीति को मजबूत करने के लिए, बैंक ने एक समर्पित खुदरा संग्रह विभाग की स्थापना की है, जिसे खुदरा ऋण पोर्टफोलियो में चूक को रोकने और देय राशि की समय पर वसूली सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है. यह विभाग विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) और अनर्जक आस्तियों (एनपीए) में खातों के परिवर्तित होने के जोखिम को न्यूनतम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. मजबूत खुदरा आस्ति पोर्टफोलियो बनाए रखने के लिए संग्रह प्रयासों को एसएमए और संभावित और चिह्नित पहली बार अनर्जक आस्तियों (एफटीएनपीए) पर केंद्रित किया गया है. शीघ्र और समय पर हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करके, बैंक वसूली दर को बढ़ाता है और अतिदेय ऋणों के वित्तीय बोझ को कम करता है.

संग्रहण गतिविधियों को अंचलों और क्षेत्रों में संग्रह अधिकारियों के एक संरचित नेटवर्क द्वारा संचालित किया जाता है, जिन्हें कॉल सेंटर, संग्रह एजेंसियों, कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी), कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) और शाखा-केंद्रित उत्पादों के लिए शाखाओं या खुदरा आस्ति केन्द्रों (आरएसी) का समर्थन प्राप्त होता है. यह एकीकृत दृष्टिकोण उच्च समाधान दर सुनिश्चित करता है और बैंक के खुदरा आस्ति पोर्टफोलियो को मजबूत करता है.

अपने डिजिटल रूपांतरण एजेंडा के अनुरूप, बैंक ने एकीकृत संग्रह और वसूली मॉड्यूल (आईसीएनआरएम) एप्लिकेशन को लागू किया है. यह एप्लिकेशन आंतरिक या बाहरी एजेंसियों के माध्यम से संसाधनों के बेहतर उपयोग द्वारा दवाबग्रस्त खातों के प्रभावी प्रबंधन को सक्षम बनाता है. यह चूककर्ता उधारकर्ताओं से देय राशि के ऑनलाइन संग्रह और वसूली के लिए एक सुविधाजनक मंच प्रदान करता है, साथ ही संग्रह गतिविधियों की निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए एक निर्बाध प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) उपलब्ध कराता है. संग्रह तंत्र को डिजिटलीकरण करके, आईसीएनआरएम खुदरा ऋण जोखिमों के प्रबंधन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाता है.

खुदरा वसूली

खुदरा एनपीए से वसूली में तेजी लाने और उन्नयन में सुधार के लिए, बैंक ने समय पर वसूली कार्रवाई करने के अपने प्रयासों को तेज किया. इनमें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (एसएआरएफएईएसआई) अधिनियम के तहत नई या बार-बार नीलामी के माध्यम से प्रतिभूतियों का प्रवर्तन, साथ ही संभावित खरीदारों को आकर्षित करने के लिए व्यापक प्रचार के साथ माननीय न्यायालयों और अन्य कानूनी मंचों के माध्यम से बिक्री शामिल है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने कब्जे वाली संपत्तियों की दस मेगा नीलामी की और नए एनपीए के उन्नयन को सुनिश्चित करने के लिए कठोर अनुवर्ती कार्रवाई जारी रखी.

अपनी समाधान रणनीति के एक भाग के रूप में, बैंक ने पुराने एनपीए के निपटान के लिए खुदरा अनर्जक आस्तियों (एनपीए) और तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले गए (टीडब्ल्यूओ) खातों के लिए 5 लाख रुपये और इससे अधिक तथा ₹ 5 करोड़ तक के सकल मूलधल बकाया (जीपीओ) वालों के लिए एक गैर-विवेकाधीन और गैर-भेदभावपूर्ण विशेष एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना अर्थात सुगम ऋण भुगतान योजना (सुगम) - II योजना शुरूकी. इसके अलावा, बैंक की एनपीए प्रबंधन नीति के अनुरूप कुछ मामलों को सामान्य ओटीएस या बातचीत द्वारा निपटान (एनएस) के माध्यम से हल किया गया.

अपनी वसूली प्रक्रिया को और तेज करने के लिए, बड़ी संख्या में छोटी राशि वाले मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालतों में भेजा गया, जो एक किफायती और तेजी से समाधान प्रदान करने का तंत्र है. छोटी राशि के अधिकतम ऋणों वाली शीर्ष 20 शाखाओं में वसूली शिविर आयोजित किए गए ताकि उधारकर्ताओं

को लोक अदालतों के माध्यम से अपने मामलों को निपटाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके.

बैंक ने एनपीए उधारकर्ताओं के साथ जुड़ने के लिए एक सक्रिय पहुंच रणनीति भी अपनाई. बैंक के कॉल सेंटर के कर्मचारियों ने खाता अपग्रेड करने, बंद करने या लोक अदालतों के माध्यम से निपटान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उधारकर्ताओं के साथ नियमित रूप से बातचीत की. इन प्रयासों के पूरक के रूप में, बैंक ने अपने वसूली प्रयासों में सुधार के लिए सभी संबंधित उधारकर्ताओं को महीने में दो बार क्षेत्रीय भाषाओं में थोक एसएमएस और व्हाट्सएप संदेश भेजकर डिजिटल संचार का लाभ उठाया.

आस्ति गुणवत्ता

पिछले दशकों में, बैंक के एनपीए प्रबंधन समूह (एनएमजी) ने दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान और वसूली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. आपके बैंक की रणनीतिक दृष्टिकोण का बैंक के टर्नअराउंड में महत्वपूर्ण योगदान रहा , विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण समय के दौरान जब इसे मई 2017 में रिज़र्व बैंक के त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) ढांचे के तहत रखा गया था. पिछले 10 वर्षों के दौरान निरंतर प्रयासों के माध्यम से, आपके बैंक ने एनपीए और तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गये (टीडब्ल्यूओ) खातों से अधिकतम वसूली की, जिससे इसे चुनौतीपूर्ण समय से सफलतापूर्वक बाहर निकलने में मदद मिली. इसके परिणामस्वरूप , आपके बैंक के सकल अनर्जक आस्ति (जीएनपीए) अनुपात में अपने सकल अग्रिमों के 21.25% से घटकर 2.32% तक उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया, जिसमें 31 मार्च 2017 और 31 मार्च 2026 के बीच लगातार गिरावट आई.

बैंक की आस्ति गुणवत्ता में सुधार की यात्रा कई नए विधानों और विनियामक दिशानिर्देशों के लागू होने के साथ साथ चली - जैसे दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) 2016, जानबूझकर चूक घोषणा पर संशोधित दिशानिर्देश, अशोध्य ऋणों के हस्तांतरण और समनुदेशन के लिए राष्ट्रीय आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) की स्थापना आदि. वसूली को बढ़ावा देने के लिए नए ढांचे का लाभ उठाते हुए बैंक ने इन परिवर्तनों को तेजी से अपनाया. साथ ही, बैंक ने एक बारीय निपटान, कॉरपोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) और आईबीसी के तहत परिसमापन, जानबूझकर चूक घोषणा, निगरानी और आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करने जैसे क्षेत्रों में सूचना के अपने प्रक्रिया प्रवाह और रिपोर्टिंग ढांचे को स्वचालित किया.

आपके बैंक ने लगातार, नए एनपीए को रोकने और क्षतिग्रस्त आस्तियों से वसूली को अधिकतम करने को प्राथमिकता दी है. मार्च 2026 के अंत में, आपके बैंक की कुल आस्तियों की 97.68% अर्जक आस्तियां थीं, जबकि 2.32% एनपीए थीं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक की नई गिरावट मानक अग्रिमों की 0.63% थी. वर्ष के दौरान, बैंक की क्षतिग्रस्त आस्तियों से वसूली और एनपीए को अर्जक आस्तियों में अपग्रेड करने की राशि ₹ 1,484 करोड़ थी. मौजूदा विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप पर्याप्त प्रावधान किए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2026 को 99.39% का मजबूत प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) था.

आईबीसी, 2016 के तहत कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) मामलों को संभालने के लिए एक केंद्रीकृत डेस्क ने दक्षता को और बढ़ाया है. कार्यक्षेत्र से प्राप्त सीख को आंतरिक बनाकर और इन सीखों को टीमों में प्रसारित करके, बैंक ने जटिल सीआईआरपी मामलों को सफलतापूर्वक निपटाया. 31 मार्च 2026 को कुल 230 मामले आईबीसी, 2016 के दायरे में सीआईआरपी के तहत चल रहे थे जिनमें कुल सकल बकाया मूलधन (जीपीओ) ₹ 34,368 करोड़ (एनपीए/टीडब्ल्युओ आस्तियों सहित) था. आपका बैंक सीआईआरपी के तहत कई मामलों को हल करने में सक्षम रहा और वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आईबीसी के तहत इन मामलों से ₹ 458.20 करोड़ की राशि वसूल की. वर्ष के दौरान व्यक्तिगत दिवाला समाधान कार्यवाही (पीआईआरपी) और आईबीसी के तहत दिवालियापन कार्यवाही के माध्यम से कॉरपोरेट देनदारों के व्यक्तिगत गारंटरों से ₹ 14.61 करोड़ की अतिरिक्त वसूली भी की गई.

निपटान तंत्र को मजबूत करने के लिए, बैंक एक डिजिटल *'एकबारगी निपटान (ओटीएस) प्रबंधन प्रणाली'* संचालित करता है जो अपनी वेबसाइट के माध्यम से ओटीएस आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करता है और वसूली की निगरानी सहित ओटीएस प्रस्ताव की संपूर्ण प्रक्रिया को भी सक्षम बनाती है. आपके बैंक ने एनपीए और टीडब्ल्युओ खातों की सभी श्रेणियों में निपटान के माध्यम से बकाया राशि की वसूली पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा. सुगम ऋण भुगतान योजना-II और सामान्य ओटीएस के तहत, आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में एकबारगी निपटान के माध्यम से ₹ 604.79 करोड़ की वसूली की.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने दबावग्रस्त ऋण एक्सपोजर के हस्तांतरण के माध्यम से एनएआरसीएल सहित अनुमत संस्थाओं को नकद व सुरक्षा रसीदों के आधार पर ₹ 188.98 करोड़ के प्रतिफल के लिए ₹ 1,507.50 करोड़ के जीपीओ वाले आठ खातों (छह टीडब्ल्यूओ खाते और दो एनपीए खाते) को भी हस्तांतरित किये.

आपका बैंक लागू कानूनों के तहत सक्रिय रूप से कानूनी कार्रवाई करता है जिसमें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (एसएआरएफएईएसआई) अधिनियम, 2002 के तहत प्रवर्तन कार्रवाई शामिल है. इस संबंध में, बैंक ने वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में गठित बैंक असेट ऑक्शन नेटवर्क (बीएएएनकेएनईटी) के साथ बैंक को प्रभारित संपत्तियों की नीलामी के लिए समझौता किया. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने 1,150 संपत्तियों की नीलामी की और बीएएएनकेएनईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ₹ 75.37 करोड़ की वसूली की. आपके बैंक ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एनपीए उधारकर्ताओं की उपस्थिति और छिपी आर्थिक समृद्धि को दर्शाने वाली उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी और अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए अपने चैनल भागीदारों में से एक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे प्राप्त जानकारी और सुराग का लाभ उठाकर वसूली को अधिकतम किया जा सके. बैंक ने ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) और अदालतों के साथ निरंतर आधार पर समन्वय जारी रखा और वसूली प्रमाणपत्र या डिक्री और निष्पादन प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए डीआरटी से संबंधित कार्य के लिए बैंक के एनएमजी, विधि और खुदरा वसूली विभागों के अधिकारियों की नोडल प्रति-कार्यात्मक टीम की पहचान की है.

31 मार्च 2026 को आपके बैंक ने 373 मामलों को जान-बूझकर चूककर्ता या धोखाधड़ी वाले मामलों के तौर पर वर्गीकृत किया है और ऐसे उधारकर्ताओं, प्रमोटरों और निदेशकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू की है. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, प्रतिभूतियों की बिक्री और लंबित राशियों के वितरण के माध्यम से, शासकीय परिसमापक (ओएल) के कार्यालय से भी ₹ 53.02 करोड़ की वसूली की है.

व्यापार वित्त

आपके बैंक के पास एक समर्पित व्यापार वित्त (टीएफ) विभाग है जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, दोनों ग्राहकों की सहायता के लिए उत्पादों और सेवाओं का एक व्यापक समूह प्रदान करता है. पेशकशों में व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले उत्पादों जैसे आवक और जावक प्रेषण, साख पत्र (एलसी), बैंक गारंटी (बीजी), स्टैंडबाय साख पत्र (एसबीएलसी) से लेकर घरेलू और सीमापार व्यापार उत्पादों वाले अधिक जटिल समाधान शामिल हैं जिनमें माल और सेवाओं के आयात और निर्यात, लदानपूर्व और पोत्त लदानोत्तर निर्यात वित्त, अल्पकालिक व्यापार ऋण (खरीदार को ऋण और आपूर्तिकर्ता को ऋण), मर्चेंट व्यापार, पूंजी खाता लेनदेन आदि शामिल हैं.

एक अधिकृत डीलर (एडी) श्रेणी-I बैंक के रूप में, आपका बैंक 38 समर्पित व्यापार वित्त केंद्रों (टीएफसी) और 31 कॉरपोरेट शाखाओं के माध्यम से संचालित होता है जो सभी प्रकार के विदेशी मुद्रा लेनदेन करने के लिए अधिकृत हैं. ये उत्पाद और सेवाएं केंद्रीकृत व्यापार प्रसंस्करण केंद्रों (सीटीपीसी) के माध्यम से संसाधित की जाती हैं जो तीन प्रमुख मेट्रो केंद्रों, मुंबई, चेन्नई और दिल्ली में स्थित हैं, जो हब-एंड-स्पोक मॉडल पर काम करते हैं. यह संरचना बैंक के सभी नेटवर्क में मानकीकृत प्रसंस्करण, कुशल संचार और त्वरित टर्नअराउंड को सुनिश्चित करती है.

आपका बैंक अपने कोर बैंकिंग प्लेटफॉर्म में लगातार सुधार कर रहा है और ग्राहकों की भागीदारी बढ़ाने और निर्बाध और सुविधाजनक व्यापार संचालन प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए ग्राहकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए डिजिटल व्यापार प्रसंस्करण की पेशकश कर रहा है. आपके बैंक ने लेनदेन निष्पादन को तेज, त्रुटि-मुक्त और निर्बाध बनाने के लिए विभिन्न आईटी पहलकार्य किये हैं. आईडीबीआई गोट्रेड+, एक इंटरनेट-आधारित कारोबार वित्त समाधान, ग्राहकों को 24x7 आधार पर लेनदेन करने की सुविधा प्रदान करता है. बैंक ने स्विफ्ट जीपीआई क्षमताओं को भी अपनाया है, जिससे सीमा पार भुगतान की वास्तविक समय में निगरानी की जा सकती है, जिससे ग्राहकों का अनुभव बेहतर होता है. आपके बैंक ने स्विफ्ट इंडिया के साथ भी साझेदारी की है और एन्क्रिप्शन के साथ उन्नत कतार प्रबंधन के लिए मैसेज क्यू होस्ट एडाप्टर (एमक्यूएचए) को लागू किया है जो घरेलू लेनदेनों के लिए संदेश प्रवाह की मौजूदा सुरक्षा को मजबूत करता है. सभी भुगतान संदेशों के लिए आईएसओ 20022 मानकों के अनुरूप एक्सएमएल आधारित संरचना में एसडब्ल्यूआईएफटी एमटी (संदेश प्रकार) से परिवर्तन ने पारदर्शिता, डेटा क्षमता, सीधे प्रसंस्करण की क्षमता को और बढ़ाया है. आपके बैंक के सभी स्विफ्ट संचालन सख्त सत्यापन और सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत एक केंद्रीकृत स्विफ्ट सेल (सीएससी) के माध्यम से प्रबंधित किए जाते हैं. इसके अलावा, आपके बैंक ने विनियामक और सांविधिक मानदंडों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवहार दिशानिर्देशों के अनुपालन में अन्य उपायों के साथ नीतियां, प्रक्रियाएं, मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी), परिचालन मैनुअल, मजबूत निगरानी तंत्र भी निर्धारित किए हैं.

आपके बैंक ने अपने खुदरा इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल के माध्यम से रिजर्व बैंक की उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत विदेशी बाहरी प्रेषण की ऑनलाइन शुरुआत की सुविधा प्रदान की है, जबकि एक सीमा तक विदेशी आवक प्रेषण को अपने ग्राहकों के खाते में शीघ्र जमा करने के लिए केंद्रीय रूप से संसाधित किया जाता है. अपनी सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए, आपके बैंक के पास एक ऑनलाइन बैंक गारंटी (बीजी) पुष्टिकरण मॉड्यूल है, जो इसके द्वारा जारी बीजी के लाभार्थियों को गारंटी जारी करने की ऑनलाइन पुष्टि प्राप्त करने में सक्षम बनाता है.

आपके बैंक ने चौबीसों घंटे धोखाधड़ी निगरानी के साथ उचित परिचालन और अनुपालन संबंधी अलर्ट प्रणाली लागू की हैं. आपके बैंक ने साइबर धोखाधड़ी जोखिमों को कम करने के अपने प्रयास में भुगतान नियंत्रण प्रणाली और लेनदेन स्क्रीनिंग प्रक्रियाओं के रूप में प्रभावी प्रणाली नियंत्रण तंत्र स्थापित किया है और सीमा पार भुगतान में धन शोधन (एएमएल) निवारण और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) करने से संबध्द मुद्दों के लिए प्रभावी नियंत्रण तंत्र का भी निर्माण किया है. अतिरिक्त नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए, आपके बैंक ने अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कई सिस्टम सत्यापन स्थापित किए हैं. आपका बैंक अंतर्राष्ट्रीय भुगतानों के लिए धन-शोधन निवारण (एएमएल), अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी), आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) करने संबंधी दिशानिर्देशों, मजबूत व्यापार -आधारित धन-शोधन निवारण (टीबीएमएल), रेड-फ्लैगिंग प्रक्रियाओं और अमेरिकी/यूरोपीय संघ प्रतिबंधों की स्क्रीनिंग का पूरी निष्ठा से पालन करता है. आपका बैंक, सिद्धांत के रूप में, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री ब्यूरो (आईएमबी) के माध्यम से मर्चेंट व्यापार में अंतर्राष्ट्रीय कार्गो की आवाजाही को सत्यापित करता है. बैंक विश्वसनीयता सुनिश्चित करने और हितधारकों की रक्षा के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों से कारोबार सूचना रिपोर्ट के माध्यम से विदेशी पार्टियों की साख, मुख्य गतिविधियों और कारोबार के पैमाने और भुगतान गति का भी सत्यापन करता है.

आपके बैंक की बिल वित्त नीति में भारतीय रुपये (आईएनआर) और विदेशी मुद्रा (एफसीवाई), दोनों में वास्तविक व्यापार बिलों की खरीद, छूट और बातचीत शामिल है. आपके बैंक ने उधारकर्ता विशिष्ट व्यक्तिगत कवर से, अधिमानतः ईसीजीसी लिमिटेड के तहत पात्र निर्यात ऋण खातों का कवरेज निर्धारित किया है.

अपनी वैश्विक पहुंच को मजबूत करते हुए, बैंक ने द्विपक्षीय संबंध प्रबंधन अनुप्रयोग (आरएमए) के माध्यम से दुनिया भर में लगभग 561 बैंकों के साथ एक मजबूत प्रतिनिधि बैंकिंग नेटवर्क बनाया है और इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया भर में व्यापार और गैर-व्यापार सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है. बैंक के पास 11 मुद्राओं में सीधे धन भेजने के लिए नोस्ट्रो व्यवस्था है और दुनिया भर में 135 मुद्राओं में धन प्रेषण की सुविधा प्रतिनिधि बैंक व्यवस्था के माध्यम से प्रदान करता है, जिससे दुनिया भर में निर्बाध व्यापार और गैर-व्यापार सेवाएं संभव हो पाती हैं.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) के लिए एक एजेंसी बैंक के रूप में कार्य करता है, जो अपनी शाखाओं और 24x7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों दोनों के लिए प्राप्ति और भुगतान लेनदेन करने के लिए अधिकृत है. केंद्रीय सरकार के करों, जिसमें सभी आयकर, सीमा शुल्क और माल एवं सेवा कर शामिल हैं, के संग्रह के अलावा, आपके बैंक को 14 राज्य सरकारों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से भी प्राप्तियां एकत्र करने का अधिदेश है.

महाराष्ट्र राज्य में, बैंक इलेक्ट्रॉनिक सिक्योर बैंक और ट्रेजरी प्राप्ति (ई-एसबीटीआर) और साधारण प्राप्ति के माध्यम से स्टाम्प शुल्क भी एकत्र करता है. आपका बैंक आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत मुद्रण विभाग के लिए एक मान्यता प्राप्त बैंक है. आपका बैंक भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिकों की बचत योजना (एससीएसएस) और सुकन्या समृद्धि खाता योजना (एसएसए) जैसी लघु बचत योजनाओं की पेशकश करने के लिए अधिकृत है. इसके अलावा, बैंक केंद्रीय नागरिक, रक्षा और रेलवे पेंशन के वितरण के लिए भी अधिकृत है. आपका बैंक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के लिए देय राशि का ऑनलाइन संग्रह करने में सक्षम है.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों की बचत योजना के खाताधारकों के लिए पासबुक सुविधा शुरू की, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को अधिक सुविधा होगी. बैंक ने महाराष्ट्र राज्य सरकार की डिजिटल पहल के तहत करों और भूमि राजस्व के संग्रह के लिए भी एकीकृत किया है, जिसे ई-चावड़ी योजना या आपली चावड़ी के नाम से जाना जाता है, जो विशेष रूप से 7/12 (सातबारा) दस्तावेज और उत्परिवर्तन रिकॉर्ड के लिए गांव-स्तर के भूमि रिकॉर्ड को आधुनिक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया एक डिजीटल प्लेटफॉर्म है. यह प्रणाली नागरिकों को भूमि रिकॉर्ड तक पहुंचने और कृषि भूमि राजस्व (शेट-सारा) और संपत्ति करों का ऑनलाइन भुगतान करने की सुविधा प्रदान करती है, जबकि ऋणदाताओं को ऋण प्रसंस्करण के लिए भूमि दस्तावेजों के आसान सत्यापन से लाभ होता है.

नकदी प्रबंध सेवाएं

आपका बैंक कॉरपोरेट, संस्थानों और सरकारी संस्थाओं को व्यापक, प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान प्रदान करके नकदी प्रबंध सेवाएं (सीएमएस) क्षेत्र में अपनी स्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है. इसका ध्यान अपने ग्राहकों को प्रभावी ढंग से संग्रह का प्रबंधन करने, थोक भुगतान को सुव्यवस्थित करने और सुरक्षित, स्केलेबल और डिजिटल रूप से एकीकृत प्लेटफार्मों के माध्यम से चलनिधि को इष्टतम करने के लिए सशक्त बनाना है.

वर्ष के दौरान, बैंक ने उन्नत प्रौद्योगिकीय सुविधाओं के साथ सीएमएस प्लेटफॉर्म को अपग्रेड करके सीएमएस क्षमताओं को और बढ़ाया. उन्नत प्रणाली ने बेहतर लेनदेन प्रसंस्करण क्षमता, मजबूत सुरक्षा संरचना, बेहतर समाधान सुविधाएँ और बेहतर रिपोर्टिंग उपकरण प्रदान करती है. इन सुधारों का उद्देश्य ग्राहकों को कुशल और निर्बाध नकदी प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना था, साथ ही परिचालन विश्वसनीयता और स्केलेबिलिटी सुनिश्चित करना था.

कॉरपोरेट की बदलती मांगों और बाज़ार की आवश्यकताओं के अनुरूप, बैंक ने विनियामक आवश्यकताओं के अनुरूप रियल एस्टेट डेवलपर्स के लिए अनुपालक और प्रौद्योगिकी-सक्षम परियोजना खाता प्रबंधन समाधान प्रदान करते हुए डिजिटल रेरा और एस्क्रो समाधानों जैसे अभिनव समाधान पेश किए. बैंक ने सुविधा ई-एफडी के लिए मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के साथ भी एकीकृत किया, जिससे डिजिटल चैनलों के माध्यम से बाज़ार प्रतिभागियों द्वारा मार्जिन मनी आवश्यकताओं का कुशल नियोजन संभव हो सका.

इन पहलकार्यों के माध्यम से, बैंक ने अपने उत्पाद समूह का विस्तार कर और ग्राहकों की भागीदारी को गहरा कर प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए अपने सीएमएस फ्रेंचाइजी को मजबूत किया है. यह रणनीतिक दृष्टिकोण बैंक की ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने वाले कुशल, नवीन और भविष्य के लिए तैयार नकदी प्रबंधन समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक ने अपने ट्रेजरी परिचालन को विविध बाज़ार खंडों जैसे मुद्रा बाज़ार, निश्चित आय, विदेशी मुद्रा, डेरिवेटिव और इक्विटी में एकीकृत किया है. आपके बैंक के ट्रेजरी कार्यों में तुलन-पत्र प्रबंधन, चलनिधि प्रबंधन, आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) को बनाए रखना, बाज़ार लिखतों में निवेश और ट्रेडिंग , विदेशी मुद्रा लेनदेन और डेरिवेटिव में सक्रिय भूमिका शामिल है.

आपके बैंक की ट्रेजरी सीआरआर, एसएलआर और अन्य निर्धारित चलनिधि अनुपात जैसे विनियामक आवश्यकता के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए भी उत्तरदायी है. वर्ष के दौरान, बैंक ने सीआरआर, एसएलआर, चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) और नेट स्टेबल फंडिंग रेशियो (एनएसएफआर) को बनाए रखने में निर्धारित विनियामक आवश्यकता का पूरी तरह से अनुपालन किया, जो चलनिधि प्रबंधन के प्रति अपने अनुशासित दृष्टिकोण को रेखांकित करता है.

लगातार आधार पर सक्रिय रूप से चलनिधि का प्रबंधन करने के लिए, बैंक के ट्रेजरी ने चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा (एमएसएफ) और रिज़र्व बैंक की स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) जैसे विभिन्न साधनों के साथ-साथ अन्य बाज़ार लिखतों या प्लेटफॉर्म जैसे ट्राइपार्टी रेपो (टीआरईपीएस), क्लियरकॉर्प रेपो ऑर्डर मैचिंग सिस्टम (सीआरओएमएस) और मांग एवं सूचना पर देय राशि का उपयोग करता है. अधिशेष चलनिधि को विभिन्न अल्पकालिक लिखतों जैसे जमा प्रमाणपत्र, चलनिधि मुद्रा बाज़ार म्यूचुअल निधि तथा मांग, सूचना, सावधि मुद्रा बाज़ारों में ऋण, विदेशी मुद्रा जमा प्लेसमेंट, एसडीएफ आदि में विवेकपूर्ण तरीके से निवेश किया जाता है. आपका बैंक अल्पकालिक से मध्यम अवधि की चलनिधि आवश्यकताओं के अनुरूप सीडी निर्गम और पुनर्वित्त व्यवस्था के माध्यम से भी धन जुटाता है.

आपके बैंक की ट्रेजरी अपने निवेश और ट्रेडिंग प्रयोजनों के लिए सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक), राज्य विकास ऋण (एसडीएल) और ट्रेजरी बिल (टी-बिल) की नीलामी में एक सक्रिय भागीदार बनी हुई है. आपका बैंक खुले बाज़ार के परिचालनों (ओएमओ), स्विच, वापसी खरीद और यूएसडी/आईएनआर स्वैप के माध्यम से रिज़र्व बैंक के उपायों में भी सक्रिय रूप से भाग लेता है.

एक प्राथमिक डीलर (पीडी) के रूप में, आपका बैंक प्राथमिक नीलामी में भारत सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों (जी-सेक) की हामीदारी, बोली प्रतिबद्धता को पूरा करने, जी-सेक के लिए टर्नओवर अनुपात बनाए रखने और टी-बिल नीलामी के लिए सफलता अनुपात का पालन करने सहित सभी विनियामक दायित्वों को पूरा करता है. इसके अलावा, बैंक गिल्ट खाता धारकों (जीएएच) को ग्राहकों की सहायक सामान्य खाताबही (सीएसजीएल) सेवा प्रदान करता है. इसके अलावा, आपका बैंक *'रिज़र्व बैंक रिटेल डायरेक्ट'* सुविधा के तहत खुदरा निवेशकों के लिए द्वितीयक बाज़ार में चलनिधि प्रदान करने के लिए तयशुदा लेनदेन प्रणाली-ओदश मिलान (एनडीएस-ओएम) प्लेटफॉर्म (ऑड-लॉट और कोट के लिए अनुरोध खंड) पर खुदरा निवेशकों को खरीद और बिक्री के भाव प्रदान करके बाज़ार निर्माण भी करता है. आईडीबीआई समृद्धि प्लेटफॉर्म के माध्यम से खुदरा निवेशकों को और सशक्त बनाया गया है, जो जी-सेक में निर्बाध ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए एक वेब आधारित पोर्टल है.

विदेशी विनियम के मोर्चे पर, आपके बैंक का ट्रेजरी सक्रिय विदेशी मुद्रा अंतर-बैंक और डेरिवेटिव डेस्क संचालित करता है, जो ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी विदेशी मुद्रा दरें प्रदान करता है. स्वचालित ट्रेडिंग प्रणाली के माध्यम से घरेलू बैंकों के साथ क्रॉस करेंसी में टू-वे मार्केट मेकिंग/ट्रेडिंग की शुरुआत ने विदेशी मुद्रा कारोबार में आपके बैंक की मात्रा, लाभप्रदता और बाज़ार उपस्थिति को बढ़ाने में सहायता की है. बैंक का डेरिवेटिव डेस्क अनुकूलित ब्याज दरें और विनिमय दर बचाव समाधान प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों को अपने एक्सपोजर को प्रभावी ढंग से प्रबंध करने में मदद मिलती है.

प्रमुख केंद्रों पर रणनीतिक रूप से स्थित ट्रेजरी बिक्री टीम, सभी आकार के कॉरपोरेट के साथ-साथ खुदरा ग्राहकों की सेवा के लिए संबंध प्रबंधकों के साथ मिलकर काम करती है. ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर, टीम मुद्राओं, दरों में उनके एक्सपोजर का प्रभावी ढंग से प्रबंध करने के लिए समाधान प्रदान करती है और साथ ही उन्हें जी-सेक और गैर-एसएलआर बांड जैसे ऋण लिखतों में निवेश समाधान के लिए सलाह देती है. बैंक ने दर कवरिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और विदेशी मुद्रा लेनदेनों को संभालने की दक्षता में सुधार करने के लिए अपने प्रधान कार्यालय में एक केंद्रीकृत विदेशी मुद्रा डेस्क की स्थापना की है.

सीमा पार शाखा

गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में आपके बैंक की अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग इकाई (आईबीयू) ने 6 मई 2016 को अपना परिचालन शुरू किया. कांडला विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के तहत काम करने वाली और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के प्रावधानों और दिशानिर्देशों द्वारा नियंत्रित, आईबीयू ने अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग गतिविधियों में सहायता करने में अपनी भूमिका का लगातार विस्तार किया है. पेशकश के एक व्यापक समूह के अलावा, आईबीयू पात्र खुदरा और कॉरपोरेट ग्राहकों की स्टैंडबाय साख पत्र (एसबीएलसी), विदेशी मुद्रा ऋण और बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) जैसे वित्तपोषण समाधानों पर ध्यान केंद्रित करता है. आपके बैंक की गिफ्ट सिटी शाखा बचत खाता, चालू खाता और आईबीयू सावधि जमा और व्यापार ऋण (खरीदार को ऋण और प्रतिपूर्ति प्राधिकरण (आरए) वित्तपोषण) जैसी जमा सेवाएं भी प्रदान करती है.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक अपने घरेलू और विदेशी मुद्रा उधार, दोनों के लिए क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करता है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रेटिंग कार्रवाई, साथ ही 31 मार्च 2026 को रुपये संसाधनों के लिए वर्तमान रेटिंग निम्नानुसार है:

रुपया उधार के लिए रेटिंग				
रेटिंग प्राप्त लिखत	**क्रिसिल**	**इक्रा**	**इंडिया रेटिंग**	**केयर**
रेटिंग संबंधी कार्रवाई	**अगस्त 2025**	**अगस्त 2025**	**सितंबर 2025**	**सितंबर 2025**
सावधि जमाराशियाँ	क्रिसिल एए+/स्टेबल	[इक्रा] एए/ स्टेबल	इंड एए/ स्टेबल	-
अल्पावधि उधार राशियां (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1+	इंड ए1+	केयर ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड	क्रिसिल एए/स्टेबल	[इक्रा] एए/ स्टेबल	इंड एए / स्टेबल	-
टियर II बांड (बासेल III)	क्रिसिल एए / स्टेबल	[इक्रा]एए/ स्टेबल	इंड एए/ स्टेबल	वापस ली गई

टिप्पणी : विदेशी रेटिंग एजेंसियों यथा एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स (एसएंडपी) और फिच रेटिंग्स (फिच) द्वारा रेटिंग प्राप्त मध्यम अवधि के नोट (एमटीएन) बांडों की 30 नवंबर 2020 को पूरी तरह चुकौती कर दी गई थी. इसलिए, बैंक ने एमटीएन बॉन्ड कार्यक्रम के तहत विभिन्न निर्गमों के लिए 21 मई 2021 को उनके साथ रेटिंग अनुबंध या करारों को समाप्त कर दिया था. तदनुसार, विदेशी मुद्रा उधार के लिए रेटिंग वापस ले ली गई है.

जोखिम प्रबंधन

आपकी बैंक की जोखिम प्रबंधन रणनीति तीन मूलभूत स्तंभों पर आधारित है - पहचान, मापन और निगरानी. जहां पहचान से बैंक को संबंधित जोखिमों का गहन विश्लेषण एवं आकलन करने में मदद करती है, वहीं मापन बैंक को प्रभावी ढंग से जोखिमों का प्रबंधन करने में सशक्त बनाता है. ये प्रक्रियाएं एक साथ मिलकर निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करती हैं और संचालन में विश्वास पैदा करती हैं. उचित सीमाओं और प्रक्रियाओं की रूपरेखा वाला सुव्यवस्थित नीतिगत ढांचा बैंक को अपनी समग्र जोखिम सहनशीलता के भीतर जोखिमों को कम करने और प्रबंध करने में सक्षम बनाता है. व्यापार की गतिशीलता, बैंकिंग नवाचारों, उभरते जोखिम परिदृश्यों और विनियामक परिवर्तनों को दर्शाने के लिए नीतियों को आवधिक आधार पर अद्यतन किया जाता है, जिससे ढांचे को लचीला और प्रतिक्रियाशील रखा जाता है. आपका बैंक अपने सभी वर्टिकलों में जोखिम जागरूकता को समाहित करके और इसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाकर एक मजबूत जोखिम प्रबंधन संस्कृति को बढ़ावा देना जारी रखता है. जहां बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) समग्र जोखिम प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है, वहीं दिन-प्रतिदिन की गतिविधियां जोखिम अभिशासन संरचना के आधार पर विभिन्न स्तरों

पर आयोजित की जाती हैं. विनियामक आवश्यकताओं और विकसित हो रही सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप जोखिम प्रबंधन प्रणालियों और प्रक्रियाओं को लगातार उन्नत किया जाता है.

अधिक मजबूत और प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत जोखिम प्रबंधन प्रणाली बनाने के लिए, आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन संरचना (आईआरएमए) को लागू किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान अर्थात ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉड्यूल (आईकॉन), पूंजी मूल्यांकन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकनकर्ता (कोर) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण और परिचालन जोखिमों की पहचान करने और मापने में मदद करता है, जिससे उपयुक्त जोखिम प्रबंधन रणनीतियां तैयार करना आसान हो जाता है. इसके अलावा, बैंक ने आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम), निधि अंतरण मूल्य-निर्धारण (एफटीपी), लाभप्रदता प्रबंधन और चलनिधि जोखिम प्रबंधन में सहायता के लिए एक व्यापक वित्तीय विश्लेषणात्मक एप्लिकेशन स्थापित किया है. ये सभी प्रणालियां जोखिमों और वित्तीय प्रदर्शन का एक समग्र दृश्य प्रदान करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि बैंक लचीला बना रहे, अनुपालक और विकसित हो रहे जोखिम परिदृश्य से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार है.

जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाएं

बैंक अपनी जोखिम समीक्षा प्रक्रिया को नीतियों और स्थापित प्रथाओं के एक व्यापक सेट के माध्यम से दस्तावेजीकृत करता है, जो सभी परिचालनों और पोर्टफोलियो में जोखिमों का मूल्यांकन और प्रबंधन करने में पारदर्शिता, जवाबदेही और निरंतरता सुनिश्चित करता है. एक सुव्यवस्थित नीतिगत ढांचा कई स्तरों पर जोखिम प्रबंध प्रक्रियाओं को एकीकृत करता है. विनियामक आवश्यकता के अनुरूप, बैंक ने रिज़र्व बैंक द्वारा प्रस्तावित परिचालन जोखिम पूंजी आवश्यकताओं के आकलन के लिए एक मजबूत ढांचा शुरू किया है. इसमें विभिन्न कारोबारी खंडों में प्रमुख जोखिम संकेतकों (केआरआई) और जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) ढांचे का एक व्यापक कार्यान्वयन शामिल है, जिससे जोखिम संस्कृति को मजबूत किया जा सके और प्रभावी नियंत्रण तंत्र स्थापित किया जा सके. बाज़ार जोखिम के लिए, आपका बैंक निर्धारित मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित कर, जोखिम मूल्यांकन के लिए एक विवेकपूर्ण और संरचित दृष्टिकोण बनाए रखते हुए, विनियामक पूंजी आवश्यकताओं की गणना करने के लिए मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) अपनाता है.

बासेल मानदंडों का कार्यान्वयन

बासेल-III ढांचे के तहत रिज़र्व बैंक के पिलर 1 दिशानिर्देशों के अनुपालन में, आपका बैंक मासिक आधार पर ऋण, बाज़ार और परिचालन जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. भारत में बैंकों को 2.50% का पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाए रखने का भी आदेश दिया गया है. आपका बैंक मासिक आधार पर जोखिम (भारित) आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) के घटबढ़ पर भी गहनता से नजर रखता है. 31 मार्च 2026 को आपके बैंक का कुल पूंजी + सीसीबी अनुपात 26.65% था जबकि विनियामक आवश्यकता 11.50% थी. इसी तरह, आपके बैंक का सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी1) + सीसीबी अनुपात 25.56% था, जबकि विनियामक आवश्यकता 8.00% थी. 31 मार्च, 2026 को आपके बैंक का टियर 1 + सीसीबी अनुपात 25.56% था, जबकि विनियामक आवश्यकता 9.50% थी. 31 मार्च 2026 को आपके बैंक का लीवरेज अनुपात 10.51% था जो 3.50% की न्यूनतम विनियामक आवश्यकता से काफी अधिक था.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर 2 मानदंडों के अनुरूप आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) के बारे में बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति है. यह नीति आपके बैंक को पिलर 1 के तहत पर्याप्त रूप से शामिल न की गई जोखिमों का आंतरिक मूल्यांकन और मात्रा निर्धारित करने में सक्षम बनाती है, वहीं सामान्य और दवाबग्रस्त परिस्थितियों में जोखिमों के प्रबंधन और कम करने के लिए उचित रणनीतियां तैयार करने में सहायक है. आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक दवाब परीक्षण ढांचा भी स्थापित किया है. आईसीएएपी के पूरक के रूप में, बैंक ने रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक दवाब परीक्षण ढांचा स्थापित किया है. यह ढांचा असाधारण लेकिन संभावित घटनाओं या परिदृश्यों के तहत प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए उचित सक्रिय रणनीतियां तैयार करने की सुविधा प्रदान करता है. दबाव परीक्षण ढांचे में परिदृश्य विश्लेषण, बहुकारक संवेदनशीलता विश्लेषण और रिवर्स दबाव परीक्षण भी शामिल है. परिदृश्य विश्लेषण सकल एनपीए में और वृद्धि, अनर्जक आस्तियों (एनपीए) और तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गये(टीडब्ल्यूओ) खातों में गैर-निधि सुविधाओं के क्रिस्टलीकरण और बैंक की पूंजी एवं लाभप्रदता पर गैर-चलनिधि प्रतिभूतियों के प्रभाव की जांच करता है. दबाव के स्तर का पता लगाने के लिए बैंक रिवर्स दबाव परीक्षण के तंत्र का उपयोग करता है जो इसे पूर्व निर्धारित न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए इसकी पूंजी और लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है.

आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के तहत पिलर 3 आवश्यकताओं के अनुसार एक प्रकटीकरण नीति अपनाई है, जिसके तहत त्रैमासिक प्रकटीकरण अपनी वेबसाइट पर होस्ट किए जाते हैं, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही को बल मिलता है. आपके बैंक ने अपनी प्रतिष्ठा और संबंधित परिणामों के लिए जोखिमों की सक्रिय रूप से पहचान करने के लिए एक प्रतिष्ठा जोखिम मूल्यांकन और प्रबंधन नीति भी बनाई है, साथ ही उन्हें रोकने के उपाय भी किए हैं. आपके बैंक ने समूह स्तर पर समग्र जोखिम प्रोफाइल की निगरानी और उसे कम करने के लिए समूह जोखिम मूल्यांकन नीति भी लागू की है.

पूंजी प्रभार की गणना के लिए, आपका बैंक ऋण जोखिम के तहत मानकीकृत दृष्टिकोण का पालन करता है. आपका बैंक परिचालन जोखिम के लिए विनियामक पूंजी प्रभार की गणना के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का पालन करता है. आपका बैंक रिज़र्व बैंक द्वारा प्रस्तावित परिचालन जोखिम पूंजी आवश्यकता के आकलन के लिए नए मानकीकृत दृष्टिकोण को लागू करने के लिए भी तैयार है, जो बदलते नियामक ढांचे के अनुरूप ढालने की इसकी तैयारी को दर्शाता है.

ऋण जोखिम

बैंक ने जोखिम मूल्यांकन को मजबूत करने और विवेकपूर्ण ऋण प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली स्थापित की

है. इस ढांचे के केंद्र में ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉडल (आईकॉन) जैसे उन्नत उपकरण हैं, जो प्रस्तावों की आंतरिक क्रेडिट रेटिंग की सुविधा प्रदान करते हैं और पूंजी मूल्यांकन मॉडल (सीएएम), पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन को स्वचालित करता है. बैंक की ऋण नीति की समय-समय पर बदलते कारोबारी उद्देश्यों और आर्थिक वातावरण के अनुरूप समीक्षा की जाती है और यह कारोबारी वर्टिकलों के लिए मार्गदर्शक उपकरण का काम करती है. बोर्ड द्वारा अनुमोदित संरचना के अनुसार, ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), *अन्य बातों के साथ-साथ*, ऋण नीति की रणनीतियों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करती है और बैंक-व्यापी आधार पर ऋण जोखिम की निगरानी करती है. आपका बैंक उधारकर्ताओं के ऋण जोखिम मूल्यांकन के लिए आईकॉन (इंटेलिजेंट क्रेडिट ओरिजिनेशन सिस्टम) एप्लिकेशन का उपयोग करता है. अत्याधुनिक तकनीक पर निर्मित आईकॉन एप्लिकेशन लचीलापन और दक्षता प्रदान करता है, जिससे सुचारू आंतरिक रेटिंग प्रक्रिया और सूचित ऋण निर्णय लेने में सहायता मिलती है.

इसके अलावा, आपके बैंक ने बैंक के मॉडल जोखिम के प्रबंधन के लिए अपने मॉडल जोखिम प्रबंधन ढांचे (एमआरएमएफ) को नया रूप दिया है. भारतीय विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप विकसित और वैश्विक विनियामक प्रथाओं के साथ बेंचमार्क किया गया एमआरएमएफ, मॉडल प्रबंधन के पूरे जीवनचक्र को कवर करने वाली एक व्यापक संरचना प्रदान करता है. यह सुनिश्चित करता है कि मॉडल जोखिमों की व्यवस्थित रूप से पहचान, आकलन कर उन्हें कम किया जाता हैं, जिससे मजबूत जोखिम प्रबंधन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को बल मिलता है.

अपेक्षित ऋण हानि ढांचा

बैंक, उद्योग में एक अग्रणी संस्था से प्राप्त अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) गणना के लिए सबसे उन्नत अनुप्रयोगों में से एक को लागू करने के अंतिम चरण में है. यह समाधान बैंक को 1 अप्रैल 2027 से प्रभावी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार ईसीएल की गणना करने में सक्षम करेगा. कार्यान्वयन का उद्देश्य डेटा प्रसंस्करण क्षमताओं को मजबूत करना, जटिल गणनाओं को स्वचालित करना और मैनुअल, स्प्रेडशीट-आधारित पद्धतियों पर निर्भरता को कम करना है. इस प्रकार बैंक आगामी ईसीएल दिशानिर्देशों के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो मजबूत जोखिम प्रबंधन मानकों के लिए इसकी तैयारी और प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है.

बाज़ार जोखिम

आपके बैंक में बाज़ार जोखिम प्रबंधन सुव्यवस्थित नीतियों पर आधारित है, जिसमें बाज़ार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति और निवेश नीति शामिल हैं, जो समग्र जोखिम सहनशीलता और अभिशासन ढाचे को निर्धारित करती है. ये नीतियां बाज़ार जोखिमों की पहचान, मापन, निगरानी और रिपोर्टिंग पर स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करती हैं, जो समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्थापित उद्भवन तंत्र द्वारा समर्थित हैं.

इस ढांचे की प्रभावशीलता एकीकृत ट्रेजरी प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) के कार्यान्वयन से और बढ़ जाती है, जो ट्रेजरी की सभी गतिविधियों में जोखिमों की करीबी से निगरानी और वास्तविक समय पर निगरानी को सक्षम बनाता है. जोखिम सीमाओं और परिचालन प्रक्रियाओं की ट्रेजरी मिड ऑफिस द्वारा स्वतंत्र रूप से निगरानी की जाती है, जो सौदा और निपटान कार्यों, दोनों से अलग काम करता है, जिससे मजबूत आंतरिक नियंत्रण और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है.

ट्रेडिंग गतिविधियाँ स्वीकृत सीमाओं के भीतर संचालित की जाती हैं तथा पोर्टफोलियो और व्यक्तिगत डीलर स्तर पर नियमित रूप से उनकी निगरानी की जाती है. गैर सांविधिक चलनिधि अनुपात (एनएसएलआर) बॉन्ड में निवेश का मूल्यांकन एक आंतरिक रूप से विकसित रेटिंग-आधारित ढाँचे के माध्यम से किया जाता है, जिससे एक सुविविधीकृत एवं विवेकपूर्ण निवेश पोर्टफोलियो के निर्माण को सुनिश्चित किया जाता है.

बैंक बाज़ार जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न संकेतकों का उपयोग करता है, जिनमें एक्सपोज़र सीमाएँ, ब्याज दर संवेदनशीलता उपाय तथा अंतर्दिवसीय एवं एक दिवसीय स्थिति नियंत्रण शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, प्रतिकूल बाज़ार परिस्थितियों के संभावित प्रभाव का आकलन करने तथा चुनौतीपूर्ण बाज़ार परिस्थितियों में बैंक की सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए वैल्यू एट रिस्क (वीएआर) तथा आवधिक दबाव परीक्षण जैसी उन्नत जोखिम मापन तकनीकों का उपयोग किया जाता है.

चलनिधि प्रबंधन

बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम)नीति में किए गए उल्लेख के अनुसार सुसंगठित चलनिधि जोखिम प्रबंध ढाँचा है. बैंक की आस्ति देयता प्रबंध समिति (एलको) कारोबार रणनीति के अनुरूप चलनिधि और ब्याज दर जोखिम की निगरानी और प्रबंध करती है. बैंक सक्रिय निगरानी और विवेकपूर्ण तुलनपत्र प्रबंधन रणनीतियों के माध्यम से निरंतर कुशल और प्रभावी चलनिधि प्रबंधन सुनिश्चित करता है. चलनिधि विश्लेषण और प्रबंध सहित आस्ति-देयता प्रबंध (एएलएम) कार्यकलाप कार्यात्मक क्षेत्रों जैसे वित्त एवं लेखा, ट्रेजरी फ्रंट कार्यालय और बजट एवं आयोजना में आस्ति देयता प्रबंध समिति (एल्को) के सहयोग समूहों के बीच समन्वय से संपन्न किए जाते हैं. आस्ति देयता प्रबंध समिति (एल्को) के निर्देश तथा आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति को संबंधित कारोबारी समूहों और वर्टिकलों द्वारा पूरी निष्ठा से कार्यान्वित किया जाता है जिससे चलनिधि प्रबंधन प्रथाओं में एकरूपता एवं अनुशासन सुनिश्चित होता है.

विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) और निवल स्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफ़आर) की गणना और निगरानी सतत आधार पर करता है. 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही में बैंक का औसत चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) 122.25% रहा और 31 मार्च 2026 को निवल स्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफ़आर) 118.58%.था.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा (ओआरएमएफ) है, इसकी एक संगठनात्मक व्यवस्था है जिसमें निदेशक मंडल, बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी), जोखिम प्रबंधन विभाग में परिचालन जोखिम प्रबंधन (ओआरएम) अनुभाग तथा विभिन्न कार्यों और विभागों के नोडल

अधिकारी शामिल हैं. परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया बोर्ड अनुमोदित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निर्देशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े परिचालनगत जोखिमों की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है. आपके बैंक में विभिन्न कारोबारी कार्यकलापों और परिचालनों में अंतर्निहित जोखिमों को कम करने के लिए सशक्त आंतरिक प्रणालियाँ और प्रक्रियाएं हैं. मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) तथा जोखिम नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) अभ्यासों के ज़रिए परिचालनगत जोखिमों का प्रबंध किया जाता है और इस संबंध में हुई प्रगति से परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) और बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) को आवधिक रूप से अवगत कराता है. पूरे बैंक से परिचालनगत जोखिम हानि की घटनाओं को समेकित किया जाता है और मूल कारणों के विश्लेषण के साथ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) को प्रस्तुत किया जाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सुधारात्मक उपाय प्रक्रियाओं में अंतर्निहित हैं.

लचीलेपन को और सुदृढ़ करने के लिए, आपका बैंक अर्जन और पूंजी पर दबावग्रस्त परिचालनगत जोखिम संबंधी हानियों के प्रभाव के अध्ययन के लिए तिमाही आधार पर दबाव परीक्षण करता है. इन उपायों के साथ परिचालनगत जोखिम के लिए बोर्ड अनुमोदित जोखिम वहन सीमा में किसी उल्लंघन का मापन और रिपोर्टिंग भी की जाती है. वर्तमान में, बैंक ने परिचालनगत जोखिम विनियामकीय पूंजी और जोखिम भारित आस्तियों की गणना के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) को अपनाया है. साथ ही, बैंक रिज़र्व बैंक द्वारा प्रस्तावित बासेल III के मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत परिचालन जोखिम हेतु विनियामक पूंजी गणना प्रणाली को अपनाने के लिए पूर्णतः तैयार है, जो वर्तमान में लागू बीआईए का स्थान लेगी.

आपके बैंक के पास अन्य पक्ष आउटसोर्सिंग जोखिम के प्रबंधन हेतु एक व्यापक अभिशासन ढांचा भी विद्यमान है. बैंक ने अन्य पक्ष जोखिम प्रबंधन हेतु बोर्ड अनुमोदित नीति स्थापित की है तथा अन्य पक्ष विक्रेताओं से जुड़े जोखिमों की पहचान, आकलन, मापन एवं निगरानी के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया है, ताकि आउटसोर्सिंग व्यवस्थाएँ सुरक्षित, पारदर्शी तथा विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुरूप बनी रहें.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन

आपके बैंक के पास कारोबारी व्यवधानों को कम करने तथा जीवन-घातक घटनाओं का मुकाबला करने के लिए सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम)प्रक्रिया है. इस प्रक्रिया की मजबूती बैंक को कारोबार निरंतरता प्रबंधन के बैंक व्यापी कवरेज के लिए आईएसओ 22301:2019 प्रमाणन प्राप्त होने से स्पष्ट होती है. मूल रूप से, बैंक ने कोर तथा सहायक, दोनों कार्यों के लिए एक सुव्यवस्थित कारोबार निरंतरता योजना बनाई है, जिससे किसी भी अप्रत्याशित व्यवधान अथवा आपदा की स्थिति में भी ग्राहकों को निर्बाध सेवाएँ सुनिश्चित की जा सकें. इसके पूरक रूप में, अपने प्रमुख प्रतिष्ठानों के लिए एक व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) लागू की है, जिसका उद्देश्य आपदा की स्थिति में मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा महत्वपूर्ण आस्तियों को होने वाले नुकसान को न्यूनतम करना है. कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) एवं आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) की मजबूती का आवधिक रूप से परीक्षण बीसीपी परीक्षण अभ्यासों, आपदा रिकवरी कार्यकलापों, जिसमें समग्र ड्रिल तथा मॉक एवाक्युएशन ड्रिल्स शामिल है, के माध्यम से किया जाता है, ताकि हमेशा तैयारी सुनिश्चित की जा सके. बैंक की बीसीएम प्रणाली को एकीकृत आपदा एवं व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (आई-डैब) के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ किया गया है. यह एक स्वचालित घटना रिपोर्टिंग उपकरण है, जो महत्वपूर्ण सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने में सक्षम बनाता है. इसके अतिरिक्त, बैंक ने मोबाइल-आधारित एप्लिकेशन अर्थात् आयन बीसीपी भी विकसित किया है, जो बाधित शाखाओं को कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) को त्वरित रूप से सक्रिय करने और सहज रूप से निष्पादित करने में सक्षम बनाता है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने साइबर खतरों से बचाव करने तथा विनियामकीय मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सशक्त करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. आपके बैंक ने बैंक की सुरक्षा प्रणालियों की उच्च उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नवी मुंबई स्थित अपने डेटा केंद्र(डीसी) और चेन्नई स्थित आपदा रिकवरी (डीआर) साइट पर एक अत्याधुनिक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की है. यह 24X7 कार्यरत रहने वाला एसओसी, बैंक के ग्राहकों को सुरक्षित एवं संरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के उद्देश्य को पूरा करने के साथ-साथ साइबर खतरों से निपटने के लिए और बैंक की सूचना सुरक्षा नीति और साइबर सुरक्षा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक केन्द्रीय कमांड केंद्र के रूप में कार्य करता है. इसके अलावा, एसओसी के माध्यम से आपका बैंक केंद्रीकृत रूप से सुरक्षा बुनियादी संरचना जैसे फायरवाल्स, राऊटर्स, इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) डिवाइस/ इंट्रूज़न प्रिवेंशन सिस्टम (आईपीएस)डिवाइस, विशेषाधिकारकृत पहचान प्रबंध (पीआईएम), एंटीवायरस, फिशिंग/ मालवेयर प्रयासों का पता लगाने आदि की निगरानी करता है और समय पर सुधारात्मक कार्रवाई करता है.

आपका बैंक सुरक्षा कमजोरियों की सक्रिय रूप से पहचान और निवारण करने के लिए इंटरनेट से जुड़े सभी एप्लीकेशनों अर्थात् फिनेकल ई-बैंकिंग एप्लीकेशन (एफ़ईबीए), मोबाइल बैंकिंग, मेल मैसेजिंग आदि की नियमित रूप से भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) करता है. आपके बैंक ने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों के संबंध में रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामक सिफ़ारिशों तथा बैंकों के लिए रिज़र्व बैंक के साइबर सुरक्षा ढांचे को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है. आपके बैंक ने दिशानिर्देशों में अनुशंसित रूप में उपयुक्त संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है जिसमें मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ), जो बैंक के मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) को रिपोर्ट करते हैं, के नेतृत्व में एक अनन्य सूचना सुरक्षा समूह का गठन शामिल है. इन संरचनाओं के पूरक के रूप में सूचना सुरक्षा नीति (आईएसपी), साइबर सुरक्षा नीति (सीएसपी) और साइबर संकट प्रबंधन योजना (सीसीएमपी) जैसी विशिष्ट नीतियां हैं, जो साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का समाधान करने के लिए प्रबंधन के इरादे तथा दिशा को स्पष्ट करती हैं.

आपका बैंक नियमित रूप से विभिन्न प्रकार के सुरक्षा उल्लंघनों से निपटने के तैयारी अभ्यास, टेबल टॉप अभ्यास और फिशिंग सिमुलेशन अभ्यास आयोजित करता है और उनमें भाग लेता ताकि अपनी सूचना सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की जांच और उसे बनाए रखा जाये. बैंक में नए भर्ती कर्मचारियों के लिए परिचय कार्यक्रम में सूचना सुरक्षा जागरूकता को एक अनिवार्य सत्र के रूप में शामिल किया गया है जबकि वरिष्ठ प्रबंधन ने बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) में आयोजित आईटी जोखिम प्रबंध कार्यक्रम में सहभागिता की. जागरूकता पहलकार्य को ग्राहकों तक भी पहुंचाया गया है जिसमें सुरक्षा उल्लंघन के प्रयासों को कम करने और विफल करने के लिए मेल, एसएमएस, एटीएम और पोस्टरों के जरिए सुरक्षा सावधानियों के बारे में सूचित किया जाता है.

बैंक की आईटी की बुनियादी संरचना और प्रणालियों को पेरिमीटर और एंड-पॉइंट सुरक्षा समाधान शामिल कर एक सशक्त सूचना सुरक्षा फ्रेमवर्क के द्वारा सुरक्षित किया गया है. आपके बैंक का डेटा सेंटर (डीसी), आपदा रिकवरी केंद्र (डीआर) तथा नजदीकी डीआर केंद्र (एनडीआर) नवीनतम आईएसओ/आईईसी 27001:2022 सूचना सुरक्षा मानकों के अंतर्गत प्रमाणित हैं. बैंक का नजदीकी डीआर महत्वपूर्ण लेनदेन प्रणालियों के लिए शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करता है. बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति (आईएसएससी) सूचना प्रणालियों में आईटी जोखिम को कम करने के लिए निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान करती है तथा भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) और ऐप्लकेशन सिक्योरिटी टेस्टिंग (एपसेक) प्रक्रिया के माध्यम से पहचानी गई टिप्पणियों की स्थिति पर दिशानिर्देश जारी करती है. साइबर सुरक्षा की स्थिति, विभिन्न सुरक्षा घटनाएं और नीतियां आवश्यक निर्देशों के लिए बोर्ड की आईटी रणनीति समिति (आईटीएससीबी) के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं. आईटीएससीबी द्वारा समीक्षा की गई नीतियों को अनुमोदन के लिए बोर्ड को अनुशंसित किया जाता है.

अपनी भुगतान प्रणालियों की महता को पहचानते हुए बैंक की भुगतान बुनियादी संरचना को आईटी अधिनियम की धारा 70 ए के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी संरचना संरक्षण केन्द्र (एनसीआईआईपीसी) द्वारा महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी संरचना (सीआईआई) निर्दिष्ट किया गया है. एमईआईटीवाई से प्राप्त निर्देशों के आधार पर बैंक ने संरक्षित प्रणालियों के लिए समर्पित सूचना सुरक्षा संचालन समिति (आईएसएससी-पीएस) गठित की है जो बैंक की निर्दिष्ट संरक्षित प्रणालियों की केन्द्रित निगरानी करती है जिससे निरंतर निगरानी, बेहतर अभिशासन और उसकी साइबर सुरक्षा स्थिति को सुदृढ़ किया जा सके. आईएसएससी-पीएस विशेषकर इन महत्वपूर्ण प्रणालियों से संबंधित जोखिमों, नियंत्रणों और सुदृढ़ करने के उपायों की समीक्षा करती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि बैंक का सुरक्षा ढांचा मजबूत, अनुपालक और विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप बना रहे.

कम संभावना किन्तु उच्च प्रभाव वाले साइबर जोखिमों का समाधान करने हेतु, आपके बैंक ने एक व्यापक साइबर जोखिम बीमा पॉलिसी ली है, जो साइबर हमलों से उत्पन्न संभावित वित्तीय हानियों के विरुद्ध संरक्षण प्रदान करती है, जिसमें वे अवशिष्ट जोखिम भी शामिल हैं जो सुदृढ़ सुरक्षा नियंत्रणों के बावजूद बनी रह सकती हैं. बैंक ने ग्राहक डेटा की सुरक्षा करने, बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाने के लिए उन्नत सुरक्षा समाधान जैसे विशेषाधिकार प्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन, नेक्स्ट-जेनरेशन - फायरवाल समाधान, एंटीवायरस, पैच प्रबंधन समाधान, सक्रिय डायरेक्टरी, वेब एवं मेल गेटवे, डेटा लीकेज प्रिवेंशन (डीएलपी) समाधान, एंटी-एडवांस्ड परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी), नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएसी), वेब-एप्लिकेशन फायरवाल (डब्ल्यूएएफ), एक्स्टेंडेड डिटेक्शन एंड रेस्पोंस (एक्सडीआर), यूजर एंटिटी एंड बिहेवियर एनालिसिस (यूईबीए), आइडेंटिटी एंड एक्सेस मैनेजमेंट (आईडीएएम) आदि तैनात किये हैं. आपके बैंक ने क्लाउड सुरक्षा नियंत्रणों को सुदृढ़ कर तथा सभी महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सुरक्षित रिमोट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने हेतु ज़ीरो ट्रस्ट नेटवर्क एक्सेस (जेडटीएनए) को अपनाकर अपनी बुनियादी संरचना को और सशक्त बनाया है.

इन प्रयासों को बाहरी स्तर पर भी मान्यता प्राप्त हुई है, जो एक सुदृढ़, प्रौद्योगिकी-संचालित सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में बैंक के नेतृत्व को रेखांकित करते हैं.

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

आपके बैंक ने धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समूह (एफआरएमजी) की स्थापना के माध्यम से धोखाधड़ी जोखम की निगरानी के लिए एक सुदृढ़ और एकीकृत ढांचा स्थापित किया है जो धोखाधड़ी निगरानी, धोखाधड़ी जांच, विनियामक रिपोर्टिंग और उद्यम-व्यापी धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएमएस) जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को समाहित करने वाली एक समग्र संरचना के रूप में कार्य करता है. यह केन्द्रीय ढांचा पूरे बैंक में धोखाधड़ी जोखिमों की पहचान, प्रबंध और रोकथाम के लिए एक समन्वित और सक्रिय दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है.

धोखाधड़ी निगरानी एवं जांच टीम विनियामकीय निर्देशों तथा बैंक की आंतरिक नीतियों के अनुसार धोखाधड़ी के मामलों की जांच, वर्गीकरण और रिपोर्टिंग के लिए नोडल प्राधिकारी के रूप में कार्य करती है. समय पर एवं सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ, टीम एक जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचाव हेतु सुधारात्मक एवं निवारक उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी करती है. आंतरिक नियंत्रणों को सुदृढ़ करने तथा विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, बैंक नियमित रूप से आंतरिक परामर्श सूचनाएँ एवं परिपत्र जारी करता है, जिनका उद्देश्य नियंत्रण तंत्रों को मजबूत करना, लक्षित सुधारात्मक उपायों को लागू करना तथा रिज़र्व बैंक को धोखाधड़ी मामलों की त्वरित एवं सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना है.

बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन (एफआरएम) नीति बैंक के धोखाधड़ी अभिशासन ढांचे की आधारशिला है. यह नीति धोखाधड़ी घटनाओं की निगरानी, पता लगाने, रोकथाम, रिपोर्टिंग तथा व्यवस्थित अनुवर्ती कार्रवाई से संबंधित व्यापक दिशानिर्देश प्रदान करती है.

वर्ष के दौरान बैंक ने बैंक स्तरीय केंद्रीय भुगतान धोखाधड़ी सूचना रजिस्ट्री (सीपीएफ़आईआर) के कार्यान्वयन के माध्यम से अपनी अभिशासन एवं रिपोर्टिंग क्षमताओं को अधिक सुदृढ़ किया है. यह प्रणाली धोखाधड़ी के प्रयास, संदिग्ध, विवादित तथा वास्तविक धोखाधड़ी लेनदेनों की समय पर एवं सुव्यवस्थित विनियामक रिपोर्टिंग को सक्षम बनाती है, जिससे बैंक की समग्र धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन संरचना अधिक सशक्त होती है.

उद्यमवार धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली (ईएफआरएमएस) टीम बैंक के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उभरते खतरों से अपने ग्राहकों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. यह टीम विभिन्न डिजिटल बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्मों एवं एप्लिकेशनों में संदिग्ध लेनदेनों की जोखिम आधारित निगरानी के माध्यम से इन उद्देश्यों की पूर्ति करती है. उन्नत पहचान नियमों और पूर्वानुमानित विश्लेषणात्मक मॉडलों का उपयोग करते हुए, यह प्रणाली 24 घंटे निगरानी प्रदान करती है जिससे उभरते जोखिमों की सक्रिय पहचान और रोकथाम संभव हो पाती है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने उभरते डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी के पैटर्न के आधार पर नए पहचान नियमों को प्रगतिशील रूप से लागू कर अपनी सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ किया है. इसके अलावा, बैंक अपने ग्राहकों को जागरूकता अभियानों के माध्यम से लक्षित ईमेल संचार एवं सोशल मीडिया पर जागरूकता पोस्ट तथा अन्य संचार चैनलों के माध्यम से समय पर जानकारी प्रासारित कर नए धोखाधड़ी पैटर्न और एहतियाती उपायों द्वारा निरंतर शिक्षित कर रहा है. इन संयुक्त पहलकार्यों से ग्राहकों को अधिक विश्वास के साथ लेनदेन करने की शक्ति मिलती है जिससे एक अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित डिजिटल भुगतान परिवेश को बढ़ावा मिलता है.

परोक्ष निगरानी प्रणाली

आपके बैंक के पास फिनेकल में दिन-प्रतिदिन के कार्यों से उत्पन्न त्रुटियों और चूकों का पता लगाने तथा निगरानी एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए अलर्ट उत्पन्न करने हेतु परोक्ष निगरानी प्रणाली (ओएमएस) साधन मौजूद है. ओएमएस नियम उन अपवादों की पहचान करते हैं जिनसे बैंक को विनियामक, वित्तीय और परिचालन जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है. बदलते दिशानिर्देशों के अनुरूप ओएमएस अलर्ट को बंद करने के लिए मौजूदा नियमों और टर्नअराउंड समय को वार्षिक आधार पर पुनःसमायोजित किया जाता है.

जलवायु जोखिम प्रबंधन

बैंक जलवायु संबंधी कारकों के अपने पोर्टफोलियो पर पड़ने वाले प्रभावों का व्यवस्थित मूल्यांकन कर, जलवायु जोखिम संबंधी विचारों को अपनी व्यापक जोखिम प्रबंधन संरचना में निरंतर शामिल कर रहा है. इस दृष्टिकोण के अंतर्गत प्रमुख क्षेत्रों में संभावित एक्सपोज़र की पहचान करता है, जलवायु-प्रेरित प्रभावों के प्रति संवेदनशीलता का विश्लेषण करता है तथा पोर्टफोलियो की निरंतर निगरानी बनाए रखता है.

वर्ष के दौरान बैंक ने पूर्व चक्र में तैयार किए गए आधार पर आगे बढ़ते हुए जलवायु संबंधी जोखिमों की अपनी समझ को और अधिक सुदृढ़ किया. पिछले वर्ष फंड आधारित औद्योगिक पोर्टफोलियो के एक चयनित हिस्से के लिए पार्टनरशिप फॉर कार्बन अकाउंटिंग फाइनेंसियल्स (पीसीएएफ) कार्यप्रणाली के अनुरूप किए गए वित्तपोषित उत्सर्जनों के आकलन से कार्बन तीव्रता तथा संक्रमण संबंधी कमजोरियों के संबंध में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई. इन जानकारियों के आधार पर, बैंक अपने व्यापक उधार पोर्टफोलियो में जलवायु जोखिम के अधिक व्यापक मूल्यांकन की दिशा में आगे बढ़ रहा है. इस प्रयास के तहत बैंक पूरे पोर्टफोलियो के लिए वित्तपोषित उत्सर्जन की गणना करने, चुनिंदा खंडों के लिए जलवायु संबंध दबाव परीक्षण शुरू करने और कॉरपोरेट पोर्टफोलियों के भीतर भौतिक और संक्रमणकालीन, दोनों जोखिमों का विश्लेषण करने पर विचार कर रहा है. इन पहलकार्यों पर वर्तमान में सक्रिय रूप से विचार-विमर्श किया जा रहा है तथा सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ तालमेल सुनिश्चित करने के लिए इनके दायरे और कार्यप्रणाली को परिष्कृत किया जा रहा है.

भविष्य में, बैंक आंतरिक हितधारकों के साथ सक्रिय सहयोग के माध्यम से अपने एकीकृत जोखिम प्रबंधन ढांचे (आरएमएफ़) के अंतर्गत ईएसजी संबंधी विचारों के एकीकरण को और अधिक गहन बनाने का इरादा रखता है. यह सुदृढ़ीकृत ढांचा ईएसजी जोखिमों की अधिक संरचित पहचान एवं प्रबंधन को सक्षम बनाएगा, जिससे बेहतर लचीलापन तथा पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा. अपनी संधारणीयता संबंधी प्रतिबद्धताओं के अनुरूप, बैंक की ऋण नीति पर्यावरण के लिए हानिकारक प्रथाओं से जुड़ी वित्तपोषण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाती है, जिसमें ओज़ोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों से संबंधित उद्योग शामिल हैं. इन प्रयासों के पूरक रूप में, बैंक ने पर्यावरण की दृष्टि से किऊ क्षेत्रों की ओर वित्तीय प्रवाह को प्रोत्साहित करने हेतु बोर्ड अनुमोदित ग्रीन डिपोजिट नीति तथा एक समर्पित वित्तपोषण ढांचा स्थापित किया है.

आपका बैंक सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं, आवासीय सौर संस्थापन तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे नवीकरणीय एवं स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों को निरंतर वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है. बैंक के आंतरिक रेटिंग मॉडलों में पर्यावरणीय विचारों को शामिल किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि उधारकर्ताओं के ऋण मूल्यांकन में जलवायु संबंधी जोखिम एक अभिन्न अंग के रूप में शामिल है. इसके अतिरिक्त, बैंक की आईसीएएपी नीति जलवायु जोखिम के निरंतर मूल्यांकन की आवश्यकता को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मानती है, जो संधारणीयता एवं लचीलेपन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.

उभरते जोखिम

बैंक उन उभरते जोखिमों के व्यापक दायरे की पहचान एवं निगरानी करना जारी रखता है, जो इसके परिचालन, वित्तीय प्रदर्शन तथा दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों को प्रभावित कर सकती हैं. सर्वाधिक आवश्यक चुनौतियों में अन्य के साथ-साथ जलवायु-संबंधी जोखिमें, उभरती साइबर सुरक्षा चुनौतियां, बदलते भू -राजनैतिक आयाम है जिनके परिचालन परिवेश में आकार लेने की संभावना है. भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाकर, बैंक यह सुनिश्चित करता है कि इन जोखिमों को व्यापक रूप से समझा जाए, पूर्वानुमानित किया जाए तथा उनका प्रबंध किया जाए.

बैंक द्वारा वित्तपोषित क्षेत्रों के साथ-साथ बैंक के स्वयं के परिचालन पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के कारण जलवायु संबंधी जोखिम पर ध्यान का एक प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है. वैश्विक विनियामकों और हितधारकों की ओर से ईएसजी संबंधी एक्सपोजर के मूल्यांकन की बढ़ती अपेक्षाएं इस जोखिम श्रेणी के महत्व को और भी बढ़ा देती हैं. जलवायु जोखिम आकलन को सुदृढ़ करने, उत्तरदायी वित्तपोषण को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण अनुकूल संधारणीय प्रथाओं को अपनाने की दिशा में बैंक के समन्वित प्रयास उसकी दीर्घकालिक सुदृढ़ता, इसके व्यापक उद्देश्य का समर्थन करते हैं.

डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के तीव्र विस्तार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते उपयोग के साथ, साइबर सुरक्षा एक अन्य महत्वपूर्ण जोखिम के रूप में उभरकर सामने आई है. बैंक अपनी साइबर सुरक्षा क्षमताओं को सुदृढ़ करने, विभिन्न चैनलों में लचीलापन बढ़ाने तथा ग्राहक जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मजबूत नियंत्रणों को अपनाते हुए एक सक्रिय रुख अपनाए हुए है. सुरक्षा प्रणालियों में नियमित उन्नयन के माध्यम से बैंक बढ़ती अनिश्चितता एवं प्रौद्योगिकीय जटिलताओं से परिपूर्ण परिवेश में प्रभावी रूप से कार्य करने में सक्षम बना रहता है.

वैश्विक तनावों और व्यापार पुनर्संरेखणों से लेकर आपूर्ति शृंखला में उत्पन्न व्यवधानों तक फैली भू-राजनैतिक जोखिमों की, बाज़ार स्थिरता तथा सीमापार वित्तीय प्रवाह पर उनके संभावित प्रभावों को ध्यान में रखते हुए, गहनता से निगरानी की जाती है. बैंक भू-राजनैतिक घटनाक्रमों की नियमित रूप से निगरानी करता है तथा अपनी व्यावसायिक गतिविधियों, प्रतिपक्षों एवं निवेश निर्णयों पर उनके प्रभाव का आकलन करता है. विवेकपूर्ण पोर्टफोलियो प्रबंधन तथा परिदृश्य आधारित आयोजना के माध्यम से, बैंक का उद्देश्य प्रतिकूल प्रभावों को कम करना और परिचालन स्थिरता बनाए रखना है.

इन प्रमुख विषयों के अलावा, बैंक अन्य उभरते जोखिमों जैसे बदलती विनियामक अपेक्षाएँ, व्यापक आर्थिक अस्थिरता और तीव्र गति से हो रहे तकनीकी नवाचार के प्रति भी सतर्क रहता है. विनियामकों, उद्योग निकायों तथा विशेषज्ञ समूहों के साथ तत्परता और सहयोग बनाये रखते हुए, बैंक सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों और आगामी आवश्यकताओं के साथ निरंतर तालमेल सुनिश्चित करता है.

लगातार निगरानी, सक्रिय जोखिम-शमन और हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव के माध्यम से, बैंक बदलते जोखिम परिदृश्य के बीच अपनी सुदृढ़ता को मज़बूत करने, ग्राहकों के विश्वास की रक्षा करने और सतत विकास को बढ़ावा देने का प्रयास करता है.

डेटा संरक्षण एवं गोपनीयता नीति

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 (डीपीडीपीए 2023), भारत की संसद द्वारा अधिनियमित किया गया है जो डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. यह अधिनियम विधिक प्रयोजनों हेतु व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण की वैध आवश्यकता के साथ-साथ, उससे संबद्ध अथवा उससे अनुषंगिक विषयों सहित, किसी व्यक्ति के निजता के अधिकार के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है. अंतिम नियम 13 नवंबर 2025 से प्रभावी हुए, जिनमें अनुपालन के लिए कई समय सीमाएँ निर्धारित की गई हैं और पूर्ण कार्यान्वयन 13 मई 2027 को निर्धारित है.

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 (डीपीडीपीए) के प्रावधानों के अनुरूप तथा बैंक को एक महत्वपूर्ण डेटा न्यासी (एसडीएफ़) के रूप में संभावित वर्गीकरण को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने अपने डेटा संरक्षण अभिशासन ढाँचे को संस्थागत रूप दिया है. अपनी अनुपालन रूपरेखा के एक भाग के रूप में, बैंक ने कई रणनीतिक एवं परिचालन पहलें शुरू की हैं. बैंक ने 15 अप्रैल 2025 से एक समर्पित डेटा संरक्षण कार्यालय स्थापित किया है. नामित डेटा संरक्षण अधिकारी (डीपीओ) तथा सहयोगी टीम के नेतृत्व में यह कार्यालय अधिनियम के अनुपालन हेतु स्पष्ट उत्तरदायित्व, निगरानी तथा परिचालन क्षमता सुनिश्चित करता है.

सांविधिक अपेक्षाओं की तुलना में बैंक की वर्तमान अनुपालन स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए एक व्यापक डीपीडीपीए अंतराल आकलन किया गया था, जिसने एक सुव्यवस्थित सुधार योजना का आधार तैयार किया. निष्कर्षों के आधार पर, बैंक ने एक 'डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नीति' तैयार की है, जो डीपीडीपीए के सिद्धांतों और लागू विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप है. इसके अतिरिक्त, मूल्यांकन चरण के दौरान चिन्हित कमियों को दूर करने के लिए, बैंक ने एक विशेषीकृत परामर्शदाता की नियुक्ति की है जो अभिशासन, प्रक्रियाओं तथा प्रौद्योगिकी नियंत्रणों को सम्मिलित करते हुए एक समग्र डेटा गोपनीयता ढाँचे के सुधारात्मक उपायों एवं कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करेगा.

पूरे संगठन में डेटा संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने कनिष्ठ अधिकारियों से लेकर वरिष्ठ प्रबंधन तथा बोर्ड स्तरीय कार्यपालकों तक सभी स्तरों को सम्मिलित करते हुए जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रमों का आयोजन किया. इसके अलावा, प्रमुख कारोबारी और सहायक इकाइयों में 'प्राइवेसी चैंपियंस' की पहचान की गई है और उन्हें 'डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ़ इंडिया' (डीएससीआई) के 'सर्टिफाइड डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर' (डीसीडीपीओ) सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है; इस प्रकार, गोपनीयता संबंधी दायित्वों के विकेंद्रीकृत स्वामित्व को सुनिश्चित और सुदृढ़ किया गया है.

बैंक ने, अपने विधि विभाग के साथ गहन समन्वय में, बैंक की ओर से व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करने वाले सभी वेंडरों और सेवा प्रदाताओं के लिए अपने करारों में 'डेटा संरक्षण परिशिष्ट' को शामिल करना अनिवार्य करके संविदात्मक नियंत्रणों को सुदृढ़ किया है. इसके अतिरिक्त, सभी प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफ़पी) एवं प्रस्ताव हेतु सीमित अनुरोध (एलआरएफ़पी) दस्तावेजों को अद्यतन कर उनमें सुदृढ़ डेटा संरक्षण एवं गोपनीयता संबंधी प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अन्य पक्ष के साथ किए गए अनुबंध बैंक के डीपीडीपीए के अंतर्गत दायित्वों के अनुरूप हों.

प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, बैंक ने महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए डेटा खोज पूर्ण करने हेतु मौजूदा अनुप्रयोगों का उपयोग किया है, जिससे व्यक्तिगत डेटा तत्वों, डेटा प्रवाह तथा प्रसंस्करण गतिविधियों की स्पष्ट दृश्यता प्राप्त हो सकी है. यह अभ्यास डेटा कैटलॉगिंग तथा वर्गीकरण के लिए एक आधारभूत परत का निर्माण करता है, जो जोखिम आकलन, सहमति प्रबंधन तथा डेटा जीवनचक्र अभिशासन जैसी अनुपालन संबंधी गतिविधियों में सहायक होगा.

अपनी क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए, बैंक ने अनुपालन को संस्थागत रूप देने, निगरानी सक्षम करने तथा गोपनीयता संचालन की विस्तार क्षमता को समर्थन प्रदान करने के लिए एक प्राइवेसी ऑटोमेशन समाधान के लिए आरएफ़पी जारी की है. साथ ही, कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) एवं उन्नत विश्लेषण में व्यक्तिगत डेटा के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने एक प्रतिष्ठित परामर्शदाता की सहायता से एक समर्पित एआई नीति के विकास की भी पहल की है. यह पहल उत्तरदायी एआई उपयोग, डेटा संरक्षण तथा विनियामक अनुपालन पर केंद्रित है, जिससे उभरती प्रौद्योगिकियों का नैतिक एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके.

प्रबंधन, नियंत्रण और प्रणालियाँ

मानव पूंजी: कर्मचारियों को सशक्त बनाना एवं भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को सुदृढ़ करना

आपका बैंक दृढ़तापूर्वक यह मानता है कि इसके कर्मचारी इसके दीर्घकालिक, सतत विकास की नींव हैं. विश्वास आधारित संस्था के रूप में, बैंक यह मानता है कि लगातार बेहतर प्रदर्शन करने, हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और तेज़ी से बदलते वित्तीय परिदृश्य में आगे बढ़ने की इसकी क्षमता, सीधे तौर पर इसके कार्यबल की क्षमता, ईमानदारी एवं सहभागिता से जुड़ी हुई है.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने अपनी मानव संसाधन रणनीति को व्यावसायिक प्राथमिकताओं, सांविधिक घटनाक्रमों तथा जारी डिजिटल रूपांतरण के अनुरूप बनाये रखा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्यबल लचीला, ग्राहक केंद्रित एवं भविष्य के लिए तैयार रहे. कर्मचारियों के अनुभव को बेहतर बनाना, क्षमता निर्माण करना तथा नैतिक, जिम्मेदार आचरण की संस्कृति को प्रोत्साहित करना, बैंक की मानव पूंजी कार्यसूची के मूल में रहा, जैसा नीचे बताया गया है.

भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा अधिग्रहण

आपके बैंक ने प्रासंगिक कौशल और विकास क्षमता वाले व्यक्तियों को आकर्षित करके अपनी प्रतिभाओं की संख्या को बढ़ाना जारी रखा. भर्ती प्रयासों का केन्द्र-बिंदु व्यवसाय विस्तार की आवश्यकताएं, प्रौद्योगिकीय बदलाव और महत्वपूर्ण कार्यात्मक आवश्यकताएं थीं.

वर्ष के दौरान, बैंक ने विभिन्न ग्रेडों में व्यक्तियों की भर्ती इस प्रकार की:

ग्रेड	कुल
ईडी (कार्यपालक निदेशक)	-
ग्रेड एफ़ (मुख्य महा प्रबंधक)	1
ग्रेड ई (महा प्रबंधक)	2
ग्रेड डी (उप महा प्रबंधक)	-
ग्रेड सी (सहायक महा प्रबंधक)	18
ग्रेड बी (प्रबंधक)	58
ग्रेड ए (सहायक प्रबंधक) @	303
ग्रेड ओ (कनिष्ठ सहायक प्रबंधक) @	1,788
एक्जिक्यूटिव - बिक्री एवं परिचालन	621
लिपिक#	1
	2,792

नोट:

@ सहायक प्रबंधक और कनिष्ठ सहायक प्रबंधक के रूप में नियुक्त एक्जिक्यूटिव को छोड़कर

#अनुकंपा नियुक्ति

31 मार्च 2026 को आपके बैंक के पास कुल स्टाफ संख्या 20,693 थी:

श्रेणी	कुल*
अधिकारी	18,551
एक्जिक्यूटिव	1,572
लिपिक	281
अधीनस्थ	289
कुल	**20,693**

नोट: इस गणना में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी भी शामिल हैं.

प्रतिभा प्रबंधन

आपका बैंक अपने विकास एवं रूपांतरण के उद्देश्यों को पूरा करने के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में प्रतिभा प्रबंधन पर निरंतर जोर देता रहा है. बदलते बैंकिंग माहौल में कुशल और प्रेरित कार्यबल के महत्व को ध्यान में रखते हुए, आपके बैंक ने विभिन्न भूमिकाओं और कार्य क्षेत्रों में व्यवस्थित प्रतिभा अधिग्रहण, सुव्यवस्थित उत्तराधिकार योजना और निरंतर क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है. आपका बैंक अपनी दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार, चुस्त एवं मूल्य-उन्मुख कार्यबल के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है. आपके बैंक ने अपने सभी कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित रणनीतिक उपाय लागू किये हैं:

क) **कार्यबल दक्षता का अनुकूलन:** आपके बैंक ने व्यवसाय, परिचालन एवं सहायक कार्यों में मानव संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए श्रमशक्ति नियोजन के लिए एक संरचित दृष्टिकोण अपनाया है. नियोजन संबंधी निर्णय व्यावसायिक प्राथमिकताओं, शाखा की आवश्यकताओं और कौशल की उपलब्धता के अनुरूप होते हैं, जिससे उत्पादकता एवं सेवा प्रदायगी में वृद्धि होती है. आवधिक कार्य-आवर्तन, श्रमशक्ति की पुनर्तैनाती तथा दक्षताओं के आधार पर कर्मचारियों के नियोजन ने परिचालन दक्षता को बढ़ाया है, साथ ही कर्मचारियों को विविध अनुभव एवं विकास के अवसर भी प्रदान किए हैं.

ख) **कार्य-निष्पादन प्रबंधन:** उत्कृष्टता और विकास को बढ़ावा देना: बैंक ने एक कार्य-निष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) अर्थात् आई-पेस जवाबदेही, उत्कृष्टता तथा सतत सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विकसित की है. यह प्रणाली व्यक्तिगत कार्य-निष्पादन लक्ष्यों को बैंक के रणनीतिक उद्देश्यों एवं व्यवसायिक योजनाओं के साथ संरेखित करती है. उद्देश्यपरक लक्ष्य निर्धारण, आवधिक कार्य-निष्पादन समीक्षा और पारदर्शी मूल्यांकन तंत्र, कार्य-निष्पादन के निष्पक्ष मूल्यांकन और उसकी पहचान को सुनिश्चित करते हैं. कार्य-निष्पादन परिणामों को पुरस्कार, कैरियर उन्नति एवं विकासात्मक हस्तक्षेपों से जोड़ा गया है, जिससे कर्मचारियों को निरंतर उच्च कार्य-निष्पादन प्रदान करने तथा संगठनात्मक सफलता में प्रभावी योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाता है.

ग) **व्यावसायिक विकास - कैरियर उन्नति को सक्षम बनाना:** बैंक ने व्यवस्थित कैरियर विकास और निरंतर सीखने की पहलों के माध्यम से व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है. कर्मचारियों को शिक्षण कार्यक्रमों, प्रमाणपत्रों, कार्यशालाओं एवं अन्य शिक्षण अवसरों के माध्यम से अपनी कार्यात्मक, प्रबंधकीय एवं नेतृत्व दक्षताओं को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे खुदरा, कॉरपोरेट, व्यापार वित्त, ट्रेजरी, सरकारी कारोबार, बिक्री, परिचालन एवं सहायक कार्य में सर्वांगीण व्यावसायिक विकास के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करते हैं.

घ) **उत्तराधिकार योजना:** उत्तराधिकार योजना बैंक के प्रतिभा प्रबंधन ढांचे का एक प्रमुख तत्व बना हुआ है, जिसका उद्देश्य नेतृत्व की निरंतरता और संगठनात्मक स्थिरता को बनाए रखना है. कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य महाप्रबंधक स्तर के महत्वपूर्ण पदों की पहचान की गई है, तथा व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए उच्च क्षमता वाले कर्मचारियों की एक सूची तैयार की गई है. उत्तराधिकार योजनाओं की वार्षिक समीक्षा भविष्य की नेतृत्व आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तत्परता सुनिश्चित करती है और प्रमुख पदों के खाली होने से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करती है.

समग्र कल्याण

आपके बैंक ने कर्मचारी कल्याण के लिए एक व्यापक एवं समन्वित दृष्टिकोण अपनाया है, यह मानते हुए कि सतत संगठनात्मक सफलता उन कर्मचारियों द्वारा संचालित होती है जो अपने व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन के प्रत्येक चरण में स्वस्थ, संलग्न एवं समर्थित हों. बैंक का यह 'वेल-बीइंग फ्रेमवर्क' कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है; जो उत्पादकता को बढ़ाता है, एकाग्रता को तेज करता है, और उनमें अपनेपन व कार्य संतुष्टि की भावना को बढ़ावा देता है.

क) **स्वास्थ्य और कल्याण:** आपका बैंक अपने कर्मचारियों और उनके आश्रितों के शारीरिक एवं मानसिक कल्याण की सुरक्षा हेतु विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ प्रदान करता है. इनमें आंतरिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति नीति, अस्पताल में भर्ती होने को कवर करने वाला चिकित्सा बीमा, घरेलू उपचार पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति, आवधिक व्यापक स्वास्थ्य जाँच तथा प्रमुख केंद्रों पर बैंक चिकित्सा अधिकारियों की सेवाओं तक पहुँच शामिल हैं. भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक कल्याण के महत्व को ध्यान में रखते हुए बैंक 'आई-केयर' नामक कर्मचारी कल्याण एवं सहायता कार्यक्रम भी संचालित करता है, जिसके माध्यम से कर्मचारी तथा उनके आश्रित गोपनीय रूप से पेशेवर परामर्श सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं. स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, बैंक मुंबई में अपने प्रधान कार्यालय तथा अंचल स्तरों पर वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है और प्रमुख मैराथनों में भागीदारी हेतु पंजीकरण शुल्क की एकमुश्त प्रतिपूर्ति की योजना भी शुरू की है.

ख) **कर्मचारी पहचान एवं सहभागिता:** आपका बैंक अपने कर्मचारियों द्वारा दी गई दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और समर्पित सेवा के महत्व को समझता है. अपने कर्मचारी जुड़ाव एवं मान्यता पहलों के अंतर्गत, बैंक ने कर्मचारियों को सेवा के महत्वपूर्ण वर्ष पूरे होने पर जैसे 15 वर्ष, 25 वर्ष और 30 वर्ष जैसी महत्वपूर्ण सेवा अवधि पूरी करने वाले कर्मचारियों को स्मृति-चिह्न प्रदान करने की शरूआत की है.

ग) **आवास एवं व्यक्तिगत वित्त सहायता:** आपका बैंक अपने कर्मचारियों को रियायती ब्याज दरों और लचीली पुनर्भुगतान शर्तों पर ऋण और अग्रिम प्रदान करता है. ये सुविधाएँ कर्मचारियों को घर खरीदने, वाहन खरीदने और अपने बच्चों की उच्च शिक्षा जैसी आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम बनाती हैं.

घ) **कर्मचारियों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति:** आपका बैंक कर्मचारियों के परिवारों की शैक्षणिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है. *'आई शिक्षा'* योजना के अंतर्गत, कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को कक्षा X एवं XII की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित और पुरस्कृत किया जाता है. आपके बैंक ने अनुसूचित जाति (अजा) एवं अनुसूचित जनजाति (अजजा) से संबंधित कामगार कर्मचारियों तथा ग्रेड ए एवं बी के अधिकारियों के बच्चों को डॉ. बी. आर. अम्बेडकर छात्रवृत्ति भी प्रदान की, जो समावेशी विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है.

ङ) **अनुकंपा योजनाएँ:** सेवाकाल के दौरान कर्मचारियों के निधन की स्थिति में उनके परिवारों को समय पर सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से, बैंक ने वित्तीय कठिनाइयों को कम करने हेतु अनुकंपा योजनाएँ लागू की हैं. इनमें पात्र आश्रितों को अनुकंपा आधारित नियुक्ति प्रदान करना अथवा अनुग्रह राशि का भुगतान, साथ ही अन्य प्रकार की वित्तीय सहायता शामिल है. इसके अतिरिक्त, सभी कर्मचारियों को जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है तथा कर्मचारियों पर बकाया स्टाफ ऋणों को बीमा योजनाओं के अंतर्गत संरक्षित किया जाता है, जिससे शोक संतप्त परिवारों को वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित होती है.

च) **विधिक एवं वित्तीय सहायता:** आपके बैंक ने अपने निदेशकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वित्तीय एवं विधिक सहायता प्रदान करने के लिए भी एक व्यापक योजना बनाई है जिससे उन्हें पेशेवर अत्यावश्यकताओं का आत्मविश्वास के साथ सामना करने में मदद मिलती है. इसके अलावा, बैंक के पास निदेशकों और अधिकारियों के लिए देयता बीमा पॉलिसी भी है जो जोखिम न्यूनीकरण और संस्थागत अभिशासन को मजबूत करती है.

विविधता और समावेशन

आपके बैंक ने कार्यबल में विविधता और समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में अपने प्रयास जारी रखे हैं. आपके बैंक ने संगठन के सभी स्तरों पर समान अवसर को बढ़ावा देते हुए समावेशी भर्ती प्रथाओं को लागू किया है. आपके बैंक ने दिव्यांग जनों की भर्ती करना और आरक्षण पर लागू दिशानिर्देशों का

अनुपालन करना जारी रखा है. 31 मार्च 2026 को बैंक की कुल श्रमशक्ति में अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा)/अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव)/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (आरुकव) का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार था:

श्रेणी	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछडे वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
अधिकारी	2, 701	1, 106	4, 968	570
एक्जिक्यूटिव	253	70	540	235
लिपिक	40	18	35	-
अधीनस्थ	76	20	61	-
कुल	**3, 070**	**1, 214**	**5, 604**	**805**

औद्योगिक संबंध

आपके बैंक में वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध का वातावरण समान्यतः सौहार्दपूर्ण रहा है तथा अधिकांश मुद्दों का समाधान सौहार्दपूर्ण ढंग से हो गया है. अधिकारियों या कर्मचारियों की शिकायतों को समझने और उनका समाधान करने के लिए रचनात्मक संवाद स्थापित करने के अपने प्रयासों के तौर पर बैंक, संघों और यूनियनों के साथ बैठकें करता है. संघ और यूनियन भी विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिक्रियाशील और सक्रिय रही हैं.

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच)

बैंक ने अवांछनीय घटना के घटित होने पर पीड़ित महिला को तुरंत सहायता देने और तत्काल अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक के कार्यस्थल पर उनके साथ हुई यौन उत्पीड़न की शिकायत सीधे मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय तथा अपने सभी अंचलों में गठित आंतरिक समितियों के सदस्यों के पास दर्ज कराने के लिए ई-मेल-आधारित शिकायत प्रणाली कार्यान्वित की है.

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

बैंक ने सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण कार्य वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम को सुनिश्चित करने हेतु कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निपटान के लिए अठारह आंतरिक समितियों (16 अंचल स्तर पर तथा 2 मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय में) का गठन किया है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक को 14 (चौदह) शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर संबंधित आंतरिक समितियों द्वारा कार्रवाई की गई, 31 मार्च 2026 को पाँच शिकायतें प्रक्रियाधीन थीं.

नैतिकता और अनुपालन

आपके बैंक ने पूरे संगठन में नैतिक आचरण संस्कृति को बढ़ावा देने और विनियामकीय अनुपालन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य नैतिकता अधिकारी और अंचल नैतिकता अधिकारियों की भूमिकाएँ निर्धारित की है.

ज्ञानार्जन और कर्मचारी सहभागिता (एल एंड ईडी)


आईडीबीआई ज्ञानार्जन पारिस्थितिकी तंत्र: सीखने में निवेश करें और बदलाव लाएं

ज्ञानार्जन और कर्मचारी सहभागिता एक सक्षम और आत्मविश्वासी कार्यबल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो कारोबार कार्यनिष्पादन और अनुपालन उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है. आपका बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है कि प्रत्येक कर्मचारी की प्रासंगिक शिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता हो, जो कर्मचारी विकास और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के बैंक के दृष्टिकोण के साथ विचारपूर्वक संरेखित हो. ये कार्यक्रम अंचलों, वर्टिकलों तथा व्यक्तिगत स्तर पर पहचानी गई सीखने की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाये गये हैं, जिससे कौशल विकास के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण को समर्थन मिलता है.

इस वर्ष ज्ञानार्जन में सभी कार्यस्थलों पर सीखने की संस्कृति के विकास एवं उसे बनाए रखने, अनुपालन, नियंत्रण तथा नैतिकता को दैनिक अनुशासन के रूप में सुदृढ़ करने तथा प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता का लाभ उठाते हुए ज्ञानार्जन के डिजिटलीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया.

ज्ञानार्जन - विकास और उत्कृष्टता का लक्ष्य:

आपका बैंक सीखने को एक अनिवार्य गतिविधि के रूप में नहीं, बल्कि अनुकूलित कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से ज्ञान और कौशल अंतराल की पहचान करने तथा उन्हें दूर करने के लिए एक रणनीतिक उपकरण के रूप में देखता है. यह दृष्टिकोण व्यक्तिगत सीखने की जरूरतों पर केंद्रित है, और उन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन सीखने की पहल के एक संतुलित मिश्रण के माध्यम से पूरा किया जाता है. वर्ष के दौरान ज्ञानार्जन के कार्यक्रमों में कर्मचारी सहभागिता इस प्रकार है:




कुल 20,693 कर्मचारियों में से 20,433 ने वर्ष के दौरान ऑनलाइन या ऑफलाइन ज्ञानार्जन कार्यक्रमों में भाग लिया.

सभी कर्मचारी श्रेणियों में लक्षित और प्राप्त कार्य-दिवस

ज्ञानार्जन और कर्मचारी सहभागिता (एल एंड ईडी) नीति के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के विकास के लिए न्यूनतम कार्य -दिवस निर्धारित किए गए हैं. आपके बैंक ने न केवल इन लक्ष्यों को पूरा किया है, बल्कि इन लक्ष्यों (116%) से आगे भी बढ़ गया है, जो निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण के प्रति सुदृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

विभिन्न ज्ञानार्जन कार्यक्रमों की मैपिंग का डिज़ाइन

कर्मचारियों की विशिष्ट भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और विकास संबंधी आवश्यकताओं के लिए ज्ञानार्जन कार्यक्रमों को डिज़ाइन और संरेखण करने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण अपनाया गया है. यह संरेखण संगठनात्मक उद्देश्यों और व्यक्तिगत कैरियर प्रगति के साथ सामंजस्य सुनिश्चित करता है. कार्यक्रमों को कार्यात्मक, व्यवहारिक, विनियामक और नेतृत्व दक्षताओं के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है, जिससे कर्मचारियों की प्रत्येक श्रेणी के लिए लक्षित शिक्षण हस्तक्षेपों को सुगम बनाया जा सके:



व्यवहारिक कार्यक्रम

क. आरोहण: वीराइज आईडीबीआई: आपके बैंक का व्यवहार विज्ञान आधारित प्रमुख कार्यक्रम 'आरोहण' सांस्कृतिक रूपांतरण का एक महत्वपूर्ण साधन बना रहा. इस वर्ष '*आरोहण*: वीराइज आईडीबीआई' कार्यक्रम को ग्रेड ई तक के कर्मचारियों के लिए डिज़ाइन किया गया है तथा यह 'जब हम अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में उन्नति करते हैं, तब हमारा बैंक भी हमारे साथ उन्नति करता है' विषय पर केंद्रित है. सत्रों में निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया:



आयोजित कार्यक्रम	शामिल प्रतिभागी	शामिल % प्रतिभागी
675	16,030	97.01%

ख. आरोहण-सह-एलईएडी (नेतृत्व उत्कृष्टता एवं विकास कार्यक्रम): एलईएडी कार्यक्रम का आयोजन भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ के सहयोग से महाप्रबंधकों के लिए किया गया था. इस कार्यक्रम का उद्देश्य भावनात्मक बुद्धिमत्ता के साथ उच्च प्रभावी संप्रेषण को बढ़ाना, आत्म-जागरूकता के साथ हितधारकों का प्रबंधन करना तथा उत्कृष्ट व्यवसायिक एवं सेवा परिणामों की प्राप्ति हेतु लोगों के प्रबंधन कौशल को बढ़ाना था. मुंबई एवं हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 214 महाप्रबंधकों (91%) ने सहभागिता की.

ग. प्रबंधन विकास कार्यक्रम: आपके बैंक ने आईआईएम, बंगलुरु तथा आईआईएम, लखनऊ के सहयोग से क्रमशः कार्यपालक निदेशकों एवं मुख्य महाप्रबंधकों के लिए अनुकूलित प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित किये. इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेतृत्व, रणनीतिक सोच, निर्णयन, अभिशासन, प्रौद्योगिकी जागरूकता तथा भविष्य के लिए तत्परता को सुदृढ़ करने पर केंद्रित था.

घ. कामगार स्टाफ के लिए आरोहण-सह कल्याण कार्यक्रम: बैंक ने 'आरोहण' कार्यक्रम को कामगार कर्मचारियों तक एक व्यावहारिक और कल्याणपूर्ण पहल के रूप में विस्तारित किया. इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई तथा उन्हें बैंक की विकास यात्रा में सहयोग हेतु प्रेरणा मिली. इसके अंतर्गत कुल 24 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 468 कर्मचारियों को शामिल किया गया.


ङ. उन्नति: सफलता की ओर अग्रसर: उन्नति कार्यक्रम आपके बैंक द्वारा महिला अधिकारियों के सशक्तिकरण एवं विकास में समर्थन हेतु संचालित किया जा रहा है. वर्ष के दौरान कुल 32 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 535 महिला कर्मचारियों को शामिल किया गया.

च. सॉफ्ट स्किल्स हेतु अनुकूलित सत्र: अनुभवजन्य और परिस्थितिजन्य शिक्षण को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यक्रमों में अनन्य सत्र शामिल किए गए हैं, जिन्हें विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया गया है. इन सत्रों का उद्देश्य वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों के माध्यम से प्रमुख अवधारणाओं की गहरी समझ और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ाना है.

क्षमता निर्माण

क. भूमिका-आधारित कार्यशालाएँ: आपके बैंक ने शाखा प्रमुखों, आस्ति अधिकारियों, सेवा एवं परिचालन प्रबंधकों, संपर्क प्रबंधकों, ग्राहक सेवा एक्जिक्यूटिव और टेलर सेवा एक्जिक्यूटिव सहित शाखाओं में विभिन्न पदों के लिए भूमिका-आधारित कार्यशालाएँ आयोजित की गई. ये कार्यशालाएँ कार्यात्मक पहलुओं को व्यापक रूप से कवर करते हुए अनुपालन, नियंत्रण तथा नैतिक प्रथाओं पर विशेष बल देती हैं, जिससे कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्यों में सशक्त बनाया जाता है. इनका उद्देश्य ज्ञान एवं कौशल की खाइयों को पाटना तथा कर्मचारियों में आत्मविश्वास बढ़ाना है.


ख. उन्नत भूमिका-आधारित कार्यशालाएँ: आपके बैंक ने पूर्व चक्र में मूल भूमिका-आधारित कार्यशालाएँ पूर्ण कर चुके अधिकारियों के लिए उन्नत भूमिका-आधारित कार्यशालाएँ प्रारंभ किया है, ताकि कार्य-विशिष्ट विशेषज्ञता को और गहन किया जा सके तथा कर्मचारियों को जटिल परिस्थितियों का अधिक दक्षता एवं आत्मविश्वास के साथ प्रबंधन करने के लिए तैयार किया जा सके. भूमिका-आधारित एवं उन्नत भूमिका-आधारित कार्यशालाओं की कवरेज स्थिति निम्नानुसार है:



नोट: एसओएम - सेवा एवं परिचालन प्रबंधक; आरएम/आरओ - संपर्क प्रबंधक/ संपर्क अधिकारी; सीएसई/टीएसई - ग्राहक सेवा एक्जिक्यूटिव / टेलर सेवा एक्जिक्यूटिव

ग. ऑनलाइन कैप्सूल कार्यक्रम: आपके बैंक ने ऑनलाइन कैप्सूल कार्यक्रमों के माध्यम से विशेषीकृत क्षेत्रों में कर्मचारियों को सहायता प्रदान करने के कदम उठाए हैं. इन कार्यक्रमों का आयोजन कारोबारी समय के बाद टीम्स मीटिंग के माध्यम से किया जाता है, जिससे *'कर्मचारियों के डेस्क पर शिक्षण'* की सुविधा सुनिश्चित होती है. इस पहल का उद्देश्य केवल एकल सहभागियों तक सीमित रहने के स्थान पर संपूर्ण शाखा टीम को सम्मिलित करना है, जिससे शाखा स्तर पर व्यापक एवं अधिक प्रभावी सहभागिता हो पाती है. इस वर्ष निम्नलिखित ऑनलाइन कैप्सूल कार्यक्रम आयोजित किए गए है: (i) दैनिक अनुशासन : अनुपालन, नियंत्रण और नैतिकता (सीसीई) (ii) एमएसएमई ज्ञानशाला और कृषि ज्ञानशाला (iii) व्यापार वित्त - एक सरलीकृत मार्गदर्शिका (iv) केवाईसी उत्कृष्टता अभियान (v) संपर्क प्रबंधकों हेतु ट्रेज़री कार्यक्रम (vi) खुदरा वसूली को सरल बनाना और (vii) परक्राम्य लिखत अधिनियम की अनिवार्यताएं.

इन कार्यक्रमों की स्थिति निम्नानुसार है:



वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपर्क प्रबंधकों (आरएम) हेतु ट्रेज़री कार्यक्रम, खुदरा वसूली को सरल बनाने तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम की अनिवार्यताएं कार्यक्रमों की शुरुआत की गईं.

घ. शाखाओं को मार्गदर्शन: आपके बैंक की एल एवं ईडी टीम चिन्हित शाखाओं की क्षमता को उजागर करने, प्रदर्शन हेतु उनका मार्गदर्शन एवं प्रेरित करने, विकास एवं उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करती है. आईडीबीआई ज्ञानार्जन केंद्र के प्रशिक्षकों द्वारा 195 शाखाओं को कम लेखा परीक्षा रेटिंग वाली शाखाओं, कमजोर प्रदर्शन करने वाली शाखाओं तथा घाटे में चल रही शाखाओं जैसे विषयों पर संरचित, डेटा-आधारित मार्गदर्शन प्रदान किया गया.

ङ. स्थान सुविधा कार्यक्रम (एलसीपी): आपके बैंक ने स्थान सुविधा कार्यक्रम (एलसीपी) की एक नये दृष्टिकोण पर कार्य किया है. इन कार्यक्रमों का आयोजन सायंकाल में शाखा परिसरों में, निकटतम शाखाओं के समूह (क्लस्टर) के लिए किया जाता है. संकाय सदस्य इन स्थानों पर जाते हैं तथा सामान्य समस्याओं के समाधान हेतु व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं. शाखा स्तर की चुनौतियों के लिए यह पद्धति व्यावहारिक समाधान सुलभ करवाती है. इस अवधि के दौरान विभिन्न अंचलों में कुल 16 एलसीपी आयोजित किए गए. एलसीपी के अंतर्गत निम्नलिखित विषयों जैसे- (i) एमएसएमई/ कृषि/ कासा में कम वृद्धि, (ii) कम शुल्क-आधारित आय, (iii) उच्च अनुपालन लंबितता, तथा (iv) शाखा चैनल के माध्यम से कम खाता खुलना, को शामिल किया गया.

च. वर्टिकल कार्यक्रम: विभिन्न वर्टिकलों की विशिष्ट ज्ञानार्जन आवश्यकताओं के आधार पर, आंतरिक और बाहरी, दोनों तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है.

विशेषीकृत कौशल विकास के लिए, बाहरी कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है और बाहरी विशेषज्ञों की सहायता से सहयोगी सत्र आयोजित किए गए हैं. इन पहलों में विशेष रूप से प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्रों जैसे ट्रेजरी, क्रेडिट, व्यापार वित्त, लेखा परीक्षा, अनुपालन, सतर्कता, परिचालन, आईटी और अन्य महत्वपूर्ण डोमेन पर ध्यान केंद्रित किया है.

64 वर्टिकल कार्यक्रम | 1602 अधिकारी प्रशिक्षित | 932 अधिकारियों ने बाहरी कार्यक्रमों में भाग लिया

अनुकूलित कार्यक्रम: वर्टिकल के लिए अनुकूलित प्रमुख कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

- कार्यपालक निदेशकों तथा बृहत कॉरपोरेट समूह एवं मध्य कॉरपोरेट समूह के मुख्य महाप्रबंधकों एवं शाखा प्रमुखों हेतु भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों पर जागरूकता कार्यक्रम
- नई श्रम संहिता तथा उसके प्रभाव पर कार्यक्रम.
- कॉरपोरेट बैंकिंग के लिए ऋण दस्तावेजीकरण एवं व्यावसायिक संभावनाओं पर कार्यक्रम.
- डीएससीआई प्रमाणित डेटा संरक्षण अधिकारी (डीसीडीपीओ) कार्यक्रम.
- परियोजना प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम.
- एनपीए वसूली पर कार्यक्रम.
- बैंक के सुरक्षा अधिकारियों के लिए व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रशासन (ओएसएचए) नीति पर कार्यक्रम.
- बैंक के मुख्य संपर्क अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण.
- सतर्कता अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम.

बाह्य कार्यक्रम: विभिन्न वर्टिकलों के 932 अधिकारियों को विशिष्ट संस्थानों अर्थात्-भारतीय प्रशासनिक स्टाफ महाविद्यालय (एएससीआई), स्टेट बैंक ग्रामीण विकास संस्थान (एसबीआईआरडी), कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी), उच्चस्तरीय वित्तीय अनुसंधान तथा अध्ययन केंद्र (केफरल), क्रिसिल लिमिटेड, भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई), भारतीय वाणिज्य और उद्योग मण्डल परिसंघ (फिक्की) आदि द्वारा आयोजित किए गए 107 कार्यक्रमों में नामांकित किया गया.

घ. पहली बार बने शाखा प्रमुख: इस कार्यक्रम ने नए नेतृत्वकर्ताओं को शाखा प्रबंधन के लिए आवश्यक परिचालन, प्रबंधकीय एवं मानव संसाधन प्रबंधन संबंधी क्षमताओं से लैस किया. कुल 13 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 238 अधिकारियों, प्रथम बार बने शाखा प्रमुख को शामिल किया गया.

ङ. पहली बार बने प्रबंधक: आपके बैंक ने एक्जीक्यूटिव - संविदा पर के बैंक में सहायक प्रबंधकों के रूप में नियुक्त होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया. यह छह दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें कार्यात्मक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र शामिल हैं. वर्ष के दौरान आईसीबीएफ़ में कुल 16 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 490 सहायक प्रबंधकों को शामिल किया गया.

च. अनुपालन पर कार्यक्रम: *'अनुपालन, नियंत्रण एवं नैतिकता (सीसीई)'* आपके बैंक के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का केंद्रीय विषय बना हुआ है. सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सीसीई से संबंधित सत्रों को शामिल किया गया है, ताकि सभी स्तरों के कर्मचारियों के बीच इसके महत्व के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके.अपने ग्राहक को जानिए एवं धन शोधन निवारण, मनी म्यूल्स, साइबर सुरक्षा, निवारक सतर्कता, यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पोश), आचार संहिता, ग्राहक सेवा आदि विषयों पर ई-लर्निंग मॉड्यूल कर्मचारियों को ओजस के अंतर्गत अनिवार्य प्रमाणन के रूप में दिये जा रहे हैं. रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों को भी ओजस के अंतर्गत त्रैमासिक अनिवार्य प्रमाणन के रूप में कर्मचारियों को दिये जाते हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में विनियामकीय अनुपालन मॉड्यूल में कर्मचारियों की भागीदारी पात्र कर्मचारियों की 99.14% रही है.

युवा प्रतिभाओं का पोषण

क. परिचय कार्यक्रम: युवा प्रतिभाओं को पोषित करने एवं सुगम एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए नव-नियुक्त कर्मचारियों के लिए परिचय कार्यक्रम-सह-भूमिका आधारित कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिससे उनके ऑनबोर्डिंग अनुभव, दक्षताओं में वृद्धि हो तथा उन्हें बैंक की कार्य संस्कृति, विकास के अवसरों, उनकी भूमिकाओं एवं अपेक्षाओं से अवगत कराया जा सके. इन कार्यक्रमों में कनिष्ठ सहायक प्रबंधकों हेतु *'भविष्य निर्माण'*, नव-नियुक्त कृषि अधिकारियों हेतु *'एग्रीऐज'* तथा लेटरल नियुक्त कर्मियों, सहायक प्रबंधकों एवं एक्जीक्यूटिव हेतु परिचय कार्यक्रम शामिल थे. कुल 112 परिचय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 2,792 कर्मचारियों को शामिल किया गया.

ख. प्रतिभा विकास कार्यक्रम: आपके बैंक ने अपने आंतरिक प्रतिभा को निखारने के लिए क्षेत्र-विशेष की विशेषज्ञता को गहन करने के उद्देश्य से लक्षित विकासात्मक कार्यक्रमों को जारी रखा. वर्ष के दौरान आपके बैंक द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए:

- बृहत एवं मध्यम कॉरपोरेट समूह के अधिकारियों की ऋण कौशल के विकास हेतु इंटेंसिव क्रेडिट मैनेजमेंट प्रोग्राम (आईसीएमपी).
- नव-नियुक्त आईटी अधिकारियों के लिए इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस प्रोग्राम (इन्फोस्टेप).
- डीएससीआई प्रमाणित डेटा संरक्षण अधिकारी (डीसीडीपीओ) - यह कार्यक्रम डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के सहयोग से आयोजित किया गया. प्रशिक्षण उपरांत आयोजित मूल्यांकन में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को *'डीएससीआई प्रमाणित डेटा संरक्षण अधिकारी (डीसीडीपीओ)'* के रूप में प्रमाणित किया गया.

- ऋण समाधान केंद्रों में तैनात अधिकारियों के लिए ऋण मूल्यांकन स्तर 1 एवं स्तर 2 पर कार्यक्रम.
- नव-नियुक्त विधि अधिकारियों के लिए भूमिका-आधारित कार्यक्रम.
- अनुपालन विभाग में कार्यरत अधिकारियों हेतु भूमिका-आधारित कार्यक्रम.
- आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग में तैनात कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या कार्यक्रम.

ग. **बैंकिंग एवं वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीबीएफ):** आईडीबीआई पीजीडीबीएफ एक वर्षीय डिप्लोमा है, जिसका उद्देश्य बैंक में कनिष्ठ सहायक प्रबंधक (जाम) के रूप में भर्ती हेतु भावी अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करना है. इस कार्यक्रम में छह माह का कक्षा-आधारित अध्ययन, दो माह की इंटर्नशिप और बैंक की शाखाओं/कार्यालयों/केंद्रों में चार माह का ऑन-जॉब प्रशिक्षण शामिल है. छह माह के कक्षा -आधारित अध्ययन हेतु आपके बैंक ने यू-नेक्स्ट मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बंगलुरु तथा एनआईटीटीई एजुकेशनल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा के साथ टाई-अप किया है. यह माध्यम बैंक को प्रवेश स्तर पर प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराता है.

ज्ञानार्जन का डिजिटलीकरण- प्रौद्योगिकी एवं एआई का लाभ उठाना

क. **ओजस (ई-लर्निंग):** आपका बैंक का उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप ज्ञानार्जन के डिजिटलीकरण और प्रतिभागियों को सुविधा प्रदान करने तथा समय एवं लागत की बचत करने का लक्ष्य है. कर्मचारियों को आसान पहुँच प्रदान करने के लिए विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवार्य कार्यक्रमों को ईलर्निंग मॉड्यूल में विकसित किया गया है. इस दृष्टिकोण ने सभी कर्मचारियों द्वारा उच्चतर पूर्णता प्रतिशत के साथ अच्छे परिणाम दिए हैं. विनियामक अनुपालन मॉड्यूल में कर्मचारियों की भागीदारी पात्र कर्मचारियों का 99.14% रही है.

ओजस (ई-लर्निंग) मॉड्यूल का अद्यतन करना: कर्मचारियों को नवीनतम घटनाक्रमों, बैंक के दिशा-निर्देशों, योजनाओं और प्रक्रियाओं तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान करने के क्रम में, आपके बैंक ने विषय विशेषज्ञों के सहयोग से ई-लर्निंग मॉड्यूल को अद्यतित करने के प्रयास किए हैं. इन मॉड्यूल्स को मोबाइल सहित ऑनलाइन माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है.

ख. **माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से आभासी कार्यक्रम:** आभासी कार्यक्रमों को आंतरिक रूप से और बाहरी संस्थानों के सहयोग से विचारपूर्वक डिज़ाइन और संचालित किया गया है. इन पहलों को काफी सराहा गया है और इनसे प्रतिभागियों को मूल्यवान ज्ञानार्जन अनुभव प्राप्त हुए हैं.

ग. **ऑनलाइन कैप्सूल कार्यक्रम:** डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए, *'ऑनलाइन कैप्सूल कार्यक्रम'* के तहत विशेषीकृत विषयों को शामिल किया गया है. इस पहल ने कर्मचारियों के बीच पहुँच और सहभागिता को काफी हद तक बढ़ाया है.

बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए विशेष कार्यक्रम: आपके बैंक ने प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से बोर्ड एवं वरिष्ठ प्रबंधन के लिए उद्योग की वर्तमान प्रासंगिकता पर कार्यक्रम आयोजित किये, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए)- आईडीबीआई बैंक के निदेशकों के लिए कॉरपोरेट अभिशासन पर कार्यक्रम.
- डिज़ाइन थिंकिंग: सतत व्यावसायिक प्रभाव परिणाम.
- रणनीतिक अंतर्दृष्टि पर कार्यक्रम.
- बैंकों, एनबीएफसी एवं वित्तीय संस्थानों के निदेशक मंडल के लिए केवाईसी एवं एएमएल विषय पर आभासी कार्यक्रम.

सेवानिवृत्ति कार्यक्रम: आगामी तिमाहियों में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए एक विशेष त्रैमासिक कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें वित्तीय आयोजना, भावनात्मक तत्परता, जीवनशैली समायोजन और सेवानिवृत्ति के बाद के अवसरों की खोज पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, ताकि एक सुचारू और संतुष्टिदायक बदलाव सुनिश्चित किया जा सके.

प्रभाव विश्लेषण - गुणात्मक सुधार सूचकांक (क्यूआईआई)

कर्मचारियों की समझ, ज्ञान वृद्धि और कार्यक्रम की एक निश्चित अवधि के बाद कार्यस्थल पर उनके द्वारा सृजित मूल्य का आकलन करने के लिए भूमिका-आधारित कार्यशालाओं और ऑनलाइन कैप्सूल कार्यक्रमों के लिए व्यवस्थित तरीके से क्यूआईआई को मापा जा रहा है. क्यूआईआई निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर निकाला जाता है:

- **निकास परीक्षा मूल्यांकन** - कार्यक्रम के बाद ज्ञान प्रतिधारण को मापता है.
- **कर्मचारी प्रतिक्रिया** - कार्यक्रम के बारे में प्रतिभागी की धारणा और कार्यस्थल पर इसकी प्रयोज्यता को शामिल किया जाता है.
- **रिपोर्टिंग प्राधिकरण से प्रतिक्रिया** - कर्मचारी में कार्यात्मक एवं व्यवहारिक सुधारों और परिवर्तनों का मूल्यांकन करने के लिए एक निर्धारित अवधि के बाद लिया जाता है.
- **कारोबार विकास** - प्रत्येक कार्यात्मक कार्यक्रम में एक निश्चित अवधि के पश्चात शाखा के कारोबार कार्य निष्पादन में सुधार का आकलन करने हेतु मूल्यांकन किया जाता है. यह मूल्यांकन शाखाओं की व्यावसायिक रैंकिंग के मानदंडों पर आधारित होता है, जो कर्मचारियों को केंद्रित रहकर सुधार को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करता है.

- **परिचालन संबंधी लंबित कार्यों में कमी** - दैनिक कार्यों में अनुपालन, नियंत्रण एवं नैतिकता को सुदृढ़ करने लिए प्रत्येक कार्यक्रम में सीसीई सत्रों का समावेश किया जाता है. इनकी प्रभावशीलता का आकलन शाखा की अनुपालन रैंकिंग मापदंडों के आधार पर परिचालन दक्षता में सुधार तथा अनुपालन संबंधी लंबित कार्यों में कमी के द्वारा किया जाता है.

अन्य बैंकों और एनबीएफसी के लिए ज्ञानार्जन कार्यक्रम आयोजित करना

आपके बैंक ने आंतरिक और बाहरी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में 938 प्रतिभागियों को शामिल करते हुए अन्य बैंकों, वित्तीय और प्रबंधन संस्थानों, सहकारी बैंकों के लिए 14 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं. यह पहल अन्य संस्थानों के साथ संबंध को मजबूत करती है और आपसी लाभ हेतु भविष्य में सहयोग की संभावनाओं के अवसर तलाशने में सहायक है.

संकाय विकास कार्यक्रम

ज्ञानार्जन कार्यक्रमों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश किया है. संकाय सदस्य अपने प्रस्तुतीकरण कौशल को निखारने, अद्यतन कार्यक्रम रूपरेखाओं के अनुरूप स्वयं को ढालने तथा सभी केंद्रों में एकरूप एवं उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण अनुभव सुनिश्चित करने हेतु विशेष कार्यशालाओं में भाग लेते हैं.

कर्मचारी सहभागिता के लिए ज्ञानार्जन गतिविधियाँ

- **लर्निंग क्लब** - स्वयंसेवकों का समूह, जो सीखने, ज्ञान साझा करने एवं एक-दूसरे को सशक्त बनाने के इच्छुक हैं. इसका आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को किया गया. इसे *'पावर वेडनेसडे'* कहा जाता है. सत्रों का संचालन विशेषज्ञों द्वारा माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से, लर्निंग क्लब के सदस्यों द्वारा चयनित विषयों पर किया जाता है.
- **विषय आधारित लर्निंग वेडनेसडे** - टीम आईडीबीआई में निरंतर ज्ञानार्जन की आदतों को प्रोत्साहित करने हेतु यह पहल है. *'लर्निंग वेडनेसडे - आत्म-सशक्तिकरण का एक दिवस'* के रूप में देशभर में शाखाओं, विभागों, वर्टिकलों एवं प्रोसेसिंग कक्षों के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक बुधवार सायंकाल एक घंटे के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है.
- **आईडीबीआई नॉलेज कप** - ज्ञानवर्धन एवं टीमभावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक बैंक-व्यापी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता डिज़ाइन की गई. यह निरंतर ज्ञानार्जन को प्रोत्साहित करते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देती है.
- **ज्ञानार्जन केन्द्रों पर त्वरित ज्ञान परीक्षण** - कार्यक्रम के अंत में त्वरित प्रश्नोत्तरी, जो प्रमुख सीखों को सुदृढ़ करती है, ज्ञान प्रतिधारण, सहभागिता और अवधारणाओं के त्वरित अनुप्रयोग को बढ़ाती है.
- **ई-पब्लिकेशन्स - क्यूबैंक** - आपके बैंक ने उत्पादों, प्रक्रियाओं, दिशानिर्देशों एवं सामान्य जागरूकता से संबंधित ज्ञान के अद्यतन हेतु प्रश्न बैंक तैयार किया गया है, जिसे नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है.

प्रशासन और बुनियादी संरचना प्रबंधन

आपके बैंक ने विभिन्न रणनीतिक पहलों के माध्यम से अपने भौतिक एवं परिचालनगत बुनियादी संरचना को सुदृढ़ करना जारी रखा. वर्ष के दौरान बैंक द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य की राजधानी अमरावती में 60 वर्ष की लीज़ पर 1,618.74 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया, जहां रिटेल शाखा, बैक ऑफिस कार्य, प्रशिक्षण केंद्र तथा भविष्य में अंचल कार्यालय हेतु प्रावधान के साथ एक परिसर निर्माण की योजना है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक की बुनियादी संरचना के विस्तार के प्रयासों के परिणामस्वरूप देशभर में बैंक के नेटवर्क में 70 नई शाखाओं की वृद्धि हुई है तथा विभिन्न अंचलों में लगभग 101 शाखाओं एवं कार्यालयों के पुनर्स्थापन एवं व्यापक नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है.

अपनी विरासत का उत्सव मनाने हेतु, बैंक ने मुंबई स्थित अपने प्रधान कार्यालय में *''स्मृति पथ - महत्वपूर्ण उपलब्धियों की यात्रा''* नामक संग्रहालय का निर्माण किया है, जो संगठन के समृद्ध इतिहास एवं देश के वित्तीय परिदृश्य में उसके महत्वपूर्ण योगदान को प्रदर्शित करता है.

आपके बैंक ने *'माय ऑफिस माय प्राइड'* अभियान प्रारंभ किया, जिसके अंतर्गत व्यापक स्तर पर पुराने अभिलेखों एवं फाइलों को छांटने का कार्य किया गया. इस पहल के परिणामस्वरुप 14,550 किलोग्राम के पुराने कागजात एवं फाइलों का निपटान किया गया, जिससे स्वच्छ एवं अधिक टिकाऊ कार्य परिवेश को बढ़ावा मिला. कागज के उपयोग में और कमी लाने हेतु, मुंबई स्थित इसके प्रधान कार्यालय में प्रमुख स्थानों पर डिजिटल सूचना पैनल स्थापित किये गये हैं.

वर्ष के दौरान बैंक ने विभिन्न सिविल कार्य एवं बुनियादी संरचना परियोजनाएं शुरू कीं, जिनमें आवासीय स्टाफ क्वार्टर्स का पुनर्विकास एवं नवीनीकरण तथा अतिरिक्त आवासीय सुविधाओं एवं प्रशिक्षण संरचना का निर्माण शामिल है, इन पहलों का उद्देश्य अपने कर्मचारियों के जीवन स्तर एवं समग्र कल्याण में सुधार करना तथा क्षमता-निर्माण के प्रयासों को समर्थन प्रदान करना है. मुख्य परियोजनाओं में मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद, रायपुर, भोपाल एवं सतारा स्थित बैंक के आधिकारिक एवं आवासीय परिसरों में संरचनात्मक मरम्मत, नवीनीकरण, पुनर्विकास एवं अतिरिक्त बुनियादी संरचना सुविधाओं का निर्माण शामिल है. इसके अतिरिक्त, अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति को सुदृढ़ करते हुए बैंक ने अलवर, उज्जैन एवं तिरुवनंतपुरम में नए क्षेत्रीय कार्यालयों का उद्घाटन किया. प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, बैंक ने नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर स्थित अपने कार्यालय में डाटा सेंटर के विद्युत उन्नयन का कार्य किया, जिसमें 600 केवीए के 2 यूनिट मॉड्यूलर यूपीएस की खरीद शामिल है.

बैंक ने अपने सीएसआर प्रयासों के अंतर्गत मुंबई के कफ परेड पुलिस स्टेशन में तैनात पुलिस कर्मियों की आवासीय सुविधाओं में सुधार तथा उनके समग्र कल्याण के लिए बैरकों के निर्माण में सहयोग प्रदान किया है, इस तरह से उनके

मनोबल एवं कर्तव्यों के निर्वहन में दक्षता को भी सुदृढ़ करने में योगदान दिया है.

सुरक्षा के क्षेत्र में, बैंक ने वर्ष के दौरान व्यापक ईएसजी ढांचे के अंतर्गत एक उत्तरदायी एवं सुरक्षित कारोबारी वातावरण के हिस्से के रूप में व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रशासन (ओशा) नीति को लागू किया है. यह नीति लागू व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विनियमों के अनुरूप निरंतर पर्यवेक्षण एवं सुरक्षा उपायों में सुधार के माध्यम से जोखिमों की सक्रिय पहचान तथा कार्यस्थल पर खतरों की रोकथाम पर बल देती है, ताकि बैंक परिसर में कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं ऑफ-रोल स्टाफ के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ एवं संरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चत किया जा सके. इसके अतिरिक्त, नीति में नियमित प्रशिक्षण सत्र, जागरूकता कार्यक्रम तथा संरचित घटना-रिपोर्टिंग तंत्र को अपने अभिन्न घटकों के रूप में शामिल किया गया है.

कार्यकुशलता तथा टर्नअराउंड समय में सुधार करने के लिए, आपके बैंक ने कई प्रक्रियाओं का स्वचालन किया है, जिनमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा जीवन प्रमाण-पत्र का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण शामिल है, जो डिजिटल रूपांतरण तथा कर्मचारियों की सुविधा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक का एक समर्पित आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जो संस्था के भीतर आंतरिक नियंत्रणों, जोखिम प्रबंधन और अभिशासन प्रक्रियाओं की पर्याप्तता और प्रभावशीलता पर स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ आश्वासन देता है. विभाग आंतरिक नीतियों एवं प्रक्रियाओं के साथ-साथ लागू विनियामकीय दिशा-निर्देशों के अनुपालन का भी मूल्यांकन करता है तथा प्रक्रिया सुधार हेतु रचनात्मक सुझाव प्रदान करता है.

लेखापरीक्षा कार्य के अंतर्गत जोखिम आधारित लेखापरीक्षा दृष्टिकोण अपनाया गया है जो यह सुनिश्चित करता है कि लेखा परीक्षा कवरेज बैंक की जोखिम प्रोफाइल तथा व्यावसायिक प्राथमिकताओं के अनुरूप है. बैंक की लेखा परीक्षा गतिविधियां, अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखाओं तथा गैर-शाखा खंडों में फैले बैंक के संपूर्ण कारोबार एवं सहयोगी वर्टिकलों को कवर करती हैं. बदलते कारोबारी वातावरण के अनुरूप बने रहने और सख्त अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जोखिम-आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा फ्रेमवर्क की आवधिक आधार पर समीक्षा की जाती है और संशोधित किया जाता है. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग, बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के समग्र मार्गदर्शन तथा देख-रेख में कार्य करता है.

लेखा परीक्षा कार्य का संचालन एक व्यापक नीतिगत ढांचे पर आधारित है जिसमें जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति, समवर्ती लेखापरीक्षा नीति और सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा नीति शामिल है. जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यक्रम में लेखापरीक्षा विभाग विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा करता है जिनमें शाखा लेखापरीक्षा, अंचलों और क्षेत्रों की प्रबंधन लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा शामिल हैं. इन नियमित लेखापरीक्षाओं के अतिरिक्त, लेखापरीक्षा विभाग औचक लेखापरीक्षा, गतिशील लेखापरीक्षा, स्नैप लेखापरीक्षा, विषयगत लेखापरीक्षा आदि भी करता है ताकि आंतरिक नियंत्रण तंत्र की सशक्तता सुनिश्चित की जा सके.

लेखापरीक्षा टिप्पणियों की केंन्द्रित निगरानी तथा प्रभावी अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) संरचना बनाई गई है, जिसमें शाखा लेखा परीक्षा पर विशेष बल दिया गया है. संपूर्ण लेखा परीक्षा जीवनचक्र एक वेब आधारित एप्लिकेशन-अर्थात् *'आई-नेत्र'* (एकीकृत लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली) के जरिये संपन्न किया जाता है, जो लेखापरीक्षित इकाइयों के अधिकारियों को तत्काल आधार पर पहुँच प्रदान करता है तथा अनुपालन स्थिति की सतत निगरानी को सक्षम बनाता है.

इसके अतिरिक्त, लेखा परीक्षा विभाग को प्रमुख अभिशासन-संबंधी दायित्व भी सौंपे गए हैं, जिनमें स्टाफ जवाबदेही परीक्षण, लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तथा व्हिसल ब्लोअर नीति के अनुसार व्हिसल ब्लोअर तंत्र शामिल हैं.

लेखापरीक्षा कार्य योग्य और कुशल पेशेवरों की एक टीम के द्वारा समर्थित है, जो जोखिमों की पहचान करने तथा प्रक्रियाओं एवं सेवा प्रदान करने में सुधार हेतु सक्रिय भूमिका निभाते है. प्रबंधन को समय पर फीडबैक एवं संरचित रिपोर्टिंग के माध्यम से, विभाग प्रभावी सुधारात्मक कार्रवाई में योगदान देता है, जिससे परिचालन, वित्तीय एवं विनियामकीय जोखिमों का शमन होता है तथा बैंक के समग्र नियंत्रण ढांचे को मजबूत किया जाता है.

लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर)

आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) द्वारा लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) को अंतिम रूप देने में सहायक एवं समन्वयकारी भूमिका निभाता है. एलएफएआर से संबंधित गतिविधियों के लिए नोडल बिंदु के रूप में कार्य करते हुए, विभाग बैंक के विभिन्न व्यवसायिक वर्टिकलों, कार्यात्मक विभागों एवं शाखाओं के साथ निकटता से समन्वय स्थापित करता है, ताकि अपेक्षित जानकारी का अनुपालन, सत्यापन एवं समयबद्ध तथा संरचित रूप में एससीए को प्रेषण सुनिश्चित किया जा सके. बैंक में एलएफएआर गतिविधियों के समन्वयन हेतु नोडल विभाग के रूप में कार्य करते हुए, आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग संबंधित वर्टिकलों एवं विभागों के साथ सक्रिय रूप से फॉलो अप करता है तथा एलएफएआर में की गई टिप्पणियों के समय पर और प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करता है. यह समन्वित दृष्टिकोण लेखा परीक्षा की टिप्पणियों के समय पर निपटान को सक्षम बनाता है तथा बैंक में आंतरिक नियंत्रण के सुदृढ़ीकरण में सहायक होता है.

सतत अनुपालन की संस्कृति को अधिक सुदृढ़ करने के लिए, लेखापरीक्षा विभाग नियमित रूप से डीलिंग ग्रुप्स (डीजी) को सलाह जारी करता है, जिससे नियंत्रण संबंधी कमियों को दूर करने के लिए सक्रिय उपायों को अपनाने, मिलान की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने तथा पहचानी गई विसंगतियों के सुधार हेतु प्रोत्साहन मिलता है. इन पहलों को नियमित अंतर-वर्टिकल बैठकों द्वारा समर्थन दिया जाता है, जिनमें अंचलों के साथ संरचित संवाद शामिल है जिसका उद्देश्य नियंत्रण ढांचे को सुदृढ़ करना, कार्य-दक्षता में वृद्धि करना तथा बैंक में समग्र अभिशासन मानकों में सुधार करना है.

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (इफको-एफआर)

बैंक ने वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के क्रियान्वयन हेतु एक सुदृढ़ ढांचा स्थापित किया है, जिसके अंतर्गत आंतरिक नियंत्रणों को सभी व्यावसायिक प्रक्रियाओं में शामिल किया गया हैं तथा संबंधित जोखिमों के अनुरूप बनाया गया है. इन नियंत्रणों को सुस्पष्ट जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स (आरसीएम) के माध्यम से मैप किया जाता है, जिनकी आवधिक समीक्षा की जाती है तथा त्रैमासिक आधार पर स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किया जाता है, ताकि उनकी निरंतर पूर्णता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके.

इस उद्देश्य हेतु नियुक्त एक बाह्य परामर्शदाता प्रशासनिक कार्यालयों तथा शाखा स्थलों पर, नियंत्रण प्रभावशीलता के ऑनसाइट एवं ऑफसाइट, दोनों परीक्षण सहित, स्वतंत्र मूल्यांकन करता है. मूल्यांकन प्रक्रिया में आंतरिक नियंत्रणों की रूपरेखा एवं परिचालन प्रभावशीलता का आकलन किया जाता है तथा जहां आवश्यक हो, नियंत्रण परिवेश को सुदृढ़ करने हेतु अनुशंसाएं शामिल हैं.

एकीकृत लेखा-परीक्षा प्रबंधन समाधान के हिस्से के रूप में, आपके बैंक ने कार्यकुशलता, पारदर्शिता तथा पता लगाने की क्षमता में और सुधार हेतु आई-नेत्र में इफको-एफआर मॉड्यूल कार्यान्वित किया है. यह स्वचालित समाधान आवधिक मूल्यांकन प्रक्रिया के संपूर्ण प्रबंधन को सक्षम बनाता है, जिसमें डेटा संकलन, नियंत्रण परीक्षण तथा प्रमाणों के मानकीकृत भंडार के परीक्षण एवं अनुरक्षण शामिल हैं जिससे निरंतरता और लेखा-परीक्षा की तैयारी सुनिश्चित होती है.

आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग, बाह्य परामर्शदाताओं तथा बैंक के कारोबारी वर्टिकलों एवं विभागों के मध्य गतिविधियों के समन्वयन हेतु नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है. इस संरचित समन्वय के माध्यम से विभाग, बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए आंतरिक नियंत्रणों का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित करता है. लेखापरीक्षा विभाग सभी व्यवसाय स्वामियों के साथ निकट समन्वय में कार्य करता है, ताकि नियंत्रणों को क्रमिक रूप से खोजी प्रकृति से निवारक प्रकृति की ओर ले जाने तथा मैन्युअल प्रक्रियाओं के स्थान पर स्वचालन को बढ़ावा दिया जा सके. इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा विभाग व्यवसाय प्रक्रिया स्वामियों को जोखिमों के नियमित आकलन तथा संबंधित नियंत्रणों की आवधिक समीक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु समय-समय पर सलाह भी जारी करता है. यह जारी सहभागिता पूरे संगठन में सुदृढ़ नियंत्रण जागरूकता को बढ़ावा देती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि नियंत्रण तंत्र कार्यकुशल, प्रभावी तथा बैंक के अभिशासन एवं वित्तीय प्रतिवेदन उद्देश्यों के अनुरूप बना रहे.

सूचना प्रणाली (आईएस) की लेखापरीक्षा

सूचना प्रणाली (आईएस) की लेखापरीक्षा बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य का एक अभिन्न अंग है तथा प्रौद्योगिकी जोखिमों एवं उनके व्यवसायिक प्रभावों के संबंध में निरंतर आश्वासन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. बैंकिंग परिचालनों में सूचना प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर अपनाने के मद्देनजर, बैंक आईटी प्रणालियों की नियमित एवं व्यापक समीक्षा के महत्व को समझता है, ताकि सभी सूचना प्रणालियों में सुदृढ़ नियंत्रण, सुरक्षा ढाँचा तथा सर्वोत्तम प्रथाएँ समान रूप से लागू हों.

बैंक का आईएस लेखापरीक्षा कार्य, इसके आईटी आस्तियों की गोपनीयता, अखंडता तथा उपलब्धता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. इसमें एक व्यापक लेखापरीक्षा दायरा समाहित है, जिसमें आईटी प्रणालियाँ एवं एप्लिकेशन्स, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी से संबंधित नीतियाँ एवं प्रक्रियाएँ, शाखाएँ तथा आउटसोर्स आईटी सेवा प्रदाता शामिल हैं. इस व्यापक कवरेज के माध्यम से, आईएस लेखापरीक्षा कार्य, बैंक के डिजिटल पारितंत्र में प्रौद्योगिकी जोखिमों पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करता है.

'लेखापरीक्षा कार्य के स्वतंत्र आश्वासन' संबंधी रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए, बैंक का आईएस लेखापरीक्षा, प्रबंधन तथा विनियामकों, दोनों को बैंक की सूचना प्रणाली नियंत्रणों की पर्याप्तता एवं प्रभावशीलता के संबंध में आश्वासन प्रदान करता है. बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की प्रभावशीलता एवं कार्यकुशलता का सत्यापन आवधिक गुणवत्ता आश्वासन समीक्षाओं के माध्यम से किया जाता है, जो सुदृढ़ अभिशासन एवं विनियामकीय अनुपालन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करती है. परिवर्तित होती विनियामकीय अपेक्षाओं तथा उभरते साइबर एवं प्रौद्योगिकी खतरों के अनुरूप, बैंक ने अपनी व्यापक आईएस लेखापरीक्षा नीति को अद्यतन किया है, ताकि इसकी निरंतर प्रासंगिकता एवं मजबूती सुनिश्चित की जा सके.

उच्च स्तर की तकनीकी दक्षता बनाए रखने के लिए, बैंक आईएस लेखापरीक्षा टीम में क्षमता निर्माण पर विशेष बल देता है. उभरती प्रौद्योगिकियों, सूचना सुरक्षा की सर्वोत्तम प्रथाओं तथा रिज़र्व बैंक के मास्टर निर्देशों, एडवाइजरी एवं परिपत्रों से आईएस लेखापरीक्षकों को अवगत कराने हेतु नियमित रूप से आंतरिक एवं बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. इसके फलस्वरूप, आईएस लेखापरीक्षा टीम तकनीकी विकासों एवं परिवर्तित होते कारोबारी क्षेत्रों के प्रति सुविज्ञ बनी रहती है.

बैंक सतत सुधार की संस्कृति के माध्यम से अपनी आईएस लेखा परीक्षा अभिशासन ढाँचे में निरंतर सुधार कर रहा है. नियमित लेखापरीक्षाएं, समीक्षाएँ, मूल्यांकन तथा फीडबैक तंत्र के माध्यम से उन क्षेत्रों की समय पर पहचान संभव हो पाती है, जहाँ सुधार की आवश्यकता है, तथा सुधारात्मक उपायों के क्रियान्वयन को सुगम बनाया जाता है.

समवर्ती लेखापरीक्षा

समवर्ती लेखापरीक्षा (सीए) प्रणाली अनियमितताओं, परिचालनगत चूक तथा प्रक्रियात्मक विचलनों का समय पर पता लगाने के लिए बैंक की प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंग है. निरंतर निगरानी प्रदान करते हुए, सीए ढाँचा आंतरिक नीतियों एवं विनियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघनों का पता लगाने में सहायक होता है, जिससे जोखिमों का न्यूनीकरण तथा धोखाधड़ीपूर्ण लेन-देनों की रोकथाम होती है. सीए प्रणाली एक आवश्यक नियंत्रण प्रक्रिया के रूप में कार्य करती है, जो बैंक की आंतरिक लेखा प्रणाली को आधार प्रदान करती है तथा समग्र नियंत्रण वातावरण को और अधिक मजबूत बनाती है.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों तथा बोर्ड द्वारा अनुमोदित समवर्ती लेखा परीक्षा नीति के अनुपालन में, बैंक ने जोखिम मूल्यांकन और संभाले गए कारोबार की मात्रा के आधार पर विभिन्न कारोबार इकाइयों में सीए संरचना को लागू किया है. समवर्ती लेखा परीक्षा का दायरा जोखिम धारणा तथा संभाले गए कारोबार की मात्रा के आधार पर खुदरा बैंकिंग समूह (आरबीजी) की शाखाओं, विशेष या गैर-आरबीजी इकाइयाँ जैसे बृहत कॉरपोरेट समूह (एलसीजी), मध्य कॉरपोरेट समूह (एमसीजी), व्यापार वित्त केंद्र (टीएफ़सी), खुदरा आस्ति केंद्र (आरएसी), करेंसी चेस्ट, ट्रेजरी परिचालन तथा केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र जैसे क्रेडिट सॉल्यूशन सेंटर एवं खाता खोलने के केंद्रीकृत प्रभाग जैसे क्षेत्रीय प्रसंस्करण इकाइयाँ (आरपीयू) तक विस्तृत है.

बैंक की बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीए नीति के अनुसार, सीए को बैंक की 70% जमा और 70% अग्रिमों को शामिल करना आवश्यक है. तद्नुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु एसीबी द्वारा अनुमोदित समवर्ती लेखापरीक्षा योजना के अनुरूप, सीए ने जमाओं में 76.75% तथा अग्रिमों में 82.50% का कवरेज प्राप्त किया, जिसमें बैंक की कुल 1,211 लेखापरीक्षित इकाइयाँ शामिल थीं.

समवर्ती लेखा परीक्षकों के कार्य-निष्पादन एवं गुणवत्ता की सतत निगरानी अंचल लेखा परीक्षा कार्यालयों तथा मुंबई स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा की जाती है, ताकि लेखा परीक्षा मानकों का अनुपालन तथा रिपोर्ट का समय पर प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित किया जा सके. जोखिम न्यूनीकरण को और सुदृढ़ करने हेतु, संबंधित अंचल लेखापरीक्षा कार्यालयों द्वारा ग्रामीण (वित्तीय समावेशन) शाखाओं तथा *'उच्च जोखिम'* अथवा उससे अधिक श्रेणी में वर्गीकृत ग्रामीण शाखाओं के लिए त्रैमासिक आधार पर तदर्थ लेखा परीक्षाएं भी की जाती हैं. उपलब्धता की कमी के कारण जहाँ समवर्ती लेखा परीक्षकों की नियुक्ति संभव नहीं हो पाती है, वहाँ भी इस प्रकार की लेखा परीक्षाएँ की जाती हैं. पर्यवेक्षणीय नियंत्रण के रूप में, बैंक समवर्ती लेखा परीक्षकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करता है, ताकि लेखा परीक्षा के निष्कर्षों पर विचार-विमर्श किया जा सके तथा लेखा परीक्षा की प्रभावशीलता को सुदृढ़ किया जा सके. इसके अतिरिक्त, महाप्रबंधक अथवा उप महाप्रबंधक - अंचल लेखा परीक्षा कार्यालय द्वारा समवर्ती लेखा परीक्षकों एवं लेखा परीक्षित इकाइयों के साथ प्रत्येक तीन माह में एक बार औपचारिक बैठकें आयोजित की जाती हैं.

ऋण लेखापरीक्षा

बैंक ने चयनित उधारकर्ताओं के खातों की व्यापक एवं गहन समीक्षा के लिए एक संरचित ऋण लेखापरीक्षा तंत्र स्थापित किया है, जिसका उद्देश्य ऋण गुणवत्ता को सुदृढ़ करना तथा ऋण पोर्टफोलियो की समग्र मजबूती में वृद्धि करना है. ऋण लेखापरीक्षा प्रक्रिया, ऋण जोखिम प्रबंधन पद्धतियों की प्रभावशीलता के बारे में स्वतंत्र आश्वासन प्रदान करती है तथा ऋण मूल्यांकन एवं निगरानी में संभावित कमियों की शीघ्र पहचान में सहायक होती है.

ऋण लेखापरीक्षा में उधार से संबंधित प्रमुख पहलुओं का विस्तृत परीक्षण शामिल होता है, जिसमें ऋण मूल्यांकन की पर्याप्तता एवं गुणवत्ता, आंतरिक नीतियों एवं विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन, दस्तावेजीकरण एवं प्रतिभूति सृजन की पर्याप्तता तथा खाते के परिचालन का परीक्षण आदि शामिल हैं. ऋण लेखापरीक्षा के लिए चयनित उधारकर्ता खातों की पहचान सुव्यवस्थित जोखिम-आधारित मानदंडों के आधार पर की जाती है. इनमें सभी नए, अधिग्रहण एवं संवर्धन प्रस्तावों और नवीनीकरण तथा सीमा नवीनीकरण-सह-संवर्धन से संबंधित प्रस्ताव एवं कॉरपोरेट नवीनीकरण के ऐसे मामले जिन्हें बीबीबी एवं उससे निम्न श्रेणी में आंका गया हो, शामिल हैं तथा जिनकी मंजूर की गई सीमा निर्धारित प्रारम्भिक सीमा से अधिक है. इसके अतिरिक्त, वे खाते जो समीक्षा अवधि के दौरान निवेश-ग्रेड से नीचे हो गए हों, उन्हें भी लेखापरीक्षा के दायरे में शामिल किया जाता है. यह लक्षित दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि उच्च जोखिम वाले एक्सपोज़र का अधिक गहन परीक्षण किया जाए, जिससे सक्रिय जोखिम न्यूनीकरण को समर्थन मिलता है तथा पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सतत सुधार सुनिश्चित होता है.

छानबीनपरक लेखापरीक्षा अथवा विशेष छानबीनपरक लेखापरीक्षा (आईए/एसआईए)

आपके बैंक का लेखापरीक्षा विभाग विभिन्न जोखिम-आधारित ट्रिगर्स के आधार पर शाखाओं एवं कार्यालयों में विशेष छानबीनपरक लेखापरीक्षा/ छानबीनपरक लेखापरीक्षाएं (एसआईए/ आईए) संचालित करता है. ये जांचें प्रणालियों, नीतियों, उत्पाद दिशानिर्देशों, प्रक्रियाओं तथा कार्यविधियों में विद्यमान कमियों की समय पर पहचान सुनिश्चित कर बैंक के नियंत्रण परिवेश को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे नियंत्रणों को मजबूत करने तथा शाखाओं की बेहतर ढंग से समग्र निगरानी करने में सहायता मिलती है. एसआईए/आईए द्वारा दिये गये प्रारंभिक ट्रिगरों ने अंचल कार्यालयों को समय पर वसूली अथवा विधिक कार्रवाई प्रारंभ करने में सहायता प्रदान की है, जिससे खातों के अनर्जक आस्तियों (एनपीए) में जाने से रोका गया. इन एसआईए से प्राप्त महत्वपूर्ण अवलोकनों को उपयुक्त मार्गदर्शन एवं निर्देश हेतु एसआईए / आईए के लिए कार्यरत कार्यपालक निदेशक(ईडी) स्तर की समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है तथा उन पर किए गए सुधारात्मक कार्रवाइयों को आवधिक रूप से बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) को रिपोर्ट किया जाता है. एसआईए / आईए के माध्यम से पहचानी गई प्रमुख त्रुटियों एवं नियंत्रण संबंधी कमियों को पुनरावृत्ति की रोकथाम के उद्देश्य से संबंधित शाखाओं, कार्यालयों तथा नियंत्रक कार्यालयों को सुनियोजित रूप से संप्रेषित किया जाता है. ये प्रयास बैंक में सुदृढ़ अनुपालन संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं, जो न केवल शाखा एवं कार्यालय स्तर के परिचालनों तक सीमित है, बल्कि पर्यवेक्षी निगरानी को भी समाहित करते हैं, जिससे समग्र अभिशासन एवं निगरानी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ता प्राप्त होती है.

स्टाफ जवाबदेही

आपके बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित स्टाफ जवाबदेही (एसए) नीति के अंतर्गत स्टाफ जवाबदेही संबंधी मुद्दों की जांच के लिए एक समर्पित टीम है, जिसकी प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है. एसए का उद्देश्य ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर बैंक के व्यापक हितों की सुरक्षा करना है जहां बैंक के हितों की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों और प्रक्रियाओं का स्टाफ द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा है और जिसके परिणामस्वरूप बैंक को हानि हुई है. यह अभ्यास, बैंक को अपनी कार्य-प्रणालियों और प्रक्रियाओं में सुधार करने, प्रशिक्षण और परामर्श के माध्यम से किसी प्रकार के ज्ञान की कमी को दूर करने अथवा अन्य कार्रवाइयों द्वारा एक ऐसा वातावरण तैयार करने में, जो दिशा-निर्देशों और प्रक्रियाओं

के बेहतर अनुपालन के अनुकूल हो, समय पर और उचित सुधारात्मक कदम उठाने में सहायता करता है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय, मुंबई में एक मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के नेतृत्व में एक समर्पित सतर्कता विभाग (वीजीडी) के माध्यम से एक सुव्यवस्थित सतर्कता ढांचा स्थापित किया है. कार्य-क्षेत्र स्तर पर निगरानी को सुदृढ़ करने और प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु, बैंक के सभी अंचल कार्यालयों (जेडओ) में सतर्कता टीमों का गठन किया गया है, ताकि पूरे बैंक में सतर्कता संबंधी गतिविधियों की निकट निगरानी और बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके.

सीवीओ बैंक में सतर्कता से संबंधित कार्यों की देखरेख के लिए उत्तरदायी होते हैं, जिनका कार्यक्षेत्र व्यापक है इसमें निवारक और अन्वेषणात्मक दोनों पहलू शामिल हैं. इसमें कर्मचारियों द्वारा किए गए या संभवतः किए जाने वाले भ्रष्ट आचरण के बारे में सूचना का संग्रहण करना; सतर्कता संकेतों के साथ सत्यापन योग्य आरोपों संबंधी शिकायतों की जांच करना; सतर्कता और जांच रिपोर्टों पर कार्रवाई करना जिसे आगे अनुशासनात्मक प्राधिकारी के विचारार्थ भेजना; जहां कहीं भी आवश्यकता हो, मामलों को केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को उनके विचारार्थ और सलाह हेतु भेजना; भ्रष्टाचार या कदाचार रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाना और अन्य कार्यकलापों के साथ विभिन्न विधि प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय एवं संपर्क करना शामिल है.

सतर्कता संबंधी जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़ी जानकारी तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए, आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग का एक समर्पित वेबपेज है. यह प्लेटफॉर्म सतर्कता विभाग के कार्यों का विहंगावलोकन, बैंक की शाखाओं और कार्यालयों में प्रदर्शित करने के लिए सीवीसी द्वारा निर्धारित मानक नोटिस का प्रारूप, सीवीसी, सीवीसी के मुख्य तकनीकी परीक्षक संगठन (सीटीईओ), व्यय विभाग, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए महत्वपूर्ण परिपत्रों और दिशानिर्देशों, साथ ही बैंक के आंतरिक निर्देश प्रदान करता है. इसमें निवारक सतर्कता संबंधी पहलों पर भी प्रकाश डाला गया है, जिनमें निवारक सतर्कता के *'क्या करें'* और *'क्या न करें'* शामिल हैं. इन पहलों ने आपके बैंक के अधिकारियों के बीच सतर्कता जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में योगदान दिया है.

सतर्कता कार्य में *'निवारक सतर्कता'* और *'दंडात्मक सतर्कता'* दोनों तत्त्व शामिल हैं. निवारक सतर्कता एक सतत प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्धारित प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है, विवेकाधिकार के उपयोग को कम किया जा सके और कर्मचारियों के साथ-साथ बैंक के हितधारकों को सतर्कता संबंधी मामलों के बारे में जागरूक किया जा सके और उनमें जागरूकता पैदा की जा सके.

अपने निवारक सतर्कता प्रयासों के हिस्से के रूप में, बैंक ऑनसाइट निगरानी, औचक सतर्कता दौरे (एसवीवी) और स्वतः संज्ञान के आधार पर निरीक्षण करता है, जो योजनाबद्ध तरीके से और साथ ही स्टाफ या बाहरी तत्वों द्वारा संदिग्ध कदाचार से संबंधित विशिष्ट स्रोत सूचना के आधार पर किए जाते हैं. ये उपाय किसी प्रकार की अनियमितताओं, यदि कोई हो, का पता लगाने और निर्धारित प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन का आकलन करने में सहायक होते हैं. इसके अतिरिक्त, सतर्कता विभाग एक बारगी निपटान (ओटीएस)/ पहली बार अनर्जक आस्ति (एफटीएनपीए), बैंक अधिकारियों के आस्ति व देयताओं की वार्षिक विवरणियों (एआरएएल), बैंक की लेखापरीक्षा रिपोर्टों की जांच करता है और प्रणालीगत सुधार के लिए पाई गई अनियमितताओं जहां भी आवश्यक हो, को रोकने के लिए एड्वाईजरी जारी करता है, साथ ही पूरे संगठन में सतर्कता सिध्दांतों को सुदृढ़ करने के लिए कर्मचारियों को सतर्कता मामलों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है. आपके बैंक के पास सतर्कता मामलों से संबंधित शिकायतों की प्रभावी निगरानी और त्वरित निपटान के लिए सतर्कता शिकायत प्रबंधन मॉड्यूल (वीसीएमएम) है.

सीवीसी के निर्देशों के अनुरूप और सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत, आपके बैंक ने 27 अक्तूबर 2025 से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2025 का आयोजन किया, जिसका विषय था "सतर्कता- हमारी साझा जिम्मेदारी". इस अवसर पर, अपने सभी कर्मचारियों के लाभ के लिए एक विशेष ई-पत्रिका जारी की गई. अखिल भारतीय स्तर पर स्टाफ सदस्यों तथा उनके बच्चों के लिए ऑनलाइन और ऑफ लाइन मोड पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्रश्नोत्तरी, निबंध-लेखन, कार्टून और कैरिकेचर, कॉइन-ए-कैप्शन, मेमोरी गेम आदि का आयोजन किया. इसके अतिरिक्त, वीएडब्ल्यू 2025 सप्ताह के दौरान केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) और कानून प्रवर्तन एजेंसी (एलईए) के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुंबई में आपके बैंक के प्रधान कार्यालय के कर्मचारियों को संबोधित किया.

वीएडब्ल्यू 2025 मनाने के एक हिस्से के रूप में, बैंक के कर्मचारियों ने ऑनलाइन माध्यम से सत्यनिष्ठता की प्रतिज्ञा ली और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई का व्यापक समर्थन करने के लिए बैंक के ग्राहकों को उनके खाते के विवरण के साथ सत्यनिष्ठता की प्रतिज्ञा लेने के लिए भी एक लिंक भेजा गया. फील्ड अधिकारियों, ग्राहकों और सर्व साधारण के लाभ के लिए विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया. पहुंच बढ़ाने के लिए आपके बैंक के अंचल कार्यालयों (जेडओ), क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ), शाखाओं और सार्वजनिक इंटरफेस वाले अन्य स्थानों पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए. आपके बैंक ने विभिन्न स्थानों पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया और जागरूकता अभियान भी चलाये.

सीवीसी के निर्देशों के अनुसार, वीएडब्ल्यू-2025 से संबंधित जानकारी आपके बैंक की वेबसाइट के साथ-साथ इसके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित की गई, जिससे सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूती मिली.

विनियामक अनुपालन

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रणों की संरचित प्रणाली और विभिन्न स्तरीय समीक्षा के ज़रिए भारत सरकार, रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा अन्य विनियामक/सांविधिक निकायों द्वारा जारी सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. अनुपालन कार्य मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय में अनुपालन विभाग द्वारा संचालित किया जाता है

जिसके प्रमुख कार्यपालक निदेशक स्तर के एक वरिष्ठ अधिकारी हैं जिन्हें मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के रूप में नामित किया गया है, जो पूरे बैंक में सभी विनियामक और सांविधिक दिशानिर्देशों के प्रसार, कार्यान्वयन और आंतरिककरण की देखरेख करते हैं.

आपका बैंक बोर्ड द्वारा अनुमोदित अनुपालन नीति के अंतर्गत कार्य करता है जिसे रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है और जिसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है. यह नीति अनुपालन कार्य से संबंधित विभिन्न हितधारकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करती है, जिससे कार्यान्वयन में जवाबदेही और निरंतरता सुनिश्चित होती है. इस ढांचे के समर्थन से, बैंक ने एक मजबूत और प्रभावी अनुपालन संरचना स्थापित की है, जिसमें बदलते विनियामक परिदृश्य, उभरती प्रौद्योगिकियों, आंतरिक क्षमताओं में वृद्धि और अनुपालन कार्य की आवधिक बाहरी लेखापरीक्षाओं या समीक्षाओं से प्राप्त निष्कर्षों के जवाब में ढांचे को मजबूत करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया है.

बोर्ड को रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामकों या एजेंसियों से प्राप्त महत्वपूर्ण विनियामक संचार, निर्देश और दिशा-निर्देशों के संबंध में मासिक अंतराल पर अवगत कराया जाता है. इसके अतिरिक्त, बैंक विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन को सत्यापित करने और किसी भी कमी, यदि कोई हो, की समय पर पहचान करने के लिए अनुमोदित अनुपालन परीक्षण योजना के अनुसार जोखिम-आधारित अनुपालन परीक्षण करता है.

सूक्ष्म स्तर पर अनुपालन को सुदृढ़ करने के लिए, आपके बैंक ने उन्नत प्रौद्योगिकी-सक्षम समाधानों का उपयोग किया है, जिनमें सेरमो+एनएक्सटी, कार्यप्रवाह-आधारित अनुपालन प्रणाली, केसवेयर आइडिया, एक ज्ञान प्रबंधन उपकरण (केएमटी) और विभिन्न निगरानी ट्रैकर शामिल हैं. ये डिजिटल उपकरण पूरे उद्यम में अनुपालन की निगरानी, विनियामक विवरणियों को समय पर प्रस्तुत करने और प्रभावी डेटा प्रबंधन को सुगम बनाते हैं, जिससे बैंक में अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा मिलता है.

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम

आपके बैंक ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के समय पर और प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक संस्थागत तंत्र स्थापित किया है. आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी के लिए प्राप्त होने वाले अनुरोधों का त्वरित उत्तर देने के लिए केंद्रीय जन सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) को नामित किया है. इसके अतिरिक्त, सभी शाखा प्रमुखों को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों को प्राप्त करने और उन्हें सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्य महा प्रबंधक स्तर के एक वरिष्ठ अधिकारी को प्रथम अपील प्राधिकारी (एफएए) के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक निदेशक स्तर के अधिकारी को पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया गया है. बैंक की वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/) पर आरटीआई अधिनियम के लिए एक अलग लिंक उपलब्ध कराया गया है. आपके बैंक ने भारत सरकार के आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल के साथ भी संबद्धता स्थापित की है जिसके अंतर्गत नागरिक पोर्टल (https://rtionline.gov.in) के जरिये आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांग सकते हैं और अपील दायर कर सकते हैं. ये उपाय आपके बैंक को सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार आरटीआई अनुरोधों को कुशलतापूर्वक संभालने एवं निपटान करने में सक्षम बनाते हैं.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक ने भारत सरकार के राजभाषा अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के अनुसार राजभाषा हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास किए हैं. आपके बैंक के सभी वर्टिकलों, विभागों, अंचल और क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ-साथ अन्य कार्यालयों और शाखाओं ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम और अन्य निर्देशों में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से केंद्रित प्रयास किए.

ग्राहक संपर्क में राजभाषा के प्रगतिशील उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, आपके बैंक ने ग्राहक संप्रेषण में राजभाषा के प्रगतिशील उपयोग के लिए कई पहलें लागू कीं, जैसे राजभाषा में एटीएम रसीद जारी करना और संदेश भेजना. वर्ष के दौरान, बैंक की वेबसाइट पर राजभाषा में बैंक के उत्पादों और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के प्रयास किए गए. बैंक का मोबाइल एप्लिकेशन, गो मोबाइल+ में राजभाषा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे ग्राहकों तक इसकी पहुंच और भी बढ़ गई है. इसके अतिरिक्त, ग्राहकों की सुविधा के लिए ग्राहक संपर्क केंद्रों पर राजभाषा के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्टर, बैनर और अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित की गई. राजभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग विभिन्न विज्ञापन अभियानों में किया गया, जिनमें सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाएं भी शामिल हैं.

आपके बैंक ने राजभाषा में कार्य को सुगम बनाने के लिए अपने इंट्रानेट पर द्विभाषी रूप में टेम्पलेट पत्र, फॉर्म, प्रारूप, वार्षिक रिपोर्ट, प्रेस विज्ञप्ति, विज्ञापन, शब्दकोश, नोटिंग और अन्य प्रासंगिक संदर्भ सामग्री अपलोड की है. स्टाफ सदस्यों द्वारा अपने दैनंदिन कार्यालयीन कार्य में राजभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं लागू की गईं और कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. बैंक के विभिन्न विभागों और वर्टिकलों में राजभाषा के प्रयोग को प्रगामी रूप से बढ़ावा देने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन की विभिन्न अपेक्षाओं और राजभाषा यूनिकोड के प्रयोग के बारे में कर्मचारियों को परिचित करने के लिए बैंक के सभी क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशालाएं आयोजित की गईं.

सांविधिक आवश्यकताओं के अनुरूप, आपके बैंक ने सितंबर 2025 में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया. शाखाओं और विभागों में राजभाषा के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा और निगरानी के लिए तिमाही आधार पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें (राकास) आयोजित की जाती हैं और तिमाही रिपोर्ट राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को भेजी गई हैं. राजभाषा

के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए शाखाओं और विभागों का निरीक्षण भी किया गया है.

इन निरंतर पहलों के माध्यम से, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान दिन-प्रतिदिन के आधिकारिक कार्यों में राजभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने का प्रयास किया और बैंक को विभिन्न मंचों पर उचित सम्मान प्राप्त हुआ तथा पुरस्कार भी प्राप्त हुए.

ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन

अपने सभी हितधारकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनने के अपने ध्येय को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने और ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने पर ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है.

ग्राहक सेवा केंद्र (सीसीसी) समय पर और प्रभावी शिकायत समाधान के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का केंद्र है, जो सकारात्मक अनुभव के माध्यम से ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि को मजबूत करता है. ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं और विनियामक मानदंडों के प्रति उत्तरदायी बने रहने के लिए, आपका बैंक अपनी ग्राहक सेवा नीति, शिकायत निवारण नीति और ग्राहक अधिकार नीति की वार्षिक समीक्षा करता है. ये नीतियां एक संरचित, पारदर्शी और समयबद्ध शिकायत निवारण ढांचा सुनिश्चित करके ग्राहकों को सशक्त बनाती हैं. विभिन्न चैनलों से प्राप्त सभी शिकायतों पर इन्हीं नीतियों के अनुसार कार्रवाई की जाती है, जिसमें एक पूर्व-निर्धारित समयबध्द अंतर्निहित एस्केलेशन मैट्रिक्स और आंतरिक चेतावनी तंत्र निर्धारित है. इन नीतियों के अनुसार, यदि शिकायत का समाधान पूर्व-निर्धारित टर्नअराउंड समय (टीएटी) के भीतर नहीं किया जाता है, तो उसे बेहतर शिकायत समाधान के लिए अगले उच्च अधिकारी के पास प्रेषित कर दिया जाता है. आपके बैंक ने अपने सभी 16 अंचल कार्यालयों में शिकायत निवारण अधिकारियों (जीआरओ) और प्रधान कार्यालय में एक प्रधान नोडल अधिकारी (पीएनओ) को पदनामित किया है. इसके अलावा, भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक - आंतरिक लोकपाल) निदेश, 2026 के अनुसार ऐसी सभी शिकायतों जिनको बैंक अस्वीकार या आंशिक समाधान प्रदान करने का प्रस्ताव करता है, उन्हें ग्राहक को जवाब देने से पूर्व बैंक के आंतरिक लोकपाल (आईओ) के पास स्वतंत्र समीक्षा के लिए भेजा जाता है.

आपके बैंक की एक केन्द्रिकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली है, जो विभिन्न चैनलों से प्राप्त शिकायतों को दर्ज करने, निगरानी और उनका समय पर समाधान करने में सहायता करती है. सभी प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि इस प्रणाली में की जाती है और शिकायत पंजीकृत करने पर ग्राहक को एक एसएमएस के द्वारा पावती भेजी जाती है, जिससे ग्राहक को बैंक की वेबसाइट, निकटतम शाखा या संपर्क केंद्र के माध्यम से अपनी शिकायतों की स्थिति का पता लगाने की सुविधा मिलती है.

ग्राहकों के प्रश्नों के 24X7 आधार पर समाधान करने और विविध चैनलों से प्राप्त ग्राहक शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए आपके बैंक के पास नवी मुंबई में सीबीडी बेलापुर और हैदराबाद स्थित, दो समर्पित ग्राहक संपर्क केंद्र है. बैंक के ग्राहकों की विविधता का सम्मान और स्वीकार करते हुए तथा उनकी बातचीत को व्यक्तिगत बनाने का प्रयास करते हुए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा ग्राहक संपर्क केंद्र 10 क्षेत्रीय भाषाओं में सेवाएं प्रदान करता है.

आपका बैंक वार्षिक आधार पर जमाकर्ता संतुष्टि सर्वेक्षण आयोजित करता है और निष्कर्षों का मूल्यांकन किया जाता है तथा प्राप्त जानकारियों को उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों में सुधार के लिए शामिल किया जाता है. शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति (बीएलसीएससी) की बैठकें प्रत्येक माह की 15 तारीख को आयोजित की जाती हैं ताकि ग्राहकों और शाखा के बीच संरचित संप्रेषण को प्रोत्साहित किया जा सके जिससे शाखा में सेवा स्तर में सुधार हो सके.

आपके बैंक ने ग्राहक सेवा की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए दो वरिष्ठ स्तरीय ग्राहक सेवा समितियां अर्थात् ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति (एससीसीएस) और बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) गठित की हैं. इन समितियों, जिनकी बैठकें त्रैमासिक आधार पर होती हैं, को बैंक के विभिन्न संपर्क बिंदुओं द्वारा प्रदान की जाने वाली ग्राहक सेवा की गुणवत्ता का आकलन करने का कार्य सौंपा गया है. इसके अलावा, समितियां ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों और प्रतिक्रियाओं का भी मूल्यांकन करती हैं और शिकायत निवारण की दक्षता में सुधार तथा ग्राहक सेवा में सुधार को सुगम बनाने के लिए मौजूदा मानदंडों या प्रक्रियाओं में आवश्यक परिवर्तन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करती हैं.

बैंक ने ग्राहक सेवा और अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं, जिनमें एचएनआई और एनआरआई ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एक समर्पित *"ग्रीन कॉरिडोर"* की स्थापना शामिल है. आईटच सीआरएम के माध्यम से एक स्वचालित संचार प्रणाली शिकायत की स्थिति पर समय पर ईमेल अपडेट सुनिश्चित करती है, साथ ही पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग सुविधा भी उपलब्ध है. सेवा गुणवत्ता की निगरानी के लिए कॉल सेंटर से बातचीत के बाद तुरंत एसएमएस आधारित फीडबैक तंत्र शुरू किया गया है. इसके अतिरिक्त, क्रेडिट कार्ड ग्राहक कॉल सेंटर सेवाओं को बैंक के आंतरिक सेटअप के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे संचालन सुचारू हो गया है और सेवा वितरण में सुधार हुआ है.

कॉरपोरेट संवाद

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के विज्ञापन और संचार संबंधी पहल का मुख्य उद्देश्य ब्रांड की पहचान को मजबूत करना और निरंतर ब्रांड जागरूकता तथा उत्पाद एवं सेवा प्रचार के माध्यम से इसके प्रमुख उत्पादों के प्रति रुचि बढ़ाना था. वर्ष के दौरान चलाए गए अभियानों का उद्देश्य बैंक की ब्रांड स्थिति को सुदृढ़ करना और साथ ही इसकी पेशकशों की प्रमुख विशिष्टताओं को उजागर करना था. संचार प्रयासों को मुख्य रूप से आउट-ऑफ-होम (ओओएच), प्रिंट और डिजिटल मीडिया के माध्यम से चलाए गए थे, साथ ही इष्टतम पहुंच और आवृत्ति प्राप्त करने के लिए टेलीविजन और रेडियो का भी सुनियोजित उपयोग किया गया.

इसके साथ ही, बैंक ने जनसंपर्क (पीआर) क्षेत्र में सकारात्मक मीडिया छवि बनाए रखने और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से लक्षित पहल की है. इन प्रयासों से बैंक की पहलों को अनुकूल कवरेज प्राप्त हुआ, जिससे हितधारकों की धारणा में सुधार हुआ और वर्ष के दौरान मीडिया में बैंक की उपस्थिति मजबूत हुई.

बैंक ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन, एक्स और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने आधिकारिक हैंडल के माध्यम से अपने हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क बनाए रखा. महत्वपूर्ण संचार माध्यमों के रूप में कार्य करते हुए, इन प्लेटफॉर्मों ने बैंक को अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करने और ग्राहक-केंद्रित पहलों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने में सक्षम बनाया, साथ ही नवीन और इंटरैक्टिव सामग्री के माध्यम से हितधारकों की सहभागिता को मजबूत किया. यह मानते हुए कि जागरूक ग्राहक सशक्त ग्राहक होते हैं और ग्राहक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, डिजिटल अपनाने में तेजी से वृद्धि और डिजिटल धोखाधड़ी की घटनाओं में संबंधित वृद्धि को देखते हुए, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी जागरूकता और सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं जैसे विषयों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए, कई मीडिया चैनलों पर ग्राहक शिक्षा पहलों की एक श्रृंखला शुरू की गई.

सूचना प्रौद्योगिकी

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, आपके बैंक ने डिजिटल आधुनिकीकरण, परिचालन दक्षता, ग्राहक केंद्रितता, नियामक अनुपालन, नवाचार पर विशेष ध्यान देते हुए, अपने प्रौद्योगिकी परिवर्तन एजेंडा को आगे बढ़ाना जारी रखा, जो बैंक की समग्र कारोबारी रणनीति के साथ निकटता से जुड़े हुए हैं.

वर्ष के दौरान बैंक ने 540 से अधिक आईटी विकास, अनुकूलन और सुधार किए, जिनमें 26 नए एप्लिकेशन लॉन्च करना और कई प्रमुख सिस्टम अद्यतन करना शामिल हैं. ये पहलें नवाचार और उद्यम-व्यापी डिजिटल परिपक्वता के प्रति बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रौद्योगिकी विकास, लचीलापन और ग्राहक अनुभव का एक प्रमुख विकास संवाहक बनी रहे.

ग्राहक अनुभव और डिजिटल सहभागिता

आपके बैंक ने अपने डिजिटल पदचिह्नों के विस्तार को निरंतर बढ़ाते हुए एक ओम्नी-चैनल प्लेटफ़ॉर्म शुरूकिया है, जिसका उद्देश्य वेब और मोबाइल चैनलों पर ग्राहकों को एकसमान अनुभव प्रदान करना है, साथ ही वर्ष के दौरान कई नई सेवाएं भी शुरूकी गई हैं. खुदरा ग्राहकों के लिए, बैंक ने मोबाइल और नेट बैंकिंग चैनलों पर स्विफ्ट जीपीआई आधारित विदेशी मुद्रा प्रेषण ट्रैकिंग शुरूकी है, जिससे आवक-जावक विदेशी मुद्रा प्रेषण की वास्तविक समय में जानकारी मिलती है और सीमा पार लेनदेनों में पारदर्शिता बढ़ती है. पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के लिए वॉट्सअप-आधारित नामांकन के माध्यम से डिजिटल ग्राहक सहभागिता को और मजबूत किया गया है, जिससे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच आसान हो गई है और वंचित वर्गों तक पहुंच में सुधार हुआ है. वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने कारोबार प्रतिनिधि के माध्यम से ईकेवाईसी आधारित बचत खाता खोलने की सुविधा शुरू की है, जिससे ग्राहक की कागज रहित ऑनबोर्डिंग में आसानी होती है और बैंकिंग सेवाएं दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचती हैं. लीड जेनरेशन, पासबुक प्रिंटिंग और एईपीएस को सक्षम या अक्षम करने सहित कई एंड्रॉइड आधारित केबीएस एप्लिकेशन के माध्यम से फील्ड परिचालनों को भी डिजिटाइज़ किया गया है, जिससे वास्तविक समय में प्रोसेसिंग, बेहतर सेवा वितरण और बेहतर परिचालन नियंत्रण सुनिश्चित होता है, जो बैंक की दक्षता, सुलभ और ग्राहक-केंद्रित नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है.

स्वचालन और प्रक्रिया रूपांतरण

वर्ष के दौरान बैंक ने अभिशासन, दक्षता और परिचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किए गए कई उद्यम-व्यापी प्रौद्योगिकी समाधानों को लागू करके अपने डिजिटल परिवर्तन की यात्रा को आगे बढ़ाया है. उपयोगकर्ता पहचानों को केंद्रीय रूप से प्रबंधित करने और एप्लिकेशन एवं आईटी प्रणालियों में सुरक्षित, भूमिका-आधारित एक्सेस को लागू करने के लिए एक व्यापक पहचान और पहुंच प्रबंधन (आईडीएएम) समाधान को इस वर्ष तैनात किया गया, जिससे मजबूत सुरक्षा और अनुपालन सुनिश्चित हुआ. लेन-देन दक्षता बढ़ाने के लिए, बैंक ने सीटीएस एप्लिकेशन और कोर बैंकिंग सिस्टम के बीच एपीआई-आधारित एकीकरण शुरू किया, जिससे निरंतर चेक समाशोधन सक्षम हुआ और विनियामक समय-सीमा का पालन करते हुए समाशोधन चक्रों में उल्लेखनीय कमी आई. एक उन्नत एकीकृत लेखापरीक्षा प्रबंधन समाधान (एएमएस) के कार्यान्वयन के माध्यम से लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजिटाइज़ किया गया, जो संपूर्ण लेखापरीक्षा जीवनचक्र का समर्थन करता है. एक नई वेतन प्रणाली के शुभारंभ के साथ कर्मचारी सहायता प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी किया गया, जिससे कर्मचारी मुआवजे की प्रक्रिया में सटीकता और दक्षता में सुधार हुआ. बैंक ने एकीकृत खरीद प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) को भी लागू किया, जो एक केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म है जो आंतरिक और विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए संपूर्ण खरीद जीवनचक्र का प्रबंधन करता है. कुल मिलाकर, ये पहलें एक सुरक्षित, कुशल और डिजिटल रूप से परिपक्व संगठनात्मक वातावरण के निर्माण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जो परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक-केंद्रित नवाचार की इसकी व्यापक रणनीति के अनुरूप है.

जोखिम प्रबंधन और विनियामक अनुपालन

वर्ष के दौरान बैंक ने प्रौद्योगिकी-आधारित कई पहलों के माध्यम से अपनी जोखिम प्रबंधन और विनियामक रिपोर्टिंग क्षमताओं को और मजबूत किया. केंद्रीकृत भुगतान धोखाधड़ी सूचना रजिस्ट्री (सीपीएफआईआर) को कई भुगतान चैनलों के साथ स्वचालन और एकीकीरण करके धोखाधड़ी की निगरानी और रिपोर्टिंग क्षमताओं को मजबूत किया गया, जिससे धोखाधड़ी वाले लेनदेनों का पता लगाना और समय पर रिपोर्टिंग करना आसान हो गया. रिज़र्व बैंक के परियोजना वित्त दिशा-निर्देश, 2025 के अनुरूप, बैंक ने परियोजना वित्त परिचालनों में अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, सीआरआईएलसी रिपोर्टिंग, प्रावधान और विनियामक खुलासे

सहित परियोजना ऋणों के संपूर्ण जीवनचक्र के प्रबंधन हेतु एक व्यापक एप्लिकेशन को तैनात किया. बैंक ने अपने ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज एनालिटिकल एप्लीकेशन (ओएफएसएसए) प्लेटफॉर्म को भी अद्यतन किया है, जिसमें बैंकिंग बहीखाते में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी), बासेल पूंजी पर्याप्तता एवं विश्लेषण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (आईएफआरएस) जैसे उन्नत मॉड्यूल लागू किए गए हैं, इससे जोखिम विश्लेषण और विनियामक रिपोर्टिंग क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. इसके अलावा, क्रेडिट सूचना कंपनी (सीआईसी) डेटा को सीआरएम के साथ एकीकृत करने से ऋण मूल्यांकन और ग्राहक संपर्क प्रबंधन को और मजबूत बनाने में मदद मिली है, जिससे सार्थक जानकारी प्राप्त होती है और अधिक सूचित निर्णय लेने में सहायता मिलती है.

नवाचार और पारदर्शिता

वर्ष के दौरान बैंक ने आई-कैटलिस्ट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया, जो कर्मचारियों के लिए संगठनात्मक सुधार हेतु नवीन विचार और सुझाव प्रस्तुत करने का एक सुरक्षित डिजिटल मंच है. इसके अलावा, ऑनलाइन सतर्कता शिकायत पोर्टल (ओवीसीपी) के कार्यान्वयन के माध्यम से पारदर्शिता और संस्थागत अभिशासन को मजबूत किया गया, जिससे सतर्कता संबंधी शिकायतों की कुशल इलेक्ट्रॉनिक प्राप्ति, पंजीकरण और ट्रैकिंग संभव हो सकी.

प्रमुख आईटी बुनियादी संरचना पहल

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आपके बैंक ने महत्वपूर्ण आईटी बुनियादी संरचना में व्यापक हार्डवेयर आधुनिकीकरण कार्यक्रम चलाकर प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखा. इन पहलों का उद्देश्य सिस्टम की मजबूती को बढ़ना, प्रदर्शन में सुधार करना और बैंक की बढ़ती डिजिटल और कारोबारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक स्केलेबल बुनियादी संरचना का निर्माण करना था. आपके बैंक ने कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) को सपोर्ट करने वाले हार्डवेयर का अद्यतन किया है ताकि प्रसंस्करण क्षमता, प्रणाली की उपलब्धता और लेनदेन थ्रूपुट में सुधार हो सके. इस उन्नत बुनियादी संरचना से वास्तविक समय में लेनदेन प्रोसेसिंग तेज़ हुई है, बैच प्रदर्शन बेहतर हुआ है और सभी शाखाओं, एटीएम, डिजिटल बैंकिंग चैनलों और भुगतान प्रणालियों में निर्बाध सेवा प्रदान की जा रही है. आपके बैंक ने अपनी नेटवर्क बुनियादी संरचना को भी अद्यतन किया है ताकि उच्च बैंडविड्थ आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके, 98% से अधिक शाखाओं में कम से कम 4 एमबीपीएस के डुअल लिंक, लो-लेटेंसी कनेक्टिविटी और बैंक के संवितरित महौल में सुरक्षित डेटा संचारण की सुविधा उपलब्ध है. आपके बैंक ने क्लाउड अपनाने के लिए दो सार्वजनिक क्लाउड में लैंडिंग ज़ोन स्थापित किए हैं और उनमें से प्रत्येक में दो एप्लिकेशन का अंतरण परीक्षण पूरा कर लिया है. इसके बाद, बैंक सार्वजनिक क्लाउड की प्रबंधनीयता और स्केलेबिलिटी के लाभों का फायदा उठाने के उद्देश्य से चुनिंदा एप्लिकेशन को सार्वजनिक क्लाउड में अंतरण करेगा.

कर्मचारियों की उत्पादकता और परिचालनगत दक्षता में सुधार लाने के लिए, आपके बैंक ने सभी शाखाओं और कार्यालयों में पुराने डेस्कटॉप और लैपटॉप को आधुनिक, ऊर्जा कुशल और सुरक्षित उपकरणों से बदलकर अंतिम उपयोगकर्ता कंप्यूटिंग बुनियादी संरचना को उन्नत किया है. इसके परिणामस्वरूप सिस्टम का प्रदर्शन बेहतर हुआ, डाउनटाइम कम हुआ और रखरखाव लागत में कमी आई.

आपके बैंक ने अपनी सुरक्षा स्थिति को भी अद्यतन किया है. आपके बैंक द्वारा कार्यान्वित एक प्रमुख साइबर सुरक्षा पहल एंडपॉइंट डिटेक्शन एंड रिस्पॉन्स (ईडीआर) के साथ एकीकृत एक उद्यम-व्यापी विस्तारित पहचान और प्रतिक्रिया (एक्सडीआर) प्लेटफॉर्म को तैनात किया है. इसका मुख्य उद्देश्य खंडित सुरक्षा निगरानी, खतरे की विलंबित पहचान और एंडपॉइंट्स और सर्वरों को लक्षित करने वाले बढ़ते उन्नत मैलवेयर/जीरो-डे घटनाओं से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करना था. एक्सडीआर-ईडीआर समाधान ने एंडपॉइंट्स, नेटवर्क, पहचान और क्लाउड कार्यभार से टेलीमेट्री को एकीकृत किया, जिससे खतरे की तत्काल दृश्यता और स्वचालित रोकथाम संभव हुई. प्रमुख तकनीकों में व्यवहार-आधारित ईडीआर एजेंट, केंद्रीय एक्सडीआर सहसंबंध इंजन, सिक्योरिटी ऑर्केस्ट्रेशन, ऑटोमेशन एंड रिस्पॉन्स (एसओएआर) आधारित स्वचालित प्लेबुक और खतरे की खुफिया जानकारी संचालित विश्लेषण शामिल हैं. इसके अलावा, आपके बैंक ने उपयोगकर्ता समीक्षा और प्रबंधन को केंद्रीय रूप से करने के लिए पहचान और एक्सेस प्रबंधन (आईडीएएम) समाधान भी लागू किया है.

उद्यम स्तरीय विश्लेषण एवं डेटा दृश्यांकन पहल

आपके बैंक ने टैब्लू के माध्यम से डेटा-आधारित डैशबोर्ड एवं सिफारिशों के लिए आंतरिक क्षमता विकसित करने की भी पहल प्रारंभ की है. इस परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के अंतर्गत लाइव, इंटरैक्टिव डैशबोर्ड की शुरुआत की गई, जिससे पूरे बैंक में निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुदृढ़ किया गया है.

केंद्रीकृत परिचालन

बैंक ने एक समर्पित केंद्रीकृत परिचालन वर्टिकल स्थापित किया है, जिसमें प्रमुख कार्यात्मक इकाइयाँ जैसे केंद्रीय प्रोसेसिंग इकाई (सीपीयू), क्षेत्रीय प्रोसेसिंग इकाई (आरपीयू), खुदरा आस्ति परिचालन (आरएओ), धनशोधन निवारण कक्ष (एएमएल), मनी म्यूल सेल, साइबर क्राइम सेल, घरेलू भुगतान और विप्रेषण सेवाएं, नकदी प्रबंध सेवाएं (सीएमएस), सरकारी कारोबार समूह (जीबीजी), इंटरनेट एवं मोबाइल बैंकिंग परिचालन, कार्ड निर्गम एवं प्रबंधन अनुभाग, डेटा क्लीन-अप एवं अनुपालन टीम (डीसीसीटी) एवं जीएसटी परिचालन शामिल हैं. यह केंद्रीकृत संरचना सेवाओं और सहायता कार्यों की एक विस्तृत श्रृंखला में मानकीकरण, बेहतर नियंत्रण और परिचालनगत दक्षता को सक्षम बनाती है.

वर्ष के दौरान केंद्रीकृत परिचालन वर्टिकल ने सेवा वितरण और टर्नअराउंड समय में सुधार के लिए प्रक्रिया स्वचालन द्वारा समर्थित कई ग्राहक-केंद्रित पहलें कीं. इन पहलों में उसी दिन खाता खोलना, विविध अनुरोधों का तत्काल प्रसंस्करण, केवाईसी दस्तावेजों का ऑनलाइन अद्यतन या सत्यापन, ग्राहकों को विशिष्ट ग्राहक पहचान संख्या (यूसीआईसी) के आवंटन का स्वचालन, लेनदेनों

की लगभग तत्काल निगरानी और संदिग्ध वैकल्पिक चैनलों को अवरुद्ध करना, चरण I निरंतर समाशोधन का सफल कार्यान्वयन, खुदरा ऋण ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से ईएमआई सेवा हेतु चुकौती के तरीके को अपडेट करना, निर्धारित समय सीमा के भीतर संपत्ति दस्तावेजों को लौटाना, आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) पंजीकरण, आदि शामिल थे.

बैंक ने व्यक्तिगत चालू खाते, एकल स्वामित्व चालू खाता, एनआरआई खाते और पूंजीगत लाभ कर खाते जैसे अतिरिक्त खाता प्रकारों को शामिल करके अपनी स्कैन-आधारित खाता खोलने की प्रक्रियाओं को और बेहतर बनाया है. इस सुधार से संपूर्ण डिजिटल सत्यापन संभव हो पाया है और खाता खोलने में लगने वाला समय काफी कम हो गया है, अब खाता खोलने की प्रक्रिया T+2 से घटकर उसी दिन हो जाती है, जिससे ग्राहकों का खाता खोलने का अनुभव बेहतर हुआ है.

वित्तीय अपराध के बढ़ते जोखिमों से निपटने के लिए, बैंक ने मनी म्यूल खातों से जुड़े जोखिमों की पहचान, निगरानी और निवारण के लिए एक सुव्यवस्थित और प्रौद्योगिकी-आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए एक समर्पित मनी म्यूल कक्ष की स्थापना की है. लेन-देनों के पैटर्न का विश्लेषण करने और मनी म्यूल गतिविधि की संकेतिक अनियमितताओं का पता लगाने के लिए, एक आंतरिक नियम-आधारित एप्लिकेशन, अर्थात् *'आई-सतर्क'*, जुलाई 2025 में विकसित और लॉन्च किया गया था. इस क्षमता को अक्तूबर 2025 में रिज़र्व बैंक के उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)/मशीन लर्निंग (एमएल) आधारित डिटेक्शन इंजन *'म्यूलहंटर.एआई'* को आई-सतर्क एप्लिकेशन में एकीकृत करके और मजबूत किया गया. इससे बैंक को अधिक जटिल म्यूल नेटवर्क का पता लगाने और मनी म्यूल का पता लगाने की बैंक की क्षमता को बढ़ाने में मदद मिली है.

भुगतान और निपटान के क्षेत्र में, बैंक ने निरंतर समाशोधन वातावरण में एपीआई-आधारित चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) समाशोधन को लागू किया, जिससे लगभग तत्काल समय में चेक प्रसंस्करण और निपटान दक्षता सक्षम हुई.

इसके अलावा, धोखाधड़ी की रोकथाम और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, गृह मंत्रालय (एमएचए) / राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के साथ एपीआई एकीकरण का उपयोग करके साइबर अपराध सेल को स्वचालित किया गया, जिससे अलर्ट निगरानी, मामला प्रबंधन और प्रतिक्रिया समयबद्धता में सुधार हुआ.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान निरंतर प्रक्रिया स्वचालन और क्वेरी टूल के विकास के माध्यम से, केंद्रीकृत संचालन ने बैंक को ग्राहक संबंधों में मूल्यवर्धन करने और ग्राहकों से प्राप्त सेवा अनुरोधों के प्रसंस्करण में लगने वाले समय को कम करके, विभिन्न कारोबार इकाइयों को निर्बाध सहायता सेवाएं सुनिश्चित करके और इस प्रकार परिचालन लागत को कम करके परिचालन दक्षता में सुधार करने की अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरने में सुविधा प्रदान की है.

शाखा परिचालन सहायता और नीति

आपका बैंक स्टाफ की क्षमताओं को मजबूत करने पर लगातार जोर दे रहा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि कर्मचारी बैंकिंग परिचालन और सेवाओं के बारे में पूरी तरह से अवगत रहें, ताकि सभी हितधारकों को कुशल सेवा प्रदान की जा सके. इस संबंध में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के सभी कर्मचारियों को शामिल करते हुए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके अतिरिक्त, सेवा की गुणवत्ता और परिचालन प्रभावशीलता को और बेहतर बनाने के लिए भूमिका-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए.

लागू विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में, आपके बैंक ने अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन (यूईबीटी) पर व्यापक नीति और ग्राहक क्षतिपूर्ति नीति लागू की है, जिनका उद्देश्य ग्राहकों के हितों की रक्षा करना और ग्राहकों को समय पर समाधान और उचित एवं पारदर्शी मुआवजा सुनिश्चित करना है. ये दोनों नीतियां, अर्थात् यूईबीटी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Unauthorised-Electronic-Banking-Transactions-Policy.pdf) और ग्राहक क्षतिपूर्ति नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Compensation-Policy-Upload.pdf) सुलभ संदर्भ हेतु बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई हैं.

ग्राहकों को उनकी अदावी जमाराशियां खोजने और उस पर दावा करने में सुविधा प्रदान करने हेतु, बैंक ने रिज़र्व बैंक के अदावी जमाराशियां - सूचना अभिगम गेटवे (यूडीजीएएम) पोर्टल में सक्रियता से स्वयं को पंजीकृत किया है और बैंक के पास पड़ी अदावी जमा राशियों का विवरण अपलोड किया है. इसके अलावा, बैंक ने अदावी जमा राशियों के ग्राहकों की पहचान करने और उनका निपटान के लिए रिज़र्व बैंक के *"आपका पैसा, आपका अधिकार"* अभियान (अक्तूबर 2025 से शुरू) में सक्रियता से सहभागिता की है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने कुल 7,320 अदावी जमाओं के दावों का निपटान किया है, जिनकी कुल राशि ₹ 39.46 करोड़ है. इसमें अप्रैल 2025 से सितंबर 2025 की अवधि के दौरान 1,970 मामलों का निपटान शामिल है, जिनकी कुल राशि ₹ 10.04 करोड़ है और अक्तूबर 2025 से मार्च 2026 (31.03.26 तक) की अवधि के दौरान "आपका पैसा, आपका अधिकार" अभियान के तहत 5,350 मामलों का निपटान शामिल है, जिनकी राशि ₹ 29.42 करोड़ है. साथ ही, बैंक अपने शाखा नेटवर्क और नियंत्रण कार्यालयों के माध्यम से ग्राहकों की पहचान करने और उनसे संपर्क करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास किये ताकि अदावी जमाराशियों का अग्रिम निपटान किया जा सके, जिससे निधियों को जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि (डीईए) में अंतरित करने से बचा जा सके.

आपके बैंक की पूरे देश में 25 करेंसी चेस्ट (सीसी) हैं. ये सभी लिंक शाखाओं की नकदी का प्रसंस्करण करती हैं और एटीएम एवं शाखाओं के माध्यम से वितरण हेतु स्वच्छ नोट प्रदान करती हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, शाखाओं के समन्वय से इन सीसी के माध्यम से कुल 1,332 सिक्का वितरण मेले और नोट विनिमय मेले आयोजित किए गए, जिससे मुद्रा सेवाओं तक जनता की बेहतर पहुंच में मदद मिली.

आपके बैंक ने धोखाधड़ी की जोखिम को कम करने और नियंत्रित करने, प्रभावी परिचालन नियंत्रण और कुशल ग्राहक सेवा जैसे दिवंगत दावा निपटान में स्वचालन, सुरक्षित जमा लॉकर (सम्पूर्ण) स्वचालन और नामांकन सुविधा में स्वचालन, जो रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप हों, सुनिश्चित करने के लिए कई प्रौद्योगिकीय पहलकार्य, प्रणालीगत जांच और प्रक्रियाओं में सुधार किये हैं. बैंक ने सक्रिय ग्राहक संचार उपाय लागू किए हैं, जैसे अपरिचालित खातों के लिए अलर्ट भेजना ताकि खातों के निष्क्रिय होने से रोकने और बाद में खाते के फ्रीज होने से बचने के लिए, आवधिक लेनदेन संबंधी अलर्ट और पुनः केवाईसी करने के लिए देय खातों की अग्रिम सूचना अर्थात् छह महीने पहले भेजना. ग्राहकों की सुविधा को और बढ़ाने के लिए, मौजूदा डिजिटल माध्यमों के अतिरिक्त, बैंक ने आधार-सक्षम ई-केवाईसी प्रमाणीकरण के माध्यम से एक सरलीकृत पुनः केवाईसी प्रक्रिया शुरू की है.

कुल मिलाकर, ये पहलें आंतरिक क्षमताओं को मजबूत करने, ग्राहक सेवा वितरण को बढ़ाने, विनियामक अनुपालन में सुधार करने और पारदर्शी एवं कुशल प्रक्रियाओं के माध्यम से विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं.

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

आपके बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल समाज के वंचित और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के जीवन में महत्वपूर्ण, दृश्यमान और स्थायी बदलाव लाने के उद्देश्य पर आधारित है. बैंक का उद्देश्य संरचित और आवश्यकता-आधारित सीएसआर हस्तक्षेपों के माध्यम से समाज के ऐसे वर्गों के लिए पहचाने गए सामाजिक-आर्थिक और विकासात्मक अंतरों को दूर करना है. अपने विकासात्मक अधिदेश और समावेशी विकास के प्रति उत्तरदायित्व से प्रेरित होकर, बैंक अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से लक्षित प्रत्यक्ष हस्तक्षेपों को लागू करके दीर्घकालिक रूप से बहुआयामी प्रभाव पैदा करने का प्रयास करता है, साथ ही लाभार्थियों के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में उत्प्रेरक भूमिका निभाता है.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आपके बैंक ने सीएसआर हस्तक्षेपों की पहुंच और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए, प्रत्यक्ष पहलों के साथ-साथ मान्यता प्राप्त कार्यान्वयन एजेंसियों के सहयोग से, वित्तपोषण और पहलों दोनों के रूप में अपनी सीएसआर गतिविधियों को बढ़ाया. सीएसआर हस्तक्षेपों में विभिन्न राज्यों में आदिवासी और वंचित वर्गों, विशेष रूप से महिलाओं के लिए आय सृजन वाली गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु डिज़ाइन की गई परियोजनाओं के लिए सहयोगात्मक दीर्घकालिक वित्तपोषण शामिल था, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं; इसने स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करने में योगदान दिया; बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए शिक्षा को बढ़ावा दिया; नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों को बढ़ावा दिया और स्थापित किया; आजीविका के अवसरों को बढ़ाया; व्यावसायिक एवं रोजगार योग्य कौशल को आगे बढ़ाया और नियोजित हस्तक्षेपों को अपनाकर गांवों का समग्र विकास किया.

वित्तीय वर्ष 2025-26 में आपके बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित फोकस क्षेत्रों जैसे शिक्षा (सतत आजीविका के लिए कौशल विकास (उद्यमिता विकास सहित) और वित्तीय साक्षरता और वित्तीय समावेशन), स्वास्थ्य सेवा, जल प्रबंधन और ग्रामीण विकास में चुनिंदा सीएसआर हस्तक्षेपों के लिए ₹ 145 करोड़ स्वीकृत किए.

बैंक ने होप (हेल्थकेयर आउटरीच प्रोग्राम फॉर एवरीवन) और सीड (सपोर्टिंग एजुकेशन फॉर एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट) जैसी प्रमुख योजनाओं के तहत देश भर में 2,000 से अधिक सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को सीएसआर सहायता प्रदान की है.

पर्यावरण, सामाजिक एवं अभिशासन (ईएसजी)

ईएसजी प्रकटन के बारे में बढ़ते विनियामक फोकस, अधिक जागरूकता और हितधारकों की बदलती अपेक्षाओं के चलते भारत में पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) परिदृश्य तेजी से उभर रहा है. इसके कारण संगठनों के बीच अपने दैनिक निर्णय लेने और गतिविधियों में ईएसजी आयामों को शामिल करने का महत्व बढ़ रहा है.

आपके बैंक ने ईएसजी प्रथाओं के लिए एक संरचित और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है, जो जिम्मेदार बैंकिंग और सतत मूल्य सृजन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. धारणीय और उत्तरदायी व्यावसायिक प्रथाओं को अपनाने के महत्व को समझते हुए, आपका बैंक भी अपने ईएसजी प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए कई पहलकार्य कर रहा है. बैंक के परिचालन के ईएसजी-संबंधी पहलुओं के प्रति इसका दृष्टिकोण इसकी ईएसजी नीति में निहित है, जो इसकी वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf) पर भी उपलब्ध है. ईएसजी नीति बैंक की कारोबारी गतिविधियों के निर्देशन के लिए व्यापक ढांचे के रूप में कार्य करती है और इसे लागू राष्ट्रीय कानूनों/ विनियमों के अनुरूप डिजाइन किया गया है, इसका उद्देश्य बैंक को अपनी गतिविधियों के माध्यम से ईएसजी-अनुपालक संस्था के रूप में स्थापित करना है.

बैंक ऊर्जा कुशल प्रकाश समाधानों और डिजिटल एवं पेपर लाइट प्रक्रियाओं को अपनाते हुए और अपने परिसरों में ऊर्जा-बचत उपायों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए, अन्य उपायों के साथ-साथ, अपने परिचालन में पर्यावरणीय विचारों को शामिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है. इसके अतिरिक्त, बैंक नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं जैसी हरित परियोजनाओं को ऋण देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए निरंतर वित्तपोषण को बढ़ावा दे रहा है. बैंक का सामाजिक उत्तरदायित्व एजेंडा लघु बचत खातों, सूक्ष्म बीमा और सूक्ष्म पेंशन उत्पादों, एमएसएमई और कृषि क्षेत्रों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को समर्थन और वंचित एवं कमजोर समुदायों के लिए लक्षित पहलों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है. बैंक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और सामुदायिक संरचना जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम भी चलाता है, जिससे समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान होता है. बैंक एक विविधतापूर्ण और समावेशी कार्यबल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है और सुरक्षित, स्वस्थ कार्य और उत्पीड़न-मुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है. अभिशासन के दृष्टिकोण

से, आपका बैंक जोखिम प्रबंधन, नैतिक आचरण, विनियामक अनुपालन, पारदर्शिता और जवाबदेही से संबंधित मजबूत नीतियों और प्रथाओं का पालन करता है. स्थिरता पर अपने दीर्घकालिक फोकस को मजबूत करने के लिए, आपका बैंक अपने हितधारकों के साथ विभिन्न चैनलों के माध्यम से निरंतर जुड़ाव बनाए रखता है ताकि उनकी अपेक्षाओं और विकसित होते परिचालन परिवेश के अनुरूप हो सके.

बैंक ने अपने ईएसजी प्रदर्शन को मजबूत करने में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसका प्रमाण पारदर्शी एवं बेहतर रिपोर्टिंग और प्रकटन से मिलता है जिसके लिए स्वतंत्र अन्य पक्ष द्वारा उचित रूप से आश्वासन दिया गया है. मौजूदा विनियामक मानदंडों के अनुपालन में, बैंक वित्तीय वर्ष 2022-23 से अपनी वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रूप में कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर) प्रकाशित कर रहा है, जिसमें भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण पर राष्ट्रीय दिशानिर्देशों (एनजीआरबीसी) के तहत नौ सिद्धांतों के बारे में अपने कार्य निष्पादन का खुलासा किया जाता है. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से मौजूदा विनियामक मानदंडों के अनुपालन में अपने बीआरएसआर कोर प्रकटनों के लिए उचित आश्वासन प्राप्त कर लिया है. बैंक अपनी वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-databook.pdf) पर वार्षिक आधार पर एक ईएसजी डेटाबुक भी प्रकाशित करता है, जो हितधारकों के एक व्यापक समूह को पारदर्शी और सरलता से समझनेयोग्य तरीके से ईएसजी से संबंधित पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करता है.

आपका बैंक 2023 से वैश्विक एजेंसी अर्थात् एस एंड पी ग्लोबल द्वारा आयोजित कॉरपोरेट संधारणीयता मूल्यांकन (सीएसए) में भी स्वेच्छा से भाग ले रहा है. बैंक द्वारा हाल के वर्षों में कार्यान्वित पहलों ने इसके ईएसजी स्कोर में लगातार सुधार में योगदान दिया है.

ईएसजी से संबंधित मामलों पर बढ़ते ध्यान को देखते हुए, आपका बैंक अपने ईएसजी प्रदर्शन में सुधार करने के साथ-साथ अपने विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में ईएसजी-केंद्रित संस्कृति को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध बना रहा है.

Management Discussion & Analysis

BUSINESS ENVIRONMENT

The global economic growth remained resilient in 2025, albeit below historical averages, supported by accommodative financial conditions that partially aided in offsetting headwinds arising from tariff-related uncertainties and elevated geopolitical and inflationary risks. The monetary policy stance by major central banks since late 2025 shifted to a pause-and-assess mode, with most advanced economies pausing or selectively tightening their policy stance, amid persistent inflation and heightened uncertainty, and emerging market economies adopting cautious, inflation-dependent easing or steady policy stances in response to moderating inflation and slowing growth. Global financial markets, after remaining relatively buoyant through late-2025 driven by easing inflation and accommodative policies, turned volatile in early-2026 due to heightened geopolitical tensions, rising energy prices, renewed inflationary risks and shifts in monetary policy expectations.

Against this backdrop, India's domestic activity remained upbeat, mainly driven by healthy private consumption supported by improving rural and urban demand, rationalisation in the Goods & Services Tax (GST) rates and monetary policy easing. Investment activity sustained momentum, benefiting from ongoing structural reforms, favourable financial conditions and continued public infrastructure spending. On the supply side, the services sector remained buoyant and manufacturing activity gained traction, while agricultural growth moderated due to weather-related disruptions. At the aggregate level, strong domestic drivers more than outweighed the adverse impact of net exports, supporting overall growth resilience. Domestic financial markets witnessed intermittent episodes of volatility during H2 FY 2025-26 amid heightened global uncertainty and volatile capital flows, though the overall market condition remained broadly resilient.

Embarking on a monetary policy easing stance, the Monetary Policy Committee (MPC) of the RBI cumulatively reduced the key policy rate, i.e. Repo Rate, by 125 basis points in the calendar year 2025. Monetary policy transmission strengthened during H2 FY 2025-26, supported by a healthy pass-through to both lending and deposit rates. This, coupled with favourable macroeconomic environment and fiscal stimulus, had a positive impact on the banking sector performance in FY 2025-26. Backed by strong capital buffers and low Non-Performing Asset ratios (NPAs), the banking sector catered to the healthy demand for bank credit in the economy during the year. The overall credit growth was broad-based, led by strong industrial lending, particularly to MSMEs and infrastructure, alongside robust growth in loans to the agricultural and services sectors as well as personal loans, underpinned by sustained buoyancy in the overall economic activity. Correspondingly, the growth in the bank deposits, while lagging the credit growth, remained healthy, largely led by growth in demand deposits.


Going forward, upside risks to inflationary pressures from higher energy prices and volatile financial markets have heightened uncertainty in the global macroeconomic and financial outlook. Amid elevated geopolitical uncertainties, India's macroeconomic outlook remains resilient, supported by strong fundamentals, namely, sustained growth, low and stable inflation and ongoing fiscal consolidation, which is likely to provide buffers against adverse global spill-overs. However, the recent surge in global crude oil prices following the geopolitical tension, compounded by supply disruptions, poses upside risk to inflation and may adversely impact growth momentum. In navigating this challenging environment, fiscal and monetary policy actions in India are expected to remain firmly oriented towards anchoring price stability, while simultaneously providing appropriate support to economic growth.

BUSINESS REVIEW

Operating in a macroeconomic environment characterised by healthy and steady economic growth, the Bank pursued its strategic imperatives with discipline and focus, capitalising on emerging opportunities and delivering sustained improvement in its business growth and profitability. The strategic measures and initiatives undertaken by the Bank across various functional areas have been delineated under the respective segments of this section of the Annual Report.

Consistent with its objective of expanding its outreach and enhancing service delivery, your Bank continued to focus on strengthening its physical as well as digital network through targeted branch expansion across the length and breadth of the country, deeper penetration in rural areas through Business Correspondent (BC)-led models and continued investments in digital banking platforms. As a part of its ongoing efforts to expand outreach, the Bank further strengthened its distribution network in FY 2025-26 by opening 115 new banking outlets, comprising physical branches and fixed Business Correspondent (BC) outlets operating under the IDBI SAMEEP model. The Bank's network of banking outlets serves as the cornerstone of a comprehensive ecosystem focussed on delivering customer convenience. Understanding the evolving expectations of customers, the Bank offers flexibility through multiple alternate and digital delivery channels, that is, a nationwide network of Automated Teller Machines (ATMs) and a comprehensive suite of digital banking services, including internet banking, mobile banking and WhatsApp banking. This multi-channel approach simplifies access and strengthens engagement with the Bank's customers, reinforcing a customer-friendly banking experience while maintaining high standards of security and trust.

IDBI Bank's Banking Outlet & ATM network as on March 31, 2026



Guided by a customer-first philosophy, your Bank continued to offer a comprehensive suite of deposit, loan and investment products and services tailored to the varied requirements of its diverse customer base. In response to evolving market trends and customer behaviour, existing products and services are reviewed from time-to-time and new variants are introduced to ensure continued relevance and competitiveness. Your Bank's deposit strategy focussed on deepening customer relationships and enhancing deposit stickiness through differentiated, segment-specific offerings. Offering tailored deposit solutions across various customer segments and complementing these offerings with state-of-the-art digital capabilities, your Bank focussed on being a partner to its customers in catering to their varied financial needs across lifecycle stages and business requirements. The Bank's advances strategy is defined by a strategic shift towards granular loan portfolio through a balanced mix of retail, Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME) and corporate lending, while maintaining strong asset quality and risk discipline. Retail advances and MSME financing continued to remain key focus areas, offering stable yields and lower credit concentration. Complementing this, your Bank pursued corporate lending selectively to ensure optimised returns while prudentially managing the associated risks. Apart from enhanced due diligence during the credit appraisal stage, the Bank has put in place credit monitoring process to ensure timely identification and mitigation of stress in its loan portfolio, in line with its objective of building and maintaining a quality loan portfolio.

Adopting a robust and proactive approach to compliance, corporate governance and risk management, the Bank continued to strengthen its internal systems, controls and processes, in consonance with the defined regulatory and statutory guidelines. To ensure that the established norms are effectively adhered to, the Bank places strong emphasis on continuously educating and sensitising its workforce through regular training, workshops and internal communications to help them clearly understand their roles, responsibilities and expected standards of conduct. Further, transparent and clear accountability norms, along with well-defined reporting structures and robust monitoring mechanisms, have been defined to ensure strict adherence to internal policies as well as regulatory and statutory requirements on a bank-wide level.

As the Bank charts its future course, customer-centricity shall continue to be a core pillar of its business strategy, reinforcing trust through enhanced customer experiences and nurturing enduring customer relationships. Emphasis shall continue to be placed on stable and sustained business growth through focussed expansion of deposit base and lending portfolio, underpinned by prudent risk management and portfolio diversification. By leveraging evolving technological capabilities, the Bank shall continue to promote increased adoption of digital solutions and process automation to further improve operational efficiency, enhance service delivery and support the development of innovative banking solutions. The Bank will also further strengthen its compliance and governance frameworks, with a continued focus on maintaining stakeholder confidence and preserving the integrity and reputation of its brand.

RETAIL BANKING

Retail Liability Products

Your Bank offers a comprehensive range of deposit products, specifically designed to cater to the diverse banking needs of customers across all segments of the society. These deposit products are tailored to suit both individual

customers, including general citizens, senior citizens, super senior citizens, pensioners, students, Non-Resident Indians (NRIs) as well as non-individual customers, including proprietorships, partnership firms, corporates, Government Institutions, Trusts, Associations, Societies, Clubs and other banks (including Co-operative Banks).

Your Bank pursued its endeavour of refining and improving upon existing products and processes, in tandem with rapidly evolving customer needs and dynamic market conditions. The Bank's efforts were directed towards enhancing the share of retail depositors and augmenting its low-cost deposit base.

During the year, your Bank introduced a new product in the payroll segment, viz. the Government Sector Salary Package, to attract salary accounts of the Central and the State Governments, Public Sector Units (PSUs) and large corporate entities. The Bank introduced a new product for High Net Income (HNI) customers in the personal banking segment, viz. IDBI Opulentia Savings Account. Your Bank introduced two special variants of fixed deposits, viz. Tender Fixed Deposits designed for customers participating in tenders and bids and Aarogya Fixed Deposits, offering the dual benefit of deposit safety and health insurance coverage. The Bank introduced Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016 (RERA) online platform to facilitate seamless user experience. The Bank has developed Application Programming Interface (API) models for National Electronic Funds Transfer (NEFT) and Real-Time Gross Settlement (RTGS) to offer access to Centralised Payment System (CPS) to sub-member banks. The Bank also reduced Monthly Average Balance (MAB) requirements in the Current Accounts to remain competitive in the market.

With a view to enhancing customer convenience during on-boarding, the Bank leverages state-of-the-art technology under the Video Account Opening (VAO) platform, enabling individuals to open new accounts digitally. Your Bank has been driving customer engagement through extensive usage of data analytics and adoption of Customer Relationship Management (CRM) tools, so as to foster enhanced business penetration.

During the year, the Bank ensured that the revisions in the interest rates were meticulously calibrated across select deposit buckets to mitigate potential impact on funding costs as also to ensure continued market competitiveness.

As part of its growth strategy, the Bank continued to expand its geographical footprint through the opening of new branches. Concurrently, the Bank leveraged its capital light and scalable hybrid delivery model, comprising brick-and-mortar branches and digital platform such as kiosks, to expand its reach and to further strengthen its deposit base.

NRI Services


Your Bank offers Non-Resident (External) (NRE) Deposits, Non-Resident Ordinary (NRO) Deposits and Foreign Currency Non-Resident (FCNR) Deposits for its Non-Resident Indian (NRI) customers. Further, the Bank facilitates investments by NRI customers, including equity market investments through Portfolio Investment Scheme (PIS), remittances through Society for Worldwide Interbank Financial Telecommunications (SWIFT) and other modes as well as loans to meet the banking and financial needs of the Indian diaspora across the globe.

Your Bank continues to undertake product and process improvements for augmenting customer experience, enhancing service delivery and ensuring convenient banking for its NRI customers.

Retail Assets

In line with its retail-focussed strategy, the Bank further strengthened its presence in the structured retail asset segment during the year, driven by calibrated growth across a range of retail loan products, including Housing Loans, Loans against Property, Auto Loans, Personal Loans, Education Loans, Solar Rooftop Financing and Loans against Securities. The Bank periodically reviewed product features and internal processes to ensure alignment with evolving market conditions, regulatory expectations and the changing preferences of customer segments, including emerging Gen Z borrowers.


Gross Outstanding - Structured Retail Assets (₹ Crore)



@ - Others includes Staff home loan, Loan against securities, Merchant Establishment Overdraft, Housing Loan – Co-lending, Solar Roof Top finance.

During the year, your Bank crossed ₹ 1 lakh crore milestone for its Structured Retail Asset (SRA) book, registering an annualised growth of 12.02% with 11.40% annualised growth in the housing loan book and sustained double-digit growth across all major product categories. The

quality of the SRA portfolio remained stable, with minimal slippages and Gross NPA level for the portfolio being below 1.42% as on March 31, 2026, reflecting the Bank's continued emphasis on prudent underwriting and portfolio monitoring.



Responding to the evolving needs of its retail customers, the Bank sustained its emphasis on home loans and strengthening acquisition momentum through the introduction of new variants such as the Elite Home Loan Balance Transfer scheme for self-employed professionals and self-employed non-professionals with established repayment behaviour. At the same time, the Bank deepened its engagement with Government-linked green energy initiatives by scaling up Solar Rooftop Financing, expanding its footprint in the electric two-wheeler segment and enhanced digital outreach through the increased adoption of pre-approved personal loans on online platforms. The education loan portfolio was further supported through offerings under the Prime Minister Vidya Lakshmi Scheme, facilitating financing for students pursuing higher studies at select premier institutions within India and overseas.

With a focus on enhancing operational efficiency and customer experience, the Bank upgraded its Automated Loan Processing System to improve decision-making quality, reduce turn-around-time and strengthen fraud-detection capabilities. These efforts were complemented by continued migration of manual workflows to digital platforms, in alignment with the Bank's broader digitisation agenda. Alongside these initiatives, the Bank remained committed to advancing financial inclusion by extending benefits under various subsidy schemes of the government, including the Central Sector Interest Subsidy Scheme (CSIS) while also processing renewal claims under discontinued schemes such as the Dr. Ambedkar CSIS and the Padho Pardesh Scheme. The Bank further supported socio-economic development by providing financial assistance to differently-abled individuals under the National Divyangjan Finance and Development Corporation Scheme at subsidised interest rates. Under Pradhan Mantri Awas Yojana -Urban 2.0, the Bank facilitated housing credit to eligible customers across the Economically Weaker Section (EWS), Low Income Group (LIG) and Middle Income Group (MIG) categories, thereby contributing meaningfully to the national objective of promoting affordable housing.

Credit Cards

Your Bank offers diverse range of credit card variants such as RuPay - Winnings Select, Visa - Royale Signature, Aspire Platinum, Imperium Platinum and Mastercard - Euphoria World, across multiple network schemes, designed to meet the varied needs and preferences of its diverse customer segments. As part of its efforts to strengthen its credit card offerings, the Bank partnered with LIC Cards Services Ltd. (LICCSL) to offer co-branded credit cards on the RuPay scheme, namely Eclat and Lumine. To enhance customer service and improve ease of use, key credit card functionalities were seamlessly integrated into credit card internet banking and the GO Mobile+ app, enabling customers to make real-time bill payments, request card replacement, view payment history and access other essential services. Additionally, the integration of Bharat Bill Payment System (BBPS) across all mobile-based platforms provided customers with greater flexibility managing credit card bill payments. In addition, the Bank introduced a range of offers and discounts for credit card holders to encourage higher spend levels and support improved profitability.

PRIORITY SECTOR BANKING

The Bank continued to play a significant role in advancing Priority Sector Lending (PSL) in line with the mandate of the RBI. During the year, your Bank's lending efforts were primarily directed towards the agriculture and Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) sectors, in accordance with regulatory requirements. To deepen financial inclusion and extend credit access to underserved regions, the Bank continued to service un-serviced and under banked areas through its Corporate Business Correspondent and Business Facilitator network. In this regard, the Bank further strengthened its outreach through dedicated BC outlets branded as IDBI SAMEEP, which provide specified banking services permitted by RBI at locations identified by the Bank. The Bank successfully achieved all prescribed targets for PSL, including sub-targets, on an average basis as on March 31, 2026.

In alignment with Government of India initiatives, the Bank extends loans under various Central Government and State Government sponsored schemes such as Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY), Prime Minister Street Vendor Atmanirbhar Nidhi (PMSVANidhi), Prime Minister Employment Generation Programme (PMEGP), Agriculture Infrastructure Fund (AIF), PM Formalisation of Micro Food Enterprises (PMFME), Pradhan Mantri Vishwakarma Kaushal Samman (PM Vishwakarma), among other schemes. The Bank also remained committed towards supporting minority communities and weaker sections, including Scheduled Castes (SCs) and Scheduled Tribes (STs).

To further strengthen its PSL portfolio, the Bank undertook several strategic initiatives during FY 2025-26. To meet growing demand from the MSME sector, the Bank identified additional 100 branches with high potential of MSME business, taking the total number of specialised MSME branches to 200. The network of agri-focussed branches was also substantially expanded, increasing the count from 80 to 243 branches to generate and support agricultural business opportunities. In line with government initiatives to strengthen MSME financing, the Bank launched Mutual Credit Guarantee Scheme for MSMEs (MCGS - MSME) in line with Department of Finance, Ministry of Finance, to provide guarantee coverage for eligible term loan of up to ₹ 100 crore for projects involving purchase of equipment and machinery. To enable branches to attract incremental business and support the food and agro-processing ecosystem, the Bank has introduced special pricing concession for loans extended to food and agro-processing units. The Bank introduced a digital platform *'Property Power Xpress'* for processing of existing *'Property Power'* loans through web-based interfaces. The platform leverages GST registration and transaction data to provide MSMEs with faster and more convenient access to credit, while significantly reducing manual intervention in loan processing.

The Bank has undertaken end-to-end digitalisation of its Supply Chain Finance offering by transforming Channel Finance for Dealers of Corporate and Standalone Dealer Finance into an Electronic Supply Chain Finance (eSCF) platform. In order to drive focussed growth and streamline execution under this product, a dedicated eSCF cell has been established for channelising business and overseeing operational coordination.

The eSCF portfolio of the Bank continued to exhibit consistent and robust growth during the year, while maintaining strong asset quality with nil non-performing assets during the year. The Bank crossed cumulative dealer sanctions of ₹ 741.75 crore and processed over 23,597 transactions during the year, achieving a total throughput of ₹ 2,406.21 crore under the eSCF platform.

In order to further enhance efficiency and scalability, the Bank is continuously pursuing product and process innovations through digital solutions aimed at reducing turnaround time and strengthening operational effectiveness. A key milestone in this journey has been the introduction of technological advancement for digital processing of MSME loans, minimising manual intervention and enabling faster, more seamless digital approvals. The eSCF platform represents a key technological advancement introduced by the Bank for digitalisation of funding operations, enabling faster credit delivery with minimal manual intervention.

Further, collaborative partnerships with select fintech players are being explored to extend reach and fast-track digitalisation initiatives. The Bank has forged partnership with 18 corporates across diverse industry segments, extending channel finance support to dealers of corporates.

These initiatives reinforce the Bank's commitment to advancing Priority Sector Lending, strengthening MSME financing and supporting inclusive and sustainable economic growth by combining scale with innovation to deliver smarter, more efficient financial solutions.

THIRD PARTY PRODUCTS AND CAPITAL MARKET PRODUCTS

The Bank's Third-Party Distribution (TPD) segment continues to play a pivotal role in offering a diversified suite of value-added products and services to its customers' suitability, risk profiles, financial goals and investment objectives. Anchored in a strong customer-centric philosophy, the Bank has steadily transitioned its approach from transactional sales to value-based engagement, while ensuring strict adherence to complaint business practices. The strategic shift has enabled creation of a continuous and sustained source of fee income for the Bank.

- सेंट्रल डिपॉजटरी सर्विसेस लि. (सीडीएसएल), नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) की निरीक्षण रिपोर्टों और संगामी लेखा परीक्षा रिपोर्टों में की गई टिप्पणियों का अनुपालन करना;
- खोजी लेखा परीक्षा (आईए)/ विशेष खोजी लेखा परीक्षा (एसआईए) के निष्कर्षों की समीक्षा करना;
- रेटिंग एजेंसियों के साथ चर्चा करना;
- प्रबंधन की उपस्थिति के बिना प्रमुख-आंतरिक लेखा परीक्षा और मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के साथ चर्चा करना;
- जोखिम रेटिंग प्रवसन और लेखापरीक्षा प्रणाली की प्रभावकारिता की समीक्षा करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. एसीबी की संरचना

31 मार्च 2026 को एसीबी में चार सदस्य शामिल थे, जिनमें से तीन सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक और सदस्यों के रूप में भारत सरकार के नामिती निदेशक, श्री मनोज सहाय, श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक और श्री अजय प्रकाश साहनी, स्वतंत्र निदेशक.

iii. एसीबी बैठकों के लिए कोरम:

एसीबी बैठकों के लिए कोरम में एसीबी के तीन सदस्य होंगे, इनमें से कम से कम दो-तिहाई स्वतंत्र निदेशक होंगे. एसीबी बैठक की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाएगी जो बोर्ड की किसी अन्य समिति की अध्यक्षता नहीं करेंगे.

iv. एसीबी बैठकों की बारंबारता

एसीबी की वर्ष में कम से कम चार बैठकें होंगी और एसीबी की लगातार दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिन से अधिक का अंतराल नहीं होगा.

v. एसीबी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान एसीबी की 14 बैठकें 15 अप्रैल 2025; 28 अप्रैल 2025; 28 मई 2025; 25 जून 2025; 21 जुलाई 2025; 16 अगस्त 2025; 24 सितंबर 2025; 17 अक्तूबर 2025; 18 अक्तूबर 2025; 26 नवंबर 2025; 19 दिसंबर 2025; 17 जनवरी 2026; 20 फरवरी 2026; और 24 मार्च 2026 को संपन्न हुईं.

आ. कार्यपालक समिति (ईसी)

i. विचारार्थ विषय

- 400 करोड़ से अधिक के एकल उधारकर्ता एक्सपोजर और ₹ 800 करोड़ से अधिक के समूह उधारकर्ता एक्सपोजर वाले उच्च मूल्य के ऋण प्रस्तावों को मंजूरी देना;
- कार्यपालक समिति (ईसी) द्वारा मंजूर की गई निबंधनों और शर्तों में संशोधन करना;
- ऋण समितियों के कार्यवृत्त को रेकॉर्ड पर लेना;
- बातचीत से तय/ एकबारगी निपटान (ओटीएस) के प्रस्तावों की मंजूरी करना;
- ऋणों के एआरसी को अंतरण को अनुमोदित करना;
- रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर, संबद्ध पक्षकारों को उन ऋणों से संबंधित ऋण प्रस्तावों को मंजूरी देना, जो ₹ 10 करोड़ की महत्वपूर्ण सीमा से अधिक हों;
- प्रतिभूतीकरण पोर्टफोलियो की मंजूरियों की समीक्षा करना;
- ईसी द्वारा अनुमोदित मामलों के संबंध में प्रतिभूति सृजन की स्थिति की समीक्षा करना;
- देय और प्राप्य राशियों को निवेश लिखत(तों) में परिवर्तन के प्रस्तावों का अनुमोदन करना;

- ₹ 5 करोड़ से अधिक बकाया खातों वाले इरादतन चूककर्ता की प्रारंभिक जांच करना; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. ईसी की संरचना

31 मार्च 2026 को ईसी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से तीन सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ और सदस्यों के रूप में श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी, श्री सुमित फक्का, डीएमडी, श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक, श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक और श्रीमती पी.वी. भारती स्वतंत्र निदेशक.

iii. ईसी बैठकों के लिए कोरम

ईसी की बैठकों के लिए कोरम कुल संख्या का एक-तिहाई या ईसी के दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगी.

iv. ईसी बैठकों की बारंबारता

ईसी की बैठक वर्ष में कम से कम चार बैठकों के साथ आवश्यकताओं के अनुसार होगी.

v. ईसी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान कार्यपालक समिति की कुल 19 बैठकें हुईं जो 28 अप्रैल 2025; 17 मई 2025; 03 जून 2025; 25 जून 2025; 19 जुलाई 2025; 08 अगस्त 2025; 04 सितंबर 2025; 24 सितंबर 2025; 17 अक्तूबर 2025; 03 नवम्बर 2025; 25 नवंबर 2025; 15 दिसंबर 2025; 26 दिसंबर 2025; 16 जनवरी 2026; 10 फरवरी 2026; 21 फरवरी 2026; 05 मार्च 2026; 17 मार्च 2026 और 27 मार्च 2026 को संपन्न हुईं.

इ. स्टेकधारक संबंध समिति (एसआरसी)

i. विचारार्थ विषय

स्टेकधारक संबंध समिति (एसआरसी) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 तथा एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग डी के साथ पठित विनियम 20 के अंतर्गत उपबंधित विचारार्थ विषयों के अनुसार कार्य करती है.

एसआरसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- शेयरों के अंतरण/हस्तांतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने, नए / डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने, महा सभा आदि से संबंधित शिकायतों सहित शेयरधारकों, बांड धारकों और अन्य प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों का समाधान करना;
- अपनी प्रत्येक बैठक में बैंक की इक्विटी सर्विसिंग और बांड सर्विसिंग रिपोर्टों पर विचार तथा समीक्षा करना और उपर्युक्त अधिदेश को पूरा करने के लिए, जहां आवश्यक हो, निम्नलिखित के संबंध में निर्देश जारी करना:
  - इक्विटी सर्विसिंग संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा करना;
  - फ्लेक्सी बॉण्डों की सर्विसिंग संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा करना;
  - शेयर पूंजी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के मिलान की रिपोर्टिंग की समीक्षा करना;
  - शेयरधारकों द्वारा मताधिकार के प्रभावी प्रयोग के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करना;
  - इश्यु रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट द्वारा दी गई विभिन्न सेवाओं के संदर्भ में बैंक द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के अनुपालन की समीक्षा करना;
  - अदावी लाभांश की मात्रा को कम करने और बैंक के शेयरधारकों को लाभांश वारंट /वार्षिक रिपोर्ट/ सांविधिक नोटिस की समय पर प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा किए गए विभिन्न उपायों और पहल कार्यों की समीक्षा करना; और
  - प्रभार सृजन, ब्याज/मूलधन के भुगतान, प्रतिभूति कवर के रखरखाव और किसी अन्य अनुबंध से संबंधित डिबेंचर धारकों की शिकायतों का समाधान करना.
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. एसआरसी की संरचना

31 मार्च 2026 को एसआरसी में चार सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक और सदस्यों के रूप में श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी, श्री सुमित फक्का, डीएमडी और श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक.

श्रीमती ज्योति बीजू नायर, बैंक की कंपनी सचिव एलओडीआर विनियमावली के अंतर्गत अनुपालन अधिकारी के रूप में भी कार्य करती हैं.

iii. एसआरसी बैठकों के लिए कोरम

एसआरसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा एसआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगी.

iv. एसआरसी बैठकों की बारंबारता

एसआरसी की बैठकें वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित की जाएंगी.

v. एसआरसी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान एसआरसी की चार बैठकें दिनांक 29 मई 2025, 04 सितंबर 2025, 27 नवंबर 2025 और 10 फरवरी 2026 को संपन्न हुईं.

vi. अनुरोध/ शिकायतों की संख्या (इक्विटी एवं बांड)

वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त शेयरधारकों/ बांड धारकों की शिकायतों की संख्या	11,422
जिन शिकायतों का समाधान शेयरधारकों/ बांड धारकों की संतुष्टि के अनुसार नहीं किया गया उनकी संख्या	शून्य
लंबित शिकायतों की संख्या	70

ई. धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी तथा अनुवर्तन करने के लिए बोर्ड की विशेष समिति (एससीबीएमएफ़)

i. विचारार्थ विषय

धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी तथा अनुवर्तन करने के लिए बोर्ड की विशेष समिति (एससीबीएमएफ) का गठन बैंक में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन की प्रभावशीलता की निगरानी के लिए किया गया है. समिति मूल कारण विश्लेषण सहित धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा और निगरानी करेगी और आंतरिक नियंत्रण, जोखिम प्रबंधन ढांचे को मजबूत करने तथा धोखाधड़ी की घटनाओं को कम करने के लिए उपाय सुझाएगी.

एससीबीएमएफ़ की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- निम्नलिखित को कवर करते हुए बैंक में धोखाधड़ी मामलों की समीक्षा और निगरानी करना:
  - (क) सभी आस्तियों और देयताओं से संबंधित धोखाधडियां;
  - (ख) सभी साइबर और डिजिटल भुगतान से संबंधित धोखाधडियां; और
  - (ग) चोरी, सेंधमारी, डकैती, लूट;
- धोखाधड़ी पुनः जांच और रिपोर्टिंग के निष्क्रिय मामलों की समीक्षा करना;
- आरएफए वर्गीकरण की तारीख से 180 दिनों से अधिक समय तक मौजूद रेड फ्लैग्ड खातों (आरएफए) की समीक्षा और निगरानी करना;
- कानूनी प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए), अर्थात पुलिस/सीबीआई, आदि के पास शिकायत दर्ज करने की स्थिति की समीक्षा करना;
- धोखाधड़ी के मूल कारण विश्लेषण और क्षतिपूर्ति नियंत्रण की समीक्षा करना;
- प्रणाली सुधारों की समीक्षा करना;
- धोखाधड़ी के मामलों को बंद करने की स्थिति की समीक्षा और निगरानी करना;

- बैंक में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन की समग्र प्रभावशीलता की समीक्षा करना और आंतरिक नियंत्रण, जोखिम प्रबंधन ढांचे को मजबूत करने के लिए उपाय सुझाना;
- धोखाधड़ी का पता लगाने/वर्गीकरण में देरी की समीक्षा करना;
- स्टाफ जवाबदेही की जांच/निष्कर्ष में देरी की समीक्षा करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. एससीबीएमएफ़ की संरचना

31 मार्च 2026 को एससीबीएमएफ़ में पांच सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री अजय प्रकाश साहनी, स्वतंत्र निदेशक और सदस्यों के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री जयकुमार एस.पिल्लै, डीएमडी, श्री सुमित फक्का, डीएमडी और श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक.

iii. एससीबीएमएफ़ बैठकों के लिए कोरम

एससीबीएमएफ़ बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक-तिहाई अथवा एससीबीएमएफ़ के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. एससीबीएमएफ़ बैठकों की बारंबारता

एससीबीएमएफ की बैठकें मासिक आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. एससीबीएमएफ़ की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान एससीबीएमएफ़ की 12 बैठकें दिनांक 28 अप्रैल 2025; 28 मई 2025; 25 जून 2025; 21 जुलाई 2025; 16 अगस्त 2025; 24 सितंबर 2025; 18 अक्तूबर 2025; 26 नवंबर 2025; 19 दिसंबर 2025; 17 जनवरी 2026; 20 फरवरी 2026; और 24 मार्च 2026 को संपन्न हुईं.

उ. जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी)

i. विचारार्थ विषय

बैंक के कारोबार से जुड़ी विभिन्न जोखिमों का आकलन करने, उनमें कमी लाने, आस्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का समाधान करने और साथ ही जोखिम प्रबंधन योजना की निगरानी एवं समीक्षा करने के लिए जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) का गठन किया गया है.

आरएमसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- चलनिधि जोखिम और अन्य जोखिमों के साथ चलनिधि जोखिम की संभावित पारस्परिक क्रिया सहित बैंक के समक्ष आई सभी जोखिमों का मूल्यांकन करना;
- नकदी प्रवाह के अनुमानों और चलनिधि जोखिम मापन, प्रयुक्त धारणाओं की समीक्षा करना;
- बोर्ड को नीतियों जिनमें ऋण नीति, वसूली नीति, जोखिम प्रबंधन नीति, आस्ति देयता नीति, परिचालन जोखिम तथा कारोबार निरंतरता प्रबंधन (ओआर एवं बीसीएम) नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति, बाज़ार जोखिम तथा डेरिवेटिव नीति, देश जोखिम प्रबंधन नीति एवं देश की जोखिम सीमाएं, निवेश नीति, प्रकटन नीति, प्रतिष्ठा जोखिम मूल्यांकन एवं प्रबंधन नीति, समूह जोखिम एवं प्रबंधन नीति आदि शामिल हैं, की सिफ़ारिश करना;
- परिचालनगत जोखिम एवं कारोबार निरंतरता प्रबंधन पर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करना;
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो की बाज़ार जोखिम रिपोर्ट की समीक्षा करना;
- दबाव परीक्षण के परिणामों की समीक्षा करना;
- चलनिधि और ब्याज दर जोखिम परिदृश्य का विश्लेषण करना;
- जोखिम प्रबंधन विभाग में, मॉडल सत्यापन आंतरिक रेटिंग के माइग्रेशन और चूक विश्लेषण के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा करना;
- आस्ति देयता प्रबंधन की समीक्षा करना;

- ऋण जोखिम प्रबंधन समिति, एएलसीओ, परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी), एलआरएमसी, प्रणाली उत्पाद अनुमोदन एवं समीक्षा समिति (स्पार्क) I एवं II के कार्यवृत्त की समीक्षा करना;
- प्रतिपक्षकार बैंक सीमाओं और घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के लिए सीमाओं के आबंटन से संबंधित नीति की समीक्षा करना;
- ऋण एक्सपोजर मानदंडों के अनुपालन की समीक्षा करना;
- पारिश्रमिक और जोखिम के बीच प्रभावी सुयोजन को प्राप्त करने के उद्देश्य से नामांकन और पारिश्रमिक समिति के साथ समन्वय में कार्य करना;
- विस्तृत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करना जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:
  - विशेषकर सूचीबद्ध संस्था द्वारा वित्तीय, परिचालनगत, क्षेत्र संबंधी, संधारणीयता (विशेष रूप से ईएसजी संबंधी जोखिम), सूचना, साइबर सुरक्षा जोखिमों अथवा समिति द्वारा निर्दिष्ट अन्य कोई जोखिम सहित, सामना की गई आंतरिक और बाह्य जोखिमों की पहचान के लिए रूपरेखा तैयार करना.
  - पहचान की गई जोखिमों के आंतरिक नियंत्रण के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं सहित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय करना; और
  - कारोबार निरंतरता योजना.
- यह सुनिश्चित करना कि बैंक के व्यवसाय से जुड़ी जोखिमों की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए उपयुक्त कार्यप्रणाली, प्रक्रियाएं और प्रणालियाँ मौजूद हैं.
- जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की पर्याप्तता के मूल्यांकन सहित जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन की निगरानी और निरीक्षण करना.
- जोखिम प्रबंधन नीति की आवधिक आधार पर दो वर्ष में कम से कम एक बार समीक्षा करना, जिसमें बदलते उद्योग की गतिशीलता और विकसित जटिलता पर विचार करना शामिल है;
- प्रारंभिक चेतावनी संकेत और आरएफए के लिए ढांचे की प्रभावशीलता की निगरानी करना;
- ऋण सुविधाओं/ऋण खातों और अन्य बैंकिंग लेनदेनों की निगरानी के लिए पहचाने गए ईडब्ल्यूएस संकेतकों का अनुमोदन करना;
- ईडब्ल्यूएस अलर्ट/ट्रिगर, बैंक द्वारा शुरू की गई सुधारात्मक कार्रवाई आदि सहित आरएफए की स्थिति की समीक्षा करना;
- निदेशक मंडल को अपनी चर्चाओं, सिफ़ारिशों और की जाने वाली कार्रवाइयों की प्रकृति और विषयवस्तु के बारे में सूचित करना;
- मुख्य जोखिम अधिकारी की नियुक्ति, हटाने और पारिश्रमिक की शर्तों, यदि कोई हो, की समीक्षा करना;
- समकक्ष बैंक की समीक्षा करना;
- आईसीएएपी की मध्यावधि समीक्षा करना;
- प्रतिपक्ष बैंक एक्सपोजर सीमाओं और देश जोखिम एक्सपोजर सीमाओं की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा करना;
- आंतरिक और बाह्य रेटिंग के बीच विचलन का विश्लेषण करना;
- साइबर सुरक्षा के संबंध में जोखिम प्रबंधन योजना की समीक्षा करना और उससे उत्पन्न होने वाले किसी भी जोखिम को कम करने के उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी करना;
- प्रबंधन की उपस्थिति के बिना मुख्य जोखिम अधिकारी के साथ चर्चा करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. आरएमसी की संरचना

31 मार्च 2026 को आरएमसी में सात सदस्य शामिल थे, जिनमें से चार सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्रीमती पी.वी. भारती, स्वतंत्र निदेशक और सदस्यों के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी, श्री सुमित फक्का, डीएमडी, श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक, श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक और श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक.

iii. आरएमसी बैठकों के लिए कोरम

आरएमसी की बैठकों में भाग लेने वाले सदस्यों में से कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होंगे, जिनमें से कम से कम एक सदस्य के पास जोखिम प्रबंधन में पेशेवर विशेषज्ञता/ योग्यता होनी चाहिए. आरएमसी की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाएगी जो बोर्ड या किसी अन्य समिति की अध्यक्षता नहीं करेंगे.

iv. आरएमसी बैठकों की बारंबारता

आरएमसी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. आरएमसी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान आरएमसी की चार बैठकें दिनांक 12 जून 2025; 11 सितंबर 2025; 06 दिसंबर 2025 और 10 मार्च 2026 को संपन्न हुईं.

ऊ. सीएसआर एवं ईएसजी समिति

i. विचारार्थ विषय

- कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति तैयार करना और बोर्ड को उसकी सिफारिश करना जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में निर्दिष्ट क्षेत्रों या विषयों में बैंक द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को दर्शाएगी;
- उपर्युक्त खंड में दिए गए कार्यकलापों पर होने वाले व्यय की राशि की सिफारिश करना;
- सीएसआर बजट के उपयोग की समीक्षा करना;
- बैंक की सीएसआर नीति की समय-समय पर निगरानी करना;
- चालू सीएसआर परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करना;
- ईएसजी से संबंधित बैंक की सभी गतिविधियों की देखरेख करना और समीक्षा करना तथा बोर्ड को ईएससी नीति की अनुशंसा करना;
- बोर्ड को कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर) की अनुशंसा करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. सीएसआर एवं ईएसजी समिति की संरचना

31 मार्च 2026 को सीएसआर एवं ईएसजी समिति में पांच सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ और सदस्यों के रूप में श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी, श्री सुमित फक्का, डीएमडी, श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक और श्रीमती पी. वी. भारती, स्वतंत्र निदेशक.

iii. सीएसआर एवं ईएसजी समिति की बैठकों के लिए कोरम

सीएसआर एवं ईएसजी समिति की बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. सीएसआर एवं ईएसजी समिति की बैठकों की बारंबारता

सीएसआर एवं ईएसजी समिति की बैठकें छमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. सीएसआर एवं ईएसजी समिति की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान सीएसआरसी की तीन बैठकें दिनांक 28 मई 2025; 26 नवंबर 2025 और 10 मार्च 2026 को संपन्न हुईं.

ए. ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)

i. विचारार्थ विषय

बैंक में ग्राहक संरक्षण तथा सेवा की अभिशासन संरचना को मजबूत बनाने और साथ ही बैंक द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से नीतियां बनाने और उनके आंतरिक अनुपालन का आकलन करने के लिए ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) का गठन किया गया है.

सीएससी की व्यापक भूमिका तथा उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहक शिकायतों को देखना तथा ग्राहकों को प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करना;
- व्यापक जमा नीति तैयार करना;
- जमाकर्ता की मृत्यु होने पर उनके खाते के परिचालन जैसे मुद्दों का समाधान करना;
- जमाकर्ता की संतुष्टि के लिए वार्षिक सर्वेक्षण के संचालन की जांच करना;
- ग्राहक सेवाओं की त्रैवार्षिक लेखा परीक्षा आयोजित करना;
- भारत के विभिन्न राज्यों के आंतरिक लोकपाल द्वारा समाधान की जा चुकी शिकायतों / परिवेदनाओं के संबंध में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाना;
- आंतरिक लोकपाल द्वारा दिए गए सभी फैसलों पर ध्यान देना;
- तीन माह से अधिक समय तक कार्यान्वित नहीं किए गए सभी फैसलों की कारणों सहित समीक्षा करना;
- बैंक में ग्राहक सुरक्षा एवं सेवा के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करना;
- शिकायत निवारण नीति की समीक्षा करना;
- प्रदान की गई ग्राहक सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले किन्हीं अन्य मुद्दों की जांच करना.
- प्राप्त शिकायतों की संख्या एवं जटिलता को ध्यान में रखते हुए, बैंक में नियुक्त किए जाने वाले आंतरिक लोकपाल / उप आंतरिक लोकपाल की संख्या का निर्धारण करना;
- आंतरिक लोकपाल के कार्यकलापों की समीक्षा करना;
- आंतरिक लोकपाल / उप आंतरिक लोकपाल को प्रदत्त पारिश्रमिक, सुविधाओं एवं लाभों की संरचना का निर्धारण करना;
- आंतरिक लोकपाल के कार्यों की निगरानी करना;
- उन मामलों की समीक्षा करना, जहाँ सक्षम प्राधिकारी द्वारा आंतरिक लोकपाल / उप आंतरिक लोकपाल के निर्णय के विरुद्ध निर्णय दिया गया है; तथा
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. सीएससी की संरचना

31 मार्च 2026 को सीएससी में पांच सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ और सदस्यों के रूप में श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी, श्री सुमित फक्का, डीएमडी, श्री अजय प्रकाश साहनी, स्वतंत्र निदेशक और श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक, श्री श्रीकांत मोहपात्रा, आंतरिक लोकपाल स्थायी आमंत्रिती हैं.

iii. सीएससी बैठकों के लिए कोरम

सीएससी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा सीएससी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. सीएससी बैठकों की बारंबारता

सीएससी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. सीएससी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान सीएससी की चार बैठकें दिनांक 28 मई 2025; 08 अगस्त 2025; 26 नवंबर 2025 और 20 फरवरी 2026 को संपन्न हुईं.

ऐ. सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी)

i. विचारार्थ विषय

बैंक में प्रभावी प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी) का गठन किया गया है. इसका उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न आईटी समर्थकारी सेवाएं प्रदान करना, दृष्टिकोण को सुसंगत बनाने में मदद करना, नए आईटी उत्पाद लांच करने में सहायता करना एवं तत्संबंधी सेवाएं प्रदान करना और साइबर सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं तथा साइबर सुरक्षा नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करना है. समिति की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन और साइबर धोखाधड़ी के बारे में रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- यह सुनिश्चित करना कि बैंक ने एक प्रभावी आईटी रणनीतिक योजना प्रक्रिया लागू की है;
- आईटी रणनीति की तैयारी में मार्गदर्शन करना और यह सुनिश्चित करना कि आईटी रणनीति अपने व्यवसायिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए बैंक की समग्र रणनीति के साथ संरेखित हो;
- स्वयं को संतुष्ट करना कि आईटी अभिशासन और सूचना सुरक्षा अभिशासन संरचना जवाबदेही को बढ़ावा देती है, प्रभावी और कुशल है, इसमें पर्याप्त कुशल संसाधन, सुपरिभाषित उद्देश्य और संगठन में प्रत्येक स्तर के लिए स्पष्ट जिम्मेदारियाँ हैं.
- यह सुनिश्चित करना कि बैंक ने आईटी और साइबर सुरक्षा जोखिमों का आकलन और प्रबंधन के लिए प्रक्रियाएं बनाई हैं;
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी कार्य (आईटी सुरक्षा सहित) के लिए बजटीय आबंटन, साइबर सुरक्षा बैंक की आईटी परिपक्वता, डिजिटल गहराई, खतरे के माहौल और उद्योग मानकों के अनुरूप हैं और बताए गए उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उपयोग किए जाए हैं; और
- बैंक की कारोबार निरंतरता योजना और आपदा से उबरने का प्रबंधन की पर्याप्तता और प्रभावशीलता की कम से कम वार्षिक आधार पर समीक्षा करना.

आईटीएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- बोर्ड को प्रस्तावित आईटी बजट की संस्तुति करना;
- आईटी बजट के उपयोग की समीक्षा करना;
- आंतरिक अथवा बाहर से खरीदे गए विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर/ हार्डवेयर के विकास, अधिप्राप्ति और परिचालनों की समीक्षा करना और प्रौद्योगिकी के चयन के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने अथवा अन्य क्रिया विधिओं के लिए प्रक्रियाएँ तैयार करना;
- प्रणाली और प्रक्रियाओं के निष्पादन, कार्यान्वयन और परिचालन की निगरानी करना.
- प्रौद्योगिकी के ज़रिए शाखाओं के एकीकरण और बैंक के लिए एमआईएस के विकास की देखरेख करना;
- प्रौद्योगिकी आर्किटेक्चर की अद्यतन स्थिति और किये गए प्रमुख आईटी पहल कार्यों की समीक्षा करना;
- सूचना/साइबर सुरक्षा संबंधी घटनाओं की समीक्षा करना;
- सूचना सुरक्षा नीति की समीक्षा करना;
- आईटी नीति की समीक्षा करना;
- बैंक की साइबर सुरक्षा जोखिमों/व्यवस्थाओं/तैयारियों की समीक्षा करना;
- साइबर सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करना;
- साइबर सुरक्षा नीतियों की निगरानी करना;
- सूचना सुरक्षा समिति की गतिविधियों की समीक्षा करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. आईटीएससी की संरचना

31 मार्च 2026 को आईटीएससी में पांच सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक और सदस्यों के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी, श्री सुमित फक्का, डीएमडी और श्री अजय प्रकाश साहनी, स्वतंत्र निदेशक.

iii. आईटीएससी बैठकों के लिए कोरम

आईटीएससी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा आईटीएससी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हों, होगा.

iv. आईटीएससी बैठकों की बारंबारता

आईटीएससी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. आईटीएससी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान आईटीएससी की चार बैठकें 03 जून 2025; 11 सितंबर 2025; 06 दिसंबर 2025 और 05 मार्च 2026 को आयोजित की गईं.

ओ. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)

i. विचारार्थ विषय

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- निदेशक के लिए अर्हताएं, सकारात्मक गुण और स्वतंत्रता के निर्धारण के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कर्मचारियों को पारिश्रमिक से संबंधित नीति की निदेशक मंडल को अनुशंसा करना;
- बोर्ड, उसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन का प्रभावी मूल्यांकन करने का, या तो बोर्ड द्वारा, एनआरसी द्वारा अथवा स्वतंत्र बाह्य एजेंसी द्वारा, तरीका निर्दिष्ट करना और उनके कार्यान्वयन एवं अनुपालन की समीक्षा करना.
- स्वतंत्र निदेशक की प्रत्येक नियुक्ति के लिए बोर्ड में कौशल, ज्ञान और अनुभव के संतुलन का मूल्यांकन करना और इस तरह के मूल्यांकन के आधार पर, एक स्वतंत्र निदेशक की अपेक्षित भूमिका और क्षमताओं का विवरण तैयार करना. स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए बोर्ड को अनुशंसित व्यक्ति के पास इस तरह के विवरण में पहचानी गई क्षमताएं होंगी. उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान करने के उद्देश्य से, एनआरसी निम्नलिखित कार्य कर सकती है:
  - यदि आवश्यक हो तो बाहरी एजेंसियों की सेवाओं का उपयोग करें;
  - विविधता को ध्यान में रखते हुए, व्यापक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों पर विचार करें; तथा
  - उम्मीदवारों की समय प्रतिबद्धताओं पर विचार करें.
- स्वतंत्र निदेशकों तथा निदेशक मंडल के कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना;
- निदेशक मंडल की विविधता के बारे में नीति तैयार करना;
- ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक बनने के योग्य हैं और जिन्हें निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है, और निदेशक मंडल को उनकी नियुक्ति और हटाने की सिफारिश करना;
- अर्हता, विशेषज्ञता, ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा, *'उपयुक्त और उचित'* मानदंड, सकारात्मक गुणों और स्वतंत्रता (यदि लागू हो) तथा स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों के कार्य-निष्पादन मूल्यांकन की रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड में निदेशक के रूप में किसी व्यक्ति की नियुक्ति/ नियुक्ति को जारी रखने की उपयुक्तता को निर्धारित करने के लिए समुचित सावधानी की प्रक्रिया पर कार्य करना तथा उससे संबंधित मानदंड तैयार करना;
- बैंक की क्षतिपूर्ति नीति के निर्माण, समीक्षा तथा क्रियान्वयन की देखरेख करना;
- बोर्ड को वरिष्ठ प्रबंधन को भुगतान किए जाने वाले सभी पारिश्रमिकों, चाहे वे किसी भी रूप में हों, की अनुशंसा करना;

- पारिश्रमिक और जोखिमों के बीच प्रभावी सुयोजन प्राप्त करने के संबंध में जोखिम प्रबंधन समिति के साथ समन्वय में कार्य करना;
- यह सुनिश्चित करना कि बैंक का लागत आय अनुपात ऐसा हो, जो सुदृढ़ पूंजी पर्याप्तता अनुपात के अनुरक्षण के अनुरूप पारिश्रमिक पैकेज का समर्थन करे; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. एनआरसी की संरचना

31 मार्च 2026 को एनआरसी में चार सदस्य शामिल थे, सभी सदस्य गैर-कार्यपालक निदेशक हैं, जिसमें तीन स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक और सदस्यों के रूप में श्री मनोज सहाय, सरकारी नामिती निदेशक, श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक, और श्रीमती पी.वी. भारती, स्वतंत्र निदेशक.

iii. एनआरसी बैठकों के लिए कोरम

एनआरसी बैठकों के लिए कोरम तीन सदस्यों का होगा जिनमें से एनआरसी की बैठकों में भाग लेने वाले कम से कम आधे सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे और एक आरएमसी का सदस्य होगा. एनआरसी के अध्यक्ष एक स्वतंत्र निदेशक होंगे जो बोर्ड की अध्यक्षता नहीं करेंगे.

iv. एनआरसी बैठकों की बारंबारता

वर्ष में कम से कम एक बार एनआरसी की बैठक आयोजित की जाएगी.

v. एनआरसी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान एनआरसी की छह बैठकें 29 मई 2025; 26 जून 2025; 16 अगस्त 2025; 25 सितंबर 2025; 06 दिसंबर 2025; और 21 फरवरी 2026 को संपन्न हुईं.

vi. स्वतंत्र निदेशकों के लिए कार्य-निष्पादन मूल्यांकन मानदंड

वार्षिक मूल्यांकन के मानदंडों के लिए, कृपया कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के कार्य-निष्पादन मूल्यांकन खंड का ''बोर्ड, इसकी समितियों एवं व्यक्तिगत निदेशकों के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन की प्रक्रिया को दर्शाने वाला विवरण'' वाला पैरा देखें.

औ. मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी)

i. विचारार्थ विषय

मानव संसाधन संबंधी मामलों को देखने और मानव संसाधन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने हेतु मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी) का गठन किया गया है.

एचआरएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- भर्ती और प्रशिक्षण से संबंधित नीतियां बनाना;
- कार्य-निष्पादन प्रबंधन, क्षतिपूर्ति और कैरियर विकास के पहल कार्यों की समीक्षा करना;
- प्रबंधन योजना, विकास और उत्तराधिकार योजना पर विचार करना;
- एचआर रणनीति को कारोबार रणनीति व योजना के अनुकूल बनाना;
- कार्मिक की नियुक्ति, मानवशक्ति मूल्यांकन, पदोन्नति आदि सहित विभिन्न अन्य एचआर मामलों पर विचार और अनुमोदन प्रदान करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. एचआरएससी की संरचना

31 मार्च 2026 को एचआरएससी में पांच सदस्य शामिल थे, जिनमें से एक स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ और सदस्यों के रूप में श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी, श्री सुमित फक्का, डीएमडी; श्री मनोज सहाय, सरकार के नामिती निदेशक और श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक.

iii. एचआरएससी की बैठक के लिए कोरम

एचआरएससी बैठकों के लिए कोरम कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा एचआरएससी के दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

iv. एचआरएससी बैठकों की बारंबारता

एचआरएससी की बैठक आवश्यकता के अनुसार आयोजित की जाएगी.

v. एचआरएससी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान एचआरएससी की चार बैठकें 28 मई 2025; 24 सितंबर 2025; 19 दिसंबर 2025 और 24 मार्च 2026 को आयोजित की गईं.

अं. वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी)

i. विचारार्थ विषय

भारत सरकार के निदेशों/बोर्ड की सिफारिशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों (एनपीए), दबावग्रस्त खातों, बट्टे खाते डाले गए मामलों, सरकारी परिसमापक (ओएल) मामलों, ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) मामलों आदि से वसूली की समीक्षा करने के लिए और वसूली की प्रगति पर निगरानी रखने तथा अन्य संबंधित प्रयोजनों के लिए वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) का गठन किया गया है.

आरआरसी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- पहली बार हुए एनपीए (एफ़टीएनपीए) और एनपीए की समीक्षा करना;
- शीर्ष 100 एनपीए एवं तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गये (टीडबल्यूओ) खातों की समीक्षा करना;
- वाद दायर किए गए मामलों की समीक्षा करना;
- सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई - स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा करना.
- दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), 2016 के तहत संदर्भित मामलों की समीक्षा करना;
- सरकारी परिसमापक (ओएल) के पास पड़ी राशि की समीक्षा करना;
- विशेष उल्लेख वाले खातों (एसएमए) की समीक्षा करना;
- निपटान के माध्यम से वसूली की समीक्षा करना;
- दबावग्रस्त ऋण एक्सपोज़र के अंतरण के अवलोकन की समीक्षा करना;
- बैंक द्वारा की गई बाहरी एजेंसियों की वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा की समीक्षा करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. आरआरसी की संरचना

31 मार्च 2026 को आरआरसी में पांच सदस्य शामिल थे, जिसमें से दो स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ और सदस्यों के रूप में श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी; श्री सुमित फक्का, डीएमडी; श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक और श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक.

iii. आरआरसी बैठकों के लिए कोरम

आरआरसी बैठकों के लिए कोरम कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा आरआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

iv. आरआरसी बैठकों की बारंबारता

आरआरसी की बैठक वर्ष में कम से कम चार बैठकों के साथ आवश्यकताओं के अनुसार होगी.

v. आरआरसी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान आरआरसी की चार बैठकें 26 जून 2025; 25 सितंबर 2025; 06 दिसंबर 2025 और 10 मार्च 2026 को आयोजित की गईं.

अ:. इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति-1 (डब्ल्यूडीआरसी-1)

i. विचारार्थ विषय

इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति-1 (डब्ल्यूडीआरसी-1) की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- इरादतन चूककर्ता पहचान समिति-1 (डब्ल्यूडीआईसी-1) द्वारा प्रस्तावित मामलों में व्यक्तिगत सुनवाई करना;
- डब्ल्यूडीआईसी-I के प्रस्ताव और/या व्यक्तिगत सुनवाई के आधार पर व्यक्तियों/संस्थाओं की इरादतन चूक या अन्यथा की घोषणा पर विचार करना और उसे अनुमोदित करना;
- डब्ल्यूडीआईसी-I द्वारा अनुशंसित मामलों में पहले से ही इरादतन चूककर्ता के रूप में घोषित नामों को वापस लेने पर विचार करना और उन्हें अनुमोदित देना;
- डब्ल्यूडीआईसी-I से इरादतन चूककर्ता कार्यवाही को बंद करने के प्रस्ताव की जांच करना और उसे अनुमोदित करना, जिसे किसी व्यक्ति/संस्था को इरादतन चूककर्ता के रूप में घोषित करने से पहले डब्ल्यूडीआईसी-I द्वारा संदर्भित किया गया था;
- इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति -II (डबल्यूडीआरसी II) की कार्यवाही को सूचनार्थ रिपोर्ट करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. डब्ल्यूडीआरसी-1 की संरचना

डब्ल्यूडीआरसी-1 का गठन एमडी एवं सीईओ तथा दो स्वतंत्र निदेशकों को शामिल कर किया गया था. 31 मार्च 2026 को डब्ल्यूडीआरसी-1 में अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ और सदस्यों के रूप में श्री समरेश परिदा और श्रीमती पी.वी. भारती, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

iii. डब्ल्यूडीआरसी-1 की बैठकों के लिए कोरम

डब्ल्यूडीआरसी-1 बैठकों के लिए सभी सदस्यों की उपस्थिति कोरम को पूरा करेगी.

iv. डब्ल्यूडीआरसी-1 की बैठकों की बारंबारता

बैंक की डबल्यूडीआईसी-1 द्वारा जब भी किसी उधारकर्ता को *'इरादतन चूककर्ता'* के रूप में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया जाता है तो डब्ल्यूडीआरसी-1 की बैठक आयोजित करना और समीक्षा करना आवश्यक होता है.

v. डब्ल्यूडीआरसी-1 की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान डब्ल्यूडीआरसी-1 की दो बैठकें 17 अक्तूबर 2025 और 10 मार्च 2026 को आयोजित की गईं.

वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक की समिति की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण तालिका 2 में दिया गया है.

❖ ***अभिशासन के लिए जिम्मेदार व्यक्ति (टीसीडब्ल्यूजी)***

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफ़आरए) ने दिनांक 7 जनवरी 2026 को एक परिपत्र जारी किया है, जिसमें सांविधिक लेखा परीक्षकों (लेखा-परीक्षकों) और अभिशासन के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों (टीसीडब्ल्यूजी) के बीच संवाद को प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है. एनएफ़आरए के उपर्युक्त परिपत्र तथा लेखापरीक्षण मानक (एसए) 260 (संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार, लेखा परीक्षकों ने अपने संवाद के उद्देश्य के लिए बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) को, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा उप प्रबंध निदेशकों के साथ, अभिशासन के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के रूप में निर्धारित किया है. उपर्युक्त परिपत्र द्वारा अधिदेशित किए गए अनुसार, बैंक के बोर्ड ने लेखा परीक्षकों और टीसीडब्ल्यूजी के बीच प्रभावी दुतरफा संवाद हेतु एक रूपरेखा तैयार की है.

i. ***विचारार्थ विषय:***

टीसीडब्ल्यूजी लेखा परीक्षकों के साथ विस्तृत संवाद हेतु प्राथमिक मंच के रूप में कार्य करेंगे. तथापि, यह उन मामलों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा, जिनके लिए पूर्ण बोर्ड/एसीबी के साथ संवाद करना या उनके द्वारा/साथ निर्णय लेना आवश्यक है. टीसीडब्ल्यूजी, लेखापरीक्षकों के साथ ऐसे मामलों पर संवाद कर सकता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- अभिशासन में कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन;
- हाल के विनियामकीय अवलोकन या निष्कर्ष;
- रणनीतिक दिशा में परिवर्तन, प्रबंधन की सत्यनिष्ठा या क्षमता के संबंध में चिंताएँ;
- ऐसे क्षेत्र जहाँ टीसीडब्ल्यूजी चाहेगी कि लेखा परीक्षक अतिरिक्त ध्यान केंद्रित करें;
- लेखा परीक्षा निष्कर्षों अथवा प्रस्तावित समायोजनों पर उनके विचार;
- ऐसे लेखा परीक्षा निष्कर्षों पर की जाने वाली सुधारात्मक कार्रवाइयों की योजना बनाना, जिसमें यदि कोई आपत्तियाँ हों, तो उन्हें भी शामिल करना;
- पूर्व में संप्रेषित किसी भी नियंत्रण की कमियों/अवलोकनों पर किए गए सुधारात्मक उपायों की स्थिति;
- ऐसा कोई मामला, जो लेखा परीक्षा के दायरे को प्रभावित कर सकता हो;
- संभावित महत्वपूर्ण लेनदेन या जटिल लेखांकन उपचार;
- लेखांकन नीतियों में प्रस्तावित परिवर्तन; तथा
- विनियामकीय विचार-विमर्श; अभिशासन संबंधी परिवर्तन

ii. टीसीडब्ल्यूजी की बैठकों के लिए कोरम

टीसीडब्ल्यूजी बैठकों के लिए कोरम कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा टीसीडब्ल्यूजी के दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

iii. टीसीडब्ल्यूजी की बैठकों की बारंबारता

लेखापरीक्षक तथा टीसीडब्ल्यूजी, लेखा-परीक्षा कार्य चक्र के विभिन्न चरणों में व्यक्तिगत रूप से अथवा वर्चुअल माध्यम से परस्पर संवाद करेंगे. तथापि, लेखा-परीक्षा कार्य चक्र के दौरान न्यूनतम दो बैठकें आयोजित की जाएंगी, एक लेखा-परीक्षा की योजना बनाने वाले चरण में तथा दूसरी वार्षिक वित्तीय परिणामों/विवरणों के अनुमोदन से पूर्व व्यक्तिगत रूप से अथवा वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी.

iv. टीसीडब्ल्यूजी की बैठकें

टीसीडब्ल्यूजी की पहली बैठक 23 अप्रैल 2026 को मुंबई में आयोजित की गई.

अअ. स्वतंत्र निदेशकों की बैठक (आईडीएम)

i. विचारार्थ विषय

स्वतंत्र निदेशक कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, एलओडीआर विनियमावली के विनियम 25 और भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी निदेशक मंडल की बैठकों के लिए सचिवीय मानक-1 का अनुपालन करेंगे.

स्वतंत्र निदेशकों की बैठक की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार है:

- गैर-स्वतंत्र निदेशकों और समग्र बोर्ड के कार्यनिष्पादन की समीक्षा करना;
- कार्यपालक निदेशकों तथा गैर-कार्यपालक निदेशकों के विचारों को ध्यान में रखते हुए बैंक के अध्यक्ष के कार्यनिष्पादन की समीक्षा करना;
- बैंक के प्रबंधन और बोर्ड के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयबद्धता का मूल्यांकन करना जो बोर्ड को अपने कर्तव्यों के प्रभावी और तर्कसंगत कार्य-निष्पादन के लिए आवश्यक है; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित की जाने वाली अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. आईडीएम की संरचना

31 मार्च 2026 को बैंक के बोर्ड में छह स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् श्री समरेश परिदा, श्री एन. जंबुनाथन, श्री दीपक सिंघल, श्री संजय जी. कल्लापुर, श्रीमती पी. वी. भारती और श्री अजय प्रकाश साहनी. स्वतंत्र निदेशक प्रत्येक बैठक में अपने में से एक को अध्यक्ष के रूप में चुनते हैं.

iii. आईडीएम के लिए कोरम

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV के अनुसार सभी स्वतंत्र निदेशक, स्वतंत्र निदेशकों की बैठकों में उपस्थित होने का प्रयास करेंगे.

iv. आईडीएम की बैठकों की बारंबारता

स्वतंत्र निदेशकों की बैठक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित की जानी चाहिए.

v. स्वतंत्र निदेशकों की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान, स्वतंत्र निदेशकों की चार बैठकें 26 जून 2025; 25 सितंबर 2025; 19 दिसंबर 2025; और 25 मार्च 2026 को आयोजित की गईं.

तालिका 2: वित्तीय वर्ष 2025-26 में समिति की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति

क्र. सं.	निदेशकों के नाम	एसीबी		ईसी		एसआरसी		एससीबीएमएफ		आरएमसी		सीएसआर एवं ईएसजी		सीएससी		आईटीएससीबी		एनआरसी		एचआरएससी		आरआरसी		डबल्यूडीआरसी-I	
		आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ
1.	श्री टी. एन. मनोहरन (डीआईएन:01186248) *[30-07-2025 तक]*	0	0	0	0	0	0	0	0	1	1	0	0	0	0	0	0	2	2	1	1	0	0	0	0
2.	श्री राकेश शर्मा (डीआईएन :06846594)	0	0	19	19	0	0	12	12	4	4	3	3	4	4	4	4	0	0	4	4	4	4	2	2
3.	श्री जयकुमार एस. पिल्लै डीआईएन :10041362)	0	0	19	19	4	4	12	12	4	4	3	3	4	4	4	4	0	0	4	4	4	4	0	0
4.	श्री सुमित फक्का (डीआईएन :08259618)	0	0	19	19	4	4	12	12	4	4	3	3	4	4	4	4	0	0	4	4	4	4	0	0
5.	*श्री राज कुमार (डीआईएन :06627311) [18-05-2025 तक]*	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	1	0	0
6.	श्री सत पाल भानू (डीआईएन : 10482731)	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7.	श्री आर.दोरइस्वामी (डीआईएनः 10358884) *[19-05-2025 से 24-09-2025 तक]*	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
8.	श्री मनोज सहाय (डीआईएन :08711612)	14	10	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	2	0	3	3	3	1	0	0	0	0
9.	श्री सुशील कुमार सिंह (डीआईएन :09584577) *[18-09-2025 तक]*	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	3	3	1	1	0	0	0	0
10.	श्री भुवनचंद्र बी. जोशी (डीआईएन :06713850) *[08-10-2025 तक]*	0	0	8	8	0	0	6	6	0	0	0	0	2	2	0	0	4	4	0	0	0	0	0	0
11.	श्री समरेश परिदा (डीआईएन :01853823)	14	14	0	0	0	0	0	0	4	4	3	3	0	0	0	0	0	0	0	0	4	4	2	2

क्र. सं.	निदेशकों के नाम	एसीबी		ईसी		एसआरसी		एससीबीएमएफ		आरएमसी		सीएसआर एवं ईएसजी		सीएससी		आईटीएससीबी		एनआरसी		एचआरएससी		आरआरसी		डबल्यूडीआरसी-I	
		आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ	आ	उ
12.	श्री एन. जंबुनाथन (डीआईएन :05126421)	0	0	19	19	4	4	0	0	0	0	0	0	0	0	4	4	6	6	0	0	2	2	0	0
13.	श्री दीपक सिंघल (डीआईएन :08375146)	0	0	19	19	0	0	0	0	3	3	0	0	0	0	0	0	6	6	4	4	0	0	0	0
14.	श्री संजय जी. कल्लापुर (डीआईएन :08377808)	14	14	0	0	4	4	12	12	4	3	0	0	2	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
15.	श्रीमती पी.वी. भारती (डीआईएन :06519925)	7	7	11	11	0	0	0	0	4	4	3	3	0	0	0	0	6	6	0	0	2	2	2	2
16.	श्री अजय प्रकाश साहनी (डीआईएन : 03359323)	14	14	0	0	0	0	12	12	0	0	0	0	4	4	4	4	0	0	0	0	0	0	0	0

(आ= आयोजित /उ = उपस्थित)

(आ= आयोजित/उ = उपस्थित)

31 मार्च 2026 को निदेशक मंडल के कौशल/विशेषज्ञता/क्षमता के निर्धारण की मैट्रिक्स और ऐसे कौशल रखने वाले निदेशकों के नाम नीचे तालिका में दिए गए हैं:

	लेखा शास्त्र	कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था	बैंकिंग	सहयोग	अर्थ शास्त्र	वित्त	विधि	लघु उद्योग	मानव संसाधन	जोखिम	सूचना प्रौद्योगिकी	भुगतान और निपटान	व्यापार प्रबंधन	प्रशासन	कॉरपोरेट अभिशासन
श्री राकेश शर्मा	√	√	√		√			√	√	√			√	√	√
श्री जयकुमार एस. पिल्लै	√	√	√		√	√		√	√	√			√	√	√
श्री सुमित फक्का	√	√	√			√		√					√	√	√
श्री सत पाल भानू									√				√	√	√
श्री मनोज सहाय	√					√								√	√
श्री समरेश परिदा	√	√				√				√	√		√	√	√
श्री एन. जंबुनाथन		√	√					√			√	√		√	√
श्री दीपक सिंघल		√	√						√	√			√	√	√
श्री संजय जी. कल्लापुर	√				√	√				√			√	√	√
श्रीमती पी. वी. भारती		√	√		√			√		√				√	√
श्री अजय प्रकाश साहनी									√		√	√		√	√

वार्षिक विवरणी

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12 (1) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3)(ए) और धारा 92(3) के अनुसरण में बैंक की वार्षिक विवरणी इसकी वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/Annual-Return.aspx) पर प्रकट की जाती है.

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा की गई घोषणा का विवरण

बैंक के स्वतंत्र निदेशक श्री समरेश परिदा, श्री एन.जंबुनाथन, श्री दीपक सिंघल, श्री संजय जी. कल्लापुर, श्रीमती पी. वी. भारती और श्री अजय प्रकाश साहनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अनुसार 1 अप्रैल 2026 को यह घोषणा की है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6), एलओडीआर विनियमावली के विनियम 16 (1) (बी) एवं 17(10), बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 10ए और 28 नवम्बर 2025 के भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेश (वाणिज्यिक बैंक - अभिशासन) निदेश, 2025 में उल्लिखित स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और वे किसी भी ऐसी परिस्थिति या स्थिति से अवगत नहीं हैं जो मौजूद है या यथोचित रूप से अनुमानित है, जो वस्तुनिष्ठ स्वतंत्र निर्णय और किसी भी बाहरी प्रभाव के बिना उनके कर्तव्यों के निर्वहन की

क्षमता को ह्रासित करती हैं या प्रभावित कर सकती हैं. वार्षिक प्रकटीकरण के साथ निदेशकों ने यह भी पुष्टि की कि स्वतंत्र निदेशकों के डाटाबैंक में पंजीकरण एवं नवीकरण और ऑनलाइन प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण/ छूट दिये जाने के संबंध में उन्होंने कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) पांचवें संशोधन नियम, 2019 के नियम 6 के उप नियम 1 और 2 के प्रावधानों का अनुपालन किया है. इसे निदेशक मंडल द्वारा 30 अप्रैल 2026 को नोट किया गया और इसकी सत्यता का सही आकलन करने के बाद इस पर बोर्ड की राय थी कि स्वतंत्र निदेशक इन विनियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं. इसके अलावा, बोर्ड की राय में स्वतंत्र निदेशक लागू कानूनों के अधीन अपेक्षित आवश्यक निष्ठा, अनुभव, विशेषज्ञता और प्रवीणता रखते हैं.

निदेशकों की नियुक्ति, मूल्यांकन एवं उत्तराधिकार नीति और क्षतिपूर्ति नीति

बैंक के निदेशकों की नियुक्ति, मूल्यांकन और उत्तराधिकार नीति साथ ही क्षतिपूर्ति नीति इसकी वेबसाइट (www.idbi.bank.in) पर https://www.idbi.bank.in/secretarial-disclosures.aspx लिंक पर उपलब्ध है.

कंपनी की लाभांश वितरण नीति

लाभांश वितरण के बारे में बैंक की नीति इसकी वेबसाइट (www.idbi.bank.in) पर https://www.idbi.bank.in/secretarial-disclosures.aspx लिंक पर उपलब्ध है.

सचिवीय मानकों का अनुपालन

बैंक ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा जारी और कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अधिसूचित सचिवीय मानकों यथा एसएस-1 (बोर्ड की बैठकों के बारे में सचिवीय मानक) और एसएस-2 (महासभाओं के बारे में सचिवीय मानक) को अपनाया है. बैंक ने अपनी बोर्ड, बोर्ड की समिति और महा सभाओं का आयोजन इन मानकों के अनुसार तथा इनका अनुपालन करते हुए किया है.

आंतरिक लेखापरीक्षक

बैंक का अपना एक आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग है जो आंतरिक लेखा-परीक्षा का कार्य करता है. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 138 के अनुसार श्री बद्री श्रीनिवास राव, कार्यपालक निदेशक, आईडीबीआई बैंक को आंतरिक लेखा परीक्षा के प्रमुख के रूप में नामित किया गया है. जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआईए) के बारे में रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप, बैंक ने एक प्रभावी आंतरिक लेखा परीक्षा नीति भी अपनाई है.

दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी) के अंतर्गत शुरू की गई कॉरपोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के बारे में प्रकटीकरण

बैंकिंग कंपनियों पर ये प्रावधान लागू नहीं होते है.

लेखापरीक्षकों अथवा सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा अपनी रिपोर्ट में किए गए प्रत्येक विशिष्टता, रिजर्वेशन अथवा प्रतिकूल अभ्युक्ति अथवा डिसक्लेमर पर बोर्ड की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एफ) के अनुसार सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट अथवा सचिवीय लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में से किसी में भी कोई ऐसी विशिष्टता, दुराव (रिजर्वेशन) अथवा प्रतिकूल अभ्युक्ति अथवा डिसक्लेमर नहीं है जिस पर बोर्ड की टिप्पणियों की आवश्यकता हो.

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(12) के अनुसार, बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने केंद्र सरकार को रिपोर्ट की जाने वाली घटनाओं के अलावा, धोखाधड़ी की कोई घटना रिपोर्ट नहीं की है.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋणों, गारंटियों अथवा निवेशों का विवरण

उप-धारा (1) को छोड़कर, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधान, सामान्य कारोबार के दौरान बैंकिंग कंपनी द्वारा प्रदान किए गए ऋण, दी गई गारंटी अथवा प्रदान की गई प्रतिभूति पर लागू नहीं होते हैं. बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के लागू प्रावधानों के अनुसार, बैंक द्वारा किए गए निवेश का ब्योरा वित्तीय विवरणों की अनुसूची 8 में प्रकट किया जाता है.

निर्धारित फॉर्म में संबद्ध पक्षकारों के साथ संविदाओं अथवा करारों का विवरण

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एच) के अनुसार संबद्ध पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार, यदि कोई हो, का विवरण निर्धारित फॉर्म एओसी-2 में दिया गया है जो रिपोर्ट के **अनुबंध-अ** के रूप में संलग्न है.

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर रिपोर्ट

बैंक की सीएसआर नीति की रूपरेखा इसकी वेबसाइट (www.idbi.bank.in)) पर https://www.idbi.bank.in/pdf/CSR-Policy.pdf लिंक पर उपलब्ध है. बैंक द्वारा किए गए सीएसआर कार्यकलापों की वार्षिक रिपोर्ट **अनुबंध-आ** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है.

जोखिम प्रबंधन नीति

बैंक एक विस्तृत एवं व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली का पालन करता है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अद्यतन किया जाता है. बोर्ड की एक समर्पित जोखिम प्रबंधन समिति बैंक के जोखिम मामले एवं जोखिम-संबद्ध पहलुओं की नियमित रूप से व्यापक समीक्षा करती है. बैंक का निदेशक मंडल भी आवधिक रूप से जोखिम मूल्यांकन तथा बैंक द्वारा अनुसरण की जा रही न्यूनीकरण प्रक्रियाओं के साथ-साथ बैंक की पूंजी अपेक्षाओं की समीक्षा करता है.

बोर्ड, इसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के तरीके की सूचना का विवरण

कंपनी (लेखा) विनियमावली, 2014 के नियम 8(4) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के अनुसार उपर्युक्त विषय पर ब्योरा नीचे प्रस्तुत किया गया है:

अ. दृष्टिकोण:

बैंक निरंतर सुधार को बढ़ावा देने तथा बोर्ड की समग्र प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए बोर्ड मूल्यांकन को एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया मानता है. एक प्रभावी मूल्यांकन प्रक्रिया, बोर्ड की निगरानी एवं कॉरपोरेट अभिशासन को सुदृढ़ करने में योगदान देती है, जिससे अंततः कंपनी और इसके समस्त हितधारकों को अधिक लाभ प्राप्त होता है. इस प्रक्रिया हेतु नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करती है.

आ. बैंक के बोर्ड की मूल्यांकन प्रक्रिया:

बोर्ड, बोर्ड की समितियों एवं वैयक्तिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन के प्रभावी मूल्यांकन के लिए, एनआरसी ने भागीदार बनने और समीक्षाधीन वर्ष के लिए आईडीबीआई बैंक के बोर्ड की वार्षिक मूल्यांकन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने के लिए एक विशेषज्ञ सेवा प्रदाता को नियुक्त किया. एनआरसी मूल्यांकन ढांचे को अंतिम रूप देने में भी शामिल रही, जिसे प्रधान बोर्ड मूल्यांकन भागीदार (पीबीईपी) द्वारा समकालीन सर्वोत्तम प्रथाओं एवं बैंक की आवश्यकताओं के आधार पर प्रस्तावित किया था.

मूल्यांकन प्रक्रिया को स्वचालित किया गया तथा इसे संपूर्ण बोर्ड, बोर्ड की प्रत्येक समिति तथा वैयक्तिक निदेशकों के कार्यप्रदर्शन का आकलन करने के लिए संरचित प्रश्नावलियों का उपयोग कर लागू किया गया था. इसे पीबीईपी ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से संचालित किया गया, जिससे निदेशकों की स्पष्ट राय एवं विचारों की गोपनीयता एवं गुमनामी सुनिश्चित हुई और इस प्रकार निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु मनोवैज्ञानिक सुरक्षा को बढ़ावा मिला. लिकर्ट एवं अन्य विशेष प्रश्नों वाले संरचित वक्तव्यों के अतिरिक्त, विभिन्न खंडों में ओपन-टेक्स्ट प्रतिक्रियाओं को भी समाहित किया गया, साथ ही निदेशकों को पीबीईपी के समक्ष अपने विचार दर्ज कराने के अवसर भी प्रदान किए गए.

बोर्ड के कार्यनिष्पादन तथा प्रत्येक निदेशक के कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन में बोर्ड के सभी सदस्यों ने भाग लिया. कोई भी निदेशक अपने स्वयं के मूल्यांकन में शामिल नहीं था/थी. कार्यपालक निदेशकों का मूल्यांकन स्वतंत्र निदेशकों (आईडी) तथा गैर-कार्यपालक निदेशकों (एनईडी) द्वारा किया गया. सभी समितियों का मूल्यांकन उनके संबंधित सदस्यों द्वारा किया गया.

इ. मूल्यांकन रूपरेखा एवं मानदंड

संरचित रूपरेखा का उपयोग करते हुए मूल्यांकन प्रक्रिया में, *अन्य बातों के साथ-साथ,* बोर्ड के कार्यनिष्पादन के निम्नलिखित पहलुओं को शामिल किया गया:

- रणनीति, जोखिम तथा परिचालन पर्यवेक्षण सहित बोर्ड द्वारा पर्यवेक्षण एवं रणनीतिक दिशानिर्देश प्रदान करना. इसके अतिरिक्त, कार्यकारी प्रदर्शन, उत्तराधिकार आयोजना तथा सतत सुधार के अवसरों, वार्षिक मूल्यांकन प्रक्रिया सहित, का पर्यवेक्षण करना.

- बोर्ड एवं समितियों की संरचना तथा गठन, जिसमें व्यक्तियों एवं समितियों द्वारा निभाई गई भूमिकाओं की क्षमताएं तथा स्पष्टता शामिल है.
- बोर्ड की कार्यशैली जिसमें बोर्ड एवं समिति की बैठकों की योजना बनाना, बोर्ड एवं समितियों को सूचना का प्रवाह तथा रिकार्ड रखना शामिल था.
- निदेशकों की सहभागिता का स्तर, व्यावसायिक प्रतिबद्धता, तथा बोर्डरूम संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, निदेशकों के ज्ञान एवं कौशल के प्रभावी उपयोग सहित, का आकलन करने हेतु बोर्ड के सदस्यों द्वारा अपनाए गए मानदंड एवं प्रक्रियाएं.
- बाह्य हितधारकों, बैंक के आंतरिक हितधारकों तथा निदेशकों के बीच बोर्ड का संबंध.
- बोर्ड नेतृत्व, जिसमें बोर्ड नेतृत्व, समितियों का नेतृत्व तथा बैंक हेतु कार्यपालक नेतृत्व शामिल था.

ई. बोर्ड के मूल्यांकन निष्कर्षों की समीक्षा

व्यक्तिगत सदस्यों की प्रतिक्रियाओं एवं उनके विचारों का पीबीईपी द्वारा विश्लेषण किया गया. इन्हें मात्रात्मक विश्लेषण तथा गुमनाम गुणात्मक दृष्टिकोणों में रूपांतरित किया गया, जिससे बोर्ड के कार्यनिष्पादन को और सुदृढ़ करने के लिए अंतदृष्टि और कार्रवाई योग्य क्षेत्रों का पता चला.

स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित निष्कर्षों को आगे चर्चा के लिए बोर्ड के सभी सदस्यों के साथ साझा किया गया. जहाँ समग्र बोर्ड रिपोर्ट सभी निदेशकों को उपलब्ध कराई गई, वहीं 12 समितियों के स्कोरकार्ड तथा व्यक्तिगत मूल्यांकन संबंधित सदस्यों के साथ साझा किए गए.

मूल्यांकन के परिणामों को पहले स्वतंत्र निदेशकों की बैठक में चर्चा हेतु पीबीईपी द्वारा प्रस्तुत किया गया. इसके पश्चात 25 मार्च 2026 को आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान अधिक केंद्रीकृत प्रस्तुति एवं चर्चा की गई. इन बैठकों में हुए विचार-विमर्श के आधार पर एक कार्ययोजना तैयार की गई तथा रिकार्ड एवं विनियामकीय समीक्षा हेतु पीबीईपी द्वारा अंतिम सारांश रिपोर्ट प्रस्तुत की गई.

उ. मूल्यांकन प्रक्रिया का परिणाम एवं कार्य योजना

बोर्ड ने बोर्ड मूल्यांकन हेतु अपनाई गई प्रक्रिया की प्रभावशीलता को स्वीकार किया तथा इस प्रक्रिया से प्राप्त अंतर्दृष्टियों को संज्ञान में लिया. बोर्ड ने वर्ष के दौरान बोर्ड, इसकी समितियों एवं व्यक्तिगत निदेशकों के कार्यनिष्पादन और प्रभावशीलता पर संतोष व्यक्त किया.

इस वर्ष के वार्षिक बोर्ड मूल्यांकन के आधार पर, बोर्ड ने कार्रवाई करने के लिए निम्नलिखित कार्य क्षेत्रों की पहचान की है:

- बोर्ड में रिक्तियों को भरकर, अध्यक्ष की नियुक्ति सहित, बोर्ड की क्षमताओं एवं कार्यक्षेत्र का अधिक विशाखन करने हेतु कदम उठाना;
- रणनीतिक बल की आवश्यकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समय को प्राथमिकता देना अथवा अतिरिक्त समय का आवंटन करना;
- प्रमुख हितधारकों, विशेषकर नियंत्रक शेयरधारकों और रिज़र्व बैंक के साथ बेहतर ढंग से जुड़ने के लिए संरचित तंत्रों को सुदृढ़ बनाना;
- बोर्ड स्तर तथा कार्यपालक भूमिकाओं, दोनों के लिए एक संरचित उत्तराधिकार योजना ढांचे को स्थापित करने हेतु कदम उठाना;
- कार्यपालक क्षमताओं के विकास की निगरानी हेतु सक्रिय कदम उठाना;
- बोर्ड के लिए गतिशील क्षमताएं विकसित करने की दिशा में कार्य करने हेतु बोर्ड मूल्यांकन ढांचे एवं प्रक्रिया को और सुदृढ़ तथा परिष्कृत करना.

कारोबार के स्वरूप में परिवर्तन, यदि कोई हो

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने बैंकिंग के कारोबार को जारी रखा और इसके कारोबार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ.

निदेशकों / मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों में परिवर्तन

निदेशक का नाम	पदनाम	परिवर्तन का स्वरूप	दिनांक
श्री टी. एन. मनोहरन	अंश-कालिक अध्यक्ष	पुनः-नियुक्ति	09-05-2025
श्री राज कुमार	एलआईसी नामिती निदेशक	सेवा समाप्ति	18-05-2025
श्री आर. दोरइस्वामी	एलआईसी नामिती निदेशक	नियुक्ति	19-05-2025
श्री टी. एन. मनोहरन	स्वतंत्र निदेशक एवं अंश-कालिक अध्यक्ष	सेवा समाप्ति	30-07-2025
श्री सुशील कुमार सिंह	सरकारी नामिती निदेशक	सेवा समाप्ति	18-09-2025
श्री आर. दोरइस्वामी	एलआईसी नामिती निदेशक	सेवा समाप्ति	24-09-2025
श्री बी.बी. जोशी	स्वतंत्र निदेशक	सेवा समाप्ति	08-10-2025

वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों का विवरण

वरिष्ठ प्रबंधन में मुख्य कार्यपालक अधिकारी या प्रबंध निदेशक या पूर्णकालिक निदेशक से एक स्तर नीचे के कार्मिक शामिल होंगे और इसमें विशेष रूप से कार्यात्मक प्रमुख और कंपनी सचिव एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी शामिल होंगे. 31 मार्च 2026 को बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक निम्नानुसार हैं:

1	श्री नागराज गारला	कार्यपालक निदेशक - प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र समूह (पीएसजी) (कृषि एवं एमएसई), वित्तीय समावेशन, ऋण प्रसंस्करण केंद्र
2	श्री शलील मुकुंद आवले	कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य अनुपालन अधिकारी
3	श्री सुनित सरकार	कार्यपालक निदेशक - ऋण निगरानी समूह [(सीएमजी (खुदरा पीएसजी एवं कॉरपोरेट)], खुदरा वसूली एवं संग्रहण
4	श्री ईश्वर पधान	कार्यपालक निदेशक एवं प्रमुख - ट्रेजरी फ्रंट ऑफिस
5	श्री त्रिलोक शर्मा	कार्यपालक निदेशक - खुदरा देयताएं, अन्य पक्ष वितरण (टीपीडी), क्रेडिट कार्ड एवं शाखा बैंकिंग
6	डॉ. कुमार नील लोहित	कार्यपालक निदेशक - खुदरा आस्तियां
7	श्री बद्री श्रीनिवास राव	कार्यपालक निदेशक - लेखा-परीक्षा एवं आंतरिक लेखा परीक्षक
8	श्री अनिरुद्ध बेहरा	कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य जोखिम अधिकारी
9	श्री उगेन टाशी	कार्यपालक निदेशक - मानव संसाधन (एचआर), ज्ञानार्जन एवं कर्मचारी सहभागिता विभाग (एल एवं ईडी)
10	श्री अजय रमेश लांडे	कार्यपालक निदेशक एवं प्रमुख - सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं डिजिटल बैंकिंग विभाग (डीबीडी)
11	श्रीमती स्मिता हरीश कुबेर	कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी
12	श्री संजय पनिकर	कार्यपालक निदेशक - बृहद कॉरपोरेट समूह (एलसीजी), अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग इकाई (आईबीयू) - गुजरात अंतर्राष्ट्रीय वित्त टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) एवं सहायक सेवाएँ - कॉरपोरेट बैंकिंग
13	श्री जोसफ कुमार ए.	कार्यपालक निदेशक - एनपीए प्रबंधन समूह एवं विधि
14	श्री बीजू जॉर्ज के.	कार्यपालक निदेशक - मध्य कॉरपोरेट समूह (एमसीजी) एवं लेनदेन बैंकिंग समूह.
15	श्री एस. शन्मुगसुंदरम	कार्यपालक निदेशक - कॉरपोरेट रणनीति एवं आयोजना विभाग (सीएसपीडी), बजट एवं योजना, प्रशासन एवं संरचना प्रबंधन विभाग (आईएमडी)
16	श्री दिनेश सिंह रावत	कार्यपालक निदेशक - केंद्रीकृत परिचालन, नकदी प्रबंधन सेवाएं (सीएमएस) एवं सरकारी कारोबार समूह (जीबीजी) परिचालन. करेंसी चेस्ट, शाखा परिचालन सहायता एवं नीति विभाग (बीओएसपीडी)
17	श्रीमती ज्योति बीजू नायर	कंपनी सचिव

वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों में परिवर्तन

नाम	पदनाम	परिवर्तन का स्वरूप	दिनांक
श्री बीजू जॉर्ज के.	कार्यपालक निदेशक - एमसीजी एवं लेनदेन बैंकिंग समूह	नियुक्ति	01-04-2025
श्री एस. शन्मुगसुंदरम	कार्यपालक निदेशक - सीएसपीडी, बजट एवं योजना, प्रशासन एवं आईएमडी	नियुक्ति	01-04-2025
श्री दिनेश सिंह रावत	कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	01-04-2025
श्री मुरली सौरीराजन	कार्यपालक निदेशक - विधि	सेवा समाप्ति	31-05-2025
श्रीमती बलजिंदर कौर मंडल	कार्यपालक निदेशक - केंद्रीकृत परिचालन, सीएमएस एवं जीबीजी परिचालन. करेंसी चेस्ट, बीओएसपीडी	सेवा समाप्ति	30-09-2025
श्री मुरुकेश कुमार ई.पी.	कार्यपालक निदेशक -लेनदेन बैंकिंग समूह, सीआरबीएजी एवं पीएसी	नियुक्ति	01-04-2026
श्री रंजन कुमार रथ	कार्यपालक निदेशक (स्व-स्थाने)- खुदरा देयताएं, अन्य पक्ष वितरण (टीपीडी), क्रेडिट कार्ड एवं शाखा बैंकिंग	नियुक्ति	01-04-2026
श्री मंजुनाथ पै	कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	01-04-2026

निदेशकों को पारिश्रमिक

आईडीबीआई बैंक के 21 जनवरी 2019 से निजी क्षेत्र का बैंक बन जाने से बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35बी के अनुसार प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों के पारिश्रमिक एवं परिलब्धियां भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित की जाती हैं. एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित पारिश्रमिक का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशकों के बैंक के साथ कोई आर्थिक संबंध/ लेनदेन नहीं रहे हैं.

वित्तीय वर्ष 2025-26 में एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों के पारिश्रमिक के घटक (वार्षिक निश्चित वेतन)

विवरण	श्री राकेश शर्मा (एमडी एवं सीईओ)	श्री जयकुमार एस. पिल्लै (डीएमडी)	श्री सुमित फक्का (डीएमडी)
			[राशि ₹ में]
वेतन	1,89,60,000	1,03,50,000	97,37,400
भविष्य निधि	18,96,000	10,35,000	9,73,740
ग्रेच्युटी	7,90,000	4,31,250	4,05,725
छुट्टी किराया रियायत/ भत्ता	5,00,000	4,00,000	4,00,000
मनोरंजन व्यय	3,84,161	2,93,111	2,92,496
परिलब्धियां @	25,69,839	12,90,639	12,90,639

@ - परिलब्धियों में मुफ़्त सुसज्जित आवास का प्रावधान तथा उसका रखरखाव/मकान किराया भत्ता एवं अन्य परिलब्धियाँ शामिल हैं;

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के डब्ल्यूटीडी के परिवर्ती वेतन (नकद और ईएसओपी के बदले नकद) इस अवधि में उनके कार्य- निष्पादन मूल्यांकन के आधार होगा.

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोई ईएसओपी नहीं दिया गया.

कार्यकाल

श्री राकेश शर्मा - श्री राकेश शर्मा को 19 मार्च 2019 से तीन वर्ष की अवधि के लिए बैंक के एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था और बाद में 19 मार्च 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए एमडी और सीईओ के रूप में फिर से नियुक्त किया गया. श्री राकेश शर्मा को रिज़र्व बैंक के दिनांक 22 जनवरी 2025 के अनुमोदन के अनुसार 19 मार्च 2025 से तीन वर्ष की अवधि के लिए पुनः नियुक्त किया गया. 08 मई 2025 को पोस्टल बैलेट द्वारा शेयरधारक से अनुमोदन प्राप्त किया गया था.

श्री जयकुमार एस. पिल्लै - श्री जयकुमार एस. पिल्लै को बोर्ड द्वारा 19 मई 2023 के रिज़र्व बैंक के पत्र के अनुसार 22 मई 2023 को पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए डीएमडी के रूप में नियुक्त किया गया. श्री जयकुमार एस. पिल्लै ने 12 जून 2023 को पदभार ग्रहण किया. 13 जुलाई 2023 को संपन्न 19 वीं वार्षिक महासभा में शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त किया गया था. रिज़र्व बैंक की 19 मई 2026 के अनुमोदन के अनुसार श्री जयकुमार एस. पिल्लै को 12 जून 2026 से एक वर्ष की अवधि के लिए बैंक के डीएमडी के रूप में पुनः नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति आगामी वार्षिक महासभा में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन होगी.

श्री सुमित फक्का - श्री सुमित फक्का को बोर्ड द्वारा 31 मई 2024 के रिज़र्व बैंक के पत्र के अनुसार 01 जून 2024 को पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए डीएमडी के रूप में नियुक्त किया गया. श्री फक्का ने 15 जुलाई 2024 को पदभार ग्रहण किया. 23 जुलाई 2024 को संपन्न 20वीं वार्षिक महासभा में शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त किया गया था.

गैर-कार्यपालक निदेशकों को भुगतान करने के लिए मानदंड:

सरकार के नामिती निदेशक को छोड़कर सभी गैर-कार्यपालक निदेशकों को केवल बैठक शुल्क का भुगतान किया जाता है. बोर्ड की बैठकों के लिए प्रति बैठक ₹ 1,00,000/- और बोर्ड की सभी समितियों की बैठकों के लिए प्रति बैठक ₹ 60,000/- की दर से बैठक शुल्क था. एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों को पारिश्रमिक और गैर-कार्यपालक निदेशकों को बैठक फीस के अलावा बैंक द्वारा निदेशकों को उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर हुए खर्च को छोड़कर और कोई पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया.

वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वतंत्र निदेशकों सहित गैर-कार्यपालक निदेशकों को प्रदत्त बैठक शुल्क की कुल राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

गैर-कार्यपालक निदेशक का नाम	वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदत्त बैठक शुल्क (₹)
श्री टी. एन. मनोहरन, स्वतंत्र निदेशक एवं अंशकालिक अध्यक्ष *(30.07.2025 तक)*	8,00,000
श्री राज कुमार, एलआईसी नामिती निदेशक *(18.05.2025 तक)*	2,00,000
भारतीय जीवन बीमा निगम [बोर्ड की बैठकों में निम्न के द्वारा उपस्थिति के लिए बैठक शुल्क- *i. श्री सत पाल भानू (31.12.2025 तक) एवं ii. आर. दोरइस्वामी (19.05.2025 से 24.09.2025 तक)]*	12,00,000
श्री सत पाल भानू *[बैठकों में भाग लेने के लिए 31.12.2025 तक बैठक शुल्क एलआईसी को दिया गया और 01.01.2026 से सीधे श्री सत पाल भानू को भुगतान किया गया]*	4,00,000
श्री भुवनचंद्र बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक *(08.10.2025 तक)*	20,20,000
श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक	32,60,000
श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक	37,40,000
श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक	35,60,000
श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक	37,40,000
श्रीमती पी. वी. भारती, स्वतंत्र निदेशक	37,40,000
श्री अजय प्रकाश साहनी , स्वतंत्र निदेशक	36,80,000

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के अंतर्गत प्रकटन

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति और बोर्ड द्वारा अनुशंसा के बाद बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35बी के तहत प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक को रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित किया जाता है. बोर्ड के अन्य निदेशकों को गैर कार्यपालक निदेशकों को भुगतान मानदंड वाले अनुच्छेद में वर्णित बैठकों में उपस्थिति के लिए बैठक शुल्क के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) अर्थात् मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी सचिव सहित बैंक के अन्य कर्मचारियों को बैंक के समान ग्रेड के अधिकारियों के लिए लागू पारिश्रमिक मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों सहित कर्मचारियों के वेतनमान में आवधिक संशोधन बैंक के कार्यनिष्पादन सहित कई कारकों पर निर्भर करता है.

रिज़र्व बैंक के दिनांक 28 नवंबर 2025 के वाणिज्यिक बैंकों (अभिशासन) निदेश, 2025 के अनुसार, परिवर्ती वेतन बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों (डब्ल्यूटीडी), महत्वपूर्ण जोखिम उठाने वालों और नियंत्रणकर्ता स्टाफ पर लागू होगा. डब्ल्यूटीडी को देय पारिश्रमिक वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एमडी एवं सीईओ और डीएमडी को पारिश्रमिक के घटक वाले पैराग्राफ में उल्लिखित है. क्षतिपूर्ति के सभी पहलुओं को कवर करने वाली एक क्षतिपूर्ति नीति अर्थात नियत वेतन एवं परिलब्धियां, परिवर्ती वेतन (नकद और शेयरों से जुड़े), अधिवर्षिता/ सेवानिवृत्ति लाभ (भविष्य निधि, पेंशन/ राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) और ग्रेच्युटी) आदि रिज़र्व बैंक के उपर्युक्त मास्टर परिपत्र के अनुसार तैयार की गई है. रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेश में परिवर्ती वेतन को आस्थगित करने का अधिदेश है, जिसे बैंक की क्षतिपूर्ति नीति में शामिल किया गया है. सभी पात्र कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए परिवर्ती वेतन का भुगतान वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्यनिष्पादन मूल्यांकन के पूरा होने के बाद क्षतिपूर्ति नीति के अनुसार किया गया था.

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(1) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) की शर्तों के अनुसार विवरण नीचे दिया गया है:

बैंक के रोल पर नियमित कर्मचारियों की संख्या;	20,693 इनमें से 1,585 कर्मचारी संविदा आधार पर थे

कंपनी के कर्मचारियों के माध्यिका पारिश्रमिक की तुलना में प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक का अनुपात

कार्यपालक निदेशक का नाम	सभी कर्मचारियों की माध्यिका से पारिश्रमिक का अनुपात
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	22.93
श्री जयकुमार एस. पिल्लै, डीएमडी	8.90
श्री सुमित फक्का, डीएमडी*	7.30

वित्तीय वर्ष में प्रत्येक निदेशक, मुख्य वित्तीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कंपनी सचिव या प्रबंधक के पारिश्रमिक में प्रतिशत वृद्धि, यदि कोई हो;

पदनाम	प्रतिशत वृद्धि
एमडी एवं सीईओ	41.74
डीएमडी*	56.86*
सीएफओ	13.41
सीएस	(4.44)%

* *वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, डीएमडी के पारिश्रमिक के मामले में श्री सुमित फक्का का वेतन केवल उस वित्तीय वर्ष के एक हिस्से के लिए ही माना गया, चूंकि उनकी नियुक्ति 15 जुलाई 2024 से हुई थी. हालाँकि, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रतिशत वृद्धि की गणना करते समय, पारिश्रमिक को वार्षिकीकृत किया गया और पूरे वित्तीय वर्ष के लिए विचार किया गया, जिससे प्रतिशत की तुलना पर असर पड़ा है और इसी वजह से डीएमडी के पारिश्रमिक में प्रतिशत वृद्धि अधिक दिखाई दे रही है.*

@ *कंपनी सचिव के पारिश्रमिक के संबंध में, चूंकि 1 नवंबर 2022 से संशोधित वेतन संरचना लागू होने की तारीख तक वेतन और भत्तों में संशोधन से उत्पन्न बकाया राशि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2024-25 में किया गया था, इसलिए पिछले वर्ष का पारिश्रमिक अधिक था. परिणाम स्वरूप, वित्तीय वर्ष 2025-26 में पारिश्रमिक कम है, चूंकि इस वर्ष के दौरान ऐसी कोई बकाया राशि प्राप्त नहीं हुई थी.*

वित्तीय वर्ष में कर्मचारियों के माध्यिका पारिश्रमिक में प्रतिशत वृद्धि;	(3.57) *माध्यिका पारिश्रमिक में कमी मुख्यतः निम्नलिखित कारणों से हुई है:* • *वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान वेतन एवं भत्तों के संशोधन के कारण बकाया का भुगतान किया गया, जिससे तुलनात्मक के आधार में वृद्धि हुई; और* • *नये पदनामों में कर्मचारियों को सम्मिलित किए जाने / कर्मचारी आधार में वृद्धि होने से समग्र माध्यिका पारिश्रमिक पर प्रभाव पड़ा है.*
पिछले वित्तीय वर्ष में प्रबंधकीय कार्मिकों के अलावा अन्य कर्मचारियों के वेतन में पहले से हुई औसत प्रतिशतक वृद्धि तथा प्रबंधकीय पारिश्रमिक में प्रतिशतक वृद्धि के साथ इसकी तुलना एवं इसका औचित्य तथा प्रबंधकीय पारिश्रमिक में वृद्धि के लिए असाधारण परिस्थितियां, यदि कोई हों, का उल्लेख करें;	वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के गैर-प्रबंधकीय कार्मिकों का औसत पारिश्रमिक (3.22)% था और बैंक के प्रबंधकीय कार्मिकों के औसत पारिश्रमिक में 40.25% की वृद्धि हुई. यह वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी और बकाया राशि के भुगतान के कारण हुआ है.
अभिपुष्टि कि पारिश्रमिक बैंक की पारिश्रमिक नीति के अनुसार है.	हाँ

महासभा की बैठकें

अ. बैंक की पिछली तीन वार्षिक महासभाओं (एजीएम) का आयोजन निम्नानुसार हुआः

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण

पिछली तीन वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान और समय	1) 13 जुलाई 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे केवल वीडियो कान्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की गई (बैंक की 19 वीं वार्षिक महासभा). 2) 23 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे केवल वीडियो कान्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की गई (बैंक की 20वीं वार्षिक महासभा). 3) 22 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे केवल वीडियो कान्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की गई (बैंक की 21वीं वार्षिक महासभा).
क्या पिछली तीन वार्षिक महासभाओं में विशेष संकल्प पारित किए गए थे.	➢ **19वीं वार्षिक महासभा में** 13 जुलाई 2023 को सम्पन्न बैंक की 19 वीं वार्षिक महासभा में आईडीबीआई बैंक के संस्था अंतर्नियमों में परिवर्तन के लिए शेयरधारकों के अनुमोदन प्राप्त करने के लिए विशेष संकल्प पारित किया गया था. ➢ **20वीं वार्षिक महासभा में** बैंक की 23 जुलाई 2024 को संपन्न 20वीं वार्षिक महासभा में श्रीमती पी.वी. भारती को 14 जनवरी 2025 से चार वर्ष के दूसरे कार्यकाल के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनःनियुक्त करने के लिए शेयरधारकों के अनुमोदन प्राप्त करने के लिए विशेष संकल्प पारित किया गया था. ➢ **21वीं वार्षिक महासभा में** 21वीं वार्षिक महासभा में कोई भी विशेष संकल्प पारित नहीं किया गया.
क्या गत वर्ष डाक मतपत्र के ज़रिए कोई विशेष संकल्प पारित किया गया था - मतदान पैटर्न का ब्योरा दें	नहीं

व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	लागू नहीं
क्या डाक मतदान के जरिये विशेष संकल्प प्रस्तावित किया जाना है.	डाक मतदान के माध्यम से कोई विशेष संकल्प पारित करने का प्रस्ताव नहीं है.
डाक मतदान की प्रक्रिया	लागू नहीं

सूचना के साधन

बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अधीन अपेक्षित बोर्ड की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए नियमित रूप से तिमाही परिणाम प्रकाशित करता है. इन्हें राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र अर्थात् फाइनेंशियल एक्सप्रेस में और एक मराठी भाषा के समाचार पत्र अर्थात् लोकसत्ता में प्रकाशित किया जाता है और ये विज्ञापन शेयर बाज़ार को सूचित किए जाते हैं. उपर्युक्त जानकारी अधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के साथ बैंक की वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/secretarial-disclosures.aspx) पर भी उपलब्ध कराई जाती है.

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

		आम शेयरधारकों के लिए सूचना
i.	एजीएम की तारीख, समय और स्थान	मंगलवार, 21 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से.
ii.	वित्तीय वर्ष	1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026
iii.	एलओडीआर विनियमावली के विनियम 44 और कंपनी (प्रबंध और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार ई-वोटिंग अवधि.	ई-वोटिंग अवधि शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न 9.00 बजे (भारतीय मानक समय के अनुसार) से प्रारंभ होगी और सोमवार, 20 जुलाई 2026 को शाम 5.00 बजे (भारतीय मानक समय के अनुसार) समाप्त होगी.
iv.	लेखा बहियों के बंद रहने की तारीख	15 जुलाई 2026 से 21 जुलाई 2026 तक (दोनों दिनों सहित)
v.	स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता और वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क के भुगतान की पुष्टि	1. **बीएसई लि. (बीएसई)** **पता:** 25वीं मंजिल, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - 400 001 2. **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई)** **पता:** एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई - 400 051. घरेलू बाज़ार में जारी किए गए बॉण्डों में निजी तौर पर नियोजित बॉण्ड शामिल हैं और ये बीएसई/ एनएसई पर सूचीबद्ध हैं. लागू सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान कर दिया गया है.

vi. रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट

केफिन टेक्नोलॉजिस लिमिटेड

यूनिट : आईडीबीआई इक्विटी,

सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32,

गच्चिबौली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली, रंगारेड्डी, हैदराबाद, तेलंगाना - 500 032

vii. शेयर अंतरण प्रणाली

क) दिनांक 30 जनवरी 2026 के सेबी परिपत्र सं.: एचओ/38/13/11(2)2026-एमआईआरएसडी-पीओडी/I/3750/2026 के अनुसरण में, सेबी ने दिनांक 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक विशेष सुविधा प्रदान की है ताकि 01 अप्रैल 2019 से पूर्व खरीदी या बेची गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण सह अमूर्तीकरण की सुविधा प्रदान की जा सके, जिसमें वे मामले भी शामिल हैं जिन्हें पूर्व में अस्वीकृत किया गया था अथवा कमियों के कारण लंबित रह गए थे. इस सुविधा के माध्यम से अमूर्तीकृत शेयर एक वर्ष की लॉक-इन अवधि के अधीन होंगे. यह पहल निवेश को सरल बनाने तथा निवेशकों के हितों की सुरक्षा के उद्देश्य से की गई है. बैंक ने उक्त परिपत्र के लागू प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए हैं.

ख) दिनांक 30 जनवरी 2026 के सेबी परिपत्र संदर्भ संख्या एचओ/38/13(3)2026 एमआईआरएसडी पीओडी/1/3763/2026 के अनुसरण में, सेबी ने लेटर ऑफ कन्फर्मेशन (एलओसी) जारी करने की आवश्यकता को समाप्त कर निवेशक सेवा अनुरोधों को सरल बनाया है तथा निवेशकों के डीमैट खातों में प्रतिभूतियों के सीधे क्रेडिट की सुविधा प्रदान की है. संशोधित ढांचे में डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करना, ट्रांसमिशन, ट्रांसपोजीशन, कॉरपोरेट कार्यवाहियों तथा अदावीत उचंत खातों जैसी सेवाओं को शामिल किया है, जिसका उद्देश्य प्रसंस्करण समय को कम करना तथा निवेशकों की सुविधा को बढ़ाना है. बैंक ने उक्त परिपत्र के अनुरूप अपनी प्रक्रियाओं को संरेखित कर लिया है, जो 2 अप्रैल 2026 से प्रभावी है.

ग) बैंक के शेयर जो अमूर्त रूप में रखे गए हैं, डिपॉजिटरी सिस्टम के माध्यम से स्वतंत्र रूप से अंतरणीय हैं. 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक द्वारा प्राप्त सस्पेन्स एस्क्रो डीमैट खाते से शेयरों का दावा करने / डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने/ डिलीशन/ ट्रांसमिशन/ ट्रांसपोजिशन अनुरोधों को शेयर अंतरण समिति (जिसमें कार्यपालक निदेशक/ मुख्य महाप्रबंधक शामिल हैं) नामक एक आंतरिक समिति द्वारा अनुमोदित कर दिया गया और सेबी के मौजूदा परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार संसाधित किया गया.

viii. वित्तीय कैलेंडर

1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026

तिमाही परिणाम अनुमोदित किए गए:

के परिणाम	बोर्ड की बैठक
30 जून 2025	21 जुलाई 2025
30 सितंबर 2025	18 अक्तूबर 2025
31 दिसंबर 2025	17 जनवरी 2026
31 मार्च 2026	30 अप्रैल 2026

ix.	शेयरों का अमूर्तीकरण एवं चलनिधि	बैंक के शेयरों को स्टॉक एक्सचेंजों में अनिवार्य रूप से केवल अमूर्त रूप में ट्रेड किया जा सकता है. 31 मार्च 2026 को अमूर्त और भौतिक रूप में धारित शेयरों की संख्या निम्नानुसार है:

	शेयरों की संख्या	जारी कुल पूंजी का %
एनएसडीएल में अमूर्त रूप से रखे गए	5655394661	52.60
सीडीएसएल में अमूर्त रूप से रखे गए	5091302405	47.35
भौतिक	5705109	0.05
कुल	**10752402175**	**100.00%**

x.	ऋण प्रतिभूतियों की सूचीबद्धता	बैंक द्वारा जारी और 31 मार्च 2026 को बैंक की बहियों में बकाया अप्रतिभूत दीर्घकालिक रुपया बांड/ डिबेंचर बीएसई और एनएसई के ऋण खंड में सूचीबद्ध हैं.
xi.	डिबेंचर न्यासी	**एसबीआईकैप ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड,** चौथी मंजिल, मिस्त्री भवन, 122 दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुंबई- 400 020. **अनुपालन अधिकारी:** श्री संदीप पोद्दार **संपर्क सं-** 022 4302 5555 **ट्रस्टी के प्रमुख अधिकारी का ईमेल आईडी:** dt@sbicaptrustee.com / corporate@sbicaptrustee.com
xii.	बकाया ग्लोबल डिपॉजिटरी रसीदें (जीडीआर)/ अमेरिकी डिपॉजिटरी रसीदें (एडीआर)/ वारंट अथवा परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन की तारीख तथा इक्विटी पर संभावित प्रभाव	आईडीबीआई बैंक ने जीडीआर/ एडीआर/ वारंट या परिवर्तनीय लिखत जारी नहीं किए हैं.
xiii.	प्लांट का स्थान	लागू नहीं. तथापि, बैंक की शाखाओं के स्थानों के बारे में जानकारी बैंक की वेबसाइट (www.idbi.bank.in) पर उपलब्ध है.
xiv.	पत्राचार के लिए पता	**आईडीबीआई बैंक लि.** **सीआईएन - L65190MH2004GOI148838** **पता:** इक्विटी कक्ष- बोर्ड विभाग, आईडीबीआई बैंक लि., 22वीं मंजिल, आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 **फोन:** 022-6655 3336/ 3062/ 3147/ 2806 **ई-मेल:** idbiequity@idbi.co.in **वेबसाइट:** www.idbi.bank.in **रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट** **केफिन टेक्नोलॉजिस लिमिटेड** (यूनिट आईडीबीआई इक्विटी) **पता:** सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चिबौली, फायनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली, रंगारेड्डी, हैदराबाद, तेलंगाना - 500 032 **टोल फ्री नंबर:** 1800 309 4001 **वेबसाइट:** www.kfintech.com **ईमेल:** einward.ris@kfintech.com
xv.	बैंक द्वारा प्राप्त क्रेडिट रेटिंग की सूची	क्रेडिट रेटिंग का विवरण वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंधन विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.
xvi.	शेयरधारिता का वितरण	नीचे उल्लिखित तालिका के अनुसार

तालिका i: 31 मार्च 2026 को वितरण अनुसूची

क्रं. सं	श्रेणी से	श्रेणी तक	शेयरधारकों की संख्या	कुल शेयरधारकों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कुल इक्विटी शेयरों का प्रतिशत
1	1	5000	718984	98.60	182873447	1.70
2	5001	10000	5331	0.73	39926441	0.37
3	10001	20000	2559	0.35	36583754	0.34
4	20001	30000	799	0.11	20075202	0.19
5	30001	40000	367	0.05	12910881	0.12
6	40001	50000	292	0.04	13493703	0.12
7	50001	100000	486	0.07	35440144	0.33
8	100001 और अधिक		388	0.05	10411098603	96.83
	योग		**729206**	**100.00**	**10752402175**	**100.00**

31 मार्च 2026 को शेयरधारिता का स्वरूप

शेयरधारकों की श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	कुल का %
भारतीय जीवन बीमा निगम (प्रबंधन नियंत्रण के साथ प्रवर्तक)	5294102939	49.24
भारत सरकार (प्रबंधन नियंत्रण के बिना सह- प्रवर्तक)	4889871903	45.48
कर्मचारी	590096	0.01
जनता	410516502	3.82
हिन्दू अविभाजित परिवार	18003820	0.17
कॉरपोरेट निकाय	45460207	0.42
संस्थाएं		
अ) बैंक	948718	0.01
आ) विदेशी संस्थागत निवेशक	100	0.00
इ) वित्तीय संस्थाएं /बीमा कंपनियां	2229001	0.02
ई) म्यूचुअल फंड	5886190	0.05
उ) एनबीएफसी	6182	0.00
ऊ) वैकल्पिक निवेश निधि	413049	0.00
सोसायटी	24800	0.00
न्यास	1648656	0.02
निदेशक, केएमपी एवं उनके रिश्तेदार	4400	0.00
अनिवासी भारतीय	13434412	0.12
विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक	60246791	0.56
आईईपीएफ	8360667	0.08
एनएसडीएल (अंतरणाधीन)	653742	0.01
कुल योग	**10752402175**	**100.00**

अन्य प्रकटन -

i. कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय V के अंतर्गत शामिल जमाराशियों से संबंधित विवरण और ऐसी जमाराशियों का विवरण जो अधिनियम के अध्याय V की अपेक्षाओं के अनुपालन में नहीं हैं

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73(1) के परंतुक के अनुसार, इस उप-धारा का कुछ भी बैंकिंग कंपनी पर लागू नहीं होगा और इसलिए, ऊपर दिए गए विवरण के प्रकटीकरण की आवश्यकता आईडीबीआई बैंक पर लागू नहीं होती है.

ii. विनियामकों या अदालतों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित किए गए उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण आदेशों का विवरण जो चालू संस्था की स्थिति और कंपनी के भविष्य में संचालन को प्रभावित करते हैं

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विनियामकों या अदालतों या न्यायाधिकरणों द्वारा कोई ऐसा आदेश पारित नहीं किया गया जो बैंक की चालू संस्था की स्थिति और भविष्य में इसके परिचालनों को प्रभावित कर सकते हैं.

iii. भेदिया ट्रेडिंग की रोकथाम

बैंक के पास बैंक के शेयरों के साथ-साथ अन्य सूचीबद्ध और सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों के शेयरों में भेदिया ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक संहिता है. यह शेयर व्यवहार संहिता, *अन्य बातों के साथ-साथ,* अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) होने पर अंदरुनी व्यक्तियों द्वारा बैंक तथा अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं की प्रतिभूतियों में लेन-देन पर प्रतिबंध लगाती है. वार्षिक आधार पर, एसीबी भेदिया ट्रेडिंग विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन की समीक्षा करता है, और यह सुनिश्चित करता है कि आंतरिक नियंत्रण की प्रणालियाँ पर्याप्त हैं तथा प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं.

वर्ष के दौरान संहिता के तहत हुए उल्लंघनों की सूचना स्टॉक एक्सचेंजों और साथ ही वार्षिक समीक्षा के दौरान एसीबी को दे दी गई है.

iv. उन कंपनियों के नाम जो वर्ष के दौरान इसकी सहायक कंपनियां, संयुक्त उद्यम या सहयोगी कंपनियां बनी या नहीं रहीं

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कोई सहायक, संयुक्त उद्यम या सहयोगी कंपनियां नहीं बनाई गई हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कोई भी सहायक कंपनी और संयुक्त उद्यम समाप्त नहीं हुए हैं, तथापि, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एनएसडीएल में अपनी हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा (11.11%) बेच दिया. तदनुसार, एनएसडीएल, जिसे पूर्व में आईडीबीआई बैंक की एक सहयोगी माना जाता था, हिस्सेदारी के विक्रय के पश्चात बैंक की सहयोगी नहीं रह गई. वर्तमान में, आईडीबीआई बैंक के पास एनएसडीएल में 14.99% हिस्सेदारी है, जिसे अन्य रणनीतिक निवेश के रूप में माना जाता है तथा विक्रय हेतु उपलब्ध (एएफ़एस) श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है. इसके अतिरिक्त, बैंक ने मई 2025 के दौरान पांडिचेरी औद्योगिक संवर्धन विकास और निवेश निगम लिमिटेड (पीआईपीडीआईसी) में अपनी समस्त हिस्सेदारी (21.14%) बेच दी है.

v. स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

स्वतंत्र निदेशकों को नियमित रूप से बैंक के व्यवसाय, उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों तथा विनियामक परिवेश में परिवर्तन के अनुसार बैंक में अनुपालन आवश्यकताओं से परिचित कराया जा रहा है. इसके अलावा, स्वतंत्र निदेशकों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित/प्रतिनियुक्त किया गया.

इस संबंध में विस्तृत स्थिति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.bank.in) पर निम्नलिखित लिंक के तहत प्रदान की गई है: https://www.idbi.bank.in/secretarial-disclosures.aspx

vi. निगरानी तंत्र की स्थापना

बैंक ने रिज़र्व बैंक, सेबी और कंपनी अधिनियम, 2013 में प्रदत्त सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरूप निगरानी तंत्र के बारे में नीति लागू की है जो बैंक के कर्मचारियों और निदेशकों को अपने नियोक्ताओं के नियंत्रण में अवैध, अनैतिक या अवैध प्रथाओं से संबंधित शिकायतों को उन व्यक्तियों या संगठनों को प्रकट करने में सक्षम बनाती है जो कार्रवाई करने में सक्षम हो सकते हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति तक पहुँचने से वंचित नहीं किया गया. निगरानी तंत्र की स्थापना का विवरण देने वाली निगरानी तंत्र नीति का प्रकटन बैंक द्वारा अपनी वेबसाइट (www.idbi.bank.in) पर निम्नलिखित लिंक के तहत किया गया है: https://www.idbi.bank.in/secretarial-disclosures.aspx

vii. महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण हेतु नीति

एलओडीआर विनियमावली के विनियम 46 की अपेक्षा के अनुसार, महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण के लिए नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.bank.in) पर निम्नलिखित लिंक के तहत उपलब्ध है: https://www.idbi.bank.in/secretarial-disclosures.aspx

viii. संबद्ध पक्षकार से लेनदेन करने की नीति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के प्रावधानों और एलओडीआर विनियमावली के विनियम 23 के अनुसार, बैंक ने संबद्ध पक्षकार से लेनदेन करने के लिए एक नीति तैयार की है. संबद्ध पक्षकार से लेनदेन संबंधी नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.bank.in) पर निम्नलिखित लिंक के तहत उपलब्ध है: https://www.idbi.bank.in/secretarial-disclosures.aspx

ix. वास्तव में महत्वपूर्ण संबद्ध पक्षकार लेनदेनों के बारे में प्रकटीकरण जिनका व्यापक स्तर पर सूचीबद्ध संस्था के हितों के साथ कोई संभावित टकराव हो

एलओडीआर विनियमावली की सूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने वास्तव में महत्वपूर्ण संबद्ध पक्षकार से ऐसा कोई लेनदेन नहीं किया है जिससे बैंक के हितों के साथ कोई संभावित टकराव हो सकता हो.

x. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत जानकारी

यौन उत्पीड़न के खिलाफ बैंक की एक नीति है और उत्पीड़न या भेदभाव की शिकायतों से निपटने के लिए एक औपचारिक प्रक्रिया है. उक्त नीति कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुरूप है. बैंक ने उक्त अधिनियम के तहत आंतरिक शिकायत समिति के गठन से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन किया है. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के प्रावधानों के अनुसार, वर्ष के दौरान शिकायतों की संख्या से संबंधित विवरण नीचे दिया गया है:

अ	वित्तीय वर्ष के दौरान प्रस्तुत की गई शिकायतों की संख्या	14
आ	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	9 *(वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्राप्त मामलों में से)* 4 *(वित्तीय वर्ष 2024-25 में लंबित मामले)*
इ	वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	05

xi. पण्य मूल्य जोखिम या विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम और पण्य हेजिंग गतिविधियों का प्रकटन

बैंक पण्य मूल्य जोखिम या विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम और पण्य हेजिंग गतिविधियों के संबंध में विनियामकों द्वारा निर्धारित प्रासंगिक दिशानिर्देशों, यदि कोई हों, का अनुपालन करता है.

xii. लेखांकन व्यवहार का प्रकटीकरण

एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वित्तीय विवरणों की तैयारी में निर्धारित लेखा मानकों से अलग कोई व्यवहार नहीं किया गया है, और इसलिए, इस संबंध में प्रबंधन की ओर से किसी स्पष्टीकरण की अपेक्षा नहीं है.

xiii. प्रकटीकरण, कि क्या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप-धारा (1) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट लागत रिकार्ड का रखरखाव कंपनी द्वारा आवश्यक है और तदनुसार, ऐसे खाते और रिकार्ड बनाए और रखे जाते हैं.

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के एक बैंकिंग कंपनी होने के नाते इस पर लागत रिकार्ड के रखरखाव के प्रावधान लागू नहीं होते हैं.

xiv. प्रकटन

क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाज़ारों से संबंधित किसी भी मामले पर स्टॉक एक्सचेंजों या सेबी या किसी भी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा बैंक पर लगाए गए गैर-अनुपालन, दंड, कटु आलोचना का विवरण निम्नानुसार है::

वि.व. 2025-26	रिज़र्व बैंक ने दिनांक 02 मई 2025 के अपने पत्र द्वारा, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(i) के साथ पठित धारा 47A(1)(c) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, किसानों को ₹ 3 लाख तक की स्वीकृत सीमाओं वाले केसीसी खातों में लागू उधार दर से अधिक ब्याज वसूलने के कारण बैंक पर ₹ 31.80 लाख का जुर्माना लगाया.
वि.व. 2024-25	रिज़र्व बैंक ने 21 मार्च 2025 के अपने पत्र के माध्यम से जून 2016 से जनवरी 2023 की अवधि के दौरान प्राप्त 363 आवक प्रेषणों से संबंधित विदेशी मुद्रा लेनदेन को संसाधित करने और अनुमति देने में समुचित सावधानी के गैर-अनुपालन के लिए फेमा, 1999 की धारा 11(3) के तहत बैंक पर ₹ 36.30 लाख का जुर्माना लगाया.
वि.व. 2023-24	शून्य

ख) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने अधिमानी आवंटन या अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से कोई फंड नहीं जुटाया है. पूर्व में जुटाई गई निधियों की धनराशि का पूरी तरह से बैंक की पूंजी पर्याप्तता बढ़ाने और सामान्य व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया गया है.

ग) मेसर्स परीख एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव के श्री मोहम्मद पिल्लिकंडलु (सीपी सं. 14603) से दिनांक 30 अप्रैल 2026 का इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है कि बैंक के बोर्ड के किसी भी निदेशक को सेबी/एमसीए अथवा इस प्रकार के किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने अथवा बने रहने के लिए विवर्जित अथवा अयोग्य नहीं ठहराया गया है. यह प्रमाणपत्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है.

घ) बैंक ने वार्षिक रिपोर्ट में वे सभी प्रकटन किए हैं जो एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V (वार्षिक रिपोर्ट) के कॉरपोरेट अभिशासन खंड के उप-पैरा (2) से (10) के अनुसार अपेक्षित थे.

ङ) बैंक ने एलओडीआर विनियमावली के विनियम 17 से 27 और विनियम 46 के उप-विनियम (2) के खंड (बी) से (आई) में निर्दिष्ट कॉरपोरेट अभिशासन अपेक्षाओं का अनुपालन किया है.

च) बैंक ने एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 में दी गई सभी अनिवार्य अपेक्षाओं का अनुपालन किया है और निर्धारित समय सीमा के भीतर स्टॉक एक्सचेंजों को निर्धारित प्रारूपों में कॉरपोरेट अभिशासन पर त्रैमासिक/अर्धवार्षिक/वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा है.

छ) ऐसी कोई भी घटना नहीं हुई है जहां बोर्ड ने बोर्ड की किसी भी समिति की ऐसी किसी सिफ़ारिश को स्वीकार नहीं किया हो जो अनिवार्य रूप से आवश्यक हो, अतः इस संबंध में किसी प्रकटन की अपेक्षा नहीं है.

ज) एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक द्वारा सांविधिक लेखा परीक्षकों को सभी सेवाओं के लिए प्रदत्त कुल शुल्क की राशि ₹ 262.50 लाख (प्रमाणीकरण और अन्य लेखापरीक्षा संबंधित सेवाओं सहित)रही और फुटकर खर्च अधिकतम ₹ 25.20 लाख रखा गया था.

झ) **सहायक कंपनियाँ:** 31 मार्च 2026 को बैंक की 5 सहायक संस्थाएं थीं यथा- आईडीबीआई इंटेक लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि., आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि., आईडीबीआई एमएफ़ ट्रस्टी कं. लि. और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि. बैंक के निदेशक मंडल के किसी स्वतंत्र निदेशक को इसकी किसी सहायक संस्था के बोर्ड में शामिल करने की अपेक्षा नहीं है क्योंकि इन सहायक संस्थाओं में से कोई भी संस्था एलओडीआर विनियमावली के विनियम 16 के अंतर्गत दी गई परिभाषा के अनुसार महत्वपूर्ण सहायक कंपनी नहीं है. एलओडीआर विनियमावली के विनियम 24 की अपेक्षाओं के अनुपालन में बैंक की लेखा परीक्षा समिति गैर-सूचीबद्ध सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों, विशेष रूप से उनके द्वारा किए गए निवेशों की समीक्षा करती है. गैर-सूचीबद्ध सहायक कंपनियों की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त नियमित रूप से बैंक के बोर्ड की बैठकों में प्रस्तुत किये जाते हैं.

ञ) **दस्तावेजों का रखरखाव और प्रतिधारण नीति:** एलओडीआर विनियमावली के विनियम 9 के प्रावधानों के अनुसार बैंक ने बोर्ड अनुमोदित दस्तावेजों का रखरखाव और प्रतिधारण नीति कार्यान्वित की है.

ट) **अभिलेखीय नीति:** एलओडीआर विनियमावली, 2015 के विनियम 30(8) के अनुसार बैंक ने बोर्ड अनुमोदित अभिलेखीय नीति कार्यान्वित की है.

ठ) **सूचीबद्ध संस्थाओं को बाध्य करने वाले कुछ प्रकार के करारों का प्रकटन:** ऐसे कोई करार नहीं हैं जिनके लिए एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची III के भाग ए के पैराग्राफ ए के खंड 5ए के तहत प्रकटीकरण की आवश्यकता हो.

ड) **डीमैट उचंत खाते/ अदावी उचंत खाते के संबंध में प्रकटन**

एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार बैंक अदावी उचंत खाते में पड़े इक्विटी शेयरों के संदर्भ में निम्न ब्योरा रिपोर्ट करता है:

i. सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 39(4) के अनुपालन में डीमैट उचंत खाते में अंतरित शेयर:

क्रम सं.	विवरण	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या
(क)	1 अप्रैल 2025 को उचंत खाते में शेयरधारकों की कुल संख्या और बकाया पड़े शेयर	4	800
(ख)	1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान उचंत खाते से शेयरों का अंतरण करवाने के लिए बैंक से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या	0	0
(ग)	उन शेयरधारकों की संख्या, जिन्हें 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान उचंत खाते से शेयर अंतरित किए गए	0	0
(घ)	उन शेयरधारकों की संख्या, जिनके शेयर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 एवं 125 के अनुपालन में आईईपीएफ प्राधिकरण को अंतरित किए गए	0	0
(ङ)	31 मार्च 2026 को उचंत खाते में शेयरधारकों की कुल संख्या और बकाया पड़े शेयर	4	800
(च)	**इन शेयरों का मताधिकार तब तक अवरोधित रहेगा जब तक इन शेयरों के वैध स्वामी शेयरों का दावा नहीं करते.**		

ii. दिनांक 06 फरवरी 2026 के सेबी के मास्टर परिपत्र एचओ/38/13/(4)2026-एमआईआरएसडी-पीओडी/I/4298/2026 के अनुपालन में उचंत एस्क्रो डीमैट खाते में अंतरित शेयर (ऐसे मामले जिनमें पुष्टिकरण पत्र की वैधता समाप्त हो गई है):

क्रम सं.	विवरण	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या
(क)	1 अप्रैल 2025 को उचंत एस्क्रो डीमैट खाते में शेयरधारकों की कुल संख्या और बकाया पड़े शेयर	10	2,560
(ख)	उन शेयरधारकों की संख्या जिनके शेयर 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान उचंत एस्क्रो डीमैट खाते में अंतरित किए गए	22	4,620
(ग)	1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान उचंत एस्क्रो डीमैट खाते से शेयरों का अंतरण करवाने के लिए बैंक से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या	18	3,980
(घ)	उन शेयरधारकों की संख्या जिनको 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान उचंत एस्क्रो डीमैट खाते से शेयर अंतरित किए गए	18	3,980
(ड.)	31 मार्च 2026 को उचंत एस्क्रो डीमैट खाते में शेयरधारकों की कुल संख्या और बकाया पड़े शेयर	14	3,200
(च)	**इन शेयरों के वैध स्वामी मतदान करने और लाभांश प्राप्त करने के हकदार हैं.**		

ढ़) निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) के संबंध में प्रकटन

(क) वर्ष के दौरान आईईपीएफ में किए गए अंतरण/अंतरणों का विवरण :

क्रम सं.	विवरण	शेयर/बांड/डिबेंचर	राशि
(i)	अदावी/अप्रदत्त लाभांश की राशि और संबंधित शेयर	0	0
(ii)	अधिमानी शेयरों की मोचन राशि	लागू नहीं	लागू नहीं
(iii)	बैंकिंग कंपनियों के अलावा अन्य कंपनियों की परिपक्व जमाओं की राशि, साथ ही उन पर उपचित ब्याज	लागू नहीं	लागू नहीं
(iv)	परिपक्व डिबेंचरों की राशि, साथ ही उन पर उपचित ब्याज	0	0
(v)	किसी भी प्रतिभूति के आबंटन हेतु प्राप्त आवेदन राशि तथा उपचित ब्याज सहित वापसी के लिए देय राशि	0	0
(vi)	बोनस शेयरों के जारी होने, विलय और समामेलन से उत्पन्न होने वाले आंशिक शेयरों की बिक्री राशि	0	0

(ख) आईईपीएफ को पहले ही अंतरित शेयरों से उत्पन्न परिणामी लाभ का विवरण - शून्य

(ग) अप्रदत्त / अदावी लाभांश की वर्ष-वार राशि जो इस वर्ष तक अप्रदत्त खाते में पड़ी है तथा तदनुरूपी शेयर जो आईईपीएफ में अंतरित किए जाने हैं व ऐसे अंतरण के लिए नियत तारीखों का विवरण:

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	अप्रदत्त लाभांश (₹)	शेयरों की संख्या	आईईपीएफ़ में अंतरण के लिए नियत तारीख
1	2022-2023	55,20,195.00	35,211	17.08.2030
2	2023-2024	103,00,696.00	38,371	27.08.2031
3	2024-2025	142,00,568.70	36,465	27.08.2032

(घ) अप्रदत्त / अदावी ब्याज की वर्ष-वार राशि जो इस वर्ष तक अप्रदत्त खाते में पड़ी है तथा तदनुरूपी बॉन्ड जो आईईपीएफ में अंतरित किए जाने हैं व ऐसे अंतरण के लिए नियत तारीखों का विवरण:

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	अप्रदत्त ब्याज (₹)	बॉन्डों की संख्या	आईईपीएफ़ में अंतरण के लिए नियत तारीख
1	2021-22	3,76,097.00	4	27.12.2028
2	2022-23	43,76,000.00	4	26.12.2029

(ड.) आईईपीएफ को कंपनी द्वारा दिये गए दान की राशि, यदि कोई हो - शून्य

(च) वर्ष के दौरान आईईपीएफ को अंतरित ऐसी अन्य राशि, यदि कोई हो

निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखा परीक्षा, अंतरण और वापसी) नियम, 2016 के नियम 6(12) के अनुपालन में, बैंक ने आईईपीएफ प्राधिकरण के पास रखे शेयरों पर टीडीएस छोड़कर ₹ 1,74,62,315.20/- का लाभांश जमा किया है और बाद में कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के पास फॉर्म आईईपीएफ-1 (पूर्ववर्ती फॉर्म आईईपीएफ-7) दाखिल कर दिया.

विनियम 27 की विवेकपूर्ण अपेक्षाओं के अनुपालन की स्थिति

बैंक पर लागू, एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग 'ई' में दी गई विवेकपूर्ण अपेक्षाओं के संबंध में स्थिति निम्नानुसार है:

क्रम सं.	विवेकपूर्ण अपेक्षाएं	स्थिति
1.	गैर-कार्यपालक अध्यक्ष कंपनी के खर्चे पर अध्यक्ष का कार्यालय रखने के लिए पात्र है और उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में किए गए व्ययों की प्रतिपूर्ति की भी अनुमति है.	बैंक के संस्था अंतर्नियमों के अनुच्छेद 116(1) (i) के अनुसार श्री टी. एन. मनोहरन, स्वतंत्र निदेशक को बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था. हालांकि, उनके आकस्मिक निधन के कारण वे 30 जुलाई 2025 से स्वतंत्र निदेशक एवं अंशकालिक अध्यक्ष के पद पर नहीं रहे. वर्तमान में बैंक के पास कोई स्थायी अंशकालिक अध्यक्ष नहीं है. अतः प्रत्येक बोर्ड बैठक की अध्यक्षता हेतु बोर्ड द्वारा स्वतंत्र निदेशकों में से किसी एक को नामित किया जा रहा है. श्री टी. एन. मनोहरन को बोर्ड एवं समिति बैठकों में उपस्थिति हेतु बैठक शुल्क का भुगतान किया गया था.
2.	शेयरधारकों के प्रत्येक परिवार को पिछले छः महीनों के दौरान उल्लेखनीय कार्यक्रमों के सार सहित वित्तीय कार्यनिष्पादन की अर्धवार्षिक घोषणा भेजी जाए.	तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों को बोर्ड के अनुमोदन के तुरंत बाद शेयरधारकों और अन्य स्टेकधारकों की जानकारी के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है और स्टॉक एक्सचेंजों को भी भेजा जाता है. महत्वपूर्ण घटनाक्रमों सहित परिणामों के मुख्य अंशों की प्रेस विज्ञप्ति भी स्टॉक एक्सचेंजों को भेजी जाती है और वेबसाइट पर अपलोड की जाती है.
3.	कंपनी असंशोधित लेखा परीक्षा अभिमत वाले वित्तीय विवरणों की व्यवस्था की ओर अग्रसर हो.	बैंक के वित्तीय विवरण असंशोधित लेखा परीक्षा अभिमत के साथ हैं और बैंक असंशोधित लेखा परीक्षा अभिमत की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाता रहता है.
4.	कंपनी अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के पद पर अलग-अलग व्यक्तियों को इस प्रकार से नियुक्त करें कि अध्यक्ष - (क) गैर-कार्यपालक निदेशक हो, और (ख) कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत परिभाषित 'रिलेटिव' शब्द की परिभाषा के अनुसार बैंक के प्रबंध निदेशक या मुख्य कार्यपालक अधिकारी से संबंधित न हों.	बैंक में अंशकालिक अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के लिए अलग-अलग पद हैं. अध्यक्ष एक स्वतंत्र निदेशक थे और बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के संबंधी नहीं थे. श्री टी. एन. मनोहरन के निधन के पश्चात, वर्तमान में बैंक में कोई स्थायी अंशकालिक अध्यक्ष नहीं है. अतः प्रत्येक बोर्ड बैठक की अध्यक्षता हेतु बोर्ड द्वारा स्वतंत्र निदेशकों में से किसी एक को नामित किया जा रहा है. प्रत्येक बैठक के लिए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त स्वतंत्र निदेशक का बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी से कोई संबंध नहीं है.
5.	आंतरिक लेखा परीक्षक सीधे लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करें.	आंतरिक लेखा परीक्षक बैंक के डीएमडी को रिपोर्ट करते हैं एवं रिज़र्व बैंक के निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक तिमाही में एसीबी के साथ व्यक्तिगत बैठक करते हैं.

आचार एवं सदाचार संहिता

बैंक के निदेशक मंडल ने अपने निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार एवं सदाचार संहिता को अपनाया है. एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 की अपेक्षाओं के अनुपालन में बैंक के बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की अभिपुष्टि के बारे में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा नीचे दी गई है :

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा घोषणा

एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के प्रावधानों के अनुसरण में, सभी संबंधितों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आईडीबीआई बैंक लि. के बोर्ड के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के अनुपालन की अभिपुष्टि की है.

राकेश शर्मा
(डीआईएन - 06846594)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
दिनांक: 30 अप्रैल 2026

सीईओ/ सीएफ़ओ का प्रमाणन

एलओडीआर विनियमावली के विनियम 17(8) के अनुसार वित्तीय विवरणों तथा वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक नियंत्रणों के संबंध में एमडी एवं सीईओ और सीएफओ से प्रमाणन प्राप्त किया गया है और उसे बोर्ड को प्रस्तुत किया गया है.

अनुबंध-अ

एओसी -2

(अधिनियम की धारा 134 की उप-धारा (3) के खंड (एच) तथा कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(2) के अनुसरण में)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप-धारा (1) में उल्लिखित संबद्ध पक्षकारों के साथ कंपनी द्वारा तृतीय परंतुक के अंतर्गत किए गए कुछ स्वतंत्र संव्यवहारों सहित की गई संविदाओं/ व्यवस्थाओं के विवरणों के प्रकटन हेतु फॉर्म

i. स्वतंत्र आधार पर न की गई संविदाओं अथवा व्यवस्थाओं अथवा संव्यवहारों का विवरण

क्र. सं.	संबद्ध पक्षकार का नाम और संबंध का स्वरूप	संविदा/ व्यवस्था/ संव्यवहार का स्वरूप	संविदा/ व्यवस्था/ संव्यवहार की अवधि	संविदा अथवा व्यवस्था या संव्यवहार की मूल्य सहित, यदि कोई हो, प्रमुख शर्तें	इस प्रकार की संविदा अथवा व्यवस्था अथवा संव्यवहार करने का औचित्य	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो	धारा 188 के प्रथम परंतुक की अपेक्षा अनुसार महासभा में विशेष संकल्प पारित होने की तारीख
शून्य								

ii. स्वतंत्र आधार पर की गई महत्वपूर्ण संविदाओं अथवा व्यवस्था अथवा संव्यवहारों का विवरण

क्र. सं.	संबद्ध पक्षकार का नाम और संबंध का स्वरुप	संविदा/ व्यवस्था/ संव्यवहार का स्वरूप	संविदा/ व्यवस्था/ संव्यवहार की अवधि	संविदा अथवा व्यवस्था या संव्यवहार की मूल्य सहित, यदि कोई हो, प्रमुख शर्तें	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख (खों), यदि कोई हो:	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो
शून्य						

राकेश शर्मा
(डीआईएन-06846594)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
दिनांक: 30 अप्रैल 2026

अनुबंध-आ

वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट के अंतर्गत सीएसआर प्रकटीकरण

1. बैंक की सीएसआर नीति का संक्षिप्त रूपरेखा:

बैंक की सीएसआर नीति का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों में व्याप्त कमियों की पहचान करना और उनकी बेहतरी के लिए आवश्यकता-आधारित योगदान करते हुए उनके जीवन में ठोस, दृश्य तथा स्थायी बदलाव लाना है. सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में ये पहल कार्य राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप होंगे. बैंक यह प्रत्यक्ष हस्तक्षेप तथा हिताधिकारियों की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हुए प्राप्त करना चाहता है.

बैंक की सीएसआर नीति, अन्य बातों के साथ-साथ, कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है.

2. सीएसआर समिति की संरचना:

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम/ निदेशकता का स्वरूप	वर्ष के दौरान आयोजित सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या	वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की बैठकों में उपस्थिति की संख्या
1.	श्री राकेश शर्मा	एमडी एवं सीईओ - समिति अध्यक्ष	03	03
2.	श्री जयकुमार एस. पिल्लै	उप प्रबंध निदेशक	03	03
3.	श्री सुमित फक्का	उप प्रबंध निदेशक	03	03
4.	श्री समरेश परिदा	स्वतंत्र निदेशक	03	03
5.	श्रीमती पी.वी. भारती	स्वतंत्र निदेशक	03	03

3. वह वेबलिंक प्रदान करें जहां कंपनी की वेबसाइट पर सीएसआर समिति की संरचना, सीएसआर नीति और बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाओं का प्रकटन किया गया है.

सीएसआर नीति और परियोजनाओं या कार्यक्रमों का वेब लिंक है- https://www.idbi.bank.in/corporate-social-responsibility.aspx

4. नियम 8 के उप-नियम (3) यदि लागू हो के अनुसरण में किए गए सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव के मूल्यांकन के वेबलिंक के साथ कार्यपालक सार प्रदान करें

वित्तीय वर्ष 2025ॐ26 के दौरान, तीन एकबारगी सीएसआर परियोजनाएँ, अर्थात् जसलोक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, श्री कांची कामकोटी मेडिकल ट्रस्ट (एसकेकेएमटी) तथा टीएमसी नव्या केयर, जिन्हें ₹ 1 करोड़ एवं उससे अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी, अपनी अनिवार्य एक-वर्षीय कार्यान्वयन अवधि पूर्ण कर चुकी हैं. अतः बैंक प्रभाव मूल्यांकन करवाने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया में है, जो आगामी वर्ष में संपन्न किया जाएगा.

5. (क) धारा 135 की उप-धारा (5) के अनुसार कंपनी का औसत निवल लाभ:

बैंक का गत तीन वित्तीय वर्षों अर्थात् वित्तीय वर्ष 2022-23, वित्तीय वर्ष 2023-24 और वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹ 7242.84 करोड़ का औसत निवल लाभ (सीएसआर उद्देश्य के लिए) रहा.

(ख) धारा 135 की उप-धारा (5) के अनुसार कंपनी के औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत-

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 (5) के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक का दो प्रतिशत औसत निवल लाभ रु 144.86 करोड़ था. बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के सीएसआर बजट के रूप में ₹ 145 करोड़ का अनुमोदन दिया था.

(ग) **पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न होने वाला अधिशेष -** शून्य

(घ) **वित्तीय वर्ष में समायोजन के लिए आवश्यक राशि, यदि कोई हो -** शून्य

(ङ) **वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर दायित्व [(ख)+(ग)-(घ)] -** ₹ 145 करोड़.

6. (क) **सीएसआर परियोजनाओं पर खर्च की गई राशि (चालू परियोजनाओं एवं चालू परियोजनाओं के अलावा अन्य, दोनों पर) :** ₹ 154.39* करोड़.

(ख) **प्रशासनिक उप-शीर्ष में खर्च की गई राशि :** शून्य. .

(ग) **प्रभाव आकलन पर खर्च की गई राशि, यदि लागू हो :** लागू नहीं.

(घ) **वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई कुल राशि [(क)+(ख)+(ग)] -** ₹ 154.39* करोड़.

** वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से ₹ 126.96 करोड़ + ₹ 20.65 करोड़ वित्तीय वर्ष 2024ॐ25 के अव्ययित सीएसआर खाते से तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के अव्ययित सीएसआर खाते से ₹ 6.78 करोड़ व्यय किए गए.*

(ङ) **वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई या अव्ययित सीएसआर राशि: वित्तीय वर्ष** 2025-26 के बजट में से सीएसआर खर्च ₹ 126.96 करोड़ और ₹ 18.04 करोड़ की राशि मंजूर की गई है, लेकिन 60 चालू परियोजनाओं से संबंधित इस राशि का संवितरण नहीं किया गया है. तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अव्ययित राशि शून्य है.

वित्तीय वर्ष में खर्च की गई कुल राशि (₹ करोड़ में)	अव्ययित राशि (₹ करोड़ में)				
	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 की उप-धारा (6) के अनुसार अव्ययित सीएसआर खाते में अंतरित कुल राशि.		धारा 135 की उप-धारा(5) के दूसरे परंतुक के अनुसार अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी फंड में अंतरित राशि.		
	राशि (₹ करोड़ में)	अंतरण की तिथि	निधि का नाम	राशि	अंतरण की तारीख
126.96	18.04	22.04.2026	लागू नहीं	शून्य	लागू नहीं

(च) समायोजन के लिए आधिक्य राशि, यदि कोई हो :

क्रम सं.	विवरण	राशि (₹ करोड़ में)
(1)	(2)	(3)
(i)	धारा 135 की उपधारा(5) के अनुसार कंपनी के औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत	145
(ii)	वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई कुल राशि [उपरोक्त (i) में से]	126.96
(iii)	वित्तीय वर्ष में खर्च की गई आधिक्य राशि [(ii)-(i)]	शून्य
(iv)	पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष, यदि कोई हो	शून्य
(v)	उत्तरवर्ती वित्तीय वर्षों में समायोजन के लिए उपलब्ध राशि [(iii)-(iv)]	लागू नहीं

7. पिछले तीन वित्तीय वर्षों की अव्ययित कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व राशि का विवरण:

1	2	3	4	5	6		7	8
क्रम सं.	पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष (र्षों)	धारा 135 की उपधारा 6) के तहत अव्ययित सीएसआर खाते में अंतरित राशि (₹ करोड़ में)	धारा 135 की उपधारा (6) के तहत अव्ययित सीएसआर खाते में शेष राशि (₹ करोड़ में)	वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (₹ करोड़ में)	धारा 135 की उपधारा (5) के दूसरे परंतुक के अनुसार अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी फंड में अंतरित राशि, यदि कोई हों.		उत्तरवर्ती वित्तीय वर्षों में व्यय की जाने वाली शेष राशि. (₹ करोड़ में)	कमी, यदि कोई हो
					राशि (₹ करोड़ में)	अंतरण की तारीख		
1.	2022-23	शून्य	शून्य	1.44	शून्य	लागू नहीं	शून्य	-
2.	2023-24	शून्य	शून्य	39.24	7.61#	26.09.2024	25.62	-
3.	2024-25	25.62	19.55	76.20	शून्य	लागू नहीं	32.87	-

 # वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु बजट ₹ 74.09 करोड़; स्वीकृत ₹ 64.86 करोड़; समायोजन राशि ₹ 1.62 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2021ॐ22: ₹ 0.18 करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2022-23: ₹ 1.44 करोड़); व्यय राशि ₹ 39.24 करोड़; अव्ययित खाते में अंतरित राशि ₹ 25.62 करोड़.

** वित्तीय वर्ष 2021ॐ22 एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में सीएसआर के लिए कोई बजट आवंटन नहीं किया गया था तथा सीएसआर गतिविधियों हेतु व्यय की गई राशि ₹ 0.18 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2021ॐ22) एवं ₹ 1.44 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2022-23) को आगामी वर्ष के बजट अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 में समायोजित किया गया, जिससे उस वर्ष ₹ 25.62 करोड़ की राशि अव्ययित रही.*

8. क्या वित्तीय वर्ष में खर्च की गई कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व राशि के माध्यम से कोई पूंजीगत आस्तियां सृजित याअधिगृहीत की गई हैं: नहीं

यदि हां, सृजित/अधिगृहीत की गई पूंजीगत आस्तियों की संख्या दर्ज करें : लागू नहीं

वित्तीय वर्ष में खर्च की गई कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व राशि के माध्यम से सृजित याअधिगृहीत की गई ऐसी आस्ति(यों) का विवरण प्रस्तुत करें: :

क्रम सं.	संपत्ति या आस्ति (यों) का संक्षिप्त विवरण (संपत्ति का पूरा पता और स्थान सहित)	संपत्ति या आस्ति(यों) का पिन कोड	सृजन तिथि	खर्च की गई सीएसआर राशि	पंजीकृत स्वामी की संस्था/ प्राधिकारी/ लाभार्थी का विवरण		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)		
					सीएसआर पंजीकरण संख्या, यदि लागू हो	नाम	पंजीकृत पता
	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

(सभी फील्ड राजस्व रिकॉर्ड में दिये गए अनुसार ही दर्ज किए जाए, फ्लैट संख्या, आवास संख्या, नगरपालिका कार्यालय/ नगर निगम/ ग्राम पंचायत विनिर्दिष्ट किया जाए तथा साथ ही अचल संपत्ति का क्षेत्रफल और उसकी सीमाओं का विवरण दें)

9. यदि कंपनी, धारा 135 की उपधारा (5) के अनुसार औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है तो कारण निर्दिष्ट करें. - वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीएसआर पर ₹ 126.96 करोड़ खर्च किया गया है और 60 चालू परियोजनाओं के लिए ₹ 18.04 करोड़ की अवितरित राशि को 'वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अव्ययित सीएसआर खाते' में अंतरित कर दिया गया है. अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अव्ययित राशि शून्य है.

राकेश शर्मा
(डीआईएन - 06846594)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
सीएसआर समिति के अध्यक्ष
दिनांक: मई 2026

फॉर्म सं. एमआर - 3

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम सं. 9 के अनुसरण में]

प्रति,
सदस्यगण,
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड,
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स,
कफ परेड, मुंबई - 400 005.

हमने आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (इसमें इसके पश्चात् 'बैंक' कहा गया है) द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और अच्छी कॉरपोरेट प्रथाओं के अनुपालन की सचिवीय लेखापरीक्षा की है. सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार की गई है जिससे हमें कॉरपोरेट संचालनों/सांविधिक अनुपालनों के मूल्यांकन और उन पर अपना अभिमत व्यक्त करने के लिए उचित आधार प्राप्त हुआ है.

बैंक की बहियों, कागज़ातों, कार्यवृत्त बहियों, दाखिल किए गए फॉर्मों एवं विवरणियों और बैंक द्वारा रखे गए अन्य अभिलेखों का हमारे द्वारा सत्यापन करने, सचिवीय लेखापरीक्षा करने के दौरान बैंक, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी की सीमा तक, प्रबंधन द्वारा हमें दी गई व्याख्या और स्पष्टीकरणों तथा प्रस्तुत निरूपणों के आधार पर और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा मंजूर रियायतों पर विचार कर हम एतद्द्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में बैंक ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखा-परीक्षा की अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का सामान्यतः अनुपालन किया है और यह कि बैंक ने इसमें इसके पश्चात् की गई रिपोर्टिंग की सीमा तक, वर्णित रीति से और उसके अध्यधीन उपयुक्त बोर्ड प्रक्रियाएँ और अनुपालन प्रणाली लागू की हैं.

हमने निम्नलिखित के प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक द्वारा हमें उपलब्ध कराई गई और अनुरक्षित बहियों, कागज़ातों, कार्यवृत्त बहियों, दाखिल किए गए फॉर्मों एवं विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की जांच की है :

1. कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') तथा इसके अधीन बनाए गए नियम;
2. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') तथा इसके अधीन बनाए गए नियम;
3. निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और इसके अधीन तैयार की गई विनियमावली तथा उप-विधियों;
4. विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश तथा बाह्य वाणिज्यिक उधार की सीमा तक इसके अधीन बनाए गए नियम तथा विनियमन.
5. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अधीन विनिर्दिष्ट निम्नलिखित विनियम तथा दिशानिर्देश, लागू होने तक और समय समय पर यथा संशोधितः
   - क. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और टेकओवर) विनियमावली, 2011;
   - ख. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (भेदिया व्यापार का प्रतिषेध) विनियमावली, 2015;
   - ग. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2018; **(लेखा परीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**;
   - घ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और उद्यम इक्विटी) विनियमावली, 2021; **(लेखा परीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**;
   - ङ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीबद्धता) विनियमावली, 2021;

च. कंपनी अधिनियम तथा ग्राहक के साथ संव्यवहार के बारे में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट) विनियमावली, 1993 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट) विनियमावली, 2025; **(लेखा परीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**;

UDIN: F010619H000239012
PR No.: 7327/2025

Place: Mumbai
Date: April 30, 2026

कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कथन

प्रिय हितधारको,

आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन की ओर से, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आईडीबीआई बैंक की कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर) प्रस्तुत करते हुए मुझे खुशी हो रही है. यह रिपोर्ट उत्तरदायी कारोबारी आचरण के संबंध में राष्ट्रीय दिशानिर्देश (एनजीआरबीसी) के नौ सिद्धांतों से निर्देशित उत्तरदायी बैंकिंग को सुनिश्चित करके अपने सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करने के प्रति आपके बैंक की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित एवं दर्शाती है. वर्ष के दौरान बैंक ने संधारणीयता-संबद्ध अभिशासन और बेहतर प्रकटन पर अपना ध्यान केंन्द्रित रखा. पर्यावरणीय एवं सामाजिक कारकों को अपने परिचालनों के लिए महत्वपूर्ण मानते हुए, बैंक ने अपनी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में संधारणीयता संबंधी विचारों को उत्तरोत्तर एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया.

बैंक ने ग्राहक सुरक्षा, सेवा गुणवत्ता, वित्तीय साक्षरता के साथ-साथ कर्मचारियों की क्षमता के विकास के माध्यम से ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण पर ध्यान देना जारी रखा, ताकि हितधारकों का विश्वास बनाये रखा जा सके और परिचालनगत क्षमता को बढ़ाया जा सके तथा दीर्घकालिक मूल्य सृजन को बढ़ावा दिया जा सके. यह मानते हुए कि उत्तरदायी बैंकिंग पहुँच और समावेशन में ठोस परिणामों से प्रामाणित होती है, बैंक ने वंचित और बैंकिंग सुविधाओं से वंचित वर्गों को किफायती, सुलभ और प्रौद्योगिकी आधारित वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से कई पहलकार्य किये जैसे आईडीबीआई समीप बैंकिंग आउटलेट की शुरुआत, माइक्रो-एटीएम सेवाओं का उपयोग, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस), आदि.

बैंक के संधारणीयता दृष्टिकोण में अभिशासन केंद्रीय भूमिका निभाता है और ईएसजी से संबंधित विषयों की समर्पित बोर्ड स्तरीय एवं वरिष्ठ प्रबंधन स्तर की समितियों द्वारा निगरानी तथा आवधिक आधार पर समीक्षा की जाती है. वर्ष के दौरान, बोर्ड के सदस्यों और मुख्य प्रबंधकीय कर्मिकों को उभरते ईएसजी विकास एवं विनियामकीय अपेक्षाओं के बारे में विशेष सत्रों के माध्यम से जागरूक किया गया, जिससे बेहतर जानकारी के साथ अभिशासन और निर्णय लेने में सहायता मिली. बैंक ने रिपोर्ट में ईएसजी से संबंधित प्रकटीकरणों की गहराई, एकरूपता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार करने के लिए अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं एवं नियंत्रणों को और अधिक सुदृढ़ करना जारी रखा.

वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण विकास व्यापक हितधारक सहभागिता एवं तथ्यात्मक आकलन (एसईएमए) का पूरा होना रहा. इस आकलन ने बैंक को अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं समाज पर उनके वास्तविक तथा संभावित प्रभावों के आधार पर ईएसजी विषयों की पहचान करने और प्राथमिकता निर्धारित करने में सक्षम बनाया, साथ ही बैंक के दीर्घकालिक प्रदर्शन के संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता पर भी ध्यान दिया गया. संरचित मात्रात्मक सर्वेक्षण के माध्यम से आंतरिक तथा बाहरी हितधारकों से महत्वपूर्ण विषयों पर अंतर्दृष्टियाँ प्राप्त की गईं. इन अंतर्दृष्टियों ने संधारणीयता से जुड़े जोखिमों और अवसरों के प्रति बैंक की समझ को और गहरा करने में सहायता की है. बैंक अपनी कारोबारी रणनीति, जोखिम प्रबंधन ढांचा और अभिशासन प्रक्रियाओं में ईएसजी से जुड़े विचारों के अधिक लक्षित समावेशन को सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा.

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से, बैंक ने संसाधनों के उपयोग को बेहतर बनाने और अपने परिचालन प्रभाव के प्रबंधन के लिए प्रणालियों को और सुदृढ़ करना जारी रखा. इसी के साथ, यह भी माना जा रहा है कि बैंकों के लिए जलवायु संबंधी प्रभाव मुख्य रूप से वित्तपोषण गतिविधियों के माध्यम से उत्पन्न होते हैं. इस संदर्भ में, बैंक ने अपने ऋण पोर्टफोलियो में जलवायु संबंधी जोखिमों एवं अवसरों के प्रति गहरी समझ विकसित करने के लिए कदम उठाए हैं. इन प्रयासों को डेटा की उपलब्धता, आंतरिक क्षमता निर्माण और अभिशासन निगरानी में क्रमिक सुधारों का समर्थन प्राप्त है, और ये आने वाले समय में अधिक संरचित जलवायु जोखिम प्रबंधन प्रथाओं के लिए आधार बनेंगे.

विनियामकीय आवश्यकताओं का अनुपालन करते हुए, बैंक की वित्तीय वर्ष 2025-26 की बीआरएसआर रिपोर्ट में ईएसजी क्षेत्र में अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के प्रयासों का दस्तावेजीकरण किया गया है और अपने परिचालनों को यह सुनिश्चित करने के लिए अनुरूप बनाया है कि संधारणीयता इसकी रणनीनीतिक कार्ययोजना में सर्वोपरि बनी रहे. इसके अलावा, बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों, अर्थात् चोक्शी एंड चोक्शी एलएलपी और सूरी एंड कंपनी, द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बीआरएसआर कोर प्रकटीकरणों पर स्वतंत्र रूप से उचित आश्वासन दिया है, जो बैंक के विनियामकीय मानकों के अनुपालन तथा पारदर्शिता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. ईएसजी रिपोर्टिंग में पारदर्शिता एवं एकरूपता के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए, बैंक प्रतिवर्ष एक ईएसजी डेटाबुक प्रकाशित करता है. यह डेटाबुक ईएसजी संकेतकों की विस्तृत श्रृंखला में सूक्ष्म और व्यापक डेटा प्रदान करती है, जिससे हितधारकों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के साथ-साथ गहन जानकारियां प्राप्त करने में सुविधा होती है. वास्तव में यह गर्व की बात है कि बैंक के सतत प्रयास एस एंड पी ग्लोबल के कॉरपोरेट संधारणीयता मूल्यांकन में इसके ईएसजी स्कोर में सुधार को दर्शाते हैं जो सीएसए 2024 में 42 से बढ़कर 55 हो गया है, यह ईएसजी के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. बैंक ने अपने ईएसजी प्रदर्शन में सुधार दर्ज किया, जिसमें पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन मानकों के अंतर्गत अंक 2025 सीएसए में क्रमशः 17, 62 और 63 तक बढ़ गए, जबकि सीएसए 2024 में ये 10, 51 और 47 थे.

जैसे-जैसे बैंक सतत कारोबारी वृद्धि की दिशा में कोशिश कर रहा है, यह सुनिश्चित करता रहेगा कि इसकी दीर्घकालिक रणनीतिक दिशा संधारणीयता संबंधी विचारों पर आधारित रहे. बैंक अपनी ईएसजी पद्धतियों को इस ढंग से सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है कि वे विवेकपूर्ण, पारदर्शी एवं एक वित्तीय संस्था के रूप में इसकी जिम्मेदारियों के अनुरूप हों, साथ ही सतत आर्थिक वृद्धि को सहयोग प्रदान करें.

भविष्य में, बैंक का इरादा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और विनियामकीय मार्गदर्शन के अनुरूप डीकार्बोनाइजेशन के लिए स्पष्ट और व्यवस्थित दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में कार्य करना है. इसमें उधार और निवेश गतिविधियों से जुड़े उत्सर्जन का आकलन करने हेतु आंतरिक क्षमताओं को सुदृढ़ करना, ऋण मूल्यांकन और पोर्टफोलियो समीक्षा प्रक्रियाओं में जलवायु संबंधी पहलुओं को शामिल करना, तथा संक्रमण-संबद्ध चुनौतियों का सामना कर रहे क्षेत्रों के उधारकर्ताओं के साथ जुड़ना शामिल है. बैंक यह मानता है कि इन पहलों के लिए मजबूत डाटा, क्षेत्र-विशिष्ट की समझ और सावधानीपूर्वक क्रमबद्धता की आवश्यकता होती है और इसलिए चरणबद्ध और सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ने का प्रस्ताव है.

मैं विनियामकीय एवं सांविधिक प्राधिकरणों, शेयरधारकों, ग्राहकों तथा अन्य सभी हितधारकों की उनके निरंतर विश्वास एवं सहयोग के लिए तहेदिल से सराहना करता हूँ. मैं निदेशक मंडल के मार्गदर्शन और आपके बैंक के कर्मचारियों की वर्ष भर की प्रतिबद्धता तथा योगदान के लिए भी अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ.

शुभकामनाओं सहित,

राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

भाग क : सामान्य प्रकटन

I. सूचीबद्ध संस्था का ब्योरा

क्रम संख्या.	विवरण	ब्योरा
1.	संस्था की कॉरपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	L65190MH2004GOI148838
2.	सूचीबद्ध संस्था का नाम	आईडीबीआई बैंक लि.
3.	निगमन का वर्ष	27 सितंबर 2004
4.	पंजीकृत कार्यालय का पता	आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005
5.	कॉरपोरेट पता	आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005
6.	ई मेल:	idbiequity@idbi.co.in
7.	टेलीफोन	+91-22-66553355
8.	वेबसाइट	www.idbi.bank.in
9.	वित्तीय वर्ष जिसके लिए रिपोर्ट की जा रही है	वित्तीय वर्ष 2025-26
10.	स्टॉक एक्सचेंज(जों) का नाम जहां शेयरों को सूचीबद्ध किया गया है	बीएसई लि. और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि.
11.	चुकता पूंजी (भारतीय रूपया)	₹ 1,07,52,40,21,750
12.	बीआरएसआर रिपोर्ट से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम एवं संपर्क विवरण (टेलीफोन, ईमेल पता)	श्री मनीष पाल, महाप्रबंधक टेलिफोन सं. -+91-22-66553355 ईमेल - brsr@idbi.co.in
13.	रिपोर्टिंग सीमा - क्या इस रिपोर्ट के अंतर्गत किए गए प्रकटीकरण एकल आधार (अर्थात केवल संस्था के लिए) पर किए गए हैं या समेकित आधार (अर्थात् संस्था तथा इसके समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल सभी संस्थाओं को शामिल करते हुए) पर किए गए हैं.	एकल आधार पर
14.	आश्वासन प्रदाता का नाम	चोक्शी एंड चोक्शी एलएलपी और सूरी एंड कं. (बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षक)
15.	प्राप्त आश्वासन का प्रकार	बीआरएसआर कोर प्रकटन के लिए उचित आश्वासन

II. उत्पाद और सेवाएं :

16. कारोबारी गतिविधियों का ब्योरा (टर्नओवर के 90% को शामिल करते हुए)

क्रम संख्या	प्रमुख गतिविधि का वर्णन	कारोबारी गतिविधि का विवरण	संस्था के टर्नओवर का प्रतिशत
1.	वित्तीय एवं बीमा गतिविधियां	बीमा एवं पेंशन निधीयन को छोड़कर वित्तीय सेवा गतिविधियाँ	100%

17. संस्था द्वारा बेचे गए उत्पाद/सेवाएं (संस्था के टर्नओवर के 90% को शामिल करते हुए):

क्रम संख्या	उत्पाद/सेवा	एनआईसी कोड	कुल टर्नओवर में योगदान का प्रतिशत
1.	वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लोकल एरिया बैंकों की गतिविधियां	641901	100%

III. परिचालन:

18. 31 मार्च 2026 को उन स्थानों की संख्या, जहां पर संस्था के संयंत्र और /या परिचालन / कार्यालय मौजूद हैं:

स्थान	संयंत्रों की संख्या	कार्यालयों की संख्या	कुल
राष्ट्रीय	लागू नहीं	बैंकिंग आउटलेट - 2,243[@] कार्यालय - 283[#]	2,526[@]
अंतर्राष्ट्रीय	लागू नहीं	शाखा - 1[$]	1

**@ - 2,174 शाखाएँ तथा 69 आईडीबीआई समीप बैंकिंग आउटलेट और एक गिफ्ट सिटी में इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफ़एससी) बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) शामिल हैं.*

 # - इसमें अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालय, विशिष्ट परिचालन इकाइयाँ, प्रसंस्करण केंद्र, प्रशिक्षण केंद्र आदि शामिल हैं, किन्तु रिजर्व बैंक को प्रस्तुत शाखा एवं कार्यालय रिपोर्टिंग के अनुसार प्रधान कार्यालय शामिल नहीं है.

$ - इसमें गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट), गांधीनगर, गुजरात में स्थित बैंक की इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) शामिल है.

19. संस्था द्वारा सेवित बाज़ार:

क. स्थानों की संख्या:

स्थान	संख्या
राष्ट्रीय (राज्यों की संख्या)	36[@]
अंतर्राष्ट्रीय (देशों की संख्या)	1[$]

@ - 8 केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं.

$ - गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट सिटी), गांधीनगर, गुजरात

ख. संस्था के कुल टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में निर्यात का योगदान कितना है ?

लागू नहीं

ग. ग्राहकों के प्रकारों के संबंध में संक्षिप्त जानकारी

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, जिसका मुख्यालय मुंबई में है, एक पूर्ण-सेवा प्रदाता सार्वभौमिक बैंक है, जिसकी देशभर में 2,244 बैंकिंग आउटलेट और 1,600 से अधिक स्थानों पर 3,011 एटीएम के माध्यम से उपस्थिति है. बैंक व्यापक और विविध ग्राहक आधार को सेवाएँ प्रदान करता है, जिसमें व्यक्ति, संस्थागत इकाइयाँ, कृषि समुदाय, मध्यम, सूक्ष्म एवं लघु कारोबार, बड़े कॉरपोरेट तथा समाज के सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित वर्ग शामिल हैं. बैंक अपने उत्पादों एवं सेवाओं के माध्यम से इन ग्राहक वर्गों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने और उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति में सहयोग करने का प्रयास करता है. बैंक के ऑफर्स में उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला शामिल है, जिसमें बचत एवं चालू खाते, सावधि जमा जैसे दैनिक बैंकिंग समाधान तथा आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण एवं व्यक्तिगत ऋण जैसे विभिन्न खुदरा ऋण शामिल हैं, साथ ही मध्यम, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों तथा मध्यम एवं लघु किसानों के लिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण भी शामिल हैं. कॉरपोरेट बैंकिंग पोर्टफोलियो में निधि-आधारित एवं गैर-निधि आधारित ऋण, लेन-देन बैंकिंग उत्पाद, कोषागार एवं पूंजी बाज़ार सेवाएँ, नकदी प्रबंधन सेवाएँ तथा कर संग्रह सुविधाएँ शामिल हैं, जिससे कॉरपोरेट संस्थाएँ अपने कारोबार का कुशलतापूर्वक संचालन कर सकती हैं. समावेशी विकास की कार्ययोजना के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए, बैंक सार्थक पहलों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर देता है. बैंक वित्तीय सेवाओं तक पहुँच में मौजूद अंतर को कम करने का प्रयास करता है, जिसके लिए वह सेवाओं से वंचित समुदायों तक पहुँच बनाता है और उन्हें औपचारिक वित्तीय प्रणाली में भागीदारी के लिए सक्षम बनाता है. बैंक के उत्पादों और सेवाओं तथा की गई पहलों से संबंधित विवरण वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

IV. कर्मचारी:

20. 31 मार्च 2026 का विवरण:

क. कर्मचारी और कामगार (दिव्यांग कर्मचारियों सहित):

क्रम सं.	विवरण	कुल (क)	पुरुष		महिला	
			संख्या (ख)	प्रतिशत (ख / क)	संख्या (ग)	प्रतिशत (ग / क)
	कर्मचारी					
1.	स्थायी (घ)	18,538	11,959	64.51%	6,579	35.49%
2.	स्थायी कर्मचारी से इतर (ङ)	1,585	861	54.32%	724	45.68%
3.	**कुल कर्मचारी (घ + ङ)**	**20,123**	**12,820**	**63.71%**	**7,303**	**36.29%**
	कामगार					
4.	स्थायी (च)	570	425	74.56%	145	25.44%
5.	स्थायी से इतर (छ)	0	0	-	0	-
6.	**कुल कामगार (च + छ)**	**570**	**425**	**74.56%**	**145**	**25.44%**

ख. दिव्यांग कर्मचारी और कामगार:

क्रम सं.	विवरण	कुल (क)	पुरुष		महिला	
			संख्या (ख)	प्रतिशत (ख / क)	संख्या (ग)	प्रतिशत (ग / क)
	दिव्यांग कर्मचारी					
1.	स्थायी कर्मचारी (घ)	645	477	73.95%	168	26.05%
2.	स्थायी कर्मचारी से इतर (ङ)	229	161	70.31%	68	29.69%
3.	**कुल कर्मचारी (घ+ङ)**	**874**	**638**	**73.00%**	**236**	**27.00%**
	दिव्यांग कामगार					
4.	स्थायी (च)	10	8	80.00%	2	20.00%
5.	स्थायी से इतर (छ)	0	0	-	0	-
6.	**कुल कर्मचारी (च+छ)**	**10**	**8**	**80.00%**	**2**	**20.00%**

21. 31 मार्च 2026 को महिलाओं की सहभागिता / समावेश / प्रतिनिधित्व:

विवरण	कुल (क)	महिलाओं की संख्या और प्रतिशत	
		सं. (ख)	प्रतिशत (ख/क)
निदेशक मंडल	11[@]	1	9.09%
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक	5[#]	2	40.00%

@- बैंक के निदेशक मंडल के तीन सदस्य अर्थात् प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) और दो उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी) मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों में शामिल हैं.

 # - मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों में एमडी एवं सीईओ, दो डीएमडी, मुख्य वित्तीय आधिकारी (सीएफओ) और कंपनी सचिव शामिल हैं.

22. स्थायी कर्मचारियों और कामगारों की टर्नओवर दर[@]:

विवरण	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25			वित्तीय वर्ष 2023-24		
	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल
स्थायी कर्मचारी	4.67%	5.09%	4.82%	5.63%	5.63%	5.63%	6.51	6.63%	6.55%
स्थायी कामगार	0.00%	1.27%	0.31%	0.55%	0.00%	0.42%	1.10%	2.08%	1.33%

@ - टर्नओवर दर की गणना इस अवधि के दौरान हुए स्वैच्छिक निकास की कुल संख्या को, अवधि के प्रारंभ में कर्मचारियों की कुल संख्या तथा अवधि के दौरान कार्यग्रहण किये नए कर्मचारियों की कुल संख्या के योग से भाग देकर की जाती है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) को डेटा रिपोर्टिंग हेतु अपनाई जाने वाली प्रणाली के अनुरूप है.

V. धारक, सहायक और सहयोगी कंपनियां (संयुक्त उद्यमों सहित)

23. 31 मार्च 2026 को धारक / सहायक/ सहयोगी कंपनियां/ संयुक्त उद्यमों के नाम

क्रम सं.	धारक / सहायक / सहयोगी कंपनियां / संयुक्त उद्यमों के नाम (क)	दर्शायें कि क्या कंपनी धारक / सहायक / सहयोगी कंपनी/ संयुक्त उद्यम है	सूचीबद्ध संस्था द्वारा धारित शेयरों का %	कॉलम क में दर्शायी गयी संस्था सूचीबद्ध संस्था की कारोबारी दायित्व की पहलों में भाग लेती है?
1.	आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि.	सहायक	66.67%[@]	नहीं
2.	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि.	सहायक	100.00%	नहीं
3.	आईडीबीआई इंटेक लि	सहायक	100.00%	नहीं
4.	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि.	सहायक	54.70%	नहीं
5.	आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि.	सहायक	100.00%	नहीं
6.	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि.	सहयोगी	25.00%	नहीं
7.	बॉयोटेक कॉन्सोर्शियम इंडिया लि.	सहयोगी	27.93%	नहीं

@ शेष 33.33% धारिता आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि. के पास है.

VI. सीएसआर का ब्योरा

24.

(i) क्या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार सीएसआर लागू है? (हाँ/नहीं)	हाँ
(ii) टर्नओवर [₹ में]	₹ 35,743.53 करोड़
(iii) निवल मालियत [₹ में]	₹ 55,748.93 करोड़

VII. पारदर्शिता और प्रकटन संबंधी अनुपालन:

25. उत्तरदायी कारोबारी आचरण पर राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के अंतर्गत किसी भी सिद्धांत (1 से 9 सिद्धांत) के बारे में शिकायत/ परिवाद:

हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त हुई है	शिकायत निवारण तंत्र मौजूद हैं [हाँ / नहीं] (यदि हाँ तो शिकायत निवारण नीति का वेब लिंक प्रदान करें)	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
		वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शिकायतों की संख्या जो वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित थी	टिप्पणियां	वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शिकायतों की संख्या जो वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित थी	टिप्पणियां
समुदाय	हाँ, बैंक की सीएसआर नीति में शिकायत निवारण तंत्र का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत कार्यान्वयन एजेंसी के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उन्हें प्राप्त किसी भी शिकायत को शीघ्र ही बैंक को सूचित किया जाए और उसका उचित निवारण किया जाए. (https://www.idbi.bank.in/pdf/csr-Policy.pdf)	शून्य	शून्य	लागू नहीं	शून्य	शून्य	लागू नहीं
शेयरधारक	हाँ, बैंक के पास शेयरधारकों एवं अन्य प्रतिभूति धारकों की शिकायतों के समाधान हेतु एक बहु-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र है, जिसके अंतर्गत शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निपटान किया जाता है (https://www.idbi.bank.in/idbi-bank-officials-for-shareholder-grievances.aspx)	2,468	01	मुख्यतः इसमें मूल लाभांश वारंट प्राप्त न होने/ लाभांश प्राप्त न होने/ लाभांश वारंट के पुनः मान्यकरण, प्रतिभूतियाँ प्राप्त न होने/ हस्तांतरण से संबंधित शिकायतें आदि शामिल हैं.	2,153	0	मुख्यतः इसमें मूल लाभांश वारंट प्राप्त न होना/लाभांश प्राप्त न होना/लाभांश वारंट का पुनः मान्यकरण, प्रतिभूतियाँ प्राप्त न होना/हस्तांतरण से संबंधित शिकायतें आदि शामिल हैं
निवेशक [शेयर धारकों से इतर]	-	-	-	'ग्राहक' शीर्ष के अंतर्गत रिपोर्ट किया गया है जिसमें फ़्लेक्सी बॉण्ड संबंधी शिकायतें शामिल हैं	-	-	'ग्राहक' शीर्ष के अंतर्गत रिपोर्ट किया गया है जिसमें फ़्लेक्सी बॉण्ड संबंधी शिकायतें शामिल हैं

हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त हुई है	शिकायत निवारण तंत्र मौजूद हैं [हाँ / नहीं] (यदि हाँ तो शिकायत निवारण नीति का वेब लिंक प्रदान करें)	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
		वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शिकायतों की संख्या जो वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित थी	टिप्पणियां	वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शिकायतों की संख्या जो वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित थी	टिप्पणियां
कर्मचारी एवं कामगार @	हाँ, आंतरिक रूप से, बैंक के कर्मचारी एक ऑनलाइन पोर्टल 'आई-हृदयो' पर शिकायत दर्ज और ट्रैक कर सकते हैं. यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों का निवारण सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरूप स्थापित यौन उत्पीड़न निवारण (पीओएसएच) तंत्र के तहत किया जाता है. (https://www.idbi.bank.in/pdf/Sexual-Harassment-Redressal-Policy.pdf)	44	19	लागू नहीं	48	4	लागू नहीं
ग्राहक	हाँ, बैंक ने एक शिकायत निवारण नीति लागू की है, जिसके अंतर्गत एक सुदृढ़ ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया गया है, जो विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुरूप ग्राहकों की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निपटान सुनिश्चित करने हेतु बनाया गया है. (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Grievance_Redressal_Policy.pdf)	66,538	795	फ्लेक्सीबॉण्ड शिकायतों सहित सभी स्रोतों से प्राप्त शिकायतें.	49,508	154	फ्लेक्सीबॉण्ड शिकायतों सहित सभी स्रोतों से प्राप्त शिकायतें.

हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त हुई है	शिकायत निवारण तंत्र मौजूद हैं [हाँ / नहीं] (यदि हाँ तो शिकायत निवारण नीति का वेब लिंक प्रदान करें)	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
		वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शिकायतों की संख्या जो वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित थी	टिप्पणियां	वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शिकायतों की संख्या जो वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित थी	टिप्पणियां
मूल्य श्रृंखला भागीदार	हाँ, बैंक ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के मापदंडों के अनुपालन में एक सतर्कता तंत्र स्थापित किया है, जिसके अंतर्गत जनता/अन्य स्रोतों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है. (https://www.idbi.bank.in/vigilance-mechanism-notice.aspx) इसके अतिरिक्त, निर्धारित मौद्रिक सीमा से अधिक के प्रस्तावों हेतु बोली प्रक्रिया में भाग लेने वाले बोलीदाता, यदि कोई विवाद/शिकायत हो, तो केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के मापदंडों के अनुपालन में बैंक द्वारा नियुक्त दो स्वतंत्र बाह्य मॉनिटर (आईईएम) के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. (https://www.idbi.bank.in/pdf/New-IEMs-in-IDBI-Bank.pdf)	शून्य	शून्य	लागू नहीं	शून्य	शून्य	लागू नहीं

हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त हुई है	शिकायत निवारण तंत्र मौजूद हैं [हाँ / नहीं] (यदि हाँ तो शिकायत निवारण नीति का वेब लिंक प्रदान करें)	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
		वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शिकायतों की संख्या जो वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित थी	टिप्पणियां	वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शिकायतों की संख्या जो वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित थी	टिप्पणियां
अन्य (केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) तंत्र तथा बैंक के व्हिसल ब्लोअर समाधान (डब्ल्यूबीएस) के अंतर्गत प्राप्त शिकायतें)	हाँ, बैंक ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों के अनुपालन में शिकायतों, जिनमें सतर्कता संबंधी पहलू निहित होते हैं, की जाँच के लिए एक समर्पित सतर्कता विभाग स्थापित किया है. (https://www.idbi.bank.in/vigilance-mechanism.aspx) बैंक ने व्हिसल ब्लोअर नीति के अंतर्गत बताये अनुसार नैतिक विषयों एवं अनुपालन संबंधी मुद्दों हेतु एक आंतरिक रिपोर्टिंग तंत्र के रूप में व्हिसल ब्लोअर समाधान (डब्ल्यूबीएस) भी स्थापित किया है. यह तंत्र बैंक के इंट्रानेट पर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से इसके मौजूदा कर्मचारी एवं निदेशक आंतरिक स्टाफ द्वारा की जाने वाली किसी भी अनुचित प्रथा या कदाचार की सूचना दे सकते हैं.	137	28	शिकायतों की कुल संख्या में सीवीसी शिकायत निवारण तंत्र के तहत प्राप्त 125 शिकायतें तथा डब्ल्यूबीएस के अंतर्गत प्राप्त 12 शिकायतें शामिल हैं, जिनमें से वर्ष के अंत में सीवीसी तंत्र के अंतर्गत 24 शिकायतें और डब्ल्यूबीएस के अंतर्गत 4 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित थीं.	128	26	शिकायतों की संख्या में सीवीसी शिकायत निवारण तंत्र के तहत प्राप्त 117 शिकायतें शामिल हैं, जिनमें से 26 वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित थीं और बैंक के व्हिसल ब्लोअर तंत्र के तहत प्राप्त 11 शिकायतें शामिल हैं, जिनमें से कोई भी वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित नहीं थी.

@- इसमें कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पीओएसएच) के अंतर्गत शिकायतें शामिल हैं.

26. संस्था के महत्वपूर्ण जिम्मेदार कारोबारी आचरण मुद्दों का विहंगावलोकन

कृपया निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार उन महत्वपूर्ण जिम्मेदार कारोबारी आचरण एवं संधारणीयता संबंधी मुद्दों को इंगित करें, जो पर्यावरणीय एवं सामाजिक विषयों से संबंधित हैं तथा आपके व्यवसाय के लिए जोखिम या अवसर प्रस्तुत करते हैं; साथ ही, उनकी पहचान का औचित्य, जोखिम के अनुकूलन अथवा न्यूनीकरण हेतु अपनाई गई रणनीति तथा उनसे संबंधित वित्तीय प्रभावों का विवरण प्रदान करें:

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
1	जलवायु परिवर्तन एवं कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** जलवायु परिवर्तन तथा निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण से भौतिक जोखिम तथा संक्रमण संबंधी जोखिम उत्पन्न होते हैं, विशेषतः चरम मौसम घटनाओं के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता, भारत की नेट-जीरो प्रतिबद्धताओं के समर्थन में विकसित होती विनियामकीय एवं नीतिगत पहलों, तथा उत्सर्जन एवं संधारणीयता से संबंधित पहलों पर विनियामकों तथा अन्य हितधारकों द्वारा बढ़ती जांच के परिप्रेक्ष्य में. • **अवसर:** कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण के प्रयास ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में सहायक होते हैं, परिचालन संधारणीयता को सुदृढ़ करते हैं तथा संधारणीय वित्तपोषण की दिशा में परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं.	• बैंक के अपने परिचालनों में ऊर्जा संरक्षण रणनीति का मुख्य ध्यान ऊर्जा दक्षता में सुधार, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में वृद्धि तथा सतत परिचालन प्रथाओं को अपनाने पर केंद्रित है. प्रमुख पहलों में विद्युत एवं कूलिंग प्रणालियों का उन्नयन, तकनीकी एवं आर्थिक व्यवहार्यता के आधार पर रूफटॉप सौर संयंत्रों का विस्तार, पावर फैक्टर एवं तापमान सेटिंग्स का अनुकूलन, तथा उपलब्ध ग्रीन बिल्डिंग प्रोत्साहनों का उपयोग शामिल है. इन उपायों को नियमित ऊर्जा लेखापरीक्षण, सुदृढ़ निवारक देखभाल तथा कार्यबल के लिए जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों के माध्यम से सुदृढ़ किया जाता है. • बैंक जलवायु संबंधी जोखिमों के प्रति अपने ऋण पोर्टफोलियो की दृढ़ता को रणनीतिक रूप से मजबूत करना चाहता है, साथ ही ऋण प्रदान करने की गतिविधियों को निम्नकार्बन अर्थव्यवस्था की उभरती परिवर्तन प्रक्रिया के अनुरूप बनाना है. इसके लिए बैंक ऋण मूल्यांकन, पोर्टफोलियो विश्लेषण तथा जोखिम प्रबंधन ढांचे में जलवायु संबंधी पहलुओं को समाहित करता है. यह जोखिम केंद्रित दृष्टिकोण पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाली गतिविधियों को ऋण प्रदान करने पर नीति आधारित प्रतिबंधों तथा पर्यावरणीय रूप से सतत परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु पूंजी के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए हरित जमा (ग्रीन डिपॉजिट) ढाँचे द्वारा समर्थित है.	• **नकारात्मक:** जलवायु से संबंधित जोखिम बैंक के वित्तीय प्रदर्शन को प्रभावित कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप आस्ति गुणवत्ता पर दबाव उत्पन्न हो सकता है, ऋण लागत एवं संक्रमण-संबंधी व्यय में वृद्धि हो सकती है तथा पूंजी और चलनिधि पर संभावित दबाव पड़ सकता है. • **सकारात्मक:** जलवायु के अनुरूप रणनीतियाँ परिचालन लागतों के युक्तिकरण, पोर्टफोलियो की सुदृढ़ता में वृद्धि, नए राजस्व स्रोतों के सृजन, पूंजी की लागत में कमी, विकसित होते विनियामकीय रूपरेखाओं के साथ संरेखण तथा हितधारकों के विश्वास में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं, जिससे दीर्घकालीन व्यवसायिक वृद्धि और लाभप्रदता को समर्थन मिलता है.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
2.	कॉरपोरेट अभिशासन एवं नैतिकता	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** अप्रभावी अभिशासन तथा अनैतिक आचरण जोखिम प्रबंधन, आंतरिक नियंत्रण तथा अनुपालन रूपरेखाओं की प्रभावशीलता को प्रभावित करते हैं. ऐसी कमियां वित्तीय हानियों, विनियामकीय उल्लंघनों तथा पर्यवेक्षी दंडात्मक कार्रवाइयों को जन्म देती हैं, जिससे दीर्घकालिक स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. • **अवसर:** सुदृढ़ अभिशासन एवं नैतिक आचरण विश्वास को सुदृढ़ करते हुए, जोखिम प्रबंधन में सुधार लाते हैं तथा हितधारकों के विश्वास को बढ़ाते हैं. इस प्रकार एक रणनीतिक लाभ प्रदान करते हैं और दीर्घकालिक स्थिरता को सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं.	• बैंक एक सुव्यवस्थित अभिशासन रूपरेखा के अनुरूप कॉरपोरेट अभिशासन तथा नैतिक आचरण के उच्च मानकों का पालन करता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही एवं अनुपालन सुनिश्चित करना है. बैंक विविध अनुभव वाले निदेशक मंडल एवं उसकी विभिन्न समितियों के पर्यवेक्षण में संचालित होता है, जिससे विवेकपूर्ण निर्णय लेने, प्रभावी जोखिम प्रबंधन तथा विनियामकीय अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है. स्पष्ट आचार संहिता, नैतिक नीतियाँ एवं आंतरिक नियंत्रण प्रणाली कर्मचारियों को दैनंदिन कार्यों में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व बनाए रखने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करती हैं. • बैंक ने संगठन के समस्त स्तरों पर नैतिक आचरण तथा विनियामकीय अनुपालन की संस्कृति को प्रोत्साहित एवं सुदृढ़ करने हेतु मुख्य नैतिक अधिकारी तथा अंचल स्तर पर नैतिक अधिकारी के पदों को संस्थागत स्वरूप प्रदान किया है.	• **नकारात्मक:** अभिशासन तंत्र और नैतिक आचरण में विफलताओं के परिणामस्वरूप मूर्त वित्तीय हानियाँ हो सकती हैं, जो विनियामकीय दंड, संभावित वाद-विवाद, और व्यापार की हानि तथा हितधारकों के विश्वास में कमी के कारण आय में गिरावट के रूप में उत्पन्न होती है. • **सकारात्मक:** प्रभावी अभिशासन तथा नैतिक आचरण, वित्तीय हानि के जोखिमों को कम करके, अनुपालन लागत को घटाते हुए, दक्षता को सुदृढ़ करने तथा सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन को समर्थ बनाकर वित्तीय लचीलापन को सुदृढ़ करते हैं.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
3	ग्राहक गोपनीयता एवं डेटा सुरक्षा	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** डिजिटल बैंकिंग चैनलों के तीव्र विस्तार तथा परस्पर संबद्ध भुगतान पारितंत्रों के कारण साइबर सुरक्षा एवं ग्राहक डेटा गोपनीयता जोखिमों के प्रति जोखिम-संवेदनशीलता बढ़ जाती है, जो साइबर सुरक्षा प्रणालियों, विक्रेता जोखिम प्रबंधन, अभिगम नियंत्रण तथा/या पुरानी प्रणालियों में अंतराल के कारण उत्पन्न होती हैं. ऐसी कमियाँ संभावित रूप से ग्राहक डेटा तक अनधिकृत पहुंच, उल्लंघन अथवा दुरुपयोग का कारण बन सकती हैं. • **अवसर:** सुरक्षित प्रौद्योगिकी अवसंरचना को अपनाना, सभी उत्पादों एवं प्रक्रियाओं में गोपनीयता-आधारित डिज़ाइन सिद्धांतों का समावेश तथा उद्यम-स्तरीय डेटा अभिशासन रूपरेखा को सुदृढ़ करना डिजिटल युग में बैंकिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विभेदक के रूप में उभरा है. यह न केवल सुदृढ़ डेटा संरक्षण एवं ग्राहक जानकारी के नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करके ग्राहक विश्वास को सुदृढ़ करता है, अपितु ग्राहक के विश्वास और दीर्घकालिक निष्ठा को भी बढ़ावा देता है.	• बैंक ने एक सुदृढ़ साइबर सुरक्षा ढांचा स्थापित किया है, जिसका नेतृत्व मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) के अधीन कार्यरत सूचना सुरक्षा समूह द्वारा किया जाता है तथा जिसे व्यापक सूचना सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा नीतियों, साइबर संकट प्रबंधन योजना एवं नियमित उल्लंघन तैयारी अभ्यासों द्वारा संचालित किया जाता है. बैंक ने अपने आईटी जोखिम प्रबंधन एवं साइबर सुरक्षा ढांचे को और सुदृढ़ किया है, जिसके अंतर्गत नवी मुंबई स्थित अपने डेटा केंद्र (डीसी) तथा चेन्नई स्थित आपदा प्रबंधन स्थल में 24X7 अत्याधुनिक सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) स्थापित किया गया है, जिससे साइबर खतरों की केंद्रीकृत निगरानी एवं समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित होती है. डेटा केंद्र (डीसी), आपदा प्रबंधन (डीआर) तथा नियरडीआर सुविधाएँ आईएसओ/आईईसी 27001:2022 से प्रमाणित हैं, तथा नियरडीआर सुविधाएँ महत्वपूर्ण प्रणालियों के लिए शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करती हैं. बैंक की भुगतान अवसंरचना, जिसे महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना के रूप में नामित किया गया है, एक समर्पित समिति द्वारा पर्यवेक्षित की जाती है. कई उन्नत सुरक्षा समाधानों, सुदृढ़ क्लाउड सुरक्षा नियंत्रणों तथा व्यापक साइबर जोखिम बीमा उपायों के माध्यम से बैंक के समग्र साइबर लचीलेपन को सुदृढ़ किया गया है, जिससे सुरक्षित एवं संरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है.	• **नकारात्मक:** ग्राहक गोपनीयता और डेटा सुरक्षा से संबंधित स्थापित मापदंडों के अननुपालन पर पर्यवेक्षी कार्यवाही, जुर्माना, विधिक दायित्व, ग्राहक असंतोष तथा साख (प्रतिष्ठा) में हानि जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप परिचालन व्यय में वृद्धि तथा व्यवसाय की नुकसान की संभावना रहती है. • **सकारात्मक:** नैतिक डेटा उपयोग तथा सुदृढ़ ग्राहक डेटा संरक्षण से ग्राहक विश्वास का निर्माण होता है, जिससे उनकी सहभागिता एवं राजस्व में वृद्धि होती है. साथ ही, यह डेटा उल्लंघनों, विनियामकीय दंड तथा अक्षमताओं से जुड़े वित्तीय एवं परिचालन जोखिमों को कम करने में भी सहायक होता है.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
				• बैंक ने 15 अप्रैल 2025 से एक समर्पित डेटा संरक्षण कार्यालय स्थापित किया है, जिसका नेतृत्व नामित डेटा संरक्षण अधिकारी (डीपीओ) द्वारा किया जाता है, ताकि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 (डीपीडीपी) के अनुपालन हेतु स्पष्ट उत्तरदायित्व एवं प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जा सके. बैंक ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नीति (डीपीडीपी) तैयार की है, जो डीपीडीपीए के सिद्धांतों तथा लागू विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप है. बैंक ने डीपीडीपीए अनुपालन को सुदृढ़ करने हेतु विक्रेता अनुबंधों तथा प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) में सुदृढ़ डेटा संरक्षण प्रावधान शामिल किए हैं तथा महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए डेटा खोज (डेटा डिस्कवरी) प्रक्रिया पूर्ण की है, जिससे प्रभावी डेटा अभिशासन एवं जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके. इसके अतिरिक्त, बैंक ने अपने कार्यबल के लिए डेटा संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं, प्रमुख इकाइयों में कुशल गोपनीयता अभिकर्ता नामित किए हैं, जिन्हें डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के प्रमाणित डेटा संरक्षण अधिकारी (डीसीडीपीओ) प्रमाणन से लैस किया गया है, तथा पहचानी गई कमियों के समाधान और एक संपूर्ण डेटा गोपनीयता ढाँचे के कार्यान्वयन हेतु एक विशिष्ट परामर्शदाता को भी सूचीबद्ध किया गया है.	

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
4	ग्राहक शिक्षा एवं अनुभव	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** बैंकिंग उत्पादों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों तथा सुरक्षा प्रथाओं के संबंध में ग्राहकों की अपर्याप्त समझ धोखाधड़ी के प्रति बढ़ते जोखिम, सेवा विवादों, मिथ्या-विक्रय से संबंधित आरोपों तथा अनभिप्रेत भुगतान चूक की स्थितियों को जन्म दे सकती हैं. ग्राहक अनुभव में कमियाँ इस जोखिम को और बढ़ा सकती हैं, जिससे शिकायतों की संख्या में वृद्धि, ग्राहकों का विच्छेदन, नकारात्मक धारणा का निर्माण तथा विनियामकीय प्राधिकरणों के समक्ष मामलों के बढ़ते प्रेषण की स्थिति उत्पन्न हो सकती है. • **अवसर:** ग्राहक शिक्षा एवं अनुभव से ग्राहकों के साथ संपूर्ण जीवन-चक्र में लेन-देन केंद्रित अंतःक्रियाओं से मूल्य-आधारित सहभागिता की ओर रूपांतरण में सहायता मिल सकती है, जिससे सशक्त ग्राहक का निर्माण होता है.	• बैंक ने मल्टीचैनल पहुँच पहल, जिनमें डिजिटल मंच, शाखा संवाद तथा लक्षित जागरूकता अभियान शामिल हैं, के माध्यम से ग्राहकों को उत्पादों, सेवाओं, अधिकारों तथा सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं के संबंध में स्पष्ट, समय पर तथा सहज रूप से समझ में आने वाली जानकारी प्रदान कर सशक्त बनाया है. बैंक नियमित रूप से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करता है, संयोजित डिजिटल सामग्री प्रदान करता है तथा ग्राहकों को सूचित निर्णय लेने और दीर्घकालिक वित्तीय आत्मविश्वास विकसित करने में सहायता हेतु व्यक्तिगत सलाह उपलब्ध कराता है. साथ ही, बैंक ने प्रक्रिया सरलीकरण, पारदर्शी संचार, समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित शिकायत निवारण तंत्र तथा विभिन्न संपर्क बिंदुओं पर सुसंगत सेवा मानकों के माध्यम से समग्र रूप से निर्बाध ग्राहक अनुभव सुनिश्चित किया है. निरंतर प्रतिपुष्टि तंत्र तथा कार्मिक प्रशिक्षण पहलों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि ग्राहकों से प्राप्त अंतर्दृष्टियों को बैंक के उत्पादों एवं सेवा मानकों में सार्थक सुधारों में रूपांतरित किया जाए.	• **नकारात्मक:** ग्राहक शिक्षा एवं अनुभव में कमियाँ अधिक धोखाधड़ी हानियों, सुधारात्मक कार्रवाइयों तथा शिकायत निवारण से संबंधित लागतों में वृद्धि, ग्राहकों के आधार में कमी के कारण राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव तथा संभावित विनियामकीय दंडों का कारण बन सकती हैं. • **सकारात्मक:** सक्रिय ग्राहक शिक्षा से डिजिटल सेवाओं को शीघ्र अपनाने में सहायता मिल सकती है, शाखाओं एवं ग्राहक सेवा केंद्रों पर निर्भरता में कमी आती है, सेवा लागत घटती है, तथा ग्राहक के विश्वास एवं निष्ठा के कारण क्रॉससेल एवं अपसेल के अवसर भी बढ़ते हैं.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
5	डिजिटलीकरण	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** बैंकिंग परिचालनों के तीव्र डिजिटलीकरण के परिणामस्वरूप साइबर खतरों, डेटा गोपनीयता उल्लंघनों, प्रणालीगत अवरोध, प्रौद्योगिकी के अप्रचलन तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म, क्लाउड अवसंरचना एवं थर्ड पार्टी फिनटेक भागीदारों पर बढ़ती निर्भरता के कारण उत्पन्न कमजोर नियंत्रणों, एकीकरण संबंधी विफलताओं एवं विनियामकीय अननुपालन से उत्पन्न कमजोरियों सहित विभिन्न जोखिमों में वृद्धि हो सकती है. • **अवसर:** डिजिटलीकरण बैंकों को दोहरा लाभ प्रदान करता है, जिसमें एक ओर ग्राहक अनुभव में सुधार होता है तथा दूसरी ओर परिचालन दक्षता में वृद्धि होती है. स्वचालित एवं डेटा-आधारित प्रक्रियाएँ तेज सेवा प्रदाय एवं सुसंगत ग्राहक अंत:क्रियाओं को सक्षम बनाती हैं, जबकि डिजिटल स्व-सेवा चैनल परिचालन लागत तथा टर्नअराउंड समय को कम करने में सहायक होते हैं.	• बैंक ने ग्राहक डाटा एवं प्रणालियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सशक्त सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अभिशासन, आवधिक कमजोरी आकलन, प्रवेशण परीक्षण तथा सतत नेटवर्क निगरानी के माध्यम से अपनी साइबर सुरक्षा संरचना को सुदृढ़ किया है. अनधिकृत अभिगम तथा साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम हेतु बहु-कारक प्रमाणीकरण, एन्क्रिप्शन प्रोटोकॉल तथा उन्नत धोखाधड़ी निगरानी उपकरणों को लागू किया गया है. बैंक ने परिचालन लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए सशक्त डेटा गोपनीयता नियंत्रण, सूचना सुरक्षा नीतियाँ तथा आपदा पुनर्प्राप्ति और व्यवसाय निरंतरता योजनाएँ भी स्थापित की हैं. आवधिक सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा, नियमित कर्मचारी प्रशिक्षण, ग्राहक जागरूकता पहल तथा विनियामकीय दिशानिर्देशों का अनुपालन, प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल जोखिमों के प्रभावी प्रबंधन में बैंक की तत्परता को और सुदृढ़ करता है.	• **नकारात्मक:** डिजिटलीकरण संबंधी जोखिमों का प्रभावी रूप से प्रबंधन करने में असफलता से परिचालन हानियाँ हो सकती हैं, अनुपालन लागत में वृद्धि हो सकती है, विनियामकीय दण्ड लग सकते हैं तथा लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. • **सकारात्मक:** डिजिटलीकरण परिचालन लागतों में कमी, कार्यबल उत्पादकता में सुधार, ऋण मूल्यांकन को सुदृढ़ करने, धोखाधड़ी की पहचान की प्रक्रियाओं का स्वचालन तथा अनुपालन दक्षता में वृद्धि के माध्यम से सतत वित्तीय मूल्य सृजित कर सकता है.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
6	कर्मचारी विविधता एवं समावेशन	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** कार्यबल में विविधता का अभाव बैंक में रणनीतिक एवं परिचालन संबंधी निर्णय लेने के लिए आवश्यक विभिन्न दृष्टिकोणों, अनुभवों एवं महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टियों के दायरे को सीमित कर सकता है. समान प्रकृति वाली टीमें विविध ग्राहक आधार की आवश्यकताओं को समझने और प्रभावी रूप से उनका समाधान करने में अपेक्षाकृत कम सक्षम हो सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसे उत्पाद, सेवाएं तथा सेवा प्रदाय मॉडल विकसित हो सकते हैं जो पर्याप्त रूप से समावेशी न हों या बाज़ार की मांग के अनुरूप न हों. समावेशी कार्य संस्कृति में कमियाँ, असमान व्यवहार अथवा भेदभाव की धारणाओं के कारण धीरे-धीरे कर्मचारी सहभागिता, विश्वास एवं सहयोग को कमजोर कर सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता एवं मनोबल में कमी आ सकती है. • **अवसर:** संतुलित, विविधतापूर्ण एवं कौशलयुक्त कार्यबल का निर्माण कर्मचारी सहभागिता को सुदृढ़ करता है, कर्मचारियों की स्थिरता में सुधार लाता है तथा आंतरिक क्षमता निर्माण को सुनिश्चित करता है. इससे निर्णय लेने को सशक्तता, कार्यकुशलता में वृद्धि, विवेकपूर्ण परिचालन निगरानी को समर्थन प्राप्त होता है तथा सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार संभव हो पाता है.	• बैंक अपनी सभी मानव संसाधन नीतियों एवं प्रथाओं में समानता तथा निष्पक्षता के सिद्धांतों को समाहित करते हुए एक विविधतापूर्ण एवं समावेशी कार्यबल को प्रोत्साहित करता है. भर्ती, विकास तथा कैरियर उन्नति का मार्गदर्शन योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर किया जाता है, जिससे सभी कर्मचारियों को समान अवसर सुनिश्चित होते हैं. बैंक कर्मचारी सहभागिता पहलों, विभिन्न शिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों तथा विविधता के प्रति नेतृत्व की प्रतिबद्धता के माध्यम से एक समावेशी कार्य वातावरण को प्रोत्साहित करता है.	• **नकारात्मक:** विविधता एवं समावेशन से संबंधित अप्रभावी प्रथाएँ मानव पूंजी से संबंधित व्यय में वृद्धि, आचरण जोखिम लागतों में बढ़ोतरी तथा प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव का कारण बन सकती हैं. दीर्घकाल में, ये कारक आय की स्थिरता को कमजोर कर सकते हैं, आंतरिक नियंत्रणों की लागत को बढ़ा सकते हैं तथा परिचालन दक्षता और लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं. • **सकारात्मक:** कार्यबल में समतामूलक प्रतिनिधित्व कार्यबल उत्पादकता तथा कर्मचारी सहभागिता में वृद्धि, परित्याग संबंधी लागतों में कमी, और नवोन्मेषण तथा सतत दीर्घकालीन मूल्य सृजन को प्रोत्साहित कर वित्तीय परिणामों में सुधार ला सकता है.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
7	वित्तीय समावेशन	जोखिम एवं अवसर	• **जोखिम:** वित्तीय समावेशन पर अपर्याप्त ध्यान भविष्य में विकास के अवसरों की लाभ क्षमता को प्रभावित कर सकता है तथा सुदृढ़, विविधीकृत एवं वाणिज्यिक रूप से लाभप्रद बाजारों तक पहुँच बनाने में बाधा उत्पन्न कर सकता है. उत्पाद डिजाइन, जोखिम प्रबंधन ढांचे तथा ग्राहक शिक्षा पहल कार्यों में वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने वाले पहलू, बाज़ार विस्तार को सीमित कर सकते हैं तथा ग्राहक जीवनकाल मूल्य में कमी ला सकते हैं. इसके अतिरिक्त, खराब ढंग से डिज़ाइन किए गए या अपर्याप्त रूप से अभिशासित समावेशन प्रयास, परिचालन त्रुटियों, साइबर जोखिमों, डेटा गोपनीयता संबंधी चिंताओं तथा ग्राहक शिकायतों में वृद्धि जैसे जोखिम को बढ़ा सकते हैं. • **अवसर:** वित्तीय समावेशन, बिना बैंकिंग सुविधा वाले तथा आंशिक रूप से बैंकिंग सेवाओं से जुड़े वर्गों को सेवाएँ प्रदान करते हुए अप्रयुक्त बाजारों में विस्तार का अवसर प्रदान करता है तथा दीर्घकालिक रूप से सतत मूल्य सृजन में सहायक होता है, साथ ही, समावेशी आर्थिक विकास में सार्थक योगदान भी देता है.	• बैंक ने बैंकिंग एवं ऋण सेवाओं की उपलब्धता में मौजूद अंतराल को कम करते हुए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण अपनाया है. प्रौद्योगिकी, सरलीकृत प्रक्रियाओं तथा सामुदायिक स्तर पर पहुँच के माध्यम से बैंक ने बचत, ऋण तथा डिजिटल भुगतान समाधानों को व्यापक रूप से अपनाए जाने में सक्षम बनाया है. इन पहल कार्यों का उद्देश्य वित्तीय सुदृढ़ता को बढ़ाना तथा विभिन्न क्षेत्रों में समावेशी विकास को समर्थन प्रदान करना है.	• **नकारात्मक:** समावेशन का वित्तीय प्रभाव सामाजिक उद्देश्यों और व्यावसायिक व्यवहार्यता के बीच संतुलन स्थापित करने से उत्पन्न होता है. जहां समावेशी बैंकिंग दीर्घकालिक वृद्धि और विविधीकरण को समर्थन प्रदान करती है, वहीं खराब ढंग से डिज़ाइन की गई अथवा प्रभावी रूप से निगरानी न किये गए पहल कार्यों से आस्ति गुणवत्ता संबंधी चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं, व्यय में वृद्धि तथा अल्पकालिक प्रतिलाभ में कमी आ सकती है. • **सकारात्मक:** वित्तीय समावेशन से संबंधित पहल कार्य वित्तीय प्रदर्शन में सुधार करने में सहायक हो सकते हैं, क्योंकि ये स्थिर एवं कम लागत वाले जमा धन की वृद्धि को प्रोत्साहित करती हैं, ऋण आधार के विविधीकरण में योगदान देती हैं तथा प्रति-बिक्री अवसरों के माध्यम से शुल्क-आधारित आय में वृद्धि करती हैं.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
8	मानव पूंजी प्रबंधन	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** मानव पूंजी प्रबंधन में कमियाँ परिचालन त्रुटियों, नियंत्रण तंत्र में विफलताओं, विनियामकीय उल्लंघनों, धोखाधड़ी जोखिम में वृद्धि, कमजोर जोखिम अभिशासन, उत्पादकता में कमी तथा प्रतिष्ठागत क्षति का कारण बन सकती हैं. • **अवसर:** कार्यबल क्षमताओं का रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ समुचित संरेखण, उत्पादकता, लगातार कार्यनिष्पादन करने, कौशल अंतराल को पाटने, महत्त्वपूर्ण भूमिकाओं में निरंतरता तथा प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को सुदृढ़ करता है.	• बैंक की मानव संसाधन नीतियाँ एवं प्रक्रियाएँ एक कुशल, संलग्न तथा कार्यनिष्पादन उन्मुख कार्यबल के निर्माण हेतु तैयार की गई हैं. बैंक सतत शिक्षण, नेतृत्व विकास एवं कैरियर प्रगति पर विशेष ध्यान देता है, जिसे निष्पक्ष एवं पारदर्शी मानव संसाधन प्रक्रियाओं द्वारा समर्थित किया जाता है. कर्मचारियों के आचरण, नैतिकता एवं अनुपालन को निरंतर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सुदृढ़ किया जाता है.	• **नकारात्मक:** मानव संसाधन प्रबंधन की कमजोर प्रथाएँ परिचालन तथा कार्यबल से संबंधित लागतों में वृद्धि का कारण बन सकती हैं जो विनियामकीय दंड को आकर्षित कर सकती हैं तथा हानि-जनित घटनाओं को जन्म दे सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप लाभप्रदता एवं दीर्घकालिक मूल्य सृजन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. • **सकारात्मक:** लक्षित कौशल-विकास, भूमिकाओं की स्पष्ट परिभाषा तथा कार्यनिष्पादन का सार्थक विभेदीकरण, कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि, ग्राहकों के उत्कृष्ट परिणामों की प्राप्ति तथा दीर्घावधि में स्थायी लाभप्रदता सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
9	मानवाधिकार	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** कार्यस्थल प्रथाओं, आपूर्ति श्रृंखला तथा हितधारक संबंधों से संबंधित मानवाधिकार जोखिमों के न्यूनीकरण हेतु उपयुक्त तंत्र का अभाव अथवा अपर्याप्तता विधिक, वित्तीय, प्रतिष्ठागत तथा परिचालन संबंधी प्रभाव उत्पन्न कर सकती हैं. • **अवसर:** कार्यस्थल प्रथाओं के अंतर्गत मानवाधिकारों के प्रति सुदृढ़ प्रतिबद्धता बैंक की एक उत्तरदायी तथा मूल्य-आधारित नियोक्ता के रूप में प्रतिष्ठा को बढ़ाती है. सुरक्षित कार्य परिवेश, उचित कार्य अवधि, मानसिक स्वास्थ्य समर्थन तथा कार्य-जीवन संतुलन को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां नैतिक प्रदर्शन के अनुरूप एक कर्मचारी-केंद्रित कार्य संस्कृति सुनिश्चित करने में सहायक होती हैं. ये प्रथाएं प्रतिभा को आकर्षित करने एवं बनाए रखने में योगदान देती हैं, साथ ही कर्मचारी सहभागिता एवं विश्वास को सुदृढ़ करती हैं.	• बैंक ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की कार्यस्थल पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों की घोषणा के अनुरूप एक सुस्पष्ट मानवाधिकार नीति अपनाई है जो मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाती है. यह नीति एक ऐसे सुरक्षित, स्वस्थ एवं उत्पीड़नमुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है, जिसमें विविधता एवं समान अवसर को प्रोत्साहित किया जाता है, बाल श्रम एवं जबरन श्रम पर प्रतिबंध लगाया जाता है, मानवीय गरिमा को बनाए रखा जाता है, न्यायसंगत एवं पारदर्शी पारिश्रमिक तथा संवैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाते हैं, नैतिक आचरण को बढ़ावा दिया जाता है, संरचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाता है तथा कर्मचारियों को भेदभाव, उत्पीड़न एवं प्रतिशोध से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक नीतियाँ एवं प्रक्रियाएँ लागू की जाती हैं.	• **नकारात्मक:** मानवाधिकार उल्लंघन लाभप्रदता और वित्तीय स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं, क्योंकि इनके कारण विधिक एवं विनियामकीय कार्यवाहियों से उत्पन्न प्रत्यक्ष वित्तीय लागतें बढ़ती हैं, साथ ही साख (प्रतिष्ठा) को नुकसान पहुँचने के कारण व्यवसाय की हानि जैसे परोक्ष प्रभाव भी सामने आते हैं. • **सकारात्मक:** न्यायपूर्ण एवं समावेशी कार्यस्थल प्रथाओं में निवेश से सकारात्मक वित्तीय लाभ प्राप्त होते हैं, क्योंकि इससे कर्मचारी क्षरण (एट्रिशन) में कमी के कारण लागत में बचत होती है, कुशल एवं प्रेरित कार्यबल के माध्यम से उत्पादकता तथा कार्यकुशलता में वृद्धि होती है तथा विधिक और साख संबंधी जोखिमों के प्रति एक्सपोजर भी कम होता है.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
10	उत्पाद एवं सेवा नवाचार	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** उत्पाद एवं सेवा नवाचार का अभाव अथवा अपर्याप्तता बहुआयामी गंभीर जोखिम उत्पन्न करती है, जो परिचालन अक्षमताओं, बदलती ग्राहक अपेक्षाओं को पूरा करने की सीमित क्षमता, प्रतिस्पर्धी स्थिति में कमी तथा विनियामकीय एवं अनुपालन संबंधी जोखिमों में वृद्धि के रूप में परिलक्षित होती है. • **अवसर:** नवाचारी उत्पाद प्रस्तावों तथा उन्नत सेवा प्रदाय से निरंतर बदलती ग्राहक प्राथमिकताओं को उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप पूरा किया जा सकता है, जिससे ग्राहक अनुभव में सुधार होता है, ग्राहक निष्ठा सुदृढ़ होती है तथा दीर्घकालिक ग्राहक संबंधों का निर्माण होता है.	• बैंक की उत्पाद एवं सेवा नवाचार संबंधी रणनीति, डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के माध्यम से ग्राहक अनुभव तथा परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है, साथ ही विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करती है. उत्पाद एवं सेवा विभेदन के एक प्रमुख सक्षमकर्ता के रूप में प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए, बैंक एनालिटिक्स, ऑटोमेशन तथा क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर आधुनिक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने पर विशेष ध्यान दे रहा है. इसके अतिरिक्त, बैंक अपने मौजूदा उत्पादों एवं सेवाओं की निरंतर समीक्षा एवं अद्यतन करता है तथा बदलती ग्राहक आवश्यकताओं, बाजार प्रवृत्तियों एवं विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप समय-समय पर नए ऑफर प्रस्तुत करता है, जिससे दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता एवं प्रासंगिकता सुनिश्चित हो सके.	• **नकारात्मक:** नवाचार के अभाव से परिचालन लागत में वृद्धि, प्रक्रियाओं में अक्षम्यता, बाज़ार हिस्सेदारी में क्षरण तथा राजस्व स्रोतों के कमजोर होने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. • **सकारात्मक:** उत्पाद एवं सेवा नवोन्मेष से ग्राहक अधिग्रहण एवं प्रतिधारण में सुधार, साथ ही ग्राहक के वॉलेट शेयर में वृद्धि होती है, जिसका बैंक के लाभ में योगदान होता है. साथ ही, यह डिजिटलीकरण/ स्वचालन के माध्यम से दक्षता में वृद्धि करते हुए परिचालन लागत को कम करने में भी सहायक होता है.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
11	विनियामक और कानूनी अनुपालन	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** विकसित हो रही विनियामक आवश्यकताएं, सख्त प्रवर्तन तंत्र और खंडित दिशानिर्देश/मानदंड, परिचालन जटिलता और अनुपालन लागत को बढ़ा सकती हैं और अननुपालन के जोखिम को बढ़ा सकती हैं, निर्णय लेने में बाधा डाल सकती हैं और चल रही पहलों को बाधित कर सकती हैं. • **अवसर:** मजबूत अनुपालन ढाँचे लचीलापन और विश्वसनीयता बढ़ाकर रणनीतिक अवसर पैदा करते हैं, जिससे विनियामक अपेक्षाओं के साथ सक्रिय तालमेल, बेहतर परिचालन अनुशासन और मजबूत हितधारक संबंधों के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त होता है.	• बैंक ने बोर्ड की निगरानी, अच्छी तरह से परिभाषित नीतियों और प्रक्रियाओं और एक समर्पित अनुपालन कार्य के द्वारा समर्थित एक मजबूत विनियामक और कानूनी अनुपालन ढांचा स्थापित किया है. बैंक आंतरिक नियंत्रण, प्रौद्योगिकी-सक्षम निगरानी, समय-समय पर लेखापरीक्षा और समय पर विनियामक रिपोर्टिंग के माध्यम से लागू विनियामक और सांविधिक मानदंडों का पालन सुनिश्चित करता है. इसके अलावा, विनियामकों के साथ निरंतर जुड़ाव और कार्यबल के लिए नियमित प्रशिक्षण एवं जागरूकता पहलों ने बैंक को अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद की है.	• **नकारात्मक:** विनियामक और कानूनी दायित्वों को पूरा करने में विफलता के परिणामस्वरूप दंड/जुर्माना, मुकदमेबाजी लागत और व्यावसायिक प्रतिबंध हो सकते हैं, जो वित्तीय प्रदर्शन को काफी प्रभावित करते हैं. • **सकारात्मक:** मजबूत अनुपालन संस्कृति विनियामक जोखिमों को कम करके वित्तीय लचीलेपन को बढ़ाती है, साथ ही हितधारकों के विश्वास और भरोसे पर आधारित स्थिर और निरंतर विकास को सक्षम बनाती है.
12	प्रतिष्ठा और ब्रांड प्रबंधन	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** अपनी कार्रवाइयों के साथ-साथ बाहरी घटनाओं, सार्वजनिक धारणाओं और संबद्ध जोखिमों से उत्पन्न प्रतिष्ठा संबंधी क्षति के परिणामस्वरूप हितधारक के विश्वास का असमान क्षरण हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप परिचालन और वित्तीय परिणामों पर कई गुना प्रभाव पड़ सकता है. • **अवसर:** एक सकारात्मक प्रतिष्ठा हितधारक के विश्वास को बढ़ाती है जबकि प्रभावी प्रतिष्ठा प्रबंधन प्रतिष्ठा जोखिम के बेहतर शमन को सक्षम बनाता है, प्रतिस्पर्धी लाभ और हितधारक विश्वास को मजबूत करता है.	• बैंक की प्रतिष्ठा और ब्रांड प्रबंधन रणनीति भौतिक, डिजिटल और संचार प्लेटफार्मों पर लगातार और बार-बार संदेश सुनिश्चित करके ब्रांड की पहचान को मजबूत करने पर केंद्रित है. ब्रांड उपस्थिति को सुदृढ़ करने के लिए बैंक सभी वितरण चैनलों में लेन-देन के टचप्वाइंट का लाभ उठाता है और ब्रांड तत्वों और संदेश संरचनाओं में निरंतरता बनाए रखने पर जोर देता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह संज्ञानात्मक जुड़ाव के माध्यम से ब्रांड की पहचान का निर्माण करता है.	• **नकारात्मक:** प्रतिष्ठा को नुकसान उच्च ग्राहक टर्नओवर, बाज़ार हिस्सेदारी में कमी, उच्च विनियामक जांच हो सकती है, जिससे वित्तीय प्रदर्शन में गिरावट आ सकती है. • **सकारात्मक:** मजबूत प्रतिष्ठा और ब्रांड प्रबंधन स्थिर जमा वृद्धि, निधियों की कम लागत, ग्राहक अधिग्रहण और सेवा लागत में कमी और लाभदायक क्रॉस-सेलिंग अवसरों को सक्षम करके ठोस वित्तीय लाभ प्रदान करते हैं.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
13	जोखिम प्रबंधन	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** जोखिमों की अपर्याप्त पहचान, मूल्यांकन या शमन से वित्तीय अस्थिरता, चलनिधि दबाव, विनियामक अननुपालन, परिचालन व्यवधान और प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है. • **अवसर:** मजबूत जोखिम संस्कृति और सक्रिय जोखिम प्रबंधन सक्रिय रूप से लाभदायक अवसरों की पहचान करने, नए बाजारों में विवेकपूर्ण विस्तार करने और स्थिर प्रदर्शन द्वारा समर्थित नवाचार को सक्षम बनाता है, साथ ही विनियामक अनुपालन, हितधारक विश्वास को बढ़ाता है, इस प्रकार एक प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करता है.	• बैंक ने विनियामक मानदंडों के अनुरूप एक व्यापक और एकीकृत जोखिम प्रबंधन रणनीति अपनाई है. बैंक का जोखिम प्रबंधन ढांचा स्पष्ट रूप से परिभाषित बोर्ड-अनुमोदित जोखिम सहनशीलता ढांचे द्वारा निर्देशित है और बोर्ड-स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति सहित एक मजबूत अभिशासन संरचना के माध्यम से इसकी निगरानी की जाती है. ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, चलनिधि जोखिम और परिचालन जोखिम जैसी प्रमुख जोखिमों की पहचान की जाती है, मापा जाता है, निगरानी की जाती है और अच्छी तरह से परिभाषित नीतियों, स्वतंत्र जोखिम कार्यों और मजबूत आंतरिक नियंत्रणों के माध्यम से कम किया जाता है.	• **नकारात्मक:** अपर्याप्त या कमजोर जोखिम प्रबंधन ढांचे के परिणामस्वरूप विनियामक दंड और वित्तीय नुकसान हो सकते हैं, जो परिचालन और वित्तीय स्थिरता को प्रभावित करते हैं. • **सकारात्मक:** प्रभावी जोखिम प्रबंधन नुकसान को न्यूनतम करके, पूंजी दक्षता को मजबूत करके, निरंतर व्यवसाय वृद्धि का समर्थन करके और अनुपालन लागत को कम करके वित्तीय प्रदर्शन को बढ़ाता है.

क्रम सं.	अभिज्ञात महत्वपूर्ण मुद्दा	बतायें जोखिम है या अवसर (जो/अ)	जोखिम / अवसर का पता लगाने के पीछे तर्क	जोखिम के मामले में, जोखिम के अनुकूल बनने अथवा उसे कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम अथवा अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बतायें)
14	सतत वित्त	जोखिम और अवसर	• **जोखिम:** जैसे-जैसे स्थिरता वित्तीय बाजारों को नया आकार देती है, बैंकों को रणनीतिक जोखिम का सामना करना पड़ता है यदि उनके व्यवसाय मॉडल विकसित हो रहे ग्राहकों की जरूरतों, निवेशक प्राथमिकताओं और विनियामक अपेक्षाओं के अनुकूल नहीं होते हैं. घटते उद्योगों के प्रति अत्यधिक एक्सपोजर या सतत वित्त क्षमताओं में कम निवेश भविष्य में विकास के अवसरों को सीमित कर सकता है और बैंक की प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकता है. इसके विपरीत, पर्याप्त जोखिम मूल्यांकन, डेटा गुणवत्ता या विशेषज्ञता के बिना सतत वित्त के प्रति बढ़ते एक्सपोजर के परिणामस्वरूप गलत मूल्य निर्धारण, अक्षम पूंजी आवंटन और जोखिम बढ़ सकता है. • **अवसर:** सतत वित्तपोषण की ओर बदलाव नवीकरणीय ऊर्जा, सतत बुनियादी ढांचे, एमएसएमई परिवर्तन वित्तपोषण और हरित आवास जैसे क्षेत्रों में प्रवेश करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे पोर्टफोलियो का विविधीकरण, दीर्घकालिक जोखिम लचीलापन को मजबूत करना और विनियामक अपेक्षाओं के साथ संरेखण की अनुमति मिलती है.	• बदलती विनियामक अपेक्षाओं और राष्ट्रीय स्थिरता प्राथमिकताओं के अनुरूप, बैंक अपनी वित्तपोषण गतिविधियों में स्थिरता जोखिम विचारों को उत्तरोत्तर शामिल कर रहा है. बैंक ऋण देने के निर्णयों में पर्यावरणीय और सामाजिक विचारों को शामिल करता है, विशेष रूप से पारिस्थितिक प्रभाव या विनियामक एक्सपोजर के प्रति उच्च संवेदनशीलता वाली परियोजनाओं के लिए. बैंक कार्बन-गहन और पर्यावरण के लिए हानिकारक क्षेत्रों को ऋण देने में सावधानी बरतता है, जबकि सतत बुनियादी ढांचे, एमएसएमई और विकास-उन्मुख गतिविधियों के लिए वित्तपोषण को प्रोत्साहित करता है.	• **नकारात्मक:** जलवायु परिवर्तन से वित्तीय निहितार्थ संक्रमण से संबंधित पोर्टफोलियो पुनः मूल्य निर्धारण और संपार्श्विक मूल्यों और उधारकर्ता नकदी प्रवाह को प्रभावित करने वाले भौतिक जोखिमों के माध्यम से उत्पन्न होते हैं जो लंबी अवधि में आस्ति गुणवत्ता और ऋण बुक प्रदर्शन को प्रभावित कर सकते हैं. • **सकारात्मक:** स्थायी वित्तपोषण कम जलवायु और विनियामक जोखिम वाली आस्तियों की ओर पूंजी को पुनर्निर्देशित करके दीर्घकालिक लाभप्रदता को बढ़ाता है, साथ ही ग्रीन बॉण्ड जैसे स्रोतों से स्थिर, दीर्घकालिक और अक्सर कम लागत वाली फंडिंग तक पहुंच के माध्यम से पूंजी दक्षता को बढ़ाता है.

भाग ख : प्रबंधन और प्रक्रिया का प्रकटीकरण

इस खंड का उद्देश्य व्यवसायों को एनजीआरबीसी सिद्धांतों और मूल तत्वों को अपनाने की दिशा में स्थापित संरचनाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने में मदद करना है:

क्र. सं.	प्रकटीकरण संबंधी प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
	नीति और प्रबंधन प्रक्रियाएं									
1.	**क) क्या आपकी संस्था की नीति / नीतियों में एनजीआरबीसी के हर सिद्धांत और इसके मूलभूत तत्वों को शामिल किया गया है? [हाँ / नहीं]**	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
	ख) क्या यह नीति बोर्ड द्वारा अनुमोदित है ? [हाँ / नहीं]	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
	ग) इन नीतियों का वेब लिंक, यदि उपलब्ध हों	बैंक ने सांविधिक और विनियामक आवश्यकताओं के साथ-साथ उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप और संबंधित हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बाद नीतियों एवं तंत्रों का एक व्यापक समूह स्थापित किया है. इन नीतियों में ऐसी प्रक्रियाएं और प्रथाएं भी स्थापित की गई हैं जो जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण पर राष्ट्रीय दिशानिर्देशों (एनजीआरबीसी) के सिद्धांतों के अनुरूप हैं. जहां इनमें से अधिकांश नीतियां और तंत्र बैंक की वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/) पर पारदर्शिता और व्यापक हितधारक पहुंच के लिए सार्वजनिक रूप से प्रकट किए गए हैं, वहीं कुछ नीतियां और प्रक्रियाएं गोपनीयता, सूचना की संवेदनशीलता और/या व्यावसायिक विचारों के कारण आंतरिक दस्तावेजों के रूप में रखी जाती हैं और केवल आंतरिक हितधारकों के लिए सुलभ हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया **नोट** देखें.								
2.	**क्या संस्था ने अपनी नीति को क्रियाविधियों में परिवर्तित किया है ? [हाँ / नहीं]**	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
3.	**क्या सूचीबद्ध नीतियाँ आपकी मूल्य श्रृंखला भागीदारों पर भी लागू होती हैं [हाँ/नहीं]**	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
4.	**आपकी संस्था द्वारा अपनाये गये राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कोड / प्रमाणपत्र / लेबल / मानकों [जैसे फॉरेस्ट स्टूअर्ड्शिप काउंसिल, फेयर ट्रेड, रेनफॉरेस्ट एलायन्स, ट्रस्टी] मानक [जैसे एसए 8000, ओएचएसएएस, आईएसओ, बीआईएस] का नाम और अपने हर सिद्धांत के साथ उन्हें जोड़ लिया है.**	बैंक ने भारत सरकार, विभिन्न सांविधिक और विनियामक प्राधिकरणों, जिनमें कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए), भारतीय रिजर्व बैंक (रिज़र्व बैंक), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) आदि शामिल हैं, द्वारा निर्धारित लागू कानूनों/विनियमों/दिशानिर्देशों को अपनाया और उनका अनुपालन किया है.								
5.	**संस्था द्वारा सुपरिभाषित समय सीमा के साथ स्थापित विशिष्ट प्रतिबद्धताएं, उद्देश्य और लक्ष्य, यदि कोई हों**	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
6.	**संस्था का विशिष्ट प्रतिबद्धताओं, उद्देश्य और लक्ष्यों को लेकर कार्यनिष्पादन तथा यदि इनमें से कोई पूरा नहीं हुआ है तो उसके कारण.**	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

	अभिशासन, नेतृत्व और निगरानी	
7.	**कारोबारी उत्तरदायित्व रिपोर्ट के लिए जिम्मेदार निदेशक द्वारा कथन, जिसमें ईएसजी से संबंधित चुनौतियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों (सूचीबद्ध संस्था के पास इस प्रकटीकरण को रखने के संबंध में लचीलापन है) पर प्रकाश डाला गया हो**	कृपया वार्षिक रिपोर्ट के बीआरएसआर खंड में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) द्वारा दिये गए कथन को देखें.
8.	**कारोबारी उत्तरदायित्व नीति(यों) के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिम्मेदार सर्वोच्च प्राधिकारी का विवरण.**	श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
9.	**क्या संस्था में बोर्ड / निदेशक की ऐसी कोई निर्दिष्ट समिति है जो संधारणीयता से संबंधित मुद्दों के बारे में निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है?[हाँ / नहीं] यदि हाँ, तो विवरण दें.**	हाँ, बैंक का संधारणीयता के प्रति दृष्टिकोण इसकी पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) नीति में संस्थागत है, जो इसके परिचालन में जिम्मेदार और टिकाऊ प्रथाओं के लिए मार्गदर्शक रूपरेखा के रूप में कार्य करती है. बोर्ड-स्तरीय सीएसआर और ईएसजी समिति बैंक की ईएसजी रणनीति को आकार देने और इसकी देखरेख करने में केंद्रीय भूमिका निभाती है, जो इसकी दीर्घकालिक दृष्टि के अनुरूप दिशा और अभिशासन प्रदान करती है. इसके अलावा, समिति की संरचना, विचारार्थ विषय और वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित समिति की बैठकों का विवरण वार्षिक रिपोर्ट के कॉरपोरेट अभिशासन अनुभाग में प्रकट किया गया है. प्रबंधन स्तर पर, दिन-प्रतिदिन के कार्यान्वयन का मार्गदर्शन सीएसआर, ईएसजी और प्रचार पर प्रबंधन समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें वरिष्ठ नेतृत्व टीम के सदस्य शामिल होते हैं. नियमित समीक्षा और मूल्यांकन के माध्यम से, समिति ईएसजी पहलों के कार्यान्वयन और बैंक के स्थिरता लक्ष्यों की दिशा में की गई प्रगति की निगरानी करती है.

10. कंपनी द्वारा एनजीआरबीसी की समीक्षा का ब्योरा

समीक्षा के लिए विषय	**यह दर्शाएं कि क्या निदेशक / बोर्ड की समिति / अन्य किसी समिति द्वारा समीक्षा की गयी थी**									**आवृत्ति (वार्षिक / छ:माही / त्रैमासिक / अन्य कोई - कृपया निर्दिष्ट करें)**								
	पी1	**पी2**	**पी3**	**पी4**	**पी5**	**पी6**	**पी7**	**पी8**	**पी9**	**पी1**	**पी2**	**पी3**	**पी4**	**पी5**	**पी6**	**पी7**	**पी8**	**पी9**
उपर्युक्त नीतियों के संबंध में कार्यनिष्पादन और अनुवर्ती कार्रवाई	मजबूत कॉरपोरेट अभिशासन प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, बैंक प्रत्येक दस्तावेज़ में निर्दिष्ट समीक्षा चक्रों के अनुसार या अनुमोदन अधिकारियों द्वारा निर्देशित अनुसार अपनी नीतियों की समय-समय पर समीक्षा करता है ताकि उनकी निरंतर प्रभावशीलता और प्रासंगिकता सुनिश्चित की जा सके. आवधिक समीक्षाओं के माध्यम से, बैंक अपनी नीतिगत संरचनाओं को और मजबूत करने के अवसरों की पहचान करता है, यह सुनिश्चित करता है कि यह विकसित हो रही विनियामक आवश्यकताओं, उभरती व्यावसायिक प्राथमिकताओं और अपने व्यापक स्थिरता उद्देश्यों के साथ संरेखित है. नीति के प्रदर्शन का मूल्यांकन वार्षिक रूप से किया जाता है और विकसित हो रही विनियामक आवश्यकताओं, व्यावसायिक प्राथमिकताओं और बैंक के व्यापक स्थिरता लक्ष्यों के साथ निरंतर संरेखण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार अद्यतन या संवर्द्धन शामिल किए जाते हैं.																	
सिद्धांतों से संबंधित सांविधिक अपेक्षाओं का अनुपालन और किसी भी अननुपालन में सुधार	बैंक संबंधित सांविधिक और विनियामक प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर अधिसूचित सभी लागू कानूनों/विनियमों का पालन करता है.																	

11. क्या संस्था ने किसी बाहरी एजेंसी से अपनी नीतियों का स्वतंत्र रूप से आकलन / मूल्यांकन करवाया है? (हाँ / नहीं) यदि हाँ, तो एजेंसी का नाम बताएं.	नहीं
12. प्रश्न	**यदि उपर्युक्त प्रश्न (1) का उत्तर ''नहीं'' है, अर्थात् नीति में सभी सिद्धांत शामिल नहीं है, कारणों का उल्लेख किया जाए :**
संस्था सिद्धांतों को अपने कारोबार की दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं मानती है (हाँ/ नहीं)	**लागू नहीं**
संस्था ऐसी स्थिति में नहीं है कि जहां वह निर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियाँ बना सके और उनको कार्यान्वित कर सके (हाँ /नहीं)	
संस्था के पास कार्य के लिए वित्तीय अथवा/ मानवीय एवं तकनीकी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं (हां/नहीं)	
इसे अगले वित्तीय वर्ष में करने की योजना है (हां/नहीं)	
अन्य कोई कारण (कृपया निर्दिष्ट करें)	

नोट: *नौ सिद्धांतों के विभिन्न पहलुओं के तहत अभिशासन और नियंत्रण ढांचा प्रदान करने वाली बैंक की प्रमुख नीतियों और तंत्रों की सूची इस प्रकार है:*

सिद्धांत	नीतियां/तंत्र
सिद्धांत 1 *(सत्यनिष्ठा और जवाबदेही)*	• रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार विरोधी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Anti-Bribery-Anti-Corruption-Policy.pdf) • ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता (https://www.idbi.bank.in/commitment-code.aspx) • गैर-कार्यकारी निदेशकों के लिए क्षतिपूर्ति नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Compensation_Policy.pdf) • ईएसजी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf) • धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है) • सामान्य आचार संहिता और नैतिकता (https://www.idbi.bank.in/idbi-bank-general-code-of-conduct-ethics.aspx) • इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए आईडीबीआई बैंक की आचार संहिता (https://www.idbi.bank.in/pdf/investor/Prevention_of_Insider_Trading.pdf) aspx • आईडीबीआई बैंक की अनुपालन नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है) • एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है.) • अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है.) • अधिकारी सेवा, आचरण, अनुशासन एवं अपील नियम (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है.) • घटना संबंधी सूचना की महत्ता के निर्धारण और प्रकटीकरण की नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Policy-for-Determination-of-Materiality-Disclosure-of-Events.pdf)

सिद्धांत	नीतियां/तंत्र
	• निगरानी तंत्र पर नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Policy-on-Vigil-Mechanism.pdf) • संबद्ध पार्टी लेनदेन (आरपीटी) नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Policy-on-Related-Party-Transactions.pdf) • बैंक की पारिश्रमिक नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Remuneration-Policy-of-the-Bank.PDF) • आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति के तहत दबाव परीक्षण (https://www.idbi.bank.in/pdf/basel/Pillar-III-Disclosures_December-25.pdf) • सतर्कता तंत्र (https://www.idbi.bank.in/vigilance-mechanism.aspx) • व्हिसल ब्लोअर नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Whistle-Blower-Policy.pdf)
सिद्धांत 2 *(सतत और सुरक्षित उत्पाद)*	• नागरिक चार्टर (https://www.idbi.bank.in/pdf/Citizen-Charter.pdf) • डिजिटल डेटा संरक्षण नीति (डीपीडीपी) (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • सूचना सुरक्षा ढांचा (https://www.idbi.bank.in/information-security.aspx) • एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • आईटी नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/basel/Pillar-III-Disclosures-March-26.pdf)
सिद्धांत 3 *(कर्मचारी कल्याण)*	• समान अवसर नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Equal-Opportunity-Policy-Employees.pdf) • ईएसजी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf) • सामान्य आचार संहिता और नैतिकता (https://www.idbi.bank.in/idbi-bank-general-code-of-conduct-ethics.aspx) • आईडीबीआई बैंक - व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंध (ओएसएचए) नीति (आई-ओएसएचए) (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • आई-हृदयो पोर्टल (यह पोर्टल सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं कराया गया है). • शिक्षण एवं कर्मचारी सहभागिता नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • अधिकारी सेवा, आचरण, अनुशासन एवं अपील नियम (यह नियम सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • निगरानी तंत्र पर नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Policy-on-Vigil-Mechanism.pdf) • सुरक्षा नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है).
सिद्धांत 4 *(हितधारक जवाबदेही)*	• कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/CSR-Policy.pdf) • ग्राहक सेवा नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Customer_Care_Policy.pdf) • ईएसजी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf) • आई-हृदयो पोर्टल (यह पोर्टल सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं कराया गया है). • निगरानी तंत्र पर नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Policy-on-Vigil-Mechanism.pdf) • पीओएसएच अधिनियम, 2013 के अंतर्गत यौन उत्पीड़न निवारण समितियां (https://www.idbi.bank.in/pdf/Sexual-Harassment-Redressal-Policy.pdf)

सिद्धांत	नीतियां/तंत्र
सिद्धांत 5 (मानवाधिकार संरक्षण)	• ईएसजी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf) • मानवाधिकार नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/Human-Rights-Policy.pdf) • पीओएसएच अधिनियम, 2013 के अंतर्गत यौन उत्पीड़न निवारण समितियां (https://www.idbi.bank.in/pdf/Sexual-Harassment-Redressal-Policy.pdf)
सिद्धांत 6 *(पर्यावरण संरक्षण)*	• व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/basel/bcm-disclosure.pdf) • ईएसजी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf)
सिद्धांत 7 *(जिम्मेदार हिमायत)*	• ईएसजी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf) • आईडीबीआई बैंक की अनुपालन नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है).
सिद्धांत 8 *(समावेशी विकास)*	• कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/CSR-Policy.pdf) • ईएसजी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf)
सिद्धांत 9 *(जिम्मेदार ग्राहक सहभागिता)*	• नागरिक चार्टर (https://www.idbi.bank.in/pdf/Citizen-Charter.pdf) • ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की संहिता (https://www.idbi.bank.in/commitment-code.aspx) • ग्राहक सेवा नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Customer_Care_Policy.pdf) • ग्राहक क्षतिपूर्ति नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Compensation-Policy-Upload.pdf) • ग्राहक अधिकार नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Customer_Rights_Policy.pdf) • डिजिटल डेटा संरक्षण नीति (डीपीडीपी) (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • ईसीजी नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/ESG-Policy.pdf) • उचित व्यवहार संहिता - सूक्ष्म-वित्त ऋण (https://www.idbi.bank.in/pdf/micro-loan-fpc.pdf) • ऋण देने के लिए उचित व्यवहार संहिता (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/FairPracticecodeforLending.pdf) • धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति (यह नीति सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है). • शिकायत निवारण नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Grievance_Redressal_Policy.pdf) • सूचना सुरक्षा ढांचा (https://www.idbi.bank.in/information-security.aspx) • देय राशि के संग्रहण और प्रतिभूति के पुनर्ग्रहण पर नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/collection_of_dues_policy.pdf) • अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन पर नीति (https://www.idbi.bank.in/pdf/policy/Unauthorised-Electronic-Banking-Transactions-Policy.pdf)

भाग ग : सिद्धांत-वार कार्यनिष्पादन का प्रकटीकरण

इस भाग का उद्देश्य संस्थाओं को प्रमुख प्रक्रियाओं और निर्णयों के साथ सिद्धांतों और मूल तत्वों को एकीकृत करने में उनके प्रदर्शन को प्रदर्शित करने में मदद करना है. मांगी गई जानकारी को "आवश्यक" और "नेतृत्व" के रूप में वर्गीकृत किया गया है. जहां आवश्यक संकेतकों को प्रत्येक संस्था द्वारा प्रकट किए जाने की उम्मीद है जो इस रिपोर्ट को दाखिल करने के लिए अनिवार्य है, वहीं नेतृत्व संकेतकों को स्वेच्छा से उन संस्थाओं द्वारा प्रकट किया जा सकता है जो सामाजिक, पर्यावरण और नैतिक रूप से जिम्मेदार होने की अपनी खोज में उच्च स्तर पर प्रगति करने की आकांक्षा रखती हैं.

सिद्धांत 1: कारोबारों को ईमानदारी के साथ और नैतिक, पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से खुद का संचालन और नियंत्रण करना चाहिए.

आवश्यक संकेतक

1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर प्रशिक्षण और जागरूकता द्वारा कवरेज का प्रतिशत:

खंड	आयोजित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	प्रशिक्षण के अंतर्गत कवर किए गए विषय / सिद्धांत और उनका प्रभाव	जागरूकता कार्यक्रम में शामिल संबंधित श्रेणी के व्यक्तियों का %
निदेशक मंडल@	7	• 24वां फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआईएमएमडीए) - प्राइमरी डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीडीएआई) का बाली में वार्षिक सम्मेलन • डिज़ाइन थिंकिंगः सतत व्यापार प्रभाव परिणाम • निदेशकों के लिए वित्तीय बुद्धिमत्ता • भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) - आईडीबीआई के निदेशकों के लिए कॉरपोरेट अभिशासन पर आईडीबीआई का कार्यक्रम • स्विफ्ट अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग परिचालन सेमिनार (एसआईबीओएस) 2025, फ्रैंकफर्ट • बोर्ड सदस्यों के लिए रणनीतिक अंतर्दृष्टि • बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और वित्तीय संस्थानों (एफआई) के निदेशक मंडल के लिए अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)/धन-शोधन-निवारण (एएमएल) पर वर्चुअल कार्यक्रम	100%
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक	49	• बाली में 24वां एफआईएमएमडीए-पीडीएआई वार्षिक सम्मेलन • आरोहण सह लीड - महाप्रबंधकों के लिए नेतृत्व उत्कृष्टता और विकास कार्यक्रम • बैंकों, एफआई और एनबीएफसी के मुख्य वित्तीय अधिकारियों का सम्मेलन - नई चुनौतियाँ • नेतृत्वकर्ताओं द्वारा की जाने वाली महत्वपूर्ण गलतियाँ • डिज़ाइन थिंकिंगः सतत व्यापार प्रभाव परिणाम • डेलॉइट द्वारा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम पर ऑनलाइन कार्यक्रम • दस्तावेज़ संभालने और प्रतिधारण नीति • आईडीबीआई साइबर सुरक्षा के मूल सिद्धांत • आईडीबीआई के निदेशकों के लिए कॉरपोरेट अभिशासन पर आईआईसीए-आईडीबीआई कार्यक्रम • भारत जलवायु और ऊर्जा डैशबोर्ड (आईसीईडी) • केवाईसी एएमएल - मनी म्यूल्स और ग्राहक सम्यक तत्परता (सीडीडी) दिशानिर्देश	100%

खंड	आयोजित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	प्रशिक्षण के अंतर्गत कवर किए गए विषय / सिद्धांत और उनका प्रभाव	जागरूकता कार्यक्रम में शामिल संबंधित श्रेणी के व्यक्तियों का %
		• आईडीबीआई बैंक के कार्यपालकों के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रम - कार्यकारी निदेशक (ईडी) • बोर्ड रूम में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों पर कार्यक्रम • एसआईबीओएस 2025, फ्रैंकफर्ट • बोर्ड सदस्यों के लिए रणनीतिक अंतर्दृष्टि • बैंकों, एनबीएफसी और एफआई के निदेशक मंडल के लिए केवाईसी/एएमएल पर वर्चुअल कार्यक्रम • आरोहण सह नेतृत्व उत्कृष्टता और विकास (एलईएडी) कार्यक्रम - महाप्रबंधकों (जीएम) के लिए • बैंक के लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम-ओजेएएस में विनियामक और कार्यात्मक भूमिका आधारित ऑनलाइन मॉड्यूल • सचिवीय परिचालनों में एआई को शामिल करने पर वेबिनार • प्रभावी बोर्ड प्रबंधन और संप्रेषण की भूमिका पर वेबिनार • कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत ऋण एवं उधार पर वेबिनार • आईपीएफ कानूनों को समझने के लिए वेबिनार • एमएसएमई पर वेबिनार: पेशेवरों के लिए अवसर • इनसाइडर ट्रेडिंग पर रोक लगाने वाले (पीआईटी) विनियमों और संरचित डेटाबेस के व्यावहारिक पहलुओं पर वेबिनार • सेबी (एलओडीआर) (तीसरा संशोधन) विनियमावली, 2024 पर वेबिनार • भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा आयोजित प्रगतिशील, समावेशी और सतत भारत विषय पर कंपनी सचिवों का 53वां राष्ट्रीय सम्मेलन • सेबी द्वारा आयोजित इनसाइडर ट्रेडिंग पर चर्चा • संबद्ध पक्षकार लेनदेनों, अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) और अन्य चुनौतियों पर पैनल चर्चा • बोर्ड द्वारा निर्णय लेने की प्रक्रिया को आसान बनाने पर पैनल चर्चा	
बीओडी और केएमपी के अलावा अन्य कर्मचारी	2,868	• आरोहण: वीराइज़ आईडीबीआई • अनुपालन, नियंत्रण और नैतिकता • भूमिका आधारित/उन्नत भूमिका आधारित कार्यशाला • पहली बार बने शाखा प्रमुख कार्यक्रम • भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों पर जागरूकता कार्यक्रम • ऑनलाइन कैप्सूल कार्यक्रम • नए भर्ती कार्मिकों के लिए परिचय कार्यक्रम सह भूमिका आधारित कार्यशालाएं • विशेष और अनुकूलित कार्यक्रम • प्रतिभा विकास कार्यक्रम • बाहरी शिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामांकन • स्थान सुविधा कार्यक्रम • मेंटरशिप • ओजस के माध्यम से ई-लर्निंग	99%

खंड	आयोजित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	प्रशिक्षण के अंतर्गत कवर किए गए विषय / सिद्धांत और उनका प्रभाव	जागरूकता कार्यक्रम में शामिल संबंधित श्रेणी के व्यक्तियों का %
कामगार	37	• आरोहण: वीराइज़ आईडीबीआई - कामगार कर्मचारियों के लिए एक व्यवहार विज्ञान और कल्याण कार्यक्रम • लिपिक स्टाफ के लिए भूमिका आधारित कार्यशाला • रिज़र्व बैंक के नोटों के विनिमय/वापसी संबंधी दिशानिर्देशों पर कार्यशाला • निरंतर समाशोधन और निपटान पर कार्यशाला • स्थान सुविधा कार्यक्रम • केवाईसी एएमएल - मनी म्यूल्स और सीडीडी दिशानिर्देश • प्राथमिकता और शेड्यूलिंग • पीओएसएच के कानूनी पहलू • आईडीबीआई साइबर सुरक्षा के मूल सिद्धांत • फ़िशिंग ईमेल का पता लगाने और उनसे निपटने पर जागरूकता प्रशिक्षण • उद्देश्य के साथ जीवन जीना • फ़िशिंग ईमेल का पता लगाने और उनसे निपटने पर जागरूकता प्रशिक्षण • अन्य पक्ष जोखिम प्रबंधन (टीपीआरएम) - जोखिम विभाग द्वारा उपयोगकर्ता प्रशिक्षण	87%

@ - 31 मार्च 2026 को निदेशक मंडल और एमडी एवं सीईओ सहित मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों की कुल संख्या पर विचार किया गया है.

2. निम्नलिखित प्रारूप में वित्तीय वर्ष में विनियामकों/कानून प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों की कार्यवाही में (संस्था द्वारा या निदेशकों/केएमपी द्वारा) भुगतान किया गया जुर्माना/दंड/सजा/फैसले/कंपाउंडिंग फीस/समझौता राशि का विवरण (नोट: संस्था को सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 30 में निर्दिष्ट महत्वपूर्णता के आधार पर और संस्था की वेबसाइट पर प्रकट किए गए अनुसार प्रकटीकरण करना होगा):

मौद्रिक

प्रकार	एनजीआरबीसी सिद्धांत	विनियामक / प्रवर्तन एजेंसी/ न्यायिक संस्था का नाम	राशि (₹ में)	मामले का संक्षिप्त सार	क्या कोई अपील दर्ज की गई है? (हाँ/नहीं)
दंड / जुर्माना	सिद्धांत 1	भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक)	₹ 34,98,285/-	• गुप्त दौरे के दौरान गंदे नोट स्वीकार करने/कमी के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 26 की पहली तिमाही में लगाए गए जुर्माने (3 उदाहरण): ₹ 30,000/- • किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) में 3 लाख रुपये तक की स्वीकृत सीमा वाले किसानों को लागू उधार दर से अधिक ब्याज लेने के लिए वित्तीय वर्ष 26 की पहली तिमाही में जुर्माना (1 उदाहरण) ₹ 31,80,000/-	नहीं

मौद्रिक					
प्रकार	एनजीआरबीसी सिद्धांत	विनियामक / प्रवर्तन एजेंसी/ न्यायिक संस्था का नाम	राशि (₹ में)	मामले का संक्षिप्त सार	क्या कोई अपील दर्ज की गई है? (हाँ/नहीं)
				• (i) गंदे नोट, (ii) नकदी की कमी, (iii) नकली नोट, (iv) अर्धवार्षिक सत्यापन न करने आदि के कारण करेंसी चेस्ट से संबंधित वित्तीय वर्ष 26 की पहली तिमाही में रिज़र्व बैंक द्वारा लगाए गए जुर्माने (15 उदाहरण): ₹ 51,000/- • गुप्त दौरे के दौरान गंदे नोट स्वीकार करने/कमी के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में लगाए गए जुर्माने (2 उदाहरण) ₹ 20,000/- • (i) गंदे नोट (ii) नकदी की कमी (iii) नकली नोट के कारण वित्तीय वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में रिज़र्व बैंक द्वारा करेंसी चेस्ट पर लगाए गए जुर्माने (12 उदाहरण): ₹ 21,050/- • गुप्त दौरे के दौरान गंदे नोट स्वीकार करने/कमी के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में लगाए गए जुर्माने. (1 उदाहरण): ₹10,000/- • (i) गंदे नोट (ii) नकदी की कमी (iii) नकली नोट के कारण वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में रिज़र्व बैंक द्वारा करेंसी चेस्ट पर लगाए गए जुर्माने (12 उदाहरण): ₹ 46,900/- • गुप्त निरीक्षण के दौरान गंदे नोटों को स्वीकार करने/कमी पाए जाने पर वित्तीय वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में रिज़र्व बैंक द्वारा लगाए गए जुर्माने (9 उदाहरण): ₹ 1,00,000/-. • (i) गंदे नोट (ii) नकदी की कमी (iii) नकली नोट (iv) नकदी सत्यापन (v) वॉल्ट में बाहरी विद्युत स्विच कनेक्शन के कारण वित्तीय वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में रिज़र्व बैंक द्वारा करेंसी चेस्टों पर लगाए गए जुर्माने (12 उदाहरण) : ₹ 39,335/-	

मौद्रिक					
प्रकार	**एनजीआरबीसी सिद्धांत**	**विनियामक / प्रवर्तन एजेंसी/ न्यायिक संस्था का नाम**	**राशि (₹ में)**	**मामले का संक्षिप्त सार**	**क्या कोई अपील दर्ज की गई है? (हाँ/नहीं)**
निपटान	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कंपाउंडिंग शुल्क	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
फैसला	सिद्धांत 1	ओआरबीआईओ	₹ 15,700/-	शिकायतकर्ता, जो दूसरे बैंक का ग्राहक है, दिनांक 11-05-2025 को नागपुर के सदर स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम से ₹ 5,000 निकालने का प्रयास किया. हालांकि राशि डेबिट हो गई थी लेकिन नकद राशि नहीं निकली. भारतीय रिज़र्व बैंक के लोकपाल कार्यालय (ओआरबीआईओ) ने बैंक को रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मुआवजे सहित राशि वापस करने की सूचना दी. चूंकि बैंक ने लेनदेन की तारीख के बजाय शिकायत की तारीख से मुआवजा दिया, इसलिए ओआरबीआईओ ने लेनदेन की तारीख से मुआवजे के भुगतान का निर्देश दिया.	नहीं

गैर मौद्रिक				
प्रकार	**एनजीआरबीसी सिद्धांत**	**विनियामक / प्रवर्तन एजेंसी/ न्यायिक संस्था का नाम**	**मामले का संक्षिप्त सार**	**क्या कोई अपील दर्ज की गई है? (हाँ/नहीं)**
कारावास	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
दंड	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

3. **उपर्युक्त प्रश्न 2 में प्रकट की गयी जानकारी में से उन मामलों के ब्योरे जिनके मामले में अपील / संशोधन दर्ज किया गया है जहां मौद्रिक अथवा गैर- मौद्रिक कार्रवाई करने की अपील की गयी है.**

मामले का विवरण	**विनियामक/प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों के नाम**
प्रश्न संख्या 2 में उल्लिखित मामलों के संबंध में, बैंक द्वारा कोई अपील/पुनर्विचार प्रस्तुत नहीं किया गया है.	

4. क्या संस्था की कोई भ्रष्टाचार विरोधी अथवा रिश्वत विरोधी नीति है? यदि हाँ, तो उसका संक्षिप्त ब्योरा दें और यदि उपलब्ध हो, तो इस नीति से संबंधित वेब लिंक उपलब्ध कराएं.

हां, बैंक के पास बोर्ड द्वारा स्वीकृत रिश्वत विरोधी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति है जो ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक अभिशासन के साथ व्यवसाय का संचालन करने की इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है. यह नीति बैंक के सभी परिचालनों एवं हितधारकों के साथ परस्पर संवाद के दौरान रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के प्रति बैंक के शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण को स्पष्ट करती है. यह नीति बैंक के आंतरिक कार्यबल को इंट्रानेट के माध्यम संप्रेषित की गई है तथा व्यापक प्रसार एवं जागरूकता के लिए बैंक की वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/pdf/Anti-Bribery-Anti-Corruption-Policy.pdf) पर सार्वजनिक डोमेन में भी रखा गया है.

5. निदेशकों/केएमपी /कर्मचारियों/कामगारों की संख्या जिनके विरुद्ध किसी कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा रिश्वत खोरी/भ्रष्टाचार के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई:

विवरण	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
निदेशक	शून्य	शून्य
केएमपी	शून्य	शून्य
कर्मचारी	शून्य	शून्य
कामगार	शून्य	शून्य

6. हितों के टकराव के संबंध में शिकायतों का ब्योरा:

विवरण	वित्तीय वर्ष 2025-26		वित्तीय वर्ष 2024-25	
	संख्या	टिप्पणी	संख्या	टिप्पणी
निदेशकों के हितों के टकराव के मामलों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या	शून्य	-	शून्य	-
केएमपी के हितों के टकराव के मामलों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या	शून्य	-	शून्य	-

7. भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के मामलों में विनियामकों / कानून प्रवर्तन एजेंसियों / न्यायिक संस्थानों द्वारा लगाये गये दंड / जुर्माने / की गयी कार्रवाई से संबंधित मामलों पर कोई सुधारात्मक कार्रवाई की गई हो या की जा रही हो तो उसका विवरण प्रस्तुत करें

लागू नहीं

8. निम्नलिखित प्रारूप में देनदारी लेखों के दिनों की संख्या ((देनदारी लेखे x 365)/ खरीदी गई वस्तुओं/सेवाओं की लागत):

विवरण	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
देनदारी लेखों के दिनों की संख्या@	30	32

@ - कारोबार मॉडल को ध्यान में रखते हुए, बैंक की देय खातों से सीधे संबंधित कोई देनदारी नहीं है. बैंक की देयताओं को "अन्य देयताओं" शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है और इनकी निगरानी खाता स्वामियों द्वारा की जाती है.

9. व्यापार में पारदर्शिता

निम्नलिखित प्रारूप में ट्रेडिंग हाउस, डीलरों और संबद्ध पक्षकारों के साथ ऋण और अग्रिम एवं निवेश सहित खरीद और बिक्री संकेंद्रण का विवरण प्रदान करें:

मापदंड	मात्रक	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
खरीद संकेंद्रण	क) कुल खरीद के % के रूप में ट्रेडिंग हाउस से खरीद	बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली बैंकिंग कंपनी होने के नाते, बैंक पर खरीद एवं बिक्री के मापदंड लागू नहीं होते हैं. बैंक के पास जमाकर्ताओं और उधारकर्ताओं का एक व्यापक आधार है जिन्हें बैंक की नीतियों के अनुरूप जोड़ा जाता है. बैंक का किसी भी ट्रेडिंग हाउस/डीलर के साथ कोई लेन-देन नहीं है. संबद्ध पक्षकारों के साथ सभी लेन-देन निष्पक्ष तरीके से किए जाते हैं. संबंधित चार श्रेणियों के शीर्ष 20 खातों के संबंध में जमा, अग्रिम, एक्सपोजर और एनपीए के संकेद्रण का प्रकटन वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है.	बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली बैंकिंग कंपनी होने के नाते, बैंक पर खरीद एवं बिक्री के मापदंड लागू नहीं होते हैं. बैंक के पास जमाकर्ताओं और उधारकर्ताओं का एक व्यापक आधार है जिन्हें बैंक की नीतियों के अनुरूप जोड़ा जाता है. बैंक का किसी भी ट्रेडिंग हाउस/डीलर के साथ कोई लेन-देन नहीं है. संबद्ध पक्षकारों के साथ सभी लेन-देन निष्पक्ष तरीके से किए जाते हैं. संबंधित चार श्रेणियों के शीर्ष 20 खातों के संबंध में जमा, अग्रिम, एक्सपोजर और एनपीए के संकेद्रण का प्रकटन वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है.
	ख) ट्रेडिंग हाउसों की संख्या जहां से खरीदारी की जाती है		
	ग) ट्रेडिंग हाउसों से कुल खरीद के % के रूप में शीर्ष 10 ट्रेडिंग हाउसों से खरीदारी		
बिक्री संकेंद्रण	क) कुल बिक्री के % के रूप में डीलरों/वितरकों को बिक्री		
	ख) डीलरों/ वितरकों की संख्या जिनको बिक्री की जाती है		
	ग) डीलरों/ वितरकों को कुल बिक्री के % के रूप में शीर्ष 10 डीलरों/वितरकों को बिक्री		
में आरपीटी का हिस्सा	क) खरीद (संबद्ध पक्षकारों से खरीद/कुल खरीद)	-	-
	ख) बिक्री (संबद्ध पक्षकारों को की गई बिक्री/कुल बिक्री	-	-
	ग) ऋण एवं अग्रिम (संबद्ध पक्षकारों को दिये गये ऋण एवं अग्रिम/ कुल ऋण एवं अग्रिम)[@]	0.37%	0.42%
	घ) निवेश (संबद्ध पक्षकारों में निवेश/ किया गया कुल निवेश)[#]	0.25%	0.28%

@ - संबद्ध पक्षकारों को दिए गए ऋण/बैंक के सकल अग्रिम

 # - संबद्ध पक्षकारों में निवेश / बैंक का कुल सकल निवेश

नेतृत्व संकेतक

1. मूल्य श्रृंखला के भागीदारों के लिए वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर चलाये गये जागरूकता कार्यक्रम:

आयोजित किये गये जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या	प्रशिक्षण के अंतर्गत शामिल विषय/सिद्धांत	जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए गए (इन भागीदारों के साथ किए गए कारोबार मूल्य द्वारा) मूल्य श्रृंखला के भागीदारों का प्रतिशत
01	ईएसजी और बीआरएसआर का परिचय, उत्पाद, नीति और अनुपालन, ईएसजी की परिभाषा, ईएसजी के अंतर्गत फोकस क्षेत्र, ईएसजी पर राष्ट्रीय नीतियां और विनियमन, एनजीआरबीसी के नौ सिद्धांत, बीआरएसआर की प्रयोज्यता समयसीमा और बीआरएसआर कोर प्रकटीकरण का विवरण.	ईएसजी से संबंधित आवश्यकताओं के प्रति अपनी सभी मूल्य श्रृंखलाओं में जागरूकता एवं अनुपालन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, बैंक ने विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में अपने प्रमुख विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं के बीच एक समर्पित प्रशिक्षण मॉड्यूल वितरित किया.

2. क्या संस्था के पास बोर्ड के सदस्यों के हितों के टकराव को टालने के लिए /प्रबंधन करने के लिए कोई प्रक्रिया मौजूद है? (हां/नहीं) यदि हाँ, तो उक्त का विवरण प्रस्तुत करें.

हां. बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों और प्रक्रियाओं द्वारा समर्थित एक व्यापक अभिशासन ढांचा स्थापित किया है जिसका उद्देश्य बोर्ड के सदस्यों से जुड़े हितों के टकराव की पहचान करना, उनका प्रबंधन करना और उनका निवारण करना है. बैंक की सामान्य आचार संहिता और नैतिकता, जो इसकी वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/idbi-bank-general-code-of-conduct-ethics.aspx) पर उपलब्ध है, में नैतिक आचरण और हितों के टकराव की स्थितियों को नियंत्रित करने वाले व्यापक प्रावधान दिए गए हैं जिनमें निदेशकों पर लागू विशिष्ट मार्गदर्शन भी शामिल है. इस ढांचे के हिस्से के रूप में, बोर्ड के सभी सदस्यों को अपने हितों की आवधिक और वार्षिक घोषणाएँ प्रस्तुत करनी होती हैं और प्रत्येक वित्तीय वर्ष की पहली बोर्ड बैठक में बाहरी संस्थाओं में अपने हितों में किसी भी परिवर्तन का प्रकटन करना होता है और किसी भी परिवर्तन की स्थिति में उसके तुरंत बाद ऐसा करना होता है. हितों के टकराव की पहचान होने या संभावित टकराव की समीक्षा बैंक की अभिशासन प्रक्रियाओं के अनुसार की जाती है. यदि किसी निदेशक का विचाराधीन मामले में व्यक्तिगत हित हो, तो निदेशक को विचार-विमर्श और निर्णय लेने की प्रक्रिया से स्वयं को अलग रखना आवश्यक है; विचार-विमर्श और निर्णय निष्पक्ष, पारदर्शी और पूर्वाग्रह रहित तरीके से लिये जाते हैं. हितों के टकराव के प्रबंधन की प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता बैंक के व्यापक अभिशासन और नैतिकता ढांचे के हिस्से के रूप में बोर्ड स्तर की निगरानी के अधीन है.

सिद्धांत 2: कारोबारों को इस प्रकार वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध करानी चाहिए जो टिकाऊ और सुरक्षित हों.

आवश्यक संकेतक:

1. संस्था द्वारा कुल आर एंड डी तथा पूंजीगत व्यय निवेशों की तुलना में उत्पाद एवं प्रक्रियाओं के पर्यावरणीय तथा सामाजिक प्रभावों को सुधारने के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में क्रमशः आर एंड डी और पूंजीगत व्यय (केपेक्स) निवेशों का प्रतिशत.

विवरण	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25	पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों में सुधारों का विवरण
आर एंड डी	वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में परिचालनों की प्रकृति को देखते हुए यह लागू नहीं है.		
केपेक्स			

2. क. क्या संस्था के पास सतत् सोर्सिंग के लिए प्रक्रियाएं मौजूद हैं? (हाँ/नहीं).

हाँ

ख. यदि हाँ, तो इनपुट के कितने प्रतिशत स्थायी स्रोतों से प्राप्त किए गए थे?

बैंक ने नवस्थापित शाखाओं और चुनिंदा कार्यालयों एवं आवासीय सुविधाओं में प्रमाणित ग्रीन प्लाईवुड और ऊर्जा-कुशल प्रकाश व्यवस्था जैसे पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों को अपनाकर सतत संचालन पर अपना ध्यान केंद्रित किया है. ये पहलें बैंक के व्यापक सततता उद्देश्यों के अनुरूप हैं, जिनमें पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना और अपनी परिचालन अवसंरचना में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना शामिल है. अपनी परिचालन

गतिविधियों से परे इस प्रतिबद्धता का विस्तार करते हुए, बैंक अपने विक्रेताओं और सेवा भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना, सुदृढ़ श्रम प्रथाओं, मानवाधिकार संरक्षण और सुदृढ़ अभिशासन ढांचे को प्रोत्साहित करता है ताकि उनके ईएसजी प्रदर्शन को बढ़ाया जा सके. इसके अलावा, बैंक ने कई प्रस्तावों के लिए अनुरोधों (आरएफपी) में ईएसजी-विशिष्ट खंड शामिल किए हैं, जिनमें सांविधिक और विनियामक अनुपालन, नैतिक व्यावसायिक आचरण, हितों के टकराव से बचाव, डेटा सुरक्षा, सूचना सुरक्षा मानकों का पालन और उल्लंघनों के लिए क्षतिपूर्ति जैसे क्षेत्र शामिल हैं. अपनी खरीद प्रक्रियाओं को वैश्विक स्थिरता मानकों के अनुरूप बनाने के लिए, बैंक जहां भी संभव हो, आईएसओ 14001 जैसे स्थापित पर्यावरण प्रबंधन ढांचों से प्रमाणित विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को प्राथमिकता देता है. बढ़ी हुई सुरक्षा और टिकाऊ परिचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत बैंक अग्निरोधी पेंट, अग्निरोधी दरवाजे, अग्निरोधी प्लाईवुड और नाइट्राइल इन्सुलेशन जैसी कम/शून्य ज्वलनशील सामग्रियों की सोर्सिंग को प्राथमिकता दे रहा है.

3. जीवनकाल की समाप्ति पर अपने उत्पादों को पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और निपटान के लिए सुरक्षित रूप से पुन: प्राप्त करने की प्रक्रियाओं का वर्णन करें:(क) प्लास्टिक (पैकिंग सामग्री सहित), (ख) ई-वेस्ट (ग) हानिकारक कचरा (घ) अन्य कचरा

वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में परिचालनों की प्रकृति को देखते हुए यह लागू नहीं होता है.

4. क्या संस्था की गतिविधियों के लिए विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) लागू है ?(हाँ / नहीं). यदि हाँ, तो क्या कचरा उठाने की योजना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत की गई विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) के अनुरूप है ? यदि नहीं, तो उक्त के समाधान के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करें.

वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में परिचालनों की प्रकृति को देखते हुए यह लागू नहीं होता है.

नेतृत्व संकेतक

1. क्या संस्था ने अपने किसी भी उत्पाद के लिए (विनिर्माण उद्योग के लिए) या अपनी किसी भी सेवाओं के लिए (सेवा उद्योग के लिए) उसका जीवन चक्र परिदृश्य / मूल्यांकन (एलसीए) किया है? यदि हाँ, तो निम्नलिखित प्रारूप में उसका ब्योरा प्रस्तुत करें.

एनआईसी कोड	उत्पाद/सेवा का नाम	कुल टर्नओवर में योगदान %	जीवन चक्र परिदृश्य/ मूल्यांकन हेतु निर्धारित सीमा	क्या यह किसी स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा किया गया था (हाँ/नहीं)	सार्वजनिक डोमेन में संप्रेषित परिणाम (हाँ/नहीं) यदि हाँ, तो वेबलिंक प्रदान करें

वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में परिचालनों की प्रकृति को देखते हुए यह लागू नहीं होता है.

2. यदि आपके उत्पादों/सेवाओं के उत्पादन या निटान से कोई महत्वपूर्ण सामाजिक अथवा पर्यावरणीय चिंताएं और/या जोखिमें पैदा हो रही हैं, जैसा कि जीवन चक्र परिदृश्य / मूल्यांकन (एलसीए) में या अन्य किसी माध्यम के जरिये पहचाना गया है, तो उसका संक्षेप में वर्णन करें और उसे कम करने के लिए किये गये उपाय का भी उल्लेख करें.

इनपुट सामग्री इंगित करें	जोखिम/ चिंता का विवरण	की गई कार्रवाई

वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में परिचालनों की प्रकृति को देखते हुए यह लागू नहीं होता है.

3. उत्पादन में (विनिर्माण उद्योग के लिए) अथवा सेवा प्रदान करने के लिए (सेवा उद्योग के लिए) उपयोग में लाई गई कुल सामग्री में से री-सायकल की गई या दोबारा उपयोग में लाई गई सामग्री का प्रतिशत.

उत्पाद/सेवा का नाम	कुल सामग्री में री-सायकल की गई या पुन: उपयोग की गई इनपुट सामग्री	
	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25

वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में परिचालनों की प्रकृति को देखते हुए यह लागू नहीं होता है.

4. निम्नलिखित प्रारूप में उत्पादों के जीवन चक्र के अंत में पुन: प्राप्त उत्पादों और पैकेजिंग में से पुन: उपयोग की गई, री-सायकल की गई और सुरक्षित रूप से नष्ट की गई मात्रा (मेट्रिक टन में) बताएं:

प्रकार	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
	पुन: उपयोग की गई	री-सायकल की गई	सुरक्षित रूप से नष्ट की गई	पुन: उपयोग की गई	री-सायकल की गई	सुरक्षित रूप से नष्ट की गई
प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित)	वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में परिचालनों की प्रकृति को देखते हुए यह लागू नहीं होता है.					
ई-कचरा						
खतरनाक अपशिष्ट						
अन्य अपशिष्ट						

5. प्रत्येक उत्पाद श्रेणी के लिए पुन:प्राप्त किये गये उत्पाद और उनकी पैकेजिंग सामग्री (बेचे गये उत्पादों के प्रतिशत के रूप में)

उत्पाद श्रेणी इंगित करें	संबंधित श्रेणी में कुल बेचे गए उत्पादों के प्रतिशत के रूप में पुन:प्राप्त किये गये उत्पाद एवं उनकी पैकेजिंग सामग्री
वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में परिचालनों की प्रकृति को देखते हुए यह लागू नहीं होता है.	

सिद्धांत 3: कारोबारों को उनकी मूल्य श्रृंखलाओं के कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों के कल्याण के बारे में सोचना चाहिए और उनके कल्याण को बढ़ावा देना चाहिए.

आवश्यक संकेतक

1. क. कर्मचारियों के कल्याण के लिए किए गए उपायों का ब्योरा:

श्रेणी	कुल (ए)	इनके अंतर्गत शामिल कर्मचारियों का %									
		स्वास्थ्य बीमा@		दुर्घटना बीमा		प्रसूति लाभ		पितृत्व लाभ		पालना घर सुविधाएं	
		संख्या (बी)	% (बी / ए)	संख्या (सी)	% (सी /ए)	संख्या (डी)	% (डी / ए)	संख्या (ई)	% (ई / ए)	संख्या (एफ)	% (एफ /ए)
स्थायी कर्मचारी											
पुरुष	11,959	11,959	100%	11,959	100%	लागू नहीं	लागू नहीं	11,959	100%	लागू नहीं	लागू नहीं
महिला	6,579	6,579	100%	6,579	100%	6,579	100%	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	**18,538**	**18,538**	**100%**	**18,538**	**100%**	**6,579**	**35.49%**	**11,959**	**64.51%**	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**
स्थायी कर्मचारियों से इतर											
पुरुष	861	852	98.95%	861	100%	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
महिला	724	723	99.86%	724	100%	724	100%	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	**1,585**	**1,575**	**99.37%**	**1,585**	**100%**	**724**	**45.68%**	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**

@ - स्थायी कर्मचारी बैंक की इन-हाउस चिकित्सा योजना के अंतर्गत आते हैं. प्रवेश स्तर के अधिकारी फ्लोटर स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के अंतर्गत आते हैं.

ख. कामगारों के कल्याण के लिए किए गए उपायों का ब्योरा

श्रेणी	कुल (ए)	इनके अंतर्गत शामिल कामगारों का %									
		स्वास्थ्य बीमा@		दुर्घटना बीमा		प्रसूति लाभ		पितृत्व लाभ		पालना घर सुविधाएं	
		संख्या (बी)	% (बी / ए)	संख्या (सी)	% (सी /ए)	संख्या (डी)	% (डी / ए)	संख्या (ई)	% (ई / ए)	संख्या (एफ)	% (एफ /ए)
स्थायी कामगार											
पुरुष	425	425	100.00%	425	100.00%	लागू नहीं	लागू नहीं	425	100.00%	लागू नहीं	लागू नहीं
महिला	145	145	100.00%	145	100.00%	145	100.00%	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	570	570	100.00%	570	100.00%	145	25.44%	425	74.56%	लागू नहीं	लागू नहीं
स्थायी कामगारों से इतर											
पुरुष	0	0	-	0	-	0	-	0	-	0	-
महिला	0	0	-	0	-	0	-	0	-	0	-
कुल	0	0	-	0	-	0	-	0	-	0	-

@ - स्थायी कामगार बैंक की इन-हाउस चिकित्सा योजना के अंतर्गत आते हैं.

ग. कर्मचारियों एवं कामगारों (स्थायी तथा अस्थायी सहित) के कल्याण हेतु उपायों पर किए गए व्यय का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रस्तुत करें:

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
कंपनी के कुल राजस्व के % के रूप में कल्याण संबंधी उपायों पर उपगत लागत@	0.32%	0.32%

@ वित्तीय सहायता के उपाय के रूप में बैंक अपने दिवंगत कर्मचारियों के पात्र आश्रित परिवारजन को अनुकंपा नियुक्ति के स्थान पर अनुग्रह राशि भी प्रदान करता है.

2. चालू वित्तीय वर्ष तथा पिछले वित्तीय वर्ष के सेवानिवृत्ति लाभों का विवरण.

क्रम सं.	लाभ	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
		कुल कर्मचारियों के % के रूप में शामिल कर्मचारियों की संख्या	कुल कामगारों के % के रूप में शामिल	कटौती कर प्राधिकरण के पास जमा करा दी गई (हाँ/ नहीं/ लागू नहीं)	कुल कर्मचारियों के % के रूप में शामिल कर्मचारियों की संख्या	कुल कामगारों के % के रूप में शामिल कामगारों की संख्या	कटौती कर प्राधिकरण के पास जमा करा दी गई (हाँ / नहीं / लागू नहीं)
1.	भविष्य निधि (पीएफ)	2.08%	10.54%	हाँ	2.45%	11.49%	हाँ
2.	ग्रेच्युटी	100.00%	100.00%	हाँ	100.00%	100.00%	हाँ
3.	कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई)	0.00%	0.00%	लागू नहीं	0.00%	0.00%	लागू नहीं
4.	अन्य - पेंशन एवं एनपीएस@	97.92%	89.46%	हाँ	97.55%	88.51%	हाँ

@ - उन कर्मचारियों को छोड़कर जिनका स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (पीआरएएन) नहीं खोला गया है.

3. कार्यस्थलों की सुलभता

क्या दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की अपेक्षाओं के अनुसार संस्था के परिसर / कार्यालय दिव्यांग कर्मचारियों और कामगारों के लिए सुलभ हैं ? यदि नहीं, तो क्या संस्था इस संबंध में कोई कदम उठा रही है.

बैंक दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 तथा लागू सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप, दिव्यांगजनों सहित सभी आगंतुकों, कर्मचारियों एवं कामगारों के लिए बाधारहित पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. काफी संख्या में शाखाएं पहले से ही निर्धारित सुलभता मानकों को पूरा करती हैं, जबकि कई अन्य आंशिक रूप से अनुपालन करती हैं और पूर्ण अनुरूपता प्राप्त करने के लिए चरणबद्ध तरीके से उन्नत की जा रही हैं. कुछ मामलों में, वैधानिक सीमाओं, स्थान की कमी, या संरचनात्मक और विनियामक स्थितियां जैसे स्थल-विशिष्ट कारकों से पूर्ण अनुपालन वर्तमान में बाधित है और ऐसे मामलों की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है ताकि जब भी संभव हो सुधार किए जा सकें. पहुँच को और बेहतर बनाने के लिए बैंक ने वैकल्पिक व्यवस्थाएँ शुरू की हैं जिनमें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएँ शामिल हैं और पहुँच संबंधी चिंताओं को दूर करने और आवश्यक सेवाओं तक निर्बाध पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक शाखा में नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं. 31 मार्च 2026 को कुल 2,174 शाखाओं (69 आईडीबीआई समीम बैंकिंग आउटलेट को छोड़कर) में से 1,078 शाखाओं में रैंप की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी और 33 शाखाओं में रैंप लगाने का काम प्रगति पर है. इसके अतिरिक्त 293 शाखाओं को रैंप की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि वे समतल प्रवेश या लिफ्ट-आधारित पहुंच के माध्यम से सुलभ हैं. शेष 770 शाखाएँ ऊपरी मंजिलों पर स्थित हैं जिसके कारण रैंप लगाना अव्यवहार्य है. समावेशी कार्यस्थल के महत्व को पहचानते हुए, 97 क्षेत्रीय और आंचलिक कार्यालयों में से 66 में सुलभता संबंधी सुविधाएं प्रदान की गई हैं. बैंक इन सुविधाओं को अन्य कार्यालयों तक विस्तारित करने के विकल्पों का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है, जहां भी यह संभव हो. इसके अतिरिक्त, दृष्टिबाधित कर्मचारियों को कार्यालय परिसर में स्वतंत्र रूप से आने-जाने में सहायता करने के लिए चुनिंदा कार्यालयों में आवाज-सक्षम लिफ्ट सिस्टम भी स्थापित किए गए हैं.

4. क्या संस्था के पास दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार समान अवसर नीति मौजूद है? यदि हाँ, तो उक्त नीति की वेब लिंक उपलब्ध कराएं.

हाँ. बैंक अपनी समान अवसर नीति के माध्यम से समानता, विविधता और गैर-भेदभाव के सिद्धांतों का पालन करता है. यह नीति बैंक की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह सभी कर्मचारियों और योग्य नौकरी आवेदकों को उनकी जाति, धर्म, रंग, वंश, वैवाहिक स्थिति, लिंग, आयु, राष्ट्रीयता, अक्षमता और अन्य कारकों पर ध्यान दिये बिना समान अवसर प्रदान करेगा. नीति के प्रावधानों का उद्देश्य योग्यता-आधारित व्यावसायिक विकास द्वारा परिभाषित एक विविध और समावेशी कार्य संस्कृति सुनिश्चित करना है, साथ ही लागू श्रम कानूनों और विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन करना है. हितधारकों के बीच व्यापक प्रसार के लिए यह नीति बैंक की वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/pdf/Equal-Opportunity-Policy-Employees.pdf) पर उपलब्ध है.

5. वित्तीय वर्ष 2025-26 में पितृत्व/ मातृत्व छुट्टी लेने वाले स्थायी कर्मचारियों और कामगारों की काम पर वापसी एवं काम पर बने रहने की दर

लिंग	स्थायी कर्मचारी		स्थायी कामगार	
	काम पर लौटने की दर@	बने रहने की दर#	काम पर लौटने की दर@	बने रहने की दर#
पुरुष	99.78%	91.85%	100%	100%
महिला	79.33%	87.40%	50%	100%
कुल	**90.66%**	**89.95%**	**85.71%**	**100%**

@ - काम पर लौटने की दर के लिए, उन अधिकारियों को शामिल किया गया है जिन्होंने पितृत्व/मातृत्व छुट्टी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 (31 मार्च 2026 तक) के दौरान समाप्त अवधि में ली है और जो 31 मार्च 2026 को सेवा में थे.

 # - बने रहने की दर के लिए, उन अधिकारियों को शामिल किया गया है जिन्होंने 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के दौरान पितृत्व/मातृत्व छुट्टी ली थी और 12 महीने बाद सेवा में बने रहे और 31 मार्च 2026 को सेवा में थे.

6. क्या निम्नलिखित श्रेणियों के कर्मचारियों और कामगारों की शिकायतें सुनने का और उनका निवारण करने का कोई तंत्र मौजूद है ? यदि हाँ, तो उस तंत्र का ब्योरा संक्षिप्त में दीजिए.

श्रेणी	हाँ/नहीं	संक्षिप्त में तंत्र का ब्योरा
स्थायी कामगार	हाँ	हाँ, बैंक के पास आई-हृदयो नामक एक ऑनलाइन पोर्टल है जो बैंक के इंट्रानेट पर उपलब्ध है और जिसके माध्यम से कर्मचारी एवं कामगार अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, शिकायत निवारण प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए बैंक ने विभिन्न नीतियों, प्रक्रियाओं एवं प्रणालियों के अंतर्गत अंतर्निहित अपीलीय तंत्र भी स्थापित किए हैं.
स्थायी कामगारों से इतर	हाँ	
स्थायी कर्मचारी	हाँ	
स्थायी कर्मचारियों से इतर	हाँ	

7. सूचीबद्ध संस्था द्वारा मान्यताप्राप्त संघ (घों) अथवा यूनियनों में कर्मचारियों और कामगारों की सदस्यता:

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
	संबंधित श्रेणी में कुल कर्मचारी/ कामगार (ए)@	संबंधित श्रेणी में उन कर्मचारियों/ कामगारों की कुल संख्या जो संघ(घों))अथवा यूनियनों के हिस्से हैं (बी)#	% (बी/ए)	संबंधित श्रेणी में कुल कर्मचारी /कामगार (सी)@	संबंधित श्रेणी में उन कर्मचारियों/ कामगारों की कुल संख्या जो संघ(घों))अथवा यूनियनों के हिस्से हैं (डी)#	% (डी/सी)
कुल स्थायी कर्मचारी	**20,123**	**11,304**	**56.17%**	**19,087**	**10,968**	**57.46%**
- पुरुष	12,820	7,770	60.61%	12,333	7,708	62.50%
- महिला	7,303	3,534	48.39%	6,754	3,260	48.27%
कुल स्थायी कामगार	**570**	**502**	**88.07%**	**644**	**584**	**90.68%**
- पुरुष	425	386	90.82%	487	457	93.84%
- महिला	145	116	80.00%	157	127	80.89%

** - डेटा में संविदा पर कर्मचारी शामिल हैं.*

 # - हालांकि किसी भी यूनियन/संघ को मान्यता प्राप्त यूनियन का दर्जा नहीं दिया गया है, उपर्युक्त बैंक में संचालित प्रमुख यूनियनों /संघों की संभावित सदस्यता स्थिति है.

8. कर्मचारियों और कामगारों को दिए गये प्रशिक्षण का विवरण

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26					वित्तीय वर्ष 2024-25				
	कुल (ए)	स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपायों पर		कौशल उन्नयन पर		कुल (डी)	स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपायों पर		कौशल उन्नयन पर	
		संख्या (बी)	% (बी/ए)	संख्या (सी)	% (सी/ए)		संख्या (ई)	% (ई/डी)	संख्या (ई)	% (एफ/डी)
कर्मचारी										
पुरुष	12,820	12,536	97.78%	12,731	99.31%	12,333	11,617	94.19%	12,155	98.56%
महिला	7,303	7,075	96.88%	7,195	98.52%	6,754	6,221	92.11%	6,609	97.85%
कुल	**20,123**	**19,611**	**97.46%**	**19,926**	**99.02%**	**19,087**	**17,838**	**93.46%**	**18,764**	**98.31%**
कामगार										
पुरुष	425	351	82.59%	351	82.59%	487	394	80.90%	397	81.52%
महिला	145	131	90.34%	131	90.34%	157	145	92.36%	145	92.36%
कुल	**570**	**482**	**84.56%**	**482**	**84.56%**	**644**	**539**	**83.70%**	**542**	**84.16%**

9. कर्मचारियों और कामगारों के कार्यनिष्पादन और कैरियर विकास समीक्षा का विवरण

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
	कुल (ए)@	संख्या (बी)#	% (बी/ए)	कुल (सी)@	संख्या (डी)#	% (डी/सी)
कर्मचारी						
पुरुष	12,844	12,317	95.90%	11,147	10,764	96.56%
महिला	7,315	6,624	90.55%	5,802	5,208	89.76%
कुल	**20,159**	**18,941**	**93.96%**	**16,949**	**15,972**	**94.24%**
कामगार						
पुरुष	458	457	99.78%	525	524	99.81%
महिला	155	154	99.35%	165	165	100.00%
कुल	**613**	**611**	**99.67%**	**690**	**689**	**99.86%**

@ - कुल कर्मचारियों में वित्तीय वर्ष के अंत में कार्यरत कर्मचारी और साथ ही सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना/मृत कर्मचारी शामिल हैं जिनका कार्यनिष्पादन मूल्यांकन वित्तीय वर्ष के लिए किया गया है.

 # - कर्मचारियों/ कामगारों की कुल संख्या जिनका कार्यनिष्पादन मूल्यांकन वित्तीय वर्ष के लिए किया गया है.

10. स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली

क. क्या संस्था द्वारा कोई व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है? (हाँ /नहीं) यदि हाँ, ऐसी प्रणाली का कवरेज क्या है?

हां, बैंक ने अपने परिसरों में कार्यरत सभी कर्मचारियों और ऑफ-रोल स्टाफ को सुरक्षित, स्वस्थ और संरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए एकीकृत व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और आश्वासन (i-OSHA) नीति को अपनाया है. यह नीति कार्यस्थल पर लागू व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विनियमों के अनुपालन में सुरक्षा प्रथाओं की निरंतर निगरानी और सुधार के माध्यम से सक्रिय रूप से जोखिम की पहचान और रोकथाम पर केंद्रित है. बैंक की सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने और इसके परिचालनों में कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए नियमित प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम और घटना रिपोर्टिंग तंत्र को नीति का अभिन्न अंग बनाया गया है. बैंक की सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने और इसके सभी कार्यों में कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए नियमित प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम और घटना रिपोर्टिंग तंत्र को नीति का अभिन्न अंग बनाया गया है. बैंक ने अपने सभी कार्यालयों और शाखाओं में व्यापक सुरक्षा उपाय भी किए हैं, जिनमें अग्नि सुरक्षा उपकरण लगाना, क्लोज्ड-सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) निगरानी के लिए प्रणाली लगाना, एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई बैठने की व्यवस्था करना और प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों को तैनात करना शामिल है. बैंक अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण पर विशेष जोर देता है, जिसके तहत प्रधान कार्यलय, अंचल कार्यालयों और प्रशिक्षण कॉलेज सहित प्रमुख स्थानों पर बैंक चिकित्सा अधिकारियों (बीएमओ) की नियुक्ति की जाती है और समय-समय पर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. बैंक द्वारा सूचीबद्ध अस्पतालों के माध्यम से कर्मचारियों के लिए व्यापक स्वास्थ्य जांच भी कराई जाती है, जो निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है. इसके अतिरिक्त, बैंक अपनी चिकित्सा नीति और लागू स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के अनुसार व्यापक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करता है ताकि कर्मचारियों को उनके चिकित्सा संबंधी व्यय को पूरा करने में सहायता मिल सके.

ख. संस्था द्वारा कार्य-संबंधी खतरों की पहचान करने तथा नियमित एवं गैर-नियमित आधार पर जोखिमों का आकलन करने के लिए कौन सी प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं?

बैंक समय -समय पर अग्नि मॉक ड्रिल आयोजित करके और सभी उपकरणों का नियमित निवारक रखरखाव करके सुरक्षा और परिचालन निरंतरता के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाता है ताकि कर्मचारियों की तैयारी और निरंतर परिचालन दक्षता सुनिश्चित हो सके. कार्यस्थल पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए, सभी कामगारों को हेलमेट, दस्ताने और सुरक्षा जूते जैसे आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाते हैं और किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी), कार्य परमिट और उचित साइनेज सुनिश्चित किए जाते हैं. कार्यस्थलों

का दैनिक निरीक्षण किया जाता है और संभावित जोखिमों की पहचान करने और उनका समाधान करने के लिए आवधिक रूप से दुर्घटनाओं के इतिहास की समीक्षा की जाती है. बैंक अपने परिसरों का नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा और विद्युत सुरक्षा ऑडिट भी करता है और पहचाने गए जोखिमों को कम करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करता है. बैंक की नीति के अनुसार, सभी सुरक्षा, ऑडिट और रखरखाव संबंधी जानकारी को आपदा और व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन आईटी सिस्टम (आई-डीएबी) में व्यवस्थित रूप से रिकॉर्ड रखा जाता है, निगरानी और अद्यतन किया जाता है. बैंक परिसर में फर्श की सफाई के दौरान, गीले फर्श की स्थिति के बारे में सूचित करने और दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए उचित साइनेज और भौतिक बैरिकेड्स लगाए जाते हैं.

ग. क्या आपके पास कामगारों द्वारा काम से संबंधित खतरों को रिपोर्ट करने तथा उन्हें स्वयं को ऐसे जोखिमों से हटाने की प्रणाली मौजूद है? (हाँ / नहीं)?

हाँ. बैंक अपने प्रधान कार्यालय में कार्यस्थल पर होने वाली घटनाओं और खतरों को दर्ज करने के लिए इलेक्ट्रिकल शॉक रजिस्टर सहित संबंधित रजिस्टर और लॉगबुक रखता है. इसके अतिरिक्त, मानक संचालन प्रक्रियाएँ (एसओपी) निवारक उपायों और आपातकालीन प्रतिक्रियाओं पर स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करती हैं, जिससे व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति एक व्यवस्थित दृष्टिकोण को बल मिलता है.

घ. क्या संस्था के कर्मचारियों/ कामगारों को गैर-व्यावसायिक चिकित्सा और स्वास्थ्य जांच सेवाओं तक पहुँच उपलब्ध है ? (हाँ/ नहीं)?

कर्मचारी कल्याण संबंधी पहलों के अंतर्गत, बैंक अपनी चिकित्सा योजना के तहत सभी कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए चिकित्सा कवरेज सुनिश्चित करता है. इसके अतिरिक्त, बैंक के कनिष्ठ कर्मचारियों को फ्लोटर ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसी के अंतर्गत कवर किया जाता है, जिससे सभी कर्मचारी श्रेणियों को पर्याप्त चिकित्सा कवरेज प्राप्त होता है. बैंक के प्रधान कार्यालय में नियमित रूप से व्यापक स्वास्थ्य जांच की जाती है जिसमें मानसिक स्वास्थ्य, लिवर फंक्शन, नेत्र स्वास्थ्य और हृदय स्वास्थ्य संबंधी मूल्यांकन शामिल हैं. वर्ष के दौरान बैंक ने कैंसर जागरूकता, महिला स्वास्थ्य और आहार एवं पोषण पर केंद्रित कई स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए हैं जो निवारक स्वास्थ्य देखभाल और सतत कर्मचारी कल्याण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं.

11. सुरक्षा से संबंधित घटनाओं का निम्नलिखित प्रारूप में ब्योरा :

सुरक्षा से संबंधित घटना/संख्या	श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
लॉस्ट टाइम इंज्युरी फ्रीक्वेंसी रेट (एलटीआईएफआर) (प्रति एक मिलियन-व्यक्ति घंटे के काम)	कर्मचारी	वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में बैंक का कोई भी कर्मचारी/ कामगार ऐसा नहीं था जिसे कार्य संबंधी चोट/अस्वास्थ्यता/अपमृत्यु का सामना करना पड़ा हो.	
	कामगार		
काम-काज से जुड़ी दर्ज करने योग्य कुल चोटें	कर्मचारी		
	कामगार		
मृतकों की संख्या	कर्मचारी		
	कामगार		
कार्य से जुड़ी चोट के भारी परिणाम अथवा अस्वास्थ्य (मृतकों को छोड़कर)	कर्मचारी		
	कामगार		

** संविदा कार्यबल सहित*

12. संस्था द्वारा सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल को सुनिश्चित करने के लिए किये गये उपायों का वर्णन करें.

बैंक अपने सभी कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, संरक्षित तथा स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. इस प्रतिबद्धता का समर्थन करने के लिए, बैंक ने आईडीबीआई बैंक - व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आश्वासन (आई-ओशा) नीति को अपनाया है, जो आईएसओ 45001:2018, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशा संहिता, 2020 तथा अन्य राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, बैंक के समस्त परिसरों में एक व्यापक कार्यस्थल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ढांचा स्थापित करती है. यह नीति, सक्रिय जोखिम पहचान, कार्यस्थल खतरों की रोकथाम, लागू व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विनियमों के अनुपालन, तथा सुरक्षा प्रथाओं की निरंतर निगरानी एवं सुधार पर केंद्रित है. यह नीति बैंक, कर्मचारियों तथा संविदाकारों की जिम्मेदारियों की रूपरेखा प्रस्तुत करती है, अग्नि, विद्युत, एर्गोनॉमिक्स तथा आंतरिक वायु गुणवत्ता संबंधी मानकों के अनुपालन को अनिवार्य बनाती है, आपातकालीन प्रत्युत्तर योजनाओं, अभ्यासों, लेखापरीक्षाओं एवं प्रशिक्षण के माध्यम से तत्परता को सुदृढ़ करती है तथा सुरक्षा संबंधी विचारों को व्यवसाय निरंतरता

और ईएसजी प्रतिबद्धताओं के साथ समन्वित करती है. यह खतरों की पहचान एवं जोखिम आकलन (एचआईआरएसी), परिचालन नियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बीमा लाभ, कल्याणकारी पहल, घटना रिपोर्टिंग तंत्र, कार्य-निष्पादन की निगरानी तथा संरचित कार्ययोजनाओं एवं आवधिक प्रबंधकीय समीक्षा के माध्यम से सतत सुधार को समाहित करती है, जिससे बैंक के समस्त परिसरों में कर्मचारियों, आगंतुकों तथा आउटसोर्स कार्मिकों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं सुदृढ़ परिचालन सुनिश्चित हो सके.

एक आरामदायक कार्य परिवेश सुनिश्चित करने तथा वातानुकूलन इकाइयों के अत्यधिक तापग्रस्त होने के जोखिम को न्यूनतम करने हेतु, बैंक आंतरिक वातानुकूलन तापमान को 25°C-26°C के उपयुक्त स्तर पर बनाए रखता है. इसके अतिरिक्त, कार्यस्थल जोखिमों के सक्रिय प्रबंधन तथा कर्मचारियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए, बैंक ने संरचित सुरक्षा एवं चिकित्सीय तत्परता उपायों को लागू किया है. आपातकालीन तत्परता को सुदृढ़ करने के लिए, मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय तथा सभी अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में समय-समय पर अग्निशमन अभ्यास प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं. सभी कार्यालय स्थानों में प्राथमिक उपचार किट, फायर अलार्म तथा अग्निशामक यंत्र सहित सुरक्षा अवसंरचना का रखरखाव सुनिश्चित किया जाता है. कर्मचारियों एवं आगंतुकों को मार्गदर्शन प्रदान करने तथा अग्नि या आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी को सुगम बनाने के उद्देश्य से, बैंक के समस्त परिसरों में प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट सुरक्षा संकेतक, निकास चिह्न, अग्निशामक यंत्रों की अवस्थिति तथा लेआउट मानचित्र स्थापित किए गए हैं.

बैंक निर्धारित आयु सीमा से अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए समग्र स्वास्थ्य परीक्षण पैकेजों के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य प्रबंधन भी सुनिश्चित करता है. प्रधान कार्यालय, चयनित अंचल कार्यालयों तथा मुंबई स्थित कुछ स्टाफ क्वार्टर्स में समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने हेतु बैंक चिकित्सा अधिकारियों (बीएमओ) की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. इसके अतिरिक्त, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने प्रमुख अस्पतालों एवं चिकित्सालयों के साथ टाई-अप किया है, जिससे कर्मचारियों को अनुमोदित स्वास्थ्य संस्थानों में नकदरहित उपचार सुविधाओं के माध्यम से सर्वोत्तम स्तर की चिकित्सा सेवाएं प्राप्त करने तथा तत्काल वित्तीय भार को कम करने में सहायता प्राप्त होती है.

13. कर्मचारियों और कामगारों द्वारा निम्नलिखित के बारे में की गई शिकायतों की संख्या

विषय	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
	वर्ष के दौरान दर्ज	वर्ष के अंत में अनिर्णीत समाधान	टिप्पणी	वर्ष के दौरान दर्ज	वर्ष के अंत में अनिर्णीत समाधान	टिप्पणी
कामकाज की स्थिति	शून्य	शून्य	लागू नहीं	शून्य	शून्य	लागू नहीं
स्वास्थ्य और सुरक्षा	शून्य	शून्य	लागू नहीं	शून्य	शून्य	लागू नहीं

14. वर्ष का मूल्यांकन:

विषय	आपके उन संयंत्रों और कार्यालयों का % जिनका मूल्यांकन किया गया (संस्था द्वारा अथवा सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा अथवा किसी अन्य पक्ष द्वारा)
स्वास्थ्य और सुरक्षा की प्रथाएं **कामकाज की स्थितियाँ**	कर्मचारी स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल सुरक्षा को प्रोत्साहित करने की अपनी सक्रिय पहल के तहत, बैंक ने अपने सभी परिसरों में विद्युत सुरक्षा एवं सांविधिक अनुपालन मूल्यांकन का एक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया. निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु, कुल 2,145 कार्यालयों एवं शाखाओं का मूल्यांकन योग्य विद्युत लेखा-परीक्षकों द्वारा किया गया. इसके अतिरिक्त, जोखिम न्यूनीकरण के अपने निरंतर प्रयासों के अंतर्गत, बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय में नियमित एवं निवारक निरीक्षण भी किए. इनमें अधिकृत लिफ्ट निरीक्षकों द्वारा लिफ्टों का निरीक्षण, अनुमोदित एजेंसियों द्वारा अग्नि पहचान एवं दमन प्रणालियों का सत्यापन, निर्माता द्वारा पैकेज्ड पेयजल की गुणवत्ता जांच तथा अधिकृत एजेंसियों द्वारा डीजल जनरेटर (डीजी) सेटों का प्रदूषण परीक्षण शामिल था. ये उपाय अपने कर्मचारियों, ग्राहकों एवं अन्य हितधारकों के लिए सुरक्षित, अनुपालनीय तथा सतत कार्य परिवेश बनाए रखने के प्रति बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं.

15. सुरक्षा संबंधी घटनाओं (यदि कोई हो) को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रथाओं तथा कामकाजी परिस्थितियों के आकलन से उत्पन्न होने वाली महत्वपूर्ण जोखिमों /चिंताओं का विवरण प्रदान करें.

बैंक सुरक्षित एवं स्वस्थ कामकाज की स्थितियों को सुनिश्चित करता है तथा निवारक रखरखाव अनुसूचियों, स्थापित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) एवं निर्धारित 'क्या करें और क्या न करें' का कड़ाई से अनुपालन करते हुए किसी भी अप्रिय घटना की जोखिम को कम करता है.

नेतृत्व संकेतक

1. क्या संस्था (क) किसी कर्मचारी (हाँ/नहीं) (ख) किसी कामगार (हाँ/नहीं) की मृत्यु होने की स्थिति में कोई जीवन बीमा अथवा कोई क्षतिपूर्ति पैकेज प्रदान करती है ?

हाँ, बैंक अपने कर्मचारियों और कामगारों को कर्मचारी कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा के प्रति अपनी समग्र प्रतिबद्धता के तहत व्यापक जीवन बीमा सुरक्षा एवं क्षतिपूर्ति पैकेज प्रदान करता है. इन उपायों का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि के दौरान वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है, बल्कि अप्रत्याशित परिस्थितियों में उनके परिवारों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना भी है.

2. यह सुनिश्चित करने के लिए संस्था द्वारा उठाए गए उपायों का विवरण दें कि मूल्य श्रृंखला भागीदारों द्वारा सांविधिक देय राशियों की कटौती की गई है और जमा की गई है.

बैंक अपनी समस्त मूल्य श्रृंखला में अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से कार्य करता है तथा वेंडरों से अपेक्षा करता है कि वे सभी लागू सांविधिक दायित्वों का पालन करें, जिसमें भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, उपदान, वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य अनिवार्य देयों की समय पर कटौती एवं भुगतान शामिल हैं. अनुपालन के प्रमाण के रूप में वेंडरों को अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है. साथ ही, नकदी वितरण, पिकअप एवं नकदी छंटाई सेवाओं में संलग्न वेंडरों को केंद्रीय श्रम कानूनों के अनुरूप मासिक अनुपालन प्रमाणपत्र के साथ-साथ भुगतान रसीदें भी प्रस्तुत करनी होती हैं. इन अपेक्षाओं की समीक्षा वार्षिक वेंडर लेखा-परीक्षाओं के माध्यम से की जाती है. जवाबदेही को सुदृढ़ करने हेतु, विभिन्न प्रस्ताव अनुरोधों में सांविधिक एवं विनियामकीय अनुपालन संबंधी खंडों को समाहित किया गया है, जो विधिसम्मत, नैतिक एवं उत्तरदायी मूल्य श्रृंखला संलग्नता के प्रति बैंक की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं.

3. उन कर्मचारियों/कामगारों की संख्या प्रदान करें जिन्हें काम से संबंधित अत्यधिक गंभीर चोट / अवस्थ्यता / मृत्यु हुई है (जैसा कि ऊपर आवश्यक संकेतकों के प्र. 11 में रिपोर्ट किया गया है), और जिनका पुनर्वसन किया गया है और उन्हें यथायोग्य रोजगार उपलब्ध कराया गया है अथवा जिनके परिवार के सदस्यों को यथायोग्य रोजगार उपलब्ध कराया गया है :

श्रेणी	प्रभावित कर्मचारियों / कामगारों की कुल संख्या		उन कर्मचारियों /कामगारों की संख्या, जिनका पुनर्वसन किया गया है और जिन्हें यथायोग्य रोजगार उपलब्ध कराया गया है या परिवार के सदस्यों को यथायोग्य रोजगार उपलब्ध कराया गया है	
	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
कर्मचारी	लागू नहीं, क्योंकि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में बैंक का कोई भी कर्मचारी/कामगार ऐसा नहीं था जिसे कार्य-संबंधी गंभीर चोट/अवस्थ्यता/मृत्यु का सामना करना पड़ा हो.			
कामगार				

4. क्या संस्था निरंतर रोजगार क्षमता को सुगम बनाने और सेवानिवृत्ति या रोजगार समाप्ति के परिणामस्वरूप कैरियर के अंत के प्रबंधन के लिए संक्रमणकालीन सहायता कार्यक्रम चलाती है (हां/ नहीं).

बैंक कर्मचारियों को सेवा-निवृत्ति एवं सेवा पश्चात जीवन के लिए तैयार करने हेतु संरचित बदलाव-सहायता पहल प्रदान करता है. बैंक के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान, आईडीबीआई सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईसीबीएफ), हैदराबाद में समर्पित सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. ये कार्यक्रम वित्तीय योजना, स्वास्थ्य देखभाल, बीमा, मनोवैज्ञानिक तत्परता, स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण पर सम्पूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जिससे सुगम एवं सुविचारित बदलाव सुनिश्चित किया जा सके. कार्यक्रम व्यापक रूप से स्वस्थ वृद्धावस्था, जीवनशैली प्रबंधन, आहार एवं स्वास्थ्य संबंधी आचार, योग एवं ध्यान, जीवन दर्शन जिसमें आध्यात्मिक पहलू शामिल हैं, द्वितीय कैरियर एवं उत्पादक वृद्धावस्था, सामाजिक सहभागिता, मनोवैज्ञानिक तत्परता, वित्त एवं निवेश प्रबंधन, सेवानिवृत्ति योजना एवं कर संबंधी पहलू, वसीयत निर्माण, नामांकन प्रक्रियाएं तथा अधिवर्षिता लाभ कवर करता है. इसके अतिरिक्त, बैंक का सुदृढ़ शिक्षण एवं विकास तंत्र. जिसमे कौशल संवर्द्धन, पुनःकौशल विकास, नेतृत्व विकास तथा भूमिका-आधारित कार्यक्रम शामिल है. कर्मचारियों के संपूर्ण कैरियर चक्र में सहायक होता है, उन्हें आत्मविश्वास एवं तत्परता के साथ बदलावों का प्रबंधन करने में सक्षम बनाता है.

5. मूल्य श्रृंखला के भागीदारों के मूल्यांकन का ब्योरा:

ब्योरा	मूल्य श्रृंखला भागीदारों का % (ऐसे भागीदारों के साथ किये गये कारोबार का मूल्य) जिनका मूल्यांकन किया गया
स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रथाएं	अपने सभी परिचालनों में धारणीय प्रथाओं के समावेशन में अपनी मूल्य श्रृंखला की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, बैंक पर्यावरणीय मानदंडों, श्रम कानूनों, मानवाधिकार अपेक्षाओं तथा सुरक्षित, स्वस्थ एवं उत्पीड़नमुक्त कार्य वातावरण के प्रावधान के प्रति मूल्य श्रृंखला भागीदारों के अनुपालन के आकलन हेतु एक संरचित मूल्यांकन ढांचा स्थापित करने की प्रक्रिया में है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, 134 प्रमुख वेंडरों/सेवा प्रदाताओं द्वारा स्वघोषणाएं प्रस्तुत की गईं, जिनमें लागू पर्यावरणीय विनियमों, श्रम कानूनों तथा मानवाधिकार मानकों के प्रति उनके अनुपालन की पुष्टि की गई. यह मूल्यांकन बैंक की अपनी मूल्य श्रृंखला में उत्तरदायी व्यावसायिक प्रथाओं को सुदृढ़ करने के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है.
कार्य स्थितियां		

6. मूल्य श्रृंखला भागीदारों की स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रथाओं के मूल्यांकन तथा कार्य स्थितियों से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों / चिंताओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें.

वेंडरों/ सेवा प्रदाताओं की स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रथाओं तथा कार्य की स्थितियों के मूल्यांकन के दौरान कोई विशिष्ट जोखिम/चिंता नहीं देखी गई. तथापि, बैंक अपने वेंडरों/सेवा प्रदाताओं के साथ सक्रिय रूप से संलग्न रहने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उन्हें स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कार्यस्थल मानकों के अनुपालन हेतु संवेदनशील बनाया जा सके तथा निरंतर सुधार को प्रोत्साहित किया जा सके.

सिद्धांत 4: कारोबारों को अपने सभी हितधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए.

आवश्यक संकेतक

1. संस्था के प्रमुख हितधारक समूहों का पता लगाने के लिए अपनायी गयी प्रक्रिया का वर्णन करें:

बैंक समावेशी तरीके से धारणीय एवं दीर्घकालिक मूल्य सृजन को सक्षम बनाने के लिए अपने हितधारकों की आवश्यकताओं और चिंताओं को अपनी रणनीति के केंद्र में रखने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों की पहचान एवं आकलन हेतु एक संरचित एवं सुदृढ़ ढांचे का अनुसरण करता है, जिसमें अपने परिचालनों के प्रभाव के साथ-साथ हितधारकों द्वारा बैंक के कार्यनिष्पादन एवं प्रतिष्ठा पर पड़ने वाले प्रभाव को भी ध्यान में रखा जाता है. इस प्रक्रिया के माध्यम से, बैंक ने प्रमुख हितधारक समूहों की पहचान की है, जिनमें निदेशक मंडल, ग्राहक, कर्मचारी, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजनाओं के क्रियान्वयन भागीदार, उद्योग निकाय, मीडिया भागीदार, शेयरधारक, विनियामकीय निकाय, स्वयं-नियामक संगठन (एसआरओ), अन्य बाज़ार अवसंरचना संस्थान (एमआईआई) तथा वेंडर/ सेवा प्रदाता शामिल हैं.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक के लिए प्रमुख महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान हेतु संरचित सर्वेक्षण प्रक्रिया के माध्यम से एक व्यापक हितधारक जुड़ाव तथा प्रभाव महत्व मूल्यांकन किया गया. सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं का व्यवस्थित रूप से विश्लेषण एवं मूल्यांकन किया गया, ताकि हितधारकों के लिए उनकी प्रासंगिकता तथा बैंक के परिचालनों एवं दीर्घकालिक संधारणीयता उद्देश्यों पर उनके संभावित प्रभाव के आधार पर प्रमुख महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता दी जा सके एवं उनकी पहचान की जा सके. बैंक द्वारा अपने सभी हितधारकों के साथ जुड़ाव इसकी प्रक्रियाओं का एक सतत एवं अभिन्न अंग है. बैंक विभिन्न संचार चैनलों के माध्यम से अपने हितधारकों के साथ निरंतर एवं रचनात्मक रूप से संलग्न रहता है, ताकि वह हितधारकों की बदलती अपेक्षाओं के प्रति उत्तरदायी बना रहे, साथ ही विश्वास, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करता रहे. इन सतत हितधारक सहभागिता प्रयासों के माध्यम से, बैंक समावेशी एवं उत्तरदायी विकास को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हितधारक के दृष्टिकोणों को इसके निर्णय लेने तथा दीर्घकालिक रणनीति में सार्थक रूप से समाहित किया जाए.

2. अपनी संस्था के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले हितधारक समूहों की सूची बनाएं और प्रत्येक हितधारक समूह के साथ जुड़ाव की आवृत्ति बताएं.

स्टेक धारक समूह	क्या उसे कमजोर और सीमांत समूह के रूप में पहचाना गया है (हाँ / नहीं)	संप्रेषण के चैनल (ईमेल, एसएमएस, समाचार पत्र, पर्चे, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट), अन्य	जुड़ाव की आवृत्ति (वार्षिक/ अर्धवार्षिक/तिमाही/ अन्य - कृपया निर्दिष्ट करें)	इस तरह के जुड़ाव के दौरान उठाए गए प्रमुख विषय और चिंताओं सहित ऐसी जुड़ाव का उद्देश्य और दायरा
निदेशक मंडल	नहीं	• बोर्ड की बैठकें • बोर्ड स्तर की समिति की बैठकें • सूचना • ईमेल • निवेशक प्रस्तुतियां	• अन्य - सतत	• कॉरपोरेट अभिशासन • रणनीति • वित्तीय एवं परिचालनगत कार्य निष्पादन • जोखिम प्रबंधन • ईएसजी एवं संधारणीयता से संबंधित विषय

स्टेक धारक समूह	क्या उसे कमजोर और सीमांत समूह के रूप में पहचाना गया है (हाँ / नहीं)	संप्रेषण के चैनल (ईमेल, एसएमएस, समाचार पत्र, पर्चे, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट), अन्य	जुड़ाव की आवृत्ति (वार्षिक/ अर्धवार्षिक/तिमाही/ अन्य - कृपया निर्दिष्ट करें)	इस तरह के जुड़ाव के दौरान उठाए गए प्रमुख विषय और चिंताओं सहित ऐसी जुड़ाव का उद्देश्य और दायरा
ग्राहक	हाँ	• टेलीफोन कॉल • ईमेल • कॉल सेंटर • वेबसाइट • शाखा स्तर पर संवाद • सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म • विज्ञापन • सर्वेक्षण	• अन्य - सतत	• उत्पाद एवं सेवा संबंधी जानकारी एवं अपडेट • ग्राहक अनुभव • संपर्क प्रबंधन • शिकायत निवारण
कर्मचारी	नहीं	• आंतरिक पोर्टल • ईमेल • बैठकें • प्रशिक्षण कार्यक्रम • कार्य-निष्पादन मूल्यांकन • कर्मचारी सहभागिता पहल • सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म • सर्वेक्षण	• अन्य - सतत	• मानव पूंजी प्रबंधन नीतियां • कर्मचारी कल्याण एवं कार्यस्थल सुरक्षा • प्रशिक्षण एवं विकास • कैरियर प्रगति • समावेशी कार्य संस्कृति
सीएसआर परियोजनाओं की क्रियान्वयन एजेंसियां	हाँ	• बैठकें • ईमेल • टेलीफोन कॉल • फील्ड दौरे • रिपोर्टें	• अन्य - सतत और आवश्यकता आधारित	• सीएसआर परियोजनाओं का कार्यान्वयन • सामाजिक-आर्थिक प्रभाव • सीएसआर उद्देश्यों के साथ संरेखण
मीडिया एजेंसियां	नहीं	• प्रेस विज्ञप्तियां • प्रेस कोंफ्रेंस • मीडिया ब्रीफिंग	• अन्य - आवधिक और आवश्यकता आधारित	• ब्रांड एवं प्रतिष्ठा प्रबंधन • सार्वजनिक सूचना का प्रसार
विनियामकीय निकाय, एसआरओ एवं एमआईआई	नहीं	• विनियामकीय रिपोर्टिंग • बैठकें • टेलीफोन कॉल • ईमेल	• अन्य - सतत	• विनियामकीय अनुपालन • विनियामकीय अनुमोदन • आवश्यक बैंकिंग एवं वित्तीय बाज़ार परिचालन • अभिशासन मानक
शेयरधारक	नहीं	• वार्षिक रिपोर्ट • वार्षिक महासभा • शेयरधारक बैठक • स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग्स • वेबसाइट प्रकटीकरण • प्रेस विज्ञप्तियां • ईमेल • टेलीफोन कॉल	• अन्य - आवधिक और आवश्यकता आधारित	• रणनीति संबंधी अपडेट • वित्तीय एवं परिचालनगत कार्य-निष्पादन • विनियामकीय एवं सांविधिक प्रकटीकरण • कॉरपोरेट कार्रवाई • शेयरधारक संरक्षण पहल
वेंडर/ सेवा प्रदाता	नहीं	• टेलीफोन कॉल • आमने-सामने एवं आभासी बैठकें • ईमेल • सूचनाएं	• अन्य - सतत और आवश्यकता आधारित	• परियोजना कार्यान्वयन • समीक्षा/ अपडेट • आवश्यक बैंकिंग सेवाओं का प्रदाय • विनियामकीय एवं सांविधिक अनुपालन

नेतृत्व संकेतक

1. हितधारकों और बोर्ड के बीच आर्थिक,पर्यावरण और सामाजिक विषयों पर परामर्श के लिए प्रक्रियाएं प्रदान करें अथवा यदि परामर्श प्रत्यायोजित किया जाता है, तो बोर्ड को ऐसे परामर्शों से प्राप्त प्रतिक्रिया कैसे प्रदान की जाती है.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने प्रमुख महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान हेतु हितधारकों के लिए उनकी प्रासंगिकता तथा बैंक के परिचालनों एवं दीर्घकालिक संधारणीयता उद्देश्यों पर उनके संभावित प्रभाव के आधार पर एक संरचित हितधारक सहभागिता और महत्व का मूल्यांकन (एसईएमए) का अभ्यास किया. यह पहल समावेशी निर्णय लेने के लिए हितधारक सहभागिता तथा पारदर्शी एवं उत्तरदायी कारोबार संचालन पर बैंक के निरंतर ध्यान को दर्शाती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बैंक के महत्वपूर्ण मुद्दे हितधारकों की अपेक्षाओं एवं दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप हों.

एसईएमए प्रक्रिया को निम्नानुसार एक संरचित, बहुचरणीय प्रक्रिया के माध्यम से क्रियान्वित किया गया:

- **हितधारक मैपिंग:** बैंक ने अपने प्रमुख हितधारक समूहों की पहचान हेतु एक सुव्यवस्थित मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई, जिसमें निदेशक मंडल, ग्राहक, कर्मचारी, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजनाओं के कार्यान्वयन भागीदार, उद्योग निकाय, मीडिया भागीदार, शेयरधारक, विनियामकीय निकाय, स्व-विनियामक संगठन (एसआरओ), अन्य बाज़ार अवसंरचना संस्थान (एमआईआई) तथा वेंडर/सेवा प्रदाता शामिल हैं. यह मैपिंग प्रत्येक हितधारक समूह के बैंक पर प्रभाव के स्वरूप एवं परिमाण, बैंक के परिचालनों का उन पर पड़ने वाले प्रभाव तथा बैंक और इसके हितधारकों के मध्य पारस्परिक निर्भरता एवं उत्तरदायित्व की सीमा का आकलन करके किया गया.
- **हितधारकों के साथ बातचीत:** विविध दृष्टिकोणों को समाहित करने के उद्देश्य से, बैंक एक संरचित मात्रात्मक सर्वे के माध्यम से हितधारकों से जुड़ा, जिसका उद्देश्य विभिन्न हितधारक समूहों की संधारणीयता संबंधी अपेक्षाओं के साथ-साथ ईएसजी से संबंधित उनकी चिंताओं एवं बैंक की प्रथाओं के प्रति उनकी धारणा से संबंधित अंतर्दृष्टि प्राप्त करना था.
- **महत्वपूर्ण विषयों की पहचान एवं प्राथमिकता निर्धारण:** विभिन्न हितधारक समूहों के 3,000 से अधिक उत्तरदाताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण कर उन ईएसजी विषयों की पहचान की गई, जो बैंक के व्यवसाय तथा उसके हितधारकों के लिए सर्वाधिक प्रासंगिक हैं. इन विषयों की सापेक्ष महत्ता के आकलन के लिए हितधारक की प्राथमिकता तथा बैंक के परिचालनों, जोखिम प्रोफ़ाइल एवं दीर्घकालिक मूल्य सृजन पर संभावित प्रभाव के आधार पर एक भौतिकता ढ़ाचा अपनाया गया. एसईएमए के निष्कर्षों, अर्थात् चयनित महत्वपूर्ण मुद्दों की वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा समीक्षा की गई तथा उन्हें बैंक की ईएसजी अभिशासन प्रक्रिया के अंतर्गत बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया.
- **रणनीतिक संरेखण एवं फोकस क्षेत्र:** हितधारक समूहों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं ने बैंक के समक्ष विद्यमान चुनौतियों, उभरते जोखिमों तथा संभावित अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की है. इन अंतर्दृष्टियों ने बैंक के संधारणीयता फोकस क्षेत्रों के संदर्भ में चल रहे विचार-विमर्श एवं पहलों को दिशा प्रदान की है तथा व्यवसायिक उद्देश्यों एवं रणनीतिक आयोजना के अंतर्गत ईएसजी मुद्दों के व्यापक विचारों के लिए प्रासंगिक दृष्टिकोण प्रदान किया है.

2. क्या पर्यावरणीय और सामाजिक विषयों की पहचान करने और प्रबंधन के लिए हितधारक परामर्श की सहायता ली जाती है? (हाँ /नहीं) यदि हाँ, तो इस बात का ब्योरा प्रस्तुत करें कि किस प्रकार हितधारकों से इन विषयों पर प्राप्त जानकारी को संस्था की नीतियों एवं गतिविधियों में शामिल किया गया?

हाँ, हितधारक परामर्श बैंक द्वारा प्रमुख पर्यावरणीय एवं सामाजिक पहलुओं की पहचान करने, प्राथमिकता निर्धारण तथा निराकरण हेतु अपनाये गये दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है. भौतिकता मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से, बैंक ने उन ईएसजी मुद्दों के संबंध में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टियाँ प्राप्त की हैं, जो इसके हितधारकों तथा बैंक के व्यवसाय दोनों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण या आवश्यक हैं.

हितधारकों से प्राप्त इनपुट ने ईएसजी संबंधित मुद्दों पर हितधारकों के दृष्टिकोण की व्यापक समझ में योगदान दिया है तथा बैंक के संधारणीयता के प्रति दृष्टिकोण को समझने में सहायता प्रदान की है.

संरचित प्रभाव भौतिकता मूल्यांकन प्रक्रिया के अतिरिक्त, बैंक हितधारकों की पहचान एवं सहभागिता के लिए एक गतिशील दृष्टिकोण अपनाता है, जिसके अंतर्गत व्यावसायिक परिदृश्य में परिवर्तन, विनियामक घटनाक्रमों तथा बदलती हितधारकों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आवधिक समीक्षा की जाती है. यह निरंतर पुनर्मूल्यांकन सुनिश्चित करता है कि बैंक के संधारणीयता संबंधी प्रयास प्रासंगिक, प्रत्युत्तरशील तथा उभरते हुए जोखिमों एवं अवसरों के अनुरूप बने रहें.

3. कमजोर /सीमांत हितधारक समूहों की चिंताओं का निवारण करने के लिए किये गये प्रयासों और की गई कार्रवाई का विवरण प्रदान करें.

बैंक उत्पादों, सेवाओं एवं वितरण चैनलों की व्यापक श्रृंखला का लाभ उठाते हुए ग्राहकों विशेषकर समाज के वंचित वर्गों की वित्तीय सुरक्षा तथा समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए वित्तीय कार्य-निष्पादन को सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ रणनीतिक रूप से एकीकृत करता है. यह दृष्टिकोण साझा मूल्य सृजन के उद्देश्य से प्रेरित है तथा समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास को प्रेरित करता है. बैंक के वित्तीय समावेशन संबंधी पहलकार्य तथा सीएसआर कार्यक्रम समाज के अल्पसेवित वर्गों तक पहुँच बनाने और ठोस सामाजिक-आर्थिक प्रभाव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

बैंक का व्यापक एवं सुव्यवस्थित रूप से एकीकृत भौतिक, डिजिटल तथा सम्पर्क-आधारित चैनलों का नेटवर्क केवल पहुँच एवं सुविधा प्रदान करने के लिए ही नहीं है, बल्कि सतत सहभागिता, प्रतिक्रिया तथा शिकायतों या चिंताओं को सुनने में सक्षम बनाने के लिए भी है. पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बनाए रखने हेतु, बैंक ने परिभाषित नीतियों तथा समर्पित पहुँच चैनलों द्वारा समर्थित एक सुदृढ़ शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया है. ये तंत्र ग्राहकों, कर्मचारियों, निवेशकों तथा सीएसआर लाभार्थियों द्वारा उठाई गई चिंताओं के समय पर एवं न्यायसंगत निवारण को सुगम बनाते हैं. मूल्य श्रृंखला भागीदारों तथा अन्य हाशिए पर स्थित अथवा बाह्य समूहों से प्राप्त शिकायतों एवं प्रतिक्रियाओं का निवारण, बैंक की आचार संहिता के अनुरूप, प्रकरण-विशिष्ट आधार पर किया जाता है.

सिद्धांत 5: कारोबारों को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उनको बढ़ावा देना चाहिए.

आवश्यक संकेतक

1. निम्नलिखित प्रारूप में ऐसे कर्मचारियों और कामगारों का विवरण दें जिन्हें संस्था के मानवाधिकार मुद्दों और नीति(यों) के बारे में प्रशिक्षण दिया गया है:

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
	कुल (ए)	शामिल कर्मचारियों/ कामगारों की संख्या (बी))	% (बी /ए)	कुल (सी)	शामिल कर्मचारियों/ कामगारों की संख्या (डी)	% (डी /सी)
कर्मचारी						
स्थायी	18,538	17,922	96.68%	16,911	16,447	97.26%
स्थायी से इतर	1,585	1,418	89.46%	2,176	1,955	89.84%
कुल कर्मचारी	**20,123**	**19,340**	**96.11%**	**19,087**	**18,402**	**96.41%**
कामगार						
स्थायी	570	482	84.56%	644	537	83.39%
स्थायी से इतर	0	0	-	0	0	-
कुल कामगार	**570**	**482**	**84.56%**	**644**	**537**	**83.39%**

2. निम्नलिखित प्रारूप में कर्मचारियों और कामगारों को अदा की गयी न्यूनतम मजदूरी का ब्योरा :

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26					वित्तीय वर्ष 2024-25				
	कुल (ए)	न्यूनतम मजदूरी के बराबर		न्यूनतम मजदूरी से अधिक		कुल (डी)	न्यूनतम मजदूरी के बराबर		न्यूनतम मजदूरी से अधिक	
		संख्या (बी)	% (बी/ए)	संख्या (सी)	% (सी/ए)		संख्या (ई)	% (ई/डी)	संख्या (एफ)	% (एफ़/डी)
स्थायी कर्मचारी										
पुरुष	11,959	0	-	11,959	100.00%	11,123	0	-	11,123	100.00%
महिला	6,579	0	-	6,579	100.00%	5,788	0	-	5,788	100.00%
स्थायी कर्मचारियों से इतर										
पुरुष	861	0	-	861	100.00%	1,210	0	-	1,210	100.00%
महिला	724	0	-	724	100.00%	966	0	-	966	100.00%

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26					वित्तीय वर्ष 2024-25				
	कुल (ए)	न्यूनतम मजदूरी के बराबर		न्यूनतम मजदूरी से अधिक		कुल (डी)	न्यूनतम मजदूरी के बराबर		न्यूनतम मजदूरी से अधिक	
		संख्या (बी)	% (बी/ए)	संख्या (सी)	% (सी/ए)		संख्या (ई)	% (ई/डी)	संख्या (एफ)	% (एफ़/डी)
स्थायी कामगार										
पुरुष	425	0	-	425	100.00%	487	0	-	487	100.00%
महिला	145	0	-	145	100.00%	157	0	-	157	100.00%
स्थायी कामगार से इतर										
पुरुष	0	0	-	0	-	0	0	-	0	-
महिला	0	0	-	0	-	0	0	-	0	-

3. पारिश्रमिक /वेतन /मजदूरी का ब्योरा:

क. माध्यिका पारिश्रमिक / मजदूरी:

श्रेणी	पुरुष		महिला	
	संख्या@	संबंधित श्रेणी की माध्यिका पारिश्रमिक/ वेतन / मजदूरी	संख्या@	संबंधित श्रेणी की माध्यिका पारिश्रमिक/ वेतन / मजदूरी
निदेशक मंडल (बीओडी)#	9	₹ 32,60,000	1$	₹ 37,40,000
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी)	3	₹ 1,67,97,944	2	₹ 57,28,150
बीओडी और केएमपी को छोड़ कर अन्य कर्मचारी	13,815	₹ 20,12,801	7,958	₹ 15,12,613
कामगार	481	₹ 10,79,510	157	₹ 11,32,520

@ - माध्यिका पारिश्रमिक की गणना के लिए विचार किए गए कर्मचारियों की कुल संख्या में मार्च 2026 के अंत में वेतन प्राप्त करने के लिए पात्र सभी कर्मचारी और पूर्व कर्मचारी (जो सेवानिवृत्ति/इस्तीफा/मृत्यु/सेवा से हटाए जाने के कारण बैंक छोड़ चुके हैं) शामिल हैं, जिन्हें वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान वेतन का भुगतान किया गया था.

 # - निदेशक मंडल के विवरण में एमडी एवं सीईओ और दो डीएमडी के विवरण शामिल नहीं है क्योंकि उनका विवरण मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक में शामिल किया गया है. इसके अतिरिक्त, निदेशक मंडल को पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है लेकिन बैठक शुल्क का भुगतान किया जाता है और बैठक शुल्क का विवरण प्रदान किया गया है. भारत सरकार द्वारा नामित निदेशकों को बैठक शुल्क प्राप्त नहीं होता है और इसलिए उन्हें शामिल नहीं किया गया है. निदेशकों की कुल संख्या में श्री टी. एन. मनोहरन, श्री राज कुमार तथा श्री बी. बी. जोशी को भी शामिल किया गया है, जो क्रमशः 30.07.2025, 18.05.2025 एवं 08.10.2025 से निदेशक नहीं हैं, तथा उन्हें भुगतान किए गए बैठक शुल्क को माध्यिका की गणना में शामिल किया गया है. गणना में निम्न की ओर से बैठक में उपस्थिति पर एलआईसी को भुगतान की गई बैठक शुल्क शामिल नहीं है:

i. श्री सत पाल भानू 31.12.2025 तक (श्री सत पाल भानू 31.12.2025 से एलआईसी के प्रबंध निदेशक नहीं रहे और 01.01.2026 से बैठक की फीस सीधे उन्हें भुगतान की गई जो कि माध्यिका में शामिल है) एवं

ii श्री आर दोरईस्वामी 19.05.2025 से 24.09.2025 तक.

$ माध्यिका की गणना नहीं की जा सकती क्योंकि निदेशक मंडल में एक महिला प्रतिनिधि है.

ख. निम्नलिखित प्रारूप में संस्था द्वारा भुगतान की गई कुल मजदूरी के प्रतिशत के रूप में महिलाओं को भुगतान की गई सकल मजदूरी:

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
कुल मजदूरी के प्रतिशत के रूप में महिलाओं को भुगतान की गई सकल मजदूरी	30.96%	30.82%

4. क्या आपके पास कोई ऐसा केंद्र बिंदु (व्यक्ति/समिति) है जो कारोबार द्वारा उत्पन्न या उसमें योगदान किए गए मानवाधिकार प्रभावों या मुद्दों को संबोधित करने के लिए जिम्मेदार है? (हां /नहीं).

बैंक ने एक व्यापक मानवाधिकार नीति बनायी है, जो कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों पर लागू होती है तथा मान्यता प्राप्त मानवाधिकार सिद्धांतों के अनुरूप है. यह नीति कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करना, कार्यबल में विविधता को प्रोत्साहित करना, बाल श्रम एवं जबरन श्रम को निषेध करना, उत्पीड़न-मुक्त कार्य वातावरण बनाए रखना, मानव गरिमा को बनाए रखना, न्यूनतम मजदूरी एवं सांविधिक लाभ प्रदान करना तथा कर्मचारियों की प्रतिक्रिया एवं शिकायत निवारण हेतु सुलभ चैनल सक्षम कराना जैसे प्रमुख पहलुओं को कवर करती है. इसके अतिरिक्त, यह बैंक की नैतिक व्यावसायिक आचरण के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है. इन सिद्धांतों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु बैंक के आचरण नियमों, आंतरिक दिशानिर्देशों तथा कर्मचारी-संबंधित नीतियों में शामिल किया गया है.

5. मानवाधिकार मुद्दों से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए मौजूद आंतरिक तंत्र का वर्णन करें.

बैंक उस महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है जो बेहतर भविष्य के लिए मानवाधिकारों के दीर्घकालिक संरक्षण में कारोबार निभा सकते हैं. मूलभूत सिद्धांतों के प्रति यह प्रतिबद्धता इसकी नीतियों और हितधारकों के प्रति कार्यों में परिलक्षित होती है. बैंक ने कर्मचारियों के लिए शिकायतें दर्ज करने हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल आई-हृदयो चालू किया है और भेदभाव तथा उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए शिकायत निवारण समिति (जीआरसी) गठित की है. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) के प्रावधानों के अनुसार यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र स्थापित किया गया है. इसके अलावा बैंक ने मानवाधिकार नीति लागू की है.

6. निम्नलिखित के बारे में कर्मचारियों और कामगारों द्वारा की गयी शिकायतों की संख्या :

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26			वित्तीय वर्ष 2024-25		
	वर्ष के दौरान दर्ज की गयी	वर्ष के अंत में लंबित समाधान	टिप्पणियाँ	वर्ष के दौरान दर्ज की गयी	वर्ष के अंत में लंबित समाधान	टिप्पणियाँ
यौन उत्पीड़न	14	5	-	12	4	-
कार्यस्थल पर भेद भाव	4	0	-	4	1	-
बाल श्रमिक	शून्य	शून्य	-	शून्य	शून्य	-
जबरन श्रम / अनिच्छुक श्रम	शून्य	शून्य	-	शून्य	शून्य	-
मजदूरी	शून्य	शून्य	-	1	शून्य	-
मानवाधिकारों से संबंधित अन्य मामले	शून्य	शून्य	-	शून्य	शून्य	-

7. निम्नलिखित प्रारूप में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत दर्ज की गई शिकायतें: :

विवरण	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश) के तहत रिपोर्ट की गई कुल शिकायतें	14	12
महिला कर्मचारी/कामगारों के प्रतिशत के रूप में पॉश शिकायतें	0.20%	0.18%
पॉश शिकायतें सही पाई गईं	1	2

8. भेदभाव और उत्पीड़न मामलों में शिकायतकर्ता को प्रतिकूल परिणामों से बचाने के लिए तंत्र.

शिकायतकर्ता अपनी चिंताओं या शिकायतों को एक अलग पोर्टल (आई-हृदयो) के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, जिस तक केवल अधिकृत कर्मियों की ही पहुंच हो सकती है. आई-हृदयो, जीआरसी या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त शिकायतों को देखने वाले प्राधिकृत कर्मी शिकायत की पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित करते हैं और शिकायतकर्ता की पहचान की सुरक्षा करते हैं. बैंक ने यौन उत्पीड़न रोकथाम (पॉश) के लिए दिशानिर्देश भी लागू किए हैं. इसके अलावा, बैंक की मानवाधिकार नीति मानवाधिकारों की रक्षा और उत्पीड़न मुक्त कार्य वातावरण बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.

9. क्या मानवाधिकार अपेक्षाएं आपके कारोबारी करारों और संविदाओं का हिस्सा होती हैं? (हाँ/नहीं)

हां, बैंक अपने संविदात्मक ढांचे में सांविधिक अनुपालन और मानवाधिकार सुरक्षा उपायों को शामिल करता है. प्रस्तावों के लिए अनुरोध (आरएफपी) और विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं के साथ कारोबारी संविदाओं में समय-समय पर जारी किए गए सभी लागू श्रम, औद्योगिक और सुरक्षा कानूनों, नियमों, विनियमों और सांविधिक अधिसूचनाओं का अनुपालन अनिवार्य है. विक्रेताओं को अनुबंध निष्पादन के दौरान सभी निर्धारित सुरक्षा उपायों को लागू करना, कर्मियों, कार्य और सुविधाओं की सुरक्षा करना तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है. इसी प्रकार, ऋण समझौतों के तहत उधारकर्ताओं को यह पुष्टि करनी होती है कि उन पर कोई सांविधिक या श्रम-संबंधी देनदारी बकाया नहीं है, जिसमें भविष्य निधि और श्रम देनदारियाँ शामिल हैं, जिससे जिम्मेदार कारोबारी आचरण और मानवाधिकारों की सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है.

10. वित्तीय वर्ष 2025-26 में मूल्यांकन: :

विवरण	आपके प्लांट और कार्यालयों का प्रतिशत जिनका मूल्यांकन किया गया (संस्था द्वारा अथवा सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा अथवा किसी अन्य पक्ष द्वारा)
बाल श्रमिक	100%
जबरन /अनैच्छिक श्रमिक	100%
यौन उत्पीड़न	100%
कार्य स्थल पर भेद भाव	100%
मजदूरी	100%
अन्य- कृपया निर्दिष्ट करें	लागू नहीं

11. उपर्युक्त प्रश्न 10 के मूल्यांकन से उत्पन्न हुई महत्वपूर्ण जोखिमों / चिंताओं का समाधान करने के लिए की गई या की जा रही सुधारात्मक कार्रवाइयों का विवरण प्रदान करें.

मूल्यांकनों से कोई महत्वपूर्ण जोखिम/चिंता उत्पन्न नहीं हुई.

नेतृत्व संकेतक

1. मानवाधिकार संबंधी परिवेदनाओं/शिकायतों के निवारण के परिणामस्वरूप संशोधित की जा रही / शुरू की गई कारोबारी प्रक्रिया का ब्योरा.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक को किसी भी ऐसी घटना या घटनाक्रम की पहचान नहीं हुई या उसका सामना नहीं करना पड़ा है जिसके लिए इसकी मौजूदा पेशकशों या प्रक्रियाओं में बदलाव की आवश्यकता हो, जो इसके आंतरिक नियंत्रण, अनुपालन और अभिशासन तंत्र की मजबूती को दर्शाता है. हालांकि मानवाधिकारों से संबंधित कोई परिवेदना या शिकायत दर्ज नहीं की गई, फिर भी बैंक मानवाधिकार सिद्धांतों के अनुरूप अपनी नीतियों और कारोबारी परिचालनों की समीक्षा और निगरानी करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि नैतिक और जिम्मेदार आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के अपने उद्देश्य के अनुरूप किसी भी संभावित उल्लंघन से बचाव किया जा सके.

2. किसी मानवाधिकार मामले में की गई सम्यक तत्परता का दायरा और व्याप्ति संबंधी विवरण दें

बैंक ने रिपोर्टिंग अवधि के दौरान मानवाधिकार संबंधी कोई औपचारिक सम्यक तत्परता नहीं की है. तथापि, मानवाधिकार संबंधी पहलुओं को मौजूदा नीतियों, संविदात्मक सुरक्षा उपायों और अनुपालन तंत्रों के माध्यम से संबोधित किया गया है.

3. क्या संस्था का परिसर/कार्यालय दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम, 2016 की अपेक्षाओं के अनुसार दिव्यांग आगंतुकों के लिए सुलभ है?

बैंक, दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम, 2016 और लागू सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार, अपने परिसरों में बाधा रहित पहुंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. अधिकतर शाखाएँ निर्धारित अभिगम्यता मानकों का पूर्णतः अनुपालन करती हैं, जबकि अन्य शाखाएं आंशिक रूप से अनुपालन करती हैं और पूर्ण अनुरूपता प्राप्त करने के लिए धीरे-धीरे उन्नत की जा रही हैं. 31 मार्च 2026 को, बैंक की 2,174 शाखाएं थीं (69 आईडीबीआई समीम बैंकिंग आउटलेट को छोड़कर). जिनमें से 1,078 शाखाओं में रैंप की सुविधा है और अन्य 33 शाखाओं में रैंप सुविधाओं का निर्माण कार्य चल रहा है.

जबकि 293 शाखाओं में रैंप सुविधा की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इन शाखाओं का समतल प्रवेश द्वार या लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है. 770 शाखाएं ऊपरी मंजिल पर स्थित हैं जहां रैंप की सुविधा प्रदान करना व्यवहार्य नहीं है. पहुँच को सुदृढ़ करने के लिए, बैंक ने पूरक उपाय अपनाए हैं, जिनमें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं और पहुँच संबंधी मुद्दों को संबोधित करने और आवश्यक सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक शाखा में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति शामिल है.

समावेशी कार्यस्थल के महत्व को समझते हुए, 97 क्षेत्रीय और अंचल कार्यालयों में से 66 में सुलभता संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. बैंक इन सुविधाओं को अन्य कार्यालयों, जहां भी यह संभव हो, तक भी विस्तारित करने के विकल्पों का मूल्यांकन कर रहा है. इसके अतिरिक्त, दृष्टिबाधित कर्मचारियों को कार्यालय परिसर में स्वतंत्र रूप से आने-जाने में सहायता करने के लिए चुनिंदा कार्यालयों में आवाज-आधारित लिफ्ट प्रणाली भी स्थापित की गई है.

4. मूल्य श्रृंखला भागीदारों के मूल्यांकन का ब्योरा:

श्रेणी	मूल्य श्रृंखला भागीदारों का प्रतिशत (ऐसे भागीदारों के साथ किये गये कारोबार के मूल्य के रूप में) जिनका मूल्यांकन किया गया है
बाल श्रमिक	बैंक अपने सभी परिचालनों में सतत प्रथाओं को शामिल करने में अपनी मूल्य श्रृंखला की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, पर्यावरण मानदंडों, श्रम कानूनों, मानवाधिकार आवश्यकताओं और सुरक्षित, स्वस्थ और उत्पीड़न-मुक्त कार्य वातावरण प्रदान करने के संबंध में मूल्य श्रृंखला भागीदारों के अनुपालन का मूल्यांकन करने के लिए एक संरचित मूल्यांकन ढांचा स्थापित करने की प्रक्रिया में है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, 134 प्रमुख विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं द्वारा स्व-घोषणाएं प्रस्तुत की गईं, जिसमें उन्होंने लागू पर्यावरण विनियमों, श्रम कानूनों और मानवाधिकार मानकों के अनुपालन की पुष्टि की. यह मूल्यांकन बैंक की अपनी मूल्य श्रृंखला में जिम्मेदार कारोबार प्रथाओं को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है.
जबरन / अनैच्छिक श्रमिक	
यौन उत्पीड़न	
कार्यस्थल पर भेदभाव	
मजदूरी	
अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें	

5. उपर्युक्त प्रश्न 4 के मूल्यांकन से उत्पन्न हुई महत्वपूर्ण जोखिमों/चिंताओं का समाधान करने के लिए की गई या की जा रही सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें.

हालांकि मूल्यांकन के दौरान कोई महत्वपूर्ण जोखिम या चिंता की पहचान नहीं की गई, फिर भी बैंक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में अपने विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के साथ जुड़कर और उन्हें संवेदनशील बनाकर मानवाधिकार संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखता है.

सिद्धांत 6: कारोबारों को पर्यावरण का सम्मान करना चाहिए और इसकी रक्षा तथा पुनर्स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए

आवश्यक संकेतक

1. निम्नलिखित फॉर्मेट में ऊर्जा की कुल खपत (जूल या गुणकों में) और ऊर्जा की तीव्रता का ब्योरा:

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26@	वित्तीय वर्ष 2024-25
नवीकरणीय स्रोतों से			
बिजली की कुल खपत (ए)	जीजे	-	लागू नहीं
ईंधन की कुल खपत (बी)	जीजे	-	लागू नहीं
अन्य स्रोतों के माध्यम से ऊर्जा की खपत (सी)	जीजे	-	लागू नहीं
नवीकरणीय स्रोतों से ऊर्जा की कुल खपत (ए+बी +सी)	**जीजे**	**-**	**लागू नहीं**
गैर-नवीकरणीय स्रोतों से			
बिजली की कुल खपत (डी)	जीजे	2,84,783.42	2,86,034.83
ईंधन की कुल खपत (ई)	जीजे	27,543.64	24,539.11
अन्य स्रोतों के माध्यम से ऊर्जा की खपत (एफ़)	जीजे	-	0
गैर-नवीकरणीय स्रोतों से ऊर्जा की कुल खपत (डी+ई+एफ़)	**जीजे**	**3,12,327.06**	**3,10,573.94**
ऊर्जा की कुल खपत (ए +बी +सी +डी+ई+एफ़)@	**जीजे**	**3,12,327.06**	**3,10,573.94**

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26@	वित्तीय वर्ष 2024-25
प्रत्येक रुपया टर्नओवर के प्रति ऊर्जा तीव्रता (ऊर्जा की कुल खपत/ परिचालनों से राजस्व)	**जीजे प्रति करोड भारतीय रुपया**	8.74	9.18
क्रय शक्ति समता के लिए समायोजित प्रत्येक रुपया के टर्नओवर के प्रति ऊर्जा की तीव्रता (पीपीपी) (ऊर्जा की कुल खपत/ पीपीपी के लिए समायोजित परिचालनों से राजस्व)	**जीजे प्रति मिलियन यूएसडी**	17.77	18.97
भौतिक उत्पादन के संदर्भ में ऊर्जा की तीव्रता (उर्जा की कुल खपत/ पूर्णकालिक समतुल्य (एफटीई))	**जीजे प्रति एफटीई**	9.77	10.01

नोट: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन किया/आश्वासन दिया गया है? (हाँ/नहीं) यदि हाँ, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएँ.

हां, चोक्शी एंड चोक्शी एलएलपी और सुरी एंड कंपनी, बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के बीआरएसआर कोर प्रकटन के संबंध में उचित आश्वासन दिया है.

@ - वित्तीय वर्ष 2025-26 के ऊर्जा आंकड़े वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों से तुलनीय नहीं हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक ने अपनी सभी 2,244 शाखाओं एवं 283 कार्यालयों की ऊर्जा खपत को शामिल किया है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के ऊर्जा आंकड़ों में निम्नलिखित स्थानों पर वास्तविक उपभोग से प्राप्त डेटा को शामिल किया गया है, जैसे बैंक का प्रधान कार्यालय, बेलापुर स्थित कार्यालय, अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, आईडीबीआई बैंकिंग एवं वित्त उत्कृष्टता केंद्र (आईसीबीएफ), आईडीबीआई शिक्षण केंद्र (आईएलसी) तथा सभी महानगरीय शाखाएँ और अन्य सभी शाखाओं एवं कार्यालयों के लिए सेबी द्वारा अधिसूचित व्यय आधारित पद्धति के आधार पर गणित अनुमानित आंकड़े हैं. विद्युत से ऊर्जा की गणना हेतु सीईए द्वारा प्रकाशित नवीनतम वर्ष 2025 की विद्युत दर को व्यय आधारित पद्धति के आधार पर किया गया है. भारतीय रुपये में तीव्रता की गणना हेतु परिचालनों से राजस्व ब्याज आय एवं अन्य आय का योग है, जिसमें भूमि, भवन एवं अन्य आस्तियों की बिक्री से हुए लाभ/(हानि) (निवल), जैसा एकल वित्तीय विवरणों में प्रकट किया गया है, को शामिल नहीं किया गया है. आईएमएफ द्वारा प्रकाशित रूपांतरण फैक्टर 20.34/अमरीकी डॉलर (वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (अप्रैल 2026) - निहित पीपीपी रूपांतरण दर) का उपयोग क्रय शक्ति समता (पीपीपी) समायोजित तीव्रता की गणना के लिए प्रयुक्त किया गया है. सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीव्रता का प्रकटन भौतिक उत्पादन के संदर्भ में पूर्णकालिक समकक्ष (एफटीई) के आधार पर किया गया है.

2. **क्या संस्था के पास भारत सरकार के कार्यनिष्पादन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना के अंतर्गत नामित उपभोक्ताओं (डीसी) के रूप में पहचानी गई कोई साइट / सुविधाएं हैं? (हां/नहीं) यदि हां, तो प्रकट करें कि क्या पीएटी योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया गया है. यदि लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया गया है, तो की गयी सुधारात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो, की जानकारी प्रदान करें.**

लागू नहीं.

3. **निम्नलिखित फॉर्मेट में जल से संबंधित निम्नलिखित प्रकटीकरण का ब्यौरा प्रस्तुत करें:**

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26@	वित्तीय वर्ष 2024-25
(i) भूपृष्ठीय जल	केएल	-	0
(ii) भूजल	केएल	-	0
(iii) अन्य पक्ष जल	केएल	5,40,151.13	3,33,091.94
(iv) समुद्री जल / अलवणीकृत जल	केएल	-	0
(v) अन्य	केएल	-	0
जल निकासी की कुल मात्रा (i+ ii+ iii+ iv+ v)	**केएल**	5,40,151.13	3,33,091.94
जल की खपत की कुल मात्रा	केएल	5,40,151.13	3,33,091.94
प्रति रुपया टर्नओवर के प्रति जल की तीव्रता (जल की कुल खपत/ परिचालनों से राजस्व)	किलो लीटर्स प्रति करोड़ भारतीय रुपये	15.11	9.85
क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के लिए समायोजित प्रति रुपया टर्नओवर के प्रति जल की तीव्रता (जल की कुल खपत/पीपीपी के लिए समायोजित परिचालनों से राजस्व)	केएल प्रति मिलियन यूएसडी	30.73	20.34
भौतिक उत्पादन के संदर्भ में जल की तीव्रता(जल की कुल खपत/ पूर्णकालिक समतुल्य (एफटीई))	केएल प्रति एफटीई	16.89	10.74

नोट: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन किया/आश्वासन दिया गया है? (हाँ/नहीं) यदि हाँ, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएँ.

हां, चोक्शी एंड चोक्शी एलएलपी और सुरी एंड कंपनी, बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के बीआरएसआर कोर प्रकटन के संबंध में उचित आश्वासन दिया है.

@ - वित्तीय वर्ष 2025-26 के जल उपभोग के आंकड़े वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों से तुलनीय नहीं हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक ने अपनी सभी 2,244 शाखाओं एवं 283 कार्यालयों के जल उपभोग को शामिल किया है. वित्तीय वर्ष 2025-26 में तृतीय पक्ष जल में बैंक के प्रधान कार्यालय, बेलापुर स्थित कार्यालय, अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, आईसीबीएफ, आईडीबीआई शिक्षण केन्द्र तथा महानगरीय शाखाओं हेतु बोतलबंद/पैकेज्ड जल तथा नौ राज्यों में स्थित ऐसे कार्यालयों में स्थानीय निकायों द्वारा घरेलू जल आपूर्ति को शामिल किया है. शेष 20 राज्यों में स्थित उन कार्यालयों के लिए, जहाँ घरेलू जल उपभोग का डेटा उपलब्ध नहीं है, जल उपभोग का अनुमान निम्नलिखित सूत्र के आधार पर किया गया है: (20 लीटर x कर्मचारियों, कामगारों एवं संविदा स्टाफ के कार्य दिवस). अन्य स्थानों, अर्थात् 2,243 शाखाओं एवं 238 कार्यालयों, जहाँ जल बिल उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए सेबी द्वारा अधिसूचित पद्धति के आधार पर निम्नलिखित सूत्र के अनुसार जल उपभोग का अनुमान किया गया है: (45 लीटर x कर्मचारियों, कामगारों एवं संविदा स्टाफ के कार्य दिवस). कर्मचारियों एवं कामगारों के मामले में, कार्य दिवसों की संख्या उनकी वास्तविक उपस्थिति के आधार पर निर्धारित की गई है. संविदा स्टाफ के मामले में, जहाँ वास्तविक उपस्थिति उपलब्ध नहीं है, कार्य दिवसों की संख्या वर्ष के 365 दिनों में से राज्य वार अवकाशों को घटाकर निर्धारित की गई है. जल उपभोग के अनुमान में विपणन सेवाओं हेतु नियुक्त संविदा स्टाफ को शामिल नहीं किया गया है. भारतीय रुपये में तीव्रता की गणना हेतु परिचालनों से राजस्व, ब्याज आय एवं अन्य आय का योग है, जिसमें भूमि, भवन एवं अन्य आस्तियों की बिक्री से हुए लाभ/(हानि) (निवल), जैसा एकल वित्तीय विवरणों में प्रकट किया गया है, को शामिल नहीं किया गया है. आईएमएफ द्वारा प्रकाशित रूपांतरण फैक्टर 20.34/अमरीकी डॉलर (वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (अप्रैल 2026) - निहित पीपीपी रूपांतरण दर) का उपयोग क्रय शक्ति समता (पीपीपी) समायोजित तीव्रता की गणना के लिए प्रयुक्त किया गया है. सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीव्रता का प्रकटन भौतिक उत्पादन के संदर्भ में पूर्णकालिक समकक्ष (एफटीई) के आधार पर किया गया है.

4. जल छोड़ने से संबंधित निम्नलिखित विवरण प्रदान करें:

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26@	वित्तीय वर्ष 2024-25
गंतव्य और उपचार स्तर के आधार पर जल निकासी			
(i) भूपृष्ठीय जल		बैंक ने मुंबई स्थित अपने प्रधान कार्यालय, बेलापुर कार्यालय और आईसीबीएफ, हैदराबाद में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए हैं. उपचारित जल का उपयोग प्रधान कार्यालय और बेलापुर कार्यालय में एयर कंडीशनिंग प्लांट में किया जाता है. आईसीबीएफ में उपचारित जल का उपयोग बागवानी के लिए किया जाता है. ये उपाय जल संरक्षण को बढ़ावा देते हैं और सतत परिचालनों में योगदान देते हैं.	
- कोई उपचार नहीं	केएल		
- उपचार के साथ- कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें	केएल		
(ii) भूजल			
- कोई उपचार नहीं	केएल		
- उपचार के साथ- कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें	केएल		
(iii) समुद्री जल			
- कोई उपचार नहीं	केएल		
- उपचार के साथ- कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें	केएल		
(iv) अन्य पक्ष को भेजा गया			
- कोई उपचार नहीं	केएल		
- उपचार के साथ- कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें	केएल		
(v) अन्य			
- कोई उपचार नहीं	केएल		
- उपचार के साथ- कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें	केएल		
जल की कुल निकासी (किलो लीटर्स में)	केएल		

नोट: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन किया/आश्वासन दिया गया है? (हाँ/नहीं) यदि हाँ, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएँ.

हां, चोक्शी एंड चोक्शी एलएलपी और सुरी एंड कंपनी, बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के बीआरएसआर कोर प्रकटन के संबंध में उचित आश्वासन दिया है.

@ - जिन स्थानों पर एसटीपी उपलब्ध है, वहां ताजे पानी की आवश्यकता को कम करने के लिए उपचारित पानी का पुनः उपयोग किया जाता है. बैंक के प्रधान कार्यालय को छोड़कर अन्य सभी कार्यालयों/शाखाओं में प्रवाह मीटरों की अनुपलब्धता के कारण जल निकासी का मापन नहीं किया जाता है और इस संबंध में कोई डेटा नहीं रखा जाता है. इसके अलावा, जल निकासी का अनुमान लगाने के लिए कोई मानकीकृत दिशानिर्देश न होने के कारण, बैंक जल निकासी का अनुमान लगाने में असमर्थ है. अपशिष्ट जल को संबंधित स्थानों पर नगरपालिका सीवरों के माध्यम से छोड़ा जाता है.

5. क्या संस्था ने शून्य तरल छोड़ने के लिए कोई तंत्र लागू किया है ? यदि हां, तो इसकी व्याप्ति और कार्यान्वयन का विवरण दें.

पर्यावरण संरक्षण के अपने उपायों के हिस्से के रूप में, बैंक ने मुंबई स्थित अपने प्रधान कार्यालय, बेलापुर स्थित कार्यालय और हैदराबाद स्थित आईसीबीएफ में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए हैं. उपचारित जल का उपयोग प्रधान कार्यालय और बेलापुर कार्यालय के एयर कंडीशनिंग संयंत्रों में किया जाता है, जबकि हैदराबाद स्थित आईसीबीएफ में इसका उपयोग बागवानी के लिए किया जाता है. ये पहलें जल संरक्षण को बढ़ावा देती हैं और बैंक के सतत एवं जिम्मेदार परिचालनों के प्रयासों में योगदान देती हैं.

6. कृपया निम्नलिखित प्रारूप में संस्था द्वारा वायु उत्सर्जन (जीएचजी उत्सर्जन के अलावा) का विवरण प्रस्तुत करें:

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
एनओएक्स	एमजी/एनएम^3	1,154.71	लागू नहीं
एसओएक्स	एमजी/एनएम^3	336.48	लागू नहीं
कणिका तत्व (पीएम)	एमजी/एनएम^3	294.71	लागू नहीं
स्थायी कार्बनिक प्रदूषक (पीओपी)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
खतरनाक वायु प्रदूषक (एचएपी)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
अन्य- कृपया निर्दिष्ट करें	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

नोट: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन किया/आश्वासन दिया गया है? (हाँ/नहीं) यदि हाँ, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएँ.

हालांकि वायु उत्सर्जन (ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के अलावा) के लिए कोई अलग आश्वासन नहीं दिया गया था, लेकिन लागू विनियमों और मानकों के अनुसार डीजल-आधारित जनरेटर सेटों के स्टैक उत्सर्जन के परीक्षण रिपोर्टों के आधार पर इसकी जानकारी दी गई है.

7. कृपया निम्नलिखित प्रारूप में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (क्षेत्र 1 और क्षेत्र 2 उत्सर्जन) और इसकी तीव्रता का विवरण प्रदान करें:

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26@	वित्तीय वर्ष 2024-25
क्षेत्र 1 का कुल उत्सर्जन (सीओ2 में जीएचजी, सीएच4, एन2ओ, एचएफसी, पीएफसी, एसएफ6, एनएफ3 का अलग-अलग विवरण, यदि उपलब्ध हो)	टीसीओ2ई	4,518.16	2,360.87
क्षेत्र 2 का कुल उत्सर्जन (सीओ2 में जीएचजी, सीएच4, एन2ओ, एचएफसी, पीएफसी, एसएफ6, एनएफ3 का अलग-अलग विवरण, यदि उपलब्ध हो)	टीसीओ2ई	56,165.62	57,763.14
क्षेत्र 1 और क्षेत्र 2 का कुल उत्सर्जन@	टीसीओ2ई	60,683.78	60,124.01
प्रति रुपया टर्नओवर के हिसाब से क्षेत्र 1 और क्षेत्र 2 का कुल उत्सर्जन (क्षेत्र 1 और 2 का कुल जीएचजी उत्सर्जन / परिचालनों से राजस्व)	टीसीओ2ई प्रति करोड भारतीय रुपया	1.70	1.78
क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के लिए समायोजित प्रति रुपया टर्नओवर के हिसाब से क्षेत्र 1 और क्षेत्र 2 का कुल उत्सर्जन (क्षेत्र 1 और 2 का कुल जीएचजी उत्सर्जन / पीपीपी के लिए समायोजित परिचालनों से राजस्व)	टीसीओ2ई प्रति मिलियन यूएसडी	3.45	3.67
भौतिक उत्पादन के संदर्भ में क्षेत्र 1 और क्षेत्र 2 के कुल उत्सर्जन की तीव्रता (क्षेत्र 1 और क्षेत्र 2 के कुल जीएजजी उत्सर्जन / पूर्णकालिक समतुल्य (एफटीई))	टीसीओ2ई प्रति मिलियन एफटीई	1.90	1.94

नोट: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन किया/आश्वासन दिया गया है? (हाँ/नहीं) यदि हाँ, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएँ.

हां, चोक्शी एंड चोक्शी एलएलपी और सुरी एंड कंपनी, बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के बीआरएसआर कोर प्रकटन के संबंध में उचित आश्वासन दिया है.

@ - वित्तीय वर्ष 2025-26 के जीएचजी उत्सर्जन के आंकड़े वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों से तुलनीय नहीं हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक ने अपनी सभी 2,243 शाखाओं एवं 283 कार्यालयों की ऊर्जा खपत को शामिल किया है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीएचजी उत्सर्जन - क्षेत्र 1 में सभी स्थानों पर क्रय किए गए ईंधन (स्वामित्व वाले वाहन एवं डीज़ल जनरेटर) से उत्सर्जन, 31 शाखाओं एवं कार्यालयों के अग्निशामक यंत्रों से फ्यूगिटिव उत्सर्जन तथा 55 शाखाओं एवं कार्यालयों की एसी से गैस रिसाव को शामिल किया गया है. जीएचजी उत्सर्जन - क्षेत्र 2 में, वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक की 2,243 शाखाओं एवं 283 कार्यालयों में क्रय की गई

विद्युत से होने वाले उत्सर्जन को शामिल किया गया है. डीज़ल एवं पेट्रोल के लिए उत्सर्जन फैक्टर सेबी द्वारा जारी उद्योग मानक संबंधी परिपत्र से लिया गया है. क्रय की गई विद्युत के लिए उत्सर्जन फैक्टर, सीईए द्वारा प्रकाशित भारतीय विद्युत क्षेत्र हेतु सीओ2 बेसलाइन डेटाबेस - दिसंबर 2025' से लिया गया है. भारतीय रुपये में तीव्रता की गणना हेतु परिचालनों से राजस्व, ब्याज आय एवं अन्य आय का योग है, जिसमें भूमि, भवन एवं अन्य आस्तियों की बिक्री से हुए लाभ/(हानि) (निवल), जैसा एकल वित्तीय विवरणों में प्रकट किया गया है, को शामिल नहीं किया गया है. आईएमएफ द्वारा प्रकाशित रूपांतरण फैक्टर 20.34/अमरीकी डॉलर (वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (अप्रैल 2026) - निहित पीपीपी रूपांतरण दर) का उपयोग क्रय शक्ति समता (पीपीपी) समायोजित तीव्रता की गणना के लिए प्रयुक्त किया गया है. सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीव्रता का प्रकटन भौतिक उत्पादन के संदर्भ में पूर्णकालिक समकक्ष (एफटीई) के आधार पर किया गया है.

8. क्या संस्था के पास ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने से संबंधित कोई परियोजना है? यदि ''हाँ'', तो विवरण दें.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने ऊर्जा खपत को कम करने, ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को न्यूनतम करने और जलवायु जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए परिचालन, प्रौद्योगिकी और वित्तपोषण संबंधी कई पहलें कीं. परिचालन स्तर पर, कार्यालयों और शाखाओं में ऊर्जा दक्षता उपायों को सुदृढ़ करने के लिए प्राकृतिक प्रकाश का अधिकतम उपयोग, पारंपरिक प्रकाश व्यवस्था को ऊर्जा-कुशल एलईडी उपकरणों से बदलना, सेंट्रल, डक्ट, स्प्लिट और विंडो यूनिट एयर कंडीशनिंग में तापमान को 25°C से 26°C पर मानकीकृत करना, केबिन और बैंक-ऑफिस की लाइटों को नियमित रूप से बंद करना, लंबे समय तक निष्क्रिय रहने पर डेस्कटॉप और पीसी को बंद करना तथा टेलीविजन, फोटोकॉपी मशीन और श्रेडर जैसे कार्यालय उपकरणों को उपयोग में न होने पर बंद करना सुनिश्चित किया गया. इष्टतम ऊर्जा दक्षता बनाए रखने के लिए उपकरणों के वार्षिक रखरखाव अनुबंधों (एएमसी) का समय पर नवीनीकरण भी सुनिश्चित किया गया.

बैंक ने वर्ष के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग का विस्तार करना जारी रखा. नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में, बैंक ने मुंबई स्थित अपने प्रधान कार्यालय में 40 किलोवाट-पीक (केडब्ल्युपी) और कोल्हापुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में 20 किलोवाट-पीक क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की है. नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को और मजबूत करते हुए, अहमदाबाद क्षेत्रीय कार्यालय में 40 केडब्ल्युपी का सौर ऊर्जा संयंत्र वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत में पूरा होने के करीब था. इसके अतिरिक्त, हैदराबाद और चंडीगढ़ कार्यालयों में क्रमशः 65 केडब्ल्युपी और 60 केडब्ल्युपी के सौर संयंत्रों का निर्माण भी शीघ्र ही पूरा होने वाला है. बैंक ने तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर अन्य स्थानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाना जारी रखा है.

डिजिटलीकरण की पहलों ने उत्सर्जन में कमी लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बोर्ड ज्ञापन की आवाजाही के डिजिटलीकरण से 3.60 टीसीओ2ई और क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट के डिजिटलीकरण से अतिरिक्त 5.40 टीसीओ2ई कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिली है.

वर्ष के दौरान सतत बुनियादी संरचना विकास में भी प्रगति हुई, जिसमें आईसीबीएफ में नए परिसर विकास परियोजना का निर्माण इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) के हरित भवन मानकों के अनुसार किया जा रहा है और यह कार्य प्रगति पर है, जो कि दिसंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है. वित्तपोषण के दृष्टिकोण से, बैंक की ऋण नीति ने व्यापक ग्रीनहाउस गैस न्यूनीकरण प्रयासों का समर्थन करने के लिए सतत वित्त को प्राथमिकता देना जारी रखा. विशिष्ट उधार और निवेश गतिविधियों से जुड़े उत्सर्जन के बारे में बेहतर जानकारी प्राप्त करने हेतु एक नमूना ऋण पोर्टफोलियो के लिए वित्तपोषित उत्सर्जन का आकलन किया गया. जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों के तहत, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने जलवायु जोखिम न्यूज़लेटर के त्रैमासिक संस्करण प्रकाशित किए, जिनमें जलवायु परिवर्तन के जोखिमों, शमन रणनीतियों और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विनियामक घटनाक्रमों पर लेख शामिल थे.

बैंक ने सतत ऋण देने संबंधी निर्णयों का समर्थन करने के लिए रणनीतिक समीक्षा भी की, जिसके तहत नवीकरणीय ऊर्जा (सौर और वायु) पोर्टफोलियो और स्मार्ट मीटर पोर्टफोलियो की समीक्षा पर उद्योग से संबंधित पेपर वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान वरिष्ठ प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत किए गए, नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित पेपर ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) के समक्ष और स्मार्ट मीटर से संबंधित पेपर कार्यपालक समिति (ईसी) के समक्ष प्रस्तुत किए जा रहे हैं. इसके अलावा, ईएसजी स्कोरकार्ड को अंतिम रूप देने का काम उन्नत चरण में है और सितंबर 2026 तक इसके चालू होने की उम्मीद है. वर्ष के दौरान, बैंक ने वसुंधरा ग्रीन डिपॉजिट योजना के तहत ₹ 8.33 करोड़ जुटाए और 31 दिसंबर 2025 को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को ₹ 675.20 करोड़ का बकाया ऋण बनाए रखा, जिसमें सौर और वायु ऊर्जा उत्पादन कंपनियां, मूल्य-श्रृंखला प्रतिभागी और खुदरा उधारकर्ता शामिल हैं. कुल मिलाकर, ये पहलें ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने, उत्सर्जन में कमी, सतत वित्त और जलवायु जोखिम प्रबंधन के प्रति बैंक के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाती हैं.

9. निम्नलिखित प्रारूप में संस्था द्वारा कचरा प्रबंधन से संबंधित विवरण प्रदान करें:

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26@	वित्तीय वर्ष 2024-25
उत्पन्न कुल कचरा			
प्लास्टिक (ए)	एमटी	8.54	4.30
ई-कचरा (बी)	एमटी	58.70	38.22
जैव-चिकित्सीय कचरा (सी)	एमटी	0	0
निर्माण और विनष्टीकरण का कचरा(डी)	एमटी	144.89	69.00

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26[@]	वित्तीय वर्ष 2024-25
बैटरी कचरा (ई)	एमटी	86.86	90.62
रेडियोएक्टिव कचरा (एफ)	एमटी	0	0
अन्य हानिकारक कचरा, यदि कोई हो, कृपया निर्दिष्ट करें (जी)	एमटी	0	0
उत्पन्न हुआ अन्य गैर हानिकारक कचरा (एच) यदि कोई हो तो, कृपया निर्दिष्ट करें. (संरचना के अनुसार अर्थात क्षेत्र से संबंधित सामग्री के अनुसार ब्योरा)	**एमटी**	301.37	206.57
कुल (ए +बी +सी +डी +ई +एफ +जी +एच)[@]	**एमटी**	600.36	408.71
प्रति रुपए टर्नओवर पर कचरा तीव्रता (उपभोग किया गया कुल कचरा/परिचालन से राजस्व)	**एमटी प्रति करोड भारतीय रुपया**	0.02	0.01
क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के लिए समायोजित प्रति रुपया टर्नओवर पर कचरे की तीव्रता (उपभोग किया गया कुल कचरा/ पीपीपी के लिए समायोजित परिचालन से राजस्व)	**एमटी प्रति मिलियन यूएसडी**	0.03	0.02
भौतिक उत्पादन के संदर्भ में कचरे की तीव्रता (उत्पन्न कुल कचरा / पूर्णकालिक समतुल्य (एफटीई))	**एमटी प्रति मिलियन एफटीई**	0.02	0.01
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकल, पुन: उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन के माध्यम से पुनर्प्राप्त कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: प्लास्टिक कचरा (ए)			
(i) रिसाइकल	एमटी	-	-
(ii) पुनःउपयोग	एमटी	-	-
(iii) अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन	एमटी	-	-
कुल	**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी हेतु निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार निपटाया गया कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: प्लास्टिक कचरा (ए)			
(i) जलाना	एमटी	-	-
(ii) जमीन में भर देना	एमटी	-	-
(iii) अन्य निपटान परिचालन	एमटी	8.54	4.30
कुल	**एमटी**	**8.54**	**4.30**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकल, पुन: उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालनों के माध्यम से पुनर्प्राप्त कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: ई- कचरा (बी)			
(i) रिसाइकल	एमटी	58.70	128.84
(ii) पुनःउपयोग	एमटी	-	-
(iii) अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन	एमटी	-	-
कुल	**एमटी**	**58.70**	128.84
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी हेतु निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार निपटाया गया कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: ई-कचरा (बी)			
(i) जलाना	एमटी	-	-
(ii) जमीन में भर देना	एमटी	-	-
(iii) अन्य निपटान परिचालन	एमटी	-	-
कुल	**एमटी**	**-**	**-**

मापदंड		यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26@	वित्तीय वर्ष 2024-25
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकल, पुन: उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालनों के माध्यम से पुनर्प्राप्त कुल कचरा (मेट्रिक टन में)				
कचरे की श्रेणी: जैव-चिकित्सीय कचरा (सी)				
(i)	रिसाइकल	एमटी	-	-
(ii)	पुन:उपयोग	एमटी	-	-
(iii)	अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन	एमटी	-	-
कुल		**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी हेतु, निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार निपटाया गया कुल कचरा (मेट्रिक टन में)				
कचरे की श्रेणी: जैव-चिकित्सीय कचरा (सी)				
(i)	जलाना	एमटी	-	-
(ii)	भूमि में भर देना	एमटी	-	-
(iii)	अन्य निपटान परिचालन	एमटी	-	-
कुल		**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकल, पुन: उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालनों के माध्यम से पुनर्प्राप्त कुल कचरा (मेट्रिक टन में)				
कचरे की श्रेणी: निर्माण और विनष्टीकरण का कचरा(डी)				
(i)	रिसाइकल	एमटी	-	-
(ii)	पुन:उपयोग	एमटी	-	-
(iii)	अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन	एमटी	-	-
कुल		**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी हेतु, निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार निपटाया गया कुल कचरा (मेट्रिक टन में)				
कचरे की श्रेणी: निर्माण और विनष्टीकरण का कचरा(डी)				
(i)	जलाना	एमटी	-	-
(ii)	जमीन में भर देना	एमटी	-	-
(iii)	अन्य निपटान परिचालन	एमटी	144.89	69.00
कुल		**एमटी**	**144.89**	**69.00**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकल, पुन: उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालनों के माध्यम से पुनर्प्राप्त कुल कचरा (मेट्रिक टन में)				
कचरे की श्रेणी: बैटरी कचरा (ई)				
(i)	रिसाइकल	एमटी	86.86	90.62
(ii)	पुन:उपयोग	एमटी	-	-
(iii)	अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन	एमटी	-	-
कुल		**एमटी**	**86.86**	**90.62**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी हेतु, निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार निपटाया गया कुल कचरा (मेट्रिक टन में)				
कचरे की श्रेणी: बैटरी कचरा (ई)				
(i)	जलाना	एमटी	-	-
(ii)	जमीन में भर देना	एमटी	-	-
(iii)	अन्य निपटान परिचालन	एमटी	-	-
कुल		**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकल, पुन: उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालनों के माध्यम से पुनर्प्राप्त कुल कचरा (मेट्रिक टन में)				
कचरे की श्रेणी: रेडियोएक्टिव कचरा (एफ)				
(i)	रिसाइकल	एमटी	-	-
(ii)	पुन:उपयोग	एमटी	-	-
(iii)	अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन	एमटी	-	-
कुल		**एमटी**	**-**	**-**

मापदंड	यूनिट	वित्तीय वर्ष 2025-26@	वित्तीय वर्ष 2024-25
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी हेतु, निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार निपटाया गया कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: रेडियोएक्टिव कचरा (एफ)			
(i) जलाना	एमटी	-	-
(ii) जमीन में भर देना	एमटी	-	-
(iii) अन्य निपटान परिचालन	एमटी	-	-
कुल	**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकल, पुन: उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालनों के माध्यम से पुनर्प्राप्त कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: अन्य खतरनाक कचरा (जी)			
(i) रिसाइकल	एमटी	-	-
(ii) पुनःउपयोग	एमटी	-	-
(iii) अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन	एमटी	-	-
कुल	**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी हेतु, निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार निपटाया गया कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: अन्य खतरनाक कचरा (जी)			
(i) जलाना	एमटी	-	-
(ii) जमीन में भर देना	एमटी	-	-
(iii) अन्य निपटान परिचालन	एमटी	-	-
कुल	**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकल, पुन: उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालनों के माध्यम से पुनर्प्राप्त कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: अन्य गैर-खतरनाक कचरा (एच)			
(i) रिसाइकल	एमटी	-	-
(ii) पुनःउपयोग	एमटी	-	-
(iii) अन्य पुनर्प्राप्ति परिचालन	एमटी	-	-
कुल	**एमटी**	**-**	**-**
उत्पन्न हुए कचरे की प्रत्येक श्रेणी हेतु, निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार निपटाया गया कुल कचरा (मेट्रिक टन में)			
कचरे की श्रेणी: अन्य गैर-खतरनाक कचरा (एच)			
(i) जलाना	एमटी	-	-
(ii) जमीन में भर देना	एमटी	-	-
(iii) अन्य निपटान परिचालन	एमटी	301.37	206.57
कुल	**एमटी**	**301.37**	**206.57**

नोट: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन किया/आश्वासन दिया गया है? (हाँ/नहीं) यदि हाँ, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएँ.

हां, चोक्शी एंड चोक्शी एलएलपी और सुरी एंड कंपनी, बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के बीआरएसआर कोर प्रकटन के संबंध में उचित आश्वासन दिया है.

@ - वित्तीय वर्ष 2025-26 के अपशिष्ट संबंधी आंकड़े वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों से तुलनीय नहीं हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय, बेलापुर स्थित कार्यालय, आईसीबीएफ तथा चयनित अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों/शाखाओं में उत्पन्न अपशिष्ट को शामिल किया है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के ई-कचरे और बैटरी कचरे के आंकड़े पूरे भारत के रिपोर्ट किए गये हैं. भारतीय रुपये में तीव्रता की गणना हेतु परिचालनों से राजस्व, ब्याज आय एवं अन्य आय का योग है, जिसमें भूमि, भवन एवं अन्य आस्तियों की बिक्री से हुए लाभ/(हानि) (निवल), जैसा एकल वित्तीय विवरणों में प्रकट किया गया है, को शामिल नहीं किया गया है. आईएमएफ द्वारा प्रकाशित रूपांतरण फैक्टर 20.34/अमरीकी डॉलर (वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (अप्रैल 2026) - निहित पीपीपी रूपांतरण दर) का उपयोग क्रय शक्ति समता (पीपीपी) समायोजित तीव्रता की गणना के लिए प्रयुक्त किया गया है. सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीव्रता का प्रकटन भौतिक उत्पादन के संदर्भ में पूर्णकालिक समकक्ष (एफटीई) के आधार पर किया गया है.

10. आपके प्रतिष्ठानों में अपनाई गई कचरा प्रबंधन पद्धतियों का संक्षेप में वर्णन करें. अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं में खतरनाक और जहरीले रसायनों के उपयोग को कम करने के लिए आपकी कंपनी द्वारा अपनाई गई रणनीति और ऐसे कचरे के प्रबंधन के लिए अपनाई गई पद्धतियों का वर्णन करें.

वित्तीय सेवा संस्थान होने के नाते, बैंक द्वारा उत्पन्न होने वाले खतरनाक कचरे की प्राथमिक श्रेणी ई-कचरा है. ई-कचरे के सतत समाधान हेतु, बैंक ने सभी कार्यालयों और शाखाओं में लागू एक व्यापक ई-कचरा प्रबंधन नीति तैयार की है. बैंक पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) द्वारा निर्धारित निपटान दिशानिर्देशों का पालन करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी ई-कचरा उत्पन्न होने के 180 दिनों के भीतर निपटान कर दिया जाए. निपटान केवल प्राधिकृत और पंजीकृत रिसाइकिलकर्ताओं के माध्यम से ही किया जाता है, और नियामक अनुपालन एवं जिम्मेदार कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए ई-कचरे के उत्पादन और निपटान को ट्रैक करने के लिए एक प्रणाली स्थापित की गई है. इसके अतिरिक्त, बैटरियों का प्रबंधन विक्रेता बायबैक व्यवस्था के माध्यम से किया जाता है, जिससे जिम्मेदार रिसाइक्लिंग और पुनर्प्राप्ति को बढ़ावा मिलता है. कार्यालयों और शाखाओं से उत्पन्न अन्य प्रकार का कचरा, जिनका रिसाइकल या पुनः उपयोग नहीं किया जाता है, उन्हें लागू विनियमों के अनुसार स्थानीय निकायों या उपयुक्त वैकल्पिक तंत्रों के माध्यम से जिम्मेदारीपूर्वक निपटाया जाता है.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने "माई ऑफिस माई प्राइड" अभियान के तहत पुराने अभिलेखों और फाइलों का वीडींग आउट अभियान चलाया. इस पहल के अंतर्गत, 14,550 किलोग्राम पुराने और अनुपयोगी कागज एवं फाइलें का निपटान किया गया, जिससे स्वच्छ कार्यक्षेत्र और अधिक टिकाऊ कार्य वातावरण बनाने में योगदान मिला. कागज का उपयोग और कम करने के लिए, प्रधान कार्यालय, मुंबई में प्रमुख स्थानों पर डिजिटल सूचना पैनल स्थापित किए गए हैं. इसके अलावा, बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय में विंग पैसेज, क्रॉस पैसेज और लिफ्ट लॉबी की सफाई करवाई है ताकि निर्बाध आवागमन सुनिश्चित हो सके और आपातकालीन या संकट की स्थितियों में मानव जीवन को होने वाले जोखिमों को कम किया जा सके. इस प्रक्रिया के दौरान, बैंक ने पुरानी अलमारी (17 संख्या), साइड रैक (26 संख्या) और दराज (18 संख्या) सहित कबाड़ सामग्री का निपटान किया. कबाड़ सामग्री की बिक्री से कुल ₹ 7,76,241 की राशि प्राप्त हुई. सभी शाखाओं को अनुपयोगी और बेकार पड़ी सामग्रियों का आवधिक आधार पर निपटान करने और पुराने फर्नीचर को यथासंभव रिसाईकल करने की सलाह दी गई. समग्र तौर पर, बैंक सांविधिक आवश्यकताओं और स्थिरता उद्देश्यों के अनुरूप, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और कचरा प्रबंधन पद्धतियों का पालन करने का अनुसरण करता है.

11. यदि संस्था के परिचालन /कार्यालय पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (जैसे नैशनल पार्क, वन्यजीव अभ्यारण्य, जीवमंडल रिज़र्व, झीलों, जैव विविधता हॉटस्पॉट, वन, तटीय विनियमन क्षेत्र आदि) में या उसके आसपास स्थित हैं, जहां पर्यावरणीय अनुमोदन/मंजूरी आवश्यक है, कृपया निम्नलिखित प्रारूप में विवरण प्रस्तुत करें:

क्रम सं.	परिचालनों/कार्यालयों का स्थान	परिचालनों का प्रकार	क्या पर्यावरण संबंधी अनुमोदन /मंजूरी की शर्तों का अनुपालन किया जा रहा है? (हाँ/नहीं) यदि नहीं, तो इसके कारण और यदि कोई सुधारात्मक कार्रवाई की गई हो, तो उसका विवरण दें.

हालांकि बैंक की वित्तीय सेवाओं के परिचालन की प्रकृति के कारण यह प्रश्न बैंक पर लागू नहीं होता है, फिर भी बैंक अपने जिम्मेदार कारोबार दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में स्थायी प्रथाओं को अपनाना जारी रखता है और लागू पर्यावरणीय विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करता है.

12. चालू वित्तीय वर्ष में लागू क़ानूनों के आधार पर संस्था द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभाव के मूल्यांकन का विवरण:

परियोजना का नाम और संक्षिप्त विवरण	ईआईए अधिसूचना संख्या.	दिनांक	क्या यह किसी स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा संचालित किया गया था (हाँ / नहीं)	परिणाम सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किए गए (हाँ / नहीं)	संबंधित वेब लिंक

लागू नहीं

13. क्या संस्था भारत में लागू पर्यावरणीय कानून/ विनियमों/ दिशानिर्देशों का अनुपालन करती है; जैसे जल (प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, वायु, (प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाये गये नियम (हाँ /नहीं). यदि नहीं, तो ऐसे सभी अननुपालनों का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रस्तुत करें:

हां, संस्था भारत में लागू पर्यावरणीय कानूनों/ विनियमों/ दिशानिर्देशों का अनुपालन करती है, जैसे कि जल (प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, वायु (प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाये गये नियम.

क्रम सं.	उस कानून / विनियम / दिशानिर्देश का उल्लेख करें जिसका अनुपालन नहीं किया गया था	अननुपालन का ब्योरा प्रस्तुत करें	विनियामक एजेंसियों जैसे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अथवा अदालतों द्वारा लगाया गया दंड/ जुर्माना/ की गई कार्रवाई	की गई सुधारात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो
वर्ष के दौरान अननुपालन का ऐसा कोई मामला न तो देखा गया और न ही रिपोर्ट किया गया.				

नेतृत्व संकेतक

1. 'जल संकट' वाले क्षेत्रों में जल निकासी, उपभोग और निर्वहन (किलो लीटर में):

जल संकट वाले क्षेत्रों में स्थित प्रत्येक सुविधा/संयंत्र के लिए, निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें:

(i) क्षेत्र का नाम

(ii) परिचालन की प्रकृति

(iii) निम्नलिखित प्रारूप में जल निकासी, उपभोग और छोड़ना :

मापदंड	इकाई	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
स्रोत द्वारा जल निकासी			
(i) सतही जल	केएल	-	-
(ii) भू-जल	केएल	-	-
(iii) अन्य पक्ष जल	केएल	-	-
(iv) समुद्री जल / अलवणीकृत जल	केएल	-	-
(v) अन्य	केएल	-	-
जल निकासी की कुल मात्रा (i+ ii+ iii+ iv+ v)	केएल	-	-
जल उपभोग की कुल मात्रा	केएल	-	-
प्रति रुपया टर्नओवर के लिए जल तीव्रता (कुल जल उपभोग/ परिचालनों से राजस्व)	केएल प्रति करोड़ भारतीय रुपया	-	-
क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के लिए समायोजित प्रति रुपया टर्नओवर के प्रति जल तीव्रता (कुल जल उपभोग /पीपीपी के लिए समायोजित परिचालनों से राजस्व)	केएल प्रति मिलियन यूएसडी	-	-
भौतिक उत्पादन के संदर्भ में जल तीव्रता (जल का कुल उपभोग/ पूर्णकालिक समतुल्य (एफटीई))	केएल प्रति एफटीई	-	-
जल की तीव्रता (वैकल्पिक) - प्रासंगिक मैट्रिक संस्था द्वारा चुना जा सकता है	-	-	-

मापदंड	इकाई	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
गंतव्य और उपचार स्तर के आधार पर छोड़ा गया जल			
(i) सतही जल में			
- कोई उपचार नहीं		-	-
- उपचार के साथ - कृपया उपचार स्तर का उल्लेख करें		-	-
(ii) भू-जल में			
- कोई उपचार नहीं		-	-
- उपचार के साथ - कृपया उपचार स्तर का उल्लेख करें		-	-
(iii) समुद्री जल में			
- कोई उपचार नहीं		-	-
- उपचार के साथ - कृपया उपचार स्तर का उल्लेख करें		-	-
(iv) अन्य-पक्षों को भेजा गया			
- कोई उपचार नहीं		-	-
- उपचार के साथ - कृपया उपचार स्तर का उल्लेख करें		-	-
(v) अन्य			
- कोई उपचार नहीं		-	-
- उपचार के साथ - कृपया उपचार स्तर का उल्लेख करें		-	-
छोड़ा गया कुल जल (किलोलीटर में)		-	-

2. कृपया निम्नलिखित प्रारूप में कुल क्षेत्र 3 उत्सर्जन एवं इसकी तीव्रता का ब्योरा प्रस्तुत करें :

मापदंड	इकाई	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
कुल क्षेत्र 3 का उत्सर्जन[@] (सीओ2 का जीएचजी, सीएच4, एन2ओ, एचएफसी, पीएफसी, एसएफ6, एनएफ3 का अलग अलग विवरण प्रस्तुत करें, यदि उपलब्ध है)	एमटीसीओ2ई	1,365.91	1,573.92
प्रति एक रुपया टर्नओवर पर कुल क्षेत्र 3 की उत्सर्जन तीव्रता	एमटीसीओ2ई प्रति भारतीय रुपया	0.04	0.05
भौतिक उत्पादन के संदर्भ में कुल क्षेत्र 3 उत्सर्जन तीव्रता (वैकल्पिक) (कुल क्षेत्र 3 उत्सर्जन / पूर्णकालिक समतुल्य (एफटीई))	एमटीसीओ2ई प्रति एफ़टीई	0.04	0.05

[@] - क्षेत्र 3 उत्सर्जन की गणना व्यावसायिक यात्रा श्रेणी (केवल हवाई यात्रा शामिल) के लिए व्यय आधार पर की जाती है. भारतीय रुपये में तीव्रता की गणना के लिए परिचालनों से प्राप्त राजस्व, भूमि, भवन और अन्य आस्तियों की बिक्री से लाभ/(हानि) को छोड़कर (निवल) ब्याज आय और अन्य आय का योग है, जैसा कि एकल वित्तीय विवरणों में उल्लेख किया गया है. सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीव्रता को पूर्णकालिक समतुल्य (एफटीई) के आधार पर भौतिक उत्पादन के रूप में प्रकट किया है.

3. उपर्युक्त आवश्यक संकेतकों के प्रश्न 11 में रिपोर्ट की गई पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में, ऐसे क्षेत्रों में रोकथाम और उपचारात्मक गतिविधियों के साथ-साथ जैव-विविधता पर संस्था के महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव का ब्योरा प्रदान करें.

वित्तीय सेवा प्रदाता होने के नाते यह प्रश्न बैंक पर लागू नहीं होता है. तथापि, बैंक सतत संचालन और लागू पर्यावरणीय कानूनों एवं विनियमों के पूर्ण अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है.

4. यदि संस्था ने संसाधनों की दक्षता में सुधार लाने, अथवा उत्सर्जन/प्रवाह निर्वहन / उत्पन्न कचरे के कारण होने वाले प्रभाव को कम करने के लिए कोई विशिष्ट पहल अथवा किसी अभिनव प्रोद्यौगिकी या समाधान का उपयोग किया है, कृपया निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार इन पहलों के विवरण और परिणामों की जानकारी प्रदान करें:

क्रम सं.	की गई पहल	पहल का विवरण (वेब-लिंक, यदि कोई हो, तो सारांश के साथ प्रदान किया जाए)	पहल का परिणाम

बैंक ऊर्जा दक्षता और संसाधन अनुकूलन पर विशेष ध्यान देते हुए अपनी पर्यावरण प्रबंधन पद्धतियों को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है. ऊर्जा-कुशल प्रकाश व्यवस्था, उपस्थिति-आधारित सेंसर प्रणालियों और प्राकृतिक प्रकाश पर अधिक निर्भरता को अपनाकर, बैंक स्वस्थ कार्य वातावरण को बढ़ावा देते हुए बिजली की खपत को सक्रिय रूप से कम कर रहा है. इन प्रयासों को कर्मचारियों के लिए निरंतर जागरूकता पहलों द्वारा समर्थित किया जाता है जो ऊर्जा के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देती हैं.

नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, बैंक ने मुंबई स्थित अपने प्रधान कार्यालय में 40 किलोवाट-पीक (केडब्लयुपी) और कोल्हापुर क्षेत्रीय कार्यालय में 20 केडब्लयुपी क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की है. नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को और मजबूत करते हुए, अहमदाबाद अंचल कार्यालय में 40 केडब्लयुपी का सौर ऊर्जा संयंत्र वर्ष के अंत तक पूरा होने के करीब था. इसके अतिरिक्त, हैदराबाद और चंडीगढ़ कार्यालयों में क्रमशः 65 केडब्लयुपी और 60 केडब्लयुपी के सौर संयंत्रों का निर्माण भी जल्द ही पूरा होने वाला है. बैंक तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर अन्य स्थानों पर भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगा रहा है.

नवीकरणीय ऊर्जा की पहलों के अलावा, बैंक ने समग्र संसाधन दक्षता बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं. अपशिष्ट उत्पादन को कम करने के लिए पुराने फर्नीचरों को नया रूप देकर उसका पुनः उपयोग किया जाता है. बैंक के प्रधान कार्यालय, बेलापुर और आईसीबीएफ में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से प्राप्त रिसाइकल जल का उपयोग एयर कंडीशनिंग कंडेंसर के परिचालन और बागवानी के लिए किया जाता है, जिससे ताजे पानी का उपभोग कम होता है.

सर्वोत्तम परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए, विद्युत संबंधी मरम्मत का काम तुरंत किया जाता है और एयर कंडीशनिंग सिस्टम का नियमित निवारक रखरखाव किया जाता है. इसके अतिरिक्त, बैंक ने हाल ही में प्रधान कार्यालय में दो एयर हैंडलिंग यूनिट (एएचयू) को वेरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव (वीएफडी) से सुसज्जित यूनिटों से बदल दिया है, और निकट भविष्य में छह अतिरिक्त एएचयू को बदलने की योजना है. समग्र तौर पर, ये सभी पहलें ऊर्जा संरक्षण, जिम्मेदार संसाधन प्रबंधन और पर्यावरण के प्रति जागरूक परिचालनों के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं.

संधारणीयता परिचालन और संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, बैंक ने अपशिष्ट को कम करने और पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करने के उद्देश्य से कई पहलें की हैं. ऐसी ही एक पहल में एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक की बोतलों को पुनःउपयोग योग्य कांच की बोतलों से बदलना शामिल है, जिससे प्लास्टिक की खपत कम हो और दीर्घकालिक अपशिष्ट न्यूनीकरण में सहायता मिले. इसके अतिरिक्त, बैंक ने अपने डाइनिंग लाउंज में खाद्य अपशिष्ट मापन तंत्र स्थापित किए हैं, जिससे खाद्य उपभोग के पैटर्न की निगरानी करना और अनावश्यक अपशिष्ट को कम करने के अवसरों की पहचान करना संभव हो पाता है. यह सुनियोजित दृष्टिकोण न केवल संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग को बढ़ावा देता है, बल्कि कर्मचारियों में जिम्मेदार उपभोग के प्रति जागरूकता भी बढ़ाता है.

5. क्या संस्था के पास कारोबार निरंतरता और आपदा प्रबंधन योजना है? 100 शब्दों में ब्योरा / वेब लिंक प्रदान करें.

मानव जीवन की सुरक्षा करने और व्यवधान या आपदाओं के दौरान बैंकिंग सेवाओं में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक व्यापक व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) ढांचा तैयार किया है. सभी महत्वपूर्ण विभागों के लिए व्यवसाय निरंतरता योजना (बीसीपी) दस्तावेजों में व्यावसायिक व्यवधानों या आपदाओं से निपटने की प्रक्रियाओं के साथ-साथ पुनर्प्राप्ति रणनीतियाँ और योजनाएं भी शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, आपातकाल के दौरान मानव जीवन की सुरक्षा और मूल्यवान आस्तियों को कम नुकसान होने के लिए प्रमुख स्थानों पर एक व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) लागू की गई है. विभिन्न व्यवधान परिदृश्यों के तहत इन योजनाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन बीसीपी परीक्षण अभ्यासों, आपदा रिकवरी अभ्यासों और महत्वपूर्ण आईटी अनुप्रयोगों के लिए समग्र अभ्यासों के साथ-साथ बैंक की सुविधाओं पर मॉक निकासी अभ्यासों के माध्यम से किया जाता है. बैंक की व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (बीसीएमएस) आईएसओ 22301:2019 के अनुरूप है. कृपया अधिक जानकारी के लिए देखें: (https://www.idbibank.in/pdf/basel/BCM-Disclosure.pdf).

6. संस्था की मूल्य श्रृंखला से पर्यावरण पर पड़ने वाले किसी महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव को प्रकट करें. इस संबंध में संस्था द्वारा क्या शमन या अनुकूलन उपाय किए गए हैं.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं से कोई महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव की सूचना प्राप्त नहीं हुई है. बैंक निरंतर अनुपालन सुनिश्चित करने और किसी भी उभरते जोखिम की शीघ्र पहचान करने के लिए साझेदारों के परिचालनों पर कड़ी निगरानी रखता है. पर्यावरण पर बैंक के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए, यह पहचाने गए मूल्य श्रृंखला के भागीदारों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखेगा ताकि जागरूकता पैदा की जा सके और उनके परिचालनों को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके.

7. मूल्य श्रृंखला के भागीदारों का प्रतिशत (ऐसे भागीदारों के साथ किये गये व्यवसाय के मूल्य द्वारा) जिनका पर्यावरणीय प्रभावों के लिए मूल्यांकन किया गया.

बैंक अपने मूल्य श्रृंखला के भागीदारों द्वारा पर्यावरणीय अपेक्षाओं के अनुपालन के मूल्यांकन हेतु एक सुव्यवस्थित प्रणाली स्थापित करने की प्रक्रिया में है. वित्तीय वर्ष 2025-26 में, बैंक ने 134 विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं से लागू पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन की पुष्टि करते हुए स्व-घोषणाएँ प्राप्त कीं. यह पर्यावरणीय सम्यक तत्परता को मजबूत करने और बैंक की मूल्य श्रृंखला की स्थिरता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

8. कितने ग्रीन क्रेडिट उत्पन्न या प्राप्त किए गए हैं:

अ. सूचीबद्ध संस्था द्वारा

शून्य

आ. शीर्ष दस (क्रमशः खरीद और बिक्री के मूल्य के आधार पर) मूल्य श्रृंखला भागीदारों द्वारा

शून्य

सिद्धांत 7: कारोबार जब सार्वजनिक और विनियामक नीति को प्रभावित करने में संलग्न हो तो उन्हें ऐसा जिम्मेदारीपूर्ण और पारदर्शी तरीके से करना चाहिए.

आवश्यक संकेतक

1. क. व्यापार और उद्योग मंडलों / संघों के साथ संबद्धता की संख्या

बैंक विभिन्न व्यापार एवं उद्योग मंडलों/संघों से संबद्ध है. प्रमुख संबद्धताओं का विवरण निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर में दिया गया है.

ख. संस्था जिन उद्योग मंडलों/ संघों के साथ संबद्ध/सदस्य है, ऐसे 10 शीर्ष उद्योग मंडलों/संघों (ऐसी निकाय के कुल सदस्यों की संख्या के आधार पर निर्धारित) की सूची.

क्रम सं.	व्यापार और उद्योग मंडलों / संघों का नाम@	व्यापार और उद्योग मंडलों / संघों की पहुंच (राज्य/राष्ट्रीय)
1.	भारतीय वाणिज्यिक एवं उद्योग मंडल(एसोचेम)	राष्ट्रीय
2.	भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)	राष्ट्रीय
3.	भारतीय वाणिज्यिक एवं उद्योग महासंघ(फिक्की)	राष्ट्रीय
4.	फाइनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल)	राष्ट्रीय
5.	भारतीय नियत आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्नी संघ (फिमडा)	राष्ट्रीय
6.	भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई)	राष्ट्रीय
7.	भारतीय विदेशी मुद्रा संघ (एफएआई)	राष्ट्रीय
8.	भारतीय बैंक संघ (आईबीए)	राष्ट्रीय
9	भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आईआईबीएफ़)	राष्ट्रीय
10.	भारतीय प्राथमिक व्यापारी संघ (पीडीएआई)	राष्ट्रीय

@ - नामों की सूची सांकेतिक है संपूर्ण नहीं.

2. विनियामक प्राधिकारियों से प्राप्त प्रतिकूल आदेशों के आधार पर संस्था के गैर-प्रतिस्पर्धा आचरण से संबंधित मुद्दों के बारे में की गयी अथवा की जा रही सुधारात्मक कार्रवाई की जानकारी प्रदान करें.

प्राधिकारी का नाम	मामले का संक्षिप्त सार	की गयी सुधारात्मक कार्रवाई
लागू नहीं		

नेतृत्व संकेतक

1. संस्था द्वारा समर्थित सार्वजनिक नीतिगत स्थितियों का विवरण:

क्रम सं.	समर्थित सार्वजनिक नीति	ऐसे समर्थन के लिए अपनाया गया तरीका	क्या इसकी जानकारी सार्वजनिक डोमेन पर उपलब्ध है ? (हाँ / नहीं)	बोर्ड द्वारा समीक्षा की आवृत्ति (वार्षिक/ अर्धवार्षिक/त्रैमासिक/अन्य- कृपया निर्दिष्ट करें)	वेब लिंक, यदि उपलब्ध हो

बैंक जिम्मेदारी और नैतिक तरीके से जनहित में कार्य करता है. यह सरकारों, विनियामकों, नीति निर्माताओं और उद्योग संघों के साथ परामर्श और चर्चाओं में भाग लेता है, जो इसके परिचालनों और बैंकिंग क्षेत्र के लिए प्रासंगिक हैं, साथ ही, पारदर्शिता बनाए रखता है और मौजूदा तथा लागू कानूनों एवं विनियमों के साथ-साथ आंतरिक नीतियों का पालन सुनिश्चित करता है.

सिद्धांत 8: कारोबारों को समावेशी वृद्धि और न्यायसंगत विकास को बढ़ावा देना चाहिए

आवश्यक संकेतक

1. चालू वित्तीय वर्ष में, लागू कानूनों के आधार पर, संस्था द्वारा शुरू की गयी परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव के मूल्यांकन(एसआईए) का विवरण

परियोजना का नाम और संक्षिप्त विवरण	एसआईए अधिसूचना संख्या	अधिसूचना की तारीख	क्या यह किसी स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा संचालित किया गया है? (हाँ/नहीं)	परिणाम सार्वजनिक रूप से सूचित किए गए (हाँ/नहीं)	संबंधित वेब-लिंक

कंपनी (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियमावली, 2014 के नियम 8(3) के अनुसार, ₹ 1 करोड़ या उससे अधिक के परिव्यय वाली सीएसआर परियोजनाओं का प्रभाव मूल्यांकन, ऐसे परियोजनाओं के पूरा होने की तारीख के एक वर्ष बाद किया जाना आवश्यक है.

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, ₹ 1 करोड़ और उससे अधिक के एकल आवंटन वाली तीन एक-बारगी सीएसआर परियोजनाएँ, पूर्ण होने की तिथि से निर्धारित अनिवार्य एक वर्ष की अवधि पूरी कर चुकी हैं. लागू सीएसआर प्रावधानों के अनुपालन में, बैंक ने इन परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन का कार्य करने हेतु एक स्वतंत्र एजेंसी की पहचान करने और उसे नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. प्रभाव आकलन अध्ययन आगामी वित्तीय वर्ष में किए जाने का प्रस्ताव है.

2. अपनी संस्था द्वारा पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आर एवं आर) के लिए चलाई जा रही परियोजना (ओं) से संबंधित जानकारी निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें

क्रं. सं.	उस परियोजना का नाम जिसके लिए आर एवं आर चल रहा है	राज्य	जिला	परियोजना से प्रभावित परिवारों (पीएएफ़) की संख्या	आर एवं आर के अंतर्गत शामिल पीएएफ़ का प्रतिशत	वित्तीय वर्ष में पीएएफ़ को प्रदत्त राशि (भारतीय रुपये में)
लागू नहीं.						

3. समुदाय की शिकायतें प्राप्त करने और उनके समाधान के लिए तंत्र का वर्णन कीजिए.

बैंक अपनी सीएसआर नीति के मार्गदर्शन में, अपनी प्रतिबद्धता के अनुरुप सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी प्रक्रियाओं का पालन करता है, ताकि इसकी सीएसआर पहलों के लाभों का निष्पक्ष, समानतापूर्ण एवं पारदर्शी वितरण सभी लक्षित लाभार्थी समूहों में सुनिश्चित किया जा सके. इस प्रतिबद्धता को लागू करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए, एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया गया है, जिसके तहत सीएसआर परियोजनाओं के लिए

कार्यान्वयन एजेंसियों को प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत या परिवाद की सूचना बैंक को देना अनिवार्य है. सीएसआर कार्य की देखरेख करने वाले महाप्रबंधक ऐसी शिकायतों की समीक्षा करने और समाधान करने के लिए ज़िम्मेदार हैं. इसके अलावा, शिकायतों और की गई उपचारात्मक कार्रवाई पर एक रिपोर्ट सीएसआर, ईएसजी और प्रचार से संबंधित प्रबंधन समिति को प्रस्तुत की जाती है. शिकायत निवारण प्रक्रिया बैंक की सीएसआर नीति में उल्लिखित प्रक्रियाओं के अनुरूप लागू की जाती है.

4. आपूर्तिकर्ताओं से जुटाई गई इनपुट सामग्री का प्रतिशत (मूल्य के हिसाब से कुल इनपुट की तुलना में इनपुट)

	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
एमएसएमई /छोटे उत्पादकों से सीधे तौर पर जुटाए गई	5.30%	बैंक लागू दिशा-निर्देशों के अनुरूप खरीद के लिए निर्धारित निविदा प्रक्रिया का पालन करता है. बैंक स्टेशनरी जैसी सामग्री, जो कि प्राथमिक इनपुट सामग्रियों में से एक है को स्थानीय विक्रेताओं से खरीदता है. बैंक विशेष रूप से एमएसएमई तथा स्थानीय विक्रेताओं से प्राप्त इनपुट सामग्रियों के प्रतिशत को संकलित एवं गणना करने हेतु प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं को औपचारिक रूप देने की प्रक्रिया में है.
भारत के भीतर सीधे तौर पर	97.46%	

5. छोटे शहरों में रोजगार सृजन - निम्नलिखित स्थानों पर नियोजित व्यक्तियों (स्थायी या गैर-स्थायी/अनुबंध के आधार पर नियोजित कर्मचारियों या कामगारों सहित) को कुल मजदूरी लागत के प्रतिशत के रूप में भुगतान की गई मजदूरी प्रकट करें

स्थान [@]	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25
ग्रामीण	5.90%	6.14%
अर्ध शहरी	13.50%	13.65%
शहरी	23.13%	22.60%
महानगर	57.48%	57.61%

[@] - स्थान को रिजर्व बैंक की वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार ग्रामीण/अर्ध-शहरी /शहरी /महानगरीय में वर्गीकृत किया गया है.

नेतृत्व संकेतक

1. सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन में पहचाने गए नकारात्मक सामाजिक प्रभावों को कम करने के लिए की गई कार्रवाइयों का ब्योरा दें. (संदर्भ: उपर्युक्त आवश्यक संकेतकों का प्रश्न सं 1):

पहचाने गए नकारात्मक सामाजिक प्रभाव का विवरण	की गई सुधारात्मक कार्रवाई
यह प्रश्न लागू नहीं होता, क्योंकि बैंक आवश्यक संकेतकों के प्रश्न 1 में उल्लिखित तीन सीएसआर परियोजनाओं के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है.	

2. सरकारी निकायों द्वारा अभिनिर्धारित निर्दिष्ट महत्वाकांक्षी जिलों में आपकी संस्था द्वारा प्रारंभ की गयी सीएसआर परियोजनाओं के बारे में निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें :

क्रम	राज्य	महत्वाकांक्षी जिला	खर्च की गयी राशि भारतीय रुपयों में
1	बिहार	कटिहार	9,64,595.65
2	झारखंड	रांची	46,67,342.00
3	केरल	वायनाड	21,75,784.00
4	ओडिशा	रायगड़ा	3,76,420.00
5	उत्तर प्रदेश	फ़तेहपुर	2,84,420.00
6	उत्तराखंड	उधम सिंह नगर	5,00,000.00

3. क) क्या आपके पास अधिमानी खरीद नीति मौजूद है जिसमें आप उपेक्षित /कमजोर समूहों वाले आपूर्तिकर्ताओं से खरीदारी को प्राथमिकता देते हैं? (हां/ नहीं)

एमएसएमई की भागीदारी को प्रोत्साहित करने एवं समावेशी खरीद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, बैंक भारत सरकार के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुरूप, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) विक्रेताओं तथा राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) में पंजीकृत संस्थाओं के लिए बयाना जमा राशि (ईएमडी) की आवश्यकता से छूट पर विचार करता है.

ख) किन उपेक्षित /कमजोर समूहों से आप खरीद करते हैं?

एमएसएमई विक्रेताओं के अंतर्गत, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को उनके सीमित पैमाने एवं संसाधनों के कारण अपेक्षाकृत अधिक कमजोर माना जा सकता है.

ग) यह कुल खरीद (मूल्य के हिसाब से) का कितना प्रतिशत है?

बैंक ने अपनी कुल खरीद मूल्य का 4.86% सूक्ष्म एवं लघु विक्रेताओं से प्राप्त किया.

4. आपकी संस्था द्वारा पारंपरिक ज्ञान के आधार पर (चालू वित्तीय वर्ष में) अपनी स्वामित्व वाली या अधिगृहीत बौद्धिक संपदा से प्राप्त और साझा किए गए लाभों का विवरण:

क्रम संख्या	पारंपरिक ज्ञान पर आधारित बौद्धिक संपदा	स्वामित्व वाली / अधिगृहीत (हाँ /नहीं)	साझा किये गये लाभ (हाँ / नहीं)	साझा लाभ की गणना का आधार
लागू नहीं				

5. बौद्धिक संपदा संबंधी विवादों में किसी प्रतिकूल आदेश के आधार पर की गई या चल रही सुधारात्मक कार्रवाइयों का विवरण जिसमें पारंपरिक ज्ञान का उपयोग शामिल है.

प्राधिकरण का नाम	मामले का संक्षिप्त विवरण	की गई सुधारात्मक कार्रवाई
लागू नहीं		

6. सीएसआर परियोजना के लाभार्थियों का ब्योरा

क्रम संख्या	सीएसआर परियोजना	सीएसआर परियोजना से लाभ प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या	कमजोर समूहों के लाभार्थियों की संख्या	कमजोर और उपेक्षित समूहों के लाभार्थियों का %
1.	पशु कल्याण	0	0	0.00%
2.	सशस्त्र बल	10,000	0	0.00%
3.	आपदा प्रबंधन	0	0	0.00%
4.	शिक्षा	66,787	32,220	48.24%
5.	पर्यावरणीय संधारणीयता सुनिश्चित करना	1,17,980	22,930	19.44%
6.	लैंगिक समानता	695	695	100.00%
7.	स्वास्थ्य देखभाल	33,49,168	5,07,206	15.14%
8.	खेलों को बढ़ावा देना	1,150	650	56.52%
9.	राष्ट्रीय धरोहर, कला एवं संस्कृति का संवर्धन एवं विकास	2,50,000	0	0.00%
10.	सार्वजनिक वित्तपोषित विश्वविद्यालय / आईआईटी	300	0	0.00%
11.	ग्रामीण विकास परियोजनाएँ	0	0	0.00%

सिद्धांत 9: व्यवसायों को अपने उपभोक्ताओं के साथ जिम्मेदारीपूर्वक जुड़ना चाहिए और उन्हें सम्मान देना चाहिए

आवश्यक संकेतक

1. उपभोक्ता से शिकायतें और फीडबैक प्राप्त करने के लिए तथा उनका उत्तर देने के लिए तंत्र का वर्णन करें.

बैंक के पास एक सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र है, जिसका उद्देश्य ग्राहक शिकायतों का समय पर, पारदर्शी तथा उचित समाधान सुनिश्चित करना है. एक केंद्रीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है, जो सभी माध्यमों से प्राप्त ग्राहक शिकायतों के पंजीकरण, आवंटन एवं उनके समाधान की सुविधा प्रदान करती है तथा इन्हें पूर्व-निर्धारित निपटान अवधि के भीतर निष्पादित करना सुनिश्चित करती है. प्रणाली में एक अंतर्निर्मित वृद्धि ढांचा शामिल है, जो शिकायतों के त्वरित एवं समय पर समाधान को सुनिश्चित करता है. पंजीकृत सभी शिकायतों का, उनके अंतिम समाधान अथवा अस्वीकृति तक की गई सभी कार्यवाहियों सहित, प्रणाली में पूर्ण रिकार्ड रखा जाता है, जिससे जवाबदेही, पता लगाने की क्षमता एवं विनियामकीय अनुपालन सुनिश्चित होता है.

2. उन सभी उत्पादों/सेवाओं के टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में, उत्पादों और / सेवाओं का टर्नओवर, जिनमें निम्नलिखित के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है:

प्रकार	कुल टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में
उत्पाद से जुड़े पर्यावरणीय और सामाजिक मापदंड	लागू नहीं
सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग	ग्राहक संरक्षण एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत, बैंक नियमित रूप से ग्राहक जागरूकता पहल आयोजित करता है, जिनका उद्देश्य उत्तरदायी बैंकिंग व्यवहार को बढ़ावा देना तथा साइबर एवं डिजिटल धोखाधड़ी से उत्पन्न जोखिमों से सुरक्षा करना है. संचार के लिए एक बहु-माध्यम दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसके तहत जानकारी एसएमएस, ईमेल, सोशल मीडिया अभियानों, बैंक की वेबसाइट, एटीएम, 'गो मोबाइल+' एप्लिकेशन, इंटरनेट बैंकिंग, शाखाओं के भीतर संचार के साथ-साथ स्थानीय जन-संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से प्रसारित की जाती है. ग्राहकों को व्यापार प्रतिनिधि (बीसी) केंद्रों पर आधार सक्षम भुगतान सेवा (एईपीएस) के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी जागरुक किया जाता है, जहाँ महत्वपूर्ण सुरक्षा दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाते हैं. सुरक्षित लेनदेन व्यवहार के संबंध में नियमित परामर्श डिजिटल चैनलों के माध्यम से समय-समय पर जारी किए जाते हैं तथा इन्हें ग्राहकों को प्रदान किए जाने वाले आवश्यक संचार, वेलकम किट सहित, में शामिल किया जाता है.
री-साइक्लिंग और / अथवा सुरक्षित निपटान	लागू नहीं

3. निम्नलिखित के संबंध में उपभोक्ता शिकायतों की संख्या:

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26		टिप्पणियाँ	वित्तीय वर्ष 2024-25		टिप्पणियाँ
	वर्ष के दौरान प्राप्त	वर्ष के अंत में लंबित समाधान		वर्ष के दौरान प्राप्त	वर्ष के अंत में लंबित समाधान	
डेटा गोपनीयता	20	शून्य	-	4	शून्य	-
विज्ञापन	7	शून्य	-	1	शून्य	-
साइबर सुरक्षा	5,517	46	अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेनों (यूईबीटी) से संबंधित शिकायतें	4,505	14	अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेनों (यूईबीटी) से संबंधित शिकायतें
आवश्यक सेवाओं की सुपुर्दगी	1,127	10	डिलिवरेबल अर्थात एटीएम कार्ड, आई-नेट पिन की हार्ड कॉपी, ऋण दस्तावेज, आदि प्राप्त न होने से संबंधित शिकायतें	766	2	डिलिवरेबल अर्थात एटीएम कार्ड, आई-नेट पिन की हार्ड कॉपी, ऋण दस्तावेज, आदि प्राप्त न होने से संबंधित शिकायतें

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2025-26		टिप्पणियाँ	वित्तीय वर्ष 2024-25		टिप्पणियाँ
	वर्ष के दौरान प्राप्त	वर्ष के अंत में लंबित समाधान		वर्ष के दौरान प्राप्त	वर्ष के अंत में लंबित समाधान	
प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाएं	1	शून्य	-	शून्य	शून्य	-
अनुचित व्यापार प्रथाएं	12	शून्य	-	2	शून्य	-
अन्य- (उपभोक्ता शिकायतें)	59,854	739	उपर्युक्त वर्णित श्रेणियों को छोड़कर सभी शिकायतें	44,230	138	उपर्युक्त वर्णित श्रेणियों को छोड़कर सभी शिकायतें

4. सुरक्षा संबंधी मुद्दों के कारण उत्पाद को वापस लेने की घटनाओं का ब्योरा :

	संख्या	की गई सुधारात्मक कार्रवाई
स्वैच्छिक वापसी	लागू नहीं	
जबरन वापसी		

5. क्या संस्था के पास साइबर सुरक्षा और डेटा की गोपनीयता से संबंधित जोखिमों के लिए कोई ढांचा / नीति मौजूद है? (हाँ /नहीं). यदि उपलब्ध है, तो नीति का वेब लिंक उपलब्ध कराएं. यदि हाँ, तो ढांचे/नीति का वेब लिंक तथा उसका संक्षिप्त विवरण उपलब्ध कराएं.

हां, बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित सूचना सुरक्षा और साइबर सुरक्षा नीतियां लागू की हैं जो साइबर जोखिमों का प्रबंध करने और कम करने के लिए एक सुदृढ़ ढांचा प्रदान करती हैं. ये नीतियां अनधिकृत पहुंच को रोकने, सूचना आस्तियों की गोपनीयता और अखंडता की रक्षा करने के लिए तैयार की गई हैं और अधिकृत उपयोगकर्ताओं को आईटी प्रणालियों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करती हैं. बैंक ने सूचना सुरक्षा नीति (आईएसपी) और साइबर सुरक्षा नीति (सीएसपी) लागू की है जिन्हें कार्यबल के बीच व्यापक प्रसार के लिए बैंक के इंट्रानेट पर प्रकाशित किया जाता है. इन नीतियों की समय-समय पर या जब भी कोई महत्वपूर्ण तकनीकी या विनियामक परिवर्तन होता है, तब समीक्षा की जाती है.

ग्राहकों के डेटा और खाता संबंधी जानकारी की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए, बैंक ने सुरक्षा नियंत्रणों की कई परतें लागू की हैं और अपने डिजिटल सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ किया है. इसके अतिरिक्त, बैंक अपने ग्राहकों को स्पष्ट सूचना सुरक्षा दिशानिर्देश प्रदान करता है और व्यावहारिक 'क्या करें' और 'क्या न करें' अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराता है, ताकि वे अपनी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को सुरक्षित रख सकें. ये संसाधन निम्नलिखित लिंक (https://www.idbi.bank.in/information-security.aspx और https://www.idbi.bank.in/dos-donts-banking.aspx) पर बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, बैंक नियमित रूप से अपने कर्मचारियों, बैंक के सूचना सिस्टम तक पहुँच रखने वाले अधिकृत वेंडर कर्मियों और ग्राहकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है. इन कार्यक्रमों में उभरते साइबर खतरों और सूचना संपत्तियों को बदलते जोखिमों से मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है.

6. विज्ञापन और आवश्यक सेवाओं की सुपुर्दगी; साइबर सुरक्षा और ग्राहकों की डेटा गोपनीयता; उत्पादों को वापस लेने के उदाहरणों की पुनरावृत्ति से संबंधित मुद्दों पर की गयी या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई और उत्पादों / सेवाओं की सुरक्षा पर विनियामक प्राधिकरणों द्वारा दंड लगाने / की गई कार्रवाई का विवरण प्रदान करें.

वर्ष के दौरान, बैंक द्वारा विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार की सुधारात्मक कार्रवाई का कोई उदाहरण दर्ज नहीं किया गया. बैंक ने अब तक साइबर सुरक्षा उल्लंघन अथवा ग्राहक डेटा गोपनीयता से संबंधित किसी भी घटना को दर्ज नहीं किया है, जो इसकी वर्तमान सुरक्षा रूपरेखा की प्रभावशीलता को दर्शाता है. ऐसी कोई भी घटना होने पर स्थापित प्रोटोकॉल एवं विनियामकीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप तत्परता से सुधारात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी. आईटी से संबन्धित सभी प्रमुख घटनाओं तथा आईटी सुरक्षा से संबंधित घटनाओं को व्यवस्थित रूप से एस्केलेट किया जाता है तथा बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससीबी) को रिपोर्ट किया जाता है, जिससे सुदृढ़ अभिशासन तथा निरंतर निगरानी सुनिश्चित होती है.

7. डेटा उल्लंघनों से संबंधित निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें

(क) डेटा उल्लंघन के मामलों की संख्या	शून्य
(ख) ग्राहकों की व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी से जुड़े डेटा उल्लंघनों का प्रतिशत	शून्य
(ग) डेटा उल्लंघनों का प्रभाव, यदि कोई हो	लागू नहीं

नेतृत्व संकेतक

1. चैनल / प्लैटफॉर्म जहां पर संस्था की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी तक पहुंचा जा सकता है (यदि उपलब्ध हैं, तो वेब लिंक प्रदान करें).

पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रकटीकरण सुनिश्चित करने और साथ ही हितधारकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, बैंक अपनी वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/) पर अपने उत्पादों एवं सेवाओं के संबंध में व्यापक जानकारी उपलब्ध कराता है. बैंक की वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/) को एक एकल संदर्भ बिंदु के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें जमा और ऋण उत्पादों, डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं, ब्याज दरों, शुल्क एवं प्रभारों, पात्रता आवश्यकताओं तथा लागू निबंधन एवं शर्तों से संबंधित सभी प्रमुख जानकारी का समेकन किया गया है. इसके अतिरिक्त, वेबसाइट पर अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जैसे सांविधिक एवं विनियामकीय प्रकटीकरण, नीतिगत दस्तावेज, ग्राहक सेवा मानक, शिकायत निवारण तंत्र तथा सार्वजनिक सूचनाओं की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है. बैंक फेसबुक (IDBI Bank), एक्स (@IDBI_Bank), इंस्टाग्राम (@idbibankofficial), लिंक्डइन (IDBI Bank) तथा यूट्यूब (IDBIBANK) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी उपस्थिति का उपयोग करते हुए अपनी वर्तमान पेशकशों, नव-प्रवर्तित योजनाओं एवं सेवाओं, प्रचार अभियानों, वित्तीय साक्षरता पहलों, ग्राहक जागरूकता अभियानों, कॉरपोरेट घोषणाओं, ग्राहक परामर्शों तथा महत्वपूर्ण परिचालन अद्यतनों से संबंधित जानकारी का प्रसार भी करता है.

2. योजनाओं और/अथवा सेवाओं का सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से उपयोग करने के बारे में उपभोक्ताओं को सूचना और शिक्षित करने के लिए उठाए गए कदम.

बैंक सतत जागरूकता एवं शिक्षा संबंधी पहलों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता और ग्राहक सशक्तिकरण को निरंतर सुदृढ़ करता रहता है. बैंक सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं को बढ़ावा देने तथा धोखाधड़ी और साइबर अपराध के जोखिमों से ग्राहकों की सुरक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने हेतु एसएमएस, ईमेल, सोशल मीडिया, अन्य जनसंचार माध्यम जैसे ओओएच एवं डिजिटल, बैंक की वेबसाइट, एटीएम, गो मोबाइल+, इंटरनेट बैंकिंग, शाखा बैठकों तथा स्थानीय ग्राहक कार्यक्रमों सहित विभिन्न संचार माध्यमों का उपयोग करता है. डिजिटल एवं सहायक बैंकिंग सेवाओं, जैसे व्यापार प्रतिनिधि (बीसी) केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध आधार सक्षम भुगतान सेवा (एईपीएस) के सुरक्षित उपयोग के बारे में ग्राहकों को शिक्षित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है. इन केंद्रों पर ग्राहकों को सुरक्षित रूप से लेनदेन करने में सहायता हेतु 'क्या करें और क्या न करें' के रूप में स्पष्ट निर्देश प्रमुख रूप से प्रदर्शित किए जाते हैं. इसके अतिरिक्त, सुरक्षित लेनदेन प्रथाओं से संबंधित जानकारी को नियमित अलर्ट और ग्राहक संचार के माध्यम से सुदृढ़ किया जाता है तथा इसे खाता खोलने, डिजिटल एवं वैकल्पिक चैनल पंजीकरण तथा ऋण स्वीकृति के समय जारी किए जाने वाले प्रमुख ग्राहक-संबंधी दस्तावेजों में समाहित किया जाता है.

सूचित वित्तीय निर्णय लेने को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने आवधिक ऋण विवरणों में अधिक विस्तृत प्रकटीकरण शुरू किए हैं. ग्राहकों को उनके ऋण खातों पर लागू वर्तमान ब्याज दर के साथ-साथ ऋण की शेष अवधि के संबंध में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी प्रदान की जाती है. जहाँ बेंचमार्क दरों में संशोधन के कारण ऋण दरों में वृद्धि होती है, ऐसे मामलों में ग्राहकों को इसके प्रभाव को प्रबंधित करने हेतु उपलब्ध विकल्पों के बारे में सक्रिय रूप से जानकारी दी जाती है. इन विकल्पों में वर्तमान समान मासिक किस्त (ईएमआई) को बनाए रखने के लिए आंशिक पूर्वभुगतान करना, मूल पुनर्भुगतान समय-सीमा को जारी रखने हेतु ईएमआई बढ़ाना, अनुमत सीमाओं के भीतर ऋण अवधि बढ़ाना, अथवा जहाँ लागू हो, स्थिर ब्याज दर का विकल्प चुनना शामिल हैं. ग्राहक ऋण खातों को प्रभावित करने वाली ब्याज दरों या सेवा शुल्कों में किसी भी संशोधन को बैंक की वेबसाइट पर पारदर्शी रूप से प्रदर्शित किया जाता है तथा अन्य डिजिटल और भौतिक संपर्क चैनलों के माध्यम से भी इसकी जानकारी ग्राहकों को दी जाती है.

3. आवश्यक सेवाओं में किसी व्यवधान/अनिरन्तरता की कोई जोखिम होने पर ग्राहकों को जानकारी देने के लिए उपलब्ध तंत्र.

बैंक अपने किसी भी उत्पाद या सेवाओं में किसी प्रकार के व्यवधान अथवा बंद किए जाने की स्थिति में ग्राहकों को समय पर सूचना सुनिश्चित करता है, जिसके लिए ईमेल, बैंक की वेबसाइट पर नोटिस, मोबाइल एप्लीकेशन नोटिफिकेशन, एसएमएस अलर्ट तथा फोन कॉल सहित विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जाता है. अप्रत्याशित व्यवधानों से अपने परिचालनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु, बैंक ने सभी स्थानों पर अपने परिचालनों के लिए एक

सुदृढ़ एवं व्यापक व्यवसाय निरंतरता योजना (बीसीपी) लागू की है. गंभीर परिस्थितियों के कारण किसी भी स्थान पर परिचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में, ग्राहकों को उनके लेनदेन को निर्बाध रूप से करने हेतु निकटतम संचालित शाखा या सेवा केन्द्र पर सहायता प्रदान की जाती है.

4. **क्या संस्था स्थानीय कानूनों के अनुसार अनिवार्य जानकारी के अतिरिक्त उत्पाद पर उत्पाद संबंधी जानकारी प्रदर्शित करती है? (हां / नहीं / लागू नहीं). यदि हां, तो संक्षिप्त में विवरण प्रदान करें. क्या आपकी संस्था ने अपने प्रमुख योजनाओं /सेवाओं, या संस्था के परिचालन के महत्वपूर्ण स्थानों या संपूर्ण संस्था के बारे में उपभोक्ता संतुष्टि के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है? (हां / नहीं)**

बैंक अपने उत्पादों और सेवाओं के बारे में विस्तृत प्रासंगिक जानकारी को पारदर्शी रूप से विभिन्न चैनलों के माध्यम से प्रकट करता है, जिनमें बैंक की वेबसाइट (https://www.idbi.bank.in/) के साथ-साथ अन्य ग्राहक संपर्क बिंदु जैसे शाखाएँ, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, फोन बैंकिंग आदि शामिल हैं. विनियामक मानदंडों के अनुसार, बैंक की शाखाओं और एटीएम में प्रमुख सूचनाएँ प्रदर्शित की जाती हैं जिनमें दी जाने वाली सेवाओं, लागू शुल्कों, प्रचलित ब्याज दरों, शिकायत निवारण प्रक्रियाओं आदि के बारे में जानकारी दी जाती है. इसके अलावा, बैंक ग्राहकों को सूचित निर्णय लेने में सुविधा प्रदान करने के लिए ऑनबोर्डिंग के समय लागू प्रभार, ब्याज दरों, निबंधन एवं शर्तों जैसी विस्तृत जानकारी सरल और आसानी से समझने योग्य भाषा में साझा करता है. बैंक अपने उत्पादों और सेवाओं के साथ-साथ बैंकिंग सेवाओं से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के बारे में ईमेल, एसएमएस और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी जानकारी देता है

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बैंक सेवा स्तरों, संपर्क बिंदुओं पर ग्राहक अनुभव तथा उत्पादों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रति वर्ष ग्राहक संतुष्टि (सी-सैट) सर्वेक्षण करता है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सी-सैट सर्वेक्षण वर्तमान में प्रगति पर है. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सर्वेक्षण फरवरी-मार्च 2025 के दौरान आयोजित किया गया था, जिसमें कंप्यूटर-सहायक टेलीफोन साक्षात्कार (सीएटीआई) कार्यप्रणाली का उपयोग किया गया जिसमें बैंक के 16 अंचलों के 3,200 उत्तरदाताओं के विविध नमूनों को शामिल किया गया, जिससे व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके. बैंक ने इस सर्वेक्षण के माध्यम से समग्र ग्राहक संतुष्टि को मापने के लिए नेट प्रमोटर स्कोर (एनपीएस) को प्राथमिक मेट्रिक के रूप में अपनाया है. सर्वेक्षण के प्रमुख निष्कर्षों को प्रभावी अभिशासन और पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक समिति, अर्थात् ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति (एससीसीएस) तथा बोर्ड स्तर की बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) को प्रस्तुत किया गया है.

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड ('बैंक') में निर्धारित संधारणीयता सूचना पर स्वतंत्र व्यवसायी की उचित आश्वासन रिपोर्ट, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट

प्रति,

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड का निदेशक मंडल,

1. हमने दिनांक 12 दिसंबर 2025 के नियुक्ति पत्र के द्वारा आईडीबीआई बैंक लिमिटेड ("बैंक") के लिए नीचे सूचीबद्ध सहमत संधारणीयता सूचना ("निर्धारित संधारणीयता सूचना" या "बीआरएसआर कोर संकेतक") के संबंध में नीचे पैराग्राफ 4 में बताए गए मानदंडों के अनुसार एक उचित आश्वासन देने का कार्य किया है. यह संधारणीयता सूचना 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट में कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट ("बीआरएसआर" या "रिपोर्ट") में शामिल है, जिसे प्रबंधन द्वारा दिनांक 10 मई 2021 के सेबी परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी-2/पी/सीआईआर/2021/562, दिनांक 11 जुलाई 2023 के परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी2/सीआईआर/पी/2023/120, दिनांक 20 दिसंबर 2024 के परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2024/177 और 28 मार्च 2025 के परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2025/42 के अनुसार तैयार किया गया है. यह कार्य एश्योरेंस प्रैक्टिशनर्स की एक टीम के द्वारा किया गया था.

आश्वासन का दायरा

2. हमारे उचित आश्वासन के दायरे में हमारी रिपोर्ट के अनुलग्नक अ में सूचीबद्ध निर्धारित संधारणीयता सूचना (''आईएसआई'') शामिल है. रिपोर्ट की रिपोर्टिंग सीमा खंड अ : बीआरएसआर का सामान्य प्रकटीकरण के प्रश्न 13 में प्रकट की गई है, इसमें अपवाद, जहां लागू हैं, को बीआरएसआर के संबंधित प्रश्नों के अंतर्गत नोट के रूप में प्रकट किया गया है.

3. हमारा उचित आश्वासन कार्य केवल 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष की जानकारी के संबंध में ही था और हमने पहले की अवधियों या बीआरएसआर में शामिल किसी भी अन्य तत्व के संबंध में कोई प्रक्रिया नहीं की है और इसलिए, उस पर कोई निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं.

रिपोर्टिंग मानदंड

4. निर्धारित संधारणीयता जानकारी तैयार करने के लिए बैंक द्वारा प्रयुक्त रिपोर्टिंग मानदंड का सारांश नीचे दिया गया है:

   क. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं (सेबी एलओडीआर), 2015 के विनियम 34(2) (एफ) यथा संशोधित;

   ख. सेबी मास्टर परिपत्र दिनांक 10 मई 2021 के परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी-2/पी/सीआईआर/2021/562, दिनांक 11 जुलाई 2023 के सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी2/सीआईआर/पी/2023/120, 12 जुलाई 2023 के सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-एसईसी-2/पी/सीआईआर/2023/122, दिनांक 20 दिसंबर 2024 के परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफ़डी/सीएफ़डी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2024/177 और 28 मार्च 2025 के परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2025/42 के अनुसार सूचीबद्ध संस्थाओं के लिए कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्टिंग आवश्यकताएं.

   ग. सेबी द्वारा जारी बीआरएसआर प्रारूप के लिए मार्गदर्शी नोट.

   घ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट और फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वेबसाइट पर रखे अनुसार कारोबारी उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर) कोर के बारे में उद्योग मानक नोट.

प्रबंधन की जिम्मेदारी

5. बैंक प्रबंधन रिपोर्ट की रिपोर्टिंग सीमा सहित संधारणीयता सूचना तैयार करने के लिए उपयुक्त मानदंडों का चयन या स्थापना करने, संधारणीयता सूचना पर रिपोर्टिंग से संबंधित लागू कानूनों और विनियमों को ध्यान में रखते हुए प्रमुख पहलुओं की पहचान, हितधारकों के साथ जुड़ाव, विषयवस्तु, मानदंडों के अनुसार संधारणीयता सूचना की तैयारी और प्रस्तुति के लिए जिम्मेदार है.

6. इस जिम्मेदारी में बीआरएसआर की तैयारी और संधारणीयता सूचना के मापन से संबंधित आंतरिक नियंत्रण का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल हैं, जो धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाली किसी भी प्रकार के तात्विक मिथ्याकथन से मुक्त है.

अंतर्निहित सीमाएँ

7. गैर-वित्तीय जानकारी का मूल्यांकन और माप करने के लिए स्थापित अभ्यास के एक महत्वपूर्ण निकाय की अनुपस्थिति अलग-अलग, लेकिन स्वीकार्य, उपायों और माप तकनीकों की अनुमति देती है और संस्थाओं के बीच तुलना को प्रभावित कर सकती है.

हमारी स्वतंत्रता और गुणवत्ता नियंत्रण

8. हमने अपनी स्वतंत्रता बनाए रखी है और पुष्टि करते हैं कि हमने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (''आईसीएआई'') और सेबी के परिपत्र दिनांक 10 मई 2021 के सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी-2/पी/सीआईआर/2021/562, दिनांक 11 जुलाई 2023 के सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी2/सीआईआर/पी/2023/120, 12 जुलाई 2023 के सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-एसईसी-2/पी/सीआईआर/2023/122, दिनांक 20 दिसंबर 2024 के सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2024/177 और 28 मार्च 2025 के परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2025/42 द्वारा जारी आचार संहिता की अपेक्षाओं और उसके स्पष्टीकरणों को पूरा करते हैं और इस आश्वासन कार्य को करने के लिए आवश्यक योग्यता और अनुभव रखते हैं.

9. हम गुणवत्ता नियंत्रण मानक (एसक्यूसी) 1, ''ऐतिहासिक वित्तीय जानकारी की लेखा परीक्षा और समीक्षा करने वाली फर्मों और अन्य आश्वासन और संबंधित सेवा कार्यों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण'' लागू करते हैं, और तदनुसार नैतिक आवश्यकताओं, पेशेवर मानकों और लागू कानूनी एवं विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन के संबंध में प्रलेखित नीतियों और प्रक्रियाओं सहित गुणवत्ता नियंत्रण की एक व्यापक प्रणाली बनाए रखते हैं.

हमारी जिम्मेदारी

10. हमारी जिम्मेदारी है कि हम हमारे द्वारा निष्पादित प्रक्रियाओं और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अनुलग्नक-अ में सूचीबद्ध निर्धारित संधारणीयता जानकारी पर एक उचित आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त करें.

11. हमने अपना कार्य इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड (''एसआरएसबी'') द्वारा जारी संधारणीयता आश्वासन कार्य मानक (एसएसएई) 3000, "संधारणीयता जानकारी पर आश्वासन कार्य'' और आश्वासन कार्य मानक (एसएई) 3410 ग्रीनहाउस गैस विवरणों पर आश्वासन कार्य (सामूहिक रूप से "मानक"), दोनों के अनुसार किया है.

12. इन मानकों के लिए यह आवश्यक है कि हम अपनी कार्य योजना और निष्पादन इस प्रकार करें कि हमें इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त हो जाए कि क्या **अनुलग्नक अ** में सूचीबद्ध और रिपोर्ट में शामिल निर्धारित संधारणीयता जानकारी, सभी तात्विक मामलों में, ऊपर पैराग्राफ 4 के तहत बताए गए रिपोर्टिंग मानदंडों के अनुसार तैयार की गई है.

13. मानकों के अनुरूप उचित आश्वासन कार्य के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं तथा संपूर्ण कार्य के दौरान पेशेवर संशय बनाए रखते हैं.

14. एक उचित आश्वासन कार्य में धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण निर्धारित संधारणीयता जानकारी के तात्विक मिथ्यावर्णन के जोखिमों का आकलन करना, परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार मूल्यांकित जोखिमों का जवाब देना शामिल है.

  Devising a policy on diversity of Board of Directors;
- ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक बनने के योग्य हैं और जिन्हें निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है, तथा निदेशक मंडल को उनकी नियुक्ति और हटाने की अनुशंसा करना;
  To identify persons who are qualified to become directors and who may be appointed in senior management with the criteria laid down, and recommend to the Board of Directors their appointment and removal;
- निदेशकों की नियुक्ति और मूल्यांकन नीति में निर्धारित मानदंडों के अनुसार बोर्ड को निदेशकों की नियुक्ति और हटाने की अनुशंसा करना;
  To recommend to the Board the appointment and removal of Directors in accordance with the criteria laid down in the Directors' Appointment and Evaluation Policy;
- स्वतंत्र निदेशक की प्रत्येक नियुक्ति के लिए, नामांकन और पारिश्रमिक समिति बोर्ड में कौशल, ज्ञान और अनुभव के संतुलन का मूल्यांकन करेगी और इस तरह के मूल्यांकन के आधार पर, स्वतंत्र निदेशक की आवश्यक भूमिका और क्षमताओं का विवरण तैयार करेगी. स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए बोर्ड को अनुशंसित व्यक्ति के पास ऐसे विवरण में तय की गई क्षमताएं होनी चाहिए. उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान करने के उद्देश्य से, समिति निम्न कार्य कर सकती है:
  For every appointment of an independent director, the Nomination and Remuneration Committee shall evaluate the balance of skills, knowledge and experience on the Board and on the basis of such evaluation, prepare a description of the role and capabilities required of an independent director. The person recommended to the Board for appointment as an independent director shall have the capabilities identified in such description. For the purpose of identifying suitable candidates, the Committee may:
  क. यदि आवश्यक हो तो बाहरी एजेंसियों की सेवाओं का उपयोग;
  a. Use the services of external agencies, if required;
  ख. विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पृष्ठभूमियों के उम्मीदवारों पर विचार करना; और
  b. Consider candidates from a wide range of backgrounds, having due regard to diversity; and
  ग. उम्मीदवारों की समय प्रतिबद्धताओं पर विचार
  c. Consider the time commitments of the candidates.
- योग्यता, विशेषज्ञता, पिछले कार्यनिष्पादन, सत्यनिष्ठा, 'उपयुक्ता और योग्यता' मानदंड, सकारात्मक गुणों और स्वतन्त्रता (यदि लागू हो) के आधार पर तथा स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों के कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड में निदेशक के रूप में किसी व्यक्ति की नियुक्ति/ नियुक्ति को जारी रखने के लिए उपयुक्तता निर्धारित करने हेतु समुचित सावधानी की प्रक्रिया अपनाना तथा उसके संबंध में मानदंड तैयार करना;
  To undertake a process of due diligence to determine the suitability of any person for appointment / continuing to hold appointment as a Director on the Board, based upon qualification, expertise, track record, integrity, 'fit and proper' criteria, positive attributes and independence (if applicable) and on the basis of the report of performance evaluation of directors including independent Directors and formulate the criteria relating thereto;
- निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, आदि के लिए पारिश्रमिक नीति तैयार करना;
  Formulation of Remuneration Policy for Directors, KMPs, etc.
- बोर्ड को वरिष्ठ प्रबंधन को देय पारिश्रमिक, चाहे जिस रूप में हो, की अनुशंसा करना;
  Recommend to the Board, all remunerations, in whatever form, payable to the senior management;
- क्षतिपूर्ति और विवेकपूर्ण जोखिम उठाने के बीच प्रभावी सुसंगतीकरण के लिए जोखिम प्रबंधन समिति के साथ गहन समन्वय के साथ कार्य करना;

एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Standalone Financial Statements

To work in close coordination with Risk Management Committee to achieve effective alignment between compensation and prudent risk-taking;

- क्षतिपूर्ति प्रणाली की रूपरेखा और परिचालनों की देखरेख करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रणाली अपेक्षानुसार कार्य करती है और यह वित्तीय स्थिरता बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किए गए सिद्धांतों के अनुरूप है.

  To oversee the compensation system's design and operations to ensure that the system operates as intended and is also consistent with the principles outlined by the Financial Stability Board;

- क्षतिपूर्ति नीति के निर्धारण, समीक्षा और कार्यान्वयन की निगरानी करना तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी/पूर्णकालिक निदेशकों/महत्वपूर्ण जोखिम उठाने वालों के साथ-साथ जोखिम नियंत्रण और अनुपालन स्टाफ (बोर्ड द्वारा अनुसमर्थन के लिए) के लिए वार्षिक पारिश्रमिक का निर्णय लेना.

  To oversee framing, review and implementation of compensation policy and make annual remuneration decisions for Chief Executive Officer/Whole Time Directors/Material Risk Takers plus Risk Control and Compliance staff (for ratification by the Board);

- यह सुनिश्चित करना कि बैंक का लागत-आय अनुपात, ठोस पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखते हुए क्षतिपूर्ति का समर्थन करता है.

  To ensure that the cost to income ratio of the Bank supports the compensation consistent with maintaining sound capital adequacy ratio;

- बैंक की क्षतिपूर्ति प्रथाओं और नीतियों के कार्यान्वयन के संबंध में पर्यवेक्षी निरीक्षण करना. बैंकिंग क्षेत्र और सामान्य रूप से उद्योग से संबंधित विभिन्न विधियों द्वारा निर्धारित सभी प्रकटीकरण मानदंडों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना.

  To have supervisory oversight regarding implementation of compensation practices and policies of the Bank. To ensure complete compliance with all disclosure norms as prescribed by the various statutes relevant to the banking sector and industry in general;

- मैलस एंड क्लाबैक के लिए हर साल विशिष्ट मानदंडों की समीक्षा करना.

  To review specific criteria for Malus and Clawback every year;

- हर साल नकद आधारित प्रोत्साहनों और शेयर-संबद्ध प्रोत्साहनों के लिए कार्य-निष्पादन मानदंड और अंतिम भुगतान तय करना.

  To fix performance parameters & final payout for Cash based incentives and share-based incentives every year;

- महत्वपूर्ण जोखिम लेने वालों (एमआरटी) की पहचान करना जिनके कार्यों का बैंक के जोखिम एक्सपोजर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और जो गुणात्मक एवं मात्रात्मक मानदंडों को पूरा करते हैं.

  To identify Material Risk Takers (MRTs) whose actions have a material impact on the risk exposure of the Bank, and who satisfy the qualitative and quantitative criteria;

- सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) विनियमावली, 2021 के विनियम 5 के तहत निर्धारित क्षतिपूर्ति समिति के रूप में कार्य करना. सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) विनियमावली, 2021 के तहत अधिदेशित कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना/कर्मचारी स्टॉक वृद्धि अधिकार (एसएआर) योजना का प्रबंध और पर्यवेक्षण करना तथा अन्य बातों के साथ-साथ उन कर्मचारियों के ग्रेडों को अनुमोदित करना जिन्हें विकल्प/एसएआर दिए जा सकते हैं और साथ ही विकल्प/एसएआर देने के लिए अपनाए जाने के लिए आवश्यक कार्यनिष्पादन स्तर और/ या कोई अन्य मानदंड निर्धारित करना.

  To act as the Compensation Committee as prescribed under Regulation 5 of the SEBI (Share Based Employee Benefits and Sweat Equity) Regulations, 2021. To administer and supervise the Employee Stock Option Scheme/Employee Stock Appreciation Rights (SAR) Scheme of the Bank as mandated under the SEBI (Share Based Employee Benefits and Sweat Equity) Regulations, 2021 and to inter-alia approve the grades of employees to whom options/SARs could be granted as well as determine the performance level and/or any other criteria required to be adopted for grant of options/SARs;

- बैंक की कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना/कर्मचारी स्टॉक वृद्धि अधिकार योजना को नियंत्रित करने वाली सभी शर्तों, उनमें किसी परिवर्तन सहित, का निर्धारण करना और अंतिम रूप देना, जो विनियामक और/या अन्य लागू कानूनों के अंतर्गत आवश्यक अनुमोदन, यदि आवश्यक हो, की प्राप्ति के अधीन होगा.

  To determine and finalize all the terms and conditions governing the Employee Stock Option Scheme/ Employee Stock Appreciation Rights Scheme of the Bank including any variation thereof subject to receipt of requisite approval, if required under regulatory and/or other applicable laws;

- किसी भी स्टॉक विकल्प योजना या एसएआर योजना में संशोधन का सुझाव देना, बशर्ते कि ऐसी योजनाओं में सभी संशोधन बोर्ड के विचार और अनुमोदन के अधीन हों.
  To suggest amendments to any stock option plan or SAR scheme, provided that all amendments to such plans/schemes shall be subject to consideration and approval of the Board;

- हर साल क्षतिपूर्ति नीति की समीक्षा करना और जब कभी विनियामक दिशानिर्देशों/ अन्य कानूनों के तहत कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना/ कर्मचारी स्टॉक वृद्धि अधिकार योजना की समीक्षा करना आवश्यक हो, उसकी समीक्षा करना.
  To review the Compensation Policy annually and to review the Employee Stock Option Scheme/Employee Stock Appreciation Rights Scheme of the Bank as and when required under regulatory guidelines/other laws;

- विनियामक/ सांविधिक दिशा-निर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित कोई अन्य भूमिका का निर्वहन करना.
  To carry out any other role as may be mandated to it under regulatory / statutory guidelines from time-to-time.

31 मार्च 2026 को एनआरसी के चार सदस्य थे जिसमें श्री दीपक सिंघल (स्वतंत्र निदेशक) इसके अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के रूप में श्री मनोज सहाय (सरकारी नामिती निदेशक) और श्री एन. जंबुनाथन एवं श्रीमती पी. वी. भारती (स्वतंत्र निदेशक) शामिल थे.

As on March 31, 2026, the NRC comprised of four members with Shri Deepak Singhal (Independent Director) as its Chairman, Shri Manoj Sahay (Government Nominee Director) and Shri N. Jambunathan & Smt. P. V. Bharathi (Independent Directors) as other members.

(ख) पारिश्रमिक प्रक्रियाओं में वर्तमान और भविष्य के जोखिमों को शामिल करने के तरीकों का विवरण. इसमें इन जोखिमों का ध्यान रखने के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रमुख उपायों का स्वरुप और प्रकार शामिल हो.

(b) Information relating to the design and structure of remuneration processes and the key features and objectives of remuneration policy:

विदेश स्थित सहायक संस्थाओं और शाखाओं पर लागू सीमा सहित बैंक की क्षतिपूर्ति नीति (पारिश्रमिक नीति) के कार्यक्षेत्र के संबंध में विवरण:

A description of the scope of the Bank's Compensation Policy (Remuneration Policy), including the extent to which it is applicable to foreign subsidiaries and branches:

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के 4 नवंबर 2019 के परिपत्र सं.डीओआर.एपीपीटी. बीसी.सं.23/29.67.001/ 2019-20 के माध्यम से जारी दिशानिर्देशों के आधार पर अपनी क्षतिपूर्ति नीति तैयार की है. (जिसे वापस ले लिया और 28 नवम्बर 2025 को समेकित मास्टर निदेश परिपत्र सं. आरबीआई/ डीओआर/ 2025-26/ 149 डीओआर. एचजीजी- जीओवी सं. 68/29.67.001/ 2025-26 जारी किया) क्षतिपूर्ति नीति बैंक की घरेलू शाखाओं/ कार्यालयों में नियुक्त कर्मचारियों के लिए लागू है. यह बैंक की सहायक संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए लागू नहीं है.

The Bank has formulated its Compensation Policy based on the Reserve Bank of India guidelines issued vide Circular No. DOR.Appt.BC.No.23/29.67.001/2019-20 dated November 4, 2019 (withdrawn and reissued consolidated Master Directions vide Circular No. RBI/DOR/2025-26/149 DOR.HGG.GOV. No.68/29.67.001/ 2025-26 dated November 28, 2025). The Compensation Policy is applicable to employees appointed at Bank's domestic branches/offices. It is not applicable to employees of subsidiaries of the Bank.

इसमें शामिल कर्मचारियों के प्रकार का विवरण और ऐसे कर्मचारियों की संख्या:

A description of the type of employees covered and number of such employees:

श्रेणी 1 / Category 1

एमडी एवं सीईओ तथा अन्य डब्ल्यूटीडी: / MD & CEO and Other WTDs:

इस श्रेणी में एमडी एवं सीईओ और दो उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी) शामिल हैं. डब्ल्यूटीडी के लिए पारिश्रमिक संरचना में नियत व परिवर्ती वेतन शामिल है और परिवर्ती वेतन नियत वेतन के प्रतिशत के रूप में देय है और बैंक के कार्य-निष्पादन से सहबद्ध है. बैंक के एमडी और सीईओ तथा अन्य पूर्णकालिक निदेशकों (डब्ल्यूटीडी) के लिए पारिश्रमिक संरचना एनआरसी / बोर्ड द्वारा तय की जाती है, जो बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 बी के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के अधीन है. क्षतिपूर्ति के भुगतान के लिए कंपनी

एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Standalone Financial Statements

अधिनियम, 2013 की धारा 197 और बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 35बी(1) के साथ पठित बैंक के संस्था-अंतर्नियम के खंड 119 के अनुसार बैंक के शेयरधारकों की महासभा में अनुमोदन की भी आवश्यकता होती है.

This category includes MD & CEO and two Deputy Managing Directors (DMDs). The remuneration structure for WTDs comprises of fixed and variable pay. Variable pay is payable as a percentage of fixed pay and is linked to the Bank's performance. The remuneration structure for MD & CEO and other Whole Time Directors (WTDs) of the Bank is fixed by NRC / Board and is subject to approval of Reserve Bank of India in terms of Section 35 B of the Banking Regulation Act, 1949. The payment of compensation also requires approval of the shareholders of the Bank in the General Meeting pursuant to clause 119 of Articles of Association of the Bank read with Section 197 of the Companies Act, 2013 and Section 35B (1) of Banking Regulation Act 1949.

श्रेणी 2 / Category 2

महत्वपूर्ण जोखिम लेने वाले (एमआरटी) एवं नियंत्रक कार्य वाले स्टाफ:
Material Risk Takers (MRTs) & Control Function Staff:

महत्वपूर्ण जोखिम लेने वाले (एमआरटी) और नियंत्रक कार्य वाले स्टाफ के पद आईडीबीआई बैंक के कैडर अधिकारियों द्वारा धारित किए जाते हैं तथा उनकी नियत वेतन संरचना में आईडीबीआई बैंक द्वारा समानान्तर ग्रेड में अन्य अधिकारियों को ऑफर किया जा रहा वेतन और भत्तों के समतुल्य वेतन एवं भत्ते शामिल हैं. एमआरटी के लिए परिवर्ती वेतन नियत वेतन के प्रतिशत के रूप में देय है तथा यह व्यक्तियों और बैंक के कार्य-निष्पादन से सहबद्ध है. नियंत्रक कार्य स्टाफ के लिए परिवर्ती वेतन उनके व्यक्तिगत कार्य-निष्पादन से सहबद्ध है; बैंक के समग्र कार्य-निष्पादन को प्राथमिक पात्रता तय करते समय ध्यान में रखा जाता है.

The positions of Material Risk Takers (MRTs) & Control Function Staff are held by cadre officers of IDBI Bank and their fixed pay structure comprising of pay and allowances is equivalent to the pay & allowances being offered by IDBI Bank to the other parallel grade officers. Variable pay is payable as a percentage of fixed pay and is linked to individual and Bank performance for the MRTs. Variable Pay of Control Function Staff is linked to their individual performance and overall business performance of the Bank is reckoned only for ascertaining primary eligibility.

श्रेणी 3 / Category 3

अन्य अधिकारी और कर्मचारी: / Other Officers and Employees:

मौजूदा नीति के अनुसार अधीनस्थ कर्मचारियों, लिपिकीय कर्मचारियों और ग्रेड 'ए' से कार्यपालक निदेशक के ग्रेड तक के अधिकारियों की नियत भुगतान संरचना भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के वेतनमान और भत्तों के अनुसार तैयार की गई है तथा यह 5 वर्ष की अवधि के लिए उद्योग स्तरीय समझौते के साथ समाप्त होती है. हालांकि ग्रेड 'ओ' के अधिकारियों की वेतन संरचना कंपनी को लागत (सीओसी) पर आधारित है. इस श्रेणी के कर्मचारियों के लिए परिवर्ती वेतन नियत वेतन के प्रतिशत/ दिनों की संख्या के रूप में देय है तथा यह व्यक्तिगत और बैंक के कार्य-निष्पादन से सहबद्ध है.

As per the current policy, the fixed pay structure of subordinate staff, clerical staff and officers from Grade A upto the grade of Executive Director is drawn on the lines of the Indian Banks' Association (IBA) pay scales and allowances and runs co-terminus with the industry level settlements for a period of 5 years. Officers in Grade O, however are on a cost to company (CTC) based salary structure. Variable Pay as a percentage/ number of days of fixed pay is payable to this category of employees and is linked to the individual and Bank performance.

अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या निम्नानुसार है / Count of Officers and employees is given below:

ग्रेड / Grade	संख्या / Count
अधिकारी (ग्रेड ओ से ईडी) / Officers (Gr O to ED)	18,548
एक्जीक्यूटिव* / Executives*	1,572
लिपिकीय / Clerical	281
अधीनस्थ / Subordinates	289
कुल योग / Grand Total	**20690**

** एक्जीक्यूटिव परिवर्ती वेतन के लिए पात्र नहीं है. संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए परिवर्ती वेतन संबंधित निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार होगा तथा नियुक्ति के समय निर्धारित कुल सी.टी.सी. का हिस्सा है.*

** Executives are not eligible for Variable Pay. For Employees on contract, variable pay is as per the respective terms and conditions and is part of the total CTC fixed at the time of appointment.*

क्षतिपूर्ति (पारिश्रमिक) नीति के उद्देश्य / Objectives of Compensation (Remuneration) Policy:

बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफ़एसबी) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, हर समय, आंतरिक रूप से न्यायसंगत और बाहरी रूप से प्रतिस्पर्धी क्षतिपूर्ति नीति का पालन करेगा. क्षतिपूर्ति के स्तर को इस प्रकार डिज़ाइन किया जाएगा कि बैंक की व्यावसायिक योजनाओं को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त प्रतिभा को आकर्षित किया जा सके व उन्हें रोके रखने में मदद मिल सके.

The Bank shall follow a compensation policy that is internally equitable and externally competitive, while complying, at all times, with the guidelines set forth by the Reserve Bank of India (RBI) and the Financial Stability Board (FSB). The compensation levels shall be designed to enable attraction & retention of the most suitable talent for delivering on the Bank's business plans.

क्या पारिश्रमिक समिति ने पिछले वर्ष के दौरान बैंक की क्षतिपूर्ति (पारिश्रमिक) नीति की समीक्षा की और यदि हां, तो किए गए परिवर्तनों का एक विहंगावलोकन

Whether the Remuneration Committee reviewed the Bank's Compensation (Remuneration) Policy during the past year and if so, an overview of any changes that were made.

वर्ष 2025-26 के दौरान क्षतिपूर्ति नीति की समीक्षा की गई थी. आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधानों में विचलन के प्रकटीकरण से संबंधित प्रावधानों को वर्तमान विनियामकीय मानदंडों के अनुरूप अद्यतन किया गया . सेवाओं की समाप्ति की स्थिति में लागू क्लॉबैक प्रावधानों में संशोधन किए गए, और कर्मचारी की मृत्यु की स्थिति में परिवर्ती वेतन का भुगतान नामिती को सुनिश्चित करने हेतु एक नया खंड सम्मिलित किया गया.

The Compensation Policy was reviewed during the year 2025-26. The provisions relating to disclosure of divergence in asset classification and provisioning were updated in line with current regulatory norms. Clawback provisions applicable in the event of termination of services were modified, and a new clause was introduced to ensure disbursement of variable pay to the nominee in the event of an employee's death.

इस बात पर चर्चा की बैंक कैसे सुनिश्चित करता है कि जोखिम और अनुपालन कर्मचारियों को उन के द्वारा किए जाने वाले कार्यों से स्वतंत्र रूप से पारिश्रमिक दिया जाए.

A discussion of how the Bank ensures that risk and compliances employees are remunerated independently of the businesses they oversee.

कार्यपालक निदेशक-मुख्य जोखिम अधिकारी, कार्यपालक निदेशक-मुख्य अनुपालन अधिकारी, कार्यपालक निदेशक-लेखा परीक्षा, धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समूह एवं आंतरिक लेखा परीक्षक और कार्यपालक निदेशक - मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद आईडीबीआई बैंक के कैडर अधिकारियों के पास हैं और उनके वेतनमान व भत्ते यानी नियत वेतन अन्य समानांतर ग्रेड अधिकारियों को दिए जा रहे वेतनमान और भत्तों के बराबर है तथा इसे बैंक द्वारा बोर्ड के अनुमोदन से अंतिम रूप दिया जाता है. हालांकि परिवर्ती वेतन उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से जुड़ा हुआ है; बैंक के समग्र व्यावसायिक प्रदर्शन को केवल प्राथमिक पात्रता सुनिश्चित करने के लिए गिना जाता है.

The positions of Executive Director-Chief Risk Officer, Executive Director-Chief Compliance Officer, Executive Director-Audit, Fraud Risk Management Group & Internal Auditor and Executive Director-Chief Financial Officer are held by cadre officers of IDBI Bank and their pay scale and allowances i.e. fixed pay is equivalent to the pay scales and allowances being offered to other parallel grade officers and is finalized by the Bank with the approval of the Board. The Variable Pay is, however, linked to their individual performance and overall business performance of the Bank is reckoned only for ascertaining primary eligibility.

(ग) पारिश्रमिक प्रक्रियाओं में वर्तमान और भविष्य के जोखिमों को शामिल करने के तरीकों का विवरण. इसमें इन जोखिमों का ध्यान रखने के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रमुख उपायों का स्वरूप और प्रकार शामिल हो.

(c) Description of the ways in which current and future risks are taken into account in the remuneration processes. It includes the nature and type of the key measures used to take account of these risks.

पारिश्रमिक को जोखिम और उस समय सीमा के अनुरूप बनाने के लिए जिसमें वे उभर सकते हैं, एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों सहित वरिष्ठ प्रबंधन के बड़े भाग का परिश्रमिक परिवर्ती वेतन व्यवस्था के अंतर्गत आता है. परिवर्ती पारिश्रमिक नकद और गैर - नकद* घटक के रूप में देय है तथा 3 वर्षों या उससे अधिक अवधि के लिए आस्थगित होता है. पारिश्रमिक समायोजनों का प्रभाव कर्मचारियों और/

एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Standalone Financial Statements

या व्यापार इकाइयों द्वारा की गई कार्रवाई और बैंक द्वारा ली गई जोखिम के स्तर पर उनके प्रभाव के साथ संबद्ध है. उत्तरदायित्व के उच्च स्तर पर परिवर्ती वेतन का अनुपात उच्च है. बैंक के वित्तीय कार्यनिष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन की राशि को शून्य तक भी घटाया जा सकता है. इसके अतिरिक्त, परिवर्ती वेतन बैंक की क्षतिपूर्ति नीति के मैलस और क्लाबैक प्रावधानों के अधीन है.

In order to align remuneration with the risk and the time horizons over which they could emerge, a substantial portion of the senior management remuneration including that of MD & CEO and Deputy Managing Directors is under variable pay arrangement. The variable compensation is payable in the form of cash and non-cash* components and is deferred over a period of 3 years or more. The impact of remuneration adjustments is linked to actions taken by employees and/or business units, and their impact on the level of risk taken on by the Bank. At higher level of responsibility, the proportion of variable pay is higher. The amount of variable pay can even be reduced to zero depending on the financial performance of the Bank. In addition, variable pay is subject to the malus and clawback provisions of the Compensation Policy of the Bank.

(घ) उन तरीकों का विवरण जिसमें बैंक कार्यनिष्पादन माप अवधि के दौरान कार्यनिष्पादन को पारिश्रमिक के स्तरों के साथ जोड़ना चाहता है:

(d) Description of the ways in which the Bank seeks to link performance during a performance measurement period with levels of remuneration:

परिवर्ती वेतन बैंक की कार्य निष्पादन प्रबंधन प्रणाली में भूमिका के आकलन के आधार पर, प्रदर्शन मूल्यांकन अवधि के दौरान देय होता है. लक्षित परिवर्ती वेतन नियत वेतन के प्रतिशत के रूप में या दिनों की संख्या के रूप में देय होता है. उत्तरदायित्व के उच्च स्तर पर परिवर्ती वेतन का अनुपात उच्च है. परिवर्ती वेतन के प्रयोजन के लिए ध्यान में रखे गए कारक निम्न हैं.

Variable Pay shall be payable basis role assessed in the Bank's performance management system during the performance measurement period. The target Variable Pay shall be payable as a percentage or in terms of number of days of Fixed Pay. At higher level of responsibility, the proportion of variable pay is higher. The factors taken into account for the purpose of variable pay are:

- बैंक का कार्य-निष्पादन / The performance of the Bank
- कर्मचारी का व्यक्तिगत कार्य-निष्पादन/ ग्रेड/ भूमिका / Individual performance/grade/role of the employee
- अन्य जोखिम धारणाएं / Other risk perceptions.

(ङ) परिवर्ती पारिश्रमिक के आस्थगन और निहित करने के संबंध में बैंक की नीति पर चर्चा तथा निहित करने से पहले एवं करने के बाद में आस्थगित पारिश्रमिक का समायोजन करने के लिए बैंक की नीति और मापदंडों पर चर्चा.

(e) A discussion of the Bank's policy on deferral and vesting of variable remuneration and a discussion of the Bank's policy and criteria for adjusting deferred remuneration before vesting and after vesting:

(क) परिवर्ती वेतन के प्रयोजन हेतु, कर्मचारियों को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है.

(a) For the purpose of Variable pay, employees have been grouped into following categories.

i) प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और अन्य डबल्यूटीडी/ MD & CEO and other WTDs

ii) महत्वपूर्ण जोखिम लेने वाले / Material Risk Takers

iii) नियंत्रण कार्य करने वाले स्टाफ / Control Function Staff

iv) अन्य अधिकारी / Other Employees

(ख) एमआरटी की पहचान के लिए मानदंड निम्नलिखित हैं:

(b) The criteria for identification of MRTs are as under:

स्टाफ सदस्य जो गुणात्मक मानदंड और नीचे दिए गए विवरण के अनुसार मात्रात्मक मानदंडों में से किसी एक को पूरा करते हैं:

The staff members who satisfy the qualitative criteria and any one of the quantitative criteria as detailed below:

(I) मानक गुणात्मक मानदंड: / Standard Qualitative Criteria:

- संयुक्त रूप से या व्यक्तिगत रूप से, जोखिम एक्सपोजर आदि के लिए महत्वपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध प्राधिकार वाले

स्टाफ सदस्यों (जैसे प्रबंधन निकाय के सदस्य) की भूमिका और निर्णय लेने की शक्ति से संबंधित हैं.
Relate to the role and decision-making power of staff members (e.g. member of management body) having jointly or individually, the authority to commit significantly to risk exposures, etc.

(II) मानक मात्रात्मक मानदंड: / Standard Quantitative Criteria:

- उनका कुल पारिश्रमिक एक निश्चित सीमा से अधिक है (बोर्ड को अनुमोदन के लिए एनआरसी द्वारा अनुशंसित किया जाना है); जिसका निर्धारण बैंक द्वारा विवेकपूर्ण ढंग से किया जा सकता है,
  Their total remuneration exceeds a certain threshold (to be recommended by NRC to the Board for approval); the determination of which may be done prudently by the bank,

  अथवा / or

- वे बैंक में उच्चतम पारिश्रमिक वाले 0.3% स्टाफ में शामिल हैं,
  They are included among the 0.3% of staff with the highest remuneration in the bank,

  अथवा / or

- उनका पारिश्रमिक वरिष्ठ प्रबंधन और अन्य जोखिम लेने वालों के न्यूनतम पारिश्रमिक के बराबर या उससे अधिक है.
  Their remuneration is equal to or greater than the lowest remuneration of senior management and other risk-takers.

बोर्ड, एनआरसी की अनुशंसा पर, महत्वपूर्ण जोखिम लेने वालों (एमआरटी) को निर्दिष्ट करेगा जिन के कार्यों का समय-समय पर बैंक के जोखिम एक्सपोजर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है.
The Board, on recommendation of NRC, shall specify Material Risk Takers (MRTs) whose actions have a material impact on the risk exposure of the bank from time-to-time.

(ग) निम्नलिखित कार्यों में लगे कार्यपालक निदेशकों (ईडी) को 'नियंत्रण कार्य स्टाफ' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता हैं:
(c) Executive Directors (ED) engaged in following functions are classified under Control Function Staff category.

i) मुख्य जोखिम अधिकारी / Chief Risk Officer

ii) मुख्य अनुपालन अधिकारी / Chief Compliance Officer

iii) मुख्य वित्तीय अधिकारी / Chief Financial Officer

iv) आंतरिक लेखा परीक्षक / Internal Auditor

- परिवर्ती वेतन / Variable Pay

परिवर्ती वेतन रिजर्व बैंक दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए नकद और शेयर लिंक्ड घटकों के बीच उचित संतुलन के साथ नकद और शेयर- लिंक्ड लिखतों का मिश्रण होगा. शेयर आधारित एलटीआई का फोकस दीर्घकालिक शेयरधारक मूल्य निर्माण पर होगा. उक्त के मदेनजर शेयर आधारित एलटीआई परिवर्ती वेतन के हिस्से के रूप में स्वीकृत होगा और इसका ब्लैक-श्योल्स मॉडल या विनियामक(कों) द्वारा निर्देशित किसी अन्य मॉडल के उपयोग द्वारा स्वीकृति के दिन उचित मूल्यांकन किया जाएगा. केवल ऐसे मामलों में जहां शेयर लिंक्ड लिखतों के माध्यम से क्षतिपूर्ति, कानून/ विनियमनों द्वारा स्वीकृत नहीं है, सम्पूर्ण परिवर्ती वेतन नकद के रूप में हो सकता है.
The Variable Pay shall be a mix of cash and share-linked instruments with proper balance between cash and share linked components in keeping with the RBI guidelines. The focus of share-based LTI will be on long-term shareholder value creation. In view of the same, share-based LTI shall be granted as a part of Variable Pay and it shall be fair valued on the date of grant by using the Black-Scholes Model or any other model as may be directed by the Regulator(s). Only in cases where the compensation by way of share-linked instruments is not permitted by statute/regulations, the entire variable pay can be in the form of cash.

पूर्णकालिक निदेशकों के लिए परिवर्ती वेतन का निर्धारण बैंक-व्यापी प्रदर्शन मानदंडों की उपलब्धि पर आधारित है. महत्वपूर्ण जोखिम लेने वाले(एमआरटी) और अन्य कर्मचारियों के परिवर्ती वेतन का निर्धारण व्यक्तिगत एवं बैंक-व्यापी प्रदर्शन मानदंडों की उपलब्धि पर आधारित है. नियंत्रण कार्य स्टाफ के परिवर्ती वेतन का निर्धारण उनके व्यक्तिगत कार्य-निष्पादन से संबद्ध है और बैंक के समग्र कार्य-निष्पादन को केवल प्राथमिक पात्रता तय करते समय ध्यान में रखा जाता है.

एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Standalone Financial Statements

The assessment of variable pay is based on achievement of Bank-wide performance parameters for Whole Time Directors For Material Risk Takers (MRTs) and other employees the assessment of variable pay is based on achievement of individual as well as Bank-wide performance parameters For Control Function staff the assessment of variable pay is linked to their individual performance; overall business performance of the Bank is reckoned only for ascertaining primary eligibility.

क. परिवर्ती वेतन की सीमा

a. Limit on Variable Pay:

अ. एमडी एवं सीईओ और अन्य पूर्णकालिक निदेशकों के लिए

A. For MD & CEO and Other Whole Time Directors

i. रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और अन्य नियमों एवं विनियमों के अनुपालन में कुल क्षतिपूर्ति का न्यूनतम 50% परिवर्ती होगा और बैंक-व्यापी प्रदर्शन के आधार पर भुगतान किया जाएगा. कुल परिवर्ती वेतन नियत वेतन का अधिकतम 300% होगा.

In compliance to the RBI guidelines and other applicable rules and regulations atleast 50% of the total compensation shall be variable and paid on the basis of Bank-wide performance. The total variable pay shall be limited to a maximum of 300% of the fixed pay.

ii. यदि परिवर्ती वेतन नियत वेतन के 200% तक है, तो परिवर्ती वेतन का न्यूनतम 50%; और यदि परिवर्ती वेतन 200% से अधिक है, तो परिवर्ती वेतन का न्यूनतम 67% गैर-नकद* लिखतों के रूप में होगा.

In case variable pay is upto 200% of the fixed pay, a minimum of 50% of the variable pay; and in case variable pay is above 200%, a minimum of 67% of the variable pay shall be in the form of non-cash* instruments.

iii. यदि किसी कार्यपालक को शेयर-लिंक्ड लिखतों की मंजूरी के लिए कानून या विनियमन द्वारा प्रतिबंधित किया जाता है, तो उनका/ उनकी परिवर्ती वेतन न्यूनतम 50% से अधिकतम 150% के दायरे में होगा.

In the event that an executive is barred by statute or regulation from grant of share-linked instruments, his/ her variable pay shall be in the range of minimum 50% to maximum 150%.

iv. बैंक के वित्तीय कार्य निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन शून्य तक घटाया जा सकता है.

The amount of variable pay can even be reduced to zero depending on the financial performance of the Bank.

आ. महत्वपूर्ण जोखिम लेने वालों (एमआरटी) के लिए

B. For Material Risk Takers (MRTs)

i. रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुपालन में, सभी एमआरटी के कुल क्षतिपूर्ति का 50% परिवर्ती होगा और व्यक्तिगत एव बैंक-व्यापी प्रदर्शन मानदंडों के आधार पर भुगतान किया जाएगा.

In compliance to the RBI guidelines, 50% of total compensation for all MRTs shall be variable and paid on the basis of individual and Bank-wide performance parameters.

ii. परिवर्ती वेतन का न्यूनतम 50% गैर-नकद* लिखत के रूप में होगा.

Minimum 50% of the variable pay shall be in the form of non-cash* instruments.

iii. बैंक के वित्तीय कार्यनिष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन शून्य तक भी घटाया जा सकता है.
The amount of variable pay can even be reduced to zero depending on the financial performance of the Bank.

iv. एनआरसी/ बोर्ड समय-समय पर महत्वपूर्ण जोखिम लेने वालों (एमआरटी) की पहचान करेगा.
The NRC/ Board shall from time-to-time identify the Material Risk Takers (MRTs).

ख. परिवर्ती वेतन का आस्थगन

b. Deferral of Variable Pay

(i) डबल्यूटीडी और एमआरटी हेतु कुल परिवर्ती वेतन का न्यूनतम 60% निरपवाद रूप से आस्थगित व्यवस्थाओं के अधीन होगा. इसके अतिरिक्त, यदि नकद घटक परिवर्ती वेतन का भाग है तो नकद घटक का न्यूनतम 50% भी आस्थगित होगा.

For WTDs and MRTs, a minimum of 60% of the total variable pay shall invariably be under deferral arrangements. Further, if cash component is part of variable pay, atleast 50% of the cash component shall also be deferred.

(ii) तथापि, ऐसे मामलों में जहां परिवर्ती वेतन का नकदी घटक 25 लाख रुपये से कम है, वहां आस्थगित अपेक्षा लागू नहीं है.

However, in cases where the cash component of variable pay is under ₹ 25 lakh, deferral requirement is not applicable.

ग. आस्थगन व्यवस्था की अवधि

c. Period of Deferral Arrangement

आस्थगन अवधि न्यूनतम 3 वर्ष की होगी. यह परिवर्ती वेतन के नकदी और गैर-नकदी* दोनों घटकों पर लागू होगा.

The deferral period shall be a minimum of 3 years. This would be applicable to both the cash and non-cash* components of the variable pay.

घ. वेस्टिंग

d. Vesting:

शेयर-आधारित दीर्घकालिक प्रोत्साहन मंजूरी की तारीख से 3 साल की अवधि के दौरान निहित किया जाएगा. (मंजूरी की तारीख से पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष के अंत में क्रमशः 25%, 25% और 50%) और इसके प्रयोग की अवधि निहित किए जाने की तारीख से 5 वर्ष तक होगी. शेयर-आधारित एलटीआई बैंक की संबंधित योजना पर यथा लागू निबंधनों एवं शर्तों द्वारा अभिशासित होंगे.

Vesting of Share-based Long Term Incentive shall be over a period of 3 years from the grant date (25%, 25% & 50% at the end of 1st, 2nd & 3rd year from date of grant respectively) and exercise period shall be upto 5 years from the date of vesting. Share-based LTIs shall be governed by the terms & conditions of the respective scheme of the Bank, as applicable.

- यदि आस्थगन अवधि 3 वर्ष है तो पहले वर्ष की समाप्ति पर कुल मंजूर किए गए शेयर-आधारित एलटीआई का 33.33% से अधिक निहित नहीं होगा. इसके अलावा, दूसरे वर्ष की समाप्ति पर कुल मंजूर शेयर-आधारित एलटीआई का 33.33% से अधिक निहित नहीं होगा. इसी प्रकार यदि आस्थगन व्यवस्था चार साल की है, तो पहले प्रत्येक तीन वर्ष की समाप्ति पर कुल मंजूर शेयर-आधारित एलटीआई का 25% से अधिक निहित नहीं होंगे. इसके अलावा निहित किए जाने की प्रक्रिया वार्षिक आधार की आवधिकता से अधिक बार सम्पन्न नहीं होगी, ताकि कार्योत्तर समायोजनों की प्रयोज्यता के पहले जोखिमों का उचित आकलन सुनिश्चित किया जा सके.
- If deferral period is 3 years, not more than 33.33 % of the total granted Share-based LTI shall vest at the end of first year. Further, not more than 33.33 % of total granted Share-based LTI shall vest at the end of second year. Similarly, in case deferral arrangement is four years, not more than 25% of total granted Share-based LTI shall vest in each of the first three years Additionally, vesting shall not take place more frequently than on a yearly basis to ensure a proper assessment of risks before the application of ex-post adjustments.

मैलस/ क्लाबैक / Malus/Clawback

परिवर्ती वेतन (नकद आधारित और शेयर आधारित एलटीआई) पर मैलस और क्लाबैक प्रावधान कुछ स्थितियों अर्थात् एनपीए के लिए बैंक के प्रावधान में विचलन, कमजोर या नकारात्मक वित्तीय कार्यनिष्पादन, कदाचार या एनआरसी द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य मापदंड में अनिहित अवार्ड को कम करने या रद्द करने और पहले भुगतान की गई क्षतिपूर्ति की वसूली करने में एनआरसी सक्षम होगी. मैलस को सभी परिस्थितियों में लागू किया किया जा सकता है और क्लाबैक को कदाचार अथवा एनआरसी द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य मानदंड के मामले में लागू किया जा सकता है. मैलस प्रावधान लागू किए जाने की प्रक्रिया में लागू ट्रिगर के ज्ञात होने की तारीख से आंशिक अथवा पूर्ण आस्थगित वार्षिक नकद प्रोत्साहन और/ अथवा अनिहित एलटीआई अवार्डों का निरसन अंतर्निहित होगा. क्लाबैक व्यवस्था में लागू ट्रिगर के ज्ञात होने की तारीख से पिछले पांच वर्षों में दिए गए वार्षिक नकद प्रोत्साहन और एलटीआई पुरस्कारों की वसूली अंतर्निहित होगी.

Malus & Clawback provisions on variable pay (cash based & share-based LTI) would enable the NRC to reduce or cancel unvested awards and recover previously paid compensation in certain situations viz. divergence in Bank's provisioning for NPAs, subdued or negative financial performance, misconduct or any other parameter deemed relevant by the NRC. Malus can be

एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Standalone Financial Statements

invoked in all the situations and clawback can be invoked in case of misconduct or any other parameter deemed relevant by the NRC. Invocation of Malus provisions would imply cancellation of partial or full deferred annual cash incentive and/or unvested LTI awards as on the date of discovery of applicable trigger. The clawback arrangement would imply recovery of annual cash incentives paid and LTI awards vested over the last five years from the date of discovery of the applicable trigger.

(च) परिवर्ती पारिश्रमिक के विभिन्न प्रकारों (जैसे नकद और शेयर संबद्ध लिखतों के प्रकार) जिन्हें बैंक प्रयोग करता है, के विवरण और इन विभिन्न प्रकारों के प्रयोग के लिए औचित्य:

(f) Description of the different forms of variable remuneration (i.e. cash and types of share-linked instruments) that the Bank utilizes and the rationale for using these different forms:

परिवर्ती वेतन नकदी एवं शेयर आधारित दीर्घावधि प्रोत्साहन (एलटीआई)* का मिश्रण होगा. शेयर-आधारित एलटीआई को परिवर्ती वेतन के एक भाग के रूप में प्रदान किया जाएगा और इसे ब्लैक-स्कोल्स मॉडल या विनियामक (कों) द्वारा निर्देशित किसी अन्य मॉडल का उपयोग करके मंजूरी की तारीख को उचित मूल्यांकन किया जाएगा. शेयर-आधारित एलटीआई समय-समय पर संशोधित बैंक की लागू योजना के निबंधन और शर्तों द्वारा अभिशासित होगा. नियत वेतन के प्रतिशत/ दिनों की संख्या (विनियामक दिशा-निर्देशों के अधीन) के रूप में कर्मचारी श्रेणीवार लक्ष्य परिवर्ती वेतन नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति द्वारा की गई सिफ़ारिशों तथा बोर्ड द्वारा दिए अनुमोदन के अनुसार होगा.

The Variable Pay shall be a mix of Cash & Share-based Long Term Incentive (LTI)*. Share-based LTI shall be granted as a part of Variable Pay and it shall be fair valued on the date of grant by using the Black-Scholes Model or any other model as may be directed by the Regulator(s). Share-based LTI shall be governed by the terms & conditions of the applicable scheme of the Bank, as amended from time-to-time. The employee category-wise target Variable Pay as a percentage/number of days of Fixed Pay (subject to regulatory guidelines) shall be as recommended by the Nomination and Remuneration Committee and approved by the Board.

2) मात्रात्मक प्रकटन / Quantitative Disclosures:

(मात्रात्मक प्रकटन में केवल पूर्णकालिक निदेशकों/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी/ महत्वपूर्ण जोखिम लेने वालों की जानकारी शामिल हैं)
(The quantitative disclosures includes only Whole Time Directors / Chief Executive Officer/ Material Risk Takers)

		वित्तीय वर्ष 2025-26 FY 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25 FY 2024-25
(क) (a)	वित्तीय वर्ष के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या Number of meetings held by the Nomination & Remuneration Committee (NRC) during the financial year	6	6
	और / and इसके सदस्यों को प्रदत्त पारिश्रमिक. (करोड़ में) Remuneration paid to its members. (in Crores)	0.14	0.21
(ख) (b)	(i) वित्तीय वर्ष के दौरान परिवर्ती पारिश्रमिक अवार्ड प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संख्या Number of employees having received a variable remuneration award during the financial year. **नोट- / Note –** 1. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एमडी एवं सीईओ, 2 डीएमडी तथा 23 महत्वपूर्ण जोखिम लेने वालों को परिवर्ती पारिश्रमिक प्रदान करने की स्वीकृति दी गई जो वित्तीय वर्ष 2024-25 से संबंधित है. Variable remuneration award for FY 2024-25 was approved to MD & CEO, 2 DMDs and 23 Material Risk Takers during the FY 2025-26. 2. वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान एमडी एवं सीईओ, 2 डीएमडी तथा 24 महत्वपूर्ण जोखिम लेने वालों को परिवर्ती पारिश्रमिक प्रदान करने की स्वीकृति दी गई जो वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित था. Variable remuneration award for FY 2023-24 was approved to MD & CEO, 2 DMDs and 24 Material Risk Takers during financial year 2024-25.	26	27

एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Standalone Financial Statements

			वित्तीय वर्ष 2025-26 FY 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25 FY 2024-25
	(ii)	वित्तीय वर्ष के दौरान प्रदान किए गए साइन ऑन/जॉइनिंग बोनस की संख्या और कुल राशि Number and total amount of sign-on/joining bonus made during the financial year.	**शून्य** / Nil	शून्य / Nil
	(iii)	उपचित लाभों के अतिरिक्त सेवा विच्छेद भुगतान, यदि कोई हो, का विवरण Details of severance pay, in addition to accrued benefits, if any.	**शून्य** / Nil	शून्य / Nil
(ग) (c)	(i)	नकद, शेयर और शेयर से जुड़े लिखत और अन्य प्रकारों में विभक्त बकाया आस्थगित पारिश्रमिक की कुल राशि Total amount of outstanding deferred remuneration, split into cash, shares and share linked instruments and other forms.		
		नकद / Cash	2.10	1.67
		ईएसओपी के एवज में नकद* / Cash in lieu of ESOP*	21.50	16.40
	(ii)	वित्तीय वर्ष में भुगतान किए गए आस्थगित पारिश्रमिक की कुल राशि Total amount of deferred remuneration paid out in the financial year.	4.64	2.30
(घ) (d)		नियत और परिवर्ती, आस्थगित और गैर-आस्थगित घटकों को दिखाने हेतु वित्तीय वर्ष के लिए पारिश्रमिक अवार्ड राशि का विश्लेषण$ Breakdown of amount of remuneration awards for the financial year to show fixed and variable, deferred and non-deferred$		
		नियत / Fixed	17.11	15.90
		परिवर्ती / Variable	21.07	16.50
		आस्थगित / Deferred	15.87	12.18
		गैर-आस्थगित / Non-Deferred	5.20	4.32
(ङ) (e)	(i)	पूर्व सुस्पष्ट और/ अथवा अस्पष्ट समायोजनों के प्रति बकाया आस्थगित पारिश्रमिक और धारित पारिश्रमिक की कुल राशि Total amount of outstanding deferred remuneration and retained remuneration exposed to ex post explicit and / or implicit adjustments.	23.60	18.07
	(ii)	पूर्व सुस्पष्ट समायोजनों के प्रति वित्तीय वर्ष के दौरान की गई कटौतियों की कुल राशि Total amount of reductions during the financial year due to ex post explicit adjustments.	**शून्य** / Nil	शून्य / Nil
	(iii)	पूर्व अस्पष्ट समायोजनों के प्रति वित्तीय वर्ष के दौरान की गई कटौतियों की कुल राशि Total amount of reductions during the financial year due to ex post implicit adjustments.	**शून्य** / Nil	शून्य / Nil
(च) (f)		पहचान किए गए महत्वपूर्ण जोखिम लेने वालों (एमआरटी) की संख्या Number of Material Risk Takers (MRTs) identified	24	23
(छ) (g)	(i)	मामलों की संख्या जहां मैलस का प्रयोग किया गया है. Number of cases where malus has been exercised.	**शून्य** / Nil	शून्य / Nil
	(ii)	मामलों की संख्या जहां क्लाबैक का प्रयोग किया गया है. Number of cases where clawback has been exercised.	**शून्य** / Nil	शून्य / Nil

एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Standalone Financial Statements

			वित्तीय वर्ष 2025-26 FY 2025-26	वित्तीय वर्ष 2024-25 FY 2024-25
	(iii)	मामलों की संख्या जहां मैलस और क्लाबैक, दोनों का प्रयोग किया गया है Number of cases where both malus and clawback have been exercised.	**शून्य** / Nil	शून्य / Nil
(ज) (h)		समग्र रूप में (सब-स्टाफ को छोड़कर) बैंक का माध्य वेतन तथा निम्नलिखित डब्ल्यूटीडी के वेतन का माध्य से विचलन: (राशि करोड़ में) The mean pay for the Bank as a whole (excluding sub-staff) and the deviation of the pay of each of the following WTDs from the mean pay: (Amount in Crores)	0.19	0.21
	(i)	एमडी एवं सीईओ / MD & CEO	4.17	2.86
	(ii)	डीएमडी / DMD	1.50	1.02
	(iii)	डीएमडी (15 जुलाई 2024 को पदभार ग्रहण किया) DMD (Joined on 15th July 2024)	1.20	0.52
		नोट - / Note - वेतन में सकल वेतन (इसमें संपूर्ण बैंक के लिए बीमांकिक आधार पर निर्धारित ग्रेच्युटी और छुट्टी लाभों के लिए प्रावधान शामिल नहीं है)+ एमआरटी को + छुट्टी नकदीकरण + वर्ष के दौरान भुगतान किया गया परिवर्ती वेतन +आयकर अधिनियम, 1961 के तहत गणना के अनुसार अनुलाभ मूल्य शामिल है. Pay includes Gross salary (excludes the provision for gratuity and leave benefits as determined on actuarial basis for the Bank as a whole) + leave encashment + Variable Pay paid during the year + perquisite value as calculated under the Income Tax Act, 1961.		

नोट- / Note –

** रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए परिवर्ती वेतन को नकद (3 वर्ष की आस्थगन अवधि) और ईएसओपी के एवज में नकद (4 वर्ष की आस्थगन अवधि) प्रस्तावित किया है.*

** Bank has proposed Variable pay in the form of Cash (deferral period of 3 years) and Cash in lieu of ESOPs (deferral period of 4 years) for FY 2025-26 with the approval of RBI.*

$ एमडी और सीईओ, डीएमडी और एमआरटी के निश्चित पारिश्रमिक में सकल वेतन, वार्षिक छुट्टी नकदीकरण और आयकर अधिनियम, 1961 के तहत गणना की गई अनुलाभ राशि शामिल है. इसमें ग्रेच्युटी और छुट्टी लाभों के लिए प्रावधान शामिल नहीं है क्योंकि वे संपूर्ण बैंक के लिए बीमांकिक आधार पर निर्धारित किए जाते हैं. एमडी एवं सीईओ, डीएमडी और एमआरटी के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आस्थगित और गैर आस्थगित परिवर्ती वेतन में बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित अनुसार लक्षित परिवर्ती वेतन शामिल हैं. डब्ल्यूटीडी के लिए यह रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के अधीन है.

$ Fixed remuneration for MD & CEO, DMDs and MRTs includes, gross salary, annual leave encashment and perquisite value as calculated under the Income Tax Act 1961. It excludes the provision for gratuity and leave benefits as they are determined on actuarial basis for the Bank as a whole. The Variable Pay - Deferred and Non-deferred includes target variable pay for FY 2025-26 for MD & CEO, DMDs and MRTs as approved by Bank's Board. In case of WTDs the same is subject to RBI approval.

14. अन्य प्रकटन / Other Disclosures

क) कारोबार अनुपात
a) Business ratios

क्रम. सं. No.	विवरण Particulars	31 मार्च 2026 March 31, 2026	31 मार्च 2025 March 31, 2025
1	कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में ब्याज आय$ Interest income as a percentage to working funds$	6.92%	7.60%
2	कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में गैर-ब्याज आय Non-interest income as a percentage to working funds	1.61%	1.30%
3	जमाराशियों की लागत / Cost of Deposits	4.69%	4.67%
4	निवल ब्याज मार्जिन^ / Net Interest Margin^	3.77%	4.56%
5	कोर निवल ब्याज मार्जिन^^ / Core Net Interest Margin^^	3.33%	3.72%
6	कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में परिचालन लाभ$ Operating profit as a percentage to working funds$	2.58%	2.91%
7	आस्तियों पर प्रतिलाभ@ / Return on assets@	2.27%	1.98%
8	आस्तियों पर कोर प्रतिलाभ@@ / Core Return on assets@@	1.28%	0.89%
9	प्रति कर्मचारी कारोबार (जमा और अग्रिम)# [₹ करोड़] Business (Deposits plus advances) per employee# [₹ crore]	27.70	25.65
10	प्रति कर्मचारी लाभ [₹ करोड़] / Profit per employee [₹ crore]	0.46	0.38

$ कार्यशील निधियों की गणना वित्तीय वर्ष के 12 महीनों के दौरान बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 27 के अधीन फॉर्म X में भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचित किए अनुसार कुल आस्तियों (संचित हानियों, यदि कोई हों, को छोड़कर) के औसत तथा विदेशी शाखाओं की कुल आस्तियों (संचित हानियों, यदि कोई हों, को छोड़कर) के औसत के रूप में की जाती है.

$ Working funds are reckoned as average of total assets (excluding accumulated losses, if any) as reported to Reserve Bank of India in Form X under Section 27 of the Banking Regulation Act, 1949, during the 12 months of the financial year and average of total assets (excluding accumulated losses, if any) of overseas branches.

^ निवल ब्याज आय / औसत ब्याज अर्जक आस्तियां. निवल ब्याज आय = ब्याज आय - ब्याज व्यय.

^ Net Interest Income/ Average Interest Earning Assets. Net Interest Income= Interest Income – Interest Expense

^^ कोर निवल ब्याज आय/ औसत ब्याज अर्जक आस्तियां.
^^ Core Net Interest Income/ Average Interest Earning Assets.

कोर निवल ब्याज आय = (ब्याज आय- आयकर रिफंड पर ब्याज- अनर्जक और तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले गए खातों से ब्याज वसूली और एनपीआई मामलों से ब्याज की वसूली) - ब्याज व्यय
Core Net Interest Income= (Interest Income- Interest on Income Tax Refund- Interest Recovery from Non-performing & Technically Written offs accounts and Interest Recovery from NPI cases) - Interest Expenses

@ आस्तियों पर प्रतिलाभ औसत कार्यशील निधियों (अर्थात् संचित हानियों, यदि कोई हों, को छोड़कर कुल आस्तियां) के संदर्भ में होगा.
@ Return on Assets would be with reference to average working funds (i.e., total of assets excluding accumulated losses, if any).

@@ आस्तियों के कोर प्रतिलाभ की गणना अनर्जक / तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले गए खातों से प्राप्त ब्याज आय/मूलधन की नकदी वसूली, आयकर रिफंड पर ब्याज, एनपीआई निवेशों पर ब्याज तथा गैर कोर आस्तियों की बिक्री (एनएसडीएल) से लाभ जैसी आय को छोड़ कर की जाती है.
@@ Core Return of Asset is calculated by excluding income such as Recovery in form of Interest income/ Principal recovery in cash from Non-performing/ Technically written offs accounts, Interest on Income Tax Refund, Interest on NPI Investments & Gain on sale of Non core assets (NSDL).

 # प्रति कर्मचारी कारोबार (जमाराशियां एवं अग्रिम) की गणना करने के लिए अंतर-बैंक जमाराशियों को शामिल नहीं किया जाता है.
 # For the purpose of computation of business per employee (deposits plus advances), inter-bank deposits have been excluded.

एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Standalone Financial Statements

ख) बैंकएश्योरेंस व्यवसाय
b) Bancassurance Business

बीमा ब्रोकिंग, एजेंसी और बैंकएश्योरेंस कारोबार के संबंध में अर्जित शुल्कों/ ब्रोकरेज का विवरण निम्नानुसार है.
The details of fees / brokerage earned in respect of insurance broking, agency and bancassurance business is as follows:

(₹ करोड़) / (₹ Crore)

विवरण Particulars	31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए For the year ended March 31, 2026	31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए For the year ended March 31, 2025
एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कं.लि.@ Ageas Federal Life Insurance Co. Ltd.@	60	29
भारतीय जीवन बीमा निगम Life Insurance Corporation of India	87	84
टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कं. लि. TATA AIG General Insurance Co. Ltd.	24	21
न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी / New India Assurance Co.	7	8
निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस / Niva Bupa Health Insurance	28	20
कुल / Total	**206**	**162**

@- पूर्व में आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कं. लि. के नाम से जानी जाती थी.
@ - Earlier known as IDBI Federal Life Insurance Co. Ltd.

ग) विपणन एवं वितरण
c) Marketing & Distribution

विपणन एवं वितरण कार्य (बैंकएश्योरेंस कारोबार को छोड़कर) के संबंध में प्राप्त शुल्क/ कमीशन का विवरण निम्नानुसार है:
Details of fees / commission received in respect of the marketing and distribution function (excluding bancassurance business) is as follows:

(₹ करोड़) / (₹ Crore)

विवरण Particulars	31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए For the year ended March 31, 2026	31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए For the year ended March 31, 2025
म्युच्युअल फंड / Mutual Fund	44	41
सरकारी बांड (एफआईएस) / Government Bonds (FIS)	1	1
एनपीएस / NPS	1	1
पूंजीगत अभिलाभ बांड (एनएचएआई, आरईसी एवं आईआरएफसी) Capital Gain Bond (NHAI, REC & IRFC)	1	1
कुल / Total	**47**	**44**

घ) **प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार प्रमाणपत्रों (पीएसएलसी) के संबंध में प्रकटन**

d) **Disclosures regarding Priority Sector Lending Certificates (PSLCs)**

31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के दौरान / During the year ended March 31, 2026

(₹ करोड़) / (₹ Crore)

पीएसएलसी श्रेणी PSLC Category	क्रय राशि Purchased Amount	बिक्री राशि Sold amount
पीएसएलसी-लघु एवं सीमांत कृषक (एसएफएमएफ) PSLC-Small & Marginal farmers (SFMF)	10,000	1,800
पीएसएलसी-कृषि / PSLC-Agriculture	0	0
पीएसएलसी-सामान्य / PSLC-General	0	0
पीएसएलसी-सूक्ष्म उद्यम / PSLC-Micro Enterprises	0	0
कुल / Total	**10,000**	**1,800**

31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के दौरान/ During the year ended March 31, 2025

(₹ करोड़) / (₹ Crore)

पीएसएलसी श्रेणी PSLC Category	क्रय राशि Purchased Amount	बिक्री राशि Sold amount
पीएसएलसी-लघु एवं सीमांत कृषक (एसएफएमएफ) PSLC-Small & Marginal farmers (SFMF)	6,000	800
पीएसएलसी-कृषि / PSLC-Agriculture	1,944	0
पीएसएलसी-सामान्य / PSLC-General	0	0
पीएसएलसी-सूक्ष्म उद्यम / PSLC-Micro Enterprises	0	0
कुल / Total	**7,944**	**800**

ड़) **प्रावधान तथा आकस्मिकताएं**

(e) **Provisions and Contingencies**

(₹ करोड़) / (₹ Crore)

विवरण Particulars	31 मार्च 2026 March 31, 2026	31 मार्च 2025 March 31, 2025
Standalone Cash Flow Statement for the year ended March 31, 2026

(₹ '000 में / ₹ in '000)

विवरण Particulars		31.03.2026 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) Year ended 31.03.2026 (Audited)	31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) Year ended 31.03.2025 (Audited)
(4)	**परिचालन देयताओं में वृद्धि / (कमी) के लिए समायोजन Adjustments for increase/ (decrease) in operating liabilities:**		
-	उधार राशियां Borrowings	11374 26 00	7544 58 36
-	जमाराशियां / Deposits	36950 73 07	32596 32 63
-	अन्य देयताएं एवं प्रावधान / Other liabilities and provisions	3531 95 61	56 70 96
	परिचालन कार्यकलापों से कर पूर्व नकदी प्रवाह Cash Flow from Operating Activities before taxes	**16365 93 35**	**24036 97 72**
	प्रदत्त प्रत्यक्ष कर (रिफंड घटाकर) Direct Taxes paid (Net of Refund)	**386 36 82**	**1758 50 30**
	परिचालन कार्यकलापों से/ (में प्रयुक्त) निवल नकदी प्रवाह Net Cash flow from / (used in) Operating activities	**16752 30 17**	**25795 48 02**
आ. B.	**निवेश कार्यकलापों से नकदी प्रवाह Cash Flow from Investing activities**		
-	अचल आस्तियों की खरीद, चालू कार्य सहित Purchase of fixed assets including work in progress	(322 60 02)	(342 63 66)
-	अचल आस्तियों की बिक्री Sale of fixed assets	1 94 26	2 24 62
-	रणनीतिक निवेश की बिक्री से प्राप्त राशि Proceeds from Sale of Strategic Investment	1730 18 83	
-	सहायक कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों/ सहयोगी संस्थाओं से प्राप्त लाभांश Dividend received from subsidiary companies/joint ventures/Associates	18 50 00	25 23 35
	निवेश कार्यकलापों से/ (में प्रयुक्त) निवल नकदी प्रवाह Net cash flow from/ (used in) Investing activities	**1428 03 07**	**(315 15 69)**
इ. C.	**वित्तपोषण कार्यकलापों से नकदी प्रवाह Cash Flow from Financing activities**		
-	इक्विटी शेयर जारी करना / Issue of Equity Shares	-	-
-	आबंटन के लिए लंबित शेयर आवेदन राशि Share application money pending allotment	-	-
-	प्रदत्त लाभांश / Dividend paid	(2256 67 19)	(1611 79 46)
-	उधार राशियों पर प्रदत्त ब्याज / Interest paid on borrowings	(318 92 82)	(645 49 78)
-	टियर 1 बॉण्डों का मोचन / Redemption of Tier I Bonds		
-	बॉण्डों का मोचन / Redemption of Bonds	(3202 00 00)	(4745 00 00)
-	बॉण्डों के निर्गमन से प्राप्तराशियां / Proceeds from Issue of Bonds	-	-
-	**वित्तपोषण कार्यकलापों से /(में प्रयुक्त) निवल नकदी प्रवाह Net Cash flow from / (used in) Financing activities**	**(5777 60 01)**	**(7002 29 24)**

एकल नकदी प्रवाह विवरण 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए
Standalone Cash Flow Statement for the year ended March 31, 2026

(₹ '000 में / ₹ in '000)

	विवरण Particulars	31.03.2026 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) Year ended 31.03.2026 (Audited)	31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) Year ended 31.03.2025 (Audited)
ई. D.	ट्रांसलेशन रिज़र्व पर विनिमय के उतार-चढ़ाव का प्रभाव Effect of exchange fluctuation on translation reserve	18 84 57	5 27 27
	नकदी और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि/ (कमी) (अ+आ+इ+ई) NET INCREASE/ (DECREASE) IN CASH & CASH EQUIVALENTS (A+B+C+D)	**12421 57 80**	18483 30 38
	वर्ष के प्रारम्भ में नकदी एवं नकदी समतुल्य Cash & Cash Equivalents as at the beginning of the year	44416 18 88	25932 88 52
	वर्ष के अंत में नकदी एवं नकदी समतुल्य Cash & Cash Equivalents as at the end of the period	56837 76 68	44416 18 88
	नकदी प्रवाह विवरण के बारे में टिप्पणियां: Notes to Cash Flow Statement:		
1.	नकदी प्रवाह विवरण में शामिल नकदी और नकदी समतुल्य में तुलन पत्र की निम्नलिखित मदें शामिल हैं: Cash and Cash equivalents included in the cash flow statement comprise the following Balance Sheet items:		
	नकदी एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष Cash & Balances with Reserve Bank of India	33230 37 25	21294 15 38
	बैंकों के पास शेष और मांग तथा अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि Balances with banks & money at call and short notice	23607 39 43	23122 03 50
	कुल / Total	**56837 76 68**	44416 18 88
2.	परिचालन कार्यकलापों से नकदी प्रवाह की रिपोर्ट अप्रत्यक्ष विधि का उपयोग कर की जाती है Cash Flow from Operating activities is reported by using Indirect method		

महत्वपूर्ण लेखा नीतियां तथा लेखों पर टिप्पणियां (अनुसूची 17 और 18)
Significant Accounting Policies and Notes to Accounts (Schedule 17 and 18)

उपर्युक्त संदर्भित अनुसूचियाँ वित्तीय विवरणों के अभिन्न भाग के रूप में हैं.
The Schedules referred to above form an integral part of the Financial Statements.

बोर्ड के आदेश से / BY ORDER OF THE BOARD

(राकेश शर्मा)	(जयकुमार एस. पिल्लै)	(सुमित फक्का)	(समरेश परिदा)	(स्मिता कुबेर)	(ज्योति नायर)
(Rakesh Sharma)	(Jayakumar S. Pillai))	(Sumit Phakka)	(Samaresh Parida)	(Smita Kuber)	(Jyothi Nair)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी	उप प्रबंध निदेशक	उप प्रबंध निदेशक	निदेशक	मुख्य वित्तीय अधिकारी	कंपनी सचिव
Managing Director & Chief Executive Officer	Dy. Managing Director	Dy. Managing Director	Director	Chief Financial Officer	Company Secretary
डीआईएन/DIN: 06846594	डीआईएन/DIN: 10041362	डीआईएन/DIN: 08259618	डीआईएन/DIN: 01853823		

हमारी सम-दिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
As per our report of even date

कृते चोक्शी एंड चोक्शी एलएलपी	कृते सूरी एंड कंपनी
For Chokshi & Chokshi LLP	For Suri & Co
सनदी लेखाकार/Chartered Accountants	सनदी लेखाकार/Chartered Accountants
फर्म पंजीयन संख्या/FRN - 101872W/W100045	फर्म पंजीयन संख्या /FRN-004283S
राकेश जैन	नटराजन वी
Rakesh Jain	Natarajan V
साझेदार/Partner	साझेदार/Partner
स. सं./ M.No. 042364	स. सं./M.No. 223118

स्थान : मुंबई / Place: Mumbai
दिनांक : 30 अप्रैल 2026 / Date : April 30, 2026

समेकित वित्तीय विवरण

Consolidated Financial Statements

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट
Independent Auditors' Report

प्रति,

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के सदस्यगण

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा पर रिपोर्ट

अभिमत

हमने आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (इसमें इसके बाद 'बैंक' या 'धारक कंपनी' के रूप में संदर्भित किया गया है), और इसकी सहायक कंपनियों (धारक कंपनी और इसकी सहायक कंपनियों को सामूहिक रूप से 'समूह' के रूप में संदर्भित किया गया है) एवं इसकी सहयोगी कंपनियों के संलग्न समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है जिनमें 31 मार्च 2026 का समेकित तुलन पत्र, उसी तारीख को समाप्त वर्ष का समेकित लाभ तथा हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह विवरण और समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां, जिसमें उनके साथ संलग्न महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के सारांश तथा अन्य व्याख्यात्मक जानकारी (इसमें इसके बाद 'समेकित वित्तीय विवरण' के रूप में संदर्भित किया गया है) शामिल हैं, इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- दिनांक 30 अप्रैल 2026 की हमारी रिपोर्ट के माध्यम से हमारे द्वारा लेखापरीक्षित आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण.
- अन्य लेखापरीक्षकों के द्वारा लेखापरीक्षित, भारत में निगमित 5 घरेलू सहायक संस्थाओं के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण.
- 2 सहयोगी कंपनियों के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी में तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा सहायक एवं सहयोगी संस्थाओं के पृथक वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों एवं अन्य वित्तीय जानकारी पर विचार करने के आधार पर, उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरण बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 साथ ही कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय समय पर जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों, बैंकिंग कंपनियों से यथा अपेक्षित ढंग में, आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं और कंपनी (लेखांकन मानक) नियमावली, 2021 प्रयोज्य सीमा तक यथा संशोधित के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप 31 मार्च 2026 को समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं के कार्यों की समेकित स्थिति और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए इसके समेकित लाभ और इसके समेकित नकदी प्रवाह की सही एवं उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं.

अभिमत हेतु आधार

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों ('एसए') के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा की है. उन मानकों के अंतर्गत हमारा उत्तरदायित्व हमारी रिपोर्ट के 'समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षकों के उत्तरदायित्व' खंड में भी वर्णित है. हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता के अनुसार साथ ही अधिनियम के प्रावधानों एवं उसके अंतर्गत नियमों के तहत समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा की प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं के अनुसार समूह और इसकी सहयोगी कंपनियों से स्वतंत्र हैं तथा हमने इन अपेक्षाओं एवं आचार संहिता के अनुरूप

To the Members of

IDBI Bank Limited

Report on the Audit of the Consolidated Financial Statements

Opinion

We have audited the accompanying consolidated financial statements of IDBI Bank Limited (hereinafter referred to as the 'Bank' or 'Holding Company') and its subsidiary companies (the Holding Company and its subsidiaries together referred to as 'the Group'), and its associate companies which comprise the Consolidated Balance Sheet as at March 31, 2026, the Consolidated Profit and Loss Account and the Consolidated Cash Flow Statement for the year then ended, and notes to the consolidated financial statements, including a summary of the significant accounting policies and other explanatory information (hereinafter referred to as the 'Consolidated Financial Statements') annexed thereto, in which the following are incorporated.

- Audited Financial Statements of IDBI Bank Limited, audited by us, vide our report dated April 30, 2026
- Audited Financial Statements of 5 domestic subsidiaries incorporated in India, audited by other auditors
- Unaudited financial statements of 2 associate companies

In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, and based on the consideration of reports of the other auditors on separate financial statements and on the other financial information of the subsidiary and associates, the aforesaid consolidated financial statements give the information required by the section 29 of the Banking Regulation Act, 1949 as well as the Companies Act, 2013 (the 'Act') and circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India from time to time, in the manner so required for banking companies and give a true and fair view in conformity with the accounting principles generally accepted in India, including the Accounting Standards prescribed under section 133 of the Act, read with Companies (Accounting Standards) Rules, 2021 as amended to the extent applicable, of the consolidated state of affairs of the Group and its associate companies as at March 31, 2026, and its consolidated profit, and its consolidated cash flows for the year ended on that date.

Basis for Opinion

We conducted our audit of the Consolidated Financial Statements in accordance with the Standards on Auditing ('SAs') specified under Section 143 (10) of the Act. Our responsibilities under those Standards are further described in the 'Auditor's Responsibilities for the Audit of the Consolidated Financial Statements' section of our report. We are independent of the Group and its associate companies in accordance with the Code of Ethics issued by the Institute of Chartered Accountants of India ('ICAI') together with the ethical requirements that are relevant to our audit of the consolidated financial statements under the provisions of the Act, and the Rules thereunder,

अन्य नैतिक दायित्वों को पूरा किया है. हम मानते हैं कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य तथा नीचे 'अन्य मामले' खंड में संदर्भित अन्य लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर विचार, समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं.

मुख्य लेखापरीक्षा मामले

मुख्य लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं जो हमारे पेशेवर निर्णय में, तथा सहायक कंपनियों के पृथक वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों और अन्य जानकारियों पर विचार के आधार पर, 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे. इन मामलों का समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में और उन पर हमारी राय बनाने में विचार किया गया था तथा हम इन मामलों पर अलग से राय नहीं देते हैं. हमने नीचे वर्णित मामलों को मुख्य लेखापरीक्षा मामलों के रूप में निर्धारित किया है, जिन्हें हमारी अपनी रिपोर्ट में संप्रेषित किया जाना है:

मुख्य लेखापरीक्षा मामले	हमारी लेखापरीक्षा में केएएम का समाधान कैसे किया गया
अग्रिमों से आय निर्धारण एवं आस्ति वर्गीकरण (आईआरएसी) तथा विनियामक मानदंडों के अनुसार प्रावधानीकरण	
कृपया अनुसूची 9 का संदर्भ लें, जिसे अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के घट-बढ़ और संबंधित प्रावधानों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों तथा आस्ति गुणवत्ता की प्रासंगिक टिप्पणियों के साथ पढ़ा जाए. अग्रिमों से संबंधित आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधान के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) द्वारा जारी विवेकपूर्ण मानदंडों और रिज़र्व बैंक द्वारा जारी प्रासंगिक परिपत्रों, अधिसूचनाओं और निदेशों के तहत अपेक्षित है, जिन पर बैंक द्वारा 31 मार्च, 2026 तक सामूहिक रूप से विचार किया गया, बैंक अग्रिमों को अर्जक एवं अनर्जक अग्रिमों (एनपीए) में वर्गीकृत करता है जिसमें मानक, अवमानक, संदिग्ध और हानि श्रेणियां शामिल हैं और उचित प्रावधान करता है. अग्रिमों का वर्गीकरण, प्रावधान और बट्टे खाते डालना एक मुख्य लेखापरीक्षा मामला है, क्योंकि बैंक के पास विभिन्न क्षेत्रों, उत्पादों, उद्योगों	हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में अग्रिमों से संबंधित आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान के संबंध में आंतरिक नियंत्रणों एवं समुचित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण शामिल था. विशेषकर: • अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान के संबंध में रिज़र्व बैंक के प्रासंगिक दिशानिर्देशों के अनुपालन में बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया; • आस्ति वर्गीकरण (मानक, अवमानक, संदिग्ध और हानि), उनके गत- देय दिनों(डीपीडी) की स्थिति (एनपीए के गैर-वित्तीय मापदंडों पर विचार, कार्यशील पूंजी ऋणों में क्रेडिट की पर्याप्तता, पुनर्संरचना दिशानिर्देश, विनियामक पैकेज और

and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the Code of Ethics. We believe that the audit evidence obtained by us along with consideration of audit reports of the other auditors referred to in the 'Other Matters' section below is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion on the consolidated financial statements.

Key Audit Matters

Key audit matters are those matters that, in our professional judgment, and based on the consideration of the reports of the other auditors on separate financial statements and other information of the subsidiaries, were of most significance in our audit of the consolidated financial statements of the year ended March 31,2026. These matters were addressed in the context of our audit of the consolidated financial statements as a whole, and in forming our opinion thereon, and we do not provide a separate opinion on these matters. We have determined the matters described below to be the key audit matters to be communicated in our report:

Key Audit Matters	How KAM was addressed in our audit
Income Recognition and Asset Classification of Advances (IRAC) and provisioning as per regulatory norms	
Please refer to Schedule 9, read with relevant Notes to the Consolidated Financial Statements and Asset Quality in respect of movement of Non-Performing Assets (NPAs) and related provisions. As required under prudential norms issued by the Reserve Bank of India (RBI) in respect of asset classification and provisioning pertaining advances, and relevant circulars, notifications and directions issued by the RBI which were collectively considered by the Bank till March 31, 2026, the Bank classifies advances into performing and non-performing advances (NPA) which consists of Standard, Sub-standard, Doubtful and Loss categories and makes appropriate provisions. The Classification, Provisioning and Write off of Advances is a Key Audit Matter as the Bank has significant credit risk	Our audit approach included testing the design, and operating effectiveness of internal controls and substantive audit procedures in respect of asset classification and provisioning pertaining to advances. In particular: • Evaluated the Bank's internal control system in adhering to the relevant RBI guidelines regarding income recognition, asset classification and provisioning pertaining to advances; • Tested key IT systems/ applications used and their design and implementation as well as operational effectiveness of relevant controls, in relation to asset classification (standard, sub-standard, doubtful and loss) with reference to their days-past-due (DPD) status

मुख्य लेखापरीक्षा मामले	हमारी लेखापरीक्षा में केएएम का समाधान कैसे किया गया
और भौगोलिक क्षेत्रों के बड़ी संख्या में उधारकर्ताओं के प्रति महत्वपूर्ण ऋण जोखिम एक्सपोजर है. अग्रिम राशि की वसूली, लेन-देनों की प्रकृति और उस पर प्रावधानों का आकलन तथा बट्टे खाते डाले जाने वाले खातों की पहचान में अत्यधिक जटिलता, अनिश्चितता और निर्णय का उच्च स्तर शामिल हैं. बैंक विनियमों द्वारा निर्धारित मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों कारकों को लागू करता है. इसमें शामिल महत्व, लेन-देनों की प्रकृति, विनियामक आवश्यकताएं, मौजूदा कारोबारी माहौल, उधारकर्ताओं की वित्तीय स्थिति का आकलन करने में निहित अनुमान / निर्णय के साथ-साथ प्रतिभूतियों के मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए, हमने इसे मुख्य लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है.	समाधान ढांचा सहित) और अग्रिमों से संबंधित प्रावधान के संबंध में प्रयुक्त प्रमुख आईटी प्रणालियों एवं एप्लिकेशन और उनके डिजाइन तथा कार्यान्वयन के साथ-साथ प्रासंगिक नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया. • रिकॉर्ड की गई राशियों की वैधता, ऋण दस्तावेजीकरण, खातों के विवरण की जांच, ह्रास के संकेतक, अनर्जक आस्तियों के लिए ह्रास प्रावधान और लागू रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के संदर्भ में अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान के अनुपालन की जांच करने के लिए अग्रिमों का परीक्षण किया गया; • मात्रात्मक और गुणात्मक जोखिम कारकों के आधार पर चयनित उधारकर्ताओं के खाते के विवरण और अन्य संबंधित जानकारी की समीक्षा की. • शाखाओं / कार्यालयों का दौरा किया एवं दस्तावेजों और अन्य अभिलेखों की जांच की. • चयनित अनर्जक अग्रिमों के लिए, हमने प्रबंधन के पूर्वानुमान और वसूली योग्य नकदी प्रवाह, उधारकर्ता के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, अंतर्निहित प्रतिभूतियों और

Key Audit Matters	How KAM was addressed in our audit
exposure to a large number of borrowers across various sectors, products, industries and geographies. There is a high degree of complexity, uncertainty and judgment involved in recoverability of advances, the nature of transactions and estimation of provisions thereon and identification of accounts to be written off. The Bank applies both quantitative as well as qualitative factors prescribed by the regulations. Considering the materiality involved, nature of the transactions, regulatory requirements, existing business environment, estimation / judgment involved in assessing the financial condition of borrowers as well as valuation of securities, we have determined this as Key Audit Matter.	(including consideration of non-financial parameters of NPA, sufficiency of credits in working capital loans, restructuring guidelines, the Regulatory Package and Resolution framework) and provisioning pertaining to advances; • Test checked advances to examine the validity of the recorded amounts, loan documentation, examined the statement of accounts, indicators of impairment, impairment provision for non-performing assets, and compliance with income recognition, asset classification and provisioning pertaining to advances in terms of applicable RBI guidelines; • Reviewed account statements and other related information of the borrowers selected based on quantitative and qualitative risk factors. • Carried out visits to branches / offices and examination of documentation and other records. • For the selected non-performing advances, we assessed Management's forecast and inputs of recoverable cash flows, borrower's audited financial statements, valuation of underlying

मुख्य लेखापरीक्षा मामले	हमारी लेखापरीक्षा में केएएम का समाधान कैसे किया गया
	संपार्श्विक के मूल्यांकन, चूक की वसूली योग्य राशि का अनुमान और पुनर्भुगतान के अन्य स्रोतों के इनपुट का आकलन किया; • रिज़र्व बैंक विनियमों के अनुपालन के लिए अग्रिमों पर प्रावधान करने हेतु बैंक की प्रक्रियाओं और प्रावधान करने के लिए आंतरिक रूप से निर्धारित नीतियों का परीक्षण किया; • स्वचालित ई-एनपीए प्रणाली को देखा और लेखापरीक्षा क्षेत्र पर विचार करते हुए चयनित नमूनों के लिए मुख्य कार्य क्षमता का परीक्षण किया. • आईआरएसी मानदंडों एवं नियामक पैकेज के संदर्भ में सामूहिक प्रावधानों की गणना के लिए प्रयुक्त मापदंडों को मान्य किया गया; • रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार 31 मार्च 2026 को धोखाधड़ी वाले खातों के लिए किये गये प्रावधान का परीक्षण किया गया. • हमारी मूलभूत लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के भाग के रूप में, खुदरा और कॉरपोरेट पोर्टफोलियो के नमूने के लिए प्रावधानों की गणना पुनः की गई, ताकि इसकी सटीकता का निर्धारण किया जा सके; (मानक पोर्टफोलियो के लिए सामूहिक और अनर्जक पोर्टफोलियो के लिए मामला विशिष्ट). • बैंक प्रबंधन के साथ उन क्षेत्रों पर चर्चा की जहां ऋण जोखिम की आशंका है और प्रबंधन द्वारा चिन्हित दबावग्रस्त क्षेत्रों

Key Audit Matters	How KAM was addressed in our audit
	security and collaterals, estimation of recoverable amounts on default and other sources of repayment; • Tested the Bank's processes for making provision on advances for compliance with RBI regulations and internally laid down policies for provisioning; • Undertaken the walkthrough for the automated E-NPA system and tested the core functionality for selected samples considering the audit universe. • Validated the parameters used to calculate collective provisions with reference to IRAC norms, and the Regulatory Package; • Tested provision created for fraud accounts as at March 31, 2026 as per the RBI circular; • Re-performed, for sample cases of retail and corporate portfolios, as part of our substantive audit procedures the calculation of provisions, to determine the accuracy of the same; (Collective for standard portfolio and case specific for non performing portfolio) • Discussed with the management of the Bank on sectors where there is perceived credit risk

मुख्य लेखापरीक्षा मामले	हमारी लेखापरीक्षा में केएएम का समाधान कैसे किया गया
	से संबंधित जोखिमों को कम करने के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की; • रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के तहत प्रकटीकरण की पर्याप्तता का आकलन किया गया.
सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियां और वित्तीय रिपोर्टिंग पर नियंत्रण	
बैंक की प्रमुख वित्तीय लेखांकन व रिपोर्टिंग प्रक्रियाएँ कोर बैंकिंग, आईआरएसी और ट्रेजरी समाधानों तथा अन्य सहायक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर नियंत्रणों पर अत्यधिक निर्भर हैं. आईटी नियंत्रण परिवेश में खामियों के कारण वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग रिकार्डों में महत्वपूर्ण मिथ्यावर्णन होने का जोखिम बना रहता है. इसलिए आईटी नियंत्रणों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि एप्लिकेशन अपेक्षित रूप से डेटा को संसाधित करें और परिवर्तन उचित तरीके से किए जाएं. बैंक के आईटी नियंत्रण ढांचे में स्वचालित, अर्ध-स्वचालित और मैनुअल नियंत्रण शामिल हैं, जो पहचाने गए जोखिमों से निपटने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं. आईटी नियंत्रणों को संस्था स्तर नियंत्रण (ईएलसी), आईटी सामान्य नियंत्रण (आईटीजीसी) और आईटी एप्लिकेशन नियंत्रण (आईटीएसी) में वर्णित किया गया है. इस तरह के नियंत्रण, त्रुटिपूर्ण आउटपुट डेटा के जोखिम को कम करने में योगदान देते हैं. हमने आईटी नियंत्रण ढांचे को एक मुख्य लेखापरीक्षा मामले के रूप में चिन्हित किया है, क्योंकि बैंक का कारोबार प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भर है. आईटी वातावरण जटिल है और आईटी नियंत्रणों की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर सीधा	इस मामले के संबंध में हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं: बैंक की आईटी प्रणालियों पर नियंत्रणों के आकलन के दौरान, हमने अपने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों को शामिल किया ताकि आईटी परिवेश, आईटी बुनियादी संरचना तथा आईटी प्रणालियों की समझ प्राप्त की जा सके. आईटी सामान्य नियंत्रण (आईटीजीसी), एप्लिकेशन नियंत्रण (आईटीएसी) और आईटी पर निर्भर मैनुअल नियंत्रण के परीक्षण के लिए. • हमने बैंक की आईटी प्रणालियों को ध्यान में रखते हुए लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं और नमूना जांच की योजना बनाई है, उन्हें डिजाइन एवं निष्पादित किया है. • बैंक में कार्यान्वित आईटी एप्लिकेशन परिदृश्य की व्यापक समझ प्राप्त की. इसके बाद प्रक्रिया को समझे, एप्लिकेशन की मैपिंग करना तथा मानव-प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न वित्तीय जोखिमों को समझे. • मुख्य आईटी परीक्षण प्रक्रियाओं में पूर्णता, वैधता, पहचान/प्रमाणीकरण, प्राधिकरण, अखंडता और

Key Audit Matters	How KAM was addressed in our audit
	and the steps taken by management to mitigate the risks pertaining to identified stress sectors • Assessed the adequacy of disclosures against the RBI Guidelines
Information Technology (IT) Systems and Controls over financial reporting	
The Bank's key financial accounting and reporting processes are highly dependent on Core Banking, IRAC, Treasury Solutions and other supporting software and hardware controls. There exists a risk that gaps in the IT control environment could result in the financial accounting and reporting records being materially misstated. Hence the IT controls are required to ensure that applications process data as expected and that changes are made in an appropriate manner. The Bank's IT control framework includes automated, semi-automated and manual controls designed to address identified risks. IT controls are stated in Entity Level Controls (ELC), IT General Controls (ITGC) and IT Application Controls (ITAC). Such controls contribute to risk mitigation of erroneous output data. We have identified IT Controls Framework as a Key Audit Matter as the Bank's business is highly dependent on technology. The IT environment is complex and the design and operating effectiveness of IT controls have a direct impact on its financial reporting process. Such controls provide assurance on	Our Audit procedures with respect to this matter includes following : In assessing the controls over the IT systems of the Bank, we involved our technology specialists to obtain an understanding of the IT environment, IT infrastructure and IT systems. For testing the IT general controls (ITGC), application controls (ITAC) and IT dependent manual controls. • We have planned, designed and carried out the desired audit procedures and sample checks, taking into consideration the IT systems of the Bank. • Obtained a comprehensive understanding of IT applications landscape implemented at the Bank. It was followed by process understanding, mapping of applications to the same and understanding financial risks posed by people-process and technology. • The key IT Testing procedures includes various parameters such as Completeness,

मुख्य लेखापरीक्षा मामले	हमारी लेखापरीक्षा में केएएम का समाधान कैसे किया गया
प्रभाव पड़ता है. इस तरह के नियंत्रण, वित्तीय रिपोर्टें तैयार करने के लिए प्रयुक्त विभिन्न आईटी एप्लिकेशन के माध्यम से संसाधित डेटा की अखंडता और पूर्णता का आश्वासन देते हैं.	जवाबदेही जैसे विभिन्न मापदंड शामिल हैं. एप्लिकेशन से स्वचालित नियंत्रणों को महत्वपूर्ण मानकर परीक्षण का फोकस करना था कि क्या नियंत्रण अनधिकृत लेनदेन को रोकते हैं या उनका पता लगाते हैं और लेनदेन की पूर्णता, सटीकता, प्राधिकरण और वैधता सहित वित्तीय उद्देश्यों का समर्थन करते हैं. • आईटीजीसी परीक्षण में, नमूना आधार पर, हमने उपयोगकर्ता एक्सेस प्रबंधन जैसे नियंत्रण क्षेत्रों और आईटी परिचालन नियंत्रण के अन्य पहलुओं की समीक्षा की. इसमें यह परीक्षण शामिल है कि सिस्टम तक एक्सेस के अनुरोध की समीक्षा की गई और उसे अधिकृत किया गया. हमने नमूना आधार पर लेखापरीक्षा परीक्षणों को रिकॉर्ड करने की प्रणाली की भी समीक्षा की है. • आईटीएसी के लिए, हमने सिस्टम गणनाओं की सटीकता का आकलन करने के लिए नमूना आधार पर सिस्टम कार्यक्षमता के अनुपालन का परीक्षण किए. • उपर्युक्त के अतिरिक्त, पूछताछ, दस्तावेजीकरण / रिकॉर्ड / रिपोर्ट की समीक्षा जैसी विभिन्न तकनीकों का उपयोग कर कुछ स्वचालित नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया गया, जिन्हें वित्तीय रिपोर्टिंग पर मुख्य आंतरिक प्रणाली नियंत्रण माना गया था.

Key Audit Matters	How KAM was addressed in our audit
the integrity and completeness of data processed through various IT applications which are used for the preparation of financial reports.	Validity, Identification/ Authentication, Authorization, Integrity and Accountability. Focus of testing automated controls from applications considered as critical, was whether the controls prevent or detect unauthorized transactions and support financial objectives including completeness, accuracy, authorization and validity of transactions. • In ITGC testing, on sample basis, we reviewed control areas such as User Access Management, and other aspect of IT operational controls. This includes testing that request for access to systems were reviewed and authorised. We have also reviewed system of recording the audit trails on a sample basis. • For ITAC, we carried out on sample basis, compliance tests of system functionality in order to assess the accuracy of system calculations. • In addition to the above, the design and operating effectiveness of certain automated controls, that were considered as key internal system controls over financial reporting were tested. Using various techniques such as inquiry, review of documentation / record/ reports

मुख्य लेखापरीक्षा मामले	हमारी लेखापरीक्षा में केएएम का समाधान कैसे किया गया
	• क्षतिपूर्ति करने वाले नियंत्रणों या सुधारे गये नियंत्रणों के संयोजन का परीक्षण किया और/या वैकल्पिक लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं जहां आवश्यक हो, का निष्पादन किया. • इसके अतिरिक्त, हमने बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग द्वारा की गई आईएस लेखा परीक्षा पर भी भरोसा किया है.

Key Audit Matters	How KAM was addressed in our audit
	• Tested a combination of compensating controls or remediated controls and / or performed alternative audit procedures, where necessary. • In addition, we have also relied on IS audit conducted by internal audit department of the Bank

समेकित वित्तीय विवरणों के अलावा अन्य जानकारी और उन पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

अन्य जानकारी तैयार करने के लिए बैंक का प्रबंधन और निदेशक मंडल उत्तरदायी हैं. अन्य जानकारी में प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण, कारोबारी उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा बनने वाली निदेशकों की रिपोर्ट, कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट शामिल हैं, लेकिन इनमें एकल वित्तीय विवरण, समेकित वित्तीय विवरण और उन पर हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं हैं. अन्य जानकारी लेखापरीक्षक की इस रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की आशा है.

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारे अभिमत में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और उस पर हम किसी तरह का आश्वासन निष्कर्ष नहीं देते हैं.

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी यह है कि हमें उपलब्ध कराए जाने पर उक्त निर्दिष्ट अन्य जानकारी का अध्ययन करें और ऐसा करते समय यह विचार करें कि क्या अन्य जानकारी समेकित वित्तीय विवरणों से अथवा लेखापरीक्षा में हमारे द्वारा प्राप्त की गई सूचना से तात्विक रूप से असंगत है या अन्यथा तात्विक रूप से मिथ्यावर्णन प्रतीत होती है.

जब हम अन्य जानकारी का अध्ययन करते हैं यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इसमें कोई तात्विक मिथ्यावर्णन है, तो हमारे लिए उस तथ्य को अभिशासन के प्रभारी व्यक्तियों को उसकी सूचना देना आवश्यक है और प्रासंगिक कानूनों और विनियमों के तहत लागू होने वाली आवश्यक कार्रवाई करें.

समेकित वित्तीय विवरणों के प्रति प्रबंधन एवं अभिशासन के प्रभारी व्यक्तियों की जिम्मेदारी

बैंक का प्रबंधन और निदेशक मंडल इन समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के संबंध में अधिनियम की धारा 134 (5) में उल्लिखित मामलों के लिए जिम्मेदार हैं, जो कंपनी (लेखांकन मानक) नियमावली 2021, यथासंशोधित, जहां तक वे बैंकों पर लागू होते हैं के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों में वर्णित निर्धारण एवं मापन सिद्धांतों के अनुसार, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों तथा बैंक पर लागू अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक ('रिज़र्व बैंक') द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों, बैंकों पर यथा प्रयोज्य, समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं की समेकित

Information other than the consolidated financial statements and Auditor's Report thereon

The Bank's Management and Board of Directors are responsible for preparation of Other Information. The other information comprises the Management Discussion and Analysis, Business Responsibility and Sustainability Report, Directors' Report forming part of the Annual Report, Corporate Governance Report but does not include the Standalone Financial Statements, Consolidated Financial Statements and our auditor's reports thereon. The other information is expected to be made available to us after the date of this auditor's report.

Our opinion on the consolidated financial statements does not cover the other information and we do not express any form of assurance conclusion thereon.

In connection with our audit of the consolidated financial statements, our responsibility is to read the Other Information identified above when it becomes available and, in doing so, consider whether the Other Information is materially inconsistent with the consolidated financial statements or our knowledge obtained in the audit or otherwise appears to be materially misstated.

When we read the other information, if we conclude that there is a material misstatement therein, we are required to communicate the matter to those charged with governance and take necessary actions as applicable under the relevant laws and regulations.

Responsibilities of Management and Those Charged with Governance for the Consolidated Financial Statements

The Bank's Management and Board of Directors are responsible for the matters stated in Section 134(5) of the Act with respect to the preparation and presentation of these consolidated financial statements that give a true and fair view of the consolidated financial position, consolidated financial performance and consolidated cash flows of the Group, including its associates, in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Accounting Standards specified under Section 133 of the Act read with Companies (Accounting Standard) Rules 2021, as amended, in so

वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्यनिष्पादन और समेकित नकदी प्रवाह की सही और उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं. बैंक और समूह में शामिल सहायक कंपनियों और इसकी सहयोगी संस्थाओं के संबंधित निदेशक मंडल, समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं की आस्तियों की सुरक्षा के लिए, धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों और रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड बनाए रखना; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन करना और उन्हें लागू करना; तर्कपूर्ण और विवेकसम्मत निर्णय लेना और पूर्वानुमान लगाना तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तैयार करना, उन्हें कार्यान्वित करना तथा उन्हें बनाए रखना, जो लेखांकन रिकॉर्ड की शुद्धता और परिपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से परिचालित थे, सही एवं उचित स्थिति प्रस्तुत करने वाली धोखाधड़ी या गलती के कारण होने वाले महत्वपूर्ण मिथ्या कथन से मुक्त समेकित वित्तीय विवरण तैयार और प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार हैं, जो उपर्युक्तानुसार बैंक के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के उद्देश्य के लिए उपयोग किये गये हैं.

समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने में समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं में शामिल संबंधित कंपनियों के प्रबंधन और निदेशक मंडल समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं के कार्यशील संस्था के रूप में जारी रहने के लिए संबंधित कंपनियों की क्षमता का मूल्यांकन करने, कार्यशील संस्था से संबंधित विषयों के यथा लागू प्रकटीकरण करने, लेखांकन की कार्यशील संस्था आधार का उपयोग करने के लिए जवाबदेह हैं जब तक कि संबंधित निदेशक मंडल का इरादा समूह और इसके सहयोगी संस्थाओं में शामिल कंपनियों का परिसमापन करने या परिचालन बंद करने का न हो या ऐसा न करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प न हो.

समूह में शामिल कंपनियों और इसकी सहयोगी संस्थाओं के संबन्धित निदेशक मण्डल समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी जिम्मेदार हैं.

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बात का उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि समग्र रूप से समेकित वित्तीय विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण किसी प्रकार के महत्वपूर्ण मिथ्याकथन से मुक्त हैं और ऐसी लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय शामिल हो. उचित आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन होता है लेकिन यह कोई गारंटी नहीं है कि एसए के अनुरूप की गई लेखापरीक्षा में पहले से मौजूद महत्वपूर्ण मिथ्या कथन की हमेशा पहचान हो जाए. धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण मिथ्या कथन उत्पन्न हो सकता है और और इसे महत्वपूर्ण तब माना जाता है जब इनकी अकेले या समग्र रूप से इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए प्रयोक्ताओं के आर्थिक निर्णयों को उचित रूप से प्रभावित करने की संभावना हो सकती हो.

एसए के अनुरूप लेखापरीक्षा के एक भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संशय को बनाए रखते हैं. हम निम्नलिखित कार्य भी करते हैं:

- समेकित वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण मिथ्याकथन के जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन चाहे वह धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए हों, उन जोखिमों के अनुरूप लेखा प्रक्रियाएं तैयार करना और उन पर कार्रवाई करना,

far as they apply to banks, provisions of Section 29 of the Banking Regulation Act, 1949 and the circulars and guidelines issued by Reserve Bank of India ('RBI') from time to time, as applicable to the Bank. The respective Board of Directors of the Bank and the subsidiary companies included in the Group and its associate companies are responsible for maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Act and the RBI Guidelines, for safeguarding of the assets of the Group and its associates, for preventing and detecting frauds and other irregularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls that were operating effectively for ensuring the accuracy and completeness of the accounting records, relevant to the preparation and presentation of the consolidated financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement, whether due to fraud or error, which have been used for the purpose of preparation of the consolidated financial statements by the Directors of the Bank, as aforesaid.

In preparing the consolidated financial statements, the Management and Board of Directors of the respective companies included in the Group and its associates are responsible for assessing the ability of the respective companies included in the Group and its associates to continue as a going concern, disclosing, as applicable, matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless respective the Board of Directors either intends to liquidate the companies included in the Group and its associate companies or to cease operations, or has no realistic alternative but to do so.

The respective Board of Directors of the Companies included in the Group and of its associates are also responsible for overseeing the financial reporting process of the Group and of its associate companies.

Auditor's Responsibilities for the Audit of the Consolidated Financial Statements

Our objectives are to obtain reasonable assurance about whether the consolidated financial statements as a whole are free from material misstatement, whether due to fraud or error, and to issue an Auditor's Report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance, but is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatements can arise from fraud or error and are considered material if, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these consolidated financial statements.

As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional skepticism throughout the audit. We also:

- Identify and assess the risks of material misstatement of the consolidated financial statements, whether due to fraud or error, design and perform audit procedures responsive to

हमारी राय को आधार प्रदान करने के लिए ऐसे लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना जो पर्याप्त और उचित हों. धोखाधड़ी के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्याकथनों को न पहचानने का जोखिम त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए जोखिम से बड़ा है क्योंकि धोखाधड़ी में सांठ-गांठ, कपट, जानबूझ कर छोड़ी गई त्रुटियां, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रणों का उल्लंघन शामिल हो सकता है.

- लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के उद्देश्य से लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों की जानकारी प्राप्त करना, जो उन परिस्थितियों के लिए उचित हों. अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत, हम यह राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या समूह और इसकी सहयोगी कंपनियों के पास समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था है तथा क्या इस तरह के नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता है.

- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन एवं निदेशक मंडल द्वारा किये गये लेखांकन अनुमानों का औचित्य एवं समेकित वित्तीय विवरणों में उससे संबंधित प्रकटीकरणों का मूल्यांकन करना.

- समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी में प्रबंधन और निदेशक मंडल के लेखांकन के कार्यशील संस्था के रूप में उपयोग करने के उपयुक्तता पर अपना निष्कर्ष देना और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधार पर इस बात का पता लगाना कि क्या उन घटनाओं या परिस्थितियां से संबंधित महत्वपूर्ण अनिश्चतता मौजूद है जिसमें सहयोगी कंपनियों सहित समूह के कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की सक्षमता पर सार्थक संदेह व्यक्त करती हो. यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि महत्वपूर्ण अनिश्चतता विद्यमान है तो हमें अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में समेकित वित्तीय विवरणों में इस तरह के प्रकटीकरणों की ओर ध्यान आकर्षित करना होगा या यदि इस तरह के प्रकटीकरण पर्याप्त नहीं है तो हमें अपने अभिमत को संशोधित करना होगा. हमारे निष्कर्ष लेखापरीक्षा की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित हैं. तथापि, भविष्य की घटनाएं या परिस्थितियां सहयोगी कंपनियों सहित समूह के कार्यशील संस्था के रूप में बने न रहने का कारण बन सकती हैं.

- प्रकटीकरण सहित समेकित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं विषयवस्तु का मूल्यांकन करना तथा क्या समेकित वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेनों और घटनाओं का निरूपण इस ढंग से करते हैं कि वे निष्पक्ष प्रस्तुति कर सकें.

- समेकित वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए समूह और इसकी सहयोगी कंपनियों के भीतर संस्थाओं या व्यावसायिक गतिविधियों की वित्तीय जानकारी के संबंध में पर्याप्त उपयुक्त लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना. हम समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल ऐसी संस्थाओं के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं, जिनके हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं. समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य संस्थाओं के लिए, जिनकी अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा-परीक्षा की गई है, ऐसे अन्य लेखापरीक्षक उनके द्वारा की गई लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण

those risks, and obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error, as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations, or the override of internal control.

- Obtain an understanding of internal control relevant to the audit in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances. Under section 143(3)(i) of the Act, we are also responsible for expressing our opinion on whether the Group and its associate companies have adequate internal financial controls with reference to consolidated financial statements in place and the operating effectiveness of such controls.

- Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures in the consolidated financial statements made by the Management and Board of Directors.

- Conclude on the appropriateness of the Management and Board of Director's use of the going concern basis of accounting in preparation of consolidated financial statements and, based on the audit evidence obtained, whether a material uncertainty exists related to events or conditions that may cast significant doubt on the Group's, including its associate companies, ability to continue as a going concern. If we conclude that a material uncertainty exists, we are required to draw attention in our Auditor's Report to the related disclosures in the consolidated financial statements or, if such disclosures are inadequate, to modify our opinion. Our conclusions are based on the audit evidence obtained up to the date of our Auditor's Report. However, future events or conditions may cause the Group, including its associate companies, to cease to continue as a going concern.

- Evaluate the overall presentation, structure and content of the consolidated financial statements, including the disclosures, and whether the consolidated financial statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

- Obtain sufficient appropriate audit evidence regarding the financial information of the entities or business activities within the Group and its associate companies to express an opinion on the Consolidated Financial Statements. We are responsible for the direction, supervision and performance of the audit of the financial statements of such entities included in the Consolidated Financial Statements of which we are the independent auditors. For the other entities included in the Consolidated Financial Statements, which have been audited by other auditors, such other auditors remain responsible for the direction, supervision and performance of the audits

और निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं. हम अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए पूरी तरह उत्तरदायी हैं. इस संबंध में हमारी जिम्मेदारियों को इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट में 'अन्य मामले' नामक खंड के पैरा (क) और (ख) में आगे वर्णित किया गया है.

हम बैंक में अभिशासन से जुड़े व्यक्तियों को अन्य बातों के साथ-साथ लेखापरीक्षा के योजनाबद्ध दायरे, उसका समय और लेखापरीक्षा के दौरान हमारे द्वारा पहचानी गई आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण कमियों सहित लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों के बारे में अवगत कराते हैं.

हम अभिशासन से जुड़े व्यक्तियों को वक्तव्य भी प्रस्तुत करते हैं कि हमने स्वतंत्रता से संगत नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है और साथ ही सभी संबंधों और उन मामलों की जो हमारी स्वतंत्रता को उचित रूप से प्रभावित कर सकते हैं, और जहां भी लागू हो वहां उनसे संबंधित सावधानियों की भी जानकारी देते हैं.

अभिशासन से जुड़े व्यक्तियों को सूचित विषयों से हम उन विषयों का निर्धारण करते हैं जो चालू वर्ष के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण थे और इसलिए मुख्य लेखापरीक्षा मामले हैं. हम उन मामलों का अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में तब तक वर्णन करते हैं जब तक कि विधि या विनियमन द्वारा इस मामले के प्रकटन के लिए या तो रोका न जाए या फिर अत्यंत विरल परिस्थितियों में जब हम यह निर्णय लें कि ऐसा मामला हमारी रिपोर्ट में नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा संप्रेषण करने से लोक हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है.

अन्य मामले

क) हमने पांच सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरणों में 31 मार्च 2026 को कुल आस्तियां ₹ 1,303.92 करोड़, 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए क्रमशः कुल राजस्व ₹ 470.44 करोड़ और कर पश्चात कुल निवल लाभ ₹ 123.50 करोड़ दिखाया गया है; और समेकित वित्तीय विवरणों में निवल नकदी अंतर्वाह ₹ 16.55 करोड़ है, जिनकी लेखापरीक्षा उनके स्वतंत्र लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है. इन सहायक संस्थाओं के वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट हमें प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत की गई है और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक इन सहायक कंपनियों से संबंध में शामिल की गई राशियों और प्रकटीकरणों का संबंध है, सिर्फ ऐसे लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों पर ही आधारित है और हमारे द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया उपर्युक्त पैराग्राफ में दी गई है.

ख) समेकित वित्तीय विवरण में दो सहयोगी कंपनियों [बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड (27.93%) और नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (25%)] के संबंध में समूह के हिस्सा का कर पश्चात निवल लाभ ₹ 25.16 करोड़ शामिल है. इन सहयोगी कंपनियों के वित्तीय विवरणों का न तो हमारे द्वारा और न ही उनके संबंधित लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षा की गई है. प्रबंधन द्वारा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, इन सहयोगी कंपनियों के वित्तीय विवरण समूह के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं. इन अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों को उन सहयोगी कंपनियों के प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया है तथा प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत किया

carried out by them. We remain solely responsible for our audit opinion. Our responsibilities in this regard are further described in para (a) and (b) of the section titled 'Other Matters' in this audit report.

We communicate with those charged with governance of the Bank regarding, among other matters, the planned scope and timing of the audit and significant audit findings, including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence, and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence, and where applicable, related safeguards.

From the matters communicated with those charged with governance, we determine those matters that were of most significance in the audit of the consolidated financial statements of the current year and are therefore the key audit matters. We describe these matters in our auditor's report unless law or regulation precludes public disclosure about the matter or when, in extremely rare circumstances, we determine that a matter should not be communicated in our report because the adverse consequences of doing so would reasonably be expected to outweigh the public interest benefits of such communication.

Other Matters

a) We did not audit the financial statements of five subsidiary companies; whose financial statements reflect total assets of ₹ 1,303.92 crores as at March 31, 2026, total revenues of ₹ 470.44 crores and total net profit after tax of ₹ 123.50 crores for the year ended March 31, 2026 respectively, and net cash inflows of ₹ 16.55 crores as considered in the Consolidated Financial Statements, which have been audited by its independent auditors. The independent auditors' reports on financial statements of these subsidiaries have been furnished to us by the management and our opinion on the Consolidated Financial Statements, in so far as it relates to the amounts and disclosures included in respect of these subsidiaries, is based solely on the reports of such auditors and the procedures performed by us as stated in paragraph above.

b) The Consolidated Financial Statements include the Group's share of net profit after tax of ₹ 25.16 crore for the year ended March 31, 2026 in respect of two associate companies [Biotech Consortium India Limited (27.93%) and North Eastern Development Finance Corporation Limited (25%)]. The financial statements of these associate companies have neither been audited by us nor by their respective auditors. According to the information and explanations given to us by the Management, the financial statements of these associate companies are not material to the Group. These unaudited financial statements have been approved by the Management

m) Quoted Preference shares are valued at market rates and unquoted/non-traded preference shares are valued at appropriate yield to maturity basis, not exceeding redemption value as per the RBI guidelines.

ढ) अनुद्धृत उद्यम पूंजी निधि (वीसीएफ़)/वैकल्पिक निवेश निधि(एआईएफ)/अवसंरचना निवेश न्यास/रियल एस्टेट निवेश न्यास में निवेश का वर्गीकरण रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एफवीटीपीएल गैर-एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत बैंक के विवेक पर किया जाता है और एनएवी पर मूल्यांकन किया जाता है. जहां कोई एआईएफ सेबी (वैकल्पिक निवेश निधि) विनियम, 2012 के अंतर्गत निर्धारित आवृत्ति के अनुसार अपने निवेशों का मूल्यांकन करने और उसका प्रकटीकरण करने में विफल रहता है, वहां इकाइयों का मूल्यांकन, उपलब्ध होने की स्थिति में वीसीएफ/एआईएफ के नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर किया जाएगा अथवा, रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, वीसीएफ/एआईएफ प्रति इकाई ₹ 1 के मूल्य पर किया जाएगा.

n) Investments in unquoted Venture Capital Fund (VCF)/Alternate Investments Funds (AIFs)/ InVITs / REITs are categorised, at the discretion of the Bank, under FVTPL Non-HFT category in accordance with the RBI guidelines and valued at NAV. Where an AIF fails to carry out and disclose the valuation of its investments as per the frequency mandated by SEBI (Alternative Investment Fund) Regulations, 2012, the units are valued based on the latest audited financials of the VCF/AIF if available or else at Re 1 per VCF/AIF as per the RBI guidelines.

ण) पीटीसी निवेश वर्तमान में केवल एचटीएम श्रेणी में धारित किए जाते हैं तथा लागत पर दर्शाये जाते हैं.

o) PTC investments are presently held only under HTM category and are carried at Cost.

त) दिनांक 28 नवंबर 2025 के मास्टर निदेश के अनुसार बैंकों को निदेशक मंडल की अनुमति के बिना निवेशों की श्रेणियों (अर्थात् एचटीएम, एएफएस और एफवीटीपीएल) के बीच पुनःवर्गीकरण की अनुमति नहीं है. इसके अलावा, ऐसे वर्गीकरण के लिए पर्यवेक्षण विभाग (डीओएस), रिज़र्व बैंक से पूर्वानुमोदन की भी जरूरत है.

p) As per Master Circular dated November 28, 2025, Banks are not allowed to reclassify investments between categories (viz. HTM, AFS and FVTPL) without the approval of Board of Directors. Further, such reclassification also requires the prior approval of the Department of Supervision (DoS), RBI.

उत्तरवर्ती पुनः वर्गीकरण के लिए, बैंक दिनांक 28 नवम्बर 2025 की भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक - निवेश पोर्टफोलियो का वर्गीकरण, मूल्यांकन एवं परिचालन) निदेश, 2025 के अंतर्गत श्रेणियों के मध्य पुनःवर्गीकरण से संबंधित अध्याय VII में निर्दिष्ट पुनः वर्गीकरण लेखांकन का अनुपालन करना होगा.

For subsequent reclassification, Bank shall follow reclassification accounting stipulated under Chapter VII on Reclassification between categories of Reserve Bank of India (Commercial Banks – Classification, Valuation, and Operation of Investment Portfolio) Directions, 2025 dated November 28, 2025

छ) अनर्जक निवेश

g) Non-Performing Investments

अनर्जक निवेशों की पहचान की जाती है तथा उन पर रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है. ऐसे अनर्जक निवेश के मूल्यह्रास/ प्रावधान को अन्य अर्जक प्रतिभूतियों की मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास से समायोजित नहीं किया जाता है. जब तक अनर्जक निवेशों पर आय प्राप्त नहीं होती तब तक लाभ-हानि खाते में दर्शाया नहीं जाता है.

Non-performing investments are identified and depreciation provisions are made thereon based on the RBI guidelines. The appreciation/depreciation on such non-performing investments are not set off against the appreciation/depreciation in respect of other performing securities. Income on non-performing investments is not recognized in the Profit and Loss Account until it is realised.

ज) अधिविक्रय

h) Short Sale

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक केन्द्र सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों में अधिविक्रय करता है. अधिविक्रय स्थितियों को एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

The Bank undertakes short sale transaction in Central Government dated securities in accordance with the RBI guidelines. The short positions are categorised under HFT category.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

झ) रेपो एवं रिवर्स रेपो लेन-देन

i) Repo and reverse repo transactions

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकारी प्रतिभूतियों व कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियों (चलनिधि समायोजन सुविधा ('एलएएफ') व सीमांत आपाती सुविधा ('एमएसएफ') के तहत रिज़र्व बैंक से किए गए लेन-देनों सहित) में रेपो व रिवर्स रेपो के लेन-देन क्रमशः संपार्श्विकृत उधार लेने व उधार देने वाले लेन-देनों के रूप में दर्शाए जाते हैं. रेपो लेन-देनों पर उधार लागत को ब्याज व्यय के रूप में तथा रिवर्स रेपो लेन-देन पर प्राप्त राजस्व को ब्याज आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

In accordance with the RBI guidelines, repo and reverse repo transactions in government securities and corporate debt securities (including transactions conducted under Liquidity Adjustment Facility ('LAF') and Marginal Standby Facility ('MSF') with the RBI) are reflected as collateralized borrowing and lending transactions respectively. Borrowing cost on repo transactions is accounted as interest expense and revenue on reverse repo transactions is accounted as interest income.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में
B. In case of IDBI Assets Management Limited

ऐसे निवेश जो तत्काल वसूली योग्य हैं और ऐसे निवेश करने की तारीख से एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए धारित नहीं किए जाने हैं, उन्हें चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. अन्य सभी निवेशों को दीर्घावधि निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. चालू निवेशों को लागत या उचित मूल्य, जो भी कम हो, पर दर्शाया जाता है. दीर्घावधि निवेशों को लागत पर दर्शाया जाता है. तथापि, निवेशों के मूल्य में कमी, अस्थायी कमी को छोड़कर, के संबंध में ह्रास के लिए प्रावधान कमी को निर्धारित करने के लिए किया जाता है. ऐसी कमी का निर्धारण प्रत्येक निवेश के लिए किया जाता है. बांड की खरीद के दौरान भुगतान किए गए प्रीमियम को बांड की अवधि के दौरान परिशोधित नहीं किया जाता है और इसे खरीद की लागत के रूप में माना जाता है.

Investments which are readily realizable and are intended to be held for not more than one year from the date, on which such investments are made, are classified as current investments. All other investments are classified as long term investments. Current investments are carried at cost or fair value, whichever is lower. Long-term investments are carried at cost. However, provision for diminution is made to recognize a decline, other than temporary, in the value of the investments, such reduction being determined and made for each investment individually.premium paid during purchase of bonds is not amortized during the tenure of bond and same is considered as cost of purchase.

इ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि. के मामले में
C. In case of IDBI Trusteeship Services Limited

ऐसे निवेश जो लंबे समय के लिए धारित हैं, उन्हें गैर-चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. दीर्घावधि निवेश लागत पर दर्शाए जाते हैं. दीर्घावधि निवेशों के मूल्य में अस्थायी स्वरूप से भिन्न कमी को दर्शाया जाता है. चलनिधि निवेश को चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और लागत पर दर्शाया जाता है.

Investments which are held for long term, same are classified as Non Current Investments. Long term investments are stated at cost. Decline in value of long term investment is recognised, if considered other than temporary. Liquid investments are classified as a current investment and are stated at cost.

ई. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि. के मामले में
D. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited

(i) निवेशों को गैर-चालू और चालू निवेशों के रूप वर्गीकृत किया जाता है. लाभांश तथा ब्याज के रूप में आय अर्जित करने के लिए तथा पूंजीगत मूल्यवृद्धि के प्रयोजनार्थ अधिगृहीत तथा धारित प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय आस्तियों को गैर चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उनका मूल्यांकन उनकी अधिग्रहण लागत पर किया जाता है. उनके मूल्य में अस्थायी गिरावट से भिन्न गिरावट, यदि कोई हो, का निर्धारण किया जाता है. चालू निवेश को बाजार/उचित मूल्य पर दिखाया जाता है. मार्केट मेकर के रूप में बाज़ार निर्माण प्रक्रिया में अधिगृहीत प्रतिभूतियों को चालू निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

Investments are classified into non-current and current investments. Securities and other financial assets acquired and held for earning income by way of dividend and interest and for the purpose of capital appreciation are classified as non-current investments and are valued at their cost of acquisition. Decline in their value other than temporary, if any, is recognized. Current investments are carried at market/ fair value. Securities acquired in the market making process as market maker are classified as Current Investments.

(ii) अल्पावधि धारिता और ट्रेडिंग के उद्देश्य से अधिगृहीत प्रतिभूतियों को विक्रेय माल समझा जाता है और उसे चालू आस्तियों के रूप में माना जाता है.

Securities acquired with the intention of short-term holding and trading are considered as stock-in-trade and regarded as current assets.

(iii) विक्रेय माल श्रेणीवार के रूप में धारित प्रतिभूतियों को बाजार/ उचित मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है. बाज़ार मूल्य को वास्तविक क्रय-विक्रय के लिए बाज़ार भावों के आधार पर निर्धारित किया जाता है और जहां ऐसे भाव उपलब्ध नहीं हैं वहाँ उचित मूल्य निर्धारित किया जाता है, ऋण प्रतिभूतियों के मामले में, समान परिपक्वता और साख स्थिति की प्रतिभूतियों पर प्रतिफल के संदर्भ में और इक्विटी के मामले में उपलब्ध अंतिम तुलन-पत्र के अनुसार ब्रेक-अप मूल्य के संदर्भ में निर्धारित किया जाता है. प्रत्येक प्रतिभूति को अलग-अलग मूल्यांकित किया जाता है. प्रत्येक प्रतिभूति के लिए मूल्यह्रास/वृद्धि, यदि कोई हो, का प्रावधान/विचार किया जाता है.
Securities held as stock-in-trade category wise are valued at market/fair value.. Market value is determined based on market quotes for actual trades and where such quotes are not available, fair value is determined, in the case of debt securities, with reference to yields on securities of similar maturity and credit standing, and in the case of equities, with reference to the break-up value as per the last available balance sheet. Each security is valued individually. The depreciation / appreciation , if any, for each security is provided / considered.

(iv) निवेश के रूप में धारित सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रदत्त प्रीमियम को लिखत की अवधि के दौरान परिशोधित किया जाता है.
Premium paid on government securities held as investment is amortized over the tenor of the instrument.

उ. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में
E. In case of IDBI MF Trustee Company Limited

निवेश / Investments

निवेशों को गैर-चालू और चालू निवेश में वर्गीकृत किया जाता है. लाभांश और ब्याज के रूप में आय अर्जित करने तथा पूंजी मूल्यवृद्धि के प्रयोजन के लिए अधिगृहीत और धारित प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय आस्तियों को गैर-चालू निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और अधिग्रहण की उनकी लागत पर मूल्यांकित किया जाता है. अस्थायी के अलावा उनके मूल्य में गिरावट, यदि कोई हो, को निर्धारित किया जाता है. चालू निवेश को लागत या बाजार मूल्य से कमतर पर दर्शाया जाता है.
Investments are classified into non-current and current investments. Securities and other financial assets acquired and held for earning income by way of dividend and interest: and for the purpose of capital appreciation are classified as non-current investments and are valued at their cost of acquisition. Decline in their value other than temporary, if any, is recognized. Current investments arc carried at lower of cost or market value.

8) डेरिवेटिव लेनदेन / Derivative Transactions

डेरिवेटिव लेन-देनों में वायदा संविदाएँ, स्वैप, विकल्प और विनिमय-व्यापरित डेरिवेटिव उत्पाद शामिल हैं जिनका प्रकटन आकस्मिक देयताओं के रूप में किया जाता है. वायदा, स्वैप और विकल्पों को ट्रेडिंग या हेज लेन-देन, जैसी भी स्थिति हो, के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.
Derivative transactions comprise of forward contracts, swaps, options and exchange traded derivative products which are disclosed as contingent liabilities. The forwards, swaps and options are categorized as trading or hedge transactions, as the case may be.

बैंक विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव के बारे में लेखांकन मानक 11 के सिद्धांत का अनुसरण करता है.
Bank follows the principle of Accounting Standard 11 on The Effects of Change in Foreign Exchange Rates.

बैंक भारतीय सनदी लेखाकर संस्थान द्वारा जारी डेरेवेटिव संविदाओं के लिए लेखांकन के बारे में निर्देशन नोट (संशोधित 2021), उक्त निर्देशन नोट के अनुच्छेद 63 (जिसमें तुलन-पत्र में दर्शाई गई डेरिवेटिव आस्तियों एवं देयताओं को चालू एवं गैर-चालू आधार पर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होता है) को छोड़कर, की अपेक्षाओं का भी अनुपालन करता है. बैंक दिनांक 28 नवंबर 2025 के वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो का वर्गीकरण, मूल्यांकन और परिचालन (निर्देशन), 2025 के बारे में रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेश, के पैरा 109 के अनुसार अपनी डेरिवेटिव आस्ति एवं देयताओं को क्रमशः अनुसची 11: 'अन्य आस्तियां' और अनुसूची 5:'अन्य देयताएं' के अंतर्गत अलग मद के रूप में दर्शाता है.
Bank also complies with the requirements of the Guidance Note on Accounting for Derivative Contracts (revised 2021) issued by the Institute of Chartered Accountants of India except for paragraph 63 (which requires presentation of Derivative assets and liabilities recognized on the balance sheet on current and non-current basis) of the said Guidance Note. Bank presents its derivative asset and liabilities as separate line items under Schedule 11: 'Other Assets' and Schedule 5: 'Other Liabilities' respectively, in accordance with para 109 of the RBI Master Circular - Classification, Valuation and Operation of Investment Portfolio of Commercial Banks (Directions), 2025 dated November 28, 2025.

'हेज' के रूप में नामित लेन-देनों में:
In Transactions designated as 'Hedge':

बैंक का 31 मार्च 2026 को कोई सक्रिय हेज लेनदेन नहीं है.
Bank has no active Hedge trade as on March 31, 2026.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

'ट्रेडिंग' के रूप में नामित लेन-देनों में:
In Transactions designated as 'Trading':

क) 'ट्रेडिंग' के रूप में नामित बकाया डेरिवेटिव लेन-देनों की गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है जिनमें ब्याज दर स्वैप, परस्पर मुद्रा स्वैप, परस्पर मुद्रा विकल्प एवं ऋण चूक स्वैप शामिल हैं. इसके फलस्वरूप हुए लाभ/ हानि को लाभ एवं हानि खाते में शामिल किया जाता है. विकल्पों पर प्रीमियम को तुलन-पत्र की मद के रूप में दर्शाया जाता है और इसे परिपक्वता/ निरस्त होने पर लाभ-हानि खाते में अंतरित कर दिया जाता है.

a) Outstanding derivative transactions designated as 'Trading', which includes interest rate swaps, cross currency swaps, cross currency options and credit default swaps, are measured at their fair value. The resulting profits/ losses are included in the profit and loss account. Premium on options is recorded as a balance sheet item and transferred to Profit and Loss Account on maturity/ cancellation.

ख) एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी फ्यूचर्स (ईटीसीएफ) खंडों में ट्रेडिंग के रूप में नामित डेरिवेटिव लेन-देनों में मुद्रा फ्यूचर्स, मुद्रा ऑप्शन्स और ब्याज दर फ्यूचर्स शामिल हैं, जिनकी गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है और नकदी निपटान टी+1 आधार पर किया जाता है. इन लेन-देनों से हुए लाभ/हानि को संबंधित एक्सचेंजों द्वारा निर्धारित की गई माह के अंत में निपटान की तारीख को लाभ एवं हानि खाते में अंतरित किया जाता है.

b) Derivative Transactions in Exchange Traded Currency Futures (ETCF's) segments designated as trading includes Currency Futures, Currency Options and Interest Rate Futures which are measured at their fair value and are cash settled on T+1 basis. The resulting profits / losses on these transactions are transferred to Profit and Loss Account on the month end settlement date stipulated by Respective Exchanges.

ग) 'ट्रेडिंग' के रूप में नामित रुपया डेरिवेटिव पर आय को वसूली आधार पर लाभ-हानि खाते में दिखाया जाता है.

c) Income on Rupee Derivatives designated as "Trading "is recognised in the Profit and Loss Account on realisation basis.

घ) डेरिवेटिव संविदाओं के अंतर्गत किसी भी प्राप्यराशि, जो 90 दिन से अधिक के लिए अतिदेय रहती है, को लाभ एवं हानि खाते के जरिये 'उचंत खाता निश्चित प्राप्यराशियां' में रिवर्स किया जाता है.

d) Any receivable under derivative contracts, which remain overdue for more than 90 days, are reversed through Profit and Loss Account to "Suspense Account Crystallised Receivables".

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड के मामले में
In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited

भावी एवं विकल्प में लेन-देन
Transactions in Futures and Options

(i) भावी संविदा / विकल्पों की बिक्री करते समय देय प्रारंभिक मार्जिन को सावधि जमा, नकद जमा और प्रतिभूतियों के रूप में एक्सचेंजों के पास जमा के साथ समायोजित किया जाता है.
Initial Margin payable at the time of entering into futures contract / sale of options is adjusted against the deposits with the exchanges in the form of fixed deposits, cash deposits and securities.

(ii) भावी संविदाओं में लेन-देनों को संविदा के कल्पित व्यापार मूल्य पर खरीद और बिक्री के रूप में हिसाब में लिया जाता है. तुलन पत्र की तिथि को फ्यूचर्स में खुली संविदा को इसके कल्पित मूल्य से घटाया जाता है.
Transactions in Future contracts are accounted as Purchase and Sales at the notional trade value of the contract. The open interest in futures as at the Balance Sheet date is netted by its notional value.

(iii) पिछले दिन के निपटान मूल्य या एक्सचेंज क्लोजिंग मूल्य और बाद के दिन के एक्सचेंज क्लोजिंग मूल्य में एक्सचेंज को किए गए या प्राप्त भुगतान अंतर को मार्क टू मार्केट मार्जिन के रूप में माना जाता है. मार्क टू मार्केट मार्जिन खाते में शेष, तुलन पत्र की तारीख तक भावी संविदाओं में खुली संविदा की कीमतों में बदलाव के आधार पर भुगतान या प्राप्त की गई निवल राशि को दर्शाता है. मार्क टू मार्केट मार्जिन खाते में निवल नामे शेष को राजस्व से प्रभारित किया जाता है जबकि निवल जमा शेष को चालू देयताओं के अंतर्गत दिखाया जाता है.
The difference in the settlement price or exchange closing price of the previous day and exchange closing price of the subsequent day, paid to or received from the exchange is treated as Mark to Market Margin. The balance in the Mark to Market Margin Account represents the net amount paid or received on the basis of movement in the prices of open interest in futures contracts till the balance sheet date. Net debit balance in the Mark to Market Margin Account is charged off to revenue whereas net credit balance is shown under current liabilities.

(iv) विकल्पों की खरीद और बिक्री पर भुगतान या प्राप्त प्रीमियम और विकल्पों के प्रयोग पर भुगतान या प्राप्त अंतर को खरीद या बिक्री के रूप में गिना जाता है. तुलन पत्र की तारीख को बेचे गए विकल्पों में खुली संविदा के मामले में, उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है जिसके द्वारा तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित प्रीमियम उन विकल्पों के लिए प्राप्त प्रीमियम से अधिक हो जाता है. तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित प्रीमियम से अधिक प्राप्त प्रीमियम को मान्यता नहीं दी जाती है. इसी तरह, खरीदे गए विकल्पों के मामले में, उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है जिसके द्वारा विकल्प के लिए भुगतान किया गया प्रीमियम तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित प्रीमियम से अधिक हो जाता है और भुगतान किए गए प्रीमियम पर तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित प्रीमियम की अधिकता को उपेक्षित कर दिया जाता है. कई खुली स्थितियों के मामले में, खरीद और बिक्री की स्थितियों में शेष राशि को घटाने के बाद प्रावधान किया जाता है या आधिक्य प्रीमियम को उपेक्षित कर दिया जाता है.

Premium paid or received on purchase and sale of options and the difference paid or received on exercise of options is accounted as Purchases or Sales. In case of open interest in options sold as on the balance sheet date, provision is made for the amount by which premium prevailing on the Balance Sheet date exceeds the premium received for those options. The excess of premium received over the premium prevailing on the Balance Sheet date is not recognised. Similarly, in case of options bought, provision is made for the amount by which the premium paid for the option exceeds the premium prevailing on the Balance Sheet date and the excess of premium prevailing on the Balance Sheet date over the premium paid is ignored. In case of multiple open positions, provision is made or excess premiums are ignored after netting off the balances in buy as well as sell positions.

ब्याज दर स्वैप
Interest Rate Swaps

आस्ति और देयताओं में प्राथमिक डीलरशिप संचालन से संबंधित बंद किए गए परिचालनों के ब्याज दर स्वैप की कल्पित मूल राशि को घटाया जाता है. ब्याज दर स्वैप पर लाभ या हानि की संविदा की शर्तों के अनुसार नियत तारीखों पर गणना की जाती है.
Assets and Liabilities in respect of notional principal amount of Interest Rate Swaps of the discontinued operations pertaining to Primary Dealership operations are netted. Gain or loss on Interest Rate Swaps is accounted for on due dates as per the terms of the contract.

टर्नओवर
Turnover

दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों, ट्रेजरी बिलों और विक्रेय माल स्वरूप की अन्य अन्य प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री को लाभ-हानि खाते में कंपनी की निधियों के टर्नओवर को इंगित करने की दृष्टि से प्रकट किया जाता है और केवल प्रत्यक्ष लेनदेन शामिल किये जाते हैं. इस उद्देश्य के लिए जब इन प्रतिभूतियों को कंपनी द्वारा परिपक्वता की तारीख तक धारित किया जाता है तो बिक्री, यदि कोई हो, में मोचन से प्राप्तराशियां शामिल होती हैं.
Purchases and sales of dated government securities, treasury bills and other securities in the nature of stock in trade are disclosed in the Profit and Loss Account, with a view to indicate the turnover of funds of the company and include only outright transactions. For this purpose, sales also include redemption proceeds, if any, when these securities are held by the company till the date of maturity.

9) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण प्रमाण पत्र / Priority Sector Lending Certificates

बैंक प्राथमिकता- प्राप्त क्षेत्र को उधार के प्रमाण-पत्र (पीएसएलसी) के क्रय या विक्रय के लेन-देन करता है. बिक्री लेन-देन के मामले में, बैंक रिज़र्व बैंक के ट्रेडिंग प्लेटफ़ार्म पर प्राथमिकता- प्राप्त क्षेत्र को उधार दायित्वों को पूरा करने की बिक्री करता है और खरीद लेनदेन के मामले में, बैंक प्राथमिकता- प्राप्त क्षेत्र को उधार दायित्वों को पूरा करने का क्रय करता है. जोखिम या ऋण आस्तियों का कोई अंतरण नहीं होता है. पीएसएलसी की बिक्री से प्राप्त शुल्क को विविध आय के रूप में दर्शाया जाता है और पीएसएलसी की खरीद के लिए अदा किए गए शुल्क को अन्य व्यय के रूप में लाभ-हानि खाते में रिकॉर्ड किया जाता है. इनको प्रमाण-पत्र की अवधि के दौरान परिशोधित किया जाता है.
The Bank enters into transactions for the sale or purchase of Priority Sector Lending Certificates (PSLCs). In the case of a sale transaction, the Bank sells the fulfilment of priority sector obligation and in the case of a purchase transaction the Bank buys the fulfilment of priority sector obligation through the RBI trading platform. There is no transfer of risks or loan assets. The fee received for the sale of PSLCs is recorded as miscellaneous income and the fee paid for purchase of the PSLCs is recorded as other expenditure in Profit and Loss Account. These are amortised over the period of the Certificate.

10) अचल आस्तियां एवं मूल्यह्रास (संपत्ति संयंत्र और उपकरण)
Fixed Assets and Depreciation (Property Plant and Equipment)

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में
A. In case of IDBI Bank Limited

(i) अचल आस्तियों, परिसर को छोड़कर, को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर दिखाया जाता है. परिसर का मूल्यांकन बैंक की नीति तथा रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है और उसे संचित मूल्यह्रास घटाकर पुनर्मूल्यित राशि पर दिखाया जाता है.
Fixed assets other than Premises are stated at cost less accumulated depreciation. Premises are revalued in accordance with the Bank's policy and the RBI guidelines and the same are stated at revalued amount less accumulated depreciation.

(ii) पट्टेधृत परिसरों में सुधार में किए गए व्यय को पट्टे की बची हुई प्राथमिक अवधि के दौरान विलोपित किया जाता है.
Improvements to lease hold premises are charged off over the remaining primary period of lease.

(iii) आस्ति की लागत में क्रय लागत और उपयोग में लाने से पूर्व आस्ति पर उपगत सभी व्यय शामिल होते हैं. उपयोग में लाये जाने पर आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब वह ऐसी आस्तियों से भावी लाभ या उनकी कार्यक्षमता बढ़ाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Cost of asset includes purchase cost and all expenditure incurred on the asset before put to use. Subsequent expenditure incurred on assets which have been put to use is capitalized only when it increases the future benefits from such assets or their functioning capability.

(iv) पुनर्मूल्यन पर मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, को पुनर्मूल्यन रिजर्व में जमा किया जाता है.
The appreciation on revaluation, if any, is credited to Revaluation Reserve.

(v) अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की गणना लागत या आस्तियों के पुर्नमूल्यन के मामले में पुनर्मूल्यित राशियों पर सीधी रेखा पद्धति द्वारा की जाती है.
Depreciation in respect of fixed assets is calculated on Straight Line Method with reference to cost or revalued amounts, in case of assets revalued.

(vi) पुनर्मूल्यित आस्तियों के संबंध में, पुनर्मूल्यन के फलस्वरूप अतिरिक्त मूल्यह्रास को तुलन पत्र में पुनर्मूल्यन रिजर्व से सामान्य रिजर्व में अंतरित किया जाता है.
In respect of revalued assets, the additional depreciation consequent to revaluation is transferred from revaluation reserve to general reserve in the balance sheet.

(vii) ₹ 5000/- से कम लागत की एकल अचल आस्तियों को पहले पूंजीकृत किया जाता है और फिर उनके परिवर्धन के वर्ष में ही पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है क्योंकि बैंक इससे आगामी वर्षों में आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं करता है.
Fixed assets individually costing less than 5,000/- are first capitalized and then fully depreciated in the year of addition as the bank do not expect economic benefit over the period of years.

(viii) मूर्त आस्तियों पर मूल्यह्रास कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग-सी के अंतर्गत निर्धारित रूप में आस्ति के उपयोगी जीवनकाल के दौरान विनिधानित किया जाता है. उपयोगी जीवनकाल तथा अवशिष्ट मूल्य की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है. यदि प्रबंधन के अनुमान के अनुसार, किसी अचल आस्ति के अधिग्रहण करते समय उस अचल आस्ति के अनुमानित जीवनकाल या बाद में समीक्षा करने पर उसका शेष उपयोगी जीवनकाल कम हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा उपयोगी जीवनकाल/शेष उपयोगी जीवनकाल के अनुमान के आधार पर मूल्यह्रास की ऊंची दर लगायी जाती है.
Depreciation on tangible assets is allocated over useful life of the asset as prescribed under Part C of Schedule II of the Companies Act 2013. The useful lives and residual values are reviewed periodically. If the management estimate of the useful life of an asset at the time of acquisition of the asset or of remaining useful life on subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on the management's estimate of useful life / remaining useful life.

(ix) वर्ष के दौरान अचल आस्तियों के परिवर्धन / बिक्री पर मूल्यह्रास का प्रावधान आस्तियों के वास्तव में धारित करने की अविध के लिए किया जाता है.
Depreciation on additions/ sale of fixed assets during the year is provided for the period for which assets are actually held.

(x) अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल निम्नानुसार है:
The useful lives of Fixed assets are as follows:

आस्ति Asset	**उपयोगी जीवनकाल (वर्षों में)** Useful Life (in Years)
स्वामित्व वाले परिसर / Owned Premises	60
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture and fixtures	10
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी / Electrical installation and machinery	10
मोटर वाहन / Motor vehicles	8
कंप्यूटर / Computers	3
स्वचालित टेलर मशीन / Automated Teller Machines	8
वी-सैट उपकरण / VSAT equipment	6
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with employees	
क) फर्नीचर और फिक्सचर्स a) Furniture and fixtures	10
ख) पर्सनल कंप्यूटर b) Personal Computers	3

(xi) पट्टाधृत भूमि को पट्टे की अवधि में परिशोधित किया जाता है. पट्टेधृत सुधार को उसी आस्ति श्रेणी में पूंजीकृत तथा पट्टे की अवधि के दौरान परिशोधित किया जाता है.
Leasehold land is amortized over the period of lease. Leasehold improvements are capitalized in the same asset category and amortized over period of lease.

(xii) ₹ 2.50 लाख से अधिक राशि वाले प्रत्येक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर को पूंजीकृत किया जाता है और 6 वर्ष से अनधिक अवधि में इसके उपयोगी जीवनकाल में मूल्यह्रासित किया जाता है.
Computer Software individually costing more than ₹ 2.50 lacs is capitalized and depreciated over its useful life, not exceeding 6 years.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में
B. In case of IDBI Assets Management Limited

(i) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को संचित मूल्यह्रास और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर अधिग्रहण/स्थापना लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य, पूंजीकरण मानदंड पूरा होने पर उधार लेने की लागत और इच्छित उपयोग के लिए आस्ति को उसकी कार्यशील स्थिति में लाने की प्रत्यक्ष लागत शामिल है. प्रयोग में लाई जा रही आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब इन आस्तियों से भावी लाभ/कार्य निष्पादन क्षमता में वृद्धि हो. मौजूदा आस्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव और कलपुर्जों के बदलाव की लागत सहित कुल खर्च को जिस अवधि में वे उपगत होते हैं उस अवधि में राजस्व के रूप में प्रभारित किया जाता है.
Property, plant and equipment are stated at cost of acquisition / installation and less accumulated depreciation and impairment loss, if any. Cost comprises purchase price, borrowing costs if capitalisation criteria are met and directly attributable cost of bringing the asset to its working condition for the intended use. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalized only when it increases the future benefit/functioning capability from/of such assets. All expenses on existing assets, including repairs and maintenance and cost of replacement of parts are charged as revenue in the period in which they are incurred

(ii) मूल्यह्रास का प्रावधान कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) द्वारा किया जाता है. आस्तियों के मूल्यह्रास की दरें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार आस्ति के उपयोगी जीवनकाल को ध्यान में रख कर तय की गई हैं. प्रबंधन के अनुमान के अनुसार यदि आस्ति के अधिग्रहण के समय अचल आस्ति का उपयोगी जीवनकाल या इसके बाद की गई समीक्षा के आधार पर शेष उपयोगी जीवनकाल कम है तो मूल्यह्रास का निर्धारण उपयोगी जीवनकाल/ शेष जीवनकाल पर प्रबंधन के अनुमान के आधार पर उच्च दर पर किया जाता है. इस नीति के अनुसरण में निम्नलिखित दरों के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया है:
Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) as prescribed in Schedule II to the Companies Act, 2013. The rates of depreciation of assets have been arrived at after considering the useful life of the asset as per schedule II of the Companies Act 2013. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset, at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/remaining useful life. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

विवरण Description	उपयोगी जीवनकाल (वर्षों में) Useful life (in years)	अवशिष्ट मूल्य को छोड़कर मूल्यह्रास का प्रतिशत (%) Percentage of depreciation excluding salvage value (%)
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture & Fixtures	10.00	9.50
कार्यालय उपकरण / Office Equipment	5.00	19.00
कंप्यूटर हार्डवेयर / Computer Hardware	3.00	33.33
संचार उपकरण Communication Equipment	3.00	33.33

(iii) एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से अधिक की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को पूंजीकृत किया जाता है और 5 वर्ष की अवधि में मूल्यह्रासित किया जाता है, एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से कम की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को क्रय / अधिग्रहण के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.
Computer software individually costing more than ₹ 2.50 lakhs is capitalized and depreciated over a period of 5 years, Computer software individually costing less than ₹ 2.50 lakhs is fully depreciated in the year of purchase/acquisition.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(iv) कंपनी आस्ति के उपयोग में लाये जाने की तारीख से तथा बेची गई किसी आस्ति के लिए उसकी बिक्री तारीख तक आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है.
The Company provides pro-rata depreciation from the date the asset is put to use and for any asset sold until the date of sale.

(v) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, सॉफ्टवेयर के अलावा, एकल रूप से ₹ 5,000 या उससे कम लागत को खरीद/ अधिग्रहण के वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रासित किया जाता है.
Property, plant and equipment, other than software, individually costing ₹ 5,000 or less are fully depreciated in the year of purchase / acquisition.

इ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में
C. In case of IDBI Intech Limited

(i) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को उनके संचित मूल्यह्रास/ परिशोधन और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर अधिग्रहण की लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में अभीष्ट उपयोग के लिए कार्यशील परिस्थितियों में लाने हेतु आस्ति के अधिग्रहण में हुए सभी व्यय शामिल होते हैं.
Property, Plant and Equipment's are stated at cost of acquisition less accumulated depreciation/ amortisation and impairment loss, if any. Cost includes all expenses incurred for acquisition of assets to bring them to working conditions for intended use.

(ii) जो अचल आस्तियां रिपोर्टिंग तिथि को उनके इच्छित उपयोग के लिए अभी तक तैयार नहीं हैं, उनकी लागत को पूंजीगत चालू कार्य के रूप में दिखाया जाता है. अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास और परिशोधन विशेषज्ञ तकनीकी सलाह/ अधिनियम की अनुसूची-II की शर्तों के आधार पर प्रबंधन द्वारा निर्धारित आस्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर सीधी-रेखा पद्धति पर किया जाता है. एकल रूप से ₹ 5,000/- से कम लागत वाली आस्तियों को खरीद के वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रासित किया जाता है. अवधि के दौरान खरीदी/बेची गई आस्तियों पर मूल्यह्रास आनुपातिक रूप से प्रभारित किया जाता है.
The cost of the fixed assets that are not yet ready for their intended use at the reporting date are shown as capital work-in-progress.Depreciation and amortisation on fixed assets is provided on straight-line method based on the estimated useful lives of the assets as determined by the management based on the expert technical advice/stipulations of schedule II to the Act. Assets individually costing less than ₹ 5,000/- are fully depreciated in the year of addition. Depreciation on assets purchased / disposed of during a period is proportionately charged.

(iii) निर्माण और स्थापना कार्य पूर्ण होने तक तथा आस्ति के अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने तक पूंजीगत चालू कार्य पर मूल्यह्रास दर्ज नहीं किया जाता है.
Depreciation is not recorded on capital work-in-progress until construction and installation are complete and the asset is ready for its intended use.

(iv) मूल्यह्रास या परिशोधन विधियों, उपयोगी जीवन और अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा प्रत्येक वर्ष के अंत में आवधिक रूप से की जाती है.
Depreciation or amortisation methods, useful lives and residual values are reviewed periodically at each year end.

आस्ति वर्ग Asset class	अनुमानित उपयोगी जीवनकाल (वर्षों में) Estimated useful life (in years)
कंप्यूटर एवं सहायक उपकरण / Computer & accessories	
सर्वर एवं नेटवर्क / Servers & networks	6
डेस्कटॉप एवं लैपटॉप / Desktops & laptops	3
कार्यालय उपकरण / Office equipment's	5
बिजली उपकरण / Power equipment's	10
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture & fixtures	10
मोटर कार / Motor car	8
विद्युत संस्थापनाएँ / Electrical installations	10
अमूर्त आस्तियां / Intangible assets	5

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ई. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि. के मामले में
D. In case of IDBI Trusteeship Services Limited

अचल आस्तियों को अधिग्रहण की मूल लागत तथा उनके अधिग्रहण के संबंध में उपगत संस्थापना प्रभार पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उनके अभीष्ट उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने से संबंधित लागत शामिल है. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अंतर्गत निर्धारित किए गए अनुसार मूल्यह्रास अवलिखित मूल्य आधार पर प्रभारित किया जाता है. आस्ति के परिवर्धन पर मूल्यह्रास का प्रावधान ऐसे परिवर्धन की तारीख से और निपटान के लिए ऐसे निपटानों की तारीख तक किया जाता है. कम लागत वाली एकल आस्तियों (₹ 5000/- से कम राशि में अधिगृहीत) को उनके अर्जन के वर्ष में मूल्यह्रासित किया जाता है.

Fixed assets are stated at original cost of acquisition plus installation charges incurred in connection with the acquisition. Cost comprises of purchase price and attributable cost of bringing the assets to its working condition for its intended use. The depreciation is charged on Written down Value basis as prescribed in schedule II of the Companies Act 2013. The depreciation on the addition of the asset is provided from the date of such addition and for disposals up to the date of such disposals. Individual low cost assets (acquired for less than ₹ 5,000/-) are depreciated in the year of acquisition.

उ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटी लि. के मामले में
E. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited

(i) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मदों को आरंभ में लागत पर दर्शाया जाता है और तत्पश्चात संचित मूल्यह्रास तथा संचित ह्रासित हानि को घटाकर लागत पर दिखाया जाता है. संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों की मदों के मूल्यह्रास की गणना कंपनी अधिनियम की अनुसूची-II में निर्दिष्ट किए अनुसार उनके अनुमानित उपयोगी जीवनकाल में उनकी मूल्य ह्रासित राशि पर सीधी रेखा पद्धति के द्वारा निम्नानुसार की जाती है:

Items of property, plant and equipment are initially recognised at cost and subsequently carried at cost less accumulated depreciation and accumulated impairment losses. Depreciation on items of property, plant and equipment is calculated using the straight-line method to allocate their depreciable amounts over their estimated useful lives as specified in Schedule II to the Companies Act as follows:

आस्ति वर्ग Asset class	वर्षों में अनुमानित उपयोगी जीवनकाल Estimated useful life in years
भवन / Buildings	60
कम्प्यूटर / Computers	3
सर्वर्स एवं नेटवर्क / Servers & Networks	5
फर्नीचर एवं फिक्सचर / Furniture & Fixtures	10
कार्यालय उपकरण / Office Equipment's	5
वाहन / Vehicles	5

(ii) सभी मूर्त आस्तियों, जिनका एकल मूल्य ₹ 5,000 से कम है, को आस्तियों की खरीद वाले वर्ष में ही तथा सक्रिय रूप से उपयोग से निवृत्त आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.

All Tangible Assets having individual value of less than ₹ 5,000, in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated.

(iii) ऐसी संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों को खरीद/अधिग्रहण वाले वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है जिनका एकल मूल्य ₹ 5000 या इससे कम हो.

Property, Plant and Equipment, individually costing ₹ 5,000/ or less are fully depreciated in the year of purchase/ acquisition.

(iv) संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के अवशिष्ट मूल्यों और अनुमानित उपयोगी जीवनकाल की समीक्षा की जाती है और प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को यथोचित समायोजन किया जाता है. किसी भी संशोधन के प्रभाव को परिवर्तन होने पर लाभ या हानि के रूप में दर्शाया जाता है.

The residual values and estimated useful lives of property, plant and equipment are reviewed, and adjusted as appropriate, at each balance sheet date. The effects of any revision are recognised in profit or loss when the changes arise.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ए. आईडीबीआई म्यूचुअल फ़ंड ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में
F. In case of IDBI Mutual Fund Trustee Company Limited

स्वामित्व वाली आस्ति / Owned Asset

स्वयं के उपयोग के लिए रखी गई आस्तियों को उनके संचित मूल्यह्रास और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मूल लागत पर दर्शाया जाता है. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत में क्रय मूल्य, शुल्क, कर और आस्तियों को उनके अभीष्ट उपयोग के लिए कार्य करने की स्थिति में लाने से संबंधित अन्य प्रत्यक्ष लागत शामिल है.

Assets held for own uses are stated at original cost less accumulated depreciation and impairment loss, if any. Cost of Property, plant and equipment comprises Purchase price, duties, levies and any directly attributable costs of bringing the assets to its working condition of the intended use.

आस्ति हेतु मूल्यह्रास राशि आस्ति की लागत या लागत के लिए प्रतिस्थापित अन्य राशि में से अनुमानित अवशिष्ट मूल्य घटाकर होती है.

Depreciable amount for asset is the cost of an asset, or other amount substituted for cost, less its estimated residual value.

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का अनुमानित उपयोगी जीवनकाल, नीचे वर्णित को छोड़कर, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुरूप है और मूल्यह्रास की पद्धति नीचे बताई गई है:

The estimated useful life of Property, plant and equipment which except as stated hereunder is in line with schedule II to the Companies Act 2013 and the method of depreciation is set out here in below:

मोबाइल फोन के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत 5 साल का उपयोगी जीवन निर्धारित है, जबकि कंपनी द्वारा आंतरिक रूप से प्राप्त तकनीकी सलाह के आधार पर इसे 3 साल की अवधि में मूल्यह्रासित किया जाता है.

For mobile phone the useful life is prescribed of 5 years under Companies Act, 2013, whereas it is depreciated for a period of 3 years based on the technical advice internally obtained by the company

आस्तियां Assets	वर्षों में उपयोगी जीवनकाल Useful Life in years	मूल्यह्रास की पद्धति Method of Depreciation
संयंत्र एवं उपकरण / Plant & Equipment's	15	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
फर्नीचर एवं फिटिंग्स / Furniture & Fittings	10	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
विद्युत उपकरण / Electrical Equipment's	10	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
वाहन / Vehicles	8	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
कार्यालय उपकरण / Office Equipment's	5	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
कम्प्यूटर / Computers	3	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
मोबाइल फोन / Mobile Phones	3	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method

11) प्रतिभूतीकरण लेनदेन / Securitization Transactions

विभिन्न ऋणों के प्रतिभूतिकरण से इन आस्तियों की विशेष प्रयोजन वाली संस्थाओं ('एसपीवी') को बिक्री होती है, जो इसके बदले निवेशकों को प्रतिभूतियां जारी करती हैं. प्रतिभूतिकृत आस्तियों वाले अनुबंधित अधिकारों पर जब नियंत्रण नहीं रहता है तो ऐसी वित्तीय आस्तियों को आंशिक अथवा पूर्णतः अमान्य कर दिया जाता है. बैंक, बिक्री के समय ही होने वाली हानि को तुरंत हिसाब में लेता है और बिक्री के परिणामस्वरूप हुए लाभ/प्रीमियम को उस एसपीवी द्वारा, जिसे आस्तियां बेची गई हैं, जारी की जाने वाली अथवा जारी की गई प्रतिभूतियों के जीवन काल में परिशोधित किया जाता है.

Securitization of various loans results in sale of these assets to Special Purpose Vehicles ('SPVs'), which, in turn issue securities to investors. Financial assets are partially or wholly derecognized when the control over the contractual rights in the securitized assets is lost. The Bank accounts for any loss arising on sale immediately at the time of sale and the profit/ premium arising on account of sale is amortized over the life of the securities issued/ to be issued by the SPV to which the assets are sold

12) आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी)को वित्तीय आस्तियों की बिक्री
Sale of financial assets to Asset Reconstruction Companies (ARCs)

प्रतिभूतिकरण कंपनियों (एससी)/ पुनर्निर्माण कंपनियों (आरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री की गणना प्राप्त प्रतिभूति रसीदों (एसआर)/ पास थ्रू प्रमाणपत्र (पीटीसी) के मोचन मूल्य और वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य, जो भी कम हो, पर की जाती है.

Sale of financial assets to Securitization Companies (SCs) / Reconstruction Companies (RCs) is reckoned at the lower of the redemption value of Security Receipts (SRs)/ Pass through Certificates (PTCs) received and the net book value of the financial asset.

आस्तियों की बिक्री, जिसके लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है तथा तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाला गया है, के मामलों में प्रतिभूति रसीदों (एसआर) की गणना बैंक की निवेश बही में एक रुपये मान कर की जाती है.

In case of sale of assets which are fully provided and Technically Written off, the Security Receipts (SRs) are reckoned at Rupee one in the investment book of the Bank.

जब एक दबावग्रस्त ऋण एआरसी को अंतरण के समय निवल बही मूल्य (एनबीवी) से कम मूल्य पर अंतरित किया जाता है तो बैंक कमी की राशि को लाभ-हानि खाते में उस वर्ष में नामे करता है जिसमें अंतरण किया जाता है. जब अंतरण एनबीवी से कम मूल्य पर किया जाता है तो बैंक को दबावग्रस्त ऋण के अंतरण में कमी को पूरा करने के लिए प्रतिचक्रीय या अस्थिर प्रावधानों का उपयोग करने की अनुमति है.

When the stressed loan is transferred to ARC at a price below the Net Book Value (NBV) at the time of transfer, the bank debits the shortfall to the profit and loss account for the year in which the transfer has taken place. Bank is permitted to use countercyclical or floating provisions for meeting any shortfall on transfer of stressed loan when the transfer is at a price below the NBV.

जब एक दबावग्रस्त ऋण एआरसी को अंतरण के समय निवल बही मूल्य (एनबीवी) से अधिक मूल्य पर अंतरित किया जाता है तो बैंक अंतरण पर आधिक्य प्रावधान को लाभ-हानि खाते में उस वर्ष में रिवर्स करता है जिसमें राशियां प्राप्त होती हैं और ऐसा तब किया जाता है जब प्रारंभिक प्रतिफल और/या मोचन या प्रतिभूति रसीदों (एसआर)/पास थ्रू प्रमाणपत्रों (पीटीसी)/एआरसी द्वारा जारी अन्य प्रतिभूतियों के रूप में प्राप्त नकदी का योग अंतरण के समय ऋण की एनबीवी से अधिक हो. इसके अलावा, ऐसा रिवर्सल उस सीमा तक सीमित रहता है जितना अंतरण के समय प्राप्त नकदी ऋण की एनबीवी से अधिक है.

When the stressed loan is transferred to an ARC for a value higher than the NBV at the time of transfer, Bank reverses the excess provision on transfer to the profit and loss account in the year in which the amounts are received and only when the sum of cash received by way of initial consideration and / or redemption or transfer of Security Receipts (SR) / Pass Through Certificates (PTCs)/ other securities issued by ARCs is higher than the NBV of the loan at the time of transfer. Further, such reversal is limited to the extent to which cash received exceeds the NBV of the loan at the time of transfer.

उपर्युक्त के बावजूद, यदि विक्रय प्रतिफल में केवल नकद तथा भारत सरकार द्वारा प्रत्याभूत एसआर शामिल हों, तो बैंक अंतरण के वर्ष में संपूर्ण आधिक्य प्रावधान [अर्थात् विक्रय प्रतिफल(-) एनबीवी] को लाभ एवं हानि खाते में रिवर्स कर सकता है.

Notwithstanding the above, the bank can reverse the entire excess provision [viz. sale consideration (-) NBV] to the Profit and Loss Account in the year of transfer if the sale consideration comprises only of cash and SRs guaranteed by the Government of India.

बशर्ते कि, आधिक्य प्रावधान का गैर-नकद घटक [अर्थात् आधिक्य प्रावधान(-)अंतरण के समय प्राप्त नकद] को सीईटी 1 पूंजी से घटाया जाएगा तथा इस घटक से किसी भी प्रकार का लाभांश का भुगतान नहीं किया जाएगा.

Provided that, the non-cash component of the excess provision [viz. Excess provision (-) cash received at the time of transfer] shall be deducted from CET 1 capital, and no dividends shall be paid out of this component.

13) आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) के अलावा अन्य अंतरिती को वित्तीय आस्तियों की बिक्री
Sale of financial assets to transferee other than Asset Reconstruction Companies (ARCs)

संपूर्ण अंतरण प्रतिफल ऋण अंतरण के समय ही प्राप्त किया जायेगा और ऋण को बैंक की बही से संपूर्ण अंतरण प्रतिफल प्राप्त होने पर ही हटाया जा सकता है.

The entire transfer consideration will be received not later than at the time of transfer of loans, and the loan can be taken out of the books of the Bank only on receipt of the entire transfer consideration.

यदि एआरसी के अलावा अन्य किसी अंतरिती को ऋण का अंतरण, अंतरण के समय निवल एनबीवी से कम मूल्य पर किया जाता है तो कमी को लाभ-हानि खाते में उस वर्ष नामे किया जाता है जिस वर्ष अंतरण किया जाता है.

In case of loan transfer to transferee(s) other than ARCs is at a price below the net NBV at the time of transfer, the shortfall is debited to the profit and loss account of the year in which transfer has taken place.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

यदि अंतरण प्रतिफल अंतरण के समय एनबीवी से अधिक मूल्य है तो आधिक्य प्रावधान को रिवर्स किया जाये.
If the transfer consideration is for a value higher than the NBV at the time of transfer, the excess provisions may be reversed.

14) विदेशी मुद्रा लेनदेन / Foreign Currency Transactions

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में
A. In case of IDBI Bank Limited

(i) विदेशी मुद्रा लेन-देनों को आरंभिक अभिनिर्धारण पर लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है और इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि खाते में दर्शाया जाता है. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को उस अवधि की आय या व्यय के रूप में माना जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं.

Foreign currency transactions, on initial recognition are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transaction. Monetary foreign currency assets and liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) and the resultant gain or loss is recognized in the Profit and Loss account. Exchange differences arising on the settlement of monetary items are recognized as income or expense in the period in which they arise.

(ii) अन्य बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का मूल्य निर्धारण फेडाई द्वारा विर्निदिष्ट परिपक्वताओं के लिए अधिसूचित विनिमय दरों या बीच की परिपक्वताओं की अंतर्वेशित दरों पर किया जाता है. परिणामी लाभ/हानि को लाभ-हानि खाते में दर्शाया जाता है.

Other outstanding Forward Exchange Contracts are valued at rates of exchange notified by FEDAI for specified maturities or at interpolated rates for in-between maturities. The resultant profits/ losses are recognized in the Profit and Loss Account.

(iii) वायदा विनिमय संविदाओं की परिपक्वता पूर्व समाप्ति से होने वाले लाभ/हानियों को समाप्ति की तारीख पर लाभ और हानि विवरण में दिखाया जाता है.

Profits/ losses arising on premature termination of Forward Exchange Contracts are recognized in the statement of profit & loss on the date of termination..

(iv) बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के संबंध में आकस्मिक देयताओं की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटियों, स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों एवं अन्य दायित्वों की गणना फेडाई की बंद दरों पर की जाती है.

Contingent liabilities in respect of outstanding forward exchange contracts are calculated at the contracted rates of exchange and those in respect of guarantees, acceptances, endorsements and other obligations are calculated at the closing FEDAI rates..

(v) विदेशी शाखा के परिचालनों को 'गैर-एकीकृत विदेशी परिचालन' के रूप में वर्गीकृत किया गया है. मौद्रिक और गैर-मौद्रिक, गैर-एकीकृत विदेशी परिचालनों की दोनों विदेशी मुद्रा आस्तियों और देनदारियों को तुलन-पत्र की तारीख को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित बंद विनिमय दरों पर रूपांतरित किया जाता है. आय और व्यय मदों को त्रैमासिक औसत दरों पर रूपान्तरित किया जाता है और इसके परिणामस्वरूप विनिमय अंतरों से उत्पन्न लाभ/ हानि को गैर-एकीकृत विदेशी परिचालन के निपटान तक विदेशी मुद्रा रूपांतरण खाते में संचित किया जाता है.

Operations of foreign branch are classified as `Non-Integral Foreign Operations'. Both monetary and non-monetary foreign currency assets and liabilities of non-integral foreign operations are translated at closing exchange rates notified by FEDAI at the Balance Sheet date, Income and Expenditure items are translated at quarterly average rates and the resulting profit / loss arising from exchange differences are accumulated in the Foreign Currency Translation Account until disposal of the non-integral foreign operations.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में
B. In case of IDBI Assets Management Limited

विदेशी मुद्रा लेनदेनों को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दरों पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के दौरान निपटान किए गए विदेशी मुद्रा लेनदेनों के कारण होने वाले विनिमय अंतर, यदि कोई हो, को लाभ-हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transactions. Exchange difference, if any, arising out of the foreign exchange transactions settled during the year are recognized in the statement of Profit and Loss.

इ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि. के मामले में
C. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited

विदेशी मुद्रा लेनदेनों को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दरों पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के अंत में विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग अंतिम विनिमय दर का प्रयोग करते हुए की जाती है. उन पर उत्पन्न होने वाले तथा विदेशी मुद्रा की वसूली/भुगतान पर होने वाले विनिमय अंतर को संबंधित वर्ष में आय या व्यय के रूप में दिखाया जाता है.

Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transaction. At the year end, monetary items denominated in foreign currency are reported using the closing rate of exchange. Exchange difference arising thereon and on realization / payments of foreign exchange are accounted as income or expenses in the relevant year.

ई. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में
D. In case of IDBI Intech Limited

विदेशी मुद्रा में लेनदेनों को लेनदेन के समय प्रभावी विनिमय की मूल दर पर दर्ज किया जाता है. विदेशी मुद्रा लेनदेनों के निपटान से उत्पन्न विनिमय अंतर को लाभ और हानि के विवरण में दिखाया जाता है. विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों को रिपोर्टिंग की तारीख को प्रचलित विनिमय दर का प्रयोग कर पुनःवर्णित किया जाता है और इसके परिणामस्वरूप होने वाले निवल विनिमय अंतर को लाभ और हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currency are recorded at the original rate of exchange in force at the time transactions are effected. Exchange differences arising on settlement of foreign currency transactions are recognized in the Statement of Profit and Loss. Monetary items denominated in foreign currency are restated using the exchange rate prevailing at the reporting date and the resulting net exchange difference is recognized in the Statement of Profit and Loss.

मुद्रा दरों में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होने वाली अस्थिरता को न्यूनतम करने की दृष्टि से, कंपनी विदेशी मुद्रा वायदा संविदाएं निष्पादित करती है. वायदा विनिमय संविदाएं और अन्य ऐसे लिखत, जो पूर्वानुमानित लेनदेनों के संबंध में नहीं हैं, उन्हें लेखांकन मानक ('एएस') 11 'विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभाव' में दिये गये दिशानिर्देशों का उपयोग करते हुए लेखांकित किया जाता है. इन वायदा विनिमय संविदाओं और एएस-11 द्वारा कवर किए गए अन्य ऐसे लिखतों के संबंध में संविदा की प्रकृति और उद्देश्य के आधार पर या तो संविदाओं को रिपोर्टिंग तिथि पर वायदा दर/उचित मूल्य के आधार पर दर्ज किया जाता है, या रिपोर्टिंग तिथि पर स्पॉट विनिमय दर के आधार पर दर्ज किया जाता है.

With a view to minimize the volatility arising from fluctuations in currency rates, the Company enters into foreign exchange forward contracts. Forward exchange contracts and other similar instruments that are not in respect of forecasted transactions are accounted for using the guidance in Accounting Standard ('AS') 11, 'The effects of changes in foreign exchange rates'. For such forward exchange contracts and other similar instruments covered by AS-11, based on the nature and purpose of the contract, either the contracts are recorded based on the forward rate/fair value at the reporting date, or based on the spot exchange rate on the reporting date.

उ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लिमिटेड के मामले में
E. In case of IDBI Trusteeship Services Limited

विदेशी मुद्राओं में लेनदेनों को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दरों को लागू कर बहियों में दर्ज किया जाता है. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं में मूल्यवर्गित सभी मौद्रिक मदों को वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर पुनः दर्शाया जाता है. निपटान या लेनदेन पर विनिमय अंतर के कारण आय या व्यय को लाभ-हानि खाते में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currencies are recorded in the books by applying the exchange rates prevailing on the date of the transaction. All monetary items denominated in foreign currency assets and liabilities are restated at the exchange rate prevailing at the year end. Any income or expense on account of the exchange difference either on settlement or on transaction is recognized in the profit & loss account.

ऊ. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में
F. In case of IDBI MF Trustee Company Limited

विदेशी मुद्राओं में लेन-देनों को लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दरों पर दर्ज किया जाता है. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों को तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित विनिमय दरों पर पुनः दर्शाया जाता है. विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होने वाले सभी लाभ और हानियों को लाभ और हानि के विवरण में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currencies are accounted for at the prevailing rates of exchange on the date of transaction. Foreign currency monetary items are restated at the prevailing rates of exchange as at the Balance Sheet date. All gains and losses arising out of fluctuations in exchange rates are accounted for in the Statement of Profit and Loss.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

15) कर्मचारी लाभ / Employee Benefits

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में
A. In case of IDBI Bank Limited

(i) पेंशन / Pension

परिभाषित लाभ योजना के तहत पेंशन के लिए पात्र कर्मचारियों के समूह को देय पेंशन के संबंध में, बैंक अपने द्वारा स्थापित और न्यासी बोर्ड द्वारा प्रशासित पेंशन फंड ट्रस्ट को वेतन का 10% अंशदान देता है. बैंक प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर पेंशन देयता के एक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर देयता की कमी के लिए अतिरिक्त राशि का अंशदान देता है, जिसकी गणना जनसांख्यिकी, वेतन वृद्धि, छोड़ने की दर, मृत्यु दर और छूट दर के बारे में कुछ मान्यताओं के आधार पर की जाती है. प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग करके देयता/ परिभाषित लाभ निर्धारित किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में उस अवधि में दिखाया जाता है जिसमें वे होते हैं.

In respect of Pension payable to the group of employees who are eligible for Pension under Defined Benefit Scheme, Bank contributes 10% of pay to Pension Fund Trust set up by the Bank and administered by the Board of Trustees. Bank further contributes for an additional amount towards the liability shortfall, based on an independent Actuarial valuation of Pension liability at each Balance Sheet date which is calculated based on certain assumptions about demographics, salary increase, attrition rate, mortality rate and discounting rate. The liability / defined benefit is determined using the Projected Unit Credit Method. Actuarial gains or losses are recognized in the profit and loss account for the period in which they occur.

(ii) नई पेंशन योजना (एनपीएस) / New Pension Scheme (NPS)

नई पेंशन योजना (एनपीएस) में शामिल किए गए कर्मचारियों के संबंध में, बैंक परिभाषित अंशदान योजना में कर्मचारियों के वेतन और महंगाई भत्ते का 14% परिभाषित योजना में अंशदान देता है, जिसे पेंशन फंड कंपनियों द्वारा प्रबंधित और प्रशासित किया जाता है. बैंक का इसमें अंशदान के अलावा कोई दायित्व नहीं है और इस तरह के अंशदान को वर्ष में किया गया खर्च माना जाता है.

In respect of the employees covered under New Pension Scheme (NPS), Bank contributes 14% of the Pay plus Dearness Allowance of employees to the defined scheme, a defined contribution plan, which is managed and administered by Pension Fund companies. Bank has no liability other than its contribution and recognizes such contribution as an expense in the year of incurrence.

(iii) क्षतिपूरित अनुपस्थितियाँ / Compensated Absences

बैंक के कर्मचारी विभिन्न क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के हकदार हैं. कर्मचारी अप्रयुक्त उपार्जित क्षतिपूरित अनुपस्थिति के एक हिस्से को आगे ले जा सकते है और इसका उपयोग भविष्य की अवधि में कर सकते है या निर्दिष्ट दिनों तक कुछ प्रकार के अप्रयुक्त उपार्जित क्षतिपूरित अनुपस्थिति के लिए सेवानिवृत्ति या सेवा की समाप्ति पर नकद प्राप्त कर सकते है. एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा तुलन-पत्र की तारीख को किये गये बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर बैंक क्षतिपूरित अनुपस्थिति के लिए देयता उपार्जित करता है, जिसमें जनसांख्यिकी, समयपूर्व सेवानिवृत्ति, वेतन वृद्धि, ब्याज दर और छुट्टी का उपयोग करना शामिल है. बैंक के दायित्व के निवल वर्तमान मूल्य का निर्धारण तुलन-पत्र की तारीख को प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग करके किया जाता है. बीमांकिक लाभों/ हानियों को उस वर्ष के लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है, जिस वर्ष वे उत्पन्न होते हैं.

The employees of the Bank are entitled to various compensated absences. The employees can carry forward a portion of the unutilized accrued compensated absence and utilize it in future periods or receive cash compensation at retirement or termination of employment for certain types of unutilized accrued compensated absence upto specified number of days. The Bank accrues the liability for compensated absences based on the actuarial valuation as at the Balance Sheet date conducted by an independent actuary which includes assumptions about demographics, early retirement, salary increases, interest rates and leave utilization. The net present value of the Banks' obligation is determined using the Projected Unit Credit Method as at the Balance Sheet date. Actuarial gains / losses are recognized in the Profit and Loss Account in the year in which they arise.

(iv) स्वैच्छिक स्वास्थ्य योजना (वीएचएस) / Voluntary Health Scheme (VHS)

बैंक की एक स्वैच्छिक स्वास्थ्य योजना (वीएचएस) है जो कर्मचारियों की विभिन्न ग्रेड के लिए निर्धारित सीमा (घरेलू और अस्पताल में भर्ती) के अनुसार कर्मचारियों और उनके पति या पत्नी और आश्रित बच्चों (जैसा लागू हो) की, सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करती है. यह योजना वैकल्पिक थी और सदस्यता के लिए बंद कर दी गई है. इसके अलावा, बैंक तुलन पत्र की तारीख को इस योजना के लिए एक स्वतंत्र बीमांकक मूल्यांकन के आधार पर कमी राशि के लिए एक अतिरिक्त राशि के लिए अंशदान देता है, जिसकी गणना अवधि में फंड के वास्तविक उपयोग और उन लोगों के लिए शेष सीमा के आधार पर की जाती है जिन्होंने योजना में अंशदान किया है.

The Bank has a Voluntary Health Scheme (VHS) which caters to the post-retirement medical needs of the employees and their spouse & dependent children (as applicable) as per the limits (domiciliary and hospitalization) set for various Grades

of employees. This scheme was optional and has been closed for subscription. Further, Bank contributes for an additional amount towards the shortfall amount based on an independent actuarial valuation for this scheme as on Balance Sheet date which is calculated based on the actual utilization of the fund for the period and the balance limits for those who have subscribed to the scheme.

(v) ग्रेच्युटी / Gratuity

ग्रेच्युटी के रूप में बैंक का एक दायित्व है जो एक परिभाषित सेवानिवृत्ति लाभ योजना है जिसमें सभी पात्र कर्मचारियों को इस्तीफा, सेवानिवृत्ति, रोजगार के दौरान मृत्यु या रोजगार की समाप्ति पर दिया जाता है. बैंक आईडीबीआई बैंक कर्मचारी ग्रेच्युटी फंड ट्रस्ट में अंशदान देता है, जिसे ट्रस्टियों द्वारा प्रशासित किया जाता है.

The Bank has an obligation towards gratuity, a defined benefit retirement plan covering all eligible employees on resignation, retirement, death while in employment or on termination of employment. The Bank makes contributions to IDBI Bank Employees' Gratuity Fund Trust, administered by the Trustees.

कार्यपालक श्रेणी के कर्मचारी (ईएसओ) तथा विशेषज्ञ वर्तमान में संविदा आधार पर संलग्न हैं तथा संहिता के प्रावधानों के अनुरूप उन्हें निश्चित सेवा अवधि के कर्मचारी (एफ़टीई) के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, ये कर्मचारी, स्थायी कर्मचारियों के लिए निर्धारित पाँच वर्ष की सेवा अवधि की तुलना में, एक वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर ग्रेच्युटी के लिए पात्र होंगे. तदनुसार, ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान नई श्रम संहिता, 2026 के अनुसार निर्दिष्ट पद्धति के आधार पर की गई वेतन गणना के आधार पर (जहाँ लागू हो) बीमांकिक मूल्यांकन द्वारा निर्धारित किया जाता है, जिससे प्रावधान निर्धारण के प्रयोजनों हेतु विचारित वेतन की परिभाषा के साथ सामंजस्य सुनिश्चित किया जाता है.

Employee in the Executive Cadre (ESO) and Experts are currently engaged on contract and will be classified as Fixed Term Employee (FTE), in line with the provision of the Code and are eligible for Gratuity upon completion of one year of service, as against five years for permanent employees. Accordingly, the provision towards Gratuity is made based on the wage computation derived under the methodology indicated as per New Labour Code, 2026 is determined through actuarial valuation (as applicable), ensuring alignment with the wage definition considered for provisioning purposes.

जिन कर्मचारियों ने 5 साल की सेवा पूरी कर ली है लेकिन 10 साल से कम हो, उन्हें ग्रेच्युटी अधिनियम के अनुसार ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है. ग्रेच्युटी के भुगतान के लिए ग्रेच्युटी अधिनियम के नियमों के अलावा बैंक के पास ग्रेच्युटी नियम, 2004 का एक अलग सेट है. ग्रेच्युटी नियम, 2004 उन कर्मचारियों पर लागू होते हैं जिन्होंने 10 साल की सेवा अवधि पूरी कर ली है और उनके लिए ग्रेच्युटी की गणना के लिए एक अलग पद्धति है. ऐसे कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की गणना ग्रेच्युटी अधिनियम और ग्रेच्युटी नियम दोनों के अनुसार की जाती है और जो भी कर्मचारी के लिए फायदेमंद हो, उसका भुगतान किया जाता है.

The employees who have completed 5 years of service but less than 10 years, Gratuity is paid as per Gratuity Act. Bank has a separate set of Gratuity Rules, 2004 apart from the rules as per Gratuity Act for payment of Gratuity. The Gratuity Rules, 2004 are applicable to those employees who have completed 10 years of service period and has a separate methodology for calculation of Gratuity. For such employees gratuity is calculated as per both Gratuity Act and Gratuity Rules and are paid the amount whichever is beneficial to employee.

बैंक त्रैमासिक आधार पर ग्रेच्युटी देयता के एक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर देयता में कमी के लिए अंशदान देता है, जिसकी गणना जनसांख्यिकी, वेतन वृद्धि, छोड़ने की दर, मृत्यु दर और छूट दर के बारे में कुछ मान्यताओं के आधार पर की जाती है. प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग करके देयता/ परिभाषित लाभ निर्धारित किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को उस वर्ष के लाभ और हानि खाते में दिखाया जाता है जिसमें वे होते हैं.

Bank contributes towards the liability shortfall, based on an independent Actuarial Valuation of Gratuity liability on a quarterly basis which is calculated based on certain assumptions about demographics, salary increase, attrition rate, mortality rate and discounting rate. The liability / defined benefit is determined using the Projected Unit Credit Method. Actuarial gains or losses are recognized in the profit and loss account for the period in which they occur.

(vi) भविष्य निधि / Provident Fund

बैंक एक अलग ट्रस्ट (आईडीबीआई बैंक कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट) को वेतन का 10 प्रतिशत अदा करता है जो निधियों को अनुमत प्रतिभूतियों में निवेश करता है. वर्ष में निधि में अंशदान को खर्च माना जाता है और लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है. बैंक का दायित्व ऐसा नियत अंशदान करना और सदस्यों को भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतम प्रतिलाभ दर (ईपीएफओ दरों) सुनिश्चित करना है. ईपीएफओ की प्रतिलाभ दर की तुलना में निधि की आस्तियों में कमी, यदि कोई हो, जो स्वतंत्र बीमांकक के मूल्यांकन द्वारा निर्धारित की जाती है, तो उसकी पूर्ति बैंक द्वारा की जाती है और उसे लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

The Bank pays 10% of Pay to a separate trust (IDBI Bank Employees Provident Fund Trust), which invests the funds in permitted securities. The contributions to the fund for the year are recognized as expense and are charged to the Profit and Loss Account. The obligation of the Bank is to make such fixed contributions and to ensure a minimum rate of return

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

to the members as specified by the Government of India (EPFO rates). Shortfall in the fund assets to match EPFO rate of return, if any, determined based on the independent actuarial valuation, is made good by the bank and charged to the Profit and Loss Account.

(vii) अन्य दीर्घकालिक लाभ / Other Long Term Benefits

अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों में छुट्टी किराया रियायत (एलएफसी) और दीर्घकालिक प्रोत्साहन योजनाएं जैसे ईएसओपी के बदले नकदी शामिल हैं. बैंक की देयता उपचित होती है और रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग कर बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है. बीमांकिक पूर्वानुमानों में परिवर्तन के प्रभाव के कारण बीमांकिक लाभ या हानि, जो भी हो, को उनके उत्पन्न होने की अवधि में लाभ-हानि खाते में दर्शाया जाता है.

Other long term employee benefits include Leave Fare Concession (LFC) and long term incentive plans like cash in-lieu of ESOPs. The Bank's liability is accrued and provided for on the basis of an actuarial valuation using the Projected Unit Credit Method at the end of the reporting period. Actuarial gains or losses, if any, due to the effects of changes in actuarial assumptions are accounted for in the Profit and Loss Account, as the case may be, in the period in which they arise.

आ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि. के मामले में
B. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited

परिभाषित अंशदान योजना / Defined contribution plans

कंपनी की भारत में भविष्य निधि और अधिवर्षिता निधि के रूप में रोजगार के बाद के लाभों के लिए परिभाषित अंशदान योजनाएं हैं जो भारत सरकार और/या भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के माध्यम से प्रशासित हैं. अंशदान को उस वर्ष के लाभ और हानि खाते में दिखाया जाता है जब संबंधित निधियों में अंशदान देय होता है.

The Company has defined contribution plans for post-employment benefits in the form of provident fund and superannuation fund in India which are administered through Government of India and/or Life Insurance Corporation of India (LIC). Contributions are charged to the Profit & Loss Account of the year when the contributions to the respective funds are due.

परिभाषित लाभ योजनाएं / Defined benefit plans

(i) ग्रेच्युटी / Gratuity

कंपनी की भारत में अपने कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी के रूप में रोजगार के बाद के लाभों के लिए परिभाषित लाभ योजनाएं हैं. कंपनी की ग्रेच्युटी योजना भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के माध्यम से प्रशासित है. तुलनपत्र की तारीख को एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा किये गये बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर परिभाषित लाभ योजनाओं के लिए देयता का प्रावधान किया जाता है. देयता को मापने के लिए स्वतंत्र बीमांकक द्वारा उपयोग की जाने वाली बीमांकिक मूल्यांकन पद्धति प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड है. बीमांकिक लाभ/ हानि को तुरंत लाभ और हानि खाते में ले जाया जाता है और आस्थगित नहीं किया जाता है.

The Company has defined benefit plans for post-employment benefits in the form of gratuity for its employees in India. The gratuity scheme of the Company is administered through Life Insurance Corporation of India (LIC). Liability for defined benefit plans is provided on the basis of actuarial valuations, as at the Balance Sheet date, carried out by an independent actuary. The actuarial valuation method used by independent actuary for measuring the liability is the projected unit credit method. Actuarial gains/losses are immediately taken to the profit and loss account and are not deferred.

(ii) क्षतिपूरित अनुपस्थितियां / Compensated absences

कंपनी के कर्मचारी कंपनी की नीति के अनुसार क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के रूप में अन्य दीर्घकालिक लाभ के भी हकदार हैं. कंपनी की नीति के अनुसार ऊपरी सीमा से अधिक शेष छुट्टी के लिए वार्षिक आधार पर कर्मचारियों को छुट्टी नकदीकरण दिया जाता है. सेवानिवृत्ति के समय, रोजगार के दौरान मृत्यु या रोजगार की समाप्ति पर छुट्टी नकदीकरण कंपनी की नीति के अनुसार एक ऊपरी सीमा के अधीन संचित छुट्टी शेष के दिनों की संख्या के लिए देय वेतन के बराबर निहित है. इस तरह के लाभ के लिए देयता बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है, जिसका निर्धारण तुलन पत्र की तारीख को एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा किया जाता है. कंपनी की छुट्टी नकदीकरण योजना को जीवन बीमा कंपनी (एलआईसी) के माध्यम से प्रशासित किया जाता है. देयता को मापने के लिए स्वतंत्र बीमांकक द्वारा उपयोग की जाने वाली बीमांकिक मूल्यांकन पद्धति प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड है. बीमांकिक लाभ/ हानि को तुरंत लाभ और हानि खाते में ले जाया जाता है और आस्थगित नहीं किया जाता है.

The employees of the Company are also entitled for other long-term benefit in the form of compensated absences as per the policy of the Company. Leave encashment vests to employees on an annual basis for leave balance above the upper limit as per the Company's policy. At the time of retirement, death while in employment or on termination of employment

leave encashment vests equivalent to salary payable for number of days of accumulated leave balance subject to an upper limit as per the Company's policy. Liability for such benefit is provided on the basis of actuarial valuations, as at the Balance Sheet date, carried out by an independent actuary. The leave encashment scheme of the company is administered through Life Insurance Company (LIC). The actuarial valuation method used by independent actuary for measuring the liability is the projected unit credit method. Actuarial gains/losses are immediately taken to the profit and loss account and are not deferred.

(iii) **अल्पकालिक कर्मचारी दायित्व / Short Term Employee Obligations**

अल्पकालिक कर्मचारी लाभ को उस वर्ष के लाभ और हानि के विवरण में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है जिसमें कर्मचारी ने सेवाएं प्रदान की हैं.

Short-term employee benefits are recognized as an expense in the statement of profit & loss of the year in which the employee rendered the services.

इ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में
C. In case of IDBI Intech Limited

क) रोजगार के बाद के लाभ
a) Post-employment benefits

कंपनी विभिन्न कर्मचारी लाभ योजनाओं में भाग लेती है. पेंशन और रोजगार के बाद के अन्य लाभों को परिभाषित अंशदान योजनाओं या परिभाषित लाभ योजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

The Company participates in various employee benefit plans. Pensions and other post-employment benefits are classified as either defined contribution plans or defined benefit plans.

परिभाषित अंशदान योजना के तहत, कंपनी का एकमात्र दायित्व निश्चित राशि का भुगतान करना है तथा यदि फंड में सभी कर्मचारी लाभों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त आस्तियां नहीं है तो आगे अंशदान का भुगतान करने की कोई बाध्यता नहीं है. संबंधित बीमांकिक और निवेश जोखिम कर्मचारी द्वारा वहन किए जाते हैं. परिभाषित अंशदान योजनाओं के व्यय को उस अवधि के दौरान व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.

Under a defined contribution plan, the Company's only obligation is to pay a fixed amount with no obligation to pay further contributions if the fund does not hold sufficient assets to pay all employee benefits. The related actuarial and investment risks are borne by the employee. The expenditure for defined contribution plans is recognized as an expense during the period when the employee provides service.

परिभाषित लाभ योजना के तहत, कर्मचारियों को सहमत लाभ प्रदान करने का कंपनी का दायित्व है. संबंधित बीमांकिक और निवेश जोखिम कंपनी द्वारा वहन किए जाते हैं. परिभाषित लाभ दायित्वों के वर्तमान मूल्य की गणना एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग करके की जाती है. बीमांकिक लाभ और हानि को उस अवधि के लिए लाभ और हानि के विवरण में पूर्ण रूप से दर्शाया जाता है जिसमें वे होते हैं.

Under a defined benefit plan, it is the Company's obligation to provide agreed benefits to the employees. The related actuarial and investment risks are borne by the Company. The present value of the defined benefit obligations is calculated by an independent actuary using the projected unit credit method. Actuarial gains and losses are recognized in full in the Statement of Profit and Loss for the period in which they occur.

पिछली सेवा लागत को तुरंत उस सीमा तक मान्यता दी जाती है जिस तक लाभ पहले से ही निहित हैं, और अन्यथा एक सीधी रेखा के आधार पर औसत अवधि में परिशोधन किया जाता है जब तक कि लाभ निहित नहीं हो जाते.

Past service cost is recognized immediately to the extent that the benefits are already vested, and otherwise is amortized on a straight line basis over the average period until the benefits become vested.

तुलन पत्र में सेवानिवृत्ति लाभ देयता परिभाषित लाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य को दर्शाती है, जिसे योजना की आस्तियों के उचित मूल्य से घटा कर गैर-मान्यता प्राप्त पिछली सेवा लागत से समायोजित किया जाता है. इस गणना के परिणामस्वरूप होने वाली कोई भी आस्ति परिभाषित लाभ देयता के रूप में निर्धारित राशि और उपलब्ध रिफंड के वर्तमान मूल्य और / या योजना में भविष्य के अंशदान में कमी, जो भी कम हो, तक सीमित है.

The retirement benefit liability recognized in the balance sheet represents the present value of the defined benefit obligation as adjusted for unrecognized past service cost, as reduced by the fair value of scheme assets. Any asset resulting from this calculation is limited to the lower of the amount determined as the defined benefit liability and the present value of available refunds and /or reduction in future contributions to the scheme.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ख. अल्पकालिक कर्मचारी लाभ
b) Short term employee benefits

कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के बदले भुगतान की जाने वाली अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की बिना छूट वाली राशि को उस वर्ष के दौरान व्यय के रूप में दर्शाया जाता है जब कर्मचारी उन सेवाओं को प्रदान करता है. इन लाभों में क्षतिपूरित अनुपस्थितियां जैसे एक वर्ष के भीतर ली जाने वाली छुट्टी और देय बोनस, शामिल हैं. अल्पकालिक नकद बोनस या लाभ-साझाकरण योजनाओं के तहत भुगतान की जाने वाली अपेक्षित राशि के लिए एक देयता को उस स्थिति में मान्यता दी जाती है, जब कंपनी का कर्मचारी द्वारा प्रदान की गई पिछली सेवा के कारण इस राशि का भुगतान करने के लिए वर्तमान में विधिक या रचनात्मक दायित्व है तथा इस दायित्व का विश्वासपूर्वक अनुमान लगाया जा सकता है.
The undiscounted amount of short term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized as an expense during the year when the employee renders those services. These benefits include compensated absences such as leave expected to be availed within a year and bonus payable. A liability is recognized for the amount expected to be paid under short-term cash bonus or profit-sharing plans, if the Company has a present legal or constructive obligation to pay this amount as a result of past service provided by the employee and the obligation can be estimated reliably.

ग. लाभ योजनाएं
c) Benefit plans

कंपनी की निम्नलिखित कर्मचारी लाभ योजनाएं हैं:
The Company has the following employee benefit plans:

(i) भविष्य निधि / Provident fund

कर्मचारी भविष्य निधि से लाभ प्राप्त करते हैं, जो एक परिभाषित लाभ योजना है. नियोक्ता और कर्मचारी प्रत्येक कवर किए गए कर्मचारी के वेतन के निर्दिष्ट प्रतिशत के बराबर भविष्य निधि योजना में मासिक अंशदान करते हैं. अंशदान का एक हिस्सा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ('ईपीएफ़ओ') को दिया जाता है और शेष अंशदान सरकार द्वारा प्रशासित पेंशन कोष में किया जाता है.
Employees receive benefits from a provident fund, which is a defined benefit plan. The employer and employees each make monthly contributions to the Provident Fund Plan equal to a specified percentage of the covered employee's salary. A portion of the contribution is made to the Employees' Provident Fund Organisation ('EPFO') and the remainder of the contribution is made to the government administered pension fund.

(ii) ग्रेच्युटी / Gratuity

भारतीय कंपनियों के लिए लागू ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के अनुसार, कंपनी अंतिम आहरित वेतन और कंपनी के साथ रोजगार के वर्षों के आधार पर पात्र कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति या रोजगार की समाप्ति पर एकमुश्त भुगतान करती है. ग्रेच्युटी फंड का प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम ('एलआईसी') द्वारा किया जाता है.
In accordance with the Payment of Gratuity Act, 1972, applicable for Indian companies, the Company provides for a lump sum payment to eligible employees, at retirement or termination of employment based on the last drawn salary and years of employment with the Company. The gratuity fund is managed by Life Insurance Corporation of India ('LIC').

(iii) राष्ट्रीय पेंशन योजना / National Pension Scheme

कर्मचारी, अपने विकल्प के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से लाभ प्राप्त करते हैं, जो एक परिभाषित लाभ योजना है. निधि के लिए भुगतान/देय अंशदान उस वर्ष के लाभ और हानि खाते के विवरण में प्रभारित किया जाता है जिसमें कर्मचारी संबंधित सेवा को बिना छूट के आधार पर प्रदान करता है.
Employees, at their option receive benefits from national pension scheme (NPS), which is a defined benefit plan. The contributions paid/payable towards the fund are charged to the statement of profit & loss account during the year in which the employee renders the related service on an undiscounted basis.

(iv) क्षतिपूरित अनुपस्थितियां / Compensated absences

कंपनी के कर्मचारी क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के हकदार हैं. कर्मचारी अप्रयुक्त संचित क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के एक हिस्से को आगे ले जा सकते हैं और भविष्य की अवधि में इसका उपयोग कर सकते हैं या सेवानिवृत्ति या रोजगार की समाप्ति पर नकद प्राप्त कर सकते हैं. कंपनी उस अवधि में क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के लिए एक दायित्व दर्ज करती है जिसमें कर्मचारी इस पात्रता को बढ़ाने वाली सेवाएं प्रदान करता है. कंपनी क्षतिपूरित अनुपस्थितियों की अपेक्षित लागत को अतिरिक्त राशि के रूप में मापती है जो कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में संचित अप्रयुक्त

पात्रता के परिणामस्वरूप भुगतान करने की अपेक्षा करती है. कंपनी प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग करके बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर संचित क्षतिपूरित अनुपस्थितियों को पहचानती है. गैर-संचित क्षतिपूरित अनुपस्थितियों को उस अवधि में पहचाना जाता है जिसमें अनुपस्थितियां होती हैं. कंपनी एलआईसी द्वारा प्रशासित समूह छुट्टी नकदीकरण योजना (जीएलईएस) में वार्षिक अंशदान करती है.

The employees of the Company are entitled to compensated absences. The employees can carry forward a portion of the unutilized accumulating compensated absences and utilize it in future periods or receive cash at retirement or termination of employment. The Company records an obligation for compensated absences in the period in which the employee renders the services that increases this entitlement. The Company measures the expected cost of compensated absences as the additional amount that the Company expects to pay as a result of the unused entitlement that has accumulated at the end of the reporting period. The Company recognizes accumulated compensated absences based on actuarial valuation using the projected unit credit method. Non-accumulating compensated absences are recognized in the period in which the absences occur. The Company makes annual contribution to the Group Leave Encashment Scheme (GLES), administered by LIC.

ई. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में
D. In case of IDBI Asset Management Limited

(i) नई श्रम संहिताओं के प्रभाव / Effects of New Labour Codes

21 नवंबर 2025 को भारत सरकार ने चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित किया-मजदूरी संहिता, 2019; औद्योगिक संबंध संहिता, 2020; सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020; तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता, 2020 (जिन्हें सामूहिक रूप से 'नई श्रम संहिताएं' कहा जाता है), जिनमें मौजूदा 29 श्रम कानूनों का समेकन किया गया है. 20 दिसंबर 2025 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने इन विनियामक परिवर्तनों से उत्पन्न वित्तीय प्रभावों के आकलन को सुगम बनाने हेतु मसौदा केंद्रीय नियम तथा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न प्रकाशित किए. तदनुसार, कंपनी ने नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन के प्रभाव के कारण देयता, यदि कोई हो, में हुए परिवर्तन की पहचान की है तथा उपलब्ध सर्वोत्तम जानकारी पर विचार करने के पश्चात उसे पिछले सेवा लागत में समायोजित किया है.

On November 21, 2025 the Government of India notified four Labour Codes –the code on wages, 2019 the industrial relations Code, 2020, the Code on Social Security, 2020, and the Occupational Safety, Health and Working Conditions Code, 2020 (collectively referred as the 'New Labour Codes') consolidating 29 existing Labour Laws. The Ministry of Labour & Employment published draft Central Rules and FAQs on December 20, 2025, to facilitate assessment of the financial impact arising from these regulatory changes. Accordingly, the company has recognised change in liability, if any, due to the impact of implementation of New Labour Codes and recognised the same in past service cost after considering best information available.

(ii) ग्रेच्युटी / Gratuity

ग्रेच्युटी देयता एक परिभाषित लाभ दायित्व है और इसे भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रशासित और प्रबंधित ग्रेच्युटी फंड के माध्यम से वित्तपोषित किया जाता है. कंपनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग करके बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर भविष्य के ग्रेच्युटी लाभों के लिए देयता का हिसाब रखती है.

Gratuity liability is a defined benefit obligation and is funded through a Gratuity Fund administered and managed by the Life Insurance Corporation of India. The Company accounts for liability for future gratuity benefits based on the actuarial valuation using Projected Unit Credit Method carried out as at the end of each financial year.

(iii) भविष्य निधि / Provident fund

कंपनी एक मान्यताप्राप्त भविष्य निधि में अंशदान करती है. अंशदानों की गणना उपचय आधार पर की जाती है और उन्हें लाभ और हानि के विवरण में व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है.

The Company contributes to a recognized provident fund. The contributions are accounted for on an accrual basis and are recognized as an expense in the statement of profit and loss.

(iv) अल्पकालिक कर्मचारी लाभ / Short term employee benefits

अल्पकालिक कर्मचारी लाभों को उस वर्ष के लाभ और हानि के विवरण में व्यय के रूप में दिखाया जाता है जिसमें सेवाएं प्रदान की जाती हैं.

Short term employee benefits are recognized as an expense in the statement of profit and loss of the year in which the services are rendered.

(v) क्षतिपूरित अनुपस्थितियां / Compensated absences

कंपनी कुछ नियमों के अधीन विशेषाधिकार छुट्टी नकदीकरण प्रदान करती है. कर्मचारी भविष्य में नकदीकरण के साथ-साथ छुट्टी लेने के लिए कुछ सीमाओं के अधीन छुट्टी जमा करने के हकदार हैं. प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में एक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को अप्रयुक्त छुट्टी के दिनों की संख्या के आधार पर देयता का प्रावधान किया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

The Company provides for Privilege Leave Encashment subject to certain rules. The employees are entitled to accumulate leave subject to certain limits for future encashment as well as availment. The liability is provided based on the number of days of unutilized leave at each balance sheet date on the basis of an independent actuarial valuation carried out as at the end of each financial year.

उ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विस लिमिटेड के मामले में
E. In case of IDBI Trusteeship Service Limited

रोजगार की शर्तों के अनुसार वर्तमान और पिछली सेवाओं के लिए देय कर्मचारी लाभ, अल्पकालिक और दीर्घकालिक, दोनों देयताओं को "इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई)" द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) "कर्मचारी लाभ" के अनुसार रिकॉर्ड किया जाता है.

Liability for employee benefits, both short and long term, for present and past services which are due as per the terms of employment are recorded in accordance with Accounting Standard – 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the "Institute of Chartered Accountants of India (ICAI)".

परिभाषित अंशदान योजनाएं / Defined Contribution Schemes

क) भविष्य निधि

a) Provident Fund

कंपनी कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाई गई योजनाओं के तहत पंजीकृत है. तद्नुसार, अधिनियम के तहत स्थापित निधियों/योजनाओं में सरकारी प्राधिकारियों को कर्मचारियों के न्यूनतम अंशदान के बराबर कंपनी अंशदान कर रही है. पात्र कर्मचारियों को सरकारी प्राधिकारियों से लाभ मिलते हैं. वर्ष के लिए देय अंशदान लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

The Company is registered under the provisions of Employee's Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 and schemes framed there under. Accordingly, the Company is contributing, in equal share of minimum contribution as those of employees, to the funds/ schemes established under the Act to Government Authorities. The eligible employees receive benefits from Government Authorities. The contribution due for the year is charged to profit and loss account.

ख) ग्रेच्युटी

b) Gratuity

कंपनी वर्ष के अंत में वार्षिक बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर "दि ट्रस्टीज आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड कर्मचारी समूह ग्रेच्युटी योजना" के रूप में ज्ञात ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान करती है. कंपनी को वार्षिक प्रीमियम अंशदान का भुगतान करना आवश्यक है. वर्ष के लिए इस प्रकार भुगतान/देय प्रीमियम को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है.

The Company provides for gratuity, known as "The Trustees IDBI Trusteeship Services Ltd Employee's Group Gratuity Scheme" based on annual actuarial valuation as on year end. The Company is required to pay annual premium contributions. The premium so paid / payable for the year is recognised in profit and loss account.

ग) छुट्टी नकदीकरण

c) Leave Encashment

वार्षिक छुट्टी नकदीकरण के लिए आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) "कर्मचारी लाभ" के अनुसार वर्ष के अंत में वार्षिक बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है.

Annual Leave encashment is accounted on based on annual actuarial valuation as on year end as per Accounting Standard – 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the ICAI.

ऊ. आईडीबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी लि. के मामले में
F. In case of IDBI Mutual Fund Trustee co. Ltd:

प्रदान की गई सेवाओं के लिए कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति की गणना कर्मचारी लाभों के बारे में लेखांकन मानक 15 के अनुसार की जाती है.

Compensation to employees for services rendered is accounted for in accordance with Accounting Standard 15 on Employee Benefits.

16) खंड रिपोर्टिंग / Segment Reporting

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में
A. In case of IDBI Bank Limited

बैंक चार खंडों अर्थात कॉरपोरेट/थोक बैंकिंग, रिटेल बैंकिंग, ट्रेजरी और अन्य बैंकिंग सेवाओं में परिचालन करता है. इन खंडों का निर्धारण रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुरूप तथा योजनाओं व सेवाओं की प्रकृति और जोखिम रूपरेखा पर विचार करने के बाद खंड रिपोर्टिंग के बारे में एएस-17, लक्षित ग्राहक प्रोफाइल, संगठनात्मक संरचना तथा बैंक की आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणाली के आधार पर किया गया है.

The Bank operates in four segments corporate/wholesale banking, retail banking, treasury and other banking operation. These segments have been identified in line with extant RBI guidelines and AS-17 on segment reporting after considering the nature and risk profile of the products and services, the target customer profile, the organization structure and the internal reporting system of the Bank.

खंड राजस्व, परिणाम, आस्तियों एवं देयताओं में प्रबंधन द्वारा प्रत्येक खंड हेतु पहचाननेयोग्य राशियां और आबंटित राशियां शामिल हैं. जो आस्तियां एवं देयताएं पहचाननेयोग्य खंडों में आबंटित नहीं की जा सकती हैं, उन्हें अनाबंटित आस्तियों व देयताओं के रूप में समूहित किया गया है.

Segment revenue, results, assets, and liabilities include the amounts identifiable to each of the segments as also amounts allocated, as estimated by the management. Assets and liabilities that cannot be allocated to identifiable segments are grouped under unallocated assets and liabilities

आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में / In case of IDBI Asset Management Limited

कंपनी म्यूचुअल फंड को निवेश प्रबंधन सेवा प्रदान करने के व्यवसाय में लगी हुई है और परिचालनों से संपूर्ण राजस्व भारत में प्रदान की गई उपर्युक्त सेवा से है. इसलिए कंपनी के पास कोई अन्य रिपोर्ट करने योग्य व्यवसाय या भौगोलिक खंड नहीं है.

The company is in the business of providing Investment management service to the mutual fund, and the entire revenue from operations is from the above service rendered in India. Hence the company has no other reportable business or geographical segment.

आ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड के मामले में
B. In case of IDBI Trusteeship Services Limited

कंपनी मुख्य रूप से ट्रस्टीशिप व्यवसाय का कार्य करती है और इसका व्यवसाय परिचालन भारत में केन्द्रित है. तदनुसार, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी एएस-17 खंड रिपोर्टिंग के अनुसार कोई अलग व्यवसाय खंड एवं भौगोलिक क्षेत्र नहीं है.

The company is engaged primarily in the trusteeship business and its business operations are concentrated in India. Accordingly there are no separate business segments and geographical segments as per AS-17- Segment reporting issued by Institute of Chartered accountants of India.

इ. आईडीबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में
C. In case of IDBI Mutual Fund Trustee Co. Limited

कंपनी मुख्य रूप से एकल क्षेत्र में अर्थात ट्रस्टीशिप के व्यवसाय में है. कंपनी प्रमुख स्रोत, प्रकृति और रिटर्न, आंतरिक संगठन एवं प्रबंधन संरचना के आधार पर प्राथमिक खंडों की पहचान करती है.

The Company is primarily in a single segment i.e. in the business of Trusteeship. The Company identifies primary segments based on the dominant source, nature and returns, the internal organization and management structure.

17) आय कर / Income Tax

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में
A. In case of IDBI Bank Limited

(i) कर व्यय में वर्तमान एवं आस्थगित कर शामिल हैं.
Tax expense comprises of current and deferred tax.

वर्तमान कर आयकर की वह निर्धारित राशि है जो आयकर अधिनियम, 1961 तथा आय संगणना एवं प्रकटन मानक (आईसीडीएस) के प्रावधानों के अनुसार परिकलित अवधि के लिए करयोग्य आय (कर हानि) के संबंध में देय (वसूली योग्य) है.
Current tax is the amount of Income tax determined to be payable (recoverable) in respect of taxable income (tax loss) for a period calculated in accordance with the provisions of the Income Tax Act, 1961 and the Income Computation and Disclosure Standards (ICDS).

(ii) वर्ष के बही और कर लाभों के बीच समय अंतरालों हेतु आस्थगित कर को उन कर दरों एवं कानूनों का प्रयोग करते हुए हिसाब में लिया जाता है जो तुलनपत्र की तारीख को पूर्ण रूप से अधिनियमित किये गये हों. समय अंतरालों से उत्पन्न होनेवाली आस्थगित कर आस्तियों को इनकी भविष्य में वसूली की पर्याप्त निश्चितता की सीमा तक हिसाब में लिया जाता है.
Deferred tax for timing differences between the book and tax profits for the year is accounted for, using the tax rates and laws that have been substantively enacted as of the balance sheet date. Deferred tax assets arising from timing differences are recognized to the extent there is reasonable certainty that these would be realized in future.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(iii) अनवशोषित मूल्यह्रास/ हानियों के मामले में आस्थगित कर आस्तियां तभी हिसाब में ली जाती हैं जब यह आभासी रूप से सुनिश्चित हो कि ऐसी आस्थगित कर आस्ति भावी कर योग्य लाभों में से वसूल की जा सकती हैं.
Deferred tax assets in case of unabsorbed depreciation/ losses are recognized only if there is virtual certainty that such deferred tax asset can be realized against future taxable profits.

(iv) आस्थगित कर आस्तियों की समीक्षा प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को की जाती है और उचित / आभाषी रूप से वसूल होने वाली राशि को समुचित रूप से समायोजित किया जाता है.
Deferred tax assets are reviewed at each Balance Sheet date and appropriately adjusted to reflect the amount that is reasonably / virtually certain to be realized.

आ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में
B. In case of IDBI Intech Limited

आय पर कर / Taxes on income

